| 21. | ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–13 के संदर्भ में श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX मैं सिर्फ एक बात जानना चाहूंगा कि सरकार द्वारा विजिलैंस जांच की रिपोर्ट और चीफ सैक्रेटरी की रिपोर्ट क्यों प्रस्तुत नहीं की जा रही है ? वह रिपोर्ट क्यों नहीं दिखायी जा रही है ? क्या सरकार ने संबंधित मामले की इन्कवायरी नहीं करवायी थी ? अगर इन्कवायरी करवायी गयी थी तो वह रिपोर्ट कहां पर है ? अध्यक्ष महोदय, हम वह रिपोर्ट मांग रहे हैं। जो रिपोर्ट उन्होंने की है, उसमें इन सभी के नाम आते हैं। | 17.03.2023<br>XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि अभी रिप्लाई में डाटा फ्लोर पर रखा गया है। इसमें 869 पुलिस ऑफिसर्ज के एगेंस्ट इन्वैस्टीगेशन हुई है, 111 एक्साईज टैक्सेशन ऑफिसर्ज के खिलाफ इन्वैस्टीगेशन हुई है और 250 से ऊपर दूसरे लोगों पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने इन्वैस्टीगेशन की है। वे उसके ऊपर जब भी अपनी रिपोर्ट देंगे, उस पर सरकार आगे कार्यवाही करेगी। XXXX<br>17.03.2023<br>XXXX मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि ये जिस रिपोर्ट की चर्चा कर रहे हैं, उस पर सारी कार्यवाही हो चुकी है। बल्कि उसी | | |
| | ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–13 के संदर्भ में श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX पिछले सैशन के दौरान जब इस इशू पर चर्चा हो रही थी तो उस वक्त माननीय गृह मंत्री ने खुद यह बात स्वीकार की थी कि उनके पास संबंधित रिपोर्ट आ गयी है और उन्होंने वह रिपोर्ट आगे चीफ मिनिस्टर को दे दी है और बहुत जल्द उस रिपोर्ट को शाया करने का काम करूंगा। माननीय मुख्यमंत्री जी यह बात कैसे कह रहे हैं कि उनके पास संबंधित रिपोर्ट नहीं आयी है ? जब आपकी सरकार क माननीय मंत्री सदन में यह बात बोलकर गये हैं तो कम से कम आप हाउस में गलत बात तो न कहें। | रिपोर्ट के आधार पर बाद में मैडम कला रामाचंद्रन की रिपोर्ट आयी है और उस पर एक्शन हो गया। दूसरा मैंने विजिलैंस जांच के बारे में कहा था, उसकी जांच चल रही है। जो एंटी करप्शन ब्यूरो की रिपोर्ट आएगी तो उस पर विभाग/सरकार एक्शन लेगी। इसके अतिरिक्त चीफ सैक्रेटरी साहब ने अभी संबंधित रिपोर्ट देनी है कि कैसे करैक्टिव मैयर लिये जाएं ? | | |
| 22. | श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 113 : अध्यक्ष महोदय, क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2020 में शराब घोटाले की जांच के लिए सरकार द्वारा विशेष जांच दल का | 20-03-2023<br>1. XX 2. XX 3. XX 4. राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा जांच।<br>जैसा कि महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा सूचित किया गया है, एक जांच संख्या 4 दिनांक 01.09.2020/पंचकुला को राज्य सतर्कता ब्यूरो (अब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) द्वारा दर्ज किया गया है। इस पूछताछ | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | गठन किया गया है, यदि हां, तो उक्त रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है, तथा<br>(ख) क्या उक्त रिपोर्ट में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा कोई कार्रवाही की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ? | के दौरान अब तक 214 शराब ठेकेदारों, आबकारी और कराधान विभाग के 111 अधिकारियों/कर्मचारियों, पुलिस विभाग के 869 राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों तथा डिस्टिलरी, ब्रअरीज और बॉटलिंग प्लांट से सम्बन्धित 46 व्यक्तियों के ब्यान दर्ज किये जा चुके है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अपनी जांच जारी रखे हुए है। तदानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। | | |
| | | 18.12.23 | | |
| 23. | राज्य में नवम्बर, 2023 में जहरीली/नकली शराब के पीने के कारण यमुनानगर तथा अम्बाला जिले में 22 व्यक्तियों की मौत से सम्बन्धित ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–15 पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री का वक्तय। | अध्यक्ष महोदय, जहरीली शराब के सेवन से 20 लोगों की मौत के मामले में, पुलिस अधीक्षक, यमुनानगर और अंबाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन से 20 मौतें हुई हैं, इस संबंध में 05 एफआईआर दर्ज की गई हैं और इन दोनों जिलों में कुल 52 गिरफ्तारिया की गई जिनमें 36 आरोपी शामिल पाए गये हैं।<br>पुलिस अधीक्षक, यमुनानगर ने सुचित किया है कि पुलिस को सूचना मिली कि गांव | | |



| | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | मंडेवरी, यमुनानगर निवासी एक व्यक्ति को संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की जांच से पता चला कि नकली शराब उसी गांव मंडेबरी निवासी रॉकी नामक व्यक्ति द्वारा संचालित एक अवैध खुर्दा से बेची जा रही थी। जिस संबंध में पुलिस द्वारा एक अपराधिक अभियोग अंकित किया गया, तथा गहनता से जांच की गई। जांच में अंबाला जिले के गांव धनौरा में अवैध रूप से चल रही एक फैक्ट्री का पता चला, जहां नकली शराब का निर्माण और वितरण किया जा रहा था। इस मामले में कुल मिलाकर 05 एफ.आई. आर. दर्ज की गई हैं जिनका विवरण इस प्रकार है :<br>1. एफ.आई.आर. संख्या 249 दिनांक 08.11.2023 धारा 302/328/120–बी आईपीसी और 72–ए आबकारी अधिनियम थाना फरकपुर, यमुनानगर।<br>2. एफ.आई.आर. संख्या 387 दिनांक 10.11.2023 धारा 302/328/120– बी आईपीसी और आबकारी अधिनियम 72–ए थाना छप्पर, यमुनानगर।<br>3. एफ.आई.आर. संख्या 451 दिनांक 11.11.2023 धारा 302ध्328ध्120–बी आईपीसी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | और 72—ए आबकारी अधिनियम थाना बिलासपुर, यमुनानगर।<br>4. एफ.आई.आर. संख्या 327 दिनांक 09.11.2023 धारा 304, 302 328, 120—बी आईपीसी और 72 ए आबकारी अधिनियम थाना बराड़ा, अंबाला।<br>5. एफ.आई.आर. नं. 410 दिनांक 09.11.2023 धारा 188, 201, 120 बी, 272, 308, 328, 420, 468, 471, 473 आईपीसी और 61 और 63ए पंजाब आबकारी अधिनियम 1914 थाना मुलाना, अंबाला।<br>यमुनानगर और अंबाला पुलिस द्वारा सभी पहलुओ पर गहनता से जांच की गई, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदारों सहित 36 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो दुकानों के मूल आवंटनकर्ता थे ।<br>जहरीली शराब के सेवन से कुल 20 मौतें (यमुनानगर में 18 और अंबाला में 2) हुई हैं, जिसमें गांव धनौरा, अंबाला में अवैध रूप से चल रही शराब फैक्ट्री में काम करने वाले दो श्रमिकों की मौत भी शामिल है, जिन्होंने संदिग्ध जहरीली शराब का सेवन किया था । इसके अलावा बीमार 5 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । गिरफ्तार किए गये सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं, केवल एक आरोपी को छोड़कर जिसने जहरीली शराब पी थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।<br>इसके अलावा, दयालु योजना के तहत अब तक 8 मृतकों के परिवारोंध्आश्रितों को 32 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है, जबकि अन्य विचाराधीन हैं। | | |
| 24 | राज्य में नवम्बर, 2023 में जहरीली/ नकली शराब के पीने के कारण यमुनानगर तथा अम्बाला जिले में 22 व्यक्तियों की मौत से सम्बन्धित ध्यानाकर्षण सूचना संख्यी—15 पर चर्चा के दौरान श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>अध्यक्ष महोदय, मेरी विधान सभा के अन्दर इस तरह ओवर डोज से अब तक 400—500 से ज्यादा नौजवान बच्चों की मौत हो चुकी है जिनकी उम्र 18 से 25—30 साल है। आप यहां केवल पढ़वा देते हैं कि केवल इतनी मौत हुई हैं। इससे बड़ा झूठ क्त होगा। | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, मैं दोबारा कहना चाहूंगा कि अगर इनके पास कोई ऐसी डिटेल है तो ये हमें दे दें हम इंकवायरी करवा देंगे। मैं उसकी जांच करवा दूंगा । | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 18.12.23 | | |
| 25 | राज्य में नवम्बर, 2023 में जहरीली/नकली शराब के पीने के कारण यमुनानगर तथा अम्बाला जिले में 22 व्यक्तियों की मौत से सम्बन्धित ध्यानाकर्षण सूचना संख्यो–15 पर चर्चा के दौरान श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br><br>अध्यक्ष महोदय, मैं भी लगातार सुन रहा था। उसके अलावा लोक डाउन के दौरान जो गड़बड़ी हुई थी उसके ऊपर मंत्री जी समय रहते अगर सख्त कार्यवाही करते तो फिर आज इन सब चीजों के लिए मंत्री जी को फिर से कटघरे में खड़ा नहीं होना पड़ता। फिर से आज इस तरह के हालात पैदा नहीं होते। इन सबका कारण मंत्री जी के अपने विभाग के अन्दमर पुलिस स्टाफ की कमी की वजह से है जो 21 हजार के करीब हैं। पुलिस कांस्टे बल या दूसरे और पदों के कर्मचारियों की कमी भी एक कारण है कि जिसकी वजह से भी इस किस्म के हादसे रोजाना बढ़ते जा रहे हैं। मंत्री जी को हाऊस के अन्दर पूरे विस्तीर से इन सारी बातों की जानकारी देनी चाहिए । इसके अलहदा एक चीज और है। आबकारी विभाग की तरफ से यह बताया गया था कि सी.सी.टी.वी. कैमरे लगायेंगे और क्यू.आर. कोड भी लगायेंगे। ट्रेस सिस्टम के तहत सी. सी.टी.वी. कमैराज लगाये जायेंगे इनको लगाने का सरकार भी दावा करती है परन्तुी कैग की रिपोर्ट 2020–21 में बड़ा स्पाष्टे रूप से बताया गया है कि विभाग के नियमों की पालना न करने की वजह से शराब का व्याापार करने वालों को सुविधा प्रदान की जाती है। मतलब यह है कि जब समय रहते आपने यह फैसला किया था तो उस वक्त फैक्ट्रियों के अंदर सी. सी.टी.वी. कैमरे लगाते, क्यूर.आर. कोड लगाते तो आज इस किस्मआ के हालात न होते ? अध्य.क्ष महोदय, खुद डिपार्टमैंट ने यह माना है कि उनमें यह कमी रही है और कमी की वजह से आज तक इस चीज को पूरा नहीं कर पाये हैं। इसके अलहदा शराब बनाने वाली फैक्ट्रियों के जो स्टो रेज हैं, वहां पर उच्च. स्तमरीय फ्लो मीटर लगाये जाने चाहिए थे, वे भी नहीं लगाये गए। कैग की रिपोर्ट का कहना कि डिस्टिलरियों द्वारा बनाई | अध्यक्ष महोदय, मैं ऐसा करता हूँ कि ध्यानाकर्षण सूचना का कुछ उत्तर फिर से पढ़ देता हूँ। जब मैं ध्याानाकर्षण सूचना का उत्तर पढ़ रहा था तो कुछ माननीय सदस्यों ने कह दिया था कि इसको पढ़ा माना जाये तो इस प्रकार इन्हों ने शायद इसको पूरा नहीं पढ़ा है। अब मैं जो बचा हुआ रिप्लाई है, उसको भी पढ़ देता हूँ, जो इस प्रकार है–<br><br>XXXX<br><br>4. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की गई जांच<br><br>मुख्य सचिव सरकार कार्यालय के आदेश पत्रांक 33/26/2020–3Vig (1) दिनांक 31.08.2020 के अनुपालन में द्वारा सूचित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा में जांच संख्या 04 दिनांक 01.09.2020 दर्ज की गई है। लॉकडाउन के दौरान शराब की बड़ी अनधिकृत आवाजाही में कुछ आबकारी एवं कराधन विभाग अधिकारियों के साथ–साथ कुछ पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत की जांच की जाएगी और सरकार को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।<br><br>इस राज्यव्यापी जांच के दौरान, एसीबी ने इस मामले में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए अभियोगों के विवरण सहित प्रासंगिक रिकॉर्ड एकत्र किए हैं। इसके अलावा, एसीबी ने अब तक की पूछताछ के दौरान शराब ठेकेदारों, आबकारी एवं कराधन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों, पुलिस विभाग के राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों और डिस्टिलरी, ब्रुअरीज और बॉटलिंग प्लांट से संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए है ताकि इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान पूरे मामले में उनकी विशिष्ट भूमिका के साथ की जा सके।<br><br>दिनांक 16.12.2023 के पत्र संख्या 21042/आई–1/एसीबी (एच) पंचकुला द्वारा प्राप्त उपरोक्त जांच की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, एसीबी ने कुछ रिकॉर्ड मांगे हैं जो अभी भी आबकारी एवं कराधन विभाग तथा अन्य विभागों से वांछित हैं। रिकार्ड मिलते ही अंतिम जांच रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | गई शराब के अतिरिक्ति न्यू ट्रल एल्कोवहल की मात्रा का निर्धारण और निगरानी के लिए विभाग द्वारा नियमानुसार डिस्टिलरियों में कोई भी फ्लो मीटर नहीं लगाया गया। | एसीबी द्वारा आगे सूचित किया गया है कि इस मामले में कई सीडब्ल्यूपी माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में भी लंबित हैं। | | |
| 26 | राज्य में नवम्बर, 2023 में जहरीली/नकली शराब के पीने के कारण यमुनानगर तथा अम्बाला जिले में 22 व्यक्तियों की मौत से सम्बन्धित ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–15 पर चर्चा के दौरान श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी बतायें कि क्या उन्होंने श्रीकांत जाधव की तरफ से जांच करवाई ? उस जांच की रिपोर्ट कहां है ? वह रिपोर्ट कहां रखी है, यह बताओ ? आखिरकार सरकार किसको बचाने का काम कर रही है। | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, वह रिपोर्ट भी दे देंगे। | | |
| 27 | राज्य. में नवम्बनर, 2023 में जहरीलीं नकली शराब के पीने के कारण यमुनानगर तथा अम्बाला जिले में 22 व्यतक्तियों की मौत से सम्बन्धित ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–15 पर चर्चा के दौरान श्री बलराज कुण्डू द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्नर कैमरों और क्यू .आर. कोड के संबंध में है । प्लांट के अंदर सरकार कैमरे लगाने और शराब की बोटल के उपर क्यू.आर. कोड लगाने की जो बात करती थी वे कार्य कब पूरे होंगे ? आज शराब की वजह से बहुत ज्यापदा मौतें हो चुकी हैं जबकि 4 साल पहले सरकार इतनी बड़ी–बड़ी दावेदारी कर रही थी कि हम इसको रोक कर ऐसा करेंगे लेकिन आज तक इसका कुछ भी समाधान नहीं हुआ। माननीय मंत्री जी ने अपने वक्तीव्यं में दयालु योजना का जिक्र किया है जिसमें उन्होंमने सिर्फ आठ मृतकों के परिवारों/आश्रितों को हैल्प देने की बात की है। प्रदेश में जहरीली शराब से इतनी ज्या दा मौतें हुई हैं। ऐसे में या तो सरकार इस योजना को हटा ही देती ताकि यह तो नहीं पता चलता कि सरकार ने सिर्फ आठ गरीब | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, यह पहली बार हुआ है कि हर कनैक्टिड आदमी को अरैस्टन किया गया है चाहे वह शराब बनाने वाला हो, चाहे जगह देने वाला हो, चाहे जगह दिलाने वाला हो, बोतलें सप्लाई करने वाला हो, चाहे स्टीकर सप्लाई करने वाला हो, चाहे ढक्कन सप्लाई करने वाला हो और जो ऑरिजनल ठेकेदार था उसको भी हमने गिरफतार किया है। उस ठेकेदार ने जिसको सब्लैहट किया और उस सब्लैसट ठेके से जिन कारिंदों ने शराब बेची हमने उनको भी गिरफ्तार किया है। यह पहली बार हुआ है कि सरकार ने किसी मामले में शामिल एक भी आदमी को नहीं छोड़ा। अभी सिर्फ एक आदमी भागा हुआ है जो हमारे काबू नहीं आ रहा है लेकिन हम उसको भी पकड़ लेंगे। (विघ्नि) | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| लोगों को हैल्प दी है। जब मौतें इतनी ज्यांदा हो गई तो सबको इस योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जाता? खरखौदा की बात जो पिछले काफी दिनों से उठ रही है उस मामले में एक गरीब जो कॉन्ट्रैक्ट बेसिज पर चपड़ासी की नौकरी लगा था उसको बलि का बकरा बनाकर रिपोर्ट को खत्म कर दिया गया। वास्तउव में जो अधिकारी उसके अंदर सम्मिलित थे, जो मोटी मछलियां थी और जिनको उपर से मोटा संरक्षण प्राप्त था उनका रिपोर्ट में कहीं जिक्र नहीं है ।अतः सरकार इसके उपर गंभीरता से विचार करके एक्शन ले। यह तो माननीय मंत्री जी के क्षेत्र अम्बाला और यमुनानगर का मामला है। माननीय मंत्री जी को तो गब्बर कहा जाता है। अतः गब्बर जी की आंख के नीचे दिये तले अंधेरा कैसे हो रहा है ? माननीय मंत्री जी इसे देखें। माननीय मंत्री जी का बड़ा नाम है और हम इनकी रिस्पैक्ट करते हैं और इनके आश्वासन पर विश्वास भी करते हैं। | | | | |
| 28. राज्यपाल अभिभाषण? | | 20.02.2024<br>मेरी सरकार हरियाणा में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के लिए प्रयासरत है। | | |
| 29. श्री अमित सिहाग, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 31 :<br>(क) तथा (ख) : ****<br>(ग) क्या पुलिस चौंकी चौटाला का दर्जा पुलिस थाना चौटाला के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ा, जाने की संभावना है ? | | 22.02.2024<br>(क) तथा (ख) : ****<br>(ग) जी, मामला सरकार के पास विचाराधीन है और उचित विचार के बाद निर्णय लिया जाएगा। | | |
| 30. तारांकित प्रर्श्न संख्या 31 के संदर्भ में श्री अमित सिहाग, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : *** क्या मंत्री जी सिरसा जिला के जितने भी थाने हैं, उनकी दोबारा नये ढंग से हदबंदी करवाकर यह सुनिश्चित करेंगे कि जो भी गांव दोनों पुलिस जिले में ज्यादा नजदीक पड़ते हैं, उनको उसमें शामिल किया जाये। इसमें विशेष करके ध्यान रखा | | 22–02–2024<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने ए.डी.जे. कोर्ट बनाने की जो मांग की है मैं माननीय सदस्य. को बताना चाहूंगा कि जैसे ही इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट आएगी इस पर कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी । मैं विभाग को आज के हाऊस की कार्यवाही के बारे में भी लिखूंगा कि इस पर हाऊस में भी चिंता व्यक्तग की गई है इसलिए हमें जल्दी से जल्दी इसकी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जाये जो पंजाब से सटी हुई सीमा और थाने हैं। वह सारे के सारे डबवाली पुलिस जिला के अंतर्गत आने चाहिए ताकि वहां पर ज्यादा प्रभावशाली ढंग से काम किया जा सके। इसके साथ–साथ न्यायसंगत तरीके से दोनों पुलिस जिलों में जिन गांवों का आंवटन हो वह तकरीबन बराबरी के भाव का होना चाहिए। इस चीज को तर्कसंगत तरीके से करने का काम किया जाये। मेरा यही मंत्री जी से पहला सवाल है *** मेरा दूसरा सवाल ए.डी.जे. कोर्ट तथा कालांवाली की सब डिविजन कोर्ट के बारे में है। सिरसा के अन्दर जो तकरीबन 55 प्रतिशत मामले हैं चाहे वे सिविल सूट्स के हों, चाहे वे आपराधिक मामले हों, वे डबवाली पुलिस जिले से संबंधित हैं और उन मामलों के लिए हमारे अधिवक्तांओं एवं नागरिकों को सिरसा जिला न्या्यालय में जाना पड़ता है जो शहर से तकरीबन 65 किलोमीटर की दूरी पर है तथा चौटाला गांव से तकरीबन 90 किलोमीटर की दूरी पर है। यह एक बहुत | फिजिबिलिटी रिपोर्ट दी जाये ताकि इस पर आगे की कार्यवाही की जा सके। अध्यक्ष महोदय, जहां तक चौटाला गांव की पुलिस चौकी को पुलिस थाना बनाने की बात की गई है। माननीय सदस्य की तरफ से जैसे ही यह मांग आयी मुझे डिप्टीे सी.एम. साहब की तरफ से भी कहा गया कि आप इस पुलिस चौकी को पुलिस थाना बना दीजिए । अध योक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि हम चौटाला गांव की पुलिस चौकी को पुलिस थाना बना देंगे । जहां तक माननीय सदस्यब ने थाने शिफ्ट करने की बात की है । मेरे पास सिरसा जिले की सभी बार एसोसिएशंज आई थीं । । जवर्ि कअवबंजमे बंउम जव उल ीविनेम और उन्होंने मुझे यह कहा कि यह तो गलत हो गया इसलिए इसको ऐसे किया जाये । फिर हमने वैसा ही कर दिया और बड़ागुड़ा और रोड़ी दोनों पुलिस थानों को दोबारा से सिरसा में ही कर दिया लेकिन मैं माननीय सदस्यी की इस बात से | | |
| | बड़ी समस्या रहती है इसलिए मैं यह मांग करता हूं कि डबवाली के अन्दर ए.डी.जे. कोर्ट की स्था पना की जाये इसके लिए वहां पर संसाधन उपलब्धे हैं, वहां पर बिल्डिंग है अगर यहां पर ए.डी.जे. कोर्ट की स्थापना हो जाएगी तो यहां के लोगों को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी स्पीकर सर, माननीय मंत्री जी ने कहा कि कालांवाली की जो सब डिविजनल कोर्ट है उसका एक प्रस्ताव चल रहा है, यह बहुत पुरानी मांग है। यह भी अब डबवाली पुलिस जिले के अन्तर्गत आती है, यह न्यायसंगत मांग है इसलिए इसको भी पूरा करवाने का काम किया जाये। स्पीकर सर, इसी के साथ मेरा आखिर में एक और सवाल है कि चौटाला गांव आबादी के आधार पर बहुत बड़ा गांव है, यह राजस्थान प्रदेश की सीमा से सटा हुआ गांव है। इस सीमा के कारण चाहे नशे की समस्या कह लीजिये या अपराध की समस्या कह लीजिये, इस मामले में भी यह गांव संवेदनशील है । इसके मद्देनजर मैं यह मानता हूं कि चौटाला गांव की जो पुलिस चौकी है उसको थाने में कन्वीर्ट करने की बहुत बड़ी आवश्यकता है। मैं इसका पहले भी व्यक्तिगत रूप से प्रस्ता व भेज चुका हूं और प्रशासन के माध्यम से सरकार के पास भी प्रस्ताव आया | सहमत हूं कि मैं सर्वे करवाऊंगा और अगर उसमें कोई स्कोप होगा तो हम यह काम करेंगे। *** ठीक है, हम इस पर विचार करेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | हुआ है। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि इस चौकी को जल्दी से जल्दी थाना बनाने का काम किया जाये और खासकर के मैंने जो ए.डी.जे. कोर्ट बनाने की मांग की है उसको भी पूरा करने का काम किया जाये। इसके अलावा सिरसा जिले के पुलिस थानों की नये ढंग से हदबंदी करवायी जाये ताकि वहां पर तर्कसंगत कार्य हो सके। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यही निवेदन करना चाहूंगा कि वे मेरी इन मांगों के ऊपर पूर्ण रूप से विचार करके इनको जल्दी से जल्दी पूरा करवाने का काम करें, मैं आशा करता हूं कि माननीय मंत्री जी का मेरी इन मांगों के ऊपर पोजिटिव रिस्पां स रहेगा। *** अध्यक्ष महोदय, इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी धन्यवाद करना चाहूंगा लेकिन माननीय मंत्री जी एक बार दोबारा से नये ढंग से सिरसा जिले के पुलिस थानों की हदबंदी पर जरूर विचार करें ताकि जो भी कार्य हो, वह न्यायसंगत तरीके से हो सके। धन्यवाद। | | | |
| 31. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>XX मैं वर्ष 2024–25 में 150 और महिला हेल्प डेस्क स्थापित करने का प्रस्ताव करता हूं। | | |
| 32. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>प्रवर्तन कार्यों को मजबूत करने और अवैध खनन, नहर के पानी की चोरी, बिजली की चोरी, अवैध या नकली शराब की बिक्री जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक व्यापक संस्थागत तंत्र को लागू करने के लिए पिछले साल हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की स्थापना की गई थी। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में खनन और भूविज्ञान, आबकारी एवं कराधान, सिंचाई एवं जल संसाधन, परिवहन, नगर एवं ग्राम आयोजन विभागों तथा शहरी स्थानीय निकाय और हरियाणा बिजली निगमों की सहायता के लिए हर जिले में प्रवर्तन पुलिस स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 33. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>सड़क सुरक्षा विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, हरियाणा सरकार ने ''हरियाणा हाईवे पेट्रोल फॉर रोड सेफ्टी'' नामक एक नया प्रभाग स्थापित किया है। पांच राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ प्रत्येक 30 किलोमीटर की दूरी पर 19 यातायात सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। सड़क दुर्घटनाओं का एक केंद्रीकृत डाटा बनाने, दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने और संवेदनशील स्थानों की पहचान करने के दृष्टिगत एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। 381 पुलिस स्टेशनों और 357 पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे अपराध का विश्लेषण और समाधान करने में और अधिक मदद मिलेगी। | | |
| 34. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>घरौंडा में ग्राम पंचायत हसनपुर में गृहरक्षी और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों तथा कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की जा रही है। | | |
| 35. | अतारांकित प्रश्न 90 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया प्रश्नः—<br>XXXX (क) नवंबर, 2019 से जनवरी, 2024 तक राज्य में अवैध तथा जहरीली शराब की बिक्री के संबंध में राज्य सरकार द्वारा दर्ज मामलों की जिलेवार संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है;<br>(ख) उपरोक्त समय अवधि के दौरान अवैध तथा जहरीली शराब की बिक्री के कारण हुई मौतों की जिलेवार संख्या कितनी हैं तथा उसका ब्यौरा क्या हैय<br>(ग) जनवरी, 2014 से राज्य में उक्त समय अवधि के दौरान अवैध तथा जहरीली शराब की बिक्री पर प्रत्येक जिले में दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या हैय तथा<br>(घ) उपरोक्त घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 26.02.2024<br>XXXX (ग) प्रदेश में उपरोक्त समयावधि (01.01.14 से 31.01.24) के दौरान अवैध व नकली शराब की बिक्री के सम्बन्ध में कुल 42 मुकदमें दर्ज किये गये हैं। उपरोक्त वर्णित मुकदमों में कुल 539 आरोपियों को गिरफतार किया है। माननीय अदालत के समक्ष 38 मुकदमों में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये हैं, 01 मुकदमा रद्द किया गया है तथा 03 मुकदमें अभी अनुसंधानाधीन हैं।<br>(घ) जब कभी अवैध व नकली शराब की बिक्री के बारे में सूचना प्राप्त होती है, पुलिस विभाग द्वारा आबकारी विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ मिलकर नियमित रुप से सभी संदिग्ध स्थानों पर समन्वित छापेमारी की जाती है। अवैध व नकली शराब के विक्रेताओं व उत्पादकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त, पुलिस के प्रयासों को सुदृढ़ करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये जुलाई, 2023 में हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की स्थापना की गई हैकि इस संबंध मे सरकार के प्रयासो को और सुदृढ़ करेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 26.02.2024 | | |
| 36. | श्री नफे सिंह राठी, पूर्व विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष, इंडियन नैशनल लोकदल की दिन दहाड़े गोलियां मारने से हुई हत्या के संबंध में प्रदेश में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था से संबंधित स्थगन प्रस्ताह संख्या–1 के संदर्भ में दिया गया आश्वासन। | XXXX अगर हाउस की तसल्ली सी.बी.आई. से इन्कंवायरी से होती है तो मैं इस मामले की सी.बी.आई. इन्कइवायरी करवाउंगा। | | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**VIGILANCE DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 07.09.2015 | | |
| 37. | श्री बनवारी लाल, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 732- क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :-<br>(क) *******<br>(ख) क्या मार्च, 2009 से सितम्बर, 2014 तक की अवधि के दौरान भूमि उपयोग परिवर्तन (सी.एल.यू) जारी करने के लिए भ्रष्टाचार सम्बन्धी कोई शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो उन पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?<br>इसी प्रश्न के संदर्भ में श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदन के नेता से यह पूछना चाहता हूँ कि मंत्री महोदय जो उत्तर दे रहे हैं, यह ऑन बिहाफ ऑफ मुख्यमंत्री दे रहे हैं। मैं सदन के नेता से यह जानना चाहूंगा कि हमने इस सदन के पहले और दूसरे अधिवेशन में भी इस बारे में कहा था। दोनों | अध्यक्ष महोदय, *** पूर्व में मुख्य संसदीय सचिव रहे श्री रामकिशन फौजी के खिलाफ लोकायुक्त की सिफारिश पर राज्य चौकसी ब्यूरो द्वारा 4.12.2014 को एफ.आई.आर. नम्बर-10 रजिस्टर की गई थी। इसके अलावा एक और इन्क्वायरी नम्बर-4 दिनांक 18.5.15 को अम्बाला में रजिस्टर की गई है। श्री राजेश शर्मा और स्वाभिमानी नागरिक वैलफेयर सोसायटी, अम्बाला शहर की शिकायत पर श्री रामकुमार, जिला नगर योजनाकार अम्बाला, नगर तथा ग्राम आयोजन हरियाणा व राजस्व विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध इन्क्वायरी अभी राज्य चौकसी ब्यूरो हरियाणा द्वारा की जा रही है। ***शिकायत का जब तक मैटीरियल नहीं मिलता तब तक छानबीन करने में कठिनाई आती है। कहीं से भी मैटीरियल की जानकारी हमें मिलती है तो एक-एक करके सब चीजें हमारे ध्यान में हैं और पिछले कुछ दिनों में हमने मानेसर के मामले के लिए सी.बी.आई. को इंक्वायरी मार्क कर | (1) मुकदमा क्रमांक 10/2014, थाना राज्य चौकसी ब्यूरो, पंचकूला की तफतीश के दौरान अभियोग से सम्बन्धित वी0सी0डी0 राज्य अपराध शाखा, पंचकूला से प्राप्त किया गया, मुदई धर्मेन्द्र कुहाड पुत्र श्री शोभाचन्द वासी धीरणवास, जिला हिसार व प्रवीन पुत्र भीम सिंह वासी गांव देपल, जिला हिसार को शामिल तफतीश किया गया और माननीय लोकायुक्त हरियाणा चण्डीगढ़ से सम्बन्धित रिकार्ड प्राप्त किया गया। मुदईयों की निशानदेही पर मकान नं0 748 सैक्टर 12ए पंचकूला में घटना स्थल का नक्शा मौका अलग से तैयार किया गया।<br>आरोपी द्वारा दायर याचिका CWP-No. 4554 of 2014 को दिनांक 27.02.2015 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मुकदमा की प्रथम सूचना रिपोर्ट को रद्ध करने के आदेश | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11-01-2023) |
| | दफा हम महामहिम से भी इस बारे में मिले थे और 400 पेज की चार्जशीट भी अपनी पार्टी की तरफ से उनको दी थी। दोनों दफा आश्वासन दिया गया था और आश्वस्त किया गया था कि हम इसकी इंक्वायरी करेंगे। अब काफी समय बीत चुका है मैं जानना चाहूंगा कि अब तक उस पर क्या कार्रवाई हुई है और उसकी इंक्वायरी होगी या नहीं होगी? | दी है। इसी प्रकार से और भी जिन विषयों के बारे में जानकारियां आती रहेंगी उसके बारे में हम जाँच करायेंगे और अगर किसी व्यक्ति ने कोई गलत काम किया हुआ है तो उसकी इंक्वायरी करवायेंगे और इंक्वायरी के बाद जो भी रिजल्ट आयेगा, जो दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। | पारित किये, जिसके खिलाफ सरकार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय मे एक LPA No. 1426 of 2015 दायर की गई, जिसमे माननीय उच्च न्यायालय ने इन आदेशो को स्थगित करके मुकदमा की आगामी तफतीश करने के आदेश दिये गये। इस आदेश के विरूद्ध आरोपी द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में SLP No. 15362 of 2016 दायर की गई, जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 21.03.2017 को LPA No. 1426 of 2015 के आदेश को निरस्त कर दिया, परन्तु राज्य सरकार को CWP-No. 4554 of 2014 के निर्णय दिनांक 27.02.2015 के विरूद्ध SLP दायर करने की छूट दे दी। जिस पर सरकार द्वारा एक Civil Appeal No. 6089 of 2018 दायर की गई, जिसमे माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 03.07.2018 को मुकदमा मे तफतीश जारी रखने और मुकदमा से सम्बन्धित तफतीश की रिपोर्ट पेश करने और मुकदमा मे कोई भी कार्यवाही करने से पहले माननीय उच्चतम न्यायालय के नोटिस मे लाये जाने | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | बारे आदेश दिये गये। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 12.05.2016 को LPA No. 1426 of 2015 मे आदेश पारित किये कि मुकदमा की तफतीश 3 IPS अधिकारियों की SIT द्वारा करवाई जाये, जो मूल रूप से हरियाणा के रिहायशी न हो। जिस पर महानिदेशक, हरियाणा पुलिस द्वारा श्री अलोक राय, भा०पु०से०, महानिरीक्षक, क्राईम, हरियाणा, पंचकूला के नेतृत्व मे श्री वाई0 पूर्ण कुमार, भा0पु0से0, संयुक्त कमीशनर, गुरूग्राम व श्री अभिषेक जोरवाल, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, क्राईम, हरियाणा की SIT गठित की गई।<br>मुकदमा मे आरोपी के वाईस सैम्पल लेने के लिए कई बार नोटिस जारी किये गये परन्तु हर बार वह अपनी बिमारी का जिक्र करके अपने वाईस सैम्पल देने के लिए हाजिर नही आया। जिसके लिए आरोपी की आवाज के नमूने लेने की अनुमति हेतू 12.04.2019 | |
| | | | माननीय अदालत CJM पंचकूला मे एक दरखास्त दी गई, जिस पर माननीय अदालत ने सुनवाई उपरान्त दिनांक 05.03.2020 के आदेश अनुसार आरोपी को आवाज के सैम्पल CFSL, Chandigarh मे मिलान हेतू देने के निर्देश दिये। आरोपी को आवाज के सैम्पल CFSL, Chandigarh से समय लेने उपरान्त दिनांक 18.03.2020 को नोटिस जारी किया गया, परन्तु आरोपी द्वारा कोविड–19 के कारण हाजिर नहीं आया। आरोपी को आवाज के सैम्पल लेने बारे CFSL, Chandigarh से पुनः समय लेने उपरान्त नोटिस जारी किया गया, जो बार–बार नोटिस देने उपरान्त भी हाजिर नही आया। दिनांक 04.08.2021, 08.09.2021 व दिनांक 12.11.2021 को CFSL, Chandigarh से आरोपी रामकिशन फौजी के आवाज के सैम्पल लेने के लिए समय देने बारे आग्रह किया गया। याचिका I.A No. 4865 (Civil Appellate Jurisdiction) of 2021 in Civil Appeal No. 6089 of 2018 Reply of Affidavit तैयार करके माननीय उच्चतम न्यायालय दिल्ली में जवाब दिया गया, जिस पर सुनवाई | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | दिनांक 10/11.12.2021 उपरान्त आरोपी को सी.जे.एम. कोर्ट पंचकुला में पेष होने बारे आदेष दिए गए, जिस पर दिनांक 22.12.2021 को सी.जे.एम. पंचकुला द्वारा आरोपी को CFSL, Chandigarh में दिनांक 27.12.2021 को अपने आवाज के नमूने देने के लिए आदेष दिए गए, परन्तु आरोपी ने अपने आवाज के नमूने देने से मना कर दिया। | |
| | | | मुकदमा में Civil Appeal No. 6089 of 2018 का जवाब दिनांक 04.02.2022, 18.04.2022 को माननीय उच्चतम न्यायालय, दिल्ली में जमा करवाया गया। जिसमें तारीख 28.09.2022 लगी थी, जो आगामी तारीख अभी निष्चित नहीं की गई है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेषानुसार अभियोग में आगामी कार्यावाही अमल में लाई जाएगी। अतः मुकदमा अनुसंधानाधीन है। | |
| | | | (2) मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चौकसी विभाग के यादि क्रमांक 52/38/2015–1चौ(II) दिनांक 15.05.2015 के आदेशानुसार जांच क्रमांक 04 दिनांक 18.05.2015, अम्बाला दर्ज की गई, जिसमें आरोप है कि सरकार द्वारा गांव जण्डली, कांवली, सौंडा तथा सरायमहमपुर की कुल 253.30 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने के लिये धारा 4 के अनुसार नोटिफिकेशन जारी किया गया। प्रोपट्री डीलर व जिला नगर योजनाकार तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपस में मिलीभगत करके किसानों की जमीन मुख्तयारनामा के आधार पर Alaska Construction Pvt. Ltd. के नाम रजिस्ट्रीयां करवां दी गई। बिल्ड्रों द्वारा जो बाद में अपने नाम रिलीज करवा ली गई। उपरोक्त जमीन पर धारा 6 नोटिफिकेशन जारी की गई। 253 एकड़ में से बकाया जमीन को हरियाणा सरकार द्वारा अक्वायर किया गया जोकि आपस में मिलती नहीं थी। सैक्टर 22 के अन्दर धारा 4 व 6 नोटिफिकेशन के बाद एक बड़ा हिस्सा | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | जोकि 158 एकड़ बनता है, को प्राईवेट बिल्डरों ने ले लिया। नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने लैंड एक्वीजीशन एक्ट 1894 का उल्लंघन करते हुये प्राईवेट बिल्डरों को लाईसैंस नं० 1296 दिनांक 13.08.2014 को जारी करने बारे।<br>जांच की पड़ताल पूर्ण करके अन्तिम रिपोर्ट पत्र क्रमांक 17857 दिनांक 18.12.2018 अनुसार सरकार, चौकसी विभाग को भेजी गई थी, जिसमें सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही एवं सरकार द्वारा अपने स्तर पर कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया था। सरकार के पत्र क्रमांक 58/38/2015—2चौ(।।) दिनांक 13.09.2019 अनुसार सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का अन्तिम निर्णय लिया जा चुका है। | |
| | | 9.08.2022 | | |
| 38. | श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 24 के संबंध में अनुपूरकः मुझे पता लगा है कि इसे रेगुलर करने के लिये फाईल सरकार के पास भेजी हुई है। (विघ्न) विभाग के सचिव महोदय कह रहे हैं कि इसको रेगुलर नहीं कर सकते। | विजिलैंस इन्क्वॉयरी के लिये जितने डॉक्यूमैंट्स डिपार्टमैंट से मांगे गये थे, वे सभी डॉक्यूमैंट्स दे दिये गये हैं। अब हम विजिलैंस को कहेंगे कि इस जांच को जल्दी से जल्दी कम्पलीट करे। अध्यक्ष महोदय, यदि इसमें कोई भी दोषी अधिकारी/कर्मचारी पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी करेंगे।<br>XXX<br>यदि इसमें कोई प्रौसीजरल लैप्स हुआ है या कोई करप्शन हुई है, निश्चित रूप से हम जल्दी से जल्दी विजिलैंस से जांच के लिये आग्रह करेंगे और जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। | | |
| | | 21.03.2023 | | |
| 39. | शून्यकाल के संबंध में श्री चिरंजीव राव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि इसमें जिसने असैसमैंट करवायी थी उसको 2 दिन पहले सी.बी.आई. ने 1 लाख रुपये की घूस लेते हुए पकड़ा है। माननीय मंत्री जी के कार्रवाई करने से पहले ही सी.बी.आई. ने उसको पकड़ लिया है। | अध्यक्ष महोदय, अगर कोई ऐसा आदमी होगा तो उस पर 100 प्रतिशत क्रिमिनल प्रोसिडिंग्ज भी चलाएंगे और ब्लैक लिस्ट भी करेंगे। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 40. | (i) राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया प्रश्नः पिछले गवर्नर एड्रैस में पिंजौर में सेब मंडी, कुंडली में मसाला मंडी, गुरूग्राम में फूल मंडी बनाने का जिक्र था। उनका भी गवर्नर एड्रैस में कहीं कोई जिक्र नहीं है कि ये बन गई हैं या नहीं। मेरे ख्याल से तो बना दी गई होंगी जब इनका गवर्नर एड्रैस में जिक्र ही नहीं किया गया। अगर वे बन गई हैं तो मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं वे बता दें अगर वे बना दी गई हैं तो मैं सदन से माफी मांग लूंगा। | 8.03.2021<br>सभापति महोदय, मैं माननीय साथी की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि बहुत जल्द ही 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से गन्नौर में भी सब्जी मंडी बनने जा रही है। | **फल एवं सब्जी मंडी, गुरूग्रामः–** गन्नौर, सोनीपत जिले में 537 एकड़ भूमि पर अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की फल एवं सब्जी मंडी बनाने की योजना है। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से करवाने हेतू एच.आई.एच.एम.सी.एल. कम्पनी का गठन किया गया है। विकास कार्य करवाने हेतू 2400 करोड़ रुपयें की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 14.12.2021 को प्रदान की गई। इस मंडी के विकास कार्यों के लिए ई.पी.सी. मोड पर निविदाएँ आमंत्रित की गई तथा कार्य दिनांक 12.04.2023 को 2594.99 करोड़ रूपये में ठेकेदार को आंवटित किया गया। मंडी में भवन व शैड़ निर्माण का कार्य प्रगति पर है। अब तक ई.पी.सी. ठेकेदार को 260 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। मंडी के निर्माण कार्य की देखरेख का कार्य इंजिनियरस इन्डिया लि० फर्म (च्ड६) को दिनांक 07.11.2022 को आंवटित किया गया। मंडी के विकास कार्यों को 24 महीने की समयावधि में पूर्ण करने का लक्ष्य है।<br>**मसाला मंडी, सेरसा, सोनीपतः–** सेरसा (सोनीपत) में 16 एकड़ 18 मरले भूमि पर मसाला मंडी बनाने की योजना है। इच्छुक व्यापारियों से मंडी में प्लॉट लेने हेतू प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे लेकिन प्रयाप्त प्रस्ताव प्राप्त नही हुये । व्यापार की जरूरत अनुसार जमीन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये इस मंडी को एच.एस.आई.आई.डी.सी. की भूमि पर बनाने बारे विचार–विर्मश चल रहा है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(16-11-2022) |
| | (ii) वर्ष 2023–24 के बजट के संदर्भ में | 23.02.2023<br>**29.** हरी खाद या ढैंचा की खेती मिट्टी के कार्बनिक पदार्थ को बढ़ाती है और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करती है। मैं एक योजना शुरू करने का प्रस्ताव करता हूं जिसके अंतर्गत किसान को ढैंचा की खेती के माध्यम से हरी खाद अपनाने के लिए सहायता दी जाएगी और सरकार 720 रुपये प्रति एकड़ की लागत का 80 प्रतिशत वहन करेगी और किसान को | **1. पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट उत्कृष्टता केन्द्र, पंचकुला**<br>इस केन्द्र को स्थापित करने के लिए बागवानी विभाग ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय, यू.के. के साथ एक एम.ओ.यू. साईन किया। हरियाणा सरकार द्वारा इस केन्द्र को स्थापना के लिए 01.09.2023 को मंजूरी दी गई। | इस केन्द्र को मार्च, 2027 तक स्थापित करने का लक्ष्य है।<br>आगामी प्याज के मौसम में पौधरोपण व अन्य तकनीकी कार्य शुरू कार्य कर दिये जाएगें व वर्ष |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | लागत का केवल 20 प्रतिशत योगदान देना होगा।<br>**30.** कम पानी की खपत के लिए धान की सीधी बिजाई हेतु 4000 रुपये प्रति एकड़ की दर से वित्तीय सहायता दी जा रही है। खरीफ–2022 में, 72,000 एकड़ क्षेत्र को धान की सीधी बुवाई के तहत लाया गया और 29.16 करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों को दी गई। इससे राज्य में 31,500 करोड़ लीटर पानी की बचत हुई है। मैं वर्ष 2023–24 में धान के अधीन 2 लाख एकड़ क्षेत्र को धान की सीधी बिजाई के तहत लाने का लक्ष्य निर्धारित करता हूं।<br>**36.** राज्य में कई बागवानी फसलों के लिए स्थापित उत्कृष्टता केंद्र बागवानी में प्रोत्साहक और विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। वर्ष 2023–24 में, मैं तीन नए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव करता हूं। इनमें से एक पंचकुला में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट पर, दूसरा पिनगवां, नूंह में | इस केन्द्र की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट लगभग 115 करोड रूपये की लागत के साथ तैयार की गई। इसका अनुमोदन ज्वाईंट स्टीयरिंग कमेटी द्वारा 03.07.2024 को व राज्य सरकार द्वारा 28.11.2024 को किया गया।<br>**2. प्याज उत्कृष्टता केन्द्र, पिनगवां, नूंह**<br>इस केन्द्र का शिलान्यास वर्ष 2023 पिनगवां, नूंह में हो चुका है।<br>इस केन्द्र की परियोजना अनुमानित लागत 16.32 करोड़ रूपये है।<br>विभाग द्वारा इस केन्द्र को स्थापित करने का कार्य शुरू किया जा चुका है जिसमें चारदीवारी इत्यादि का सिविल कार्य व ग्रीन हाउस का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।<br>**3. फूल उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर** | 2025–26 मं पूर्ण रूप से कार्यशील हो जाएगा।<br>खारे पानी के उपचार के लिए एक करोड़ रूपये की लागत से डीसेलिनेशन युनिट का कार्य प्रगति पर है जिस उपरान्त यह केन्द्र जून, 2025 में पूर्ण रूप से कार्यशील हो जाएगा। |
| | | प्याज के लिए और तीसरा मुनीमपुर, झज्जर में फूलों के लिए स्थापित होगा।<br>**37.** मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि सोनीपत जिले के गन्नौर में हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का निर्माण इस साल शुरू होने की संभावना है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने नई मंडियों के विकास और वर्तमान मंडियों के आधुनिकीकरण के लिए पहल की है। राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 175 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 78.33 एकड़ भूमि पर पिंजौर में स्थापित सेब, फल और सब्जी मंडी का 1 अप्रैल से परिचालन शुरू करने की संभावना है। | इस केन्द्र की परियोजना अनुमानित लागत 4.98 करोड़ रूपये है।<br>विभाग द्वारा इस केन्द्र को स्थापित करने का कार्य शुरू किया जा चुका है जिसमें<br>सिविल कार्य व ग्रीन हाउस का कार्य पूरा हो चुका है। | |
| 41. | श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 480 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए हरपथ हरियाणा ऐप पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई? | 17.12.2021<br>हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड द्वारा सभी 13025 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों को हरपथ हरियाणा ऐप से जोड़ दिया गया है। इनमें से 9666 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों को गडढ़ा मुक्त कर दिया गया है। बाकी सड़कों को गडढ़ा मुक्त करने का कार्य प्रगति पर है क्योंकि इनमें से कुछ सड़कों पर विशेष मरम्मत का कार्य चल | राज्य की लगभग 11,000 किलोमीटर लम्बाई की सड़के हरियाणा राज्य कृषि मार्किटिंग बोर्ड के अंर्तगत आती है तथा सभी सड़को को हरपथ हरियाणा ऐप से जोड़ दिया गया है। सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए सरकार के स्तर पर सामुचित निगरानी की जा रही है। बजट घोषणा के | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-2-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | रहा है। सभी सड़कों को गडढ़ा मुक्त करने के लिए सरकार के स्तर पर समुचित निगरानी की जा रही है। | अनूरूप हरियाणा राज्य कृषि मार्किटिंग बोर्ड द्वारा सड़कों को रख रखाव हेतू जिला परिषदों को स्थनान्तरित किया जाना था। तदोपरान्त दिनांक 27.05.2024 को यह निर्णय लिया गया कि 5 जिलों भिवानी, यमुनानगर, फतेहबाद, करनाल व पलवल में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों का रख रखाव सम्बन्धित जिला परिषदों द्वारा किया जाएगा तथा बकाया 17 जिलों सड़कों का रख रखाव हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा ही किया जाएगा। वर्तमान में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 11,123 किलोमीटर लम्बाई की 4345 सड़कों का रख रखाव किया जा रहा है। | |
| | | 28.02.2020 | | |
| 42. | वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में। | 37. मैंने कृषि क्षेत्र के लिए वर्ष 2020–21 में उठाए जाने वाले जिन नए महत्वपूर्ण कदमों के लिए बजट प्रावधान किया है, उनमें से केवल 12 के बारे में मैं विशेष रूप से बताना चाहूंगा। ये इस प्रकार हैं:–<br>(iii) हरियाणा की सभी सब्जी मण्डियों में महिला किसानों के लिए अलग से 10% स्थान आरक्षित किया जाएगा। | (iii) बजट अधिवेशन 2021–21 के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप महिला किसानों के लिए राज्य की सब्जी मंडियों में अलग से 10 प्रतिशत सीट आरक्षित करने हेतु बोर्ड मुख्यालय द्वारा निर्देश दिनांक 12.12.2020 को जारी कर दिये गये हैं। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-2-2025) |
| | | 2.3.2022 | | |
| 43. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | मेरी सरकार ने कृषि भूमि एवं अन्य विकास कार्यों में सुगमता लाने के उद्देश्य से दृश्या (Drone Imaging and Information Service of Haryana Limited) का गठन किया गया। इसके तहत ड्रोन पायलट (Drone Pilot) का चयन और ड्रोनों (Drones) को खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्ष 2022–23 से दृश्या सरकारी विभागों को ड्रोन मैपिंग सेवाएं प्रदान करना शुरू कर देगा । | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 09.08.2022 | | |
| 44. | श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 71 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के गोदामों में गेहूं के प्रबंधन के नाम पर विभिन्न एंजेसियों द्वारा अनाज की चोरी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका जिला वार ब्यौरा क्या है ? | महोदय, इस सम्बन्ध में प्रस्तुत किया जाता है कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न की खरीद के लिए एक नोडल एजेन्सी है। खरीद का कार्य मुख्यतः तीन एजेन्सियों द्वारा क्रमशः खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भण्डारण निगम द्वारा किया जाता है। कस्टम मिलिंग के लिए उपरोक्त सभी एजेंसियों को आबंटित चावल को मण्डी से सीधा मिलों को पहुंचाया जाता है। गेंहू की खरीद का कार्य भी भारत सरकार की ओर से किया जाता है। गेंहू का अधिकतम स्टॉक सीधे मंडी से भारतीय खाद्य निगम को पहुंचाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन एक बडी मात्रा भारतीय खाद्य निगम को नहीं पहंचाई जाती है, जिसे उपरोक्त तीनो एजेन्सियो द्वारा अपने गोदामों में तब तक सुरक्षित रखा जाता है जब तक भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डों अनुसार अनाज में अधिकता सहित भारतीय खाद्य निगम को वितरित नहीं किया जाता है। यदि भारतीय खाद्य निगम को गेंहू के प्रेषण में कम लाभ/सामान्य कमी देखी जाती है तो जिम्मेवार कर्मचारियें/अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाती है। इसके अतिरिक्त यदि स्टाक में असामान्य कमी पाई जाती है तो विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही के अतिरिक्त आपराधिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाती है।<br><br>2. उपरोक्त एजेन्सियों के गोदामों में गेंहू के स्टॉक की चोरी से सम्बन्धित मामलों की घटनाओं को रोकने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। गोदामों से गेंहू के स्टॉक की प्राप्ति और प्रेषण पर उचित नजर रखने के लिए विभागीय नार्मस अनुसार पी0आर0 चौकीदार नियुक्त किये जाते हैं।<br><br>3. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा विभाग के गोदामों में भण्डारित स्टाक की गुणवत्ता एवं मात्रा को बनाये रखने के लिए विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाता है। गोदामों पर भण्डारित स्टाक के स्वास्थ्य के समुचित संरक्षण एवं | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | रख–रखाव के लिए विभाग द्वारा निम्नलिखित कदम भी उठाये जा रहे हैं–<br>✔ मुख्यालय द्वारा जिला स्तर पर गठित कमेटियों तथा लेखा परीक्षा समितियों द्वारा हर वर्ष 30 जून तथा 31 दिसम्बर को समाप्त अवधि का विभाग के पास भण्डारित स्टॉक/स्टॉक आर्टिकल्स की भौतिक जांच की जाती है।<br>✔ विभाग के पास भण्डारित स्टाक के स्वास्थ्य तथा रख–रखाव के लिए मुख्यालय द्वारा समय–समय पर हिदायतें तथा गाईडलाईंस जारी की जाती हैं।<br>✔ मुख्यालय स्तर पर भण्डारित स्टाक के प्रेषण तथा कम–अधिकता की मासिक तथा वार्षिक समीक्षा की जाती है तथा कोताही करने वाले कर्मचारियों की जिम्मेवारी निर्धारित की जाती है।<br>इसके अतिरिक्त चोरी की घटनाओं को कम करने तथा स्टॉक की सुरक्षा के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | हैफेड तथा हरियाणा राज्य भण्डारण निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। | | |
| 45. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | 02.03.2022<br>राज्य सरकार लगभग 760 करोड़ रुपये की लागत से चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सहकारी चीनी मिलों के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण के साथ–साथ सह–बिजली संयंत्र व एथेनॉल प्लांट की स्थापना के लिए भी काम कर रही है। **** | | |
| 46. | डॉ0 कृष्ण लाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 627 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे–<br>(क) क्या जींद चीनी मिल की पिराई क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इसके कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ? | 07.03.2022.<br>(क) हाँ श्रीमान जी, राज्य सरकार पहले ही जींद चीनी मिल की पिराई क्षमता 1600 टी.सी.डी. से बढ़ाकर 2200 टी.सी.डी. करने का फैसला कर चुकी है।<br>(ख) अगले पिराई सत्र 2022–23 से जींद चीनी मिल की पिराई क्षमता बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 07.03.2022 | | |
| 47. | श्री इंदुराज नरवाल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 621 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के उप–चुनाव के दौरान बरोदा निर्वाचनक्षेत्र में एक चीनी मिल स्थापित करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त राइस मिल के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ? | (क) हाँ सर।<br>(ख) परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त किया गया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। दो साल में परियोजना को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। | | |
| | | 15.03.2022 | | |
| 48. | श्री दीपक मंगला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 791 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर के बीच में फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक की भूमि रिक्त पड़ी है; यदि हां, तो उपरोक्त भूमि पर सहकारी बैंक का कोई दफ्तर या शाखा खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या हैं? | यह सत्य है कि दि फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, फरीदाबाद के पास पलवल शहर के बीच में 2634.79 वर्ग मीटर की जगह है। उक्त भूमि पर पलवल में बैंक भवन निर्माण का प्रस्ताव रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, हरियाणा के पास विचाराधीन है। | | |
| | | 21.03.2022 | | |
| 49. | श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 770 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) XXX<br>(ख) XXX<br>(ग) XXX<br>(घ) प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के कार्यशैली की समीक्षा तथा कार्य क्षमता को सुधारने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | (क) XXX<br>(ख) XXX<br>(ग) XXX<br>(घ) हॉ, श्रीमान जी, सरकार के पास प्राथमिक कृषि सहकारी समिति/प्राथामिक सहकारी ऋण एवं सेवा समितियों के कार्य की समीक्षा करने और दक्षता में सुधार करने के लिए प्रस्ताव विचाराधीन हैः–<br>(i) प्राथिमिक कृषि सहकारी समिति/प्राथामिक सहकारी ऋण एवं सेवा समितियों का कम्पयूटरीकरण;<br>(ii) प्राथिमिक कृषि सहकारी समिति/प्राथामिक सहकारी ऋण एवं सेवा समितियां के शीघ्र भुगतान करने वाले किसान सदस्यों के लिए 4 प्रतिशत ब्याज राहत योजना को 26.02.2025 तक बढ़ाने बारे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 27.12.2022 | | |
| 50. | तारांकित प्रश्न संख्या 28 के संदर्भ में चौ0 आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि पिछले विधान सभा सत्र में भी जब किसानों की जल भराव की समस्या का उप–मुख्यमंत्री जी जवाब दे रहे थे तो हमारे जिले मेवात की गिरदावरी का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। जब हमने यहां पर मामला उठाया तो इन्होंने कहा कि चैक करवा लेंगे। अगले दिन इन्होंने मुझे जवाब दिया कि जल भराव के कारण मेवात में 25–30 हजार एकड़ फसल का नुकसान हुआ है। लेकिन उसका आज तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। जहां तक आज के प्रश्न की बात है तो माननीय उप–मुख्यमंत्री जी ने गिरदावरी के आदेश तो दे दिये हैं लेकिन अभी तक गिरदावरी हो कर कोई रिपोर्ट नहीं आई है। आज वहां पर हालात यह हैं कि किसानों की पिछली फसल तो खराब हो ही गई लेकिन अगली फसल की बिजाई की भी कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है क्योंकि दिसम्बर का अंतिम सप्ताह चल रहा है। अभी तक वहां पर गेहूं और सरसों की बिजाई नहीं हुई है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि इसकी गिरदावरी कब तक हो जायेगी ? इसके अतिरिक्त यह जो हर साल जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता है इसका कोई स्थायी समाधान किया जाये तथा मुआवजे के लिए कोई टाइमफ्रेम बना कर समय पर किसानों को मुआवजा दिया जाये। उस एरिया की गिरदावरी की जाये तथा किसानों को उनकी खराब फसल का मुआवजा शीघ्र जारी किया जाये। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि पिछले साल की खराब फसल का मुआवजा भी शीघ्रातिशीघ्र जारी किया जाये। | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि पहले आदमपुर उप–चुनाव को लेकर हिसार में तथा बाद में पंचायती राज के चुनावों के कारण पूरे प्रदेश में आचार संहिता लगी हुई थी, उस कारण से इसमें देरी हुई है। मैं कहना चाहूंगा कि जैसे ही गिरदावरी की रिपोर्ट आ जायेगी तो इनका मुआवजा भी भेज दिया जायेगा। जहां तक रबी फसल 2022 के मुआवजे की बात है तो मैं बताना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदेश में फसलों के खराबे के लिए 109 करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर पहले ही सैंक्शन कर दिये गये हैं। मेवात के लिए 32.26 करोड़ रुपया फसलों के खराबे के मुआवजे के तौर पर पहले ही ट्रेजरी में जा चुका है। ट्रेजरी में चला गया है तो वह इनको शीघ्र ही मिल जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 51. | तारांकित प्रश्न संख्या 28 के संदर्भ में चौ0 आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि पिछले साल की खराब फसलों का मुआवजा मेवात जिले के किसानों को अभी तक नहीं मिला है और जब तक नहीं मिलेगा तो क्या फायदा ? | 27.12.2022<br>XXX<br>मेवात में क्षतिपूर्ति के अन्दर लगभग 3667 किसानों ने अपनी फसल खराबे का, पानी खड़े होने का और अगली फसल की बुआई न होने का डाटा अपलोढ किया है जिसके अन्दर 16007 एकड़ एरिया नॉन–साउन (बिजाई रहित) या डैमेज था। उसकी वैरिफिकेशन चल रही है। जैसे ही इन किसानों का भी 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' के ऊपर डाटा वैरिफाई हो जाएगा उनको भी हरियाणा सरकार तुरंत मुआवजा देगी। XXX | | |
| 52. | श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 66 क्या कृषि एवं कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) राज्य में क्षेत्र का जिलावार ब्यौरा क्या है जिसमें बेमौसमी वर्षा के कारण वर्ष | 27.12.20223<br>XXX<br>इसके अतिरिक्त, दिनांक 22 सितम्बर, 2022 के बाद कई स्थानों पर हुई भारी वर्षा/जलभराव के कारण खरीफ फसल, 2022 में हुए नुकसान के आंकलन हेतू सरकार के पत्र दिनांक 28.10.2022 और 09.11.2022 (जिला हिसार | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2021–22 की रबी फसलें तथा वर्तमान वर्ष की खरीफ फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा उसका फसलवार ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त भाग (क) में वर्णित फसलों के हुए नुकसान के लिए कोई मुआवजा दिया गया है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा प्रति एकड़ दिए गए मुआवजे का वर्षवार ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो उसके क्या कारण क्या है? | में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण) द्वारा विशेष गिरदावरी के आदेश दिए गये थे। जिलों से मण्डलीय आयुक्तों के माध्यम से विशेष गिरदावरी की रिपोर्ट अभी अपेक्षित हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने पर सरकार के नार्मज/हिदायतों अनुसार आवश्यक कार्यवाही कर ली जायेगी। | | |
| 53. | ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी<br>अध्यक्ष महोदय, जब तक पानी निकालने के लिए ये पाइपलाइन नहीं डाली जाती और पानी की निकासी नहीं हो पाती तब तक बर्बाद फसलों का मुआवजा देने का प्रावधान तो सरकार को करना चाहिए। क्षतिपूर्ति पोर्टल को बंद न किया जाये तथा इसको टैम्पोरेरी नहीं खोलना चाहिए बल्कि चालू रखा जाना चाहिए ताकि किसान अपनी खराब फसल का डाटा अपलोड करते रहें। | 25.08.2023<br>अध्यक्ष महोदय, जिसकी भी फसल खराब हुई है उसका मुआवजा दिया जायेगा। जिसकी 100 प्रतिशत फसल खराब हुई है तो उसका 15 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जायेगा। इसी प्रकार से मैंने श्री नीरज शर्मा जी की बात का जवाब दे दिया था। इसके साथ ही साथ उन्होंने डॉ. करणी सिंह रेंज के पास एक लेक बनाने की बात भी कही थी उसके बारे में मुझे जानकारी मिली है कि वह पी.एल.पी.ए. से संबंधित एरिया है इसलिए उसके लिए फॉरेस्ट की क्लीयरेंस नहीं मिली थी। इसी कारण | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

ग्रेटर प्लान में जो लेक की डिवैल्पमैंट होनी थी वह नहीं हो पाई। इसी तरह से श्री हरविन्द्र कल्याण जी का जो मामला आया था उसके बारे में मैं बताना चाहूंगा कि करनाल जिले के लिए 10 करोड़ रुपया स्टोन पीचिंग के लिए दिया गया था। इनके एरिया में एक टापू करके कोई गांव था वहां पर मैं जा कर देख कर आया था। वहां पर 20 फुट चौड़ाई का बांध यमुना नदी के पानी के प्रैशर से कटाई में आया था। उस कटाव से यमुना नदी ने जो पुरानी यमुना आज से 200 साल पहले करनाल शहर के पास बहा करती थी वह रूट पकड़ लिया। इस पूरे रूट में चाहे वह श्री रामकुमार कश्यप जी का इंद्री का एरिया हो या श्री हरविन्द्र कल्याण जी का घरौंडा का एरिया हो उसमें यमुना नदी के पानी का फ्लो अधिक बना। माननीय सदस्य श्री हरविन्द्र सिंह कल्याण जी का इसके लिए आई.आई.टी. रुड़की के कंसल्टैंट रखने का जो सुझाव आया है, उसको सरकार जरूर विचार में लेने का काम करेगी।



54. श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 71–कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे–

(क) गत तीन वर्षों (2020–21 से 2022–23) में फसल बीमा योजना से संबंधित बीमा कम्पनियों की ओर से किसानों की खराब फसलों के नुकसान के लिए मुआवजे की कुल कितनी राशि वर्ष–वार तथा जिलावार बकाया हैय

(ख) ऊपर 'क' के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा भुगतान न देने की स्थिति में दोषी कम्पनी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

28–08–2023

(क) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पिछले 3 वर्षों में लगभग 1303.76 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि विभिन्न कारणों से वितरण के लिए लंबित है, जैसे कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) अस्वीकृत, बंद बैंक खाता, बैंकों का विलय, मृत्यु दावा, किसानों द्वारा आधार नहीं जोड़ा जाना, बीमा कंपनियो द्वारा उठाई गई विभिन्न आपतियाँ आदि। जिलावार एंव वर्षवार लंबित मुआवजा इस प्रकार हैः–

| जिला | लंबित मुआवजा (रुपये में) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | एनईएफटी अस्वीकृत के कारण | | 2022–23 | कुल (लगभग) |
| | 2020–21 | 2021–22 | | |
| अंबाला | 11554-93 | 205141-46 | 0-00 | 216696-39 |
| भिवानी | 59042272-13 | 49033008-81 | 2358428515-11 | 2466503796-05 |
| चरखी दादरी | 494200-00 | 1091580-00 | 371183196-07 | 372768976-07 |
| फरीदाबाद | 8566123-16 | 2807867-70 | 0 | 11373990-86 |
| फतेहाबाद | 480493-00 | 3671044-00 | 49000000-00 | 53151537 |
| गुरूग्राम | 29009-65 | 699417-40 | 0-00 | 728427-05 |
| हिसार | 4086202-57 | 8043451-91 | 1530800000-00 | 1542929654-48 |
| झज्जर | 21433-00 | 175558-00 | 0-00 | 196991 |
| जींद | 1007773-07 | 4449704-38 | 0-00 | 5457477-45 |
| कैथल | 2171011-98 | 3489183-30 | 800374-94 | 6460570-22 |

क) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पिछले 3 वर्षो (2020–21 से 2022–23) में लगभग 1303.76 करोड रूपये की मुआवजा राशि विभिन्न कारणों से वितरण के लिए लंबित था, जोकि राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) अस्वीकृत, बंद बैंक खाता, बैंको का विलय, मृत्यु दावा, किसानों द्वारा आधार नही जोडा जाना, बीमा कम्पनियों द्वारा उठाई गई विभिन्न आपतियों के कारण बकाया था। इसमें से बीमा कम्पनियों द्वारा अब तक 1229.14 करोड़ रूपए की राशि जारी की जा चुकी है। शेष राशि 74.62 करोड अभी बकाया है। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा भी बीमा कम्पनियों को किसानों की बैंक डिटेल राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर ठीक करके बकाया क्लेम जारी करने की हिदायतें दी गई हैं तथा राज्य सरकार भी इसके लिए प्रयासरत है। बीमा कम्पनियों द्वारा जिलावार जारी किए गए क्लेम व बकाया क्लेम की सूचि निम्नप्रकार से है :–

| जिला | कुल क्लेम (एन ई एफ टी निरस्त/आपत्तियों) (2020–21 से 2022–23) | बीमा कम्पनियों द्वारा जारी किए गए क्लेम | लंम्बित क्लेम |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 216696.39 | 0 | 216696.39 |
| भिवानी | 2466503796 | 2296618640 | 169885156 |
| चरखी दादरी | 372768976.1 | 372219658.1 | 549318 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| करनाल | 36254-26 | 22024-54 | 0-00 | 58278-8 |
| कुरूक्षेत्र | 636313-57 | 2177795-85 | 2500296-78 | 5314406-2 |
| महेंद्रगढ़ | 383767-82 | 225689-52 | 16713761-43 | 17323218-77 |
| मेवात | 124636-00 | 997319-00 | 639226676-54 | 640348631-54 |
| पलवल | 60589-00 | 171946-00 | 15249290-25 | 15481825-25 |
| पंचकुला | 332560-42 | 226928-38 | 16930945-92 | 17490434-72 |
| पानीपत | 17852-56 | 255385-00 | 1008918-12 | 1282155-68 |
| रेवाड़ी | 20973050-83 | 20303875-31 | 245376390-00 | 286653316-14 |
| रोहतक | 779377-00 | 1250834-00 | 11600001-99 | 13630212-99 |
| सिरसा | 97098600-61 | 34331838-43 | 7430588670-95 | 7562019109-99 |
| सोनीपत | 525546-20 | 3183268-93 | 5307570-56 | 9016385-69 |
| यमुनानगर | 25318-36 | 10316-00 | 9245454-00 | 9281088-36 |
| कुल | 196903940-12 (19.69 करोड़) | 136823177-92 (13.68 करोड़) | 12703960062-66 (1270.39 करोड़) | 13037687180-7 (1303.76 करोड़) |

*भारत सरकार की तकनीकी सलाहकार समिति के निर्णय के अनुसार सिरसा जिले के लिए खरीफ 2022 में 623 करोड़ रुपए (अनुमानित) की मुआवजा राशि शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी। रबी 2022–23 सीजन का क्लेम प्रक्रियाधीन है।

(ख) वर्ष 2020–21 व 2021–22 के लिए राज्य सरकार द्वारा लम्बित मुआवजा बारे निम्न कदम लिए जा रहे हैं:–

1. बकाया क्लेम के किसानों की सूची को राज्य के उप कृषि निदेशकों के साथ सांझा किया गया ताकि संबंधित किसान अपने खाते को अपडेट कराकर भुगतान पा सके।
2. उप कृषि निदेशकों ने ग्राम स्तर पर व्यक्तिगत किसानों के सही बैंक विवरण एकत्रित करने के लिए बकाया क्लेम की सूची को प्रसारित किया।
3. उप कृषि निदेशकों से प्राप्त सही बैंक विवरण की सूची को संबंधित बीमा कंपनी को भुगतान के लिए भेज दिया गया है।
4. विभाग द्वारा जिलावार बकाया क्लेम राशि के किसानों की सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है, ताकि जिन किसानों का बकाया है वे अपना सही बैंक विवरण उप कृषि निदेशक कार्यालय में प्रस्तुत कर सके।
5. विभाग द्वारा सही बैंक विवरण उप कृषि निदेशक कार्यालय में जमा करवाने के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है।
6. क्लेम के भुगतान का बकाया बैंकों के विलय, दावेदार की मृत्यु, आधार की गैर–सिडिंग, एनईएफटी अस्वीकृत के कारण रह गया है। बीमा कंपनियाँ आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से भुगतान कर रही है।
7. अन्य लम्बित मुआवजे के लिए, बीमा कम्पनियों द्वारा उठाए गए मुददों के समाधान करने के लिए विभाग द्वारा कठिन प्रयास किए जा रहे हैं तथा शीघ्र ही समाधान कर दिया जाएगा। यदि बीमा कम्पनियों के विरूद्ध कुछ पाया गया तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| फरीदाबाद | 11373990.86 | 0 | 11373991 |
| फतेहाबाद | 53151537 | 50991493 | 2160044 |
| गुरूग्राम | 728427.05 | 140865.44 | 587561.61 |
| हिसार | 1542929654 | 1531295821 | 11633834 |
| झज्जर | 196991 | 0 | 196991 |
| जींद | 5457477.45 | 576879.34 | 4880598.1 |
| कैथल | 6460570.22 | 781374.94 | 5679195.3 |
| करनाल | 58278.8 | 36254.26 | 22024.54 |
| कुरूक्षेत्र | 5314406.2 | 2500296.78 | 2814109.4 |
| महेंद्रगढ़ | 17323218.77 | 16683761.43 | 639457.34 |
| मेवात | 640348631.5 | 244150182.5 | 396198449 |
| पलवल | 15481825.25 | 15326507.25 | 155318 |
| पंचकुला | 17490434.72 | 17344103.39 | 146331.33 |
| पानीपत | 1282155.68 | 1041520.68 | 240635 |
| रेवाड़ी | 286653316.1 | 254222960.1 | 32430356 |
| रोहतक | 13630212.99 | 12654921.99 | 975291 |
| सिरसा | 7562019110 | 7460300731 | 101718379 |
| सोनीपत | 9016385.69 | 5318527.83 | 3697857.9 |
| यमुनानगर | 9281088.36 | 9270772.36 | 10316 |
| कुल | 13037687181 (1303.76 करोड़) | 12291475271 (1229.14 करोड़) | 746211910 (74.62 करोड़) |

(ख) वर्ष 2020–21 व 2021–22 के लिए राज्य सरकार द्वारा लम्बित मुआवजा बारे निम्न कदम लिए जा रहे हैं:–

1. बकाया क्लेम के किसानों की सूची को राज्य के उप कृषि निदेशकों के साथ सांझा किया गया ताकि संबंधित किसान अपने खाते को अपडेट कराकर भुगतान पा सके।
2. उप कृषि निदेशकों ने ग्राम स्तर पर व्यक्तिगत किसानों के सही बैंक विवरण एकत्रित करने के लिए बकाया क्लेम की सूची को प्रसारित किया।
3. उप कृषि निदेशकों से प्राप्त सही बैंक विवरण की सूची को संबंधित बीमा कंपनी को भुगतान के लिए भेज दिया गया है।
4. विभाग द्वारा जिलावार बकाया क्लेम राशि के किसानों की सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है, ताकि जिन किसानों का बकाया है वे अपना सही बैंक विवरण उप कृषि निदेशक कार्यालय में प्रस्तुत कर सके।
5. विभाग द्वारा सही बैंक विवरण उप कृषि निदेशक कार्यालय में जमा करवाने के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है।
6. क्लेम के भुगतान का बकाया बैंकों के विलय, दावेदार की मृत्यु, आधार की गैर–सिडिंग, एनईएफटी अस्वीकृत के कारण रह गया है। बीमा कंपनियाँ आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से भुगतान कर रही है।
7. अन्य लम्बित मुआवजे के लिए, बीमा कम्पनियों द्वारा उठाए गए मुददों के समाधान करने के लिए विभाग द्वारा कठिन प्रयास किए जा रहे हैं तथा शीघ्र ही समाधान कर दिया जाएगा। यदि बीमा कम्पनियों के विरूद्ध कुछ पाया गया तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

55. श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 2:– क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले 27–5 फीट (5 करम) रास्तों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा पक्का किया जाना है तथा ऐसे रास्तों के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है ?

15.12.23

ब्यौरा सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**ब्यौरा**

बजट सत्र 2020–21 के दौरान राज्य के सभी 5 करम के कच्चे रास्तों, जो एक गांव को दूसरे गांव को जोड़ते हैं, को पक्का करने बारे घोषणा की गई थी। अटेली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले 5 करम की चौडाई वाले कच्चे रास्तों को पक्का करने व कार्य के पूर्ण होने की संभावित स्थिति का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक संख्या | विवरण | सड़कों की संख्या | लम्बाई (कि.मी. मे) | अनुमानित लागत (करोड़ रुपये में) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | xx | xx | xx | xx | xx |
| 2. | कच्चे रास्तों को पक्का करने का कार्य शुरू किया। | 08 | 22.81 | 16.76 | इन कच्चे रास्तों को पक्का करने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। कार्य वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान पूर्ण होने की संभावना है। |
| 3. | 5 करम के अन्य कच्चे रास्ते जिन्हें पक्का किया जाना है। | 38 | 82.70 | 37.24 | कार्य वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान शुरू होने की संभावना है। |
| | **कुल** | **81** | **204.72** | **89.00** | |



56. श्री राकैश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्नल संख्याछः–23 क्या कृषि एंव किसान कल्याण मंत्री कृप्या बताएंगे किः–

(क) राज्य में अक्टूबर, 2021 से आज तक पराली प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची का जिलावार ब्यौरा क्या है

(ख) आवेदन से लेकर लाभार्थी के बैंक खाते में निधि जमा करवाने की समयावधि कितनी हैः तथा

(ग) उन मामलों की जिलेवार विस्तृत सूची क्या है जहां सरकार द्वारा लाभार्थियों के बैंक खाते में राशि जमा नहीं करवाई गई तथा उनके कारण क्या हैं?

15.12.23

(क), (ख) XX

(ग) उन मामलों की जिलावार विस्तृत सूची जहां सरकार ने अभी तक लाभार्थी के बैंक खाते में राशि जमा नहीं की है, उनका विवरण अनुबंध. "ग" में दिया गया है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

| वर्ष | किसानों की संख्या | पंजीकृत क्षेत्र (एकड़ में) | राशि जमा (लाख न होने का कारण) |
|---|---|---|---|
| 2023–24 | 156915 | 13.89 | सभी आवेदन चालू वित्त वर्ष 2023–24 में विभागीय पोर्टल पर 30.11.2023 तक प्राप्त हुए है। अतः इनका सत्यापन एंव अनुदान राशि का वितरण प्रक्रियाधीन है |

चालू वर्ष के दौरान किसानों से 30.11.2023 तक विभागीय पोर्टल agriharyana-gov-in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। दावों का सत्यापन और अनुदान राशि का वितरण प्रक्रियाधीन है तथा यह कार्य 31.03.2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 57. | डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न. संख्या 27:— अध्यक्ष महोदय, वे फार्मर्ज जिन्होंने बीमा करवा रखा है और जिनका पैसा भी कटा हुआ है वे फार्मर्ज अभी भी पेमेंट की इंतजार कर रहे हैं। आप इस बात का जवाब दें। | 18.12.23 अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश के अंदर किसानों से कुल 1943.34 करोड़ रूपये लिए गए हैं और इसमें स्टेकट का शेयर 2575.10 करोड़ रुपये तथा सैंटर का शेयर 2295.42 करोड़ रुपये हैं अर्थात् कंपनियों को कुल 6813.87 करोड़ रूपये की राशि गई है। किसानों को हम कुल 7967.40 करोड़ रूपये दे चुके हैं। लगभग साढ़े ग्याकह सौ करोड़ रूपये की राशि से कंपनियां घाटे में हैं। अभी भी कुछ क्लेसम डिस्यूंटिड हैं जोकि 287 करोड़ रूपये की राशि है। इस तरह से यह राशि मिलाएं तो कंपनियों को 1400 करोड़ रूपये का लॉस हरियाणा में हुआ है। सरकार पूरी शिद्दत से किसानों का पक्ष रखती है और इस योजना में सुधार करने की कोशिश भी लगातार कर रही है। | | |
| 58. | श्री धर्म सिंह छोक्कर द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 54:— क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा ब्लॉक बापौली में प्रस्तावित सब्जी मंडी के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 18.12.23 बापौली ब्लॉक में नई अनाज मंडी बापौली के अन्दर 1.31 एकड़ भूमि पर सब्जी मंडी बनाने की योजना है। मंडी की अधिसूचना को संशोधित करने की प्रक्रिया जारी है। सब्जी मंडी के वित्त वर्ष 2024—25 के दौरान स्थापित होने की संभावना है। | | |
| 59. | मुख्यमंत्री द्वारा शून्यकाल में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों का जवाब | 19.12.23 मार्केटिंग बोर्ड के नाते से भी एक विषय आया था। सब्जी मंडी के हमारे आढ़तियों में लैंगवेज की गलती के कारण एक गलत मैसेज गया है। कुछ लोगों ने डेपुटेशन के माध्येम से एक परसैंट मार्किट फी और एक परसैंट एच.आर.डी.एफ. के संबंध में मांग की थी। उनका काम इस प्रकार का है कि उनको इन्स पैक्टीर तंग करते हैं। अतः उनका सुझाव था कि उनकी जगह हमसे साल में एक बार लम्पसम फी ले लें ताकि इंस्पेक्टपर राज खत्म हो जाये। उनकी इस मांग को हमने स्वीकार कर लिया है। स्वीकार करने के पश्चात हमने एक पत्र निकाल दिया था कि उनकी पिछले वर्ष जितनी असैसमैंट हुई थी वे उतनी ही राशि लम्प सम जमा करवा दें। साथ ही पत्र में यह भी लिख दिया था कि 10 परसैंट राशि हर साल बढ़ेगी। उन्होंने यह समझ लिया कि सब्जी की जितनी कीमत है यह उसका 10 परसैंट है। वास्तव | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | में ऐसा नहीं है। यह पिछले साल के टैक्स की राशि का 10 परसैंट है। यानि कि अगर हम वर्तमान का हिसाब लगाएं तो वह 1 परसैंट की जगह 1.1 परसैंट हो जायेगा। यह मानकर चला जा रहा है कि आगे हर एक की बिक्री 10 परसैंट बढ़ेगी। अतः 10 परसैंट बिक्री बढ़ने पर ही टैक्स की 10 परसैंट राशि बढ़ाई गई है। अगर किसी को लगता है कि उसकी बिक्री रेट से 10 परसैंट ज्या दा नहीं बढ़ी है तो वह अपील भी कर सकता है। अपील करने के बाद अगर किसी की बिक्री कम भी होती है तो उसे कम भी किया जायेगा। हमने एक फॉर्मूला रखा है कि दुकानदार की बिक्री हर वर्ष 10 परसैंट बढ़ती है, इसलिए दुकानदार की जो राशि वर्तमान में तय की गई है उसका 10 परसैंट वार्षिक बढ़ेगा। फिर भी हम उनके प्रतिनिधित्व मंडल से बातचीत करके और मिलकर इसे स्पीष्टप कर देंगे। | | |
| | | 27.02.2024 | | |
| 60. | श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्नर संख्याा 80 : XX<br><br>(ग) क्या यह तथ्य है कि खरीफ, 2023 के जून तथा जुलाई में भारी वर्षा के कारण कपास तथा धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है;<br><br>(घ) यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा फसलों के नुकसान का मुल्यांकन तैयार कर लिया गया है या नहीं; तथा<br><br>(ड) यदि हां, तो किसानों को कितना मुआवजा जिलावार वितरित किया गया तथा उसका ब्यौरा क्या है? | XX<br><br>(ग) हां, श्रीमान जी.<br><br>(घ) कृषि विभाग ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित किसानों का कपास की फसल के नुकसान का मूल्यांकन तैयार कर लिया है और धान के लिए फसल के नुकसान का मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है।<br><br>(ड) खरीफ 2023 के लिए धान व अन्य खरीफ फसलों के नुकसान के लिए राज्यस्व विभाग द्वारा ई–क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से रूपये 97.89 करोड़ का भुगतान किया गया है और लगभग 16 करोड़ रूपये शीघ्र ही जारी किए जाएगे। हरियाणा फसल सुरक्षा योजना के तहत लगभग 60.42 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता राशि जारी की जाएगी। XX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 61. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XXX मेवात क्षेत्र की सेम की समस्या के बारे में बताया और कहा कि वहां पर कुछ भी काम नहीं हुआ है। XXX<br>XXX अध्यक्ष महोदय, दो साल हो गये वहां काम तो कुछ हुआ नहीं है। | 14.11.2024<br>XXX आफताब जी हम उसको जल्दी कर देंगे। हर काम को करने में समय तो लगता ही है। (विघ्न) हम उसको जल्दी करवा देंगे। उसका सारा टैंडर भी हो चुका है। हम उसको जल्दी करेंगे। वहां 151 सोलर पम्प और लगा रहे हैं। (विघ्न) उसका टैंडर हो गया है। हम आपकी समस्या का जल्दी ही समाधान कर रहे हैं। (विघ्न) XXX | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**MINES & GEOLOGY DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 62. | XX ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के संबंध में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, इसको एडमिट करने के लिए मैं आपको धन्यवाद दे रहा हूं । यह बहुत गम्भीर मामला है और पूरे प्रदेश से संबंधित है। मैं इस समय हाउस में इसलिए खड़ा हूं क्योंकि मैं वहां पर जाकर स्वयं स्थिति को देखकर आया हूं। मैं स्वयं मौके पर गया था। मंत्री जी ने जवाब दिया कि मौके पर जो पहाड़ था जहां पर ऐक्सीडैंट हुआ था उसके नीचे ज्यादा खुदाई नहीं हुई थी। मैं कहता हूं कि उसके साथ वाले पहाड़ पर कितनी खुदाई की हुई है उसे आप स्वयं जाकर देखिये । वहां पर नहर बंद पड़ी है और 700–800 फुट तक खुदाई हुई है। मुझे वहां पर लोगों ने बताया कि वह जमीन पंचायत की है लेकिन पंचायत को उसका हिस्सा भी नहीं दिया गया। अब सदन में किसी | 14.3.2022<br>XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय नेता प्रतिपक्ष को बताना चाहूंगा कि अभी इस मामले की इन्कवायरी पैंडिंग है। पहले इन्कवायरी पूरी हो जाए, उसके बाद विचार किया जाएगा। (विघ्न) | इस संदर्भ का जबाव कार्यालय के पत्र क्रमांक 2596 दिनांक 30.05.2024 के द्वारा सचिव, हरियाणा विधान सभा सचिवालय को भेजा जा चुका है (प्रति संलग्न है)। जोकि निम्न प्रकार से है:<br>''यहां यह बताना उचित होगा कि राज्य सरकार ने डाडम पत्थर खान में दिनांक 01.01.2022 को हुई दुर्घटना को गम्भीरता से नोट करके, श्री एस. एस.प्रसाद, आई.ए.एस अधिकारी (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में समिति गठित की गई थी, जिसकी रिपोर्ट विभाग में प्रस्तुत की गई है, परन्तु उससे पहले ही इस मामले की जांच माननीय एनजीटी द्वारा OA No. 169/2020 and OA No. 1/2022 में पहले ही की जा चुकी थी, जिसमें माननीय एनजीटी द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए न्यायमूर्ति प्रीतम पाल (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(10-7-2024) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | वेदपाल नाम के व्यक्ति का जिक्र किया गया है और कह रहे हैं कि उसने तो 150 करोड़ रुपये ऑफर किये थे। मैं पूछता हूं कि अब माइनिंग को कौन चला रहा है और उसको आगे चलाने की सरकार ने इजाजत किसको दी ? सरकार ने उसी वेदपाल को माइनिंग चलाने की इजाजत दे दी जो उसको मैनेज कर रहा है। अध्यक्ष महोदय, ये सब बातें गवर्नमैंट के रिकार्ड पर है। चूंकि वह डिफॉल्टर है और 150 करोड़ रुपये लेकर भाग गया। XX अध्यक्ष महोदय, मैं ये बातें आरोप–प्रत्यारोप लगाने के लिए नहीं कह रहा हूं। यह गम्भीर विषय है। चूंकि इस विषय को लेकर माननीय सदस्यों ने सदन में एक – दूसरे पर उंगलियां उठायी हैं। आज जो चर्चा हुई है उससे कोई नतीजा नहीं निकला है। इसमें सरकार छोटी मछलियों को पकड़ रही है और बड़ी मछलियों को कोई हाथ नहीं लगा रहा है। इसका सरकार के पास क्या जवाब है? अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी भी यही पर बैठे हुए हैं। मेरी आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग है कि इस मामले की | | 06 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।<br>उपरोक्त 06 सदस्यीय समिति द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट को आधार मानते हुए व उस पर खनन विभाग समेत सभी संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही के आधार पर, माननीय एनजीटी द्वारा दिनांक 26.08.2022 को उक्त OA's का निस्तारण कर दिया गया था।<br>इसके बाद पट्टेधारक कंपनी मेसर्स गोवर्धन माइंस एंड मिनरल्स ने उपरोक्त माननीय एनजीटी के आदेशों के विरुद्ध OA No. 169/2020 में समीक्षा आवेदन RA No. 34/2022 दायर की गई, जिसे भी माननीय एनजीटी द्वारा दिनांक 18.10.2022 के आदेशों के माध्यम से खारिज कर दिया गया था।<br>इसके उपरांत दिनांक 26.08.2022 के आदेशों के विरुद्ध पट्टाधारक कंपनी द्वारा सिविल अपील संख्या 8067–8068/2022 भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सी.बी.आई. या हाई कोर्ट के जज से जांच करवा दें ताकि यह पता चल सके कि कितना नुकसान हुआ है? क्या माननीय मुख्यमंत्री जी इस मामले की जांच सी.बी.आई. से करवाने के लिए तैयार हैं? इसमें सिर्फ यही बात है। बाकी तो छोटी मछलियों को पकड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ता। चूंकि हर जगह पर छोटी मछलियों को ही पकड़ रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान) | | दर्ज की और मामला अभी भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष निर्णय के लिए लंबित है। अथवा अभी इस मामले पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णय किया जाना है।'' | |
| | | 23.02.2023 | | |
| 63. | वर्ष 2023–24 के बजट के संदर्भ में | **201.** माननीय अध्यक्ष महोदय! मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सरकार ने भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण के सहयोग से महेंद्रगढ़ जिले के गोलवा गांव में आर्थिक रूप से व्यवहार्य 17.62 मिलियन टन तांबा भंडार स्थापित किया है। यह हरियाणा में पहली बड़ी खनिज संसाधन खोज होगी और सरकार वर्ष 2023–24 में तांबे के खनिज ब्लॉक की नीलामी की योजना लेकर आएगी। | 201. मामला महेंद्रगढ़ जिले में गोलवा गंगुटाना बेल्ट में तांबे के भंडार की विस्तृत खोज के बाद भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा पहचाने गए तांबे के ब्लॉक की नीलामी के प्रस्ताव से संबंधित है।<br>निदेशक, खान और भूविज्ञान, हरियाणा और (क) एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड–मुंबई और (ख) एमएसटीसी | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(10-7-2024) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम–कोलकाता) के बीच 10.08. 2023 को दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।<br>समझौता ज्ञापनों के अनुसार, उपरोक्त दोनों एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले कार्य इस प्रकार हैं :<br>(क) एसबीआई कैप खनन ब्लॉक तैयार करने और आरक्षित मूल्य तैयार करने की सिफारिश के साथ निविदा दस्तावेज तैयार करेगा।<br>(ख) एमएसटीसी अधिसूचित नीलाम किए जाने वाले तांबे के ब्लॉक की नीलामी के लिए नीलामी मंच प्रदान करेगा।<br>दोनों उपरोक्त एजेंसियों को समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर, निष्पादन के बाद उनके द्वारा की गई कार्रवाई की स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा गया था।<br>उपरोक्त संदर्भ में, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, नई दिल्ली ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के गोलवा–गंगुटाना बेल्ट में कॉपर जमा | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | से संबंधित तकनीकी डेटा प्रदान करने का अनुरोध किया है, जिसे चरण–1 में नीलाम किया जाना था। तकनीकी डेटा में भूवैज्ञानिक रिपोर्ट, खनिज ब्लॉक सारांश, मानचित्र, प्लेट, अनुलग्नक और खनिज ब्लॉक से संबंधित कई अन्य तकनीकी दस्तावेज शामिल हैं। मामला प्रक्रियाधीन है। | |
| 64. | वर्ष 2023–24 के बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा पुनरारम्भ तथा वित्त मंत्री द्वारा उस पर उत्तर के संदर्भ में श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, इस विषय को बहुत समय हो गया है। अब मेरी भी बात सुनी जाये। हमारे यहां सोनीपत में माईनिंग का लाइसैंस दिया हुआ है लेकिन माईनिंग फीस जमा नहीं करवाई जा रही है और 200 करोड़ रूपये से उपर यह फीस बनती है। यह केस चार–पांच | 21.03.2023<br>अध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह रनिंग केस है लेकिन चूंकि माननीय सदस्य ने यह बात सदन में उठाई है तो हम इसका भी पता कर लेंगे। हम इनकी इंक्वायरी भी कराने का काम करेंगे और इंक्वायरी में अगर कुछ निकलता है तो माइनिंग बंद करने का भी काम करेंगे। | इस संदर्भ के बारे सूचित किया जाता है कि जिला सोनीपत में इस समय केवल दो पट्टाधारक खनन (मैसर्ज योद्दा माइंस एंड मिनरल्स तथा मैसर्ज जलकोवा बिल्डकोन प्रा0 लि0) का कार्य कर रहे है। इन पट्टेधारको ने माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के समक्ष सीडब्ल्यूपी नंबर 15499/2019 व 14143/2019 दायर की थीं। उन्होंने विभिन्न आधारों पर अनुबंध राशि में कम करने का | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(10-7-2024) |
| | बार मुख्यमंत्री महोदय के पास ई–मेल से भी भेजा जा चुका हैं और यही नहीं डी.जी. विजिलेंस तथा एस.पी. सोनीपत को भी यह केस भेजा जा चुका है। जब माइनिंग फीस जमा नहीं हो रही है तो माईनिंग बंद होनी चाहिए। | | अनुरोध किया जैसे कि खनन क्षेत्र में कमी, यंत्रीकृत खनन का निषेध, इत्यादि। माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने इस विभाग को एक अंतरिम आदेशों दिनांक 30.05.2019 व 24.05.2019 निर्देश दिये कि दोनों याचिकाकर्ता प्रति माह 25 लाख रुपये की राशि का भुगतान करेगें, जिस स्थिति में आक्षेपित आदेश के संचालन पर रोक रहेगी। विभाग ने माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिका दायर की हुई है जो माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष न्यायाधीन है।<br>चूंकि यह मामला माननीय उच्चतम न्यायालय के अतंर्गत विचाराधीन है तथा विभाग अभी तक माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार वसूली करने के लिए बाध्य है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

26.02.2024

65. अतारांकित प्रश्न 91 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया प्रश्नः— XXXX (क) नवंबर, 2019 से जनवरी, 2024 तक डाडम, तावडू, नूंह, नारनौल तथा भिवानी क्षेत्र में अवैध रेत खनन घोटाले से संबंधित सरकार द्वारा पंजीकृत घटनाओं की वर्ष—वार संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उक्त घोटाले में अब तक दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गई तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

XXXX (ख) महोदय, स्थिति इस प्रकार है :

| क्रमांक | वर्षवार | पंजीकृत एफ.आई.आर की संख्या | एफ.आई.आर. की वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|
| | (क) | (ख) | (ग) |
| 1 | नवम्बर, 2019 से दिसम्बर, 2019 | 3 | परीक्षणाधीन |
| 2 | जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2020 | 13 | परीक्षणाधीन |
| 3 | जनवरी, 2021 से दिसम्बर, 2021 | 37 | परीक्षणाधीन |
| 4 | जनवरी, 2022 से दिसम्बर, 2022 | 111 | परीक्षणाधीन |
| 5 | जनवरी, 2023 से दिसम्बर, 2023 | 105 | परीक्षणाधीन |
| 6 | 31 जनवरी, 2024 तक | 0 | परीक्षणाधीन |
| | कुल | 269 | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**REVENUE AND DISASTER MANAGEMENT DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | जानकारी में मैंने पिछले विधानसभा सत्र के दौरान भी लाया था कि वर्ष 2022 की रबी की फसल में हुए नुकसान के मुआवजे के इन्हों ने 109 करोड़ रुपये सैंग्शआन किये गये थे लेकिन इनमें से अभी तक सिर्फ 42 करोड़ रुपये ही बंटे हैं। अध्यक्ष महोदय, अगर मैं मेरे जिले की बात करूं तो मेरे जिले को दिनांक 16.12.2022 को 32 करोड़ रुपये भेजे गये थे लेकिन इनमें से अभी तक सिर्फ एक करोड़ रुपये ही बंटे हैं। जबकि आज इस बात को पूरे एक साल का समय हो गया है। XX | सदस्य को और आज डिप्टीर कमिश्नर नूंह को भी बोल दूंगा कि इमिडिएटली जो यह बैलेंस अमाउन्ट बची है। अगर कोई क्ले मैंट नहीं आता तो आप इसकी रिपोर्ट दे दें और अगर क्ले मैंट माननीय सदस्यर के पास हैं तो माननीय सदस्य इमिडिएटली उनके अकाउन्ट लिंक करवा दें ताकि डी.बी.टी. से उनका पैसा जितना वैरिफाइड लैंड/रकबा, जो उनके नाम बोलता है, उसके हिसाब से ट्रांसफर हो जाएगा। XX स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन के संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूं कि क्लेम सरकार भेजती है उसके बाद जिला स्तर पर जिस किसान की क्षति होती है उसको अपनी रजिस्ट्रेशन करवानी होती है। इससे पहले दूसरी प्रथा थी। अब डी.बी.टी. के माध्यम से क्षतिपूर्ति का भुगतान होता है। अगर किसी किसान का अकाऊंट लिंक नहीं है तो वह व्यवस्था सम्बंधित फार्मर को खुद बनानी है। अध्यक्ष जी, अगर आप कहते हैं तो मैं डिप्टी कमिश्नर को आदेश भी दे दूंगा कि इससे सम्बधित इश्तिहार लगाकर फार्मर्ज को जागरूक कर दिया जाये। | | | 222 |
| 115. | ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 24 (स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 10 के साथ संलग्नक) के सन्दर्भ में माननीय सदस्य श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया प्रशनः– XX उसके साथ–साथ नरमा और कपास की बात है तो हमारे 6–7 जिले ऐसे हैं जहां पर कपास की खेती बहुत अधिक की जाती है। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार या जीन्द के एरिया में जो कपास की फसल थी वहां पर गुलाबी सुण्डी के प्रकोप की वजह से कपास की फसल बर्बाद हो गई। जो 2–3 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से निकली आज उसका मण्डी में कोई खरीददार नहीं है। आज भी वह फसल किसान के घर में पड़ी हुई है। केन्द्र सरकार की एक एजेन्सी C.C.I. (Cotton Corporation of India) है जो इसकी खरीद करती है। सरकार एक तरफ तो कहती है कि हम एम.एस.पी. पर खरीदते हैं और दूसरी तरफ उस सी.सी.आई. की खरीद बंद कर दी गई जिसके कारण किसान की कपास की फसल मण्डी या मिल में जाने की बजाय उसके घर में पड़ी हुई है। वह किसान का बहुत बड़ा | 15.12.23<br>XX माननीय सदस्य ने दूसरी बात करंट कॉटन क्रॉप की रखी है। हमारे पास आज के दिन 2,43,511 एकड़ कॉटन क्रॉप का एरिया है जहां कॉटन लगी हुई है जिसमें 88115 किसान हैं। आज भी कॉटन की सेल निरन्तर चल रही है और सी.सी.आई. भी प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में कॉटन की प्रोक्योलरमैंट कर रही है। यह गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया की एजेंसी है। जैसे–जैसे क्रोस वैरिफिकेशन के बाद डाटा आएगा उसके बाद प्रत्येक किसान की फसल के नुकसान की भरपाई हम चाहे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करें या प्राईवेटली बैंक्सब या इन्योप्र रैंस कम्पकनीज के तहत करें और जो नॉन इंश्योसरी किसान थे उनको वह बेनिफिट अगर वहां से नहीं मिलता है तो उनको हम स्टेगट हैड से देने का काम करेंगे। XX | | | 223 |

| संख्या | | गई कार्यवाही | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 116. | ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 54 (स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 10 के साथ संलग्नक) के सन्दार्भ में माननीय सदस्य श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि जो हमारे यहां कच्ची कालोनियां कटी हैं सरकार उन लोगों को क्या् मुआवजा दे रही है? सरकार की तरफ से उन लोगों के लिये क्या राहत की स्कीम लेकर आई है? कैसे वे भू–माफिया के कब्जे से बचेंगे? अध्यक्ष महोदय, माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय के पास राजस्वे एवं आपदा प्रबन्धन, आबकारी एवं कराधान, चकबन्दी् आदि कई महत्वरपूर्ण महकमे हैं । मेरा तो यह कहना है कि गरीबों की लुटाई बंद हो क्यों कि यमुना का क्षेत्र होने के नाते वहां पर हर साल बाढ़ तो आनी ही आनी है। मैं चाहता हूं कि उन गरीब आदमियों का निपटारा हो जाये। | 15.12.23<br>XX जहां तक बात कच्ची कॉलोनियों से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की है, मुझे लगता है कि माननीय सदस्या के पास भी स्वयं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव नहीं था और उन्होंने सदन में खड़े होकर कह दिया कि इसको पढ़ा माना जाये । कॉलोनियों से संबंधित जो रिपोर्ट है मैं उसे संबंधित डिपार्टमैंट से मंगवा कर सोमवार यानी दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को सदन के पटल पर रख दूंगा। | | 224 |
| 117. | ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–10 के सन्दर्भ में माननीय सदस्य राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया प्रश्नः– XX वर्ष 2021 में हमारे क्षेत्र में बहुत भयंकर फसलों की तबाही हुई थी और सरकार ने मुआवजे के तौर पर 15.44 करोड़ रुपये भेज भी दिये थे। वहां के स्थानीय किसानों ने इस संबंध में रोष प्रदर्शन करते हुए तहसील का ताला भी लगा दिया था। सरकार ने इस संबंध में श्री अनूप धानक, माननीय मंत्री जी को भी भेजा था और वे पीड़ित लोगों को आश्वासन देकर आये थे कि संबंधित लोगों को मुआवजा देंगे और दे भी दिया था लेकिन उसमें से केवल 7 करोड़ रुपये तो बांट दिये और 8.44 करोड़ रूपये की राशि अभी तक नहीं बंटी है। उनको कहा गया कि आप लोगों का तो फसल बीमा हो चुका है। जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा करवा रखा था उनको मुआवजा नहीं मिला, इस तरह से उनको दोहरी मार पड़ रही है। जिन्हों ने फसल बीमा नहीं करवा रखा था उनको तो मुआवजा मिल गया। इस तरह केवल एक गांव को तो मुआवजा मिला और 12 | 15.12.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की वर्ष 2021 की नुकसान वाली बात सही है। उस समय 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' में जिन किसानों ने क्लेम किया था उनका लॉस जीरो दिखाया गया था। उसमें एक कमेटी उपायुक्त महोदय, हिसार की अध्यक्षता में बनाई गई थी। उस कमेटी में तीन एस.डी.एम्ज. थे और उनकी एक रिपोर्ट आई थी। प्राथमिक तौर पर जिन किसानों ने फसल बीमा नहीं करवाया था उनको 5 एकड़ तक की जमीनों का तो मुआवजा दे दिया गया था। अध्योक्ष महोदय, 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के अंतर्गत जिन–जिन किसानों की फसलों के क्लेम थे उन लोगों के क्लेमेट के उपर उपायुक्त महोदय, हिसार ने हमारे पास फाईल बनाकर भेजी थी और अब वह फाइल फाइनैंस डिपार्टमैंट के पास विचाराधीन है। जैसे ही वहां से एप्रूव होकर आयेगी हम उस पर आगे की कार्यवाही करेंगे। इस संबंध में बिल्कुल डिले हुआ है, मैं यह बात मानता हूँ। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के अन्तार्गत जिन किसानों की फसल का क्लेम है, उनके लिये क्या् निर्णय लेना है, हम वह निर्णय ले लेंगे। धन्ययवाद। | | 225 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 123. | तारांकित प्रश्न संख्या 46 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, यह मांग हमारे पूरे जिले की है क्योंकि इससे सारा जिला लिंक होता है। अगर यह जल्दी ही बनकर तैयार हो जायेगा तो हमारे पूरे जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। | 10.08.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, तीनों एक्सप्रेस वे का जंक्शन जहां पर बन रहा है उससे हमारे स्टेट हाईवे को कनैक्ट करेंगे तो हमारे वहां पर उद्योग और अन्य धंधे महत्पूर्णता के साथ जुड़ेंगे। हम इसको प्रॉयरटी के आधार पर करने का काम करेंगे। | | |
| 124. | डॉ0 अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 2–<br>क्या उप–मुख्य मन्त्री कृपया बताएँगे कि:–<br>(क) क्या नारनौल के पास लॉजिस्टिक हब के साथ एक औद्योगिक पार्क स्थापित करना उपयुक्त नहीं है ताकि इस योजना का, डब्ल्यू.डी. एफ.सी के माध्यम से तीव्र रेलवे कनेक्टिविटी तथा तीन राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी का लाभ उठा सके,<br>(ख) क्या उपरोक्त क्षेत्र में एक औद्योगिक पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा<br>(ग) क्या उक्त उद्देश्य के लिए उपरोक्त क्षेत्र में जमीन खरीदने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | 21.02.2023<br>(क) श्रीमान, नारनौल के पास लॉजिस्टिक हब के साथ एक औद्योगिक पार्क स्थापित करने की सलाह दी जाती है।<br>(ख) हां, श्रीमान।<br>(ग) हरियाणा राज्य औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकास निगम (HSIIDC) इंटीग्रेटिड मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक हब (IMLH) परियोजना के विस्तार के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने का कार्य प्रक्रिया में हैं। उक्त प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है। यदि निगम (IMLH) परियोजना के विस्तार के लिए भूमि की खरीद में सफल होता है, तो आवश्यकतानुसार आंशिक भूमि का उपयोग औद्योगिक उपयोग के लिए किया जाएगा। | | |
| 125. | तारांकित प्रश्न संख्या 2 के संदर्भ में डॉ0 अभय सिंह यादव, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न –<br>मैं यह पूछना चाहता हूं कि वहां जिन इलाकों में औद्योगिक विकास नहीं है उनके बारे में सरकार की विशेष योजना क्या है? दूसरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं कि जमीन खरीदने की बात जब माननीय उप–मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं तो जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू करें तो जमीन भी मिल जायेगी। लेकिन मेरा निवेदन यह है कि जमीन किसी जमींदार के लिए बहुत कीमती होती है क्योंकि जमींदार की जब जमीन जाती है तो वह चीज जाती है जिससे उसकी पीढ़ियां कमा कर खाती हैं। इसलिए जब जमींदार को उसकी जमीन से वंचित किया जाता है तो उसकी कीमत पर लोभ नहीं किया | 21.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो सारी डिवैल्पमैंट दिल्ली के आस पास होने की बात कही है उसको मैं डैफर करता हूं। हमारी सरकार के विजन के अन्दर जो डिवैल्पमैंट हुई है उसको हमने हरियाणा के प्रत्येक कोने में ले जाने का प्रयास किया है। हमारा खरखौदा जैसे कस्बे के अन्दर 900 एकड़ में मारूती सुजुकी स्थापित करके उस पूरे एरिया को विकसित करने का प्रयास है। एन.एस.आई. डी.सी. के साथ जो ये लोजैस्टिक हब की प्रक्रिया शुरू हुई है। नांगल चौधरी जैसे रेतीले इलाके के अन्दर एक नया डिवैल्पमैंट कैसे हो उसका कदम था। हिसार एवियेशन हब होने के नाते से उस एरिया को एवियेशन से रिलेटिड नई इंडस्ट्री कैसे स्थापित करके दे उसके लिए कदम उठाए हैं। माननीय सदस्य ने कहा है कि उसको और डिवैल्प कैसे किया जाए? उसके लिए हमारी सरकार | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जाना चाहिए। खरीदी हुई जमीन कभी भी महंगी नहीं होती है। आज महंगी लग सकती है लेकिन आगे चल कर जब जमीनों के रेट बढ़ जाते हैं तो वह सस्ती भी लगेगी। मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि वहां पर जमीन खरीदें और इसका एक्सपैन्शन करें क्योंकि वहां पर औद्योगिक विकास के बहुत चांसिज हैं। इससे 20 किलोमीटर दूर बहरोड़ और नीमराना में बहुत अधिक औद्योगिक विकास हुआ है जबकि वहां पर तो कुछ भी नहीं था। हमारे यहां तो नैशनल हाईवे और रेलवे का बहुत अच्छा नैटवर्क है इसलिए मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि इस मामले पर गम्भीरता से विचार किया जाये ताकि उस इलाके में औद्योगिक विकास हो सके। | दो तरह के प्रयास कर रही है। माननीय सदस्य तो आई.ए.एस. ऑफिसर रहे हैं उस समय इक्वीजिशन चला करती थी। हमारी सरकार ने इक्वीजिशन प्रक्रिया की ओर नहीं देखा । हमारी सरकार ने जितने भी प्रोजैक्ट बनाए हैं और उनके लिए जो लैंड खरीदी है वह ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीदी है। मैं इनको विश्वास दिलाता हूं कि नेशनल हाई–वे 152 डी भी और जो हमारा पुराना हाई–वे नारनौल से नांगल चौधरी तक बना हुआ है इन दोनों हाई–वेज पर हम 500–500 एकड़ की चार साईट्स ई–भूमि पोर्टल पर पुटअप कर देंगे। जहां पर भी माननीय सदस्य हमें 500 एकड़ जमीन कंसोलिडेट करके दे देंगे तो हम पहला इंडस्ट्रीयल टाउनशिप वहां पर बनाएंगे। उसके साथ–साथ जैसा इन्होंने कहा है कि किसान की पीढ़ी दर पीढ़ी जमीन से जुड़ी हुई रहती है। इस संबंध में मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि सरकार की लैंड पुलिंग पॉलिसी आ चुकी है। अगर किसान 500 एकड़ के अन्दर लैंड पुलिंग | | |
| | | करके देना चाहे तो कोस्ट प्रोपोर्शन के हिसाब से उनको भी हम उस इंडस्ट्रीयल टाउनशिप के अन्दर हिस्सेदारी देने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि इससे विन–विन सिचवेशन इंडस्ट्रियल एरिया को डिवैल्प करने के लिए और किसान की जमीन में उनकी हिस्सेदारी जीवन भर बनी रहे ऐसा उदाहरण हरियाणा प्रदेश के इतिहास में कोई भी नहीं है लेकिन आज मौका है उसके लिए मैं माननीय सदस्य से आग्रह करूंगा कि माननीय सदस्य अपने क्षेत्र के अन्दर इंडस्ट्रीयल टाउनशिप चाहते हैं तो वे इस काम में लगकर सरकार का ज्यादा सहयोग करने का काम करें। | | |
| 126. | i) श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्यार 5:– क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसका पूरा ब्यौरा क्या है ? | 15.12.23<br>उप मुख्यमंत्री (श्री दुष्यंत चौटाला) : सदन की मेज पर रखा गया एक वक्तव्य।<br>**वक्तव्य**<br>जिला जींद में राष्ट्रीय राजमार्ग–152 डी तथा दिल्ली–कटरा एक्सप्रैसवे के क्रॉस जंक्शन के पास एक औद्योगिक मॉडल टाऊनशिप स्थापित करने का एक प्रस्ताव विचाराधीन है। राज्य सरकार की मंजूरी लेने के बाद, दो संभावित साईटों को चिन्हित किया गया है तथा सभी तंत्रों अर्थात् ई–भूमि, लैंड पुलिंग पॉलिसी–2022 तथा लैंड पार्टनरशिप | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | पॉलिसी–2022 के माध्यम से खरीद के लिए प्रक्रिया की गई। ई–भूमि पोर्टल पर भू–स्वामियों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर साईट/क्षेत्र का HSIIDC द्वारा निर्दिष्ट साईट का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। गांवों की दोनों साईटों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :<br>* साईट–I (2000 एकड का संभावित क्षेत्र)–खरक गडियान (लगभग 440 एकड), ढाढरथ (लगभग 1080 एकड), जामनी (लगभग 315 एकड), खेडी तलोडा (लगभग 150 एकड) तथा अमरावली खेडा (लगभग 15 एकड)<br>* साईट–II (1800 एकड का संभावित क्षेत्र)– जामनी (लगभग 890 एकड), भूरान (लगभग 610 एकड), अमरावली खेडा (लगभग 300 एकड)।<br>जामनी, अमरावली खेडा, खरक गडियान, ढाढरथ तथा भूरान गांवों की राजस्व संपदा का अधिकार क्षेत्र सफीदों विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आती है तथा खेडी तलोडा गांव की राजस्व संपदा का अधिकार क्षेत्र जींद विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आती है। | | |
| ii) | तारांकित प्रश्न संख्या 5 के सन्दर्भ में श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मेरे सफीदों विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली–कटरा और एन.एच.152–डी की क्रॉसिंग के पास आई.एम.टी. बनाने का हरियाणा सरकार ने एक प्रपोजल दिया है लेकिन उप मुख्यनमंत्री जी ने मुझे जो जवाब दिया है, उस संदर्भ में मैं बताना चाहूंगा कि ई–भूमि लैंड पुलिंग पोलिसी, 2022 और लैंड पार्टनरशिप पोलिसी, 2022 के तहत पोर्टल पर किसानों से कहा गया है कि वे अपनी जमीन के रेट और अपने ऑफर भरें लेकिन जितना मैंने पूछा है और इन पॉलिसीज को पढ़ा है तो पता चला है कि डी.सी. रेट को बेस रेट बनाकर, सरकार जमीन की वैल्यू, निर्धारित करती है। दो हाइवे निकलने के कारण वहां पर जमीनों के रेट काफी उंचे हो गए हैं और चूंकि डी.सी. रेट और मार्किट रेट के बीच बहुत बड़ा अंतर है तो मैं माननीय मुख्यमंत्री जी और उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि यहां पर किसानों की जमीन के रेट, बाजार के रेट के हिसाब से दिए जायें न कि डी.सी. रेट को बेस बनाकर रेट दिए जायें। | 15.12.23<br>XX हमारी सरकार ने चार साल में निरंतर कलेक्टर रेट रिवाइज करने का काम किया है और अब उसका आटोमैटिक मैकेनिज्म भी हम जल्द लाने वाले हैं। इसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रैगुलरली लैण्डं की सेल और परचेज होती रहेगी। जिस रेश्यो् पर लैण्ड परचेज और रजिस्ट्रियां होंगी उसी रेश्यो पर कलैक्टर रेट भी निरंतर रिवाइज किया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 127. | तारांकित प्रश्न संख्या 29 के सन्दर्भ में श्री जयवीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :<br>अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का सरकार की तरफ से जवाब दिया गया है। मैं तो यह जानना चाहता हूं कि यह ठीक है कि वर्ष 2013 में 3200 एकड़ जमीन एक्वायर की गयी थी। उन्होंने बताया कि छोटे–छोटे टुकड़ों में 18 एकड़ जमीन और एक्वायर की गयी है। मैं जानना चाहता हूं कि इसके मार्केट रेट क्या हैं और किसानों को क्या मुआवजा दिया गया है?<br>******<br>अध्यक्ष महोदय, मैं सप्लीमैंट्री में मार्केट रेट के बारे में पूछ रहा हूं कि मार्केट रेट क्या हैं और किसानों को क्याा दिया गया है? यह तो सीधी सी बात है। इसके बारे में बताने से सरकार क्यों बच रही है? | 18.12.23<br>अध्य2क्ष महोदय, मैं आपके माध्य म से माननीय सदस्य. को बताना चाहूंगा कि हम सवाल के जवाब से बच नहीं रहे हैं। मैंने खड़े होकर भी यही बात कही है कि माननीय सदस्य  ने जो सप्लीमैंट्री पूछा है कि वह संबंधित प्रश्न  से इमिडिएटली रिलेट नहीं करती। माननीय सदस्यए वर्ष 2013, वर्ष 2016 और आज के कलैक्टर रेट पूछ रहे हैं। अगर माननीय सदस्य आज का कलैक्टटर रेट पूछना चाहते हैं कि मारूती ने कितने रेट पर जमीन ली है तो मैं बता सकता हूं कि इसको 7314.32 रूपये पर स्क वेयर मीटर के हिसाब से लैंड दी गयी है। मैं यह जवाब तो दे सकता है कि आज के समय में किस रेट पर जमीन दी गयी है। उस समय के पुराने कलैक्टमर रेट आज के समय से बहुत पुराने हैं इसलिए मैं वह कलैक्टर रेट का डाटा शेयर करवा दूंगा। | | |
| 128. | श्री धर्म सिंह छोक्कर द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 55:–<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसरंचना विकास निगम द्वारा सेक्टर विकसित करने का कार्य सरकार द्वारा कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 18.12.2023<br>1. तिथि तक एच.एस.आई.आई.डी.सी. ने समालखा में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए कोई भूमि अर्जित नहीं की है।<br>2. एच.एस.आई.आई.डी.सी. ने बहुत पहले समालखा में लगभग 25 एकड़ के क्षेत्र पर औद्योगिक सम्पदा विकसित की थी। औद्योगिक सम्पदा समालखा में अवसंरचना सुविधाएं मुहैया कराई गई थी। क्षेत्र में अवसंरचना सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए कार्य दिसंबर, 2023 में दिया गया है। कार्य सितंबर, 2024 तक पूरा करवाया जाएगा। | | |
| 129. | श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 63:–<br>क्या मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:–<br>(क) हरियाणा बजट, 2023 में प्रस्तावित रु. 2000 करोड़ उद्यम पूंजी निवेश (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थिति क्या है;<br>(ख) उपयोग किए गए 2000 करोड़ के बजट आवंटन का ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) उन उद्यमियों की सूची का ब्यौरा क्या है जिन्हें उद्यम पूंजी निवेश (वेंचर कैपिटल फंड) के अंतर्गत राशि से लाभान्वित किया गया है? | 18.12.23<br>हां, श्रीमान् जी।<br>(क) राज्य के माननीय मुख्यमंत्री ने हरियाणा बजट भाषण 2023 के दौरान ऋण और इक्विटी के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर एक उद्यम पूंजी निवेश (वीसीएफ) स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। यह निवेश स्टार्ट अप उद्यमियों, जो महिलाएं हैं या जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है या जो अनुसूचित जाति या | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | पिछड़े वर्ग से संबंधित हैं, को वितरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उद्यम पूंजी निवेश में 200 करोड़ रुपये का कोष होगा।<br>उद्यम पूंजी निवेश (वेंचर कैपिटल फंड) की नवीनतम स्थिति नीचे दी गई है:—<br>* हितधारकों के साथ संभावित सहयोग की जांच के लिए विभिन्न वित्तीय संस्थानों के साथ परामर्श किया गया है।<br>* एसवीसीएल (सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड) और आईएफसीआई (इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) जैसे प्रमुख हितधारकों द्वारा विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं, जिनकी अभी गहन अध्ययन या जांच चल रही है।<br>* इसके अतिरिक्त, महिलाओं और अनुसूचित जाति उद्यमियों के साथ व्यापक विचार—विमर्श किया गया ताकि उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझा जा सके, जिसका उद्देश्य एक ऐसी नीति तैयार करना है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करती हो।<br>(ख) प्रस्तावित उद्यम पूंजी निवेश (वेंचर कैपिटल फंड) 200 करोड़ रुपये का है और अभी तक आवंटित नहीं किया गया है; और<br>(ग) चूंकि निधि अभी तक आवंटित नहीं की गई है, इस उद्यम पूंजी निवेश (वेंचर कैपिटल फंड) के तहत राशि से लाभान्वित होने वाले उद्यमियों की विस्तृत सूची को शून्य माना जा सकता है। | | |
| 130. | राज्यपाल अभिभाषण | 20.02.2024<br>उत्तर रेलवे द्वारा 61 किलोमीटर लम्बी करनाल—यमुनानगर रेलवे लाइन और 30 किलोमीटर लम्बी फर्रुखनगर—झज्जर रेलवे लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कैथल में एलिवेटेड रेलवे स्टेशन और ट्रैक के व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य प्रगति पर है। कुरुक्षेत्र शहर में 265.18 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड रेलवे लाइन की परियोजना का कार्य प्रगति पर है। के.एम.पी. एक्सप्रेस—वे के साथ—साथ पलवल के पृथला से सोनीपत तक 5,566 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना पर कार्य शुरू हो चुका है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 131. | राज्यपाल अभिभाषण | 20.02.2024<br>सफल कृषि–व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण नीति–2018 और एम.एस.एम.ई.–2019 नीति को नया स्वरूप दिया जा रहा है और इन नीतियों के नए संस्करण तैयार किए गए हैं और वित्त वर्ष 2024–25 में अधिसूचित किए जाएंगे, जिनका लक्ष्य राज्य में 5000 करोड़ रुपये का निवेश और 30,000 लोगों को रोजगार देना है। | | |
| 132. | राज्यपाल अभिभाषण | 20.02.2024<br>अम्बाला और जींद में नए औद्योगिक पार्क स्थापित करने तथा बावल, सोहना और खरखौदा के औद्योगिक मॉडल टाउनशिप के विस्तार के लिए लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत 10,800 एकड़ भूमि के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, राज्य के 23 स्थानों पर 30,000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से पी.ए.डी.एम.ए. स्कीम के तहत विस्तार और नए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए किया जा रहा है। | | |
| 133. | राज्यपाल अभिभाषण | 23.02.2024<br>XX भारत सरकार की मेगा फूड पार्क स्कीम के तहत औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आई. एम.टी.), रोहतक में एक मेगा फूड पार्क स्थापित किया जा रहा है। | | |
| 134. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 13.11.2024<br>मेरी सरकार आगामी पांच वर्षों में आई.एम.टी. खरखौदा की तर्ज पर पूरे प्रदेश में दस अत्याधुनिक औद्योगिक शहर बसाएगी। ऐसे प्रत्येक शहर में आसपास के गांवों के पचास हजार युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। | | |
| 135. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 13.11.2024<br>इसी कड़ी में रोहतक में ई.वी. पार्क, पंचकूला और फरीदाबाद में आई.टी. पार्क व डाटा सेंटर, सोनीपत में विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स हब, पलवल में इंडस्ट्रीयल मॉडल पार्क, झज्जर में फुटवियर पार्क, हिसार में औद्योगिक क्लस्टर, कुरुक्षेत्र में आधुनिक सूरजमुखी तेल की मिल तथा रेवाड़ी में देश की सबसे बड़ी सरसों तेल की सहकारी मिल स्थापित की जाएगी। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## TRANSPORT DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 136. | तारांकित प्रश्न संख्या 693 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मतलौडा गांव के आसपास 40 गांव लगते हैं। वहां पर भीड़ बहुत ज्यादा है और बस क्यू शैल्टर पर महिलाओं के लिए शौचालय भी नहीं है। वहां पर नया बस स्टैंड कब तक बनवा दिया जाएगा ? | 5.11.2020<br>अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य मतलौडा गांव में पंचायती जमीन उपलब्ध करवा देंगे तो वहां पर तुरंत बस स्टैंड बनवा दिया जाएगा। | बस अड्डा मतलौडा के संबंध में अवगत करवाया जाता है कि माननीय मुख्यमन्त्री महोद्य द्वारा गांव मतलौडा में 3 बेज के बस अड्डे का निर्माण करने की घोषणा संख्या 26256 दिनांक 01.05.2022 की गई थी। सरकार के निर्देश के मध्यनजर 3 बेज के बस अड्डे के निर्माण हेतू कम से कम 2 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। महाप्रबन्धक कार्यालय, पानीपत द्वारा गांव मतलौडा में बस अड्डे के निर्माण के लिए उपायुक्त पानीपत से दिनांक 07.09.2022 को भूमि उपलब्ध करवाने बारे अनुरोध किया गया था। इस कार्यालय के पत्र दिनांक 11.11.2022, 07.12.2022, 08.02.2023 एवं 07.04.2023 को उपायुक्त, पानीपत से मतलौडा में 3 बेज के बस अड्डे के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(29-05-2024) |
| | | | करवाने बारे बार–बार अनुरोध किया गया था। इसके उपरांत महाप्रबंधक, पानीपत ने अपने पत्र क्रमांक 428/भवन लिपिक दिनांक 10.05.2023 के द्वारा अवगत करवाया है कि खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मतलौडा द्वारा बस स्टैण्ड बनाने के लिए दो जगह जमीन दिखाई गई। जिसमें से एक जगह पानीपत से असंध रोड़ पर मडलौडा में फाटक पार करके गांव नारा की साईड में है तथा दूसरी जगह फाटक से पहले नजदीक जागडा धर्मशाला के पास 22 कनाल 7 मरले जमीन दिखाई गई। इस भूमि के लिए महाप्रबंधक से व्यवहारिक रिपोर्ट तथा यातायात तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट भेजने के लिए दिनांक 14.06.2023 को पत्र लिख गया। तदोपरांत महाप्रबंधक, पानीपत ने अपने पत्र क्रमांक 2774–75/भवन लिपिक दिनांक 26.07.2023 द्वारा अवगत करवाया कि सूझाई गई भूमि को लोकनिर्माण विभाग द्वारा पत्र क्रमांक 2524 दिनांक 11.07.2024 के माध्यम | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | से बस अड्डा निर्माण के लिए तकनीकी रूप से अव्यवहारिक कर दिया है। तत्पश्चात् इस कार्यालय द्वारा दिनांक 12.01.2024, 22.02.2024, 27.03.2024, 12.04.2024 व 02.05.2024 को उपायुक्त, पानीपत को मतलौडा में 3 बेज के बस अड्डे के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाने बारे पत्र लिखा गया है। इसके अलावा माननीय प्रधान सचिव परिवहन विभाग हरियाणा की तरफ से उपायुक्त, पानीपत को अर्ध सरकारी पत्र भी लिखा जा रहा है।<br><br>इसके अतिरिक्त मतलौडा में मौजूदा बस क्यू शैल्टर पर अस्थाई शौचालय के निर्माण बारे महाप्रबंधक, पानीपत से टिप्पणी लेने बारे प्रस्ताव अधिकारीगण महोदय को प्रस्तुत किया गया है। | |
| 137. | चौ0 आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 13 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) गत 8 वर्ष के दौरान जिला नूंह के गांव छपेरा में चालक प्रशिक्षण स्कूल खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;<br>(ख) उपरोक्त परियोजना के लिए सरकार द्वारा कितना बजट आबंटित किया गया है;<br>(ग) क्या उपरोक्त परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा निश्चित की गई हे; यदि हां, तो उक्त परियोजना के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है; तथा<br>(घ) उपरोक्त परियोजना के मास्टर प्लान का ब्यौरा क्या है ? | 26.12.2022<br>(क)<br>XXXX<br>(iv) माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ने दिनांक 03.03.2019 को गांव छपेरा–नूंह में चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आई. डी.टी.आर.) स्थापित करने के लिए आधारशिला रखी।<br>(v) वास्तुकार सलाहकार की नियुक्ति के लिए निविदा प्रक्रिया लंबे समय तक जारी रही लेकिन इसे अंतिम रूप नही दिया जा सका, इसलिए चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आई. डी.टी.आर.) के निर्माण के लिए जरूरी विस्तृत परिस्थिति योजना, विनिर्देशो और व्यय को तैयार करे और भेजने के लिए सी.आई.आर.टी. पुणे से अनुरोध किया गया, जो कि अभी प्रतीक्षित है।<br>(ख) (i) परियोजना की कुल लागत 13.96 करोड़ रूपये की राशि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा समान अनुपात में वहन की जानी थी। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से 698 लाख यानी प्रत्येक से 349 लाख रूपये प्राप्त हुए। | (iv) माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ने दिनांक 03.03.2019 को गांव छपेरा–नूंह में चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आई. डी.टी.आर.) स्थापित करने के लिए आधारशिला रखी।<br>(ii) जैसा कि वास्तुकार सलाहकार मामले की नियुक्ति अभी भी प्रक्रियाधीन है, उल्लिखित धनराशि राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा अस्थाई आधार पर ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा के माध्यम से वापिस ले ली गई है।<br>(ग) छपेरा जिला नूंह में ड्राईविंग ट्रेनिंग स्कूल को संचालित करने के लिए दिनांक 23.10.2016 को मुख्यमंत्री की धोषणा संख्या 15241 की गई थी लेक्नि धोषणा में कोई निश्चित समय सीमा नही दी गई थी। चूंकि चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आई.डी.टी.आर.) की परिस्थिति योजना, विनिर्देश और व्यय की जानकारी सी0आई0आर0टी0 पुणे | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(29-05-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | (ii) जैसा कि वास्तुकार सलाहकार मामले की नियुक्ति अभी भी प्रक्रियाधीन है, उल्लिखित धनराशि राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा अस्थायाी आधार पर ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा के माध्यम से वापिस ले ली गई है।<br>(ग) छपेरा जिला नूंह में ड्राईविंग ट्रेनिंग स्कूल को संचालित करने के लिए दिनांक 23.10.2016 को मुख्यमंत्री की धोषणा संख्या 15241 की गई थी लेकिन घोषणा में कोई निश्चित समय सीमा नही दी गई थी। चूंकि चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आई.डी.टी.आर.) की परिस्थिति योजना, विनिर्देश और व्यय की जानकारी सी0आई0आर0टी0 पुणे के स्तर पर लंबित है, इसलिए इस समय उपरोक्त परियोजना को पूरा करने ककी समय सीमा सुनिश्चित नही की जा सकती है। हालांकि इसे पूरा होने में एक और साल लगने की संभावना है। | के स्तर पर लंबित थी, इसलिए इस समय उपरोक्त परियोजना को पूरा करने की समय सीमा सुनिश्चित नही की जा सकती है। विभाग द्वारा विचार विमर्श के बाद वास्तुकार सलाहकार की नियुक्ति लोक निर्माण विभाग (भवन व सडके) के माध्यम से आई.डी.टी.आर. समिति के द्वारा नियुक्त करने बारे निर्णय लिया। नूंह जिले में आई.डी.टी.आर. की स्थापित करने हेतू वास्तुकार सलाहकार की नियुक्ति के लिए तकनीकी बोली दिनांक 08.08.2023 को आई.डी.टी.आर. समिति द्वारा खोली गई है, मूल्यांकन के बाद वितीय बोली के लिए केवल एक बोलीदाता शेष बचा था। आई.डी.टी.आर. नूंह को दिनांक 06.02.2024 को आदेश किए गये कि वह वास्तुकार | |
| | | (घ) सी.आई.आर.टी. पुणे से आवश्यक विवरण/सूचना प्राप्त होने पर परियोजना के विवरण मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा। | सलाहकार की नियुक्ति के लिए शीध्र निर्णय लेने बारे लिखा गया। 50 लाख रूप्ये की राशि आई.डी.टी.आर. नूंह की चारदीवारी के निर्माण के लिए जारी कर दी गई है। दिनांक 15.05.2024 को प्रधान सचिव, परिवहन विभाग की अध्यक्षता में Annual General Meeting हुई जिसमे वास्तुकार सलाहकार की नियुक्ति जल्द से जल्द करने बारे दिशा निर्देश जारी हुए। | |
| | | 26.12.2022 | | |
| | | XXXX | | |
| 138. | श्री मेवा सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 22 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगें कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पिपली बस अड्डे का पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ करने की घोषणा पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाई की गई तथा अभी तक पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किए जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है? | सलाहाकार द्वारा अब यह भी सुझाव दिया गया कि कोविड–19 महामारी की अवधि समाप्त हो चुकी है और कार्य अब सुचारू रूप से चल रहे हैं। इसलिए, माननीय मुख्यमंत्री के पूर्व अनुमोदन के अनुसार विभाग को बस अड्डा निर्माण के लिए अब पीपीपी मोड के लिए जाना चाहिए। तदानुसार, कार्यालय द्वारा सलाहाकार को वर्तमान मूल्य निर्धारण पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संशोधित करके | बस अड्डा पिपली (कुरूक्षेत्र) को सरकार द्वारा पी0पी0पी0 आधार पर बनाने का निर्णय किया गया है जिसके लिए सरकार द्वारा कंपनी डी0आई0 एम0टी0एस0, नई दिल्ली को सलाहाकार नियुक्त किया गया है। संबंधित कंपनी ने इस विभाग को Detailed Project Report प्रेषित की है। मामला CoSI में रखे जाने के | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(29-05-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | अवलोकन और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये गये है। अब, सलाहाकार से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का प्रारूप प्राप्त हो चुका है जिस पर विचार करने और अनुमोदन के लिए सचिवों की समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। सचिवों की समिति से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित भागीदार को कार्य आवंटित किया जाएगा। | लिये प्रेषित किया गया था। जिस पर CoSI द्वारा डी0आई0एम0टी0एस0, नई दिल्ली से मार्किट सर्वे करवाने को कहा गया था। कम्पनी द्वारा मार्किट सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसे विचारने उपरांत सरकार/विभाग द्वारा पुनः कम्पनी को संशोधित मार्किट सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने बारे कहा गया जोकि कार्यालय में प्राप्त हो चुकी है। इस रिपोर्ट को सचिवों की समिति द्वारा विचारने/अनुमोदन हेतू मामला सरकार के माध्यम से भेजा गया था। वित्त विभाग द्वारा व्यक्त किया गया है कि मामले में प्रशासनिक विभाग अपनी तरफ से स्व–निहित प्रस्ताव व मूलयांकन प्रस्तुत करे जिस पर सरकार के सहालाकार डी0आई0एम0टी0एस0, नई दिल्ली से तालमेल कर मामले में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। | |
| 139. | श्री सोमबीर, एम.एल.ए द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 45–<br>क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी शहर के बस स्टैंड का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किये जाने की सम्भावना है? | 19.12.23<br>श्रीमान् जी, बस स्टैंड चरखी दादरी पूर्ण रूप से संचालन में है। चरखी दादरी में नए बस स्टैंड का निर्माण उपयुक्त जगह के उपलब्ध होने के पश्चात करवाया जा सकता है। | | |
| 140. | अनुपूरक प्रश्न के संदर्भ में श्री सोमबीर, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 45–<br>अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं माननीय मुख्ययमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंकने हमें एक कॉलेज और मैडिकल कॉलेज की सौगात दी है। मेरी परिवहन मंत्री जी से भी प्रार्थना है कि अब दादरी का बस स्टैंड शहर के बीच में आ गया है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मेरी मंत्री जी से प्रार्थना है कि वे वहां बस स्टैंमड बनाने के लिए टाईम फिक्स कर दें, हम विभाग को वहां जमीन भी उपलब्धा करवाएंगे। आप हमें जल्दी ही नया बस स्टैंड देने की कृपा करें। | 19.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, विधायक जी को हमने कहा है कि अगर ये हमें जगह उपलब्ध करवा देंगे तो हम जल्दी ही वहां पर बस स्टैंवड बनाना चालू करवा देंगे क्यों कि हमने वहां जगह लेने के लिए काफी प्रयास किया है । वहां पर शहर से 8–9 किलोमीटर दूर जगह मिल रही है। अगर विधायक जी हमें वहां जगह उपलब्धर करवा देंगे तो हम जल्दी ही वहां पर बस स्टैंगड बनाना चालू करवा देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 20.02.24 | | |
| 141. | राज्यपाल अभिभाषण | मेरी सरकार ने हरियाणा राज्य परिवहन के बस बेड़े में बसों की संख्या 4500 से बढ़ाकर 5300 की है। मानेसर सहित गुरुग्राम और फरीदाबाद में सम्बन्धित महानगर विकास प्राधिकरणों द्वारा सिटी बस सेवा शुरू की जा चुकी है। सरकार ने 9 अन्य शहरों–पानीपत, पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, रोहतक, हिसार और रेवाड़ी में सिटी इलेक्ट्रिक ए.सी. बस सेवा चलाने का निर्णय लिया है, जिनमें से पानीपत व यमुनानगर में इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जा चुकी है। यह सेवा चरणबद्ध ढंग से जून, 2024 तक अन्य शहरों में भी शुरू की जाएगी। छात्राओं व महिलाओं के लिए 213 मार्गों पर 181 विशेष बस सेवा उपलब्ध करवाई गई है। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 142. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | माननीय अध्यक्ष महोदय! मैने पिछले वर्ष घोषणा की थी कि सरकार नौ शहरों में इलेक्ट्रिक बसों पर आधारित सिटी बस सेवा शुरू करेगी। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हरियाणा सिटी बस सेवा निगम लिमिटेड के माध्यम से हाल ही में पानीपत और यमुनानगर में ए.सी. इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू हो चुकी हैं और करनाल व पंचकुला में मार्च, 2024 के मध्य में शुरू हो जाएंगी। शेष पांच शहरों में जून, 2024 तक सिटी बस सेवाएं शुरू होने की संभावना है। इसके लिए कुल 450 ए.सी. इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 143. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | ई–रिक्शा, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में डीजल रिक्शा की तुलना में कम लागत वाला परिवहन विकल्प है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण पर बढ़ती चिंता और ई–रिक्शा मालिकों की मांग पर, मैं ई–रिक्शा के लिए वार्षिक शुल्क की बजाय एक ही बार शुल्क लगाने का प्रस्ताव करता हूं। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा अलग से अधिसूचना जारी की जायेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 28.02.24 | | |
| 144. | श्री वरूण चौधरी, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 136: क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मुलाना बस अड्डे के निर्माण तथा बराडा बस अड्डे का नवीनीकरण करने में देरी के कारण क्या हैं तथा उपरोक्त निर्माण कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | श्रीमान जी, मुलाना गांव पंचकूला–बरवाला–यमुनानगर हाईवे (एनएच–344) पर स्थित एक महत्वपूर्ण गांव है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्ष 2017 में मुलाना गांव में सड़क के दोनों ओर बस क्यू शैल्टर बनाने की घोषणा की गई थी। यह भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आती है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दिनांक 25.06.2021 को इस भूमि बारे अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 04.10.2022 को इस भूमि से सभी अवैध अतिक्रमणों को हटा दिया गया था। सरकार द्वारा निर्माण के लिए 2,07,33,000/– रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 04.09.2023 को प्रदान की गई थी और यह राशि लोक निर्माण विभाग के पास जमा करवा दी गई थी। निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है और निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने उपरांत लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य आरंभ करवा दिया जाएगा। | | |
| | | वर्ष 1990 में बराडा में 5 बेज बस अड्डे का निर्माण किया गया था। इसके नवीनीकरण/मुरम्मत के लिए सरकार द्वारा 1,31,35,000/– रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 01.12.2022 को जारी की गई थी। बस अड्डा बराडा की नवीनीकरण/मुरम्मत हेतु प्रदान की गई राशि लोक निर्माण विभाग को जमा करवा दी गई थी और लोक निर्माण विभाग द्वारा 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर दिया गया है। इस कार्य के जून, 2024 तक पूर्ण किये जाने की संभावना है। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## IRRIGATION AND WATER RESOURCES DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 145. (i) | कालिंग अटैंशन मोशन नं0 11 के संदर्भ में श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से आश्वासन चाहता हूं कि जैसा सिंचाई मंत्री जी ने जवाब में कहा है और माना है कि पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड हमारा विफल हो चुका है और पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की औद्योगिक कारखानों से मिली भगत होने के कारण कोई भी कार्यवाही सही तरीके से अमल में नहीं लाई गई जिसके कारण मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। ऐसे अधिकारी जो लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे थे क्या ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। | 20-6-2005<br>माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं भी इस बारे में बात करेंगे और मैं स्वयं भी जाकर बात करूंगा। इनकी जो समस्या है हम उसके बारे में जानते हैं। इनकी समस्या बहुत भारी है और इनको पोल्यूटिड वाटर मिल रहा है और इसके बारे में जो भी उचित कार्यवाही होगी हम करेंगे और इसके लिए दिल्ली गवर्नमैंट को भी एप्रोच करेंगे तथा इस बारे में जो भी करैक्ट स्टैप होंगे वह हम लेंगे। | यमुनानगर—Executive Engineer PHED क्रमांक 1 यमुनानगर ने अवगत कराया है कि 19.50 एमएलडी एसटीपी गांव परवालों में और 77 एमएलडी एसटीपी के मौजूदा परिसर में 25 एमएलडी एसटीपी रादौर रोड यमुनानगर में निर्माण के लिए दिनांक 21.07.2023 को 193.59 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई है।<br>19.50 एमएलडी एसटीपी के निर्माण के लिए निविदा, जो DNIT के तहत Engineer-in-Chief, PHED, Haryana द्वारा उनके कार्यालय मेमो संख्या HEWP/D-87915 दिनांक 03.07.2024 के अनुसार स्वीकृत थीं,, को Notice Inviting Tender संख्या 0704202414-04-27/Public Health Engg Dept./HRY दिनांक 05.07. 2024 के माध्यम से जारी किया गया और इसे 14.08.2024 को खोला गया। L1 को कार्य आबंटित करने के लिए मामला इस कार्यालय के माध्यम से O/o Engineer-in-Chief, Public Health Engg Dept., Haryana Panchkula को भेजा गया है।<br>77 एमएलडी एसटीपी के लिए निविदाएं, जो DNIT के तहत Engineer-in-Chief, PHED, Haryana द्वारा उनके कार्यालय मेमो संख्या HEWP/D-92072 दिनांक 24.07.2024 के अनुसार स्वीकृत थीं,, को Notice Inviting Tender संख्या 20240725-17-23-423968847/ Public Health Engg Dept./HRY दिनांक 28.07.2024 माध्यम से जारी किया गया। यह निविदा तकनीकी रूप से 27.09.2024 को खोली गई थी और तकनीकी मूल्यांकन प्रगति पर है।<br>77 MLD STP और 19-50 STP के निर्माण के लिए निविदाएं प्राप्त की गईं और इन्हें 06.11.2024 को आयोजित Higher Power Works Purchase Committee (HPWPC) की बैठक में लिया गया । उक्त बैठक की कार्यवाही अभी प्रतीक्षित है। इस संबंध में आगे की कार्रवाई 06.11.2024 को आयोजित | After perusing the written reply and oral examination of the Departmental representatives, the Committee observed that the polluted water is still being released in the Yamuna river and water reaching in Haryana is of very poor quality. The Committee, therefore, recommends that strict action under the departmental rules to be taken against the polluting units and also against the negligent officers.<br>(01-09-2021) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | बैठक के अंतिम निर्णय के बाद की जाएगी।<br>करनाल–यमुना नदी में जो गन्दा पानी आता है वहां नगर निगम, पानीपत, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा छोडा जाता है। कुछ डाई हाऊस व निजी फैक्ट्रीयों का प्रदुषित व रसायनिक पानी पानीपत ड्रेन व मैन ड्रेन न0 2 में छोडा जाता है जो बाद में यमुना नदी के अन्दर पहुंच जाता है। इस कार्यालय ने हरियाणा प्रदुषण नियन्त्रण विभाग को इन डाई हाऊस व फैक्ट्रीयों पर तुरन्त कार्यवाही करने के लिए लिखा है ताकि भविष्य में ये प्रदुषित व रसायनिक पानी ड्रेन में न छाडें और सभी संबन्धित विभागों नगर निगम, पानीपत, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और जन स्वास्थ्य विभाग को भी पत्र लिखे गए है कि वे प्रदुषित व रसायनिक पानी ड्रैन में न छोडें। | |
| (ii) | तारांकित प्रश्न संख्या 1718 के सन्दर्भ में श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि इस समस्या का मूल कारण यह है कि गुरुग्राम कैनाल से खेतों के लिए जो पानी मिलता है, उसकी क्वालिटी खराब है। उस पानी की क्वालिटी का माननीय मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा जी की अध्यक्षता वाली कमेटी में भी अध्ययन किया था। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि इन्डस्ट्रीयल वेस्ट और एसिड की वजह से धरती को भी नुक्सान हो रहा है, पशुओं को भी नुक्सान हो रहा है और लोगों को भी नुक्सान हो रहा है। गग इसके साथ ही साथ जो ड्रेन बनी हुई हैं, उनकी भी सफाई होनी चाहिए। इन ड्रेनों का लेवल ऐसा होना चाहिए जिससे उनमें पानी खड़ा न हो सके। XX | 07.03.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने यह सही कहा है कि उस इलाके में दिल्ली से जो पानी आता है, वह प्रदूषित होता है। हमारे माननीय मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा जी का विभाग इस समस्या को लगातार उठा रहा है। एन.जी.टी. के माध्यम से भी यह समस्या उठायी गयी है। दिल्ली में ही संबंधित पानी को शुद्ध करके सिंचाई के लिए डालने की योजना बने तब जाकर उस इलाके की समस्या का समाधान होगा। जहां तक ड्रेनों की सफाई की बात है तो उसकी सफाई समय–समय पर खुदाई करके करवाते रहते हैं और जहां–जहां पर जरूरत होगी, उनकी खुदाई करवाएंगे। हमारी कोशिश यही रहेगी कि 31 मार्च, 2022 से पहले कोई ऐसी योजना बनाएं जिससे पानी का स्तर ड्रेन आउट करके डेढ़ मीटर से नीचे ले जाएं। यह योजना बनाने के बाद माननीय सदस्य को उसकी जानकारी दे देंगे। हम सब सॉयल वॉटर के स्तर को नीचे ले जाने की योजना को दिनांक 31 मार्च, 2022 से पहले पास करवाएंगे। | (ii) हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गुड़गांव नहर में पानी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी करता है। हरियाणा सरकार ने आगरा नहर और गुड़गांव नहर में छोड़े जा रहे प्रदूषण के मुद्दे पर माननीय परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में 15 विधायक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (पर्यावरण), अतिरिक्त मुख्य सचिव (सिंचाई), अतिरिक्त मुख्य सचिव सचिव (कृषि), सदस्य सचिव (हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) इसके सदस्य के रूप में एक उच्च रैंकिंग समिति का गठन किया है।<br>निर्णय के अनुसार, गुड़गांव नहर के प्रदूषित पानी के उपचार के लिए वैकल्पिक तकनीकों की सिफारिश करने के लिए पीएचईडी, सिंचाई, यूएलबीडी और एचएसपीसीबी के अधिकारियों की समिति भी दिनांक 28.12.2020 के आदेश द्वारा गठित की गई थी। समिति ने सिफारिशों के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए माननीय परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में उच्च रैंकिंग समिति की | The Committee would like to know the latest position in this regard. (19-01-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी। मामले पर आवश्यक कार्रवाई हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जाएगी। <br> ड्रेनों की सफाई का काम हर साल नियमित आधार पर मानसून सीजन से पहले किया जाता रहा है। | |
| 146. | श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 101 और श्री जाकिर हुसैन द्वारा पूछा गया प्रश्न संख्या 685 क्या सिंचाई मंत्री कृपया बताएंगे कि– <br> (क) क्या प्रस्तावित मेवात नहर के माध्यम से मेवात क्षेत्रा को सिंचाई पानी देने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; तथा <br> (ख) यदि हां, तो प्रस्ताव के निष्पादन के लिए इस प्रस्तावित नहर के निर्माण की स्थिति क्या है?*** | 9–3–2010 <br> (क) हां, श्रीमान जी। <br> (ख) राज्य सरकार ने मेवात नहर के निर्माण की स्वीकृति मार्च, 2007 में प्रदान कर दी थी। प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग के पत्रा क्रमांक 377–81/152 दिनांक 20–3–2007 के द्वारा भेजा गया था। जल संसाधन के केन्द्रीय मंत्रालय द्वारा संरक्षित लोक क्षेत्रा उद्यमिता की एक संस्था वैपकोस लिमिटिड, जोकि वर्तमान में अपनी विस्तृत परियोजना विवरणी (डी.डी.आर.) के अन्तिम रूप देने में लगी हुई है। | (क) हां, <br> (ख) हरियाणा के जिला नूंह और गुरुग्राम में पड़ने वाले मेवात क्षेत्र में खारा पानी है जो पीने के लिए पूरी तरह से अनुपयुक्त है। इस क्षेत्र की पेयजल समस्या को हल करने के लिए पीएचईडी ने नई योजनाओं की योजना बनाई है, जिसके लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा कच्चा पानी उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, एचएसवीपी और एचएसआईआईडीसी भी इस क्षेत्र में सेक्टर विकसित कर रहे हैं। इन सेक्टरों को कच्चा पानी भी मुहैया कराया जाएगा। पीएचईडी, एचएसआईआईडीसी और एचएसवीपी की मांगों को पूरा करने के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए, मेवात फीडर नहर नामक नई वाहक प्रणाली को पाइपलाइन प्रणाली के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इस परियोजना के लिए प्रारंभिक अध्ययन आईआईटी दिल्ली द्वारा पूरा कर लिया गया है और विस्तृत परियोजना जमा सलाहकार/डब्ल्यूएपीसीओएस द्वारा तैयार किया जा रहा है। वर्ष 2050 तक विभिन्न विभागों से प्राप्त भविष्य की मांग के अनुसार, एमएफसी की क्षमता 389.58 Cs स्वीकृत की गई है। परियोजना की डीपीआर को 29.02.2024 को एसटीसी द्वारा सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। सरकार द्वारा 1161.05 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इसके अनुसार टेंडर लगा दिया है जिसके खोलने की तारीख 16.01. 2025 है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. <br> (14-12-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 147. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | 02.03.2022. प्रदेश में नाबार्ड सूक्ष्म सिंचाई कोष के तहत 32,000 हेक्टेयर भूमि को लाभान्वित करने के लिए नहर आधारित आउटलेट पर बुनियादी ढांचा बनाने के लिए परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मेवात और गुरुग्राम क्षेत्र को पीने का पानी प्रदान करने के लिए गुड़गांव जल आपूर्ति नहर से 50 किलोमीटर लम्बी पाईप–लाईन के माध्यम से 200 क्यूसेक की मेवात फीडर नहर का निर्माण करने का निर्णय लिया है। गुरुग्राम क्षेत्र और मेवात नहर फीडर की भविश्य में पानी की आवष्यकता को पूरा करने के लिए गुड़गांव जल सेवाएं चैनल की मौजूदा क्षमता 475 क्यूसेक तक बढ़ाने के लिए पुनर्वास का कार्य किया जाएगा। | इस संदर्भ में नाबार्ड द्वारा 2 प्रोजेक्ट्स मंजूर किए है। इन प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत 99 मोगों पर लगने वाले 15931 हे० क्षेत्र का कार्य करने के लिए 589.43 करोड रू. की प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है। इन सभी पर कार्य शुरू किया जा चुका है। इसके अंतर्गत बुनियादि ढांचे का लगभग 60% काम पूरा हो चुका है एवं लगभग 240.00 करोड रू की धन राशी खर्च की जा चुकी है। ये प्रोजेक्ट्स दिसम्बर 2025 तक पूरे कर लिए जाऐगें।<br>हरियाणा के जिला नूंह और गुरुग्राम में पड़ने वाले मेवात क्षेत्र में खारा पानी है जो पीने के लिए पूरी तरह से अनुपयुक्त है। इस क्षेत्र की पेयजल समस्या को हल करने के लिए पीएचईडी ने नई योजनाओं की योजना बनाई है, जिसके लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा कच्चा पानी उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, एचएसवीपी और एचएसआईआईडीसी भी इस क्षेत्र में सेक्टर विकसित कर रहे हैं। इन सेक्टरों को कच्चा पानी भी मुहैया कराया जाएगा। पीएचईडी, एचएसआईआईडीसी और एचएसवीपी की मांगों को पूरा करने के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए, मेवात फीडर नहर नामक नई वाहक प्रणाली को पाइपलाइन प्रणाली के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इस परियोजना के लिए प्रारंभिक अध्ययन आईआईटी दिल्ली द्वारा पूरा कर लिया गया है और विस्तृत परियोजना जमा सलाहकार/डब्ल्यूएपीसीओएस द्वारा तैयार किया जा रहा है। वर्ष 2050 तक विभिन्न विभागों से प्राप्त भविष्य की मांग के अनुसार, एमएफसी की क्षमता 389.58 Cs स्वीकृत की गई है। परियोजना की डीपीआर को 29.02.2024 को एसटीसी द्वारा सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। सरकार द्वारा 1161.05 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इसके अनुसार टेंडर लगा दिया है जिसके खोलने की तारीख 16.01.2025 है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (4-12-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 148. | डॉ० कृष्ण लाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 628 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जींद में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की 76 एकड भूमि में नहरी पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विश्वविद्यालय को सिंचाई के लिए नहरी पानी कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है? | 07.03.2022<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) एक विवरणी सदन के पटल पर रखी गई है।<br>**विवरणी**<br>यह सूचित किया जाता है कि जींद में स्थित चौधरी रणबीर सिंह विश्वविधालय के लिए 2.10 क्यूसेक नहर के पानी की आपूर्ति करने की मांग की है और इसके लिए जींद डिस्ट्रीब्यूटरी नं0 4 से एक अलग पाइप लाइन बिछाई जानी है, जिसकी अनुमानित राशि 1.50 करोड़ रूपये है। गग नाबार्ड से फण्ड जारी होने और कुलसचिव विश्वविद्यालय द्वारा फण्ड जमा करने के बाद तदनुसार कार्य शुरू किया जाएगा। परियोजना को नाबार्ड से मंजूरी मिलने के बाद 18 महीने के अन्दर पूरा कर दिया जाएगा। | जींद में स्थित चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के लिए 2.10 क्यूसेक नहर के पानी की आपूर्ति करने की मांग की है और इसके लिए जींद डिस्ट्रीब्यूटरी नं0 4 से एक अलग पाइप लाइन बिछाई जानी है। इस पाइप लाइन को बिछाने की अनुमानित लागत 231.38 लाख रूपये आयेगी जिसका एस्टीमेट कार्यकारी अभियंता, जींद जल सेवाएं मंडल जींद के पत्र कमांक 252–53/22 दिनांक 09.01.2024 द्वारा कुलपति, CRSU जींद को भेजी जा चुकी है लेकिन CRSU जींद ने अभी तक इस कार्य की अनुमानित राशि कार्यकारी अभियंता जल सेवाये मण्डल जींद को जमा नहीं करवाई है। इस काम के बारे में रिमाइंडर नंबर 1 vide no. 2651-52/22-W dated 06.05.2024 भेजा जा चूका है। यदि विश्वविधालय के द्वारा यह राशि जमा करवा दी जाती है तो यह कार्य 31.12.2025 तक पूरा कर दिया जायेगा। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(4-12-2024) |
| 149. | तारांकित प्रश्न संख्या 5 के सन्दर्भ में डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, यह बड़ा गंभीर प्रश्न है। इस संबंध में हमारे प्रदेश में दो तरह की समस्याएं हैं। पहली तो यह है कि सेम की समस्या से कई जिले प्रभावित हुए हैं। माननीय मंत्री जी के रिप्लाई के अनुसार टॉप 5 जलभराव वाले जिलों में झज्जर, रोहतक, सोनीपत, जींद व हिसार शामिल हैं। गग अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि हमें इस समस्या को बारीकी से देखने की जरूरत है। मैंने माननीय मंत्री जी से सवाल किया था कि जब वॉटर लोग्ड एरिया में वॉटर एलोकेशन डिसाइड करते हैं तो क्या संबंधित एरिया को वॉटर एलोकेशन डिसाइड करते समय डिडक्ट करते हैं या नहीं? माननीय मंत्री जी ने इसका रिप्लाई 'नहीं' में दिया है। अगर किसी एरिया में पहले से ही सेम की समस्या है और वहां पर उतना ही पानी देते रहे तो ये समस्याएं बढ़ेंगी। हर नहर का एक एलोकेशन निश्चित होता है। गग अध्यक्ष महोदय, मैं प्रश्न पूछ रहा हूं कि जहां पर पहले से ही | 08.08.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, XX हां। ऐसे एरियाज को आईडैंटिफाई तो किया जा सकता है जिनमें बारह महीनों तक पानी भरा ही रहता है। ऐसे एरियाज के पानी की जांच करके देखेंगे कि उन एरियाज के पानी को बचाकर कहां पर उपयोग में लाया जा सकता है? हम इस काम को कर लेंगे। | **रोहतक और झज्जर**<br>जिला रोहतक और झज्जर के एक ही क्षेत्र में जल–जमाव की समस्या मौजूद है और विभाग के अनुमोदित रोटेशनल कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसके अतिरिक्त, संबंधित क्षेत्रों में जल की आवश्यकता के अनुसार संबंधित प्रभारी अभियंता द्वारा भी विचार–विमर्श करते हुए मांग पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। उस क्षेत्र में जल जमाव का कारक। इसलिए जल जमाव वाले क्षेत्र में ऐसा कोई अतिरिक्त जला प्रदाय नहीं किया जा रहा है जिसका उपयोग जल की कमी वाले क्षेत्र में किया जा सके।<br>**सोनीपत**<br>जिला सोनीपत के बरोदा हलके के गांव बनवास में बरसाती पानी के कारण जो सेम की समस्या पैदा होती थी, उसके स्थाई समाधान के लिए गोहाना जल सेवाएं मंडल गोहाना द्वारा 32 शैलो ट्यूबवेल लगाए गए हैं, जो सुचारू रूप से कम कर रहे हैं जिसके प्रभाव से सेम की समस्या का | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(4-12-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सेम की समस्या है तो उन जिलों में उतना ही पानी देने का क्या कारण/जस्टिफिकेशन है? गग विभाग ऐसे इलाके की मैपिंग करवाकर विचार करेगा कि क्या उस पानी को कहीं दूसरी जगह दिया जा सकता है या नहीं ? | | समाधान हो गया है और इसके अलावा गांव आहुलाना में 7 शैलो ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं।<br>**जींद**<br>जुलाना विधान सभा क्षेत्र के कई गाँव ऐसे है जिनमे प्रति वर्ष बरसात के मौसम के दौरान जल भराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इस समस्या को दूर करने के लिए समय समय पर सिंचाई विभाग की मकैनिकल विंग द्वारा V.T. पम्प, इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट, डीजल पम्पिंग सैट तथा बाढ़ के पानी की निकासी के लिए HDPE or RCC पाईप लाईनो इत्यादि के द्वारा बाढ़ के पानी की निकासी ड्रेनो, माईनरो तथा ब्रांचो मे डालकर की जाती है जिसका उपयोग जरूरत के क्षेत्रो मे किया जा सकता है। Shamlo Pump House की बाढ़ का पानी उठानधनिकासी की क्षमता 240 Cs से बढ़ाकर 360 Cs कर दी गयी है और भंभेवा पंप हाउस | |
| | | | की बाढ़ पानी उठाने की क्षमता भी 40 Cs से बढ़ाकर 100 Cs कर दी गई है।<br>**हिसार**<br>पानी सरकार द्वारा अनुमोदित रोटेशनल कार्यक्रम के अनुसार चैनलों में चलता है। जहां तक जिला हिसार में पानी के जमाव का सवाल है, यह प्रस्तुत किया जाता है कि जिला हिसार में जल जमाव की समस्या को हल करने के लिए 77.00 करोड़ रुपये की लागत वाली 26 योजनाएं HSDR&FCB की 54वीं बैठक में अनुमोदित की गईं जिनमें से 23 कार्य पूरे हो चुके हैं और 3 कार्य प्रगति पर हैं और 30.06.2025 तक पूरे हो जाएंगे। इसके अलावा 54.00 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 योजनाएं HSDR&FCB की 55वीं बैठक में स्वीकृत की गई हैं जो 31.12.2025 तक पूरी हो जाएंगी। उपरोक्त योजनाओं के निष्पादन के बाद, यह संभावना है कि जिला हिसार के महत्वपूर्ण क्षेत्र जल जमाव से मुक्त हो जाएंगे। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 150. | श्री मेवा सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 23—क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें कि भूमिगत जल को रिचार्ज करने के लिए राक्षी तथा सरस्वती नदियों में पानी छोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां,तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है? | 26.12.2022<br>(क) हां श्रीमान जी ।<br>XXXX<br>सरस्वती नदीः—<br>सरस्वती नदी में पानी छोडे जाने के संबंध में, यह बताया जाता है कि सरकार ने सरस्वती नदी के पुनरोद्धार के एक मात्र उदेश्य के लिए दिनांक 23.12.2016 को ''हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड'' (HSHDB) का गठन किया है। सरस्वती नदी की आंतरिक सफाई और असमतल तल की खुदाई का कार्य वर्ष 2017 में मानसून ऋतु की शुरूआत से पहले कर लिया गया था। जिला यमुनानगर के गांव ऊंचा चांदना के निकट शाहाबाद फीडर में स्थित हैड रेगुलेटर जोकि बुर्जी संख्या 31892/बाएं पर है, वर्ष 2017 की मानसून अवधि से इसमें पानी की आपूर्ति हो रही है। जिससे भूमिगत जल स्तर को रिचार्ज करने में लाभ मिलता है। आगे यह भी बताया जाता है कि यह परियोजना जिसका शीर्षक ''सरस्वती नदी पुनर्जीवन और धरोहर विकास (HSHDB) हरियाणा सरकार द्वारा विचाराधीन है जिसके अंर्तगत सोम्ब नदी पर एक बांध और बैराज को बनाया जाऐगा, जिससे अतिरिक्त बाढ़ के पानी को सरस्वती जलाश्य जोकि जिला यमुनानगर के गांव रामपुर हरियां, रामपुर कोम्बियन और छलौर गांव की पंचायती भूमि पर प्रस्तावित है। सोम्ब नदी के अतिरिक्त बाढ़ के पानी को सरस्वती जलाश्य में संग्रहित करके, उसी पानी को सरस्वती नदी में गैर—मानसून अवधि के दौरान नियंत्रण के साथ छोडा जाएगा ।<br>हरियाणा सरकार सरस्वती नदी के पुनरोद्धार की परियोजना को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। परियोजना में सोम्ब नदी पर आदि बद्री बांध का निर्माण, सोम्ब सरस्वती बैराज का निर्माण, सरस्वती जलाश्य का निर्माण, परस्पर जोड़ने वाली पाईपलाईन और 68.36 एकड़ भूमि का अधिग्रहण जिला यमुनानगर में चौनल की कनैक्टिविटी को | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | सुनिश्चित करने के लिए शामिल है। जमीदार इस परियोजना के लिए अपनी जमीन देने के लिए आगे आ रहे है और 70 प्रतिशत से अधिक किसानों से सहमति प्राप्त हो चुकी है। सचिवों की समिति (सी.ओ.एस.) की बैठक में वन विभाग से अनापति प्रमाण पत्र और अतिरिक्त उपायुक्त यमुनानगर से गैर–भार प्रमाण पत्र (एन.ई.सी.) के साथ प्राप्त सहमति को प्रस्तुत किया जा चुका है और विभाग किसानों से आवश्यक भूमि खरीदने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।<br>(क) आदि बद्री बांध के निर्माण के सबंध में दिनांक 21.01.2022 को हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर हो गए है और समझौता ज्ञापन के अनुसार आदि बद्री बांध के निर्माण का कार्य हिमाचल प्रदेश पावर कॉपरेशन लिमिटेड (HPPCL) के द्वारा किया जाएगा।<br>(ख) सरस्वती नदी का पुनर्जीवन साकार होगा क्योंकि जून, 2025 तक पूरी परियोजना के पूरा होने के बाद सरस्वती नदी में साल भर 19 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। | | |
| 151. | श्री दीपक मंगला, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 27:–<br>(क) क्या उतावड़ रजबाहा पर यादुपुर तथा पापड़ी के बीच एक पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कार्य के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 26.12.2022<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) इस पुल का कार्य 30.06.2023 तक पूरा होने की संभावना है। | | |
| 152. | श्री सीताराम यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 35 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(ख) अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष गांवों में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 27.12.2022<br>(ख) 1. अटेली निर्वाचन क्षेत्र के 18 गांवों में शेष 21 तालाबों में काम नीचे दिए गए विवरण के अनुसार चरणबद्व तरीके से शुरू किए जाने की संभावना है:–<br>*** | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| S/N | Village | Name of Pond | UID | Present condition of Pond | Area (in acre) | Estimated Amount (in Rs Lakh) | Likely Date of Start |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BEWAL (30) | Dirty Water pond Bewal | 01HRNRLKNN0030BEWA005 | Polluted but not overflowing | 2.79 | 29.57 | 15.02.2023 |
| 2 | KALWARI (34) | Khana wala Johad | 01HRNRLSHM0034KALW003 | Polluted but not overflowing | 1.10 | 28.65 | 15.02.2023 |
| 3 | BAGHOT (6) | bab ala pond | 01HRNRLKNN0006BHAG001 | Polluted but not overflowing | 18.05 | 247.07 | 15.02.2023 |
| 4 | DHANAUNDA (12) | Aashram Wala | 01HRNRLKNN0012DHAN007 | Polluted but not overflowing | 1.54 | 22.05 | 15.02.2023 |
| 5 | SEHLANG (9) | Annasir Johad | 01HRNRLKNN0009SEHL004 | Polluted but not overflowing | 5.98 | 70.40 | 15.02.2023 |
| 6 | SEHLANG (9) | Nappa wala johad | 01HRNRLKNN0009SEHL003 | Polluted but not overflowing | 8.56 | 44.63 | 15.02.2023 |
| 7 | ATELI (RURAL)(21) | Ateli 4th | 01HRNRLATL0021ATEL002 | Dry Pond | 2.95 | 59.11 | 15.03.2023 |
| 8 | BEGPUR (22) | Khoshya Wali 2nd | 01HRNRLATL0022BEGP002 | Polluted but not overflowing | 3.25 | 40.20 | 15.03.2023 |
| 9 | KANTI (17) | Kanti 6th | 01HRNRLATL0017KANT007 | Polluted but not overflowing | 2.72 | 52.43 | 15.03.2023 |
| 10 | KANTI (17) | kanti 7th | 01HRNRLATL0017KANT004 | Polluted but not overflowing | 1.07 | 40.31 | 15.03.2023 |
| 11 | KANTI (17) | Kanti 2nd | 01HRNRLATL0017KANT001 | Polluted but not overflowing | 2.47 | 77.02 | 15.03.2023 |
| 12 | RATAKALAN (43) | Ratta Kalan Pond | 01HRNRLATL0043RATT001 | Polluted but not overflowing | 1.01 | 87.26 | 15.03.2023 |
| 13 | AGHIYAR (53) | Dirty pond Bani wala | 01HRNRLKNN0053AGIH002 | Polluted but not overflowing | 0.84 | 16.17 | 15.03.2023 |



| S/N | Village | Name of Pond | UID | Present condition of Pond | Area (in acre) | Estimated Amount (in Rs Lakh) | Likely Date of Start |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | BHOJAWAS (42) | Bhura Ram ki Johari | 01HRNRLKNN0042BHOJ005 | Polluted but not overflowing | 2.98 | 30.89 | 15.03.2023 |
| 15 | DHANAUNDA (12) | Khandri Wala | 01HRNRLKNN0012DHAN011 | Polluted but not overflowing | 2.31 | 32.50 | 15.03.2023 |
| 16 | KAPOORI (18) | Kapoori Latary Water | 01HRNRLKNN0018KAPO001 | Polluted but not overflowing | 1.72 | 11.25 | 15.03.2023 |
| 17 | KHERI (51) | Temple Wala | 01HRNRLKNN0050KHER004 | Polluted but not overflowing | 4.33 | 44.77 | 15.03.2023 |
| 18 | PATHERA (55) | Dirty water pond Pathera | 01HRNRLKNN0055PATH002 | Polluted but not overflowing | 1.02 | 13.92 | 15.03.2023 |
| 19 | ATALI (37) | Goga Peer | 01HRNRLSHM0037ATAL004 | Polluted but not overflowing | 1.21 | 37.23 | 15.03.2023 |
| 20 | BACHHOD (178) | Baba Baka wala johar | 01HRNRLATL0178BACH002 | Polluted and overflowing | 8.89 | 99.27 | 01.04.2023 |
| 21 | BEGPUR (22) | Begpur Talab | 01HRNRLATL0022BEGP003 | Polluted but not overflowing | 1.97 | 35.12 | 01.04.2023 |



ख) 2. एम.सी. कनीना के अंतर्गत आने वाले 6 शहरी तालाबों में 01—04—2023 तक काम शुरू किये जाने की संभावना है :—

| S/N | Municipal committee | Name of Pond | UID | Present condition of Pond | Area (in acre) | Estimated Amount (in Rs Lakh) | Likely Date of Start |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KANINA | BABA MOHLAD NATH | 02HRMHGKAL0013BASD004 | Polluted but not overflowing | 1.20 | 35.20 | 01.04.2023 |
| 2 | KANINA | Holi wala johar | 02HRMHGKAL0001BASD002 | Polluted but not overflowing | 2.20 | 55.26 | 01.04.2023 |
| 3 | KANINA | PIPLA WALI BANI POND | 02HRMHGKAL0000BASD005 | Dry Pond | 26.00 | 302.20 | 01.04.2023 |
| 4 | KANINA | BABA RADHEY DASS POND | 02HRMHGKAL0003BASD003 | Polluted but not overflowing | 1.00 | 29.20 | 01.04.2023 |
| 5 | KANINA | SAHLAWALI POND | 02HRMHGKAL0010BASD006 | Polluted but not overflowing | 3.00 | 68.20 | 01.04.2023 |
| 6 | KANINA | kalar wali johar | 02HRMHGKAL0012BASD001 | Polluted but not overflowing | 3.49 | 52.59 | 01.04.2023 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 28.12.2022 | | |
| 153. | तारांकित प्रश्न संख्या 45 के सन्दर्भ में डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से एक और निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे विधान सभा हल्के में लगभग 20 लाख पूर्वांचल के लोग रहते हैं, जो छठ पूजा को बड़े अच्छे ढंग से मनाते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि आर.डी. नंबर 1,92,000 पर छठ पूजा का घाट भी निर्मित किया जाए। अगर माननीय मुख्यमंत्री जी इसके लिए मंजूरी दे दें तो लोकल बॉडीज डिपार्टमैंट से परमीशन ले ली जाएगी लेकिन राशि तो नहर विभाग ही देगा। ऐसी मेरी आपसे प्रार्थना है। xx अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मेरा माननीय मंत्री जी से एक और निवेदन है कि करनाल के अन्दर से एक नहर गुजरती है और वहां पर साईड बर्म्स को बढ़ाया गया है। उसी प्रकार हमारे यहां भी नहर का सौन्दर्यीकरण करवा दिया जाए। | अध्यक्ष महोदय, नहर विभाग छठ पूजा घाट का निर्माण करवा देगा तथा नहर की साइड की दीवार के सौन्द्रर्यीकरण के संबंध में चैक करवा लेते हैं । | | |
| | | 02.03.2022 | | |
| 154. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में | प्रदेश में तालाबों के सुधार के लिए हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबमधन प्राधिकरण गठित किया गया है, इसने वर्ष 2022–23 और 2023–24 के दौरान प्रथम चरण में 1802 गांवों में वेटलैंड टोक्नॉलोजी के माध्यम से 4554 तालाबों के पुनर्वास, नवीनीकरण व पुनरोद्धार का कार्य हाथ में लिया है। | | |
| | | 20.02.2023 | | |
| 155. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | मेरी सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न एसटीपी के उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से किया जा रहा है। लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत के 22 कार्य प्रगति पर हैं। एक लाख एकड़ कमाण्ड क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई स्थापित करने के लिए वर्ष 2022–23 में लगभग 450 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जायेगी। | | |
| | | 20.02.2023 | | |
| 156. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | सरस्वती नदी जीर्णोधार परियोजना के तहत आदि बद्री बांध के निर्माण के लिए प्रारंभिक स्वीकृतियों और डिजाइन का काम चल रहा है। अक्तूबर, 2023 से पहले काम शुरू होने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 157. | डॉ. कृष्ण लाल मिढढा, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 29–<br>(क) क्या हांसी ब्रांच की साइड लाईन आर.डी. –183000 से 198000 तक सीमेंट से पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;<br>(ख) यदि हां, तो उक्त साइड लाईन को कब तक पक्का किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ग) उक्त आर.डी. को पहले किस समय पक्का किया गया था ? | 22.02.2023<br>(क) हां श्रीमान जी।<br>(ख) हांसी ब्रांच की बुर्जी संख्या 183000 से बुर्जी संख्या 198000 में सीमेंट कंक्रीट साइड लाइनिंग का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है और इस पहुँच में साइड लाइन का कार्य जून 2024 तक पूरा होने की संभावना है।<br>(ग) **** | | |
| 158. | तरांकित प्रश्न संख्या 33 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br>अध्यक्ष जी, मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि गांवों के अंदर जितने भी तालाब हैं जो गंदे पानी के भरे खड़े हैं उनके बारे में बता दें। अगर ये पूरे हरियाणा के बारे में जानकारी नहीं देना चाहते तो कम से कम रादौर के बारे में तो बता दें कि वहां पर कितने तालाबों को संवारा गया और उनका क्या इंतजाम किया गया। करोगे या नहीं करोगे। कुल मिलाकर मैं यह जानना चाहता हूं कि रादौर हल्के के जितने भी तालाब गांव के अंदर हैं जिनमें गंदा पानी भरा पड़ा है वे उबड़–खाबड़ हो रहे हैं। पानी बाहर निकल रहा है। उनमें से पौंड अथॉरिटी ने कोई एक–आधा जोहड़ ठीक किया है या नहीं किया है? | 22.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, हमने पौंड अथॉरिटी ऑफ हरियाणा के द्वारा पूरे प्रांत में 1615 तालाबों की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल दे दी है। जिसमें 1047.67 करोड़ रुपये की योजना बना दी गई है। पौंड अथॉरिटी ऑफ हरियाणा के द्वारा रादौर हल्के के अंदर 37 तालाबों की 29 करोड़ रुपये की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल दे दी है। अगर एवरेज निकाला जाये तो यह पूरे प्रदेश से तीन गुणा ज्यादा है। रूरल डिवैल्पमैंट डिपार्टमैंट के द्वारा मनरेगा की 86 लाख की स्कीम्ज है। कुल 48 केस इनके क्षेत्र के हैं। इन पर 29.86 करोड़ रुपये की लागत से काम अभी चल रहा है। | | |
| 159. | तारांकित प्रश्न संख्या 42 के संदर्भ में श्री मेवा सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–जो 15 पुल बताये गए हैं, इनमें से 6 पी.डब्ल्यू.डी. के हैं और 9 पुल अवैध हैं। अब प्रश्न उठता है कि ये अवैध पुल बनाए किसने थे। अध्यक्ष महोदय, ये पुल नहीं हैं बल्कि ये छोटी–छोटी पुलियां हैं, जिनको प्रापर्टी डीलर्ज ने अवैध कालोनियां काटकर सरस्वती नदी के उपर बनाया हुआ है। यहां से बराड़ा, बबैन और लाड़वा तक का पानी गुजरता है लेकिन बरसात के | 17.03.2023<br>XXXX सदस्य साहेबान जो कह रहे हैं, आखिरकार सदस्यों की बात में भी कोई दम हो सकता है और गांव के लोगों ने जो प्रस्ताव किया है, उनकी भी अपनी आवश्यकतायें हो सकती हैं लेकिन पानी का रूकना अगर कहीं सिद्ध होता है, तो उस स्थिति में जरूर विचार करने का काम किया जायेगा। पानी का फलो किसी भी सूरत में नहीं रूकना चाहिए। हम इसकी एक बार जांच भी करा लेंगे। XXXX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सीजन में ज्यादा पानी आने पर जी.टी. रोड पर पानी खड़ा हो जाता है। अध्यक्ष महोदय, सरस्वती नदी के अलावा, इस पानी की निकासी का और कोई साधन नहीं है। सरस्वती नदी पर छोटी–छोटी पुलियां बनने से यहां पर पानी का रास्ता बहुत ही संकीर्ण हो गया है। माननीय मंत्री जी पंपों से पानी को निकालने की बात कह रहे हैं। मेरी इस बात की ताइद चौधरी ईश्वर सिंह जी भी कर सकते हैं क्योंकि ये वहां पर खुद रहते हैं और यहां पर इनका कालेज भी बना हुआ है। यही नहीं मेरा अपना गांव भी यहां साथ लगता है। अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2019 की खेड़ी मारकंडा गांव के बारे में खबर निकालकर देखें तो पायेंगे कि उस समय यहां पर हजारों कोठियों में कईं–कईं फुट तक पानी भर गया था और खेड़ी मारकंडा गांव तो सारा ही डूब गया था। अध्यक्ष महोदय, इस पानी की वजह से यहां के लगभग 10 गांवों की कईं हजार एकड़ जमीन में | | | |
| | खड़ी फसल बर्बाद हो जाती है। अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरस्वती नदी की निशानदेही लेकर प्रथम तो यहां पर सारे अवैध कब्जों को हटाया जाये। प्रापर्टी डीलर्ज ने सरस्वती नदी की जमीन को ही बेच दिया है। यहां पर कुछ लोगों ने चारदीवारी तक कर रखी हैं। कुछ लोगों ने यहां जमीन पर कब्जे करके बाथरूम तक बना लिए हैं और यहां पर जितनी सीवरेज लाइनें दबाई गई हैं, उनका सारा गंदा पानी सरस्वती नदी में ही जाता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमारे पूरे इलाके को डूबने से बचाने के लिए तथा यहां के 9–10 गांवों की फसलों को पानी में डूबने से बचाने के लिए, सर्वप्रथम सरस्वती नदी की निशानदेही लेने का काम किया जाये और उसके बाद इस नदी पर बने अवैध कब्जों को हटाने का काम सरकार द्वारा किया जाये। XXXX मैं सरकार से सदन के माध्यम से पुनः अनुरोध करता हूँ कि यहां पर सारे अवैध कब्जों को हटाकर तथा सरस्वती नदी की निशानदेही करते हुए खुदाई करने का काम किया जाये ताकि हमारे इलाके को डूबने से बजाया जा सके। | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 17.03.2023 | | |
| 160. | तारांकित प्रश्न संख्या 48 के संदर्भ में श्री जयवीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुनूरक प्रश्नः–<br>XXXX गोरड़ गांव में बरसाती पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं है। गोरड़ गांव की हर साल लगभग 500 एकड़ में किसानों की फसल खराब होती है। इसके अतिरिक्त मैं माननीय मंत्री जी से यह भी जानना चाहता हूं कि यह जो 346.70 लाख रुपये की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं यह केवल खरखौदा के लिए हैं या पूरे हरियाणा के लिए हैं ? XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या यह काम आगामी बरसात से पहले पूरा हो जायेगा ? | XXXX मैंने माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताया है कि गोरड़ गांव में डिवाटरिंग के लिए आर.सी.सी. पाइपलाइन बनाई जा रही है जो इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ही बनाई जा रही है। वहां पर हम एक जे.सी.बी. मशीन, 20 ई.पी. सैट तथा 15 हॉर्स पॉवर की मोटरें भी दे रहे हैं। दूसरी बात यह है कि यह राशि केवल खरखौदा के लिए है, पूरे हरियाणा के लिए तो माननीय मुख्यमंत्री जी ने 1200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से कहना चाहूंगा कि यह कार्य बरसात से पहले शुरू हो जायेगा। | | |
| | | 17.03.2023 | | |
| 161. | अतारांकित प्रश्न संख्या 82 के संदर्भ में डॉ0 कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाली निम्नलिखित माइनरों का नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन हैः–<br>I. खोखरी–माइनर;<br>II. बरोदी माइनर;<br>III. बरसाना माइनर;<br>IV. नई शामदों माइनर; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इनका नवीनीकरण कब तक किए जाने की संभावना है ? | **XXXX खोखरी माइनरः** खोखरी माइनर की बुर्जी संख्या 0 से 5500 (अंतिम छोर) तक के पुनर्वास के लिए योजना तैयार की जा चुकी है, जिसकी अनुमानित लागत 77.62 लाख रुपये है और जिसे विभाग की स्थायी तकनीकी समिति को अनुमोदन के लिए भेजा जा चुका है। इस माइनर का नवीनीकरण 30.06.2024 तक किए जाने की संभावना है।<br>**बडोदी माइनर :** इस माइनर का वास्तविक नाम झांज खुर्द माइनर है जोकि बडोदी गांव में है। इस परियोजना को नाबार्ड–XXVIII के तहत दिनांक 16.11.2022 को 190.85 लाख रुपये की लागत के साथ पहले ही मंजूरी दे दी गई है। इस कार्य को 31.03.2024 तक पूरा किए जाने की संभावना है। XXXX | | |
| | | 20.03.2023 | | |
| 162. | तारांकित प्रश्न संख्या 61 के संदर्भ में श्री कुलदीप वत्स द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :– अध्यक्ष महोदय, मैं यह पूछना चाहता हूं कि इन गांवों का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है तथा इस जल भराव की समस्या का कब तक स्थायी समाधान कर दिया जायेगा? | XX इसी तरह से 0 से 139000 तक के.सी.बी. ड्रेन का पुर्नवासन करने के लिए 300.00 लाख रुपये की लागत से चार गांव बूपनिया, शाहपुर, लुकसर और जरदाकपुर में यह काम प्रोग्रैस पर है जो 30.06.2023 तक पूरा हो जाएगा। इसी तरह से एस.एल.सी. में आने वाले तालाब से होदी तक न्यौला पाइप लाइन निर्माण (भूमिगत डी.एल. पाईप लाईन के | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | माध्यम से) करने के लिए 144.1 लाख रुपये की लागत से गांव न्यौला में यह काम प्रगति पर है जो 30.06.2023 तक पूरा हो जाएगा। इसी तरह से शक्तिवाला जोहड से लेतरा तालाब गांव सिलाना को जोडकर प्रेशराईजड पाइप लाइन बिछाने तथा आर.डी. 15350/आर पर बाहर बहने वाली ड्रेन संख्या 8 में से पानी निकालने के लिए 138.90 लाख रुपये की लागत से गांव सिलाना में हमने नया काम लिया है जो इस बोर्ड की मीटिंग में पास किया है। इसी तरह से वित्त वर्ष 2023 के लिए WS मैकनिक खण्ड झज्जर में से के.सी.बी. ड्रेन तक 355 एम.एम. व्यास, लंबाई 1100 एम.एम. की एच.डी.पी.ई. की पाईप लाईन बिछाने के लिए 128.30 लाख रुपये की लागत से गांव गंगारवा में यह काम अभी शुरू होना है।XX | | 288 |
| 163. | श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न 67 : अध्यक्ष महोदय, क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :<br>(क) क्या राज्य के डार्क जोन में भूमिगत जल का स्तर बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई पग उठाए गए है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? | 20.03.2023<br>**(क) XX (ख) XX (ग) रिचार्ज बोरवेल :** मेरा पानी मेरी विरासत के तहत पानी की कमी और बाढ़ की आशंका वाले 8 ब्लॉक कुरुक्षेत्र जिले के बबैन, पिपली, शाहबाद, इस्माइलाबाद, कैथल जिले के गुहला और सीवान ब्लॉक, फतेहाबाद जिले के रतिया ब्लॉक और सिरसा जिले के सिरसा ब्लॉक में पायलेट प्रोजैक्ट के रूप में 1000 रिचार्ज बोरवेल का निर्माण कार्य लिया गया है जिनकी लागत लगभग 40.00 करोड़ रुपये है। इन 1000 रिचार्ज बोरवेल्स में से अभी तक 839 रिचार्ज बोरवेल्स का निर्माण किया जा चुका है और 30.55 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं और शेष कार्य दिनांक 31.03.2023 तक पूर्ण होने की सम्भावना है।<br>**XX VI हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण**<br>वर्तमान में, राज्य के जल संकट वाले क्षेत्रों में 1655 गांवों में कुल 2642 तालाबों में से 619 गांवों के 1097 तालाबों को जीर्णोद्धार के लिए लिया गया है। शेष तालाबों को बाद में समयबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार के लिए लिया जाएगा। | | 289 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 22.03.2023 | | |
| 164. | श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 112 : –<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि जिला पंचकूला में गांव रत्तेवाली के पास 4,91,00,000/– रुपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है, परन्तु उक्त पुल का निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नहीं किया गया है; यदि हां, तो विलंब के कारण क्या हैं ? | हां, श्रीमान जी। जिला पंचकूला में गांव रत्तेवाली के पास पुल के निर्माण के लिए सरकार द्वारा दिनांक 31.12.2021 को 491.41 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन कार्य आरंभ नहीं हो सका क्योंकि सलाहकार द्वारा डिजाइन/ड्राइंग में संशोधन के कारण कार्य की लागत 491.41 लाख रुपये की पहले से दी गई प्रशासनिक स्वीकृति क विरूद्ध बढ़कर 609.24 लाख रुपये हो गई है। इस कार्य के दिनांक 01.06.2023 तक शुरू होने की सम्भावना है। | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| 165. | श्री कुलदीप वत्स, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 13–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव बादली, खेडी जट्ट, गोयला कलां, खेड़का गुजर, खुंगाई, गुभना, माजरी, देशलपुर, बुपानियां, शाहपुर, गंगडवा, लुक्सर, जगरतपुर, | 1 to 8 ***<br>9. **बुपनियाः**– गांव बुपनिया की सिंचाई पुराने बुपनिया माइनर से की जा रही है। यह गांव पुराने बुपनिया माइनर के अंतिम छोर पर पड़ता है। इस वर्ष के दौरान, इस गांव का लगभग 30 एकड़ क्षेत्र जलमग्न हो गया था और जिसे 1 इलेक्ट्रिक पंप सेट लगाकर | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मुण्डाखेड़ा, इस्माइलपुर, देवरखाना, बाढ़सा, सौंधी, याकूबपुर, कोट बाजितपुर, सिकंदरपुर, जहांगीरपुर, सुहरा, कलोई, मुनिमपुर, दादनपुर, रायपुर, गीजाडोद, सुलोधा, बाबरा, डावला, रईया, हसनपुर, किरडोद, सुरेहती, समसपुर माजरा, माछरोली, खुड्डन, छप्पार, अहरी अमादलपुर, खेडी सुल्तान, कहाडी, गिरधपुर, बाबेपुर, सिलाना, सिलानी, सुबाना, चांदोल, ढाकला, जैतपुर नेयोला, कासनी, पाटोदा, लोहारी, कुलाना तथा कोका इत्यादि गांव के मानसून तथा बेमौसमी बरसात के कारण खेत में जल भराव की बड़ी समस्या है जिसके परिणाम स्वरूप सभी फसलें खराब/क्षतिग्रस्त तथा घर भी जीर्ण–शीर्ण हो गए हैं; | कुलताना छुड़ानी बुपनिया (केसीबी) ड्रेन में पानी को बहा दिया गया। इसके अलावा, केसीबी ड्रेन के किनारों को मजबूत करने का कार्य प्रगति पर है और 31 मार्च, 2024 से पहले पूरा कर लिया जाएगा, जिससे बाढ़ के पानी को शीघ्र निकालने में मदद मिलेगी।<br>10. ***<br>11. **गंगरवाः**– गांव गंगरवा की सिंचाई गुभाना माइनर से की जा रही है। इस वर्ष के दौरान, इस गांव का लगभग 20 एकड़ क्षेत्र जलमग्न हो गया था और 1 इलेक्ट्रिक पंप सेट लगाकर कुलताना छुड़ानी बुपनिया (केसीबी) ड्रेन में पानी निकाला गया। इसके अलावा स्थायी समाधान के रूप में, 128.30 लाख रुपये की लागत से 335 मि0मी0 व्यास की पाईपलाइन बिछाने की मंजूरी हरियाणा सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 54वीं मिटिंग में दी गई। यह पाईपलाइन गंगरवा गांव के खेतों से केसीबी ड्रेन तक बिछाने का प्रावधान है, इसका कार्य प्रगति पर है और 31 मार्च, 2024 तक पूरा होने की संभावना है।<br>12. **लुकसरः**– इस गांव की सिंचाई गुभाना माइनर से की जा रही है। इस वर्ष के दौरान, इस गांव का लगभग 30 एकड़ क्षेत्र जलमग्न | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | हो गया था और जिसे 1 इलेक्ट्रिक पंप सेट लगाकर कुलताना छुड़ानी बुपनिया (केसीबी) ड्रेन में निकाला गया। इसके अलावा, केसीबी ड्रेन के किनारों को मजबूत करने का कार्य प्रगति पर है और 31 मार्च, 2024 से पहले पूरा कर लिया जाएगा, जिससे बाढ़ के पानी को शीघ्र निकालने में मदद मिलेगी।<br><br>**13. जगरतपुर (जरदकपुर)**:— इस वर्ष के दौरान, इस गांव का लगभग 56 एकड़ क्षेत्र जलमग्न हो गया था और जिसे 1 इलेक्ट्रिक पंप सेट लगाकर कुलताना छुड़ानी बुपनिया (केसीबी) ड्रेन में बहा दिया गया। इसके अलावा, केसीबी ड्रेन के किनारों को मजबूत करने का कार्य प्रगति पर है और 31 मार्च, 2024 से पहले पूरा कर लिया जाएगा, जिससे बाढ़ के पानी को शीघ्र निकालने में मदद मिलेगी।<br><br>14 to 28 ***<br><br>**29. गिजारोड**:— इस वर्ष इस ग्राम की भूमि सीमा में अत्यधिक वर्षा के कारण 20 एकड़ | | |
| | | क्षेत्र जलमग्न हो गया। जिसे 1 इलेक्ट्रिक पंप सेट और 1 डीजल पम्प सेट लगाकर सलौधा माइनर में निकाल दिया गया। स्थाई समाधान के रूप में, हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 54वीं बैठक में गिजारोड गांव के खेतों से आउटफॉल ड्रेन नंबर 8 में पानी को निकालने के लिए दबावयुक्त पाइप लाइन बिछाने के लिए 158.76 लाख रुपये की स्कीम को मंजूरी दे दी गई है और कार्य प्रगति पर है और 31 मार्च, 2024 तक पूरा होने की संभावना है।<br><br>**30. जव 38** ***<br><br>**39. खुदान**:— इस वर्ष इस गाँव की भूमि सीमा में अत्यधिक वर्षा के कारण 220 एकड़ क्षेत्र जलमग्न हो गया। 73.00 लाख रूपये की लागत से खुदान लिंक ड्रेन का निर्माण कराया गया, जो जाहिदपुर माइनर की बुर्जी संख्या 17000—दाएं पर गिरती है और जमा हुए पानी को 2 इलेक्ट्रिक पंप सेट लगाकर खुदान लिंक ड्रेन के माध्यम से निकाला जा रहा है।<br><br>***<br><br>जहां तक स्थायी समाधान का संबंध है, 792.57 लाख रुपये की लागत से 5 स्थायी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | योजनाएं वर्तमान मानसून सीजन शुरू होने से पहले ही पूरी हो चुकी हैं। इनमें 11 गांवों को कवर किया गया है, जिससे खेतों में से बाढ़ का पानी समय पर निकाल दिया गया। इसके अलावा, 587.06 लाख रुपये की लागत वाली 3 योजनाऐं प्रगति पर हैं। इनमें 5 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे निकट भविष्य में बाढ़ के पानी को समय पर निकालने में मदद मिलेगी। | | 294 |
| 166. | श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 1–क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव चांदहट में छत्ता मंदिर तथा किसानों के आस–पास के खेतों की भूमि–कटाव को रोकने के लिए यमुना नदी के दूसरी तरफ कुटी के सामने तथा चांट के जंगल पर ठोकरें लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 25.08.2023<br>***<br>हालांकि, वर्तमान बाढ़ का मौसम समाप्त होने के बाद साइट की जांच की जाएगी और यदि आवश्यक हुआ तो गांव चांदहट में स्टड के निर्माण के लिए बाढ़ एजेंडा तैयार किया जाएगा और हरियाणा राज्य सूखा राहत और बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की आगामी 55वीं बैठक में लिया जाएगा। | | |
| 167. | श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 26–क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों में स्थित मांडी खुर्द सब–माइनर को पुनः पक्का करने को कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो कि 35 वर्ष पहले बनी थी तथा जीर्ण–शीर्ण हो गई हैय यदि हां, तो उक्त माइनर के कब तक पुनः पक्का किए जाने की संभावना है ? | 25.08.2023<br>हां, श्रीमान जी। मुआना डिस्ट्रीब्यूट्री की बुर्जी संख्या 41000–दाएं से निकलने वाली मांडी खुर्द माइनर की बुर्जी संख्या 0 से 5850 (टेल) तक के पुनर्वास के कार्य की परियोजना जिसकी अनुमानित लागत 167.67 लाख रूपये है, विभाग के विचाराधीन है और यह कार्य 31.12.2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। | | |
| 168. | i) हाल ही में भारी बारिश के कारण जिला अम्बाला, पंचकूला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, करनाल, कैथल, फतेहाबाद, पानीपत, सोनीपत, सिरसा, फरीदाबाद, पलवल इत्यादि में एकत्रित हुए पानी के कारण जान–माल के भारी नुकसान से संबंधित मुख्यमंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव | 25.08.2023<br>***<br>जहां तक हायेस्ट वॉटर लैवल की बात है तो उसके लिए समयानुसार पॉलिसीज बनाई जाती हैं और उसको माइनिंग विभाग टेक अप करता है। इसका डाटा अभी मेरे पास नहीं आया है। मैं चाहूंगा कि उसको भविष्य में सदन में टेबल करूं कि किस ड्रेन में, किस रिवर बैड में कब–कब कितनी माइनिंग हुई है और उससे उसकी कितनी डैप्थ बढ़ाई गई ? इस फ्लड सिचुएशन के बाद यह फैक्ट है कि भारत सरकार ने हरियाणा पंजाब की घग्गर नदी की हैड टू टेल की पूणे के एक इंस्टीच्यूट से स्टडी करवाई थी । उसके बाद एक रिपोर्ट | | 295 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | आई थी जो भारत सरकार के पास फाइनल अप्रूवल के लिए गई है । हरियाणा पूरे तौर पर तैयार है । जैसे ही रिवर बैड की अप्रूवल आएगी तो हमने जो और खुदाई करनी है हम उसके लिए फंड्स तुरंत गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया के पास डिप्लॉय करेंगे।*** | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| ii) | **ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर श्री बलराज कुडूं द्वारा पुछा गया अनुपूरक प्रश्नः**<br>उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जहां पर पानी भरा हुआ है क्या उनके लिए मुआवजा की व्यवस्था होगी या नहीं ? | उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि इसके लिए बिल्कुल व्यवस्था होगी। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 169. | श्री रामकरण द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 22– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बाबा मारकंडा नदी शाहबाद विधानसभा निर्वाचन | (क) ****<br>(ख) ****<br>(ग) श्रीमान जी। मौजूदा बंधों में खाली जगहों को भरने और बाढ़ को रोकने के लिए | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | क्षेत्र (जिला कुरूक्षेत्र) से होकर बहती है तथा पिछले कई वर्षों से उक्त नदी की खुदाई तथा सफाई का कार्य नहीं किया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं;<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सफाई व खुदाई का कार्य न होने के कारण बरसात के मौसम में नदी खतरे के निशान से उॅपर बहती है तथा पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ जाती है; तथा<br>(ग) यदि हां, तो क्या भविष्य में उक्त समस्या की रोकथाम करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | सरकार द्वारा पहले प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया था, लेकिन भू–मालिकों की मींन नहीं देने के कारण यह सम्भव नहीं हो सका। हालांकि, अब सरकार के द्वारा खनन विभाग के माध्यम से जहां भी आवश्यक हो, नदियों की सफाई और गाद निकालने की योजना बनाई जा रही है और उपलब्धता का आंकलन करने के बाद आवश्यकता/मांग के अनुसार बंधो का निर्माण किया जाएगा। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 170. | तारांकित प्रश्न संख्या 22 के संदर्भ में श्री रामकरण द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से एक बात पूछना चाहूंगा कि हमारी दादूपूर नलवी नहर बंद पड़ी हुई है उससे जो नाले निकले हुए थे उनको आप जाकर देखिये। आप एक कमेटी | अध्यक्ष महोदय, मैंने यह बताया है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह कहा है कि नहर विभाग और माइनिंग विभाग, मिलकर इसका लैवल चौक करके एक ग्रिडिएंट से उपर जो सिल्ट है, उसको उठाने का प्रावधान कर रहे हैं तथा उस सिल्ट को माइनिंग एक्ट से बाहर निकालने की भी बात कर रहे हैं। इसके लिए एक कमेटी हमने बना ली है और यह कमेटी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बनाइये और मेरे साथ चलकर देखिये कि अगर आज दादूपुर नलवी नहर खुल रही होती तो आज जमींदार को कितना फायदा होता। आज सरकार को जो मुआवजा देना पड़ा वह मुआवजा देने की जरूरत नहीं थी। वह पैसा उस नदी के ऊपर लगा देते । दूसरा मारकंडा नदी जो पवित्र धरती है वह हर साल खोदी जाती थी उसमें सरकार का भी फायदा है और जमींदार का भी फायदा है आप उसका ठेका दीजिए और उसकी माईनिंग करवाइये। आप इस संबंध में कमेटी बनाइये मैं मौके पर आपको दिखाउंगा कि किस वजह से बंध टूटे हैं। यह हर साल का काम है मेरे हल्के के अन्दर अब भी दो–दो, तीन–तीन फीट पानी खड़ा है। आप कमेटी बनाइये मैं कमेटी को दिखाउंगा। आप मेरे साथ एक समझदार अधिकारी को भेजो मैं एक–एक प्वायंट बता दूंगा कि कहां से बंध टूटा और कैसे टूटा। मुझे हर किल्ले | आदरणीय विधायक जी से भी संपर्क करेगी और मौका भी देखेगी और जैसे इनके सुझाव मिलेंगे, उन सुझावों पर काम भी करेगी । | | |
| | का पता है और हर जमींदार का पता है, हर डेरे का पता है कि यहां से यह बंध इस वजह से टूटा है। मैं तो मंत्री जी से इस बात का जवाग मांग रहा हूं। मुझे 15 दिनों के अन्दर इसका जवाब दिया जाए नहीं तो मैं वहां 15 दिन के बाद अपने आप मशीन चला दूंगा उसके लिए जमींदार भी तैयार हैं कि आप अपनी मशीन चलाकर बंध बांध दें। मुझे इस बात का जवाब चाहिए कि 15 दिन में सरकार की तरफ से हमें मशीन मिलेगी या नहीं मिलेगी। | | | |
| 171. | श्री मेवा सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 39–क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सरस्वती नदी की खुदाई तथा उस पर बने अवैध पुलों को हटाने के कार्य करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैय यदि हां, तो उक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ताकि कुरूक्षेत्र जिले में हजारों एकड़ की फसलों को बाढ़ से बचाया जा सके ? | 28.08.2023<br>नहीं, श्रीमान जी। हालाँकि सरस्वती नदी में पानी कम होने के बाद जहाँ भी आवश्यकता होगी, सरस्वती नदी की डिजाइन वहन क्षमता को बहाल करने के लिए सरस्वती नदी की डी–सिल्टिंग की जाएगी।<br>अवैध पुलों को हटाने के संबंध में उपायुक्त, कुरूक्षेत्र द्वारा दिनांक 25.07.2023 को इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। कमेटी इन पुलों की जन उपयोगिता की जांच कर रिपोर्ट देगी और उसके अनुसार कार्यवाही की जायेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 172. | श्री लक्ष्मण नापा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 57—क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—<br>(क) क्या यह तथ्य है की बरसात के दिनों में रतिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निचले क्षेत्र में पानी जमा हो जाता है; तथा<br>(ख) क्या कृषि भूमि की सिंचाई के लिए उक्त जमा पानी का उपयोग करने के लिए रिचार्ज बोर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त रिचार्ज बोर कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ? | 28.08.2023<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) हां, श्रीमान जी। रतिया विधानसभा क्षेत्र के गांवों में 40 रिचार्ज बोरवेल बनाने का प्रावधान है, जिसके लिए सरकार द्वारा 213.75 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य के 01.11.2023 से शुरू होने की संभावना है और 30.06.2024 तक पूरा हो जाएगा। | | |
| 173. | श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 50:—क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे:—<br>(क) क्या झज्जर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में निम्नलिखित तालाबों | 29.08.2023<br>(क) जी हाँ, श्रीमान जी, झज्जर विधानसभा क्षेत्र के गांवों के ऊपर वार्णित सभी तालाब जीणोद्धार, सफाई व मुरम्मत हेतु कार्य योजना में लिए गए है। (अनुबंध —1 साथ सलंग्न है) | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | के नवीनीकरण, सफाई तथा मरम्मत के कार्यो निष्पादन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:—<br>1. गांव गोरिया में बाबा नथु नाथ तथा शिव मंदिर के पास वाला जोहड़;<br>2. गांव अकेड़ी मदनपुर में इंदिरा कॉलोनी के पास;<br>3. गांव मुंडेहाड़ा हरजी वाला जोहड़य<br>4. गांव तालाब बगला चौपाल से पास गुई जोहड़;<br>5. गांव धाना में डुमा वाला जोहड़;<br>6. गांव खेड़ी खुमार में गांव के बीच में तालाब रामेश्वर;<br>7. गांव छुछकवास मेन रोड पर खारियां जोहड़;<br>8. गांव भूरावास में प्राचीन तालाब;<br>9. गांव भदानी में सहरावत पाना का जोहड़;<br>10. गांव जौंधी में शिव मंदिर के पास वाला जोहड़; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कार्यो को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ? | (ख) इन सभी तालाबों का कार्य नियोजन स्तर पर है, और मानसून सीजन उपरान्त इन तालाबों का जीर्णोद्धार, सफाई व मुरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर आरम्भ किया जाएगा। अनुमानित मानसून के बाद की स्थिति अनुसार इन कार्यो को लगभग 30 जून 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

**Annexure-I**

**Status of 10 Ponds in Question of Jhajjar Assembly Constituency**

| Sr. No. | District | Block | Village | Pond Name | UID | Scheme | Executing Department | Status |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JHAJJAR | MATANHAIL | GORIYA(14-N) | Bhaiya Wala Pond (near Baba Nathunath & Shiv Mandir) | 01HRJJRMTL0014GORI001 | Phase-IV (2024-25) | PR-PW | Under Digital Survey |
| 2 | JHAJJAR | MATANHAIL | AKEHRIMADANPUR (200) | Banswala Pond (near Indra Colony) | 01HRJJRMTL0200AKHE008 | Phase-IV (2024-25) | PR-PW | Under Preliminary Estimate Stage |
| 3 | JHAJJAR | SALHAWAS | MUNDAHERA (198) | Harzi Wala Pond (Harjiwala) | 01HRJJRSLW0198MUND001 | Phase-IV (2024-25) | PR-PW | Under Digital Survey |
| 4 | HAJJAR | JHAJJAR | TALAO(112) | Gulhi Wala (Gui Johar Near Bagla Chaupal) | 01HRJJRJJR0112TALA004 | Phase-IV (2024-25) | PR-PW | Under Digital Survey |
| 5 | JHAJJAR | SALHAWAS | DHANA(162) | Duma Wala Pond | 01HRJJRSLW0162DHAN004 | Phase-IV (2024-25) | PR-PW | Under Digital Survey |
| 6 | JHAJJAR | JHAJJAR | KHERIKHUMAR (111) | Gyan Dass Wala (Rameshwar Pond) | 01HRJJRJJR0111KHER003 | Phase-III (SBM-G 2023-24) | PR-PW | Under Preliminary Estimate Stage |
| 7 | JHAJJAR | MATANHAIL | ISLAMGARH / Chhuchhakawas (117) | Khariya | 01HRJJRMTL0117ISHL003 | Phase-II (MP 2022-23) | IWRD-Construction | Under Preliminary Estimate Stage |
| 8 | JHAJJAR | SALHAWAS | BHURAWAS(194) | Mata Mandir (Ancient Pond) | 01HRJJRSLW0194BHUR001 | Phase-IV (2024-25) | PR-PW | Under Digital Survey |
| 9 | JHAJJAR | JHAJJAR | BHADANI(94) | Firni Wala (Saharawat Pond) | 01HRJJRDDL0094BHAD003 | Phase-IV (2024-25) | PR-PW | Under Digital Survey |
| 10 | JHAJJAR | JHAJJAR | JONDHI(107) | Baba Wala Pond (near Shiv Mandir) | 01HRJJRJJR0107JOND001 | Phase-III (SBM-G 2023-24) | PR-PW | Under Tender Stage |

**Note-All these above 10 ponds are under Planning Stage**



29.08.2023

174. डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 95:–

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाली संगतपुरा माइनर को पुनः पक्का/पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक पुनः पक्का/ पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

(क) हां, श्रीमान जी।

(ख) जींद डिस्ट्रीब्यूट्री नंबर 6A की बुर्जी संख्या 13630–दाएं से निकलने वाली संगतपुर माइनर की बुर्जी 0 से 3500 (टेल) के पुनर्वास के कार्य की परियोजना, जिसकी लागत राशि 27.28 लाख रुपये है, को दिनांक 27.07.2023 को हुई स्थायी तकनीकी समिति की बैठक में मंजूरी दे दी गई है और यह कार्य 30.06.2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।



15.12.23

175. श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 14: क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या झज्जर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित तालाबों की साफ–सफाई, मरम्मत तथा नवीनीकरण के कार्यों को निष्पादित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:–

(i) गांव ताला में बगला चौपाल के पास गुई जोहड;

(क) जी हाँ, श्रीमान जी, झज्जर विधानसभा क्षेत्र के गांवों के ऊपर वार्णित सभी तालाब जीणोद्धार, सफाई व मरम्मत हेतु कार्य योजना में लिए गए है।

(ख) इन सभी तालाबों का कार्य नियोजन स्तर पर है, इन तालाबों के जीर्णोद्धार, साफ–सफाई और मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन कार्यों के पूर्ण होने की संभावित तिथि 30 जून 2024 है।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ii) गांव जोंधी में शिव मंदिर के पास का तालाब;<br>(iii) गांव गोरिया में बाबा नाथुनाथ तथा शिव मंदिर के पास का तालाब;<br>(iv) गांव मुंडाहेड़ा के बीच में हरजी वाला तालाब;<br>(v) गांव भूरावास में प्राचीन एवं पवित्र तालाब;<br>(vi) गांव खेडी खुमार के बीच में रामेश्वर तालाब;<br>(vii) गांव कबलाना में प्राचीन मंदिर के पास खातीवाला तालाब;<br>(viii) गांव अकेहरी मदनपुर में इंदिरा कॉलानी के पास का तालाब;<br>(ix) छुछकवास में मुख्य सड़क पर खारिया तालाब; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कार्य कब तक पूरा लिए जाने की संभावना है? | | | |
| 176. | श्री नीरज शर्मा द्वारा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 4ः–क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बल्लभगढ़/फरीदाबाद/एन आई टी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाली गौच्छी ड्रेन के संबंध में श्री मूल चंद शर्मा की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में एक बैठक हुई थीय यदि हां, तो बैठक में हुई चर्चा का ब्यौरा क्या हैय<br>(ख), (ग) XX<br>(घ) क्या उपरोक्त ड्रेन के सौंदर्यीकरण तथा ड्रेन में गंदा पानी एकत्रित होने से रोकने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ? | 15.12.23<br>(क), (ख), (ग) XX<br>(घ) सरकार के पास अभी गौच्छी ड्रेन के सौंदर्यीकरण का ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। प्रतापगढ़ गांव में 100 एमएलडी का एस टी पी निर्माणाधीन है जोकि 31.03.2024 तक संचालित होने की संभावना है। इसके बाद जवाहर कॉलोनी तथा पर्वतिया कॉलोनी के गौच्छी ड्रेन में गिरने वाले अपशिष्ट जल को इस एस टी पी से जोड़ा जाएगा। एक अन्य लाईन मुज़ेसर डिस्पोजल से एस टी पी तक राज्य स्तरीय तकनीकी कमेटी में AMRT-I में स्वीकृत हो चुकी है तथा इसके 30.06.2024 तक पूर्ण होने की संभावना है। यह लाईन बनने के बाद अपशिष्ट जल गौच्छी ड्रेन में नहीं डाला जाएगा। नगर निगम, फरीदाबाद ने तीन जगहों पर जाली का प्रावधान किया है ताकि गौच्छी ड्रेन में जाने वाले कचरे को रोका जा सके। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 177. | तारांकित प्रश्न संख्या 23 के सन्दर्भ में श्री हरविन्द्र कल्याकाण द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः<br>अध्यक्ष महोदय, उस समय जो बाढ़ की स्थिति बनी थी उस समय विभाग ने बहुत अच्छा काम किया था। अभी जवाब के अन्दर यह भी बताया गया है कि सरकार ने ऐसे 9 खतरनाक प्वाायंट्स को कवर किया है और उसके लिए लगभग पौने पैंतीस करोड़ रूपये के प्रस्ताव फलड कंट्रोल बोर्ड के पास भेजे गये हैं। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि मुख्येमंत्री जी के माध्यंम से जो ये पौंने पैंतीस करोड़ रूपये की लागत के प्रस्ताव आए हैं उनको मंजूर करवाया जाए। इसी के साथ मैं एक सुझाव भी देना चाहूंगा और मैं एक मांग भी करूंगा कि जब बरसात के दौरान ऐसी कोई एमरजेंसी की सिचुएशन बनती है तो यमुना नदी का बांध कच्ची होने के कारण वहां पर मैटिरियल पहुंचाने में बड़ी दिक्कत आती | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यन ने जो बात की है उस बारे में मैं बताना चाहूंगा कि हमने फल्डस कंट्रोल बोर्ड की मीटिंग में पौंने पैंतीस करोड़ रूपये के प्रस्तांव मंजूर कर दिये हैं । इनके एस्टीयमेट बन गये हैं और विभाग द्वारा जल्दी ही ये कार्य कर दिये जाएंगे । माननीय सदस्यध जो रास्तेक की समस्यो बता रहे हैं तो जैसे भी रास्तेय होंगे 5 करम के, 6 करम के या 3 करम के उसमें हमारी नीति है कि हम उन विभागों को निर्देश दे देंगे कि वे उन रास्तों के बारे में विचार करके उनको बनाने की प्रक्रिया शुरू करें।<br>******<br>अध्यक्ष महोदय, हम विभाग को यह निर्देश देंगे कि जहां–जहां खतरनाक प्वाइंट्स हैं वहां तक गाड़ी सामान की भर कर चली जाए। ऐसी व्यवस्था हम करेंगे। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | है तो ऐसे जो रिस्की प्वायइंट्स हैं उनको चिन्हित करके यमुना नदी के बांध के हिस्से् को मोटरेबल जरूर किया जाए ताकि एमरजेंसी में ट्रक के माध्यम से वहां मैटिरियल पहुंचाना आसान हो सके। ऐसा मैं सुझाव भी देता हूं और मांग भी करता हूं।<br>******<br>स्पीकर सर, यह रेवैन्यू रिकॉर्ड के रास्ते के साथ–साथ यमुना नदी के बांध का जो ऊपर का हिस्सा होता है खास तौर पर उस रास्ते को मोटरेबल करना जरूरी है क्योंकि उसी के माध्यम से ही साईट पर सामान जा सकता है। | | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 178. | श्री लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 28 :–<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः<br>(क) क्या एन.टी.पी.सी. पावर प्लांट, झाड़ली के जल रिसाव, जिसके कारण कोसली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के किसानों की फसलें खराब हो गई हैं, को रोकने/जांचने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है? | 18.12.23<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) एन.टी.पी.सी. पावर प्लांट, झाड़ली में जल रिसाव के कारण जमा हुए पानी को बाहर निकालने की परियोजना 31.12.2024 तक पूरी हो जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 179. | तारांकित प्रश्न संख्या 28 के सन्दर्भ में श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :<br><br>श्री लक्ष्मण सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, झाड़ली का पावर प्लांलट एन.टी.पी.सी. के द्वारा चलाया जा रहा है। वहां पर जल रिसाव होता था और कोयले को धोने का कार्य भी पानी से ही हो रहा था। इसकी वजह से किसानों की फसल निरंतर खराब होती रही। शुरूआत में एन.टी.पी.सी. ने किसानों को नुक्सा्न का मुआवजा दिया था। वर्ष 2012—13 में एन.टी.पी.सी. ने किसानों को 39 हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से नुक्सा न का मुआवजा दिया, वर्ष 2013—14 में किसानों को 49 हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से नुक्सापन का मुआवजा दिया गया और वर्ष 2014 तथा वर्ष 2016 में 25 हजार रूपये से 30 हजार रूपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया गया था। वर्ष 2016 के बाद एन.टी.पी.सी. ने किसानों को यह कहकर मुआवजा देना बंद कर दिया कि हमने आई.आई.टी. रूड़की हाइड्रोलॉजी डिपार्टमैंट से इसकी जांच करवा ली है और वह पानी उनका नहीं है। अध्यमक्ष महोदय, मैं आपके माध्यनम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जब वहां पर यह पावर प्लां ट नहीं लगा था तो उस समय वहां का वाटर लैवल 25 फुट गहरा था लेकिन उस पावर प्लांमट के लगने के बाद वहां का वाटर लैवल 1—2 फुट पर पहुंच चुका है। अतरू मेरा कहना है कि एन.टी.पी.सी. का यह कहना कि वह पानी उनका नहीं है, सही नहीं है। इस पर मैं पूछना चाहता हूं कि क्या लैबोरेट्रीज भी इस तरह का झूठा फरमान जारी कर सकती हैं ? अगर वह पानी एन.टी. पी.सी. का नहीं है तो फिर उन्हों ने उस समय किसानों को 3 साल तक मुआवजा क्यों दिया जिसे अब बंद कर दिया गया है ? वह पानी उनका था और इसको उन्होंयने माना भी था। इधर—उधर से जांच करवाकर आज किसानों के साथ सीधा—सीधा धोखा हो रहा है। पानी की निकासी के साथ—साथ मेरा यह भी कहना है कि वर्ष 2016 के बाद किसानों का जितना भी मुआवजा बनता है माननीय मंत्री जी वह उनको दिलवाने की कृपा करें। | 18.12.23<br><br>अध्यक्ष महोदय, इसका आंकलन करना आसान नहीं है कि वहां पर सेम की समस्या किस वजह से आई है। हरियाणा के ऐसे बहुत—से क्षेत्र हैं जहां पर पहले पानी 100 फुट की गहराई पर था और आज 2 फुट की गहराई पर आ चुका है तथा वहां पर एन.टी.पी.सी. का प्लां ट भी नहीं है। हम यह मानते हैं कि वहां पर किसानों की 300 एकड़ के आसपास जमीन खराब हुई है। पिछले दिनों बाढ़ के संबंध में हमने एक मीटिंग की थी। उसमें हमने निर्णय किया था कि हम शैलो ट्यूबवैल्ज लगाएंगे और वहां पर तालाब बनाकर वहां से पानी को अगले 2—3 गांवों में ले जाकर उससे सिंचाई करेंगे। हमने इसकी योजना बनाई है। इस एरिया में सेम की समस्याम को खत्मे करने के लिए हमने प्रोजेक्टर बना दिया है और इसका पानी हम फसल की दूसरी सिंचाई के समय लेकर आयेंगे। हमने एन.टी.पी.सी. को भी लिखा है कि उनके जो पक्के टैंक हैं वे उनकी अच्छी व्यवस्था करें ताकि सीपेज बिल्कुल भी न हो।<br><br>******<br><br>महोदय, जो सेम की समस्या है उसके लिए हमने पहले स्कीम बनाई थी कि इस पानी को निकाल कर ड्रेन नम्बमर 8 में डालेंगे। अब हमने उस स्कीम को चेंज कर दिया है और हम वहां पर शैलो टयूबवैल लगा देंगे तथा टैंक बनाकर पानी को सिंचाई के लिए लेकर जायेंगे। सेम की समस्याद के लिए हरियाणा सरकार ने स्कीम बना दी है। इसके अलावा किसानों का पहले का कितना मुआवजा बकाया है, मैं इसका डाटा लेकर चौक करवा लूंगा। अगर किसानों का कुछ क्लेम / बकाया हुआ तो हम उस पर विचार कर लेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

******

अध्यक्ष महोदय, वह रिसाव तो पानी का ही है मेरा कहना है कि अब आप उसको लिफ्ट करेंगे लेकिन जो पांच साल का किसानों का नुकसान है उसको कौन पूरा करेगा ? उसका मैं आपसे जवाब मांग रहा हूं। दूसरी बात, आप यह कह रहे हो कि बाढ़ आती रहती है और वॉटर लेवल बदलता रहता है लेकिन वॉटर लेवल बाढ़ के एरिया में ही तो बदलता है। ऐसे अचानक कहां से पानी का लेवल बदल जायेगा ? यह तो छोटी–सी बात है और इस छोटी–सी बात को तो आम किसान भी जानता है। मुझे तो यही लगता है कि माननीय मंत्री जी जवाब देने से बचना चाह रहे हैं। किसान को न्यीाय जरूर मिलना चाहिए क्योंनकि आपको पता है कि उसकी जीवन रेखा तो खेत ही है। अगर खेत ही बंजर हो गया और बोने लायक नहीं रहा तो वो बेचारा क्याज करेगा ? सरकारी एजेंसियां लेबोरेट्रीज का नाम लेकर बार–बार बहाने बनाती हैं। वे कभी कहती हैं कि इसमें लवण



नहीं है, कभी कहती हैं कि इसकी वजह से नहीं है तो वह पहले कैसे ठीक था और आज कैसे गलत हो गया है ? मेरे क्षेत्र के चार–पांच गांव हैं जिन में से तीन तो मेरे झज्ज र के ही हैं जैसे गोरिया, मोहनबाड़ी और झाड़ली। लीलोढ़ मेरे विधान सभा क्षेत्र का गांव है। उसमें निरंतर यही समस्यौ है। इससे पहले वहां कभी समस्ध्या नहीं आई तो आज समस्याी कैसे आ गई ? अध्यपक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी मुझे यह बता दें कि किसानों को पांच साल का मुआवजा मिलेगा या नहीं मिलेगा ? उन्होंनने पहले भी विरोध–प्रदर्शन किया था, इसीलिए एन.टी.पी.सी. ने उन्हें मुआवजा दिया था। आज वे बेचारे किसान परेशान हैं और बार–बार धरने पर बैठते हैं। फिर भी हम उनको यह कहते हैं कि आप थोड़ी तसल्ली रखिये, हम सरकार से बात करेंगे। अतरू उनको यह पांच साल का मुआवजा दिया जाए क्योंरकि किसान का चूल्हाे तो इसी से चलेगा। माननीय मंत्री जी मुझे बताएं कि अगर किसान के पास एक एकड़ जमीन है और वही जलमग्नक हो गई तो उसका गुजारा कैसे होगा ?

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 20.02.2024 | | |
| 180. | राज्यपाल अभिभाषण | राज्य सरकार यमुना तथा उसकी सहायक नदियों–गिरि और टोंस से राज्य को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यमुना नदी के ऊपरी हिस्से पर रेणुका, किशाऊ और लखवाड़ व्यासी बांधों के निर्माण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। इन बांधों के पूरा होने पर हरियाणा को कुल भंडारित पानी का 47.81 प्रतिशत पानी मिलेगा। | | |
| | | 20.02.2024 | | |
| 181. | राज्यपाल अभिभाषण | राज्य सरकार ने सरस्वती नदी में प्रवाह के लिए सरस्वती नदी पुनरुद्धार तथा धरोहर विकास परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत 388.16 करोड़ रुपये लागत की एक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। आदिबद्री बांध के निर्माण हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन हो गया है। यह बांध हिमाचल सरकार द्वारा बनाया जा रहा है, जिसके जून, 2026 तक पूरा होने की सम्भावना है। | | |
| | | 21.02.2024 | | |
| 182. | चौधरी आफताब अहमद, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 9<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि सिंचाई विभाग द्वारा जिला नूहं के गांवों अर्थात् : सतपुतियका, हुसैनपुर, रायपुरी तथा बाबूपुर इत्यादि की हजारों एकड़ भूमि सेम प्रभावित घोषित की गई है;<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सेम प्रभावित गांवों की समस्या के समाधान के लिए कार्यों को कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त कार्यों के लिए परियोजना की स्वीकृति के बाद भी कार्य को आरम्भ नहीं किया गया है तथा इसके कारण क्या हैं? | (क) हां, श्रीमान जी, जिला मेवात के तहसील नूहं के सतपुतियाका, हुसैनपुर, रायपुरी तथा बाबूपुर आदि गांवों का लगभग 850 एकड़ क्षेत्र चंदेनी ड्रेन के किनारे पानी के रिसाव के कारण जलभराव की समस्या का सामना कर रहा है।<br>(ख) इस समस्या को हल करने के लिए, चंदेनी ड्रेन के किनारे सतपुतियाका, हुसैनपुर, रायपुर, बाबूपुर गांवों के लिए 42 उथले ट्यूबवेलों की स्थापना के लिए परियोजना अनुमान को सिंचाई और जल संसाधन विभाग की स्थायी तकनीकी समिति ने 13.07.2022 को हुई 9वीं बैठक में मंजूरी दे दी है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति अगले वित्तीय वर्ष 2023–24 में मिलने की संभावना है। उसी के अनुसार कार्य शुरू करने की आगे की कार्यवाही की जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 183. | श्री बलबीर सिंह, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रंन संख्या 15<br>क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि इंदिरा गांधी ड्रेन नंबर 8 पर कई बहुत पुराने पुल हैं जोकि नए पुलों की तुलना में बहुत निचले स्तर पर हैं और पिछले साल बरसात के मौसम में ड्रेन का पानी इन पुलों को पार नहीं कर सका तथा कई गांवों में जल भराव हो गया जिसके परिणाम स्वरूप किसानों की फसलें भी क्षतिग्रस्त हो गई थी; तथा<br>(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है? | 21.02.2024<br>(क) ****<br>(ख) बुर्जी संख्या 65000, बुर्जी संख्या 74800 और बुर्जी संख्या 49000 पर तीनों पुल जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है। बुर्जी संख्या 65000 और बुर्जी संख्या 74800 पर दो पुलों की प्रशासनिक स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है। जिसका कार्य 646.64 लाख रूपये की लागत से शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। बुर्जी संख्या 49000 पर तीसरे पुल की प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है और इसके बाद इसका कार्य शुरू किया जाएगा। | | |
| 184. | श्री अमित सिहाग, एम.एलए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न :–<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर तथा सरहिंद फीडरों पर बांधों की तत्काल मरम्मत/पुनर्निर्माण के लिए राजस्थान सरकार के समन्वय से सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए, जिनकी क्षतिग्रस्त अवस्था होने के कारण जान–माल का नुकसान हो रहा हैय तथा<br>(ख) क्या निम्नलिखित पुलों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:–<br>(i) मंडी डबवाली से संगरिया सड़क पर (क्रॉसिंग इंदिरा गांधी नहर);<br>(ii) गांव गंगा से अबूबशहर सड़क पर (क्रॉसिंग इंदिरा गांधी नहर);<br>(iii) गांव गंगा से चौटाला सड़क पर (क्रॉसिंग इंदिरा गांधी नहर);<br>(iv) गांव सकता खेड़ा से लोहगढ़ सड़क पर (क्रॉसिंग सरहिंद लिंक चैनल); तथा<br>(v) गांव सकता खेड़ा से लोहगढ़ सड़क पर (क्रॉसिंग सरहिंद फीडर)? | 21.02.2024<br>(क) इंदिरा गांधी फीडर (आई.जी.एफ) पंजाब राज्य में हरिके बैराज से निकलती है और यह हरियाणा राज्य में बुर्जी संख्या 491000–555000 से होकर गुजरती है और फिर राजस्थान राज्य में प्रवेश करती है। इसकी मरम्मत और रखरखाव का कार्य पंजाब और हरियाणा राज्य के अधिकार क्षेत्र में पंजाब सिंचाई प्राधिकरणों द्वारा किया जाता रहा है। यहां यह बताना जरूरी है कि राजस्थान सिंचाई विभाग द्वारा इंदिरा गांधी फीडर की बुर्जी संख्या 496000 से 555000 तक सीमेंट कंक्रीट लाइनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। हरियाणा राज्य के क्षेत्र में इंदिरा गांधी फीडर और सरहिंद फीडर पर बने पुल लगभग 60 वर्ष पुराने होने के कारण जीर्ण–झीर्ण हालत में हैं। इन पुलों से भारी वाहन जैसे कंबाइन, बसें, ट्रैक्टर–ट्रॉली, हैवी–ट्रॉला आदि का आवगमन होता है। इंदिरा गांधी फीडर का पानी राजस्थान राज्य के लिए है, जबकि निगरानी और रख–रखाव पंजाब प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। इसलिए, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा इस संबंध में कोई भी कार्य नहीं कर सकता है। इन पुलों की मरम्मत/पुनर्निर्माण के संबंध में समय–समय पर पंजाब प्राधिकरणों के | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | साथ–साथ राजस्थान प्राधिकरणों के साथ कई पत्राचार किए गए हैं, लेकिन उनकी ओर से अभी तक कोई परिणामध्प्रतिक्रिया नहीं हुई है। हरियाणा सरकार इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर पंजाब सरकार के साथ सर्वोच्च स्तर पर उठाएगी। | | |
| 185. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>XX वर्ष 2024–25 में गंभीर रूप से लवणीय और जल भराव वाली 62,000 एकड़ भूमि का सुधार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुझे आशा है कि हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा चिह्नित बेकार और जलभराव वाली भूमि का अगले तीन वर्शों में सुधार किया जाएगा और खेती के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। | | |
| 186. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>सरकार ने बिजली संयंत्रों, उद्योगों, सिंचाई और नगर पालिकाओं द्वारा गैर–पीने योग्य उद्देष्यों के लिए उपचारित अपषिश्ट जल का पुनः उपयोग करने की नीति बनाई है। अब तक 199.24 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एम.एल.डी.) उपचारित अपषिश्ट जल का उपयोग गैर–पीने के उद्देष्यों के लिए किया जा रहा है। यह उम्मीद की जाती है कि दिसम्बर 2025 तक, 900 मिलियन लीटर प्रति दिन (एम.एल.डी.) से अधिक उपचारित अपषिश्ट जल का पुनः उपयोग किया जाएगा और दिसंबर, 2028 तक सभी सीवरेज के मल जल का उपचार किया जाएगा तथा गैर–पीने के उद्देष्यों के लिए उपयोग किया जाएगा। बहुमूल्य पानी के पुनः उपयोग से मीठे पानी की बचत होगी। सरकार ने उपचारित अपषिश्ट जल के उपयोग के लिए टैरिफ अधिसूचित किया है और कुछ उपयोगकर्ताओं के लिए हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा इसका उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। | | |
| 187. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>माननीय अध्यक्ष महोदय! ब्रिटिश शासन के समय से ही किसानों को नहरी पानी की आपूर्ति पर आबियाना लगाया जाता रहा है। नहर के पानी पर निर्भर किसानों को राहत देने के उपाय के रूप में, मैं 1 अप्रैल, 2024 से आबियाना बंद करने का प्रस्ताव करता हूं। इससे 4299 गांवों के किसानों को लगभग 140 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ होने के साथ–साथ, 54 करोड़ रुपये की वार्षिक राहत मिलेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 188. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>गैर–मानसून अवधि के दौरान पश्चिमी जमुना नहर वाहक प्रणाली को आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए 6000 क्यूसिक की क्षमता का एक नया समानांतर पक्का चैनल (PLC) वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसके अलावा, 465 करोड़ रुपये के निवेश से संवर्धन नहर और समानांतर दिल्ली ब्रांच की क्षमता में वृद्धि करने का काम चल रहा है। | | |
| 189. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>माननीय अध्यक्ष महोदय! मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 17 फरवरी, 2024 को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से हरियाणा और राजस्थान के बीच यमुना नदी के मानसून अवधि के दौरान अतिरिक्त पानी के उपयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस अवधि में पानी का प्रवाह 24,000 क्यूसिक से अधिक हो जाता है। थोड़े समय के लिए उपलब्ध इस अतिरिक्त पानी को संग्रहित किया जाएगा और पानी की कमी | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | वाले जिलों–भिवानी, चरखी–दादरी व हिसार में सिंचाई के लिए पानी ले जाने के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा, राजस्थान में पानी ले जाने के लिए भी पाइपलाइन राजस्थान द्वारा बिछाई जाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि अतिरिक्त पानी को संग्रहीत किया जाए और कृषि व पीने के उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाए और साथ–साथ बाढ की संभावना भी कम हो जाएगी और “Each Drop, More Crop” इस नारे को सफल करेंगे।XX | | |
| 190. | बजट भाषण के दौरान माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया प्रश्नः–मुख्य मंत्री जी, हांसी बुटाना नहर का गेट खुलवा दो। सरकार ने पानी वहां दिया है। सरकार के पास बारिश के दिनों में सरप्ल पानी है। हमारे यहां पर इसी पानी का उपयोग दादुपुर नलवी नहर को खोदकर यूज किया जा सकता है इससे किसानों को बहुत फायदा होगा ? | 23.02.2024<br>अगर इसकी भी आवश्यकता पड़ी तो इसको भी कर लेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 191. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, गुरुग्राम और मेवात के क्षेत्र की जल समस्या के समाधान के लिए 2 परियोजनाएं बहुत लम्बे समय से लंबित थीं इनको हमने चालू कर दिया है। इनमें गुरुग्राम जलापूर्ति चैनल की रि—मॉडलिंग और मेवात फीडर पाइप लाइन परियोजना शामिल हैं। ये जिला नूंह, गुरुग्राम, मानेसर और बहादुरगढ़ शहरों तथा नए विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों— आई.एम.टी. मानेसर, सोहना, खरखौदा, बहादुरगढ़ और धारूहेड़ा के औद्योगिक क्षेत्र और पीने के पानी की समस्या को हल करने के लिए तथा आसपास के गांवों की वर्ष 2050 तक की पेयजल की मांग को पूरा करने के लिए बनाई गई हैं। इनकी मौजूदा क्षमता 175 क्यूसिक से बढ़ाकर 686 क्यूसिक की जाएगी। इन दो परियोजनाओं पर 3028 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है तथा यह कार्य अगस्त, 2024 तक शुरू होने की संभावना है। ग्ग आफताब जी, डी.पी.आर. बन गई। इसका टैंडर हो रहा है। | | |
| 192. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>यमुना नदी और उसकी सहायक नदियों पर अप—स्ट्रीम भंडारण बांधों को पूरा करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वर्ष 2023—24 के दौरान, सरकार ने रेणुका और लखवार व्यासी बांध के लिए राज्य के हिस्से के रूप में 173 करोड़ रुपये जमा करवाए हैं। | | |
| 193. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>XX मैं वर्ष 2024—25 में 2494 तालाबों के सुधार, नवीकरण और जीर्णोद्धार का प्रस्ताव करता हूं। | | |
| 194. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>सरकार रावी—ब्यास नदी प्रणाली के पानी में हरियाणा के वैध हिस्से का उपयोग करने के लिए सतलुज—यमुना लिंक नहर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। एस.वाई.एल. के निर्माण के लम्बे समय से लंबित मामले के समाधान के लिए पंजाब और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। इस प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए, मैं वर्ष 2024—25 के लिए 100 करोड़ रुपये के परिव्यय को जारी रखने का प्रस्ताव करता हूं। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 195. | तारांकित प्रश्न 55 के संदर्भ में श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया प्रश्न :– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सिरसा जिले तथा डबवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में घग्गर नदी से खरीफ चैनलों को बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है? | 26.02.2024<br>XXXX वर्तमान में सरकार द्वारा सिरसा जिले में घग्गर नदी से खरीफ चैनलों के निर्माण/विस्तार के आठ प्रस्ताव स्वीकृत हैं, जिनमें से एक प्रस्ताव डबवाली विधानसभा क्षेत्र में ''बुर्जी संख्या 79217 से 105117 तक (गांव चक फरीदपुर तक) जी.बी.एस.एम. लिंक चैनल का विस्तार'' से संबंधित है। इनमें से अधिकांश प्रस्ताव जमीन की कमी के कारण रुके हुए हैं क्योंकि किसान अपनी जमीन कलेक्टर दर पर बेचने के लिए ई–भूमि पोर्टल पर सहमति नहीं दे रहे हैं। प्रस्तावों पर अमल के लिए किसानों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। | | |
| 196. | अतारांकित प्रश्न 86 के संदर्भ में चौ. आफतब अहमद द्वारा पूछा गया प्रश्नः–XXXX सरकार द्वारा मेवात क्षेत्र को जलापूर्ति के लिए मेवात फीडर नहर तथा गुरुग्राम जल सेवाएं नहर की परियोजना के वर्तमान कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है;<br>(ख) क्या सरकार द्वारा मेवात फीडर नहर तथा गुरुग्राम जल सेवाएं नहर की परियोजना के कार्य को पूरा करने के लिए समय अवधि निर्धारित की गई हैय यदि हां, तो मेवात क्षेत्र के लिए जल आपूर्ति कब तक किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ग) उक्त परियोजना के कार्य को पूरा करने के बाद मेवात क्षेत्र के लिए पानी की कितनी मात्रा उपलब्ध कराए जाने की संभावना है? | 26.02.2024<br>(क) इंजीनियरिंग प्रोक्योरमैंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर गुरुग्राम जल आपूर्ति चैनल (जीडब्ल्यूएस) की बुर्जी संख्या 0 से 69.585 तक रीमॉडलिंग के लिए तकनीकी सहायता और निविदा प्रबंधन के लिए 29.01.2022 को वैपकोस लिमिटेड को अनुबन्धित किया गया। वैपकोस लिमिटेड द्वारा 17.11.2023 को परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गई है और इसका तकनीकी मूल्यांकन किया जा रहा है। मेवात फीडर पाइपलाईन परियोजना जोकि के0एम0पी0 एक्सप्रेस के साथ गुरुग्राम जल आपूर्ति चैनल की बुर्जी संख्या 50.500 किमी बादली झज्जर के पास से निकलती है जिसकी तकनीकी सहायता और निविदा प्रबंधन के लिए 03.06.2022 को वैपकोस लिमिटेड को अनुबन्धित किया गया और इसका तकनीकी मूल्यांकन किया जा रहा है।<br>(ख) इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई समयावधि निर्धारित नहीं की गई है। लेकिन गुरुग्राम जल आपूर्ति चैनल (जीडब्ल्यूएस) की बुर्जी संख्या 0 से 69.585 तक दिसंबर 2026 तक रीमॉडलिंग और मार्च 2027 तक मेवात फीडर पाइपलाईन परियोजना का निर्माण पूरा करने का प्रस्ताव है।<br>(ग) वर्ष 2027 में मेवात फीडर पाइपलाईन परियोजना के पूरा होने पर 40.42 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जाएगा और अंततः मेवात क्षेत्र की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को वर्ष 2050 में 71.47 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 28.02.2024 | | |
| 197. | श्रीमती किरण चौधरी, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकि प्रश्न संख्या 92: क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः– <br> (क) क्या यह तथ्य है कि सरकार वन एवं सिचाई विभाग के बीच टकराव के कारण बिडोला माइनर के पुनर्निर्माण के कार्य का निष्पादन करने में विफल रही हैय <br> (ख) क्या यह भी तथ्य है कि गांव पटौदी खुर्द, बादलवाला तथा बिडोला के लोगों को पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा हैय तथा <br> (ग) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा बिडोला माइनर के पुनर्निर्माण की ठोस योजना क्या है, जोकि पिछले 2 वर्ष से अब तक लम्बित पड़ी है ? | (क) ***** <br> (ख) ***** <br> (ग) श्रीमान जी, नहर के हैड रीच के जलमार्ग, किनारे, डौवेल और सर्विस रोड पर पेड़ उग आए हैं और पुनर्वास कार्य के लिए निर्माण सामग्री और मशीनरी आदि को स्थानांतरित करने के लिए सर्विस रोड पर कोई काम करने की जगह नहीं है। तदनुसार, 0.892 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्ज़न के मामले को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 31.10.2023 को मंजूरी दे दी गई थी। इसके अलावा, चरण–II की स्वीकृति हेतु 1,82,99,832/– रुपये के भुगतान का मामला प्रकियाधीन है। यह कार्य 31.05.2024 तक फिर से शुरू किया जाएगा और 30.09.2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। | | |

324

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 28.02.2024 | | |
| 198. | तारांकित प्रश्न संख्या 94 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि सन् 1952 से लेकर आज तक बहुत सी सरकारें आयी हैं और बहुत सी सरकारें गयी हैं। लेकिन उन पट्टेदारों को मालिकाना हक दिलाने के लिए किसी ने कोई दायित्व नहीं निभाया है और न ही किसी ने कोई आश्वासन नहीं दिया। यह पहली ऐसी सरकार है जिसने इसके लिए आश्वासन दिया है। चूंकि वहां पर काम करते हुए उनकी तीन पीढियां चली गयी और अब चौथी पीढ़ी आ गयी है। जिसके पास फालतू जमीन है या जो खुद काश्त नहीं करता है, उनके लिए कमेटी बनाने का आश्वासन मिला था। इसके लिए कमेटी बना भी दी गयी है। इस कमेटी को बनाये हुए 7 महीने का टाईम भी हो चुकी है। इस कमेटी ने एक मीटिंग भी कर ली है। यह अच्छी बात है लेकिन यह भी बताएं कि उसको लागू कब करेंगे और उस कमेटी के अन्दर क्या रखा गया है? ये जितने भी पट्टेदार हैं उनके पास न तो कोई रोजगार है और न ही कोई धन्धा है। इसके सिवाय वे इस आस पर और कुछ कर भी नहीं सकते। इसमें वे कोई लोन नहीं ले सकते और कोई | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने क्वैश्चन किया है और मैं इसके संबंध में बताना चाहूंगा कि इसमें माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में कमेटी बनी थी और उसकी पहली मीटिंग दिनांक 13.02.2024 को हुई थी। इसकी मीटिंग में प्रस्ताव किया गया है और उसको एग्जॉमिन करने के लिए रेवैन्यू और पंचायत विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इस संबंध में एक मीटिंग कल माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुई है। ये वो लोग थे जिनको सन् 1952 से लेकर सन् 1961 तक 20 साल और 7 साल के पट्टे पर संबंधित जमीनें दी गयी थी और उसको उपजाऊ भूमि बनाकर उस पर खेती करें। इसमें एक्स मिलिट्रीमैन और पार्टिशन के बाद जिन लोगों को स्थापित करना था, उन लोगों को संबंधित जमीनें पट्टे पर मिली थी। अब इसकी मीटिंग हुई है और पॉजीटिव माहौल में मीटिंग हुई है। इस पर सरकार आगे वाले दिनों में कम समय में ही सहानूभूतिपूर्वक विचार कर लेगी और इसका आने वाली कैबिनेट में लाकर हल किया जाएगा। | | |

325

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| ग्रान्ट नहीं ले सकते। वे मकान नहीं बना सकते और कोई नक्शा नहीं ले सकते। वे किसी बैंक में लोन के लिए नहीं जा सकते। उनकी इस दशा को देखते हुए मैंने यह प्रश्न इसीलिए किया था कि इसके लिए कोई टाईम लिमिट फिक्स करें। दूसरी बात यह है कि इसमें संबंधित कमेटी ने क्या उत्तर दिया है और क्या कुछ मीटिंग्ज हुई हैं? हमें इसका विवरण दिया जाए? मेरी आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह मांग है। | | | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**POWER DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 14.03.2022. | | |
| 199. | वर्ष 2022–23 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX मेरा सरकार से अनुरोध है कि जो किसान ढाणी में रहता है उससे अगर आर.डी. फीडर दो एकड़ की दूरी पर है और वह उससे अपना बिजली का कनैक्शन लेना चाहता है उसका खर्च भी वह स्वयं वहन करना चाहता है तो सरकार को पहले वाली पॉलिसी को वापिस ले लेना चाहिए कि जो सबसे ज्यादा पास का फीडर है उससे उसको बिजली का कनैक्शन दिया जायेगा। यह किसान की इच्छा पर छोड़ दिया जाये। | XX डिप्टी स्पीकर सर, इस सम्बन्ध में मेरा यह कहना है कि हमने ढाणियों की बिजली की समस्या के समाधान के लिए पी.ए.टी. ट्रांसफॉर्मर दिये हैं। इसके अलावा भी अगर माननीय सदस्य की कोई समस्या होगी उसके बारे में मुझे बता दिया जाये। इनकी समस्या का तुरंत प्रभाव से समाधान करवाने का प्रयास किया जायेगा। | धानीज को बिजली कनेक्शन देने की नीति मौजूद है। प्रचलित नीति के अनुसार लालडोरा के 1 किमी के भीतर आने वाली ढाणियों के कनेक्शन डीएचबीवीएन द्वारा निकटतम फीडर अर्थात आरडीएस या एपी से प्रदान किए जा रहे हैं। यदि एपी ने आरडीएस अनुसूची (8 घंटे तीन फेज और 8 घंटे एकल फेज) के बराबर है। जो धानी आरडीएस फीडर से जुड़ी हैं, उन्हें आरडीएस शेड्यूल के बराबर बिजली की आपूर्ति हो रही है।<br>एपी फीडरों पर पड़ने वाली ढाणियों की स्थिति निम्नानुसार हैः | The Committee would like to know the latest position in this regard (18-10-2023) |

| क्र. सं. | सर्किल | एपी फीडर की जिस पर डेरा ढाणियां चल रही हैं | फीडरों पर गिरने वाली धनियों की कुल संख्या | स्थापित पीएटी ट्रांसफार्मर की संख्या | कवर किए गए धनियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फरीदाबाद | 16 | 55 | 4 | 18 |
| 2 | पलवल | 16 | 79 | 16 | 79 |
| 3 | गुरुग्राम –1 | 43 | 744 | 19 | 461 |
| 4 | गुरुग्राम–2 | 25 | 200 | 11 | 36 |
| 5 | नारनौल | 203 | 4205 | 195 | 4163 |
| 6 | रेवाड़ी | 121 | 3099 | 92 | 2952 |
| 7 | भिवानी | 305 | 10784 | 277 | 9742 |
| 8 | हिसार | 116 | 7440 | 104 | 7161 |
| 9 | फतेहाबाद | 239 | 9259 | 206 | 9015 |
| 10 | सिरसा | 425 | 9856 | 310 | 8167 |
| 11 | जींद | 64 | 1536 | 49 | 1479 |
| | **DHBVN** | 1573 | 47257 | 1283 | 43273 |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 15.03.2022. | | |
| 200. | श्री मोहन लाल बडौली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1725 क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि गांव नांगल, ओमेक्स सिटी, कामसपुर तथा फाजिलपुर में टी.डी.आई. के आवासीय योजना में ई.डब्लयू.एस फ्लैटों के निवासियों को सरकार द्वारा बिजली कुनैक्शन अब तक नही दिए गए; यदि हां, तो उसके क्या कारण है तथा उपरोक्त निवासियों को बिजली कुनैक्शन कब तक दिए जाने की संभावना है ? | XX एक अंतरिम उपाय के रूप में यह निर्णय लिया गया है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को विद्युतीकरण के उद्देश्य से अलग योजना/इकाई के रूप में अधिसूचित करेगा और अलग बिजली बुनियादी ढांचे का निर्माण हाउसिंग बोर्ड हरियाणा द्वारा किया जाएगा। हाउसिंग बोर्ड द्वारा किये गये ऐसे खर्च की वसूली टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा कॉलोनाईजरों से की जायेगी। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने अपने आदेश दिनांक 12.03.2022 के तहत विद्युतीकरण के उद्देश्य के लिए एक अलग इकाई के रूप में हाउसिंग | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | बोर्ड को ट्रांसफर किए गए ईडब्ल्यूएस प्लॉटों को अधिसूचित किया है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा बिजली बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के बाद, यूएचबीवीएन द्वारा ईडब्ल्यूएस प्लॉट धारकों को व्यक्तिगत रूप से कनैक्शन जारी किए जाएंगे। XX हम उनके इंफ्रास्ट्रैक्चर को बना रहे हैं और इंफ्रास्ट्रैक्चर बनाते ही जल्दी ही उन सभी को बिजली कनैक्शन दे दिये जाएंगे। | | |
| 201. | वर्ष 2022—23 के लिए बजट अनुमानों पर चर्चा के दौरान श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा उठायी गयी मांगः— मैं बिजली विभाग के संबंध में कहना चाहूंगा कि सोनीपत में ट्रांसफार्मर्ज की समस्या है इसलिए इस बजट में नये ट्रांसफार्मर्ज को बदलने के लिए भी आवश्यक धनराशि का प्रावधान भी होना चाहिए। मैं बिजली मंत्री जी से भी निवेदन करूंगा कि सोनीपत में जहां—जहां नये ट्रांसफार्मर्ज की जरूरत है वहां—वहां नये ट्रांसफार्मर्ज लगवाने का काम करें। | 15.03.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, सोनीपत में जहां ट्रांसफार्मर्ज बदलने होंगे, उनको हम बदलवा देंगे। | | |
| 202. | श्री मोहन लाल बडोली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1787 क्या बिजली मन्त्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) क्या राई विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव खुर्मपुर, बाहरा, बकीपुर, मनोली, दहीसरा, गढ़ मिरकपुर, जाजल और पालड़ी—पालड़ा में बिजली घरों के स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त बिजली घरों के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ? | 21.03.2022.<br>(क) और (ख) हां श्रीमान, गांव पलड़ी में 1ग10 एमवीए और मनोली में 2X10 एमवीए के साथ 33 केवी के दो सब स्टेशन स्वीकृत किए गए हैं। पालड़ी और मनोली में प्रस्तावित नए 33 केवी सब स्टेशन वित्त वर्ष 2023—24 में चालू होने संभावित हैं। | | |
| 203. | श्री मामन खान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 45 क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) नूंह जिले में जगमग योजना के अर्न्तगत लंबित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;<br>(ख) उन गांवों का ब्यौरा क्या है जहां जगमग योजना कार्य पूरा हो गया है तथा फिरोपुर झिरका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में | 10.08.2022.<br>श्रीमान जी,<br>(क) जिला नूंह में 'म्हारा गांव जगमग गांव' योजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है —<br>जिला नूंह में 58 घरेलु फीडर हैं जिनमें 441 गांव हैं।<br>34 फीडरों पर आने वाले 263 गांवों का कार्य पूरा हो चुका है। 19 फीडर ऐसे हैं जिनमें 152 गांवों में काम चल रहा है। 14 फीडरों पर आने वाले 101 गांवों का कार्य प्रगति पर है। 5 फीडरों पर आने | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | अभी तक लंबित फीडरों की संख्या कितनी है ?<br>तारांकित प्रश्न संख्या 45 के संदर्भ में श्री मामन खान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जिन गांवों में 'म्हारा गांव, जगमग गांव योजना' के तहत पूरा काम हो चुका है, उन गांवों में कब तक 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो जाएगी और संबंधित ढाणियों को कब तक 'म्हारा गांव, जगमग गांव योजना, के तहत जोड़ा जाएगा ? | वाले 51 गांवों का कार्य ठेकेदार को दिनांक 24.05.2022 को आबंटित किया जा चुका है। शेष 5 फीडरों पर आने वाले 26 गांवों के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। यह पूरा कार्य चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पूरा हो जाने की संभावना है।<br>(ख) फिरोजपुर झिरका निर्वाचन क्षेत्र में 'म्हारा गांव जगमग गांव' योजना की स्थिति निम्नानुसार है –<br>माननीय सदस्य के अपने निर्वाचन क्षेत्र में 20 ग्रामीण घरेलु फीडर हैं जिन पर 161 गांव हैं। 7 फीडरों पर आने वाले 53 गांवों का कार्य पूरा हो चुका है। 8 फीडर ऐसे हैं जिन पर 82 गांवों में काम चल रहा है। 4 फीडरों पर आने 36 गांवों का कार्य प्रगति पर है। 4 फीडरों पर आने वाले 46 गांवों का कार्य ठेकेदार को दिनांक 24.05.2022 को आबंटित किया जा चुका है। शेष 5 फीडरों पर आने वाले 26 गांवों के लिए | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | निविदा प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। यह पूरा कार्य चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पूरा हो जाने की संभावना है। XX अगर कहीं पर घरों के बाहर मीटर नहीं लगाने देते हैं तो वहां पर संबंधित योजना लागू नहीं हो पा रही है। वहां पर इस तरीके का काम हो सकता है, लेकिन फिर भी माननीय सदस्य कोई सुझाव देना चाहते हैं तो उसके बारे में बता दें। हम उस पर विचार करेंगे। | | |
| | | 10.08.2022. | | |
| 204. | श्री राकेश दोलताबाद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 89 क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 2016 में र्स्माट ग्रीड प्रोजेक्ट गुरूग्राम में लागू किया गया था तथा जिसकी जून, 2019 की समय सीमा थी, अभी भी अधूरा है;<br>(ख) यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किये जाने की संभावना है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; | (क) हां श्रीमान जी, कार्यक्रम के अनुसार स्मार्ट ग्रिड परियोजना, गुरुगाम को 2019 के दौरान पूरा किया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी/अपरिहार्य कारणों से परियोजना को पूरा नहीं किया जा सका।<br>(ख) परियोजना पर कार्य प्रगति पर है और इसके 30–06–2023 तक पूरा हो जाने की संभावना है।<br>(ग) XX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ग) गुरूग्राम में कुल फीडर लगाने तथा संचालन करने का ब्यौरा क्या है तथा फीडर का सैक्टर–वार ब्यौरा क्या है;<br>(घ) गुरूग्राम जिलें में लगाए कुल स्मार्ट मीटरों का ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ङ) गुरूग्राम जिलें में उपरोक्त कार्यों के लिए स्वीकृत तथा व्यय की गई कुल निधियां कितनी है तथा बजट की प्रति दी जाए? | | | |
| 205. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 20.02.2023<br>मेरी सरकार यमुनानगर में 5,352 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 800 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल एक्सपेंशन यूनिट स्थापित कर रही है। | | |
| 206. | तारांकित प्रश्न संख्या 28 के संदर्भ में माननीय अध्यक्ष द्वारा दिया गया सुझाव–<br>माननीय मंत्री जी, आप गाइडलाइंस की बजाय ऐसी पोलिसी बनाइये कि अगर वह मैटीरियल रियूज हो सकता है तो उसे रियूज करें। | 22.02.2023.<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात कही है वह कोई हरियाणा स्पैसिफिक बात नहीं है। पूरे देश में जो हमारी पावर युटिलिटी कॉरपोरेशंज हैं उनके एक्ट्स 1800 की सदी में ब्रिटिश राज से बने हुए हैं। माननीय सदस्य ने जो कहा कि उपभोक्ता इससे पीड़ित हैं तो इस पर मेरा कहना है कि पावर डिपार्टमैंट अन्य स्टेट्स का एक बार मंथन करवा लेगा। इसके लिए हम एक कमेटी बना देते हैं। उस कमेटी की जो रिक्मैंडेशंज होंगी इन फ्यूचर हम उनको असैप्ट करेंगे। | | |
| 207. | श्री इन्दु राज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 74 : अध्यक्ष महोदय, क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) पूरी गोहाना तहसील में निजी कम्पनियों की संख्या कितनी है जिन्हें कृषि के लिए नए कनैक्शनों के ट्रांसफार्मर बदलने के लिए ठेके दिए गए हैं जब वे खराब हों तथा उन कम्पनियों के नाम क्या हैं;<br>(ख) क्या किसानों के खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है; तथा<br>(ग) उक्त कम्पनियों द्वारा बदले गए ट्रांसफार्मरों की संख्या कितनी है तथा उन ट्रांसफार्मरों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी तक नहीं बदला गया तथा इसके कारण क्या हैं तथा इन ट्रांसफार्मरों के कब तक बदलने की संभावना है ? | 20.03.2023<br>(क) XX<br>(ख) XX<br>(ग) फर्म ने 423 ट्रांसफार्मरों को बदल दिया है तथा शेष 44 ट्रांसफार्मरों को फर्म द्वारा 30.04.2023 तक या इससे पहले बदल दिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21.03.2023 | | |
| 208. | शून्यकाल में विभिन्न मामलों/मांगों के संदर्भ में श्री इंदुराज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः<br>*** अध्यक्ष महोदय, सदन में माननीय बिजली मंत्री जी भी बैठे हैं। मैं सदन के माध्यम से उनके संज्ञान में भी लाना चाहूंगा कि किसान के खेत का जो बिजली का कनेक्शन होता है, यदि वहां पर एक ट्रांसफार्मर जल जाता है तो उस ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए ठेकेदार को 45 दिन के टाइम की छूट दे रखी है और इस बात को माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में भी कहा है। यह आन रिकार्ड की बात है। जब सरकार 45 दिन की बात करेगी तो ठेकेदार तो ट्रांसफार्मर को बदलने में एक साल का समय लगा देगा। अतः सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इसके लिए एक हफ्ते का टाइम देने का काम किया जाये। | अध्यक्ष महोदय, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हमारे स्टोर में ट्रांसफार्मर होते हैं और ट्रांसफर जलने की अवस्था में इनको तुरंत रिप्लेस कर देते हैं। ठेकेदार से हम बाद में लेते रहते हैं लेकिन जमींदार को परेशानी नहीं आने देते। माननीय सदस्य की यह सूचना ठीक नहीं है। अगर उन्हें कोई दिक्कत है तो मेरे से मिल भी सकते है। निःसंदेह उनकी समस्या का समाधान कराने का काम किया जायेगा। | | |
| | | 22.03.2023 | | |
| 209. | तारांकित प्रश्न संख्या 110 के सन्दर्भ में श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने बताया कि 15 मार्च, 2023 तक 80428 ट्यूबवैल कनैक्शंज पैंडिंग हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा यह कहना है कि यह बहुत अधिक संख्या है। बहुत से सालों से ये ट्यूबवैल कनैक्शंज लम्बित हैं। XX सर, खेत थोड़े से समय के लिए खाली होता है। उसी समय में खम्बे लगाए जाते हैं, उसी समय में तारें लगाई जाती हैं। अब क्योंकि एक ही कम्पनी है तो वह काम कर ही नहीं पा रही है। इसमें हरियाणा प्रदेश के किसान का क्या कसूर है कि उसको समय से ट्यूबवैल कनैक्शन नहीं दिये जा रहे हैं। | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा है उतने ट्यूबवैल कनैक्शन पैंडिंग नहीं हैं। जो ट्यूबवैल कनैक्शंज पैंडिंग थे वे लगभग सारे दे दिये गये हैं। मैं उनको बताना चाहता हूं कि टोटल लगभग 76000 ट्यूबवैल कनैक्शंज थे जिनमें से अभी 4722 ट्यूबवैल कनैक्शंज पैंडिंग हैं। इसमें अगर प्रतिशत्ता के हिसाब से देखें तो केवल साढ़े पांच प्रतिशत बनते हैं और साढ़े पांच प्रतिशत ट्यूबवैल कनैक्शंज न लगने का जो कारण था वह यह था कि कई जगह तो लोगों ने मैटीरियल की लागत की राशि जमा नहीं करवाई थी। कई जगह पोल लगाने के मामले में आपस में झगड़ा था, कई जगह फसल खड़ी थी तो किसान ने कहा कि मेरी फसल कट लेने दें उसके बाद कनैक्शन कर देना और कई जगह रास्ते नहीं मिल रहे थे। इस तरह से साढ़े पांच प्रतिशत ट्यूबवैल कनैक्शंज ऐसे हैं जो पैंडिंग हैं। इसमें माननीय सदस्य की इंफर्मेशन गलत है। अभी जो ट्यूबवैल कनैक्शंज पैंडिंग हैं उनको हम 30 अप्रैल तक कम्पलीट कर देंगे। XX<br>XX वर्ष 2018 तक जिन्होंने इस संबंध में एप्लाई कर रखे थे उसमें 4400 कनैक्शन | | |

336

337

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | बाकी हैं, केवल उनके लिये कहा गया है कि वो कनैक्शन तुरंत दे देंगे। वर्ष 2023—24 में जो उससे अगले टयूबवैल्ज कनैक्शंज हैं उनके डिमाण्ड नोट इन कंडीशन को पूरा करेंगे, उनके अगले साल में डिमाण्ड नोट जारी कर दिये जायेंगे। डिमाण्ड नोट जारी करने का मतलब यह होता है जैसे—जैसे हमारे पास पानी की और सब्सिडी देने की अवेलेबिलिटी होगी उसी हिसाब से डिमाण्ड नोट जारी करेंगे। अध्यक्ष महोदय, अभी जो 4400 पैंडिंग कनैक्शंज हैं वे तुरंत जारी कर दिये जायेंगे। | | |
| | | 22.03.2023 | | |
| 210. | सदन में कागज पत्र रखने के सन्दर्भ में श्री वरुण चौधरी द्वारा उठाया गया प्रश्नः— नेवा पोर्टल के माध्यम से जो पेपर ले हुए हैं, उनकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित कराते हुए कहना चाहता हूं कि सीरियल नम्बर 5.3 पर हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन की कुछ अमैंडमैंट्स रेगुलेशन में आयी हैं। इसमें इलैक्ट्रिसिटी एक्ट में प्रावधान है कि जो भी रेगुलेशंज बनेंगे, पहले उसकी गवर्नमैंट से एप्रूवल लेनी पड़ेगी। यहां पर आर.टी.आई. के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा हरियाणा सरकार से एप्रूवल ली ही नहीं गयी। इससे पहले के जो रेगुलेशंज थे जोकि दिनांक 26.12.2022 को इसी सदन में ले हुए थे। उसके अन्दर साफ लिखा गया था कि— "विद्युत नियम, 2003 की धारा 91 के अनुसार राज्य सरकार के अनुमोदन द्वारा अपने कर्मचारियों की सेवा शर्तों तथा नियमों के संबंध में अपने नियम बनाने के लिए सशक्त करने का अधिकार आयोग को दिया गया है।" लेकिन इस बार इसको बदलकर जो रेगुलेशंज बनाये गये और अब जो उस रेगुलेशंज की अमैंडमैंट आयी है। इसके अन्दर सरकार की एप्रूवल लिये बिना ही इनको विधान सभा में ले कर दिया गया। अध्यक्ष महोदय, मैं इस पर चाहूंगा कि इसकी जांच करवाई जाए और जो दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। | यह विषय अभी आया है। इसकी जानकारी लेकर जांच करवाई जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 25.08.2023 | | |
| 211. | तारांकित प्रश्न संख्या 5 के संदर्भ में श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, किसानों ने जो सोलर पम्प लगा रखे हैं वह मजबूरीवश अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिये या फिर खुद पानी पीने के लिये लगाये थे, क्योंकि बाढड़ा क्षेत्र में पीने का पानी नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय व माननीय बिजली मंत्री जी से बार–बार अनुरोध करती हूं कि हमारे क्षेत्र के किसानों को बिजली ट्यूबवैल कनैक्शन देने का काम करे। वर्ष 2018 में पूरे दादरी जिले के लगभग 400 किसानों ने ट्यूबवैल कनैक्शन के लिये जिन्होंने अपनी फीस किंही कारणों से जमा नहीं करवाई, सरकार को उन्हें एक मौका दोबारा से देना चाहिये ताकि वे अपनी फीस जमा करवा कर दोबारा ट्यूबवैल कनैक्शन ले सके। अध्यक्ष महोदय, माननीय बिजली | मैं माननीय सदस्या को बता देता हूं कि सोलर इतना ज्यादा पॉपुलर है कि जब हम दो घंटे के लिये भी पोर्टल खोलते हैं तो हमारे पास कनैक्शन के लिये ज्यादा से ज्यादा आवेदन आते हैं और बिजली वाले कनैक्शन के आवेदन कम आते हैं । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को पिछले एक साल का रिकॉर्ड बता देता हूं कि हमें 61158 आवेदन आये थे जिनमें सोलर सिस्टम के 33810 आवेदन हैं और बिजली के कनैक्शन के लिये लगभग 27 हजार आवेदन हैं । स्पीकर सर, 33810 सोलर सिस्टम के कनैक्शन हम 6 महीने के अंदर दे देंगे और जो 27 हजार ट्यूबवैल कनैक्शन की डिमाण्ड वर्ष 2019 से 2021 तक दो साल के पीरियड में आई है उनको कनैक्शन देने में लगभग 1 साल का समय लग जायेगा । नये कनैक्शन बिल्कुल भी नहीं दिये जो रहे हैं जो ट्यूबवैल कनैक्शन दिये जो रहे हैं उनके ऊपर माइक्रो इरीगेशन की कंडीशन लगा दी है । | | |
| | मंत्री जी मेरे पितातुल्य हैं क्योंकि रिश्ते में मेरे चाचा जी लगते हैं, इसलिए हमारे बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र के किसानों पर रहम करते हुए बिजली से चलने वाले ट्यूबवैल कनैक्शन देने की कृपा करे क्योंकि बाढड़ा क्षेत्र के किसानों का सोलर पम्प से काम चलने वाला नहीं है। वहां पर सोलर पम्प चल ही नहीं रहे हैं क्योंकि पत्थर वगैरह आ जाते हैं। इस प्रकार से उन ट्यूबवैल कनैक्शन का फायदा ही क्या है जो किसी के काम नहीं आ रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, किसान ट्यूबवैल कनैक्शन के लिये 5 सालों से इंतजार कर रहे हैं। जब उनकी ट्यूबवैल कनैक्शन लेने की बारी आई तो बिजली विभाग ने कंडीशन लगा दी। पानी नहीं मिलने पर लोग कहीं ना कहीं तो मजबूरीवश सोलर सिस्टम लगायेंगे ही। चाहे उन्होंने अपने पशुओं के लिये लगाया हो या फिर खुद के पानी पीने के लिये लगाया हो। माननीय बिजली मंत्री जी बिजली विभाग की यह कंडीशन हटाकर हमें बिजली से चलने वाले ट्यूबवैल कनैक्शन देने का काम करे। *** | *** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने जो कहा है वे इस संबंध में अपने कागजात मेरे पास भिजवा दें उनको एग्जामिन करके यदि वे हमारे पैरामीटर्ज में आयेंगे तो हम जरूर कंसीडर करेंगे । | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | अध्यक्ष महोदय, जो वर्ष 2018 तक जितने भी ट्यूबवैल कनैक्शन के आवेदन आये हुए हैं उनको बिजली से चलने वाले ट्यूबवैल कनैक्शन दे दीजिए । | | | |
| 212. | डॉ0 कृष्ण लाल मिढढा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 22—क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) ***<br>(ख) ***<br>(ग) क्या यह तथ्य है कि गांव अमरहेड़ी जग—मग योजना के अंतर्गत है; यदि हां, तो उक्त गांव में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति न किए जाने के कारण क्या है? | 25.08.2023<br>(क) ***<br>(ख) ***<br>(ग) हां, गांव अमरहेड़ी को म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत शामिल किया गया है। 11 के.वी. अमरहेड़ी आर.डी.एस. फीडर से कुल तीन गांव अहिरका, अमरहेड़ी और कैर खेड़ी जुड़े हैं। इन तीन गांवों में से, अहिरका और अमरहेड़ी दो गांवों में जगमग योजना का कार्य म्हारा गांव जगमग गांव योजना के दिशा—निर्देशों के अनुसार पूरा हो चुका है। लेकिन एक गांव कैर खेड़ी का कार्य उपभोक्ताओं के परिसरों से बाहर मीटरों को स्थानांतरित करने की समस्याओं के कारण लंबित है। | | |
| | | म्हारा गांव जगमग गांव योजना के दिशा—निर्देशों के अनुसार जब कैर खेड़ी गांव का कार्य पूरा हो जाएगा और टी एंड डी घाटा 20 प्रतिशत तक या उससे कम हो जाएगा, तो योजना के प्रावधान के अनुसार 11 के.वी. अमरहेड़ी आर.डी. एस. फीडर/अमरहेड़ी गांव को 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाएगी। | | |
| 213. | श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 32 क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा विधानसभा के सत्र में ऊर्जा मंत्री द्वारा घोषित उपभोक्ताओं से उनके प्लॉटों/घरों/कृषि भूमि से विद्युत लाइन बदलने के लिए शुल्क लेने की नीति की समीक्षा के क्या परिणाम निकले? | 25.08.2023<br>श्रीमान जी, यूएचबीवीएन ने बिक्री परिपत्र संख्या यू—19९2023 के तहत बिजली के खंभों और लाइनों को शिफ्ट करने के लिए एक मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार और अधिसूचित की है। यह एसओपी 11 केवी तक के बिजली के खंभों और लाइनों को शिफ्ट करने के लिए एकसमान प्रक्रिया स्थापित करती है। लाभार्थियों ऐसी शिफ्टिंग के लिए डिस्कामस के पास ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं और इसकी अनुमानित लागत का आधार भी एसओपी में सूचित किया गया है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 214. | श्री मामन खान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 42 :–<br>क्या उर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) जिला नूंह में 1 अप्रैल, 2019 से आज तक सरकार द्वारा पकड़े गए बिजली चोरी के मामलों की निर्वाचन क्षेत्र वार संख्या ध्यौरा क्या है;<br>(ख)(ग) ***<br>(घ) जिला नूंह के ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों से उपरोक्त चोरी के मामलों में पृथक– पृथक कितनी राशि एकत्रित की गई है; तथा<br>(ड) क्या सरकार एकत्रित राशि को वापिस करेगी जिसकी गलत गणना उपरोक्त एल.एल.–1 जांच रिपोर्टों तथा परिकलन पत्रकों में की गई है; यदि हां, तो उक्त राशि के कब तक वापस किए जाने की संभावना है; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ? | 29.08.2023<br>श्रीमान जी,<br>(क) जिला नूंह के नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, हथीन और सोहना निर्वाचन क्षेत्रों में 1 अप्रैल, 2019 से 31 जुलाई, 2023 तक पकड़े गए चोरी के मामलों की संख्या क्रमशः 2799, 3535, 4182, 23 (जिला नूंह में आंशिक क्षेत्र होने के कारण) और 2177 है ।<br>(ख) (ग) ***<br>(घ) जिला नूंह के ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र से क्रमशरू 895.59 लाख रुपये और 413.24 लाख रुपये की राशि एकत्र की गई है।<br>(ड) जहां भी गणना शीट में विसंगतियां पाई जाएंगी, तो राशि वापिस कर दी जाएगी। इसके अलावा यदि प्रभावित उपभोक्ताध व्यक्ति से इस संबंध में कोई अभ्या।वेदन प्राप्त होता है, तो जांच के बाद इसी तरह के कार्रवाई की जाएगी। यह कार्य छह महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। | | 344 |
| 215. | श्रीमती रेणु बाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 58ः–<br>क्या उर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2019 से 2021 तक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा किसानों को डिमांड नोटिस जारी किया गया है जिसके परिणाम–स्वरूप किसानों द्वारा विभाग को 30–30 हजार रूपये जमा करवाए गए हैं परन्तु किसानों को अब तक ट्यूबवैल के कनैक्शन जारी नहीं किये गएय तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त ट्यूबवैल कनैक्शन कब तक जारी किये जाने की संभावना है? | 29.08.2023.<br>(क) हाँ, श्रीमान जी। सरकार की स्वीकृति के अनुसार, यूएचबीवीएन ने 01.01.2019 से 31.12.2021 के दौरान ट्यूबवैल कनैक्शन के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को डिमांड नोटिस जारी करने के लिए फील्ड कार्यालयों को बिक्री परिपत्र संख्या यू–06/2023 दिनांक 25.05.2023 से दिशा–निर्देश जारी किए है। जारी किए गए 11119 डिमांड नोटिसों में से, 5634 आवेदकों ने 10.08.2023 तक 30,000/– रुपये की सहमति राशि जमा करवा दी है। 5634 आवेदकों में से जिन्होंने 30,000/– रुपये की सहमति राशि जमा करवा दी है 19 आवेदकों ने बुनियादी ढांचे की पूरी लागत जमा करवा दी है।<br>(ख) नए ट्यूबवैल कनैक्शन गांव–वार वरिष्ठता के आधार पर डिमांड नोटिस का जवाब देने वाले आवेदकों को जारी किए जाएंगे, जैसे ही वे बिजली के बुनियादी ढांचे की लागत जमा कर देंगे तथा अन्य नियम और शर्तों जैसे कि 3 स्टार रेटिड मोटर पंपसेट और सूक्ष्म सिंचाई/यूजीपीएल प्रणाली की स्थापना को पूरा करेंगे, | | 345 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | यूएचबीवीएन जल्द ही इन ट्यूबवैल कनैक्शनों को देने के लिए एनआईटी जारी करने जा रहा है। सभी ट्यूबवैल कनैक्शन मार्च, 2024 तक दिए जाने संभावित है। | | |
| 216. | श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 97:— क्या उर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:— (क) क्या यह तथ्य है कि सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव सिंहपुरा, गांगोली तथा बागरू खुर्द में बीपीएल कॉलोनियों के लोग अपने खर्चे पर केबल/तारें लगवाकर बहुत दूर से बिजली ले रहे हैं; (ख) यदि हां, तो क्या उक्त कॉलोनियों में खंभे लगाकर बिजली आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त कार्य कब तक किए जाने की संभावना है? | 29.08.2023<br>(क) (1) सिंहपुरा की बी.पी.एल. कॉलोनी में कनेक्शन लंबी पी.वी.सी. केबल के माध्यम से जारी कर दिए गए हैं। अब इस कॉलोनी में म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत बिजली का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने की योजना है।<br>(2) गांव गांगोली की बी.पी.एल. कॉलोनी में खंभे लगाकर दो बिजली कनेक्शन दिए गए हैं।<br>(3) बागरू खुर्द की बी.पी.एल. कॉलोनी में बिजली कनेक्शन के लिए 24.08.2023 तक कोई आवेदन नहीं किया गया है।<br>(ख) इन कॉलोनियों में बिजली का बुनियादी ढांचा उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। | | |
| 217. | श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 114:— क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि कनीना खंड के गांव बाघोत तथा अटेली नांगल खंड के गांव कटकई तथा नीरपुर राजपूत में प्रस्तावित नए पावर सब स्टेशनों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है? | 29.08.2023<br>हां श्रीमान जी, अटेली नांगल ब्लॉक के गांव कटकई और नीरपुर राजपूत तथा कनीना ब्लॉक के गांव बाघोत में 33 के.वी. सब—स्टेशनों की स्थापना का प्रस्ताव दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम/हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम द्वारा पहले ही स्वीकृत कर दिया गया है। ये सभी सब—स्टेरशन वित्तीकय वर्ष 2024—25 के दौरान चालू किए जाने की संभावना है। | | |
| 218. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>बिजली वितरण कंपनियों द्वारा उन उपभोक्ताओं पर मासिक न्यूनतम शुल्क (एम.एम.सी.) लगाया जाता है, जहां उनकी खपत एक सीमा से कम है। टैरिफ श्रेणी—1, जहां मासिक खपत 200 यूनिट तक है, में 2 किलोवाट तक मासिक न्यूनतम शुल्क 115 रुपये प्रति किलोवाट है। सबसे गरीब लोगों को राहत देने के लिए, मैं 2 किलोवाट तक घरेलू कनेक्टेड लोड वाले टैरिफ श्रेणी—1 के उपभोक्ताओं के लिए एम.एम.सी. को खत्म करने का प्रस्ताव करता हूं। इस कदम से सबसे गरीब परिवारों को लगभग 180 करोड़ रुपये की राहत मिलेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 27–02–2024 | | |
| 219. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्ना संख्याक 128 : क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि बाढड़ा के बिजली विभाग कार्यालय में कार्यकारी अभियंता तथा अन्य आवश्यक अमले को कब तक नियुक्त किए जाने की संभावना है, जिसका दर्जा वर्ष 2021 में मंडल कार्यालय के रूप में बढ़ाया गया था तथा उसका ब्यौरा क्या है? | दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के लिए स्वीकृत पुनर्गठन मानदंडों के आधार पर बिजली निगम में ऐसे नए डिवीजन के मानदंडों के अनुसार बाढड़ा में एक डिवीजन स्थापित करने का प्रस्ताव परीक्षाधीन है। | | |
| | | 14.11.2024 | | |
| 220. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में मोहम्मद इलियास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XXX अध्यक्ष महोदय, इस सरकार के पहले प्ला न में मेरे हल्के का एक काम हुआ था और अब वह काम होकर भी अधूरा पड़ा है। जिस तरह से हरियाणा में सबसे बड़ा गांव सिसाय है उसी तरह मेवात में सबसे बड़ा गांव सिंगार है। मैं वहां के लिए एक पम्प हाउस हेतु हर सैशन में बराबर मांग करता रहा हूं। उसे बनाने के लिए मैं सरकार का आभार प्रकट करता हूं। सरकार ने उसे बना तो दिया लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि अब वहां पर जेई/एसडीओ इस टाइप के मुलाजिम हैं जो पार्टी पॉलीटिक्स के हिसाब से चलते हैं। वे वहीं के रहने वाले लोकल हैं। वे सही तरीके से बिजली नहीं देते। वहां की मोटर 10–15 मिनट ही चल पाती है। उसमें सरकार का पैसा भी लग गया और किसानों को भी कोई फायदा नहीं मिला। इसी तरीके से हमारे क्षेत्र में एक बढ़ा गांव है। उसकी भी यही पॉजीशन है। वहां पर भी एक अधूरा पम्पे हाउस है जोकि अभी तक पूरा नहीं बना है। कृपा करके उसको भी बनवाया जाए। ये गांव मेरे हल्के में ही आते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र में नई और बिछोड़ दो बहुत बड़े गांव हैं। इनमें बिजली की व्यवस्था की जाए। वहां पर बुढ़ाने से बिजली दी जाती है जो कि काफी दूर है, इसलिए वहां पर सही तरीके से बिजली जा नहीं पाती है। अतरू वहां पर 33 केवी या 66 केवी का सब–स्टेशन स्थापित किया जाए। XXX | XXX अध्यक्ष महोदय, इस समय पॉवर मिनिस्टीर सदन में बैठे हुए नहीं हैं। मैं पिछली सरकार में पॉवर डिपार्टमैंट को देखता था और मुझे इस बारे में पूरा ज्ञान है। माननीय सदस्यं की जो पॉवर डिपार्टमैंट से संबंधित चीजें हैं, उनके बारे में माननीय मंत्री श्री अनिल वध्जि जी को बता दिया जाएगा और वे मांग पूरी करवा दी जाएंगी। XXX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 14.11.2024 | | |
| 221. | माननीय राज्ययपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में श्रीमती मंजू चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XXX मेरे नांगल चौधरी क्षेत्र की कुछ समस्याएं हैं, लेकिन उनके साथ सौतेला व्यावहार हो रहा था। आज किसान इस उम्मीद में बैठे हुए हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा, लेकिन हमेशा से उन्हें निराशा हाथ लगी है। दुर्भाग्य से यह कहना पड़ रहा है कि आज भी मेरी विधान सभा के सम्मानित किसान विकास की राह देख रहे हैं। मैं तमाम नांगल चौधरी विधान सभा क्षेत्र की जनता की तरफ से सदन के माध्यम से मांग करती हूं कि हमारे नांगल चौधरी विधान सभा के अन्तसर्गत निजामपुर ब्लॉक में किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने और सिंचाई के लिए नहर की आवश्यकता है। जिसके लिए सरकार से मेरा निवेदन है कि मेरे निर्वाचित क्षेत्र से लेकर और नलवाटी क्षेत्र से लेकर मुसनता, पाचनता व हरियाणा के आखिरी छोर रावता व वायल ढाणी तक नहर खुदवायें और वहां तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जाये। हमारी बहन श्रृति चौधरी जी बैठी हुई हैं इनको भी इस बारे में सारी जानकारी पता है। अध्यक्ष महोदय, वैसे भी सरकार की मंशा भी है कि पानी टेल तक पहुंचाया जाये इसलिए मेरी आपसे, बहन जी और माननीय मुख्यमंत्री जी से रिक्वैस्ट है कि नहर खुदवाकर पानी मेरे हल्के के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाये। किसानों के बारे में भी सभी माननीय सदस्यों ने अपनी बात रखी है और मैं भी अपनी बात रखना चाहती हूं कि किसानों को डी.ए.पी. खाद मिलनी चाहिए क्यों कि किसान बहुत परेशान हो रहे हैं। मेरी एक और मांग है कि मेरे क्षेत्र के किसानों का बिजली का कनैक्शन नहीं हो पा रहा है जिसके कारण किसान बहुत दुखी हैं। मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि किसानों को जल्दीस से जल्दीत कनैक्शन देने का काम किया जाये। धन्यवाद। | अध्यीक्ष महोदय, जैसा कि माननीय सदस्या ने बिजली कनैक्शन देने की बात कही है और हमारी सरकार ने फैसला किया है कि प्रदेश में जिन किसान भाईयों की दिनांक 31 जुलाई 2024 तक सिक्योरिटी जमा हैं। हमारी सरकार उन सभी के कनैक्शन रिलीज करने जा रही है। | | |

350

351

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 19.11.2024 | | |
| 222. | श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा हरियाणा विनियोग (3) विधेयक, 2024 पर पूछा गया अनुपूरक प्रश्न | माननीय अध्यक्ष जी, गीता भुक्कल जी ने ट्रांसमिशन की लाईनों के सम्बन्ध में एक प्रश्न उठाया था। मैं उनको बताना चाहता हूं कि हमने हरियाणा के अंदर एच.बी.वी.एन. की 09 जुलाई, 2024 को एक पॉलिसी बनाई है। उसमें 66 के.वी.ए. की ट्रांसमिशन लाईनों के लिए जो जमीन एक्वॉयर की जाती है उसके मुआवजे के लिए एक नई पॉलिसी बनाई है। टॉवर के बेस के लिए जमीन की कीमत के सम्बॉन्धै में हमने यह निर्णय लिया है कि जो मार्किट रेट है हम उसका दो गुणा ज्याबदा मुआवजा देंगे। जो टॉवर होता है उसके पिर्ल्ज से एक मीटर तक इस दूरी को गिना जाता है। दूसरा हमने इस पॉलिसी में यह प्रावधान किया है कि तार मार्ग का अधिकार के लिए तारों के नीचे आने वाली जमीन उस जमीन की कीमत का भी 30 प्रतिशत मुआवजा दिया जायेगा। यह प्रावधान भी हमने इस पॉलिसी के अंदर किया है। | | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**PUBLIC WORKS (B & R) DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 223. | तारांकित प्रश्न संख्या 2531 के संदर्भ में श्री बिक्रम सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि कोसली–हथुरी बाई–पास का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है, जिसकी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2015 में की गई थी ? | 8.03.2018<br>***अध्यक्ष महोदय, यह कोसली बाई पास का प्रश्न है। हमने इसकी तकरीबन 63 करोड़ रुपये की एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल दे रखी है। यह कोसली का बाई पास दो जिलों में पड़ता है। इसके लिए तकरीबन 24 एकड़ जमीन एक्वायर कर ली गई है। 7 एकड़ जमीन रिवाड़ी जिले में और 17 एकड़ जमीन झज्जर जिले में एक्वायर की गई है। इसके लिए रिवाड़ी जिले के डिप्टी कमिशनर साहब की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई हुई है और इसी तरह से एक कमेटी झज्जर जिले में बना रखी है। उसमें रिवाड़ी जिले के डी.सी. ने तो लिख कर भेज दिया है कि यहां के लोग जमीन देने के लिए तैयार हैं । अब एक बार जल्दी ही झज्जर जिले की रिपोर्ट भी आ जाए तो हम निकट भविष्य में इस बाई पास को जल्दी ही बना देंगे। | सरकार के नं0 14/29/2016-2B&R (W) दिनांक 22.01.2019 के द्वारा भूमि का विवरण ई–भूमि पोर्टल पर अपलोड किया गया।<br>दिनांक 27.04.2021, 18.08.2021 को सचिव की समिति के समक्ष एजेंडा रखा गया और सचिव की समिति द्वारा भूमि मालिक के साथ बातचीत करने और वैकल्पिक मार्ग की पहचान करने के निर्देश दिये गए। भूस्वामियों ने कम दर पर अपनी पर भूमि की पेशकश करने के लिए अपनी सहमति प्रदान नहीं की और वैकल्पिक संरेखण संभव नहीं पाया गया था। तत्पश्चात् दिनांक 27.01.2022 को माननीय मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में "यह निर्णय लिया गया है कि इस घोषणा को रद्द कर दिया जाए और संबंधित विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश तुरंत फाइल पर लिया जाए"। तदानुसार, मुख्य कार्यालय से इस प्रस्ताव को रद्द करने के लिए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति लेने के लिए फाईल भेजी गई थी।<br>तत्पश्चात, 14.03.2022 को माननीय उपमुख्यमंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी बाई पास और भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया "माननीय उप–मुख्यमंत्री एक और एग्रीगेटर नियुक्त करना चाहते है और बाएं साइड और दाएं साईड 3 प्रस्ताव अपलोड किए जाए और ई–भूमि पोर्टल पर डाटा अपलोड किया जाए। अब, फील्ड स्टाफ द्वारा साईट का निरीक्षण किया गया है और श्री लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक कोसली के साथ प्रस्तावों पर चर्चा की गई हैं। बाई पास कोसली के निर्माण/विस्तार के लिए वैकल्पिक संरेखण की तुलना मानचित्र पर दर्शाए अनुसार तैयार की गई है और मुख्यालय को अधीक्षक अभियंता, रेवाड़ी के नं0 109595/सीएचडी दिनांक 01.07.2022 द्वारा प्रस्तुत की हैं।<br>इसके पश्चात यह मामला मुख्यालय के यू.ओ. नं0 150005/RII दिनांक 07.09.2022 के माध्यम से माननीय | The Committee would like to know the latest position in this regard (22-01-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | मुख्यमंत्री / उप–मुख्यमंत्री को उपरोक्त स्थिति से अवगत कराने और उचित आदेश पारित करने के अनुरोध के साथ सरकार को भेजा गया था। यू. ओ. नोट सरकार से वापस प्राप्त हो गया है, जिसके तहत माननीय, सी.पी. एस.सी.एम. ने दिनांक 28.12.2022 को निम्नलिखित आदेश परित किए:<br>"C.M has desired that further action in the matter may be taken as per the reply / assurance given in the Vidhan Sabha, while giving reply to Starred Question No. 41 asked by Sh. Laxman Singh Yadav, MLA, on 28.12.2022."<br>हालांकि, इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 27.01.2022 को आयोजित बैठक के निर्णय अनुसार सरकार के पत्र नं0 09/92/2022-3 B&R (W)दिनांक 03.06.2022 के माध्यम से मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 10297 दिनांक 28.05.2015 को रद्द करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी हैं।<br>सरकार के आदेशानुसार मुख्यालय के पत्र क्रमांक नं0 881-RII-2015/8882/ RII दिनांक 08.02.2023 के अनुसार दोनों वैकल्पिक संरेखण की भूमि को ई–भूमि पोर्टल पर अपलोड करने के आदेश दिए जो कि प्रक्रियाधीन है तथा श्री मुकेश कुमार, एग्रीगेटर ई–भूमि पोर्टल, मेन मार्किट, जुलाना (जींद) को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक नं0 29719 दिनांक 14.12.2022 के द्वारा भूमि खरीद व ई–भूमि पोर्टल पर अपलोड करने के लिए नियुक्त किया गया हैं। उपरोक्त कार्य के लिए खरीद की जाने वाली भूमि का सर्वेक्षण कर लिया गया हैं। उपरोक्त पहली वैकल्पिक संरेखण में गांव कानडवास और छव्वा के भू–मालिकों ने अपनी सहमति देने से इस कार्यालय एवं श्री लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक कोसली को साफ तौर पर मना कर दिया हैं। इस कार्यालय के अनेक प्रयासों के बावजूद उपरोक्त दोनों वैकल्पिक संरेखण में बाकि गांव के भू–मालिकों ने आज तक इस | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | सम्बन्ध में लिखित सहमति प्रदान नहीं की हैं। कोसली के विधायक श्री लक्ष्मण सिंह यादव के अनुरोध पर, इस कार्यालय ने पिछले संरेखण के भूमि मालिकों के साथ भी बातचीत की थी और अंततः उन्होंने पहले उद्धृत दर रू 100.00 लाख प्रति एकड़ के मुकाबले रू 60.00 लाख प्रति एकड़ की दर से अपनी भूमि की पेशकश की हैं सक्षम प्राधिकारी से स्थगित संरेखण की भूमि की खरीद के लिए आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने का मामला मुख्यालय के नं0 881-RII-2015/177467/RII दिनांक 16.11.2023 के माध्यम से सरकार को भेजा गया था। इसकी मंजूरी मुख्यालय के नं0 881-RII-2015/161076/RII दिनांक 28.12.2023 के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। इस परियोजना के लिए भूमि खरीदने का एंजेड़ा तैयार कर निदेशक, भूमि रिकार्ड, पंचकूला को पत्र सं0 | |
| | | | 1300 दिनांक 12.01.2024 के द्वारा सचिव समिति की अगली बैठक में रखने के लिए अनुरोध किया गया।<br>दिनांक 06.07.2024 को उच्चाधिकार प्राप्त भूमि खरीद समिति (HPLPC) ने 60 लाख प्रति एकड़ की दर से मंजूरी दे दी हैं। इसके अलावा, समिति द्वारा उपायुक्त, रेवाड़ी और झज्जर को प्रत्येक भूमि मालिक से शपथ पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया था। कार्यकारी अभियन्ता रेवाड़ी कार्यालय के पत्र सं0 24236—37 दिनांक 21.08.2024, नं0 26334—35 दिनांक 30.09.2024 और नं0 31123—24 दिनांक 13.12.2024 के माध्यम से उपायुक्त, रेवाड़ी और झज्जर से भूमि मालिकों से शपथ पत्र की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया था। शपथ पत्र मिलने के बाद जमीन की रजिस्ट्रियां की जाएगी। अभी तक ग्राम शाहदत नगर के 62 प्रतिशत भूमि स्वामी एवं ग्राम धनिया के 51 प्रतिशत भूमि स्वामी ने अपना शपथ पत्र दे दिया हैं। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 224. | तारांकित प्रश्न संख्या 2881 के संदर्भ में श्री जाकिर हुसैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि गुड़गांव (गुरूग्राम) से अलवर वाया नूंह तक प्रस्तावित यात्री रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति क्या है ? | 21.02.2019<br>हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (HRIDC), हरियाणा सरकार और रेल मंत्रालय की हाल ही में स्थापित संयुक्त उद्यम कंपनी इस परियोजना का व्यवहार्यता अध्ययन (Feasibility Study) कर रही है, जो 31.03.2019 तक पूरा हाने ही संभावना है। व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। | एच.आर.आई.डी.सी., हरियाणा सरकार और रेल मंत्रालय की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। दिल्ली–सोहना–नूंह–फिरोजपुर झिरखा–अलवर नई रेलवे लाइन की व्यवहार्यता अध्ययन एच.आर.आई.डी.सी. द्वारा किया गया है। व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट, उत्तर रेलवे को दिनांक 13.12.2019 को भेजी जा चुकी है। इस पर आगे की कार्यवाही रेल मंत्रालय द्वारा की जानी है। | The Committee would like to know the latest position in this regard (22-1-2025) |
| 225. | तारांकित प्रश्न संख्या 3090 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण होने के बाद बहुत ही जल्दी बाईपास बनाने का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा, परन्तु यह बहुत लम्बा प्रोसैस है। छुछकवास का बाईपास बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि उस एरिया में बहुत से एजूकेशनल इंस्टीच्यूशंज हैं। इसके अतिरिक्त झाड़ली थर्मल पॉवर प्लांट और बहुत सी दूसरी इंडस्ट्रीज भी हैं जिसके कारण झज्जर और दादरी से ओवरलोडिड वाहन सामान लेकर आते जाते रहते हैं। मैंने स्वयं देखा है संबंधित एरिया में एक्सीडैंट्स होते रहते हैं इसलिए इस बाईपास को बनाया जाना बहुत जरूरी है ताकि जान–माल का नुकसान होने से बचा जा सके। हमारी कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय में भी संबंधित बाईपास बनाने के लिए पूरा प्रयास किया था। सैक्शन 4 और 6 के नोटिसिज इशू हो चुके थे और सैक्शन 9 के लिए कॉल कर रहे थे परन्तु उस समय लैंड लेने के लिए लोगों के साथ सहमति नहीं बन पायी। | 06.08.2019<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या सही बात कह रही हैं। मैंने मौके का मुआयना भी किया था। मैं झज्जर जिले की ग्रीवेंसिज कमेटी का चेयरमैन भी हूं। इसमें 2 गांवों के कुल 229 लोगों की जमीन है जिसमें से 74.2 प्रतिशत लोगों ने अपनी जमीन देने के लिए कन्सैंट दे दी है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि यह काम जल्दी पूरा करवा दिया जाएगा और यह सी.एम. अनाउंसमैंट भी है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस काम को जल्दी ही पूरा करवा दिया जाएगा। XX अध्यक्ष महोदय, विभाग बिना सवाल के भी संबंधित बाईपास बनवाने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। | छुछकवास बाईपास की कुल भूमि 26.98125 एकड़ है, इसमें से 20.9375 एकड़ भूमि ई–भूमि नीति के माध्यम से खरीदी गई है। शेष 6.04375 एकड़ भूमि का अधिग्रहण लंबित है क्योंकि भूमि मालिक विक्रय पत्र के लिए सहमत नहीं हैं। अब तक लगभग. 78 प्रतिशत भूमि ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि मालिकों से खरीदी जा चुकी है और 22 प्रतिशत भूमि अभी भी अधिग्रहण के लिए लंबित है।<br>इसके अलावा, शेष भूमि विलेख भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 के तहत प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव से इंजीनियर–इन–चीफ (सड़कें) हरियाणा, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर), चंडीगढ़ को ज्ञापन संख्या 09/382/2019–3 B&R (w) दिनांक 7.3.2024 व ज्ञापन संख्या 14/42/2024-B&R (w) दिनांक 13.09.2024 के माध्यम से भी प्राप्त हुआ था।<br>भूमि अधिग्रहण की आवश्यक प्रक्रिया के लिए इस कार्यालय द्वारा | The Committee would like to know the latest position in this regard (22-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने संबंधित बाईपास बनाने के लिए हां तो भरी है लेकिन after on going land acquisition process के बाद कहा है। यह बाईपास बनवाने का काम जल्दी पूरा करवाया जाना चाहिए और यह माननीय मुख्यमंत्री जी की भी अनाउंसमैंट है। संबंधित एरिया में बाईपास न होने के कारण ट्रैफिक जाम होता रहता है और नम्बर ऑफ इंसिडैंट्स भी बढ़ रहे हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगी कि संबंधित बाईपास बनवाने का मामला पहले जीरो ऑवर में उठाती रही हूं और पिछले पांच सालों से लगातार उठाती रही हूं। (शोर एवं व्यवधान) | | ज्ञापन संख्या 15677 दिनांक 22.11.2024 के माध्यम से उपायुक्त झज्जर को पहले अनुरोध किया था। उसके बाद उन्होने निर्देशित किया कि इस विषय पर भूमि अर्जन अधिकारी भिवानी द्वारा आगामी कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरांत इस कार्यालय ने अपने पत्र संख्या 270 दिनांक 3.01.2025 के द्वारा भूमि अर्जन अधिकारी भिवानी को एल.ए.आर.आर. एक्ट–2013 के तहत कार्यवाही करने के लिये निवेदन किया है। | |
| 226. | तारांकित प्रश्न संख्या 377के संदर्भ में श्री मनीष ग्रोवर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि जब कोई एक्सीडैंट वगैरह हो जाता है अर्थात् कोई एमरजैंसी घटना घट जाती है तो ट्रैफिक कंजैशन की वजह से पेसैंट समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता है। अध्यक्ष महोदय, पी.जी.आई. रोहतक एक बहुत बड़ा अस्पताल है तथा यह अस्पताल महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक के साथ ही स्थित हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक की भारी दिक्कत आती है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि पी.जी.आई. रोहतक पहुंचने के लिए बाहर से रास्ते का प्रावधान किया जाये ताकि एमरजैंसी केसिज़ में पेसैंट्स की जान बचाई जा सके। | 13.03.2015<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ग्रोवर साहब ने रोहतक मैडिकल कॉलेज की बात उठाई है। चूंकि मैकिडकल कॉलेज भी मेरे पास है इसलिए इन्होंने पहले भी मुझे अपनी इस समस्या से अवगत कराया था कि एमरजैंसी केसिज में अम्बुलैंसिंज के द्वारा दूर–दूर से पेशंट्स मैडिकल कॉलेज रोहतक में आते हैं, लेकिन रास्ते बड़े कंजैस्टिड है तथा ट्रैफिक कंजैशन की बड़ी समस्या है इसलिए इस मैडिकल कॉलेज में अम्बुलैंसिज़ नहीं पहुंच पाती है। इस समस्या के निदान के लिए इन्होंने एक रास्ता सजैस्ट किया है जो महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से होकर गुजरता है। इस रास्ते के लिए शिक्षा विभाग की सहमति लेना जरूरी है क्योंकि वहां यूनिवर्सिटी कैम्पस है। मैं माननीय सदस्यों को आश्वासन देना चाहूंगा कि यदि शिक्षा विभाग इजाजत दे देगा तो मैं अवश्य माननीय मुख्य मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि वहां पर यह रास्ता बनाया जाये। | प्रश्न आपातकालीन रोगियों को एम. डी. विश्वविद्यालय से आपातकालीन विभाग, पी.जी.आई.एम.एस., रोहतक तक मार्ग प्रदान करने के संबंध में है ताकि आपातकालीन रोगी समय पर अपने उपचार के लिए आपातकालीन विभाग तक पहुंच सकें। इसके लिए, पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक ने रोहतक–झज्जर रोड बाईपास आर. ओ.बी. (कन्हेली फ्लाई ओवर) से एम. डी.यू., रोहतक के माध्यम से पी.जी. आई.एम.एस., रोहतक तक एक सड़क का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्तावित सड़क के निर्माण के लिए एन.ओ.सी. /अनुमति एम.डी.यू., रोहतक द्वारा यू. एच.एस., रोहतक को दी जानी है। इसलिए इस सड़क का मामला यू.एच. एस., रोहतक द्वारा एम.डी. विश्वविद्यालय के साथ उठाया गया था। एमडी विश्वविद्यालय ने 03.08.2015 को आयोजित अपनी कार्यकारी परिषद की बैठक में इसे मंजूरी दे दी दिनांकित (प्रतिलिपि इसके बाद, रजिस्ट्रार, स्वास्थ्य विज्ञान | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | विश्वविद्यालय ने समय–समय पर एमईआर विभाग को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के साथ मामले को उठाने के लिए लिखा है (पत्र की प्रति दिनांक 09.03.2021 संलग्न है)। लेकिन इसे अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। चूंकि मामला दोनों विश्वविद्यालयों यानी यू.एच.एस., रोहतक और एम.डी.यू., रोहतक से संबंधित है। रजिस्ट्रार, यू.एच.एस., रोहतक पहले से ही एम.डी.यू. अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। रजिस्ट्रार यू.एच.एस., रोहतक ने इस मामले को कम करने के लिए एक समिति का भी गठन किया है। एम.डी.यू. रोहतक से उक्त प्रस्ताव/अनुमति को अंतिम रूप देने के बाद प्रस्तावित सड़क के निर्माण का मामला तदनुसार यू.एच.एस. रोहतक के निर्देशों के अनुसार उठाया जाएगा। इसलिए उक्त मामले को दोनों विश्वविद्यालयों यानी एम.डी.यू.रोहतक और यू.एच.एस. रोहतक द्वारा हल किया जाना है। | |
| 227. | वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में। | 28.02.2020<br>147 हमारी सरकार द्वारा 10 विभिन्न शहरों के बाईपास के निर्माण के लिए 905.67 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। ये बाईपास टोहाना, कोसली, हथीन, पुन्हाना, पिंगवाना, छुछकवास, बहादुरगढ़, गोहाना, उचाना और सोनीपत शहर में प्रस्तावित हैं। टोहाना बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है और सितम्बर 2021 तक पूरा होने की सम्भावना है। शेष बाईपासों के निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता है जिसके लिए ई–भूमि पोर्टल पर प्रस्ताव मांगे गए हैं। मैंसबंधित विधायकों से इस बारे सहयोग का भी अनुरोध करता हूँ। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि जहां जमीन पहले उपलब्ध होगी, उस बाईपास के निर्माण का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। इनके अलावा, पिंजौर और भिवानी शहर के लिए बाईपास का कार्य प्रगति पर है तथा वर्ष 2020 में ही कार्य पूरा होने की संभावना है। | **पुन्हाना बाईपास**<br>दिनांक 17.03.2022 को सीओएस द्वारा एजेंडा को वर्तमान कलेक्टर दरों से 1.20 गुना अधिक दरों पर अनुमोदित किया गया और कुल मिलाकर 85 प्रतिशत इंडेंट अब तक प्राप्त हो चुका है और शेष प्रक्रियाधीन है। 4.08 एकड़ जमीन के मालिक अपनी जमीन बेचने की सहमति देने को तैयार नहीं हैं. 2.49 एकड़ जमीन पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित करने के लिए डी.सी. नूंह द्वारा 22.07.22 को एसीएस सिंचाई को पत्र लिखा गया है। सिंचाई विभाग से भूमि हस्तांतरण की मंजूरी की व्यवस्था करने के लिए डीसी नूंह को अनुस्मारक पत्र दिनांक 21.03.2023 को लिखा गया। कार्यकारी अभियता, सिंचाई ने 28.06.2023 को सूचित किया कि बाईपास के प्रस्तावित संरेखण में नाली पहले से ही मौजूद है। यदि पीडब्ल्यूडी बीएंडआर नाले की भूमि पर सड़क का निर्माण करेगा तो इससे नाले में बाढ़ के पानी के मुक्त प्रवाह में बाधा | The Committee would like to know the latest position in this regard<br>(3-01-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 152 सड़क वाहनों की सुरक्षा के लिए विद्युत लाइनों को ऊँचा करना बहुत आवश्यक है। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये जा चुके हैं कि सड़कों पर से गुजरने वाली उन विद्युत लाइनों का सर्वेक्षण किया जाए जिनकी ऊँचाई सड़क से 6.5 मीटर से कम है। हरियाणा सरकार के सभी विभागों/बोर्डों/निगमों की सड़कों का सर्वेक्षण किया जाएगा। अगले तीन महीनों में सर्वेक्षण करने के उपरान्त प्रदेश की हर सड़क पर विद्युत लाइनों को ऊँचा करने का कार्य बिजली विभाग द्वारा अगले 6 महीनों में पूरा किया जाएगा। | आएगी, जिसके परिणामस्वरूप गांव घीरा, पुन्हाना, पेमा खेड़ा और शमशाबाद आदि में जल जमाव/बाढ़ हो जाएगी। इसलिए, इस ज़मीन को पीडब्ल्यूडी बीएंडआर को स्थानांतरित करना संभव नहीं है।<br>इसलिए, उपरोक्त तथ्य सरकार को अवगत कराने के लिए अधीक्षक अभियंता, गुरुग्राम को क्रमांक 90308 दिनांक 17.07.2023 के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। 3.23 एकड़ भूमि के लिए सहमति प्रदान करने के लिए सीईओ डब्ल्यू एक यूएफ बोर्ड को एक पत्र भेजा गया है और 21.03.2023 को कार्यकारी अभियंता, पीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि के पट्टे की शर्तों की व्यवस्था करने के लिए ईओ, डब्ल्यूएक्यूएफ बोर्ड को दिनांक 25.10.2023 को अनुस्मारक पत्र लिखा गया है। अब, एक्सईएन सिंचाई और एक्सईएन पीडब्ल्यूडी नूंह द्वारा | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 09/2023 को एक संयुक्त दौरा किया गया है और एक्सईएन सिंचाई, नूंह से जवाब का इंतजार है।<br>**छुछकवास बाईपास**<br>ज़मीन खरीद के लिए दरें हाई पावर लैंड परचेजड कमेटी (एचपीएलपीसी) द्वारा अनुमोदित कर दी गई है। 75 प्रतिशत जमीन खरीदी जा चुकी है और शेष पर काम चल रहा है।<br>गन्नौर बाई पास की प्रस्तावित संरेखन सरकार के पत्र क्रमांक 09/991/2019–3 B&R (W) (ऐ) दिनांक 25.05.2022 द्वारा मंजूर कर दी गई है। प्रस्तावित बाईपास के संरेखन पर पुनर्विचार किया जा रहा है।<br>**गोहाना बाईपास**<br>इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडबल्यूडी बी एंड आर क्रमांक नं.13/11/2019–2 B&R (W) दिनांक 25.02.2019 रुपये 238.54 करोड़ की प्राप्त हुई थी। पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) विभाग ने गोहाना शहर के पश्चिमी बाई पास के निर्माण के लिए जिला | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | सोनीपत में 115.47 एकड़ जमीन का मांग पत्र दिया था, जिसके खिलाफ ई–भूमि पोर्टल पर 92.40 एकड़ (80 प्रतिशत) जमीन की पेशकश की गई थी। ई–भूमि पोर्टल पर 846 भूस्वामियों की सहमति अपलोड की गई थी। क्योंकि भू–स्वामियों द्वारा मांगी गई दरें बहुत अधिक थी। अतः सी०ओ०एस० (Committee of Secretaries) ने उपायुक्त सोनीपत को भूस्वामियों के साथ दरों पर फिर से बातचीत करने का निर्देश दिया। अगली बैठक में सी०ओ०एस० (Committee of Secretaries) ने भूमि मालिकों द्वारा मांगी गयी दरों को बातचीत के बाद भी अनुचित रूप से बहुत अधिक पाया और तदानुसार परियोजना को रद्द करने की सिफारिश की गई।<br>उपायुक्त महोदय, सोनीपत द्वारा 2 सप्ताह के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट डीएलआर को प्रस्तुत की | |
| | | | जाए। सी०ओ०एस० (Committee of Secretaries) ने मामले को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया। सी०ओ०एस० (Committee of Secretaries) ने कहा कि दरे अनुचित रूप से अधिक हैं, इसलिए परियोजना को छोडा जा सकता हैं। उपायुक्त सोनीपत की अनुशसा से सीएम अनाउंसमेंट को छोड़ने का प्रस्ताव भेजा गया। उसके बाद माननीय मुख्यमंत्री ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और गाँव की सीमा के साथ बाई–पास के प्रस्तावित संरेखण को दर्शाने वाला एक प्लान चाहा हैं, जिसे यू.ओ. सख्या 235–आर–12/39632 दिनांक 09.03.2023 द्वारा सरकार को भेजा गया है। उपर्युक्त के संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि संबंधित गांवों में ई–भूमि पर एक नए विज्ञापन की सराहना करेंगे जो पूरी तरह से खुला है और प्रस्तावित संरेखण का खुलासा करना नहीं है। ई–भूमि पर आगे की प्रक्रिया जारी है।<br>लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के फील्ड स्टाफ ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर 123 स्थानों, राज्य राजमार्गों पर | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 123 स्थानों, प्रमुख जिला सड़कों पर 307 स्थानों और लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग की अन्य जिला सड़कों पर 14766 स्थानों की पहचान की है, जहां लोक निर्माण विभाग सड़क की ऊंचाई बिजली लाइन क्रॉसिंग 5.5 मीटर से कम है. विवरण लोक निर्माण विभाग के फील्ड अधिकारी द्वारा संबंधित बिजली वितरण कंपनी (डी.एच.यू.बी.वी.एन.एल., यू.एच.बी.वी. एन.एल., एच.वी.पी.एन.एल.) को भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई बिजली विभाग द्वारा की जानी है।<br>अब, मुख्य प्रशासक, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी), पंचकुला ने 9042 स्थानों की पहचान की है जहां सड़क को पार करने वाली विद्युत लाइन की ऊंचाई सड़क की सतह से .6.5 मीटर से कम है। लेकिन यूएलबी और एचएसवीपी से अभी भी इसका इंतजार है। | |
| 228. | श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 526 : क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि बडखल विधानसभा के अन्तर्गत पड़ने वाले रेलवे अंडर ब्रिज तथा रेलवे ओवर ब्रिज परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त परियोजनाओं के कब तक पूरा किए जाने की सभांवना है? | 26.08.2020<br>श्रीमान जी, वर्तमान में बड़खल विधान सभा क्षेत्र में आर.ओ.बी. या एफ.ओ.बी. के निर्माण के निम्नलिखित दो कार्य विचाराधीन हैं:<br>1. दिल्ली मथुरा रोड से गुरुकुल पर स्थित लेवल क्रासिंग 579–ए पर आर.ओ.बी. का निर्माण<br>इस जगह पर तकनीकी अध्ययन सम्पूर्ण हो चुका है जिससे पता चला है कि यहां पर आर.ओ.बी. का निर्माण संभव है, जिसके लिए ड्राइंग के अनुमोदन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह प्रस्ताव अतिरिक्त 14 कनाल 13 मरले जमीन की खरीद पर निर्भर करता है जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त जमीन का कब्जा सरकार को मिलने के पश्चात ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।<br>2. दिल्ली मथुरा रोड से लक्कड़पुर पर स्थित लेवल क्रासिंग 579–बी पर एफ. ओ.बी. का निर्माण<br>इस जगह पर मौके की बाधा के कारण केवल एफ.ओ.बी. का निर्माण ही संभव है। ड्राइंग के अनुमोदन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस परियोजना में | 1. **दिल्ली मथुरा रोड से गुरूकुल तक एलसी–579 ए पर आरओबी का निर्माण**<br>• यह कार्य एनसीआरपीबी ऋण योजना के माध्यम से निष्पादित किया जाएगा। आरओबी के रेलवे हिस्से का निर्माण रेलवे विभाग द्वारा किया जाएगा और रेलवे भूमि के बाहर के रास्ते वाले आरओबी का निर्माण एचएसआरडीसी द्वारा किया जाएगा। रेलवे और सरकार, हरियाणा सरकार लागत से 50:50 के अनुपात से साझा करेगी। इस आरओबी के निर्माण के लिए ई–भूमि पोर्टल के माध्यल से 1.56 एकड जमीन की खरीदी जा रही है। 80 प्रतिशत जमीन के मालिकों ने अपनी सहमति दे दी है।<br>• इस परियोजना के लिए 7366.79 लाख रुपये की अनुमानित लागत का अनुमान यूओ 4212 दिनांक 08.08.2023 के माध्यम से प्रशासनिक अनुमोदन के लिए | The Committee would like to know the latest position in this regard<br>(31-01-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | भी राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर अतिरिक्त 1400 वर्ग गज भूमि की आवश्यकता है। अतिरिक्त जमीन का कब्जा सरकार को मिलने के पश्चात ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। | सरकार को प्रस्तुत किया गया है।<br>• सरकार द्वारा प्रशासनिक मंजूरी मिलने ही एनसीआरपीबी के तहत जमीन खरीदने की प्रकिया और लोन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।<br>• डीपीआर तैयार की जा रही है जिसे एनसीआरपीबी से ऋण लेने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।<br>• एनसीआरपीबी से ऋण स्वीकृत होने और सीओएस/एचपीएलपीसी के माध्यम से भूमि खरीदने के बाद कार्य की निविदा आमंत्रित की जाएगी।<br>2. **दिल्ली मथुरा रोड से लक्करपुर तक एलसी–579 बी पर एफओबी का निर्माण।**<br>• सरकार के पत्र क्रमांक 13/60/2019–2बीएण्डआर (वर्क्स) दिनांक 10.09.2021 ने इस कार्य के लिए 15.50 करोड रुपए की प्रषासनिक स्वीकृति प्रदान की है।<br>• एफओबी की जीएडी की स्वीकृति रेलवे द्वारा 30.05.2022 को दे दी गई है।<br>• आगे, रेलवे के पत्र. क्रमांक 162–डब्ल्यू/सी/एसएसबी दिनांक 22.06.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि यह एफओबी का खर्चा रेलवे द्वारा साझा किया जाना है।<br>• तदनुसार, दिनांक 10.11.2022 को रेलवे को उनके हिस्से का 1.00 करोड़ रुपए जमा कर दिया गया है।<br>• रेलवे द्वारा निविदाएं पुनः आमंत्रित की गई है और दिनांक 16.09.2023 को मैसर्स अखिल इंजीनियर्स, फरीदाबाद को आवंटित की गई है। एफओबी के संरचनात्मक चित्र अनुमोदन के अधीन है और रेलवे द्वारा सूचित किए जाने के दूसरे सप्ताह में काम शुरू कर दिया जाएगा। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 10.03.2021 | | |
| 229. | श्री राम कुमार गौतम, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 238 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नारनौंद से हिसार वाया गांव मोथ, मसूदपुर, चनौट, मिर्जापुर तथा खरखडी तक सड़क निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | हाँ, श्रीमान जी। नारनौंद से हिसार वाया गाँव मोथ, मसूदपुर,<br>चनौट, मिर्जापुर, और खरखडी तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव है। | **रूट नंबर 3:– (हिसार से जींद होते हुए मिर्जापुर, खरकरी, चनोट, मसूदपुर, मोठ और नारनौंद होते हुए 42.65 किलोमीटर)**<br>इस कार्य को अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के मेमो नंबर 09/75/2019–3बी एंड आर (डब्ल्यू) दिनांक 21.01.2019 से रु. 66.53 करोड़ की राशि से स्वीकृत किया गया है। इस स्वीकृति में 74.119 एकड़ भूमि वास्तविक रूप से साइट के अनुसार खरीदी जानी थी।<br>भूमि की खरीद का मामला सी ओ एस बैठक में दिनांक 22.12.2021 को रखा गया। मामला प्रक्रियाधीन था और दिनांक 25.01.2022 को आयोजित सी ओ एस की फिर से बैठक के बीच, ए सी एस, पी डब्ल्यू डी (बी एंड आर) को विभाग से स्पष्टता प्राप्त करने का निर्देश दिया गया था कि क्या ए डी सी हिसार के विचारों के अनुसार नए संरेखण की आवश्यकता है। इसके अलावा सी ओ एस ने ए डी सी हिसार को भूस्वामियों के साथ दरों पर फिर से बातचीत करने का भी निर्देश दिया।<br>सचिवों की समिति के निर्देशानुसार, एसडीओ (सिविल) नारनौंद और पीडब्ल्यूडी बी एंड आर ब्रांच, हांसी अधिकारी/कर्मचारियों ने दरों पर बातचीत के लिए भूस्वामियों से संपर्क किया है। उनमें से अधिकांश कलेक्टर दर + 20 प्रतिशत पर अपनी जमीन देने को तैयार नही थे। हालांकि हिसार से जींद वाया मिर्जापुर, खरकरी, चनोट, मसूदपुर, मोठ और नारनौंद पहले से ही 5.50 मीटर/7.00 मीटर की चौड़ाई के साथ एक पक्की सड़क मौजूद है।<br>यहां पहले से ही 2 नंबर बेहतर मार्ग हैं (क) हिसार से जींद के लिए हांसी, नारनौंद के माध्यम से 70 किलोमीटर की दूरी के साथ, जो हिसार से जींद तक 76 किलोमीटर | The Committee would like to know the latest position in this regard (10-01-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | की दूरी के साथ हिसार से जींद तक एक चारलेन / 10 मीटर चौड़ी सड़क है, जो फोर लेन/10 मीटर चौड़ी सड़क में। रूट नं० 3 के माध्यम से हिसार से जींद की दूरी 64 किलोमीटर है। उपरोक्त दो मार्ग हिसार से जींद होते हुए हांसी और बरवाला से अच्छी तरह जुड़े हुए हैं और खरकड़ी, चैनत, मसूदपुर, मोठ और नारनौंद होते हुए प्रस्तावित मार्ग रूट 3 के बजाय जींद पहुंचने में कम समय लेते हैं। केवल मौजूदा सड़क के चौडीकरण की जरूरत थी। अब इस परियोजना की संभावना की समीक्षा की गई है और पाया गया है कि रूट नंबर 3 के भूमि मालिक कलेक्टर रेट + 20 फीसदी पर अपनी जमीन देने को तैयार नही हैं. केवल हिसार से चैनत तक एनएच–148 बी तक सड़क को चौड़ा करने की जरूरत है। हिसार से मिर्जापुर किलोमीटर तक 0.00 से 4.65 तक | |
| | | | 7.00 मीटर चौड़ी सड़क, मिर्जापुर से खरकडी किमी. 4.65 से 11.70 तक 5.50 मीटर चौड़ी सड़क, खरखडी से चैनत किमी० 11.70 से 16.67 तक 5.50 मीटर चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। चैनत और आसपास के गांव भाटला, सिंधर, मेहजद के ग्रामीण हिसार जिले तक पहुंचने के लिए बरवाला और हांसी मार्ग का उपयोग करने के बजाय/छोटे मार्ग के कारण लाभान्वित होंगे। ग्राम मिर्जापुर से खरकडी तक आर ओ डब्ल्यू 44 फुट और उससे अधिक की मौजूदा सड़क को बिना भूमि अधिग्रहण के चौड़ा किया जा सकता है। पी एम जी एस वाई योजना के तहत खरकडी से चैनत तक सड़क के सुधार का कार्य प्रगति पर है। अतः अनुरोध है कि 5.50 से 7.00 मीटर तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ी करण की अनुमति प्रदान की जाए। मिर्जापुर से खरकडी तक की लंबाई 7.05 किमी है। (अनुमानित लागत रु. 11.00 करोड़) कृपया इस प्रशासनिक स्वीकृति और शेष मार्ग ग्राम खरकडी से नारनौंद तक 30.95 | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | कि.मी. कृपया उपरोक्त तथ्यो को ध्यान में रखते हुए स्थगित किया जा सकता है और मामला मुख्य कार्यालय को अधीक्षक अभियंता के पत्र क्रमांक 58921 दिनांक 20.04.2022 के माध्यम से भेजा गया है। प्रमुख अभियंता ने अपनेकार्यालय ज्ञापन संख्या 406–आरआईआई–16/88413 दिनांक 06.06.2022 के माध्यम से इस टिप्पणी के साथ मामला वापस कर दिया है कि पूर्ण कार्य के निष्पादन की संभावना और सीएम घोषणा के अनुपालन के संबंध में विशिष्ट सिफारिशे प्रस्तुत करे।<br>अब मामला उपायुक्त, हिसार को वृत्त कार्यालय के पत्र क्रमांक 2623/आर दिनांक 20.09.2022 के माध्यम से सीएम की घोषणा को छोड़ने/वापस लेने के लिए प्रस्तुत किया गया है, जिसका जवाब अभी तक उपायुक्त, हिसार से लंबित है। | |
| 230. | श्री राम कुमार गौतम, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 239 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हिसार में गुलकनी, मिल्कपुर, राखी, गुराना, लुहारी राघो, शाला धेरी, चनोट तथा ठरवा गावों की सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | 16.03.2021<br>हां, श्रीमान जी। सड़क वाया गांव गुल्कनी, मिलकपुर, राखी, गुराना, लुहारी राघो, शाला धेरी और ठरवा सिवाय गांव चनोट बनाने का प्रस्ताव है। | **रूट न० 4 (हिसार से जींद (एसएच–12 तक) हिसार जिला रूट नंबर 4 में मसूदपुर, लोहारी, राखी शाहपुर और मिलकपुर गुलकानी के माध्यम से)**<br>इस कार्य को अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के मेमो नंबर 09/77/2019–3बी एंड आर (डब्ल्यू) दिनांक 21.01.2019 से रु. 33.68 करोड़ की राशि से स्वीकृत किया गया है।<br>मार्ग मसूदपुर गांव से शुरू होता है और एसएच–12 पर लोहारी राघो, राखी शाहपुर, मिलकपुर और गुलकानी की ओर जाता है। (जींद हांसी रोड)। इस रूट की कुल लंबाई 24.80 किमी है। मौजूदा और प्रस्तावित सड़क की ब्रेकअप लंबाई इसी मार्ग में आती है। इस स्वीकृति में साइट के अनुसार 55.2499 एकड़ जमीन वास्तविक रूप से खरीदी जानी थी। जिसके विरूद्ध ई–भूमि पोर्टल पर 1014 बिक्री प्रस्तावों में 47.4252 एकड़ भूमि की पेशकश की गई है। | The Committee would like to know the latest position in this regard<br>(10-01-2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 256. | तारांकित प्रश्न संख्या–1317 के संदर्भ में श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को यह बताना चाहूंगा कि सफीदों शहर के अंदर रोड का एक साल से कार्य रूका हुआ है। वहां आधा काम हो चुका है और आधा रूका हुआ है। यह मैं सफीदों शहर से लेकर हांसी ब्रांच तक की सड़क की बात कर रहा हूं। | 22.12.2021<br>अध्यक्ष महोदय, अगर कोई कार्य रूका हुआ होगा तो उसको एग्जामिन करवाकर उसके ऊपर कार्यवाही करने का काम किया जायेगा। | | |
| 257. | श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 529 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैः–<br>(i) काजमपुर से भरोली;<br>(ii) XXX<br>(iii) बागवाली से बागवाला;<br>(iv) XXX<br>(v) XXX<br>(vi) टोका से दुदगढ़; तथा | 22.12.2021<br>XXX<br>(i) काजमपुर से भरोलीः– काजमपुर से भरोली तक का मार्ग पंचकूला जिले में टिक्करताल से रायपुररानी वाया कैम्बवाला–मुरादनगर लिंक रोड़ पर पड़ता है, जिसकी लम्बाई 14.58 कि. मी. है। इस सड़क को 5.50/3.66 मीटर से 7.00 मीटर तक पक्का चौड़ा और मजबूत करने के लिए निविदा 08/2021 को 18 महीने की समय सीमा के साथ ठेकेदार को आवंटित की जा चुकी है। वन विभाग से मजूंरी का इंतजार है और उसके मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। XXX<br>(iii) बागवाली से बागवालाः– गांव बागवाला | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (ख) | यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को कब तक पुनः कार्पेट/मरम्मत किए जाने की संभावना है? | से बागवाली तक लिंक सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से सम्बन्धित है। इस सड़क की कुल लम्बाई 1.75 कि.मी. है और इसका निर्माण वर्ष 2002 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मुरम्मत के लिए 47.16 लाख रुपये की प्रशसनिक अनुमति दिनांक 15.12.2021 को दी गई है। इसके लिए 14.01.2022 को निविदा आमन्त्रित की गई है और यह कार्य वर्ष 2022–23 के दौरान पूरा होने की सम्भावना है। XXX<br>(vi) टोका से दूदगढ़:–टोका से सबीलपुर तक लिंक रोड़ की लम्बाई 11.72 कि.मी. है, जिसकी पक्की चौडाई 5.50 मीटर है। मरम्मत की अन्तिम तिथि 05/2017 की थी और दोष दायित्व अवधि 05/2021 को समाप्त कर दी गई थी। फिलहाल पैचवर्क के द्वारा सड़क को यातायात योग्य बनाया गया है।<br>सबीलपुर से खेतपुराली तक की सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से सम्बन्धित है। सड़क की लम्बाई 0.57 कि.मी. है जिसका 1994 के दौरान निर्माण किया गया था। इस सड़क की विशेष मुरम्मत के लिए 32.45 लाख रुपये की प्रशासनिक अनुमति दिनांक 16.12.2021 स्वीकृत किये गए हैं।<br>इसके लिए 17.01.2022 को निविदा आमन्त्रित की गई है और यह कार्य वर्ष 2022–23 के दौरान पूरा होने की सम्भावना है। XXX | | |
| 258. | श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 530 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैः–<br>(i) XXX<br>(ii) XXX<br>(iii) XXX<br>(iv) कालका मंदिर से मलाह चौंक; तथा<br>(ख) XXX | 22.12.2021<br>XXX<br>(iv) कालका मंदिर से मलाह चौंकः– कालका मंदिर से मलाह चौंक तक सड़क की कुल लम्बाई 6.70 कि.मी. है। सड़क का अंतिम मरम्मत 07/2015 के दौरान किया गया था। सड़क की पक्की चौड़ाई 9.20 मीटर और 12 मीटर है। सड़क की दोष दायित्व अवधि 30.08.2019 को समाप्त कर दी गई थी। वर्तमान में सड़क संतोषजनक स्थिति में है। इसके अलावा इस सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार द्वारा यादि क्रमांक 09/695/2021–3 बी एण्ड आर (डब्ल्यू) दिनांक 06.12.2021 के तहत 1470.97 लाख रुपये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें 50 मि.मी. डी.बी.एम व 30 मि.मी. बी.सी. का प्रावधान किया गया है। जिसका विस्तृत अनुमान और डीएनआईटी तैयार किए जा रहे है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 259. | तारांकित प्रश्न संख्या–150 के संदर्भ में श्री धर्म सिंह छोक्कर एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं कोई नया पुल बनवाने की मांग नहीं कर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि जो पुल बने हुए हैं उनसे नैशनल हाइवे की तरफ जाने वाला रोड़ सिंगल है । वहां पर ट्रैफिक बहुत ज्यादा है, इसलिए उस रोड को फॉरलेन बनाकर स्टेट हाइवे का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा गांव मनाना और गांव चुल्काना में जो रेलवे क्रॉसिंग्स हैं, को क्रॉस करने वाले रोड को आगे नैशनल हाइवे तक मिला दिया जाए। | 02.03.2020<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने शायद बजट को पूरा नहीं पढ़ा है। हमारी सरकार ने पहले ही यह निर्णय ले लिया है कि प्रदेश में अगर कोई भी एन.डी.आर. स्टेट हाइवे होगा तो उसको फाटक मुक्त किया जाएगा। इसके अलावा माननीय सदस्य जिस सड़क की बात कर रहे हैं उसको भी 10 मीटर चौड़ी करने का प्रपोजल ऑलरेडी हमारी सरकार के पास है। | | |
| 260. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | 02.03.2022<br>रेल कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए के.एम.पी. के साथ–साथ 5,618 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले "हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर" हेतू भूमि अर्जन का कार्य चल रहा है। करनाल–यमुनानगर रेलवे लाइन स्थापित करने की प्रारम्भिक कार्यवाही की जा रही है। | | |
| 261. | तारांकित प्रश्न संख्या 1682 के संदर्भ में श्री संजय सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मेरे सोहना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पंचगांव से मोहम्मदपुर–तावडू तक मिलिट्री इजीनियरिंग सर्विसिज (एम.ई.एस.) की सड़क है और वहां पर एयरफोर्स स्टेशन बना हुआ है। मैं माननीय उपमुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं और मैं इनसे रिक्वैस्ट भी करता हूं कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी बनाया जाये क्योंकि यहां पर करीब 2 दर्जन गांव इस सड़क का यूज करते हैं और काफी बड़ा क्षेत्र इससे जुड़ा हुआ है। हमारे जो सैन्य कर्मचारी हैं जब वे अपनी छुट्टी काटकर यहां आते हैं तो उनको पंचगांव से पैदल ही काफी लम्बा सफर तय करना पड़ता है क्योंकि न तो वहां पर रोडवेज बस की कोई व्यवस्था है और न ही सड़क पर किसी प्रकार के साधनों की आवाजाही है | 3.3.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, जो मिलिट्री इजीनियरिंग सर्विसिज (एम.ई.एस.) की सड़कें हैं। उसके लिए सैंटर से निरन्तर फंड आते हैं पिछले दिनों हमने केन्द्र सरकार से भी इस बारे में चर्चा की और एक एम.ओ.यू. केन्द्र सरकार की डिफेंस मिनिस्ट्री और प्रदेश सरकार के बीच में साइन हुआ था कि वे सड़क के निर्माण के लिए फंड एलोकेट करेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा इस सड़क को बनाने का काम तुरन्त किया जायेगा। उसके बाद हमारे केन्द्र सरकार से निरन्तर पत्राचार भी हुए हैं मगर केन्द्र से फंड एलोकेशन होनी थी उसमें डिले हुआ है। मैं माननीय सदस्य को एश्योर करता हूं कि अगले 15 दिन के अंदर केन्द्र से हमारे पास फंड नहीं आते हैं तो इसको हम स्टेट हैड में टेकअप करेंगे, क्योंकि पंचगांव से तावडू की तरफ जाने का यह अहम रास्ता है और पुरानी सड़क भी है, इसके बीच अनेक गांव लगते हैं। अगर 15 दिन के अंदर केन्द्र हमें फंड नहीं एलोकेट करता है तो उसको तुरन्त स्टेट हैड | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | इसलिए इन कर्मचारियों के लिए साधन वगैरह की व्यवस्था की जा सके इसलिए मेरी माननीय उपमुख्यमंत्री जी से रिक्वैस्ट है कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी समय सीमा तय करके बनाया जाये। | से टैकअप करके स्पैशल रिपेयर ही नहीं बल्कि इसको दोबारा से स्ट्रैंग्थन भी करेंगे और इस सड़क को बनाने का भी काम करेंगे। | | |
| 262. | (i) श्री बिशन लाल सैनी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1759 क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है गांव चमरौड़ी से सिल्ली तक सड़क बनाने के लिए निविदा जारी की गई है तथा कार्य भी आबंटित किया गया है परंतु ठेकेदार कार्य नही कर रहा है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ? | 03.03.2022.<br>हां श्रीमान जी, ठेकेदार कार्य को निष्पादित करने में विफल हो चुका है तथा विभाग द्वारा जारी कई पत्रों का उत्तर नहीं दिया है। अब, कार्यकारी अभियंता, यमुना नगर द्वारा कार्य अनुबंध समाप्त करने का नोटिस उन्हें जारी किया है तथा तदानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। | | |
| | (ii) तारांकित प्रश्न संख्या 1759 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि मेरे यहां पर सड़क बनाने के लिए | 3.3.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की जो क्यूरी है, मैं उसको पूरी तरह से जायज मानता हूँ। कोविड के दो फेसिज में इस एजेंसी ने सरकार से समय मांगा था। यह कार्य 2019 में अलॉट किया गया था। बीच में इस एजेंसी के ठेकेदार | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ठेकेदार को जो वर्क अलॉट किया गया है, इस काम को दिए हुए काफी समय बीत चुका है। जब यह ठेकेदार काम नहीं करना चाहता है तो इस ठेकेदार के कांट्रैक्ट को कैंसिल कर दिया जाना चाहिए और इस काम को किसी और कांट्रैक्टर को दे दिया जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, यह ठेकेदार तो यह भी कहता है कि उसको हरियाणा में बहुत सारे ठेके मिले हुए हैं। पहले दूसरे काम करूंगा उसके बाद इस काम को करूंगा और यह भी कहता है कि वह करनाल का रहने वाला है। मेरा आज सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इस सारे मामले की तह तक जाया जाये। अध्यक्ष महोदय, आज मेरे यहां पर लोग बहुत तकलीफ में हैं। रादौर का जो हलका है, वह विशेष रूप से माइनिंग से संबंधित है और यहां पर सड़क की जो इतनी बुरी हालत है इसे लोगों को बहुत कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के ई.आई.सी. भी इस सड़क का हाल देखकर आये हैं। इस बात को हुए भी 7–8 महीने का समय बीत चुका है लेकिन बावजूद इसके अभी तक इस | के परिवार में भी कोई ट्रेजडी हुई थी। कल भी टाइम एक्सटेंड बारे हमें एक पत्र प्राप्त हुआ है लेकिन इन सबके बावजूद कल शाम को इस एजेंसी का कांट्रैक्ट कैंसिल कर दिया गया है। इसके साथ ही मैं माननीय सदस्य को विश्वास दिलाता हूँ कि अगले 30 दिन में नया टैंडर फ्लोट करके नये कांट्रैक्टर को वर्क अलॉट कर दिया जायेगा और इसके अगले 7 से 9 महीने की समयावधि में यह जो वर्ष 2019 से लेकर 2022 तक की काम की पैंडेंसी है, उसको एक साल की समयावधि पूरा करने का काम किया जायेगा।<br>3.3.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, प्रोपर टाइमलाइन के हिसाब से अगर कोई भी वर्क अलॉट किया जाता है तो 9 महीने का मिनिमम टाइम तो जरूर दिया ही जाता है लेकिन बावजूद इसके मैं ऑन द फ्लोर ऑफ द हाउस यह एश्योरैंस देता हूँ कि एक महीने के अंदर टैंडर प्रक्रिया को शुरू करके 6 महीने में इस कार्य को पूरा कंप्लीट करा देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | दिशा में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। अब मैंने इस समस्या के बारे में सदन में सवाल लगाया है और माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय ने उसका जवाब दे दिया है, ऐसा लगता है कि बात यहीं पर खत्म हो गई है। अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि सरकार को इस विषय पर जल्द से जल्द संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने की जरूरत है।<br>तारांकित प्रश्न संख्या 1759 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, माननीय उप–मुख्यमंत्री जी 7 से 9 महीने की समयावधि की बात कर रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए और जल्द से जल्द इस काम को पूरा किया जाये। कम से कम यहां पर रोडी–बजरी–रेता वगैरह तो जल्द से जल्द गिरवा दिया जाये ताकि लोगों को अहसास हो जाये कि जल्द से जल्द इस सड़क का काम होने वाला है। (हंसी) | | | |
| 263. | तारांकित प्रश्न संख्या 1557 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, इसराना एक बड़ा शहर है। यदि एक दिन भी बारिश हो जाती है तो लगभग डेढ़ महीने तक तकरीबन सभी को पानी में से ही गुजरना पड़ता है। यह हमारे इसराना के लिए बड़ी भारी दिक्कत है। कई बार तो ऐसा हो जाता है कि एक फ्लाई ओवर के दोनों तरफ सर्विस रोड पर पानी की वजह से एक भी कोई साधन फंस जाता है तो बाकी के साधनों में जो भी आदमी होते हैं उनको पानी में ही उतरना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, यदि सरकार ने यह समस्या खत्म करनी है और लोगों का समाधान करना है तो इसके लिये जरूर कोई न कोई समय–सीमा निर्धारित करनी ही चाहिए। यह हमारे क्षेत्र के लोगों की बहुत बड़ी डिमाण्ड है और इस समस्या का समाधान होना हमारे लिये बहुत जरूरी है। | 3.3.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात सदन के पटल पर रखी है वह सही है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को भी यह बताना चाहता हूँ कि इसराना की जिस पैच की बात सदन के पटल पर रख रहे हैं वह ड्रेन नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के अंडर है और हम नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इण्डिया को इस संबंध में लिखकर देने का काम करेंगे। इसके साथ–साथ क्योंकि ड्रेन में ब्लॉकेज हैं और उसकी सफाई का प्रावधान एन.एच.ए.आई. की तरफ से आज तक कोई परपोज़ल नहीं आया है। अध्यक्ष महोदय, हम इसराना में हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट अथॉरिटी के माध्यम से चौधरी देवी लाल मॉडल कॉलोनी बनाने का भी काम कर रहे हैं। यह हरियाणा का ही नहीं बल्कि देश का पहला रूरल डिवैल्पस सेक्टर इसराना में आयेगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को इंश्योर करता हूँ कि उसकी स्टेट फंड से तुरंत प्रभाव से सफाई भी करवायेंगे और एन.एच.ए.आई. से लैवलिंग की कोई दिक्कत है तो उसको तुरंत टेकअप करके रेक्टिफाई कराने का काम भी करेंगे ताकि आने वाले भविष्य के अंदर न तो वहां | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | पर पानी खड़ा हो और ड्रेन के माध्यम से कोई ऐसी जगह जहां पर पानी की प्रॉपर निकासी हो उसकी कनेक्टिविटी भी बनायेंगे।<br>XXXअध्यक्ष महोदय, हम अगले एक महीने के अंदर–अंदर पूरी ड्रेन की सफाई करवाने का काम करेंगे। | | |
| 264. | श्री इंदुराज नरवाल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 617 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि गोहाना शहर में महम सड़क तथा बड़ोदा सड़क पर निर्मित किए जाने वाले रेलवे उपरि पुलों के निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए और जिसके लिए गत् 2 वर्षों से सर्वेक्षण किया जा रहा है तथा इन उपरि पुलों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है? | 3.3.2022.<br>श्रीमान जी,<br>(i) महम रोड़ पर एलसी–29 पर पड़ने वाले प्रस्तावित रेलवे उपरगामी पुल जी.ए.डी. को मंजूरी के लिए रेलवे के पास भेजा गया है। रेलवे से इस उपरगामी पुल को पिंक बुक में शामिल करने का भी अनुरोध किया गया है।<br>(ii) बड़ौदा रोड पर एल.सी.–30 पर पड़ने वाले प्रस्तावित रेलवे उपरगामी पुल जी.ए.डी. तैयार की जा रही है। हालांकि, प्रस्तावित उपरगामी पुल को पिंक बुक में शामिल करने के लिए रेलवे प्राधिकरण को अलग से अनुरोध भेजा गया है। जैसे ही रेलवे द्वारा दोनों उपरगामी पुलों को स्वीकृत करके पिंक बुक में शामिल किया जाएगा, पुलों का काम शुरू कर दिया जाएगा। | | |
| 265. | श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 658 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गांव पिल्लूखेड़ा मण्डी से जींद–पानीपत सड़क की मुरम्मत/पुन निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक मुरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है? | 3.3.2022<br>XXX (2) पिल्लूखेड़ा मण्डी से तलौडा खेड़ी (शहीद सौरभ गर्ग मार्ग) को जोड़ने वाली हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़क की लम्बाई 2.08 कि.मी. है और इसका निर्माण वर्ष 2009 के दौरान किया गया था। इस सड़क पर अन्तिम विशेष मुरम्मत मार्च 2019 के दौरान की गई थी, समय बीतने के साथ और बरसात के मौसम के कारण इस सड़क पर कुछ पैच विकसित हो गए हैं। पैचवर्क 31.03.2022 तक पूरा होने की सम्भावना है। | | |
| 266. | श्री कुलदीप वत्स, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 633 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) क्या बादली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नए मिनी सचिवालय भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त भवन के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ? | 3.3.2022.<br>श्रीमान् जी, बादली विधानसभा क्षेत्र में उपमण्डल भवन निर्माणाधीन है और इसका निर्माण कार्य 17.10.2023 तक पूरा होने की सम्भावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 4.03.2022. | | |
| 267. | तारांकित प्रश्न संख्या 1665 के संदर्भ में श्री मेवा सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से रिकवैस्ट करूंगा कि हमारे जिले की सड़कों की अनदेखी की जा रही है। कुरूक्षेत्र और यमुनानगर जिले की सड़कों की बहुत दयनीय हालत है । हमारे प्रश्न के 'हां' में जवाब सुनने के लिए हमारे कान तरस गए हैं। हम जब भी कोई प्रश्न लगाते हैं तो उसका हमें 'ना' में ही जवाब मिलता है। मेरा अनुरोध है कि हमारे प्रश्नों का भी 'हां' में जवाब दिया जाए। कोई चाहे कुरूक्षेत्र जाकर पिपली–यमुनानगर सड़क की हालत देख ले। लाडवा में सड़कों पर सारा दिन जाम लगा रहता है । पिछले 2 सालों से हमारे एक भी काम की 'हां' नहीं की गई है। | अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि आज के दिन माननीय सदस्य ने जिस सड़क की बात की है हम उसकी कंडीशन विद इन वन वीक चैक करवा लेंगे । हम अगले एक महीने के अन्दर उसका ट्रैफिक सैंसस करवा लेंगे। उसके बाद देख लेंगे कि उसको वाइडन करने की जरूरत है या स्ट्रैंग्थन करने की जरूरत है। मैं यह आश्वासन देता हूं कि हम अगले डेढ़ महीने में डिटेल्ड रिपोर्ट दे देंगे। मेरे संज्ञान में यह भी आया है कि यह सड़क लास्ट टाइम वर्ष 2016 में रिपेयर हुई थी जोकि 5 साल की डी.एल.पी. को भी पार कर चुकी है। यह मेरी ऐश्योरैंस है कि हम इसको स्ट्रैंग्थन भी करेंगे और इस वित्त वर्ष 2022–2023 में वाइडन करने का भी काम करेंगे। | | |
| | | 7.03.2022. | | |
| 268. | तारांकित प्रश्न संख्या 1667 के सन्दर्भ में श्री विनोद भ्याणा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः गग अध्यक्ष महोदय, हांसी से उमरा तक की सड़क की बहुत खराब हालत है। अतः माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन है कि कृपा करके इस सड़क की अच्छी तरह से जांच करायें और इस सड़क को बनवाने का कार्य करें। | अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की पीड़ा समझ सकता हूँ। एम.डी.आर. 108 से लेकर एन.एच. 9 तक की कनेक्टिविटी की जो रोड है, इसका डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड 31 दिसम्बर, 2021 को एक्सपॉयर हुआ है और अभी पिछले दो महीने से इसकी रखवाली करने वाला कोई नहीं बचा है। अब हम इसका ट्रैफिक सैंसस भी करवा लेते हैं और मैं एश्योर करता हूँ कि 30 दिन के अंदर जैसे ही रिपोर्ट आयेगी, हम इसे उठा लेंगे। | | |
| | | 7.3.2022. | | |
| 269. | तारांकित प्रश्न संख्या 1701 के सन्दर्भ में श्री जगदीश नायर, द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न था कि क्या होडल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के हसनपुर शहर में बाई–पास निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है, के संदर्भ में माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय ने नही में जवाब दे दिया। अध्यक्ष महोदय, यह शहर यमुना नदी के किनारे पर बसा हुआ है और इसके बीच में से जो सड़क गुजरती है, उस पर हमेशा जाम लगा रहता है और | अध्यक्ष महोदय, हम इसका डिटेल्ड सर्वे दोबारा से करवा देंगे और उसकी रिपोर्ट भी माननीय सदस्य के पास भेज देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जाम की वजह से वहां पर यात्री एक–एक दो–दो घंटे फंसे रहते हैं। गग यह बाईपास लिखी गांव से जाकर सतुआगढ़ी गांव से घूमेगा और माहौली रोड से घूमकर सनौली को क्रॉस करके यह होडल–हसनपुर रोड तक जायेगा। इससे शहर के ट्रैफिक का दबाव कम हो जायेगा। मैं माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूंगा कि मेरी मांग पर विचार करें और इसकी स्कीम बनाकर मंजूरी देने का काम करे। | | | |
| 270. | तारांकित प्रश्न संख्या 1701 के सन्दर्भ में श्री दीपक मंगला, द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा सप्लीमैंट्री प्रश्न इसी से संबंधित है। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात सदन के पटल पर रखी है वह सही है। यह बाईपास केवल होडल के लिये ही नहीं बल्कि वहां पर मल मास में बृज–84 कोस की परिक्रमा भी चलती है। जिसके कारण पूरे हरियाणा से ही नहीं बल्कि पूरे देश भर से लाखों की संख्या में श्रृदालु वहां आते–जाते हैं। इस प्रकार से यह बाईपास बनना हमारे लिये और भी जरूरी है। यह समस्या होडल की ही नहीं बल्कि आप–पास के जिलों की भी भारी समस्या है। | 7.3.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बात सदन के पटल पर रखी है, मेरा उसके संबंध में यह कहना है कि पाटन ब्रिज जो उत्तर प्रदेश को कनैक्ट करता है, वह भी हसनपुर जाता है। पलवल से हसनपुर रोड का भी इंटर चेंज है, होडल से हसनपुर रोड का भी यहां पर इंटर चेंज है। बावनी खेड़ा–हसनपुर और हसनपुर–जटौली रोड, ये पांच जंक्शंज शहर के अलग–अलग कोनों में मिलते हैं। अध्यक्ष महोदय, हम दोबारा से ट्रैफिक सैंसस करवा लेंगे, इसका जो डाटा होगा उसको देखते हुए सरकार आने वाले भविष्य के हिसाब से निर्णय लेगी। | | |
| 271. | तारांकित प्रश्न संख्या–1610 के संदर्भ में राव दान सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि जिस समय हरियाणा बना था, उस समय सात जिलों में से महेन्द्रगढ़ एक जिला था और आज भी है। उस समय से लेकर आज तक महेन्द्रगढ़ शहर में बाई–पास या रिंग रोड की मांग रही है। महेन्द्रगढ़ शहर पांच कस्बों नारनौल, सतनाली, दादरी, कनीना और अटेली को जाने वाली सड़कों को जोड़ता है। इसमें कहीं भी आपको एक फ़्लाई ओवर के अलावा जाने का कोई रास्ता नहीं है। आने वाला 158 बी और 152 डी नैशनल हाईवेज महेन्द्रगढ़ से निकलेंगे। उनका ट्रैफिक का प्रैशर महेन्द्रगढ़ शहर पर | 14.03.2022.<br>XX अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य के पिछले एक हफ्ते पहले के सवाल पर मैंने जवाब दिया था कि हमने स्टेट की तरफ से एक प्रपोजल भेजी है जिसमें हिसार, तोशाम, बाढ़ड़ा, सतनाली, महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी तक नया हाईवे बनाने की बात कही गई है और उस हाईवे को रिवाड़ी से तावडू जो नैशनल हाईवे बन रहा है उसको के.एम.पी पर कनेक्टीविटी दी जाये। माननीय नितिन गडकरी जी ने 9 तारीख को इसके बारे में अनाउसमैंट भी कर दी है और डी.पी.आर. बनाने के लिए अधिकारियों को आदेश भी दे दिये गये हैं। अध्यक्ष महोदय, जिस दिन यह प्रपोजड हाईवे बन जायेगा। जैसा माननीय सदस्य ने कहा कि पांच शहरों का जंक्शन वहां बनता है, ओटोमैटिकली | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | रहेगा। इस शहर की एक्शपेंशन कहीं भी नजर नहीं आ रही है। मेरे हल्के के ही नांगल सिरोही गांव में भी बाई–पास दे दिया गया है फिर महेन्द्रगढ़ शहर में रिंग रोड या बाई–पास देने में क्या दिक्कत है? | उसके बनने से हैवी लोड ट्रैफिक डायवर्ट हो जायेगा। क्योंकि सतनाली की पहाड़ी से हम उतरेंगे तो वह प्रपोज्ड हाईवे महेन्द्रगढ़ शहर को क्रोस करेगा। उसके लिए एक्वीजिशन भी होगी और उसमें नया बाई–पास भी प्रस्तावित होगा। | | |
| 272. | तारांकित प्रश्न संख्या–1548 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, यह काम वर्ष 2016 से हो रहा है। मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी से जानना चाहती हूं कि जो इन्होंने 134 करोड़ रुपये एप्रूव करने की बात कही है वह कौन से पोर्शन की बात कही है क्योंकि हमारा फॉरलेन इन दि इंटरनल रोड्ज ऑफ दि सिटी के सारे ऐस्टीमेट्स पैंडिंग हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' में झज्जर अछूता रह रहा है इसलिए उप मुख्यमंत्री जी कृपा मुझे यह बता दें कि ये 134 करोड़ की अप्रूवल किस रोड के | 14.03.2022.<br>XX अध्यक्ष महोदय, जैसा कि माननीय सदस्या को हमने बताया है कि झज्जर से छुछकवास रोड की जो पैच है उसका अक्टूबर 2022 तक डी.एल.पी. है उसको अलग से टेकअप किया जाएगा। यह जो पोर्सन टेकअप किया जाएगा वह गांव छुछकवास से बहू तक का पैच है जिसकी 134 करोड़ रुपये की एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल दे दी गई है। जैसे ही टैंडर प्रोसैस कम्पलीट होगा 11 महीने के अन्दर पूरे तौर पर हम उस कार्य को करने का काम करेंगे। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | लिए है। इन्होंने जो कमेटी बनाने की बात की है उसमें इन्होंने कहा था कि आपको भी इस कमेटी में मैंबर बनाया जाएगा लेकिन मुझे आज तक भी उस कमेटी की कोई इंफॉरमेशन नहीं मिली। मेरा अनुरोध है कि मुझे 134 करोड़ रुपये की अप्रूवल के बारे में बताया जाए कि वह कौन सी रोड के लिए है और इसी के साथ फॉरलेन विद वाइडनिंग, स्ट्रैंथनिंग और स्ट्रीट लाईट्स के बारे में कहा है उसकी टाइम बाउंड मैनर मुझे बता दें ताकि इस समस्या का समाधान हो जाए। | | | |
| 273. | श्री बलबीर सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1558 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:<br>(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव नौलथा के पास से पानीपत–रोहतक रेलवे लाइन गुजरती है;<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि राजस्व रिकार्ड के अनुसार एक रास्ता गांव नौलथा से खेतों की ओर जाता है तथा यह रेलवे लाइन तक पक्का है तथा लगभग 400 | 14.03.2022.<br>XX स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को एश्योर करना चाहूंगा कि माननीय सदस्य की मांग की अनुसार अण्डर पास जल्दी से जल्दी बनवाने का कार्य किया जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | एकड़ गांव की कृषि भूमि रेलवे लाइन से दूसरी ओर है परन्तु अब इस रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है तथा इसके अतिरिक्त गांव के उपरोक्त खेतों के लिए कोई अन्य रास्ता नहीं है; तथा;<br>(ग) यदि हां, तो क्या उक्त रेलवे लाइन पर अंडर पास या रेलवे फाटक निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | | | |
| 274. | श्रीमती रेनू बाला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1685 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि सढौरा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं:–<br>(i) रणजीतपुर से सढौरा वाया सुल्तानपुर;<br>(ii) मुगलवाली से साबीलपुर;<br>(iii) सवाबड़ी मदरसा से भगवानपुर वाया शेरगढ़;<br>(iv) सरावां मोड़ से पाबनी;<br>(v) महेश्वरी मोड़ से लोक निर्माण विभाग सड़क;<br>(vi) मेहलावाली से राष्ट्रीय राजमार्ग 73–ए वाया काठवाला;<br>(vii) छप्पर से जगधौली वाया कलावड़;<br>(viii) खानपुर से अकालगढ़ का माजरा;<br>(ix) खेड़ा फार्म से रतौली;<br>(x) रूहला खेड़ी से सुढैल; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत/पुनः निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 14.03.2022.<br>XX (i) रणजीतपुर से सढौरा वाया सुल्तानपुर :–<br>श्रीमान जी, सड़क आर.डी. 12.350 से 12.500 कि.मी. और 14.850 से 15.590 कि. मी. तक की हालत खराब है। शेष सड़क यातायात योग्य है। इस सड़क के सुधार के लिए विशेष मरम्मत का अनुमान सरकार को यू.ओ. नं. 42331/आर–I दिनांक 10.03.2022 को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।<br>(ii) मुगलवाली से साबीलपुर :–<br>श्रीमान जी, सड़क आर.डी. 0 से 7.370 कि.मी. और 10.800 से 14.000 कि.मी. की स्थिति यातायात योग्य है।<br>सड़क भाग कि.मी. 7.37 से कि.मी. 10.80 तक का निर्माण निजी भूमि में किया गया था और माननीय न्यायालय ने विभाग को अभियोगी को कब्जा सौंपने का निर्देश दिया। सीमांकन के बाद यह देखा गया कि 33 फीट चौड़ा एक चकबंदी पथ मौजूदा पक्की सड़क के लगभग समानांतर उपलब्ध है, लेकिन यह भी पाया गया कि चकबंदी पथ में 8–10 घरों का निर्माण किया गया है। पंचायत/बी.डी.पी.ओ., बिलासपुर द्वारा पी.पी. एक्ट के तहत चकबंदी पथ से अतिक्रमण हटाने के लिए उपायुक्त, यमुनानगर के समक्ष मामला दर्ज कराया गया है। सुनवाई की अगली तिथि 16.03.2022 निर्धारित की गई है।<br>(iii) सवाबड़ी मदरसा से भगवानपुर वाया शेरगढ़ :–<br>श्रीमान जी, लिंक रोड से गांव शेरगढ़ तक सड़क की स्थिति यातायात योग्य है। सरकार की सड़क अनुरक्षण नीति और वित्त की | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | उपलब्धता के अनुसार आगे सुधार किया जाएगा।<br><br>शेरगढ़ से दयालगढ़ तक लिंक रोड़ की मरम्मत के लिए निविदा आवंटन की प्रक्रिया में है।<br><br>कपाल मोचन धनौरा सड़क से गांव भगवानपुर तक लिंक रोड़ तक सड़क की स्थिति अच्छी है।<br><br>(iv) सरावां मोड़ से पाबनी :–<br><br>श्रीमान जी, सड़क की स्थिति यातायात योग्य है। सरकार की सड़क अनुरक्षण नीति और वित्त की उपलब्धता के अनुसार आगे सुधार किया जाएगा।<br><br>(v) XX<br><br>(vi) XX<br><br>(vii) छप्पर से जगधौली वाया कलावड :–<br><br>श्रीमान जी, छप्पर से कलावड सड़क की स्थिति खराब है और विभाग द्वारा पैच वर्क के | | |
| | | जरिए इसका रखरखाव किया जा रहा है। इस सड़क के सुधार के लिए विशेष मरम्मत का अनुमान सरकार को यू.ओ. संख्या 28325/आर–I दिनांक 17.02.2022 को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।<br><br>कलावड से जगधौली तक सड़क अच्छी स्थिति में है।<br><br>(viii) खानपुर से अकालगढ़ का माजरा :–<br><br>श्रीमान जी, खानपुर से अकालगढ़ का माजरा तक सड़क को पैच वर्क के माध्यम से यातायात योग्य बना दिया गया है। सरकार की सड़क अनुरक्षण नीति और वित्त की उपलब्धता के अनुसार आगे सुधार किया जाएगा।<br><br>(ix) खेड़ा फार्म से रतौली :–<br><br>श्रीमान जी, सड़क भाग कि.मी. 0.00 से कि.मी. 1.16 तक की स्थिति यातायात योग्य है और नियमित रूप से पैच वर्क के माध्यम से रखरखाव किया जा रहा है।<br><br>सड़क भाग कि.मी. 1.16 से कि.मी. 1.46 तक को अमृत योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | के दौरान नगर निगम, यमुना नगर द्वारा सी. सी. ब्लॉक वाले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और वर्तमान में नगर निगम, यमुना नगर द्वारा काम पूरा कर लिया गया है। जमा राशि के विरूद्ध शीघ्र ही मरम्मत कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जायेगी तथा निविदा प्राप्त होने के 2 माह के अन्दर कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>खेड़ा से रतौली तक सड़क एच.एस.ए.एम.बी. से संबंधित है और अच्छी स्थिति में है।<br>(x) रुहला खेड़ी से सुढैल :—<br>श्रीमान जी, यह सड़क एच.एस.ए.एम.बी. से संबंधित है। रूहला खेड़ी से सुढैल (रोड आई. डी. 2999) तक इस सड़क की लंबाई 1.51 कि.मी. है और प्रमुख मरम्मत के लिए निविदा 04.03.2022 को प्राप्त कर ली गई तथा कार्य आबंटन की प्रक्रिया में है। | | |
| 275 | श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 745 क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित योजक सड़कें बुरी अवस्था में हैं;<br>(i) जुआं से माछरी;<br>(ii) जुआं से मोहाना;<br>(iii) सालानपुर माजरा से पिनाना;<br>(vi) सालारपुर माजरा से नैना ततारपुर;<br>(v) गुहना से सालीमसर माजरा;<br>(vi) केताना खास से खानपुर कलां;<br>(vii) सलीमपुर तरौली से चेतिया;<br>(viii) बोहला से रोलद;<br>(ix) कासन्डा से ककाना;<br>(x) जागसी से गोहाना सोनीपत योजक सड़क; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इनके कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है? | 15.03.2022.<br>सड़कों की स्थिति इस प्रकार हैः— (प) जुआं से माछरी (आई.डी—2550):— यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 3.36 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत 25.04.2017 को की गई थी। इस सड़क पर पैच वर्क 31. 03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (पप) जुआं से मोहाना (आई.डी—2583):— यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 3.16 किलोमीटर है। नवंबर, 2017 के दौरान इस सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया था। इस सड़क पर पैच वर्क 31.03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (पपप) सालानपुर माजरा से पिनाना (आई.डी—2553):— यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 1.85 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत दिसम्बर, 2015 के दौरान की गई थी। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 42.37 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 28.02.2022 को प्रदान की गई है, इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य 30.09.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (पअ) सालारपुर माजरा से नैना ततारपुर (आई.डी—2569):— | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.50 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत नवंबर, 2015 के दौरान की गई थी। इस सड़क पर पैच वर्क 31.03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (अ) गुहना से सालीमसर माजरा (आई.डी–4970):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 3.72 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत मार्च, 2021 के दौरान की गई थी और सड़क दोष दायित्व अवधि के अंतर्गत है। समय बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछ खड्डे विकसित हो गए हैं। पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। (अप) केताना खास से खानपुर कलां (आई.डी–4963):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.52 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत नवंबर, 2020 के दौरान की गई थी और सड़क दोष दायित्व अवधि के अंतर्गत है। समय बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछ खड्डे विकसित हो गए हैं। पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। (अपप) सलीमपुर तरौली से चेतिया (आई.डी–6652):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की एक मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.17 किलोमीटर है। इस सड़क का निर्माण जुलाई, 2018 के दौरान किया गया था। समय बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछे खड्डे विकसित हो गए हैं। पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। (अपपप) बोहला से रोलद (आई.डी–4971):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की एक मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 1.82 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत दिसंबर, 2016 के दौरान की गई थी। समय बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछ खड्डे विकसित हो गए हैं। इस सड़क पर पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा होने की संभावना है। (पग) कासन्डा से ककाना (आई.डी–6493):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की एक मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.97 किलोमीटर है। इस सड़क का निर्माण नवंबर, 2015 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 57.00 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 28.02.2022 को प्रदान की गई है। इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य 31.10.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। XX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 276. | श्री सीताराम यादव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 819 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र राजस्थान सीमा में कनीना से कांटी–खेड़ी तक सड़क को 7.00 मीटर से 10.00 मीटर तक चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक चौड़ा किए जाने की संभावना है ? | 15.03.2022.<br>(क) श्रीमान् जी, एनसीआरपीबी ऋण योजना के तहत महेन्द्रगढ़ जिले में कनीना से अटेली रोड़ किलोमीटर 68.07 से 94.67 (एमडीआर–124) तक सड़क को 7.00 मीटर से बढ़ाकर 10.00 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।<br>(ख) इसके निर्माण की संभावित तिथि सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ही दी जा सकती है। | | |
| 277. | तारांकित प्रश्न संख्या 1638 के सन्दर्भ में मोहम्मद इलियास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू '''' अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि पुन्हाना में भी नया रैस्ट हाउस बनवाने का कष्ट करें क्योंकि जब भी कोई वी.आई.पी. आता है, चाहे मुख्यमंत्री जी हों या मंत्री जी हों या कोई और वी.आई.पी. हो तो रैस्ट हाउस न होने के कारण हमें जिला मुख्यालय पर नूंह जाना पड़ता है और हमारे हल्के में काम नहीं हो पाता है इसलिए पुन्हाना में भी रैस्ट हाउस का निर्माण किया जाये। | 16.03.2022<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य जहां पुन्हाना की बात कर रहे हैं। वहां जो पुरानी एग्जिस्टिंग बिल्डिंग है उसको हम 15 दिन के अन्दर दोबारा रिव्यू करवा लेंगे। अगर उसमें कहीं मुरम्मत व रि–स्ट्रैक्चरिंग की जरूरत होगी तो उस पर सरकार विचार करेगी। | पिनंगवा की इस भूमि पर उपमंण्डल अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग का कार्यालय बनाया जाना प्रस्तावित है और जिसकी ड्राईंग ससरकार ने पास करदी हैं और इस बारे मुख्यालय ने दिनांक 06/04/2023 को मुख्य वास्तुकार, चण्डीगढ का इस की फाइनल ड्राईंगस बनाने हेतू अनुरोध किया था।और जिसकी ड्राईंग मुख्य वास्तुकार, चण्डीगढ ने बना दी।अब इसका अनुमानित अनुमान सरकार को दिनांक 12.12.2023 को मंजूरी हेत भेज दिया है।जिसकी मंजूरी सरकार से आनी है। | The Committee would like to know the latest position in this regard (10-01-2024) |
| 278. | श्री सीताराम यादव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 820 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के कनीना में रेवाड़ी टी प्वाईंट से महेन्द्रगढ़ तक सड़क को पुनर्निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक पुनर्निर्मित किए जाने की संभावना है? | 16.03.2022.<br>(क) श्रीमान जी, अटेली विधान सभा क्षेत्र के कनीना में रेवाड़ी टी प्वाईंट से महेन्द्रगढ़ तक हाई ब्रिड वार्षिकी मोड के तहत 4 लेन सड़क बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।<br>(ख) इसके निर्माण की संभावित तिथि सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ही दी जा सकती है। | | |
| 279. | श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 836 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) मांझावाली पुल की आधारशिला कब रखी गई थी तथा उक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है;<br>(ख) XX<br>(ग) XX | 21.03.2022<br>(क) मंझावली पुल की आधारशिला दिनांक 15.08.2014 को रखी गई थी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 27.10.2017 को कार्य स्वीकृत किया गया था और दिनांक 10.03.2018 को शुरू किया गया था। अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 31.08.2019 थी। दिनांक 30.06.2022 तक कार्य के पूरा होने की संभावना है।<br>(ख) XX<br>(ग) XX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21.03.2022. | | |
| 280. | श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 817 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि भारत माला परियोजना के अन्तर्गत निर्मित किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग–54, डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अधीन पड़ने वाले नौ गांवों से गुजरेगा; यदि हां, तो उपरोक्त गांवों के उन सभी किसानों को, जिनकी भूमि अधिग्रहित हुई है, मुआवजा कब तक दिए जाने की संभावना है? | हाँ श्रीमान् जी, प्रस्तावित छह लेन मंडी डबवाली–चौटाला राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.–54) डबवाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ गांव यानि जोगेवाला, डबवाली, अलीका, शेरगढ़, अबुबशहर, सक्ताखेड़ा, सुखेराखेड़ा, असखेड़ा और चौटाला से गुजरेगा। लगभग 168 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3जी के तहत सी.ए.एल.ए. एवं डी.आर.ओ. सिरसा द्वारा रुपये 174,73,03,167/– का अवार्ड घोषित किया गया है। इस राशि में से रुपये 162,13,20,57/– पहले ही वितरित किए जा चुके हैं और शेष राशि रुपये 12,59,82,591/– की पेशकश भूमि मालिकों को पहले ही की जा चुकी है और इस राशि की जुलाई 2022 तक वितरित होने की संभावना है। अधिग्रहित भूमि पर निर्मित संरचनाओं के बदले मुआवजा के लिए धारा 3जी के तहत अवार्ड घोषित किया जाना बाकी है और अवार्ड एक महीने के भीतर घोषित कर दिया जाएगा। | | |
| | | 08.08.2022. | | |
| 281. | तारांकित प्रश्न संख्या 2 के सन्दर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहूंगी कि झज्जर शहर की सड़कों की बहुत बुरी हालत है। जिन सड़कों के बारे में मैंने पूछा था वे डायवर्जन रोड, अग्रसेन चौक से रामलीला ग्राउंड व झज्जर शहर से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग–71 तक की सड़कें हैं जिसमें डायवर्जन रोड और भगत सिंह चौक से छिक्कारा चौक, अम्बेडकर चौक, बेरी गेट, सीता राम गेट, छारा चुंगी चौक से अग्रसेन से लेकर रामलीला ग्राउंड तक की सड़कें आती हैं। अध्यक्ष महोदय मंत्री जी ने जो जवाब टेबल्ड किया है उसके पहले प्वायंट में 1.700 कि.मी. से 3.065 कि.मी. के खंड को छोड़कर सड़क की स्थिति संतोषजनक है दूसरे प्वाइंट में भी यही जवाब लिख दिया कि रेवाड़ी चौक को छोड़कर सड़क की स्थिति संतोषजनक है। तीसरे प्वायंट में मेरा प्रश्न अम्बेडकर चौक से राजकीय | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने तीन सड़कों के बारे में सवाल पूछा था इनकी पहली सड़क पर पब्लिक हैल्थ विभाग की सीवरेज पाइप लाइन कई जगह पंचर थी जिससे वह पूरी सड़क खराब नहीं है। वह सड़क केवल 1300 मीटर खराब है वहां पर सीवरेज की पाइप लाइन में पंचरिंग होने की वजह से कई जगह पर गड्ढे बने हुए हैं जिनको निरंतर रिपेयर किया जाता है। मगर पब्लिक हैल्थ विभाग द्वारा पिछले दिनों 6 करोड़ 60 लाख रुपये का एक टैंडर निकाला गया है। शायद माननीय सदस्या को उसके बारे में पता नहीं है। जैसे ही सीवरेज लाइन के अन्दर जहां–जहां लाइनेज होनी है वह कंपलीट होने के बाद इस सड़कों को दिसम्बर, 2022 तक पूरी तौर पर दुरुस्त कर दिया जाएगा। दूसरी सड़क पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग–71 झज्जर शहर तक का डी.एल.पी. पीरियड ओवर हो चुका है वह मोटरेबल कंडीशन में है। मगर हमने पूरे प्रदेश भर में हर विधायक से 25 करोड़ रुपये की रोड स्पेशल रिपेयर के लिए आवेदन मांगे हैं। मैं माननीय सदस्या को भी कहना चाहूंगा कि | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कन्या उच्च विद्यालय, झज्जर तक की सड़क के बारे में था इसके साथ ही साथ मैंने झज्जर रूरल एरिया की सड़कों की हालत के बारे में बताया था कि वहां सड़कों की हालत बद से बदतर है गग जिससे वहां का जीवन अस्त—व्यस्त हो रहा है और वहां पानी खड़ा होने के कारण बीमारियां पैदा हो रही हैं। गग वर्ष, 2016 से छुछकवास बाईपास की अनाउसमैंट की हुई है लेकिन अभी तक उसके टैंडर तक भी नहीं हुए। गग अध्यक्ष महोदय, टाइम बाउंड मैनर में माननीय डिप्टी चीफ मिनिटस्र साहब को बताना चाहिए कि झज्जर शहर की रोड्स की दुर्दशा को सुधारने के लिए सरकार कब तक प्रयास करेगी। | जितना जल्दी आप अपने एरिया की स्पेशल रिपेयर लिखकर भेजेंगी उतना ही अच्छा रहेगा क्योंकि यह रोड डी.एल.पी. से बाहर है इसलिए हम इसको टेकअप करके स्पेशल रिपेयर में कम्पलीट कराएंगे। जहां अम्बेडकर चौक से गवर्नमैंट कन्या हाई स्कूल तक के रोड की बात है आज के दिन यह मोटरेबल नहीं है। मैं इसको दोबारा से एग्जामिन करवाकर सदन के पटल पर इसका जवाब दे दूंगा। | | |
| | | 8—08—2022 | | |
| 282. | श्री प्रवीण डागर द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 1 क्या उप मुख्यमंत्री कृपा बताएंगे कि:— | (क) जी हाँ, सरकार ने मौजूदा नूंह—पलवल रोड को कि0मी0 2.00 से कि0मी0 32.00 तक फोर लेन/सुधारने के प्रस्ताव पर | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (क) क्या पलवल—नूंह राज्य राजमार्ग संख्या—13 जो कि दोनों जिलों की मुख्य योजक सड़क है, को चौडा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ? | विचार किया है और दिनांक 07.07. 2022 को एनसीआरपीबी ऋण सहायता के तहत रु0 137.57 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।<br>इस परियोजना को राज्य की स्थायी वित्त समिति ''बी'' के अनुमोदन और एनसीआरपीबी, नई दिल्ली से ऋण की मंजूरी के बाद कार्यान्वयन के लिए लिया जाएगा।<br>(ख) उसका विवरण इस प्रकार है:—<br>✔ चार लेन की जाने वाली प्रस्तावित सड़क की कुल लंबाई 30.00 किलोमीटर है जो कि कि0मी0 2.00 से शुरू होकर कि0मी0 32.00 पर समाप्त होती है।<br>✔ सड़क की लंबाई कि0मी0 2.00 से कि0मी0 15.75 तक नूंह जिले में आती है और कि0मी0 15.75 से कि0मी0 32.00 तक सड़क पलवल जिले में आती है।<br>✔ कि0मी0 0.00 से कि0मी0 2.00 तक की सड़क अब राष्ट्रीय राजमार्ग (NH&248 A) का हिस्सा है, जो पहले से ही चार लेन का है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 283. | श्रीमती रेनू बाला, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 14 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि राष्ट्रीय राजमार्ग–73 क पर छप्पर के पास के चौराहे को दुर्घटना चौंक के रूप में जाना जाता है, जहां प्राया हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं; यदि हां, तो जनता की बार–बार मांग के बावजूद सरकार द्वारा उपरी पुल के निर्माण करने के लिए कार्यवाही नही किए जाने के कारण क्या हैं ? | 08.08.2022<br>श्रीमान जी, पंचकूला–यमुनानगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–73) एनएचएआई के अधिकार क्षेत्र में आता है और थाना छपर में दुर्घटनाओं के मुद्दे का समाधान करने के लिए एनएचएआई द्वारा डीपीआर सलाहकार पहले ही लगाया जा चुका है। डीपीआर सलाहकार ने इस स्थान पर वाहन अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण की सिफारिश की है और रुपये 27.9 करोड़ का अनुमान प्रस्तुत किया है। एनएचएआई से अभी काम की मंजूरी नहीं मिली है। | | |
| 284. | श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 15 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि सफीदों में सरला मेमोरियल कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ? | 8.08.2022.<br>हाँ, श्रीमान। सफीदों में सरला मेमोरियल कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क का निर्माण करने का प्रस्ताव नगर पालिका, सफीदों के विचाराधीन है। नगर पालिका, सफीदों द्वारा 1.70 करोड़ रुपये की राशि का एक अनुमान तैयार किया गया है। सक्षम अधिकारियों से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने और निविदाएं हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित करने उपरांत कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। | | |
| 285. | श्री राव दान सिंह द्वारा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 26 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे किः–<br>(क) क्या जिला महेन्द्रगढ के गांव पायगा में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त विश्राम गृह के कब तक निर्मित/पूरा किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ? | 9.08.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने कहा है कि इस रैस्ट हाउस के लिए वर्ष 2019 में फाउंडेशन स्टोन रखा गया था। इन्होंने पायगा गांव में जो जमीन ग्राम पंचायत के रैजोल्यूशन पर दिलवायी थी, उस ग्राम पंचायत की जमीन गांव के सबसे लो लाईंग एरिया में है जिसके कारण वहां पर आज भी पानी खड़ा हुआ है। इसको देखते हुए संबंधित प्रपोजल को रिजैक्ट कर दिया है। सरकार आज भी अल्टरनेटिव लैंड की तलाश कर रही है और जैसे ही लैंड उपलब्ध हो जाएगी तो हम संबंधित प्रपोजल को टेक अप करेंगे। माननीय सदस्य जदोजहद के साथ रैस्ट हाउस की बात कह रहे हैं तो मैं उनको बताना चाहूंगा कि आज के दिन वहां पर रूकने के लिए कोई दिक्कत नहीं है। महेन्द्रगढ के किले में आलरेडी पी.डब्ल्यू.डी. (बी एंड आर) का रैस्ट हाउस है जिसमें 3 कमरे हैं। नारनौल में 33 कमरों का नया रैस्ट हाउस पुरानी बिल्डिंग में बन रहा है। इसके अतिरिक्त महेन्द्रगढ में इरीगेशन डिपार्टमैंट और पॉवर डिपार्टमैंट का रैस्ट हाउस भी है। सतनाली में मार्केटिंग बोर्ड का रैस्ट हाउस है। पाली सैंट्रल यूनिवर्सिटी में भी रैस्ट | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | हाउस है। आज सरकारी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना बहुत आसान है, लेकिन उसको अपकीप करना और यूटिलाइजेशन करना उतना ही मुश्किल हो जाता है। मगर वहां पर जैसे ही लैंड उपलबध हो जाएगी तो हम पुराने रैस्ट हाउस को नयी बिल्डिंग में शिफ्ट करेंगे। चूंकि संबंधित किला हैरिटेज साईट है तो उसको भी अल्टरनेट यूज में लेने का काम करेंगे। XXX दूसरी चीज यह है कि हम माननीय सदस्य को पूरी छूट देते हैं कि हम ई–भूमि पोर्टल पर लैंड के अलग–अलग पैचिज नयी सैक्रेटरिएट की बिल्डिंग के पास डलवा देंगे और वहां पर माननीय सदस्य कोई अल्टरनेटिव साईट दिलवा सकते हैं। चूंकि वहां पर इनकी भी जमीन है। अगर माननीय सदस्य उसके साथ लगती जमीन दिलवा पायें तो we will be more than happy. माननीय सदस्य कलैक्टर रेट पर जमीन दिलवा दें। हम उसको प्रक्योर भी करेंगे और नया रैस्ट हाउस भी बनवाएंगे | | |
| 286. | श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 31 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:– <br>(क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर से रादौर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है; तथा <br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | (क) हां श्रीमान जी <br>(ख) इस मार्ग का कार्य ठेकेदार को दिनांक 26–07–2022 को आवंटित किया गया है और यह कार्य दिनांक 15–12–2022 तक पूरा होने की संभावना है। | | |
| | | 9.8.2022. | | |
| 287. | उपमुख्यमंत्री द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– अध्यक्ष महोदय, जो भी एस्टिमेट्स हमारे यहां के अधिकारियों ने भेजे हैं, हमने उन्हें लेकर ग्रीवेंस कमेटी से लेकर अनेक दूसरे मंचों तक इस मैटर को बहुत बार टेकअप करने का काम किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करूंगी कि कल भी आपने इस विषय पर चर्चा करवाई। डिप्टी चीफ मिनिस्टर साहब को अपने विभाग की गलतियों को मानना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2016, 2017, | अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्या लैंड अवेलेबल करा दें तो हम 15 महीने में यह बाईपास बना देंगे। पिछली बार लैंड एक्विजीशन के लिए इनको कहा गया था। ये लैंड अवेलेबल करा दें और हम बाई पास बना देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 2018 तथा 2019 में डिप्टी चीफ मिनिस्टर साहब ने मुझे कहा था कि 15 महीने में छुछकवास बाई पास बना देंगे। पिछली बार मैंने यह भी कहा था कि ग्वालीशन से लेकर छुछकवास तक की सड़क के बारे में लोगों ने कहना शुरू कर दिया है कि यहां पर थेगली लगनी शुरू हो गई है। अध्यक्ष महोदय, मैं ऑन द फ्लोर ऑफ द हाउस चैलेंज करती हूँ कि मेरे झज्जर एरिया में एक जगह भी पैच वर्क तक नहीं किया गया है। | | | |
| 288. | तारांकित प्रश्न संख्या 46 के संदर्भ में श्री प्रवीण डागर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उपमुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जो ई–भूमि पोर्टल पर जमीनें एक्वायर करने की बात की गई है, | 10.08.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यह जो लिंक बनवाना चाहते हैं यह बहुत ही महत्वपूर्ण लिंक है। पिछले दिनों मेरी मुलाकात श्री नितिन गडकरी जी से हुई थी और मैंने उनसे निवेदन किया था कि हमें एन.एच.ए. | | |
| | इसमें थोड़ी सी दिक्कत है। मैंने इस बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी से भी बात की थी और हमारे संबंधित विभाग एच.एस.आई.आई.डी.सी. के उच्च अधिकारियों से भी बात की थी। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने उनकी ड्यूटी भी लगाई थी कि अगर आपके पास इसका कोई और ऑप्शन है तो उस बारे में अवगत करवाया जाये। अध्यक्ष महोदय, मेरे पास इसका नक्शा है जो मैंने श्री उमा शंकर जी को दे दिया था। एक हमारा पुराना हाईवे है। उसके पास से डी.एन.डी. रोड निकलता है और पलवल–नूंह राज्य मार्ग संख्या–13 को के.एम.पी. इंटरचेंज और दिल्ली–वडोदरा–मुम्बई ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए नई सड़क का निर्माण किया जाना है। यह रोड इन दोनों को जोड़ रहा है। उपमुख्यमंत्री जी, यह भी एक ऑप्शन है, अगर उसका सर्वे करवा लिया जाये तो वहां पर सरकार को जमीन एक्वायर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। | आई. के राईट ऑफ वे के अनुसार परमीशन दे दी जाये मगर एन.एच.ए.आई. निजनतम मगचंदेपवद के लिए राईट ऑफ वे रखती है इसलिए उन्होंने इसको डिनाई कर दिया। अगर हम अढ़ाई किलोमीटर रोड बनायेंगे तो हमें 15 एकड़ लैंड एक्विजिशन करनी पड़ेगी इसलिए हम इसको ई–भूमि पोर्टल पर डालेंगे ताकि यह लिंक रोड बन जायें। अगर इसके अलावा इनके पास कोई अल्टरनेट जगह है तो हमें इस बारे में भी सुझाव दे दें। उसको भी हम टेकअप करेंगे। इसके अलावा मैं एक अपडेट और देना चाहूंगा कि कल मैंने सदन में माननीय विधायक श्रीमती गीता भुक्कल जी ने झज्जर की झुझकवास वाली रिप्लाई के बारे में कहा था। आज की अपेडट इसमें यह है कि 10 करोड़ 71 लाख रुपये में टोटल झुझकवास की पेरीफेरी में जो फॉर्मर थे, उनको ई–भूमि पोर्टल पर ऐक्सेप्ट कर लिया गया है परन्तु मैं इनसे यह भी रिक्वैस्ट जरूर करना चाहूंगा कि वहां पर रजिस्ट्री के लिए लोग जल्दी–जल्दी लोकल ट्रेस आउट हो जायें। अगर रजिस्ट्री हो जायेगी तो हम इसका निर्माण भी जल्दी शुरू कर देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 289. | श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 92 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि निम्नलिखित गांवों की सड़कें क्षतिग्रस्त है:–<br>(i) घुघेरा से पाटली खुर्द;<br>(ii) बमिरयाका से अमरोली;<br>(iii) अमरोली कैनल से चोवन का नगला;<br>(iv) रायडस्का से बमिरयाका वाया डूंगरवास;<br>(v) बिलोचपुर से हाफजाबाद वाया पीरागढी;<br>(vi) पलवल– धोड़ी सड़क से सीहोल वाया पलक;<br>(vii) पलवल से अलावलपुर से मोहना सड़क तक;<br>(viii) बाटा से अमरोली;<br>(ix) दीघोट से रायडस्का;<br>(x) दिल्ली–मथुरा सड़क से अगवानपुर; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को कब तक पुनः निर्मित किये जाने की संभावना है? | 10.08.2022.<br>महोदय सड़कवार उत्तर इस प्रकार है :<br>(i) घुघेरा से पाटली खुर्द : XXइस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा ।<br>(ii) XX (iii) XX<br>(iv) रायडस्का से बमरिया का वाया डूंगरवास: XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा ।<br>(v) बिलोचपुर से हाफजाबाद वाया पीरागढ़ी : XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा।<br>(vi) पलवल–धोड़ी सड़क से सीहोल वाला पलक : XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा ।<br>(vii) XX (viii) XX<br>(ix) दीघोट से रायडस्का : XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा। (x) XX | | |
| 290. | श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 99 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि गांव बेहलबा में महम से बेरी वाया कलानौर सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है। | 10–08–2022<br>(क) हाँ, श्रीमान जी।<br>(ख) सरकार ने इस सड़क खंड की विशेष मरम्मत के लिए 61.85 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। विस्तृत अनुमान एवं डीएनआईटी के अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत शीघ्र ही निविदाएं आमंत्रित की जायेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 26.12.2022 | | |
| 291. | तारांकित प्रश्न संख्या 13 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण नापा, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से रिक्वेस्ट करूंगा कि हमारी विधान सभा क्षेत्र में एक रतिया–टोहाना रोड चण्डीगढ़ को जोड़ता है और हमारे इलाके के सभी लोग इसी रोड से आते–जाते हैं जिससे यहां काफी ट्रैफिक बढ़ गया है जिसके कारण यहां पर काफी एक्सीडैंट भी हो रहे हैं। मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि यह जो सड़क रतिया–टोहाना और पंजाब से होती हुई चण्डीगढ़ को जाती है उसको चौड़ा किया जाए। मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि उस सड़क को कब तक चौड़ा करवा दिया जाएगा ? | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस सड़क के बारे में कहा है उस सड़क के पैरलल में ही एन.एच.ए.आई. द्वारा नया ग्रीन फील्ड नेशनल हाई–वे डिक्लेर किया हुआ है जोकि सिरसा के चौटाला से लेकर पानीपत के सिवाह तक कनैक्ट करेगा। वह हाई–वे हरियाणा का इस्ट–वेस्ट कोरिडोर के तौर पर माना जाएगा। दूसरी और आज के दिन जो ओ.डी.आर. है अगर उसको एम.डी.आर. के बाद हम स्टेट हाई–वे भी करें तो उसके लिए हमें 10 हजार पैसेंजर कार यूनिट्स के ऊपर का ट्रैफिक लोड चाहिए लेकिन मैं तुरंत इसका सर्वे भी करवा लूंगा। अगर आज वहां पर नॉर्म के नजदीक पैसेंजर ट्रैफिक लोड है तो हम उसको जरूर करेंगे। हमने पीछे भी इसका ऐस्टीमेट्स बनाया था। हमारे पास राईट ऑफ–वे अवेलेबल है। लगभग 83 करोड़ रुपये के अन्दर इस पूरी सड़क की 10 मीटर वाइडनिंग हो सकती है। माननीय सदस्य ने जितना ट्रैफिक बताया है। उसको हम अकोमोडेट कर पाएंगे। | | |
| | | 26.12.2022 | | |
| 292. | तारांकित प्रश्न संख्या 16 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – अध्यक्ष महोदय, मेरा विधान सभा क्षेत्र बृज 84 कोस परिक्रमा में आता है। बृज 84 कोस का अर्थ है कि जो एक बार परिक्रमा कर लेता है और भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का दर्शन कर लेता है, उसका जन्म सफल हो जाता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूंगा कि यह परिक्रमा उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत ही अच्छे तरीके से बना रखी है। हरियाणा में इसका लगभग 30 किलोमीटर का एरिया आता है जो बिछोड़ से लेकर हसनपुर तक गुजरता है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय एक बार शादी समारोह में गये थे और वहां के लोगों की बात सुनकर कहा था कि वहां पर एक पुल बनाया जायेगा। अध्यक्ष महोदय, यह हमारे लिये बहुत ही अच्छी बात है कि आज यमुना | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य की बात को दुरूस्त करना चाहूंगा कि हरियाणा राज्य में पड़ने वाले बृज परिक्रमा की कुल लंबाई 37.85 किलोमीटर है। जिसमें 6.25 किलोमीटर पुन्हाना निर्वाचन क्षेत्र में ओर बाकी 31.60 किलोमीटर होडल निर्वाचन क्षेत्र में पड़ता है। इसमें से शेष 1.50 किलोमीटर लंबाई के लिए सरकार ने भूमि की खरीद के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है जोकि ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाधीन है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य से आग्रह करूंगा कि वहां के किसान जो अपनी मर्जी से इस मार्ग की कम्पलीशन के लिये जमीन देना चाहते हैं, उसमें सहयोग करें। यमुना नदी पर पुल के निर्माण के लिये उत्तर प्रदेश के साथ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के लैवल पर ऑलरेडी दो बार बातचीत हो चुकी है। अध्यक्ष महोदय, यू.पी. ब्रिज कॉरपोरेशन ने जमीन अधिग्रहण का प्रोसैस शुरू कर दिया है। हमें उम्मीद है कि जल्दी ही यमुना नदी पर पुल का निर्माण कम्पलीट हो जायेगा। बृज परिक्रमा का कार्य भी यू.पी. और हरियाणा दोनों स्टेट मिलकर जल्दी कम्पलीट बनवाने का काम करेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | नदी पर वह पुल बनने लगा है। यह हमारी बहुत पुरानी मांग थी। किसी भी सरकार ने पहले इस तरफ ध्यान नहीं दिया था। इस रास्ते से करोड़ों श्रद्धालु यहां से गुजरते हैं। मेरा सुझाव है कि यहां पर अच्छे वृक्ष लगाये जायें, 33 फीट चौड़ा यह रास्ता बनाया जाये, शौचालय बनाये जायें, बैंच आदि लगवायें जायें। इस प्रकार के तमाम कार्य करवायें जायें क्योंकि यह हमारा धार्मिक क्षेत्र है। इस रास्ते से करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। हम सभी भगवान कृष्ण की जन्म भूमि के लोग हैं और वहीं से यह परिक्रमा गुजरती है। डेढ–दो किलोमीटर की नई सड़क और बनाई जाये। अध्यक्ष महोदय, यहां से जेवर ऐयरपोट की दूरी भी लगभग 20 किलोमीटर की रह जाती है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस सड़क को चौड़ा किया जाये ताकि जेवर ऐयरपार्ट तक आवागमन का भी फायदा हम लोगों को मिल सके। अध्यक्ष महोदय, बृज 84 कोस की परिक्रमा हमारे लिये बहुत ही जरूरी है सारे प्रदेश की इस पर नजर रहती है, इसलिए इस परिक्रमा का उद्धार करना बहुत जरूरी है। यह परिक्रमा बहुत ही सुन्दर तरीके से बनाई जानी चाहिये। | | | |
| 293. | तारांकित प्रश्न संख्या 17 के संदर्भ में श्री मेवा सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न –<br>अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय उप मुख्यमंत्री जी से कहना है कि युमनानगर से पिपली तक सड़क का केवल 33 किलोमीटर का टुकड़ा है। यमुनानगर से जितनी भी अवैध माइनिंग होती है उसके टोटल डम्पर इस मार्ग से होकर दिल्ली और राजस्थान में जाते हैं। दूसरी बात यह है कि यमुनानगर में जो शुगर मिल है, यमुनानगर और कुरूक्षेत्र जिले के गन्ना किसान इस मार्ग से होकर | 26.12.2022<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य तो केवल 33 किलोमीटर के एक पैच के कार्य की बात कर हैं जबकि हमने इसको ऑलरेडी आगे तक टेक अप कर लिया है । हमने इसको पटियाला से चीका, चीका से पेहवा, पेहवा से पीपली, पीपली से लाडवा और लाडवा से यमुनानगर के पूरे पैच को नैशनल हाइवे डिक्लेयर करने की मांग की है। इस संबंध में रिसैंटली एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों से मेरी बात हुई है । इसका केन्द्र सरकार की कैबिनेट सब–कमेटी पी.आई.बी. जो इन्फ्रास्ट्रक्चर को अप्रूव करती है, के लिए ऑलरेडी प्रपोजल बन चुका है । फिर भी मार्च महीने तक अगर भारत माला प्रोजैक्ट–2 के तहत इस प्रोजैक्ट को पी.आई.बी.द्वारा एप्रूव | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | शुगर मिल में गन्ना लेकर जाते हैं। हम पिछले 3 साल से सरकार का यही जवाब सुनते आ रहे हैं। मेरा कहना है कि जब सरकार वहां से माइनिंग द्वारा खूब धन कमा रही है तो क्या सरकार वहां की जनता के लिए सड़क के केवल 33 किलोमीटर के एक टुकड़े का निर्माण नहीं कर सकती ? मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि लोगों की समस्या को देखते हुए इस सड़क को जल्द–से–जल्द बनवाने की कोशिश करे। बड़े–बड़े डम्पर लाडवा से रेत, बजरी आदि सामान लेकर जाते हैं। इसकी वजह से वहां पर अम्बेडकर चौक पर सारा दिन वाहनों का जाम लगा रहता है। अतः इस सड़क को जल्दी– से–जल्दी 4 लेन करने का काम किया जाए। इसके अलावा यह सड़क तीन स्टेट्स पंजाब, हरियाणा और यू.पी. को जोड़ती है, इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस सड़क को पेहवा तक जल्द–से–जल्द बनवाने का काम किया जाए। | नहीं किया जाता तो हरियाणा प्रदेश में पीपली से यमुनानगर के इस पूरे पैच को हाइपर एन्युटी मोड में हम डिवैल्प करेंगे। इससे इसकी स्ट्रैंग्थनिंग भी हो जाएगी, वाइडनिंग भी हो जाएगी और स्टेट हाइवे डिक्लेयर करके इसके कार्य को पूरा किया जाएगा। | | |
| 294. | श्री जगबीर सिंह मलिक, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 3 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :– (क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लाठ, खानपुर कलां, तथा मोई गांवों से गुजरने वाली मुख्य सड़कें पिछले एक वर्ष से गंदे पानी से जलमग्न है; तथा (ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 26.12.2022 (क) महोदय, ग्रमीणों द्वारा इन गांवों की पीडब्ल्यूडी सड़कों पर सीवरेज तथा घरों का गंदा पानी छोड़ने के कारण कुछ सड़को के हिस्से में पानी जमा हो जाता हैं। साइड ड्रेन के बंद होने के कारण ये पानी ओवरफ्लो हो जाता हैं और इन गांवों में गंदा पानी जमा होने की समस्या अक्सर होती रहती हैं। (ख) उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए इन गॉव के सड़कों के हिस्सों में प्रभावित क्षेत्रों को या तो सीमेंट कंक्रीट पेवमेन्ट या सीमेंट कंक्रीट ब्लॉकों से बनाया गया हैं ताकि ये सड़के वाहनों के चलने योग्य रहे। गांव लाठ में हरियाणा पीडब्ल्यूडी बी एंड आर के द्वारा और गांव खानपुर कलां तथा मोई में ग्रम पंचायतों के द्वारा साइड ड्रेन का निर्माण किया गया हैं। अब चूंकि ग्रम पंचायतों का पुनर्गठन हो गया | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | हैं, इसलिए साइड ड्रेन के जाम होने और सफाई नहीं होने का मुद्दा इनके साथ उठाया जाएगा। | | |
| | | 26.12.2022 | | |
| 295. | चौ0 आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 14 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए को नूंह से अलवर (राजस्थान सीमा) तक चारमार्गी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है | हाँ श्रीमान जी, नूंह शहर से अलवर (राजस्थान) सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए को चारमार्गी बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए निविदा प्राप्त हुई है और इसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRT&H) ने वार्षिक योजना 2022–23 में रुपये 350 करोड़ की अस्थायी लागत के साथ इस सड़क को चारमार्गी करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि अभी इसकी कोई समय सीमा नहीं बताई जा सकती है। | | |
| | | 26.12.2022 | | |
| 296. | श्री घनश्याम सर्राफ, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 29 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि भिवानी | भिवानी शहर में वन टाइम ट्रीटमेंट का कार्य दिनांक 02.12.2022 को संविदा एजेंसी को प्रदान किया गया है। एजेंसी को परफॉर्मेंस सिक्योरिटी 02.01.2023 तक जमा करनी है। इसके अतिरिक्त, | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ई का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ? | अनुबंध समझौते के क्लॉज 2.21 के अनुसार, एजेंसी द्वारा रूपये 29,82,415/– की अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी राशि जमा करने की आवश्यकता होगी, क्योंकि उद्धृत दरें कम हैं। अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा करने की मंजूरी का मामला सचिव MoRT&H को भेजा गया है और अनुमोदन की प्रतीक्षा है। इसे देखते हुए मध्य फरवरी के बाद 2023 में ही काम शुरू होने की संभावना है। | | |
| | | 26.12.2022 | | |
| 297. | श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 35 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें–<br>(क) कालांवाली शहर में रोड़ी सड़क पर निर्मित किये जा रहे पुल की निविदा कब आमत्रिंत की गई थी तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है;<br>(ख) क्या उपरोक्त पुल के निर्माण के लिए सरकार द्वारा समय सीमा बढाई गई थी;<br>(ग) निर्धारित सबंध में उपरोक्त पुल के निर्मित न किए जाने के लिए कम्पनी के विरूद्व क्या कार्यवाही की गई; तथा<br>(घ) उपरोक्त पुल को जनता के लिए कब तक खोले जाने/आरम्भ किए जाने की संभावना है? | (क) श्रीमान् जी, कालांवाली शहर में रोड़ी सड़क पर पुल (आर.ओ.बी.) के लिए निविदा दिनांक 16.02.2018 को आमंत्रित की गई थी। लोक निर्माण विभाग के भाग हेतु निविदा दिनांक 15.06.2018 को 24 माह की समय सीमा के साथ आवंटित की गई थी। इस कार्य के रेलवे भाग के लिए इस विभाग द्वारा दिनांक 04.09.2020 करे निविदा आमंत्रित की गई तथा दिनांक 26.03.2021 को 12 माह की समय सीमा के साथ निविदा आवंटित की गई। इस पुल (आर.ओ.बी.) के पूरा होने की संभावित दिनांक 31.03.2023 है।<br>XXXX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | (घ) श्रीमान् जी, अतिरिक्ति बिटुमिनस सतह के कार्य को छोड़कर लोक निर्माण विभाग का हिस्सा पूरा हो गया है, जो रेलवे हिस्से के पूरा होने पर किया जायेगा। रेलवे विभाग का कार्य दिनांक 31.03.2023 तक पूरा होने की संभावना है। उसके बाद पुल को यातायात के लिए खोल दिया जायेगा। | | |
| | | 27.12.2022 | | |
| 298. | श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 24 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :— (क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कें बहुत बुरी अवस्था में है :— (i) गवालड़ा से नारायना; (ii) गवालड़ा से नामुंडा; (iii) रिफाईनरी क्रोसिंग से सिंगपुरा गांव बोहली तक; | गवालड़ा से नारायनाः यह सड़क विधायक समालखा की प्राथमिकता सूची में है। एच.ई.डब्लयु पोर्टल पर 157.62 लाख रूपये की अनुमानित राशि तैयार की गई है, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इसकी कोई समय सीमा नही बताई जा सकती। गवलड़ा से नामुंडा : यह सड़क विधायक इसराना की प्राथमिकता सूची में है। एच.ई.डब्लयु. पोर्टल पर 70.79 लाख रुपये की अनुमानित राशि तैयार की गई है, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इसकी कोई समय सीमा नही बताई जा सकती। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (iv) शाहपुर से परडाना, सींक तक; (ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों के कब तक मरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ? | रिफाईनरी क्रोसिंग से सिंगपुरा गांव बोहली तकः निविधा आमंत्रित की गई है तथा 10.01.2023 को प्राप्त होगी, कार्य मार्च, 2023 के दौरान आरंभ होने की संभावना है। XXX शाहपुर से परडाना, सींक तकः नाबार्ड आर.आई.डी.एफ–XXXVIII योजना के अंतर्गत 612.06 लाख रूपये की लागत से सड़क प्रस्तावित है। नाबार्ड से स्वीकृति अभी बाकी है। XXX | | |
| | | 27.12.2022 | | |
| 299. | तारांकित प्रश्न संख्या 24 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – अध्यक्ष महोदय, जब भी हम सड़कों के बारे में संबंधित विभाग के एस.ई/एक्सियन/एस.डी.ओ. से बात करते हैं तो हर बार उनसे यही जवाब मिलता है कि आपकी सड़कों के टैंडर लगने वाले हैं अर्थात् आपकी सड़कों के काम चालू होने वाले हैं, परंतु हम काफी दिनों से संबंधित ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय से पुनः निवेदन करता हूँ कि जिन सड़कों | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात सदन के पटल पर रखी है, वह एक सड़क सिंगपुरा से बोहली की है, उसका ऑलरेडी टैंडर फ्लोट हो चुका है, दिनांक 10.01.2023 को इसका टैंडर खुलेगा और मार्च महीने में काम शुरू हो जायेगा। अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार से तीन सड़कें मार्केटिंग बोर्ड की हैं, दो सड़कें डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के अंदर है और एक सड़क नाबार्ड के अंडर है, जैसे ही इसकी ग्रांट आयेगी, हम इसको टेकअप करेंगे। अध्यक्ष महोदय, टैंडर कब तक लगेंगे, के जवाब में मेरा यह कहना है कि पहले टैंडर लगाने का प्रोसैस डिपार्टमैंट वाईज होता था, अब 28 के 28 इंजीनियरिंग डिपार्टमैंट | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | के टैंडर की बात हो रही है, दोबारा प्रशासन से पूछा जाये कि कौन–कौन सी सड़कों के काम शुरू हो चुके हैं। आज के दिन मेरा मानना है कि किसी भी सड़क का काम चालू नहीं है। सरकार इन सड़कों को कब तक बना देगी ? यदि सरकार इन सड़कों को नहीं बनाती है तो इसका कारण भी सदन को बताया जाये ? | का एक हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल बन चुका है। मैं इस बात को मानता हूँ कि इसके प्रोसैस में डिले हुआ है। मगर एक चीज स्पष्ट हो गई है कि कहीं कोई लो क्वालिटी का काम करेगा तो सरकार के 28 के 28 महकमों के अंदर संबंधित ठेकेदार को दण्डित किया जायेगा। इस चीज को देखते हुए थोड़ा डिले जरूर हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह भी कहना चाहता हूँ कि जो उन्होंने 25 करोड़ रुपये की दो सड़कों के बारे में रिकमैंडेशन दी है, मैं चाहूंगा कि बची हुई सड़कों के नाम भी उसमें डलवा दें। प्राथमिकता के आधार पर उनको जनवरी और फरवरी महीने में टेकअप कर लेंगे। | | |
| | | 28.12.2022 | | |
| 300. | श्री लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 41 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या कोसली उपरि पुल का पुनर्निर्माण करने तथा कोसली बाईपास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा | (क) हां श्रीमान जी, कोसली ओवर ब्रिज के पूनर्निर्माण तथा कोसली बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव है।<br>(ख) ब्यौरे इस प्रकार हैं:–<br>(i) कोसली ओवर ब्रिजः कोसली ओवर ब्रिज के पुनर्वास के लिए रफ अनुमानित | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई या की जाने की संभावना है ? | लागत सी.आर.आर.आई, नई दिल्ली की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार तैयार किया गया है तथा यह विचाराधीन है<br>(i) कोसली बाईपासः लोक निर्माण (बी एंड आर) वास्तुकला विभाग संख्या 09/154/2015–3 बी एंड आर (डब्ल्यु). दिनांक 26.11.2015 को कोसली बाईपास के निर्माण के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के माध्यम से 6274.16 लाख रुपये की राशि के कार्य को प्रशासनिक रूप से स्वीकृत किया गया था। कोसली बाईपास के निर्माण के लिए कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नही है तथा निजी भूमि खरीदी जानी है। भूमि को खरीदने के लिए ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से मामला उठाया गया था लेकिन भू स्वामीयों द्वारा उच्च दरों की मांग के कारण इसे छोड़ना पड़ा। अब वैकल्पिक संरेखण पर विचार किया जा रहा है। कोसली बाईपास का कार्य केवल निजी भूमि खरीदने के पश्चात् आरम्भ किया जा सकेगा। xx दूसरी बात जो ऊपरगामी पुल की है उसका मार्च 2023 से पहले टैंडर करने का प्रयास करेंगे ताकि इस वित्त वर्ष में उसका टैंडर फ्लोट हो जाये | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | और माननीय सदस्य के विधायक रहते–रहते उसका कंस्ट्रक्शन वर्ष 2023 के अन्दर–अन्दर कम्पलीट हो जाये। XX | | |
| | | 02.03.2020 | | |
| 301. | तारांकित प्रश्न संख्या–150 के संदर्भ में डॉ. कमल गुप्ता एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः *** अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से यह निवेदन है कि जो बाकी 6 रेलवे क्रॉसिंग्स रह गए हैं उनका भी प्रोसैस शुरू करके उन पर जल्दी से जल्दी काम शुरू करवाया जाए ताकि शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने कहा कि हिसार में 11 रेलवे क्रॉसिंग्स हैं। मैं उनको करैक्ट करना चाहूंगा। वहां पर 11 की बजाय 13 रेलवे क्रॉसिंग्स हैं। इनमें से 4 रेलवे क्रॉसिंग्स पर काम कम्पलीट कर दिया है, 3 रेलवे क्रॉसिंग्स पहली, सूर्य नगर वाली एल.सी. 89 और 60, दूसरी सदर्न बाइपास सैक्टर–16 और सैक्टर एल.सी. 4 ए., तीसरी हिसार से कैमरी रोड एल.सी. 6 बी. पर काम चल रहा है। इनके अलावा बालसमंद डिस्ट्रिब्यूट्री पर रेलवे लाइन है। उसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ चुकी है और उसका जी.ए.डी. (जनरल अरेंजमैंट ड्रॉइंग) बनने के लिए दिया जा चुका है। वहां पर स्ट्ड फार्म के साथ एक सड़क है। वह स्ट्ड फार्म आर्मी का है। हमने उसके लिए आर्मी से आग्रह किया था कि वह जमीन हमें दे दें लेकिन उन्होंने हमें मना कर दिया। अतः अब हम उसका पुनः जी.ए.डी. बनवा रहे हैं ताकि उसको किस तरीके से आगे लेकर जाया जाए। इसके अलावा हमने बचे हुए ब्रिजिज की रिपोर्ट मंगवाई है। रिपोर्ट के आ जाने के बाद हम उसे चैक करेंगे। हमारी सरकार का प्रयास है कि जहां यात्रियों और गाड़ियों की अधिक क्रॉसिंग है और अत्यधिक सघन क्षेत्र है उनको हम जीन्द के बाइपास या रोहतक के रेलवे ब्रीच जैसी सुविधा उपलब्ध करवा दें। इसके लिए उनकी स्टडी करवायेंगे। | | |
| | | 16.03.2021 | | |
| 302. | श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 263 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि एन.आई.टी., फरीदाबाद का अपना कोई तहसील तथा उपमण्डल कार्यालय नहीं है; तथा<br>(ख) यदि हां, क्या फरीदाबाद, एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उपमण्डल तथा तहसील कार्यालय का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त कार्यालय के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ? | (क) हां श्रीमान जी, इस समय तहसील कार्यालय व उप–मण्डल (ना.) बडखल, जिला फरीदाबाद का कोई भवन नहीं है और ये सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एन.आई.टी. फरीदाबाद के भवन में बिना किराए के कार्यरत हैं।<br>(ख) उप–मण्डल व तहसील कार्यालय हेतु एन.आई.टी. फरीदाबाद में भूमि चिन्हित की जा रही है और तदोपरान्त निर्माण का कार्य आरम्भ किया जाएगा। | आश्वासन संख्याः 59. एन.आई.टी, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र मे उप–मण्डल कॉम्पलैक्स बडखल के कार्यालय के निर्माण के लिए राजकीय कन्या, सीनियर सकैण्डरी स्कूल, मैट्रो मोड, एन.आई.टी फरीदाबाद की 6.43 एकड भूमि मे से 2.74 एकड भूमि लघु सचिवालय बडखल (राजस्व विभाग) के नाम सरकार के आदेश पत्र क्रमांक 701–र–1–2022/3817, दिनांक 21–04–2022 द्वारा निःशूल्क स्थानान्तरण कर दी गई थी तथा इस विभाग के पत्र दिनांक 12–05–2022 द्वारा उपायुक्त, फरीदाबाद को लिख दिया गया है कि उप–मण्डल कॉम्पलैक्स बड़खल के कार्यालय के निर्माण के नक्शे सरकार के नॉर्मस | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | अनुसार मुख्य वास्तुकार हरियाणा से तैयार करवाकर उनके माध्यम से सरकार को अनुमोदन हेतु भिजवाना सुनिश्चित करे। मुख्य वास्तुकार हरियाणा से पत्र दिनांक 12710—2022 द्वारा उक्त भवन निर्माण के नक्शे अनुमोदन हेतु प्राप्त हुए थे। जिस बारे सरकार के स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। | |
| 303. | श्री सोमबीर सांगवान, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1551 क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या दादरी विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में चरखी—घसोला योजक सड़क से भिवानी—रोहतक बाई—पास सड़क वाया मेजबान चौंक तक अनुपयुक्त आर.डी. संख्या 1 माईनर के स्थान पर एक सड़क के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | 15.03.2022<br>नगर परिषद चरखी दादरी द्वारा 675 मीटर लम्बी सड़क निर्माण के लिए निधि स्वीकृत की गई है तथा सिंचाई विभाग से एन.ओ.सी. (अनापत्ति प्रमाण पत्र) लेने के बाद हिस्से (भाग) के निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। नगर परिषद चरखी दादरी के शेष 900 मीटर लम्बी सड़क के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव नही है। | | |
| 304. | श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 7 का अनुपूरक प्रश्न—<br>माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से यह सवाल किया था कि टिक्करताल होते हुए मांदना से रायपुर रानी तक जो रिटेनिंग वॉल और सड़क का निर्माण हो रहा है उसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। क्या इसकी जांच के लिए एम.एल.ए. की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों और स्थानीय लोगों की कोई कमेटी बनाई जायेगी। इनका जवाब आया कि पूरी तरह से क्वॉलिटी के हिसाब और सरकार के निर्देशानुसार काम हो रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि एक निष्पक्ष समिति का गठन करके वहां पर हुए कार्यों की जांच करवा ली जाये। उसमें दीवार/स्पोर्ट पिल्लर्ज की नींव को भी पूरा नहीं डाला गया और जो उसमें रेता, बजरी व सीमेंट यूज किया गया उसका अनुपात भी ठीक नहीं है। वहां पर 70 प्रतिशत रेत डस्ट का यूज किया गया है। वहां पर दीवार/स्पोर्ट पिल्लर्ज की तराई भी नहीं होती। मैं यह जानना | 21.02.2023.<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य बार—बार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इसमें स्थानीय विधायक को भी शामिल किया जाये। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि यह इंजीनियरिंग का काम है और माननीय विधायक के कहने पर हमने अपने विभाग की इंजीनियरिंग विंग द्वारा दो बार टैस्टिंग करवाई है और टैस्टिंग के बाद स्पेसिफिकेशन के अनुसार वहां रोड वर्क हुआ है। अगर माननीय सदस्य चाहते हैं कि इसका तीसरी बार इंस्पैक्शन हो तो हम क्वालिटी कंट्रोल की टीम के साथ जो हमारे इंजीनियरिंग ग्रिएविंसिज विंग के दो सदस्य हैं उनको ऐसासिएट करके हम इसकी तीसरी बार भी जांच करवा लेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | चाहता हूं कि ऐसा कौन सा सीमेंट आ गया है जिसमें तराई की भी जरूरत नहीं होती। वहां के आम लोगों ने इस बारे में सी.एम. विंडो पर भी शिकायत डाली लेकिन विभाग द्वारा विभागीय इंक्वॉयरी बिठा दी जाती है। उसमें जो कम्पलेनेंट होता है उसको बुलाया नहीं जाता और कह दिया जाता है कि वह काम ठीक है। इस मामले में मेरा यही कहना है कि जिस कम्पलेनेंट ने सी.एम. विंडो पर शिकायत दी होती है उसके ऊपर सुनवाई के दौरान कम्पलेनेंट को भी जरूर बुलाना चाहिए। अगर आप कहते हैं कि गुणवत्ता सही है तो सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए एक समिति बनाई जाये जिसमें वहां के दो–चार मौजिज लोगों को भी शामिल किया जाये तथा मुझे भी इसमें शामिल किया जाये। आप अपने विभाग के अधिकारियों को भेज कर जांच करवा लीजिए तो आपको पता चल जायेगा कि कितना बुरा हाल है तथा इसमें कितना घपला है। इसी प्रकार से नन्दपुर केदारपुर की सड़क का मैंने विधान सभा में जिक्र किया था जिसकी जांच शुरू हो चुकी है। इसी प्रकार से एक गांव बवाना की सड़क | | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बनी थी वह भी टूट गई है। अध्यक्ष महोदय, मैं 4–5 दिन पहले झाझड़ से कोलावाली भूड किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने गया था तो उन लोगों ने बताया कि हमारी सड़कों को बने हुए 4–5 साल हो गये हैं। उनका कहना है कि हमारी सड़कें कभी नहीं टूटी। इसलिए मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इस सड़क में इस्तेमाल हो रही सामग्री की एक समिति बना कर जांच करवाई जाये। इस जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। अगर हम सही हैं तो उसका भी पता चल जायेगा और मंत्री जी सही हैं तो उसका भी पता चल जायेगा। | | | |
| 305. | श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 7 पर माननीय अध्यक्ष द्वारा दिया गया सुझाव–<br>उप–मुख्यमंत्री जी, अगर आप मानें तो इस बारे में मेरा एक सुझाव है। इसके लिए विधान सभा की एक अलग से कमेटी बनी हुई है अगर आप उसको इस जांच में शामिल कर लें तो ज्यादा अच्छा रहेगा। | 21.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, अगर आप कह रहे हैं तो मैं उस समिति को इस जांच में अवश्य शामिल करूंगा लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि यह मामला बार–बार क्यों उठा रहा है। वहां पर एक मोरनी कॉन्टिनेंटल रिजॉर्ट है, उसकी मलकियत किसकी है तथा इसको लीज पर किसको दिया गया है उसकी भी जांच हाउस अवश्य करवाए। वहां पर जो कंस्ट्रक्शन चल रही है उसमें लोकल इन्वॉल्वमैंट ज्यादा है। इसमें क्वालिटी का मामला बार–बार इसीलिए उठाया जा रहा है कि वहां के लोकल लोग | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | चाहते हैं कि उस रिजॉर्ट तक जो सड़क जा रही है उसको भी इसी कांट्रैक्ट के तहत ठीक करवाया जाये लेकिन कानूनी रूप से वह सम्भव नहीं है। | | |
| 306. | डॉ० कृष्ण लाल मिड्ढा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 2— क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:— (क) क्या जींद शहर में एक रिंग रोड का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है; (ख) क्या यह भी तथ्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा अलाईनमैंट एन.एच.ए.आई को सौंप दिया गया हैय तथा (ग) यदि हां, तो डी.पी.आर के कब तक तैयार किए जाने की संभावना है? | 21.02.2023 (क) हां, श्रीमान् जी। जींद बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई) के पास विचाराधीन है। एन.एच.ए.आई द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस बाईपास के निर्माण के लिए अभी कोई समय सीमा नहीं बताई जा सकती है। (ख) जिस अलाईनमैंट विकल्प को हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था, उसे एन.एच.ए.आई को सौंप दिया गया है। (ग) डीपीआर जून, 2023 तक तैयार होने की संभावना है। | | |
| 307. | श्री सीता राम यादव, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 32— क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि रेवाड़ी से सादुलपुर रेलवे लाइन एल—87 पर ऊपरि पुल की माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 16.02.2020 को दोगंडा अहीर रैली में की गई घोषणा के अनुसार कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है? | 21.02.2023 हाँ, श्रीमान् जी, सरकार के पत्र क्रमांक 13/28/2020—2 बी. एंड आर. (डब्ल्यू) दिनांक 21.04.2022 के तहत 36.57 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। रेलवे द्वारा दिनांक 16.06.2022 को जनरल अरेंजमेंट ड्रॉइंग (जीएडी) को मंजूरी दे दी गई थी। तदनुसार, हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर इस कार्य का विस्तृत अनुमान/डीएनआईटी प्रक्रियाधीन है। इसके बाद जल्द ही इसकी निविदा आमंत्रित की जाएगी। | | |
| 308. | श्रीमती गीता भुक्कल, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 39— क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि झज्जर निर्वाचन क्षेत्र की निम्न सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है:— (क) मातनहेल से साल्हावास सड़क वाया अकेहड़ी मदनपुर तथा लदैनय (ख) झज्जर शहर की आन्तरिक सड़केंय (ग) दादरी चौक से रामलीला ग्राउंड तक सड़क वाया अम्बेडकर चौक? | 21.02.2023 (क) मातनहेल से साल्हावास वाया अकेहड़ी मदनपुर और लदैन सड़क की स्थिति यातायात योग्य है और जिसका रख—रखाव नियमित पैचवर्क के माध्यम से किया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव चंडीगढ़ यादि क्रमांकइ 09/266/2022—3 बीएण्डआर (डब्लयू) दिनांक 16.01.2023 द्वारा एन.सी.आर.पी.बी. ऋण सहायता योजना के तहत झज्जर जिले में 0.00 किमी से 19.00 किमी तक मातनहेल साल्हावास कोसली सड़क के चौड़ीकरण के लिए लगभग 64.00 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। प्रोजेक्ट स्वीकृति और निगरानी समूह—1 (पी.एस.एम.जी.—1), एन.सी.आर.पी.बी, नई दिल्ली के अनुमोदन | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | के बाद काम शुरू किया जाएगा।<br>(ख) झज्जर शहर की आंतरिक सड़कों की स्थिति यातायात योग्य है। झज्जर शहर की सभी सड़कों का रख–रखाव नियमित पैच वर्क के माध्यम से किया जा रहा है।<br>(ग) **** | | |
| | | 21.02.2023 | | |
| 309. | जीरो ऑवर में श्री बिशन लाल सैनी, विधायक द्वारा पूछा गया प्रश्न–<br>अध्यक्ष महोदय, हमारे बी.एण्ड आर. मंत्री जी यहां पर बैठे हुए हैं मैं उनसे भी निवेदन करना चाहूंगा कि उनकी जो सड़कें बन रही हैं वे बनती बाद में हैं और टूट पहले जाती हैं। इस बारे में भी एक कमेटी का गठन होना चाहिए जो सड़कों की जांच कर सके। हम उन सड़कों के बारे में बता देंगे कि कौन सी सड़क कब बनी है और कब टूटी है। इसी प्रकार से रादौर से पिपली की जो सड़क है उसके ऊपर से माननीय मुख्यमंत्री जी तथा गृह मंत्री श्री अनिल | अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करना चाहूंगा कि हमने टैंडर के माध्यम से काम शुरू करवाये हैं और जिनके बारे में माननीय सदस्य गुणवत्ता में कमी की बात कह रहे हैं। उनके बारे में आम आदमी की भी कुछ जिम्मेदारी बनती है। इसके लिए हम हर गांव में एक निगरानी समिति भी बनवा रहे हैं। विधायक तो चुने हुए प्रतिनिधि हैं और ये स्वयं जा कर उस काम की समीक्षा कर सकते हैं। अगर कहीं पर कोई कोताही मिलती है तो आप उस काम को रुकवाने का काम करें, एक्शन लेने का काम करें। अगर लगता है कि उसके बाद भी कोई इम्पलीमैंटेशन नहीं हो रही है तो शिकायत कर दें हम | | 482 |
| | विज भी गुजर चुके हैं और मेरे ख्याल से उप–मुख्यमंत्री जी भी वहां से गुजर चुके होंगे। उस सड़क की इतनी बुरी हालत है और उसमें इतने गड्ढे हैं कि हर तीन–चार दिन के बाद दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोग मर रहे हैं। वहां पर बड़े–बड़े ट्रॉले चलते हैं जिसके कारण ये दुर्घटनाएं हो रही हैं। उसका टैंडर भी हो चुका है तथा टैंडर अलॉट भी हो चुका है लेकिन इसके बावजूद भी 3 महीने हो चुके, इस सड़क पर काम शुरू नहीं हो रहा है। क्या मंत्री जी इसकी वजह बतायेंगे कि उस सड़क का काम क्यों नहीं शुरू हो रहा है ताकि हम भी लोगों को समझा सकें? हर बार यही कह दिया जाता है कि एक हफ्ते में काम शुरू हो जायेगा। | उसकी जांच करवायेंगे। यह तभी रुकेगा जब हम सभी लोग अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उसकी समीक्षा करेंगे। यह व्यवस्था परिवर्तन होने लग रहा है इसलिए इसमें समय लग सकता है। पहले जो पैसा खुर्दबुर्द होता था, हम इस सोच के साथ काम कर रहे हैं कि वह पैसा गांव के विकास में गुणवत्ता के साथ लगे। उसके लिए सभी माननीय सदस्यों का सहयोग बहुत जरूरी है। मेरा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि अगर आपको कहीं पर कोई कमी नजर आती है तो आप लिख कर व्हट्स ऐप पर भेज दीजिए। किसी माननीय साथी को मेरे पास आने की जरूरत नहीं है केवल व्हट्स ऐप पर भेज दीजिए और मैं उसको साथ के साथ विजिलेंस को दूंगा और उनको पकड़ने का काम करेंगे। | | 483 |
| ***** | | ***** | | |
| | अध्यक्ष महोदय, मैं तो अभी कह रहा हूं इसीलिए माननीय मंत्री जी को उस पर कार्रवाई करनी चाहिए। | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि ये मुझे आज ही व्हट्स ऐप करें तो हम आज ही इसके आदेश जारी कर देंगे और कल से उसकी जांच शुरू हो जायेगी। कहीं पर भी अगर गड़बड़ है तो उसकी जांच होगी और उसको बख्शा नहीं जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 310. | श्री घनश्याम दास अरोडा, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 27 –<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 26425 तथा 26426 के अनुसार सड़कों का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा उक्त कार्य के कब तक पूरे किए जाने की संभावना है ? | 22.02.2023<br>श्रीमान जी, यमुनानगर खजूरी–जठलाना सड़क को गुमथला राव तक किलोमीटर 0.00 से 22.30 तक (ID 511, 531 & 532) की सड़क को चौडा तथा सुदृढ करने जो कि मुख्यमंत्री घोषणा कोड संख्या 26425 दिनांकित 15.05.2022 की है, के अनुमान तैयार कर लिया गया है। अनुमान परीक्षाधीन है तथा प्रशासनिक अनुमोदन हेतू सरकार को भेजा जाएगा। इस स्थिति पर कोई समय सीमा नही दी जा सकती है।<br>जगाधरी वर्कशाप सड़क किलोमीटर 0.27 से 2.00 तक (ID 428) की सड़क को चौडा तथा सुदृढ करने जो कि मुख्यमंत्री घोषणा कोड संख्या 26426 दिनांकित 15.05.2022 की है, के अनुमान तैयार कर लिया गया है। अनुमान परीक्षाधीन है तथा प्रशासनिक अनुमोदन हेतु सरकार को भेजा जाएगा। इस स्थिति पर कोई समय सीमा नही दी जा सकती है। | | |
| 311. | तारांकित प्रश्न संख्या 27 के संदर्भ में माननीय अध्यक्ष द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br>दुष्यंत जी, सरकार ने 25 करोड़ रुपये तक के कामों की प्रॉयर्टी लिस्ट मांगी थी, वो माननीय सदस्यों ने अपनी–अपनी लिस्ट दे दी है। मुझे भी अपने हल्के के कामों की 25 करोड़ रुपये की लिस्ट को दिये हुए लगभग 4 महीने हो गये हैं। चार महीने के अंदर वह लिस्ट कहां है ? उस लिस्ट का क्या हुआ? इस प्रकार की बातों का किसी को नहीं पता है। | 22.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके निर्वाचन क्षेत्र पंचकुला के बारे में सदन को बता देता हूँ कि हमारे विभाग के पास आपकी तरफ से 6 सड़कों का 26.30 किलोमीटर का लगभग 29 करोड़ रुपये का काम भेजा हुआ है। जो आज हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर प्रोसैस के लिये डल चुका है। | | |
| 312. | संजय सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 32–<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) सोहना लघु सचिवालय तथा तावडू लघु सचिवालय के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या हैय तथा<br>(ख) उक्त सचिवालयों का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है? | 22.2.2023<br>(क) सोहना तथा तावडू में लघु सचिवालय के निर्माण के लिए वास्तु शिल्प विभाग द्वारा वास्तु शिल्प चित्र जारी किए गए हैं। कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति की मांग के लिए अनुमान तैयार किए जा रहे हैं।<br>(ख) क्योंकि प्रशासनिक स्वीकृति अभी प्राप्त नही हुई है, इसलिए, इस स्तर पर कोई समय सीमा नही दी जा सकती। | | |
| 313. | तारांकित प्रश्न संख्या 32 के संदर्भ में श्री संजय सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से जानना | 22.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि दिनांक 26.12.2022 को रेवेन्यू डिपार्टमैंट से हमारे पास पत्र आया था कि लैण्ड अवेलिबिलिटी हो चुकी है। आर्किटैक्चर विभाग को नक्शे बनाने के लिए | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | चाहूंगा कि हमारी सोहना विधान सभा के अन्दर तावडू और सोहना दो सब डिविजन लगते हैं लेकिन इन दोनों सब डिविजन में से किसी में भी लघु सचिवालय नहीं हैं। हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी कि यह स्टार्टिंग की घोषणा है। इस संबंध में मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि इसका काम कितनी जल्दी स्टार्ट कर दिया जाएगा ? | फाइल भेज दी गई है। जैसे ही अनुमान आ जाएगा कि लागत कितनी होगी उसका टैंडर करके उसका काम शुरू करेंगे क्योंकि सरकार की भी प्रायरिटी है कि जहां पर ऑफिसर्स डिप्लॉय हो चुके हैं वहां पर जल्द से जल्द इंफ्रास्ट्रक्चर देकर आम जनता को भी उसका लाभ दिया जाए। | | |
| 314. | तारांकित प्रश्न संख्या 34 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– <br> अध्यक्ष जी, सबसे पहले तो मैं आपके माध्यम से डिप्टी सी.एम. साहब का धन्यवाद करना चाहूंगा कि पिछली बार मैंने सदन में एक पुल का क्वैश्चन उठाया था आज उसकी प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी हो चुकी है और उसका पैसा भी सैंक्शन हो गया है। मैं डिप्टी सी.एम. साहब का धन्यवाद भी करता हूं और साथ में एक निवेदन भी करता हूं कि मेरे यहां एक | 22.02.2023 <br> अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का यह कहना सही है। स्टेट हाईवेज, एम.डी.आर. और ओ.डी.आर. पर हरियाणा प्रदेश में पी.डब्ल्यू.डी. के केवल 12 कमर्शियल टोल प्लाजा हैं जहां पर प्राइवेट व्हीकल्स से टोल कलैक्शन नहीं होता है। जहां तक स्कूल बसिज की बात है तो स्कूल बसिज कमर्शियल व्हीकल्स में आती हैं इसलिए उनसे टोल वसूला जाता है। इन टोल प्लाजा से जब भी कोई कमर्शियल नम्बर प्लेट का व्हीकल निकलेगा तो उसको टोल चुकाना होता है। माननीय सदस्य कुछ समय पहले एक डैलिगेशन लेकर मुझसे मिल कर | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | छोटे से एरिया में ही रोड्ज पर तीन टोल टैक्स बैरियर लगा रखे हैं। इन रोड्ज में एक रोड तो एक तहसील से दूसरी तहसील तक है और दूसरी एक जिले से दूसरे जिले तक है और तीसरी रोड नैशनल हाईवे है। इन तीनों रोड्ज पर टोल टैक्स बैरियर लगे हुए हैं। नैशनल हाईवे की मैं चर्चा नहीं करना चाहता बल्कि मैं तो स्टेट के रोड्ज पर जो इस तरह से टोल लगा रखे हैं उनके बारे में बात करना चाहता हूं। इनसे मेरे इलाके की जनता में रोष व्याप्त है। इनके विरोध में लोग वहां पर धरने पर बैठे हुए हैं। इसके अलावा और भी बहुत से टोल टैक्स लगे होते हैं जो नहीं होने चाहिएं। स्कूल बसों पर कोई टोल टैक्स नहीं होता लेकिन वहां पर स्कूल बसों पर भी टोल वसूला जा रहा है। अगर कोई किसी शोक सभा में शामिल होने जा रहा है तो उनको भी टोल देना पड़ता है। मेरे विधान सभा क्षेत्र के जो छोटे–मोटे कमर्शियल व्हीकल्स हैं उन पर भी टोल लग रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि पूरे हरियाणा में राज्य मार्गों, जिला मार्गों तथा अन्य जिला | गये थे और हमने टोल प्लाजा नं. 54 को एग्जामिन करवाया था और मैं इस महान् सदन में यह घोषणा करना चहूंगा कि 1 मार्च, 2023 से हम उसको बंद करने जा रहे हैं क्योंकि वहां पर कमर्शियल व्हीकल्स की संख्या बहुत कम है और लोकल लेवल पर पब्लिक के लिए हिंड्रेंस पैदा कर रहा है। माननीय सदस्य का जो दूसरा टोल प्लाजा है उसकी भी हम समीक्षा करवा लेंगे और अगर कमर्शियल व्हीकल्स कम हैं और कमर्शियल एक्टिविटीज वायबल नहीं होंगी तथा पब्लिक को भी उससे दिक्कत है तो भविष्य में उस पर भी विचार कर लेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | मार्गों पर सिर्फ 12 कमर्शियल टोल प्लाजा हैं जिसमें से 2 मेरे विधान सभा क्षेत्र में लगे हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या पूरे हरियाणा में केवल 12 कमर्शियल टोल प्लाजा हैं और कहीं पर क्या कोई कनैक्टिविटी है ही नहीं ? मेरे निर्वाचन क्षेत्र के साथ यह अन्याय क्यों हो रहा है ?<br>मैं तो यही कहना चाहूंगा कि–<br>गैरों पर कर्म अपनों पर सितम,<br>ऐ जाने वफा ये जुल्म न कर,<br>हम चाहने वाले हैं तेरे<br>यूं हमको सताना ठीक नहीं।<br>मैं तो यही कहना चाहूंगा कि या तो पूरे हरियाणा में कमर्शियल टोल प्लाजा लागू कर दिये जायें या मेरे निर्वाचन क्षेत्र के दो कमर्शियल टोल प्लाजा को भी हटा दिया जाये। | | | |
| 315 | श्री सुभाष गांगोली, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 35–<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि लगभग 56 करोड़ रुपये की लागत से जींद–सफीदों सड़क को 10 मीटर तक चौड़ा करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 3 अप्रैल, 2021 को घोषणा की गई थीय<br>(ख) यदि हां, तो क्या उक्त सड़क को 10 मीटर तक चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त कार्य को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है<br>(ग) क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले लोक निर्माण विभाग की 22 सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जिसके लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 3 अप्रैल, 2021 को घोषणा की गई थी ? | 22.02.2023<br>(क) हां श्रीमान जी, उपरोक्त सड़क मुख्यमंत्री घोषणा (मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 25943) (7 मीटर से 10 मीटर तक चौडा करने के लिए) के तहत प्रस्तावित है तथापि, घोषणा की तिथि 3.04.2021 की बजाए 3.4.2022 है।<br>(ख) इस सड़क की लंबाई 36.73 किलोमीटर है। हरियाणा अभियांत्रिकी कार्य पोर्टल पर रूपये 7901.11 लाख की राशि का संभावित अनुमान अपलोड किया गया है जो कि परीक्षाधीन है तथा सरकार को अनुमोदन के लिए प्रेक्षित किया जाएगा। इस स्तर पर समय सीमा नही दी जा सकती।<br>(ग) मुख्यमंत्री घोषणा 21 सड़कों की मरम्मत की थी (22 सड़कों की बजाए) तथा उन सभी की मरम्मत की जानी प्रस्तावित है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 22.02.2023 | | |
| 316. | तारांकित प्रश्न संख्या 35 के संदर्भ में श्री सुभाष गंगोली, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br>अध्यक्ष महोदय, 03 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री जी ने जीन्द–सफीदों रोड के चौड़ीकरण की घोषणा की थी और 03 फरवरी, 2023 को मैंने अधिकारियों से पूछा कि इस रोड का क्या स्टेटस है ताकि मैं विधान सभा में इसका प्रश्न लगा सकूं। उन्होंने मुझे बताया कि अभी तक इस रोड के लिए ऐस्टीमेट्स बनाने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है। जब मैंने यह प्रश्न विधान सभा में लगाया तो उसके बाद इसकी प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रक्रिया की शुरूआत एक्सियन ऑफिस से होती है लेकिन आज तक एक्सियन ऑफिस से इस रोड का ऐस्टिमेट्स बनकर नहीं गया है। जब मैंने इस रोड को बनाने की समय सीमा की बात की तो माननीय उप–मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसको समय सीमा में नहीं बांधा जा सकता है। अध्यक्ष महोदय, मैं तो आपके माध्यम से उप–मुख्यमंत्री जी से रिक्वैस्ट करूंगा कि इस रोड का चौड़ीकरण कब तक कर दिया जाएगा? इसकी समय सीमा जरूर तय की जाए कि इस पर काम कब तक शुरू हो जाएगा? इसी के साथ ही मेरी विधान सभा की 21 सड़कों की मरम्मत व चौड़ीकरण की घोषणा भी की गई थी लेकिन एक्सियन ऑफिस से उन 21 सड़कों का ऐस्टीमेट्स भी अभी तक नहीं बना है। उनमें से तीन–चार सड़कें मैंने अपने 25 करोड़ रुपये के कामों में दी हैं क्योंकि मुझे लोकल ऑफिसर्ज ने कहा कि पहले आप हमें मुख्यमंत्री जी की घोषणा में से कुछ सड़कें दे दो तो उनमें से जो ज्यादा महत्वपूर्ण सड़कें थी वह मैंने अपने 25 करोड़ रुपये वाले कामों में दे दी। उनके ऐस्टिमेट्स हैड क्वार्टर पर आए हुए हैं लेकिन मेरे हल्के की बाकी जो 17–18 सड़कें बची हैं जिनकी मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की थी उन पर भी ध्यान दिया जाए और जो जीन्द–सफीदों रोड के चौड़ीकरण का | माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो ऐस्टिमेट्स के बारे में बात कही है कि अभी तक ऐस्टिमेट्स नहीं बना है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि हमारे पास डी.पी.आर. से इस सड़क का ऐस्टिमेट 79 करोड रुपये का आया है। इसके लिए फोरैस्ट क्लीयरैंस और बाकी एप्रूवल चाहिए होती हैं उसके लिए ऑलरेडी फाईल पुटअप कर दी गई है। आने वाले समय में जैसे ही फोरैस्ट से इसकी एप्रूवल आती है तो हम इस सड़क की वाइडनिंग भी करेंगे। यह सरकार की अनाउंसमैंट है उसको पूरा किया जाएगा। जहां बाकी सड़कों की बात आई है इनके 25 करोड़ रुपये के कामों में से मेरे पास इनकी तरफ से अभी तक 15 करोड़ रुपये की ही डिमांड आई है। मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य जिन 21 सड़कों की बात कर रहे हैं उनमें से ये 10 करोड़ रुपये के काम जल्दी से जल्दी भिजवाएं उनको हम इसी फाईनैंशियल इयर में टेकअप करेंगे।<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का कहना कि इस रोड के काम को टाईम बाउंड किया जाए। मैं उनको बताना चाहूंगा कि फोरैस्ट की क्लीयरैंस के बाद ही इसका अनुमान लगाया जा सकता है। दूसरा माननीय सदस्य ने जो हाट गांव की सड़क की बात कही है उसके लिए मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य भी खुद देख सकते हैं कि उस सड़क की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर डल चुका है। उसके टैंडर प्रक्रिया में जितना समय लगेगा उस अवधि को हम शॉर्ट लाईन भी नहीं कर सकते लेकिन उसके बाद कंस्ट्रक्शन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | काम था उसकी समय सीमा जरूर से जरूर निर्धारित की जाए। यह मेरा आपके माध्यम से उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है। | | | |
| 317. | तारांकित प्रश्न संख्या 35 के संदर्भ में श्री सुभाष गांगोली, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – <br> अध्यक्ष महोदय, 03 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री जी ने जीन्द–सफीदों रोड के चौड़ीकरण की घोषणा की थी और 03 फरवरी, 2023 को मैंने अधिकारियों से पूछा कि इस रोड का क्या स्टेटस है ताकि मैं विधान सभा में इसका प्रश्न लगा सकूं। उन्होंने मुझे बताया कि अभी तक इस रोड के लिए ऐस्टीमेट्स बनाने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है। जब मैंने यह प्रश्न विधान सभा में लगाया तो उसके बाद इसकी प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रक्रिया की शुरूआत एक्सियन ऑफिस से होती है लेकिन आज तक | 22.02.2023 <br> माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो ऐस्टिमेट्स के बारे में बात कही है कि अभी तक ऐस्टिमेट्स नहीं बना है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि हमारे पास डी.पी.आर. से इस सड़क का ऐस्टिमेट 79 करोड रुपये का आया है। इसके लिए फोरैस्ट क्लीयरैंस और बाकी एप्रूवल चाहिए होती हैं उसके लिए ऑलरेडी फाईल पुटअप कर दी गई है। आने वाले समय में जैसे ही फोरैस्ट से इसकी एप्रूवल आती है तो हम इस सड़क की वाइडनिंग भी करेंगे। यह सरकार की अनाउंसमैंट है उसको पूरा किया जाएगा। जहां बाकी सड़कों की बात आई है इनके 25 करोड़ रुपये के कामों में से मेरे पास इनकी तरफ से अभी तक 15 करोड़ रुपये की ही डिमांड आई है। मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य जिन 21 सड़कों की बात कर | | |
| | एक्सियन ऑफिस से इस रोड का ऐस्टिमेट्स बनकर नहीं गया है। जब मैंने इस रोड को बनाने की समय सीमा की बात की तो माननीय उप–मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसको समय सीमा में नहीं बांधा जा सकता है। अध्यक्ष महोदय, मैं तो आपके माध्यम से उप–मुख्यमंत्री जी से रिक्वैस्ट करूंगा कि इस रोड का चौड़ीकरण कब तक कर दिया जाएगा? इसकी समय सीमा जरूर तय की जाए कि इस पर काम कब तक शुरू हो जाएगा? इसी के साथ ही मेरी विधान सभा की 21 सड़कों की मरम्मत व चौड़ीकरण की घोषणा भी की गई थी लेकिन एक्सियन ऑफिस से उन 21 सड़कों का ऐस्टीमेट्स भी अभी तक नहीं बना है। उनमें से तीन–चार सड़कें मैंने अपने 25 करोड़ रुपये के कामों में दी हैं क्योंकि मुझे लोकल ऑफिसर्ज ने कहा कि पहले आप हमें मुख्यमंत्री जी की घोषणा में से कुछ सड़कें दे दो तो उनमें से जो ज्यादा महत्वपूर्ण सड़कें थी वह मैंने अपने 25 करोड़ रुपये वाले कामों में दे दी। उनके ऐस्टिमेट्स हैड क्वार्टर पर आए हुए हैं लेकिन मेरे हल्के | रहे हैं उनमें से ये 10 करोड़ रुपये के काम जल्दी से जल्दी भिजवाएं उनको हम इसी फाईनैंशियल इयर में टेकअप करेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | की बाकी जो 17–18 सड़कें बची हैं जिनकी मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की थी उन पर भी ध्यान दिया जाए और जो जीन्द–सफीदों रोड के चौड़ीकरण का काम था उसकी समय सीमा जरूर से जरूर निर्धारित की जाए। यह मेरा आपके माध्यम से उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है। | | | |
| 318. | तारांकित प्रश्न संख्या 35 के संदर्भ में श्री सुभाष गंगोली, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – अध्यक्ष महोदय, जो मैंने काम दिये हुए थे वे लगभग तेईस–साढ़े तेईस करोड़ रुपये के थे उनमें से भी लगभग 10 करोड़ रुपये के काम अकेले मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं में से हैं। वह भी इसलिए कि हमारे एस.ई. और एक्सियन ने यह कहा कि अगर ये दोनों अर्थात सी.एम. साहब की घोषणा और आपके 25 करोड़ के काम इक्ट्ठे हो जाएंगे तो आपका काम जल्दी हो जाएगा। इन सड़कों में से हाट से रामनगर तक की सड़क बहुत ही जर्जर हालत में है जिसके कारण लोगों ने अल्टरनेट रास्तों से जाना शुरू कर दिया है। यह सड़क सी.एम. साहब की घोषणा में भी है और मेरे 25 करोड़ रुपये के कामों में भी है लेकिन इनमें जो जीन्द–सफीदों रोड के चौड़ीकरण का काम है उसको टाईम बाउंड जरूर करवाया जाए क्योंकि 10 महीने बाद जब मेरा प्रश्न एक्सियन ऑफिस या इंजीनियर सैल में गया उसके बाद इस पर काम शुरू हुआ है लेकिन 10 महीने तक इस पर कोई भी काम शुरू नहीं हुआ था। 10 महीने पहले कम से कम इसका ऐस्टिमेट बनाने का काम भी शुरू नहीं हुआ था। मैं पूछना चाहता हूं कि अब इस रोड पर काम कब तक शुरू हो जाएगा, इसका टाईम बाउंड जरूर किया जाए। | 22.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का कहना कि इस रोड के काम को टाईम बाउंड किया जाए। मैं उनको बताना चाहूंगा कि फोरैस्ट की क्लीयरैंस के बाद ही इसका अनुमान लगाया जा सकता है। दूसरा माननीय सदस्य ने जो हाट गांव की सड़क की बात कही है उसके लिए मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य भी खुद देख सकते हैं कि उस सड़क की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर डल चुका है। उसके टैंडर प्रक्रिया में जितना समय लगेगा उस अवधि को हम शॉर्ट लाईन भी नहीं कर सकते लेकिन उसके बाद कंस्ट्रक्शन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। | | |
| 319. | तारांकित प्रश्न संख्या 36 के संदर्भ में श्री हरविंदर कल्याण, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – स्पीकर सर, मेरे विधान सभा क्षेत्र में | 22.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, इस संस्था का काम 65 परसेंट पूर्ण हो चुका था और उसके बाद इंक्वायरी की गई। इसके प्रोजेक्ट के अंदर बजट अनुमान से ज्यादा लागत लगाई गई थी। इसके उपर | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | गर्ल्स कालेज का कार्य रूका हुआ है और मैंने इस संदर्भ में जो जानकारी मांगी थी, उसके जवाब में मुझे माननीय उप मुख्यमंत्री जी से जवाब मिला है कि इस संदर्भ में वर्तमान में कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती क्योंकि मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और माननीय उच्च न्यायलय ने संविधा एजेंसी के खिलाफ बलपूर्वक कार्यवाही करने की रोक लगा दी है। यह सही है कि मामला सब ज्युडिश है मगर मैं इसमें यह कहना चाहूंगा कि यह भी तो सही है कि उस एजेंसी ने फ्राड किया हुआ है और यह सारा कुछ जग जाहिर भी हो चुका है। अध्यक्ष महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र में एक एन.सी.सी. एकेडमी भी है, इसका काम भी इसी एजेंसी के पास है और वह काम भी रूका हुआ है। स्पीकर सर, यह कहना है कि बलपूर्वक कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है, यह कोई विषय नहीं है। वास्तव में विभाग को इसमें एक क्लीयर स्टैंड लेना चाहिए क्योंकि इस एजेंसी की अभी पिछले दिनों विजिलेंस ने हैफेड के एक मामले में इंक्वायरी भी की है। जब आर्बिट्रेशन संभव नहीं है तो विभाग को कोर्ट में एक एफिडेविट फाइल करना चाहिए और नियमों के अनुसार आगे से इस एजेंसी के कांट्रैक्ट को खारिज करके रिटैंडरिंग करने का काम करते हुए प्रोजेक्ट्स के काम को आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। स्पीकर सर, यह कहना है कि बलपूर्वक कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है, यह कोई विषय नहीं है। वास्तव में विभाग को इसमें एक क्लीयर स्टैंड लेना चाहिए क्योंकि इस एजेंसी की अभी पिछले दिनों विजिलेंस ने हैफेड के एक मामले में इंक्वायरी भी की है। जब आर्बिट्रेशन संभव नहीं है तो विभाग को कोर्ट में एक एफिडेविट फाइल करना चाहिए और नियमों के अनुसार आगे से इस एजेंसी के कांट्रैक्ट को खारिज करके रिटैंडरिंग करने का काम करते हुए प्रोजेक्ट्स के काम को आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। | हाई कोर्ट ने कोरेसिव एक्शन के लिए मना करते हुए, कंसंर्ड ए.सी.एस. को आदेश दिए हैं कि एक कमेटी इस सारे विषय को एग्जाामिन करते हुए आगे का निर्णय ले और इस प्रकार कमेटी ने प्रोजेक्ट–बाई–प्रोजेक्ट मेजरमैंट कराते हुए, इस एजेंसी के लिए कई जगहों पर कैंसिलेशन प्रक्रिया एडाप्ट की है और कई जगह आर्बिट्रेशन के तहत काम को नगोशियेट करने का भी काम किया गया है। माननीय सदस्य को मैं इतना ही कह सकता हूँ कि आज के दिन कुछ ज्यादा कहना संभव नहीं है लेकिन जो हमारे चीफ मिनिस्टर साहब की अध्यक्षता में एक कमेटी है, इसका अगला एजेंडा जब भी आयेगा तो उसमें इस प्रोजेक्ट के संदर्भ में फाइनल निर्णय लिया जायेगा और उस रिपोर्ट को हाई कोर्ट में सबमिट करने का काम भी करेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 320. | चौ० आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 68–<br>क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे –<br>(क) दिल्ली मुम्बई ग्रीन ,क्सप्रैस–वे पर नूंह तथा पलवल के लोगों के लिए निर्धारित योजना तथा सरकारी आश्वासन के पश्चात भी खेड़ा–खलीलपुर–मंडकोला के.एम.पी जंक्शन तथा फरीदाबाद, एक्सप्रेस–वे जंक्शन पर आउटलैट कट उपलब्ध न कराए जाने के कारण क्या हैंय तथा<br>(ख) उक्त एक्सप्रेस–वे पर मरोडा–खानपुर घाटी–नगीना पर सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद आउटलैट कट निर्मित न किए जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 22.02.2023<br>(क) के.एम.पी., एक्सप्रेस–वे और डी.एन.डी.–फरीदाबाद–बल्लभगढ़–के.एम.पी. लिंक के साथ दिल्ली–मुंबई ग्रीनफील्ड, एक्सप्रैस–वे का इंटरसेक्शन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई) के अधिकार क्षेत्र में आता है। एन.एच.ए.आई ने आउटलैट कट प्रदान करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है क्योंकि यह इंटरचेंज की जटिलता के कारण संभव नहीं है, जिसे तीन , ,क्सप्रैस–वे के साथ–साथ वे साइड सुविधाओं की कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि, मंडकोला–सिलानी रोड और के.एम.पी., एक्सप्रैस–वे के इंटरचेंज के निर्माण की व्यवहार्यता का प्रस्ताव विचाराधीन है। **** | | |
| 321. | तारांकित प्रश्न संख्या 41 के संदर्भ में श्री धर्म सिंह छोक्कर द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः– (क) क्या यह तथ्य है कि समालखा में जी.टी. रोड पर पुराने बस अड्डे के नजदीक उपरि पुल का निर्माण किया गया है तथा उपरि पुल के दोनों तरफ की सड़कों की हालत बहुत खराब है जिसके कारण प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा राज्य सरकार तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण उक्त सड़कों की मरम्मत नहीं कर रहा है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त दोनों सड़कों के कब तक मरम्मत/निर्मित किए जाने की संभावना है? | 17.03.2023<br>XXXX श्रीमान जी, जी.टी. रोड़ (पानीपत से दिल्ली खण्ड) राष्ट्रीय राजमार्ग–44 भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) के अधिकार क्षेत्र में पडता है। परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पी.आई. यू. सोनीपत ने सूचित किया है कि "राष्ट्रीय राजमार्ग–44 को 8–लाईनिंग के दौरान, 73+700 किलोमीटर (बस स्टैंण्ड/अनाज मण्डी, समालखा जिला पानीपत के सामने) पर वाहन अण्डर पास (वी.यू.पी.) का निर्माण किया गया तथा यातायात के लिए खोल दिया गया है। नाली तथा सर्विस रोड़ का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा मार्च, 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।" | | |
| 322. | तारांकित प्रश्न संख्या 41 के संदर्भ में श्री धर्म सिंह छोक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–XXXX में आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को यह कहना चाहूंगा कि मेरे विधान सभा क्षेत्र समालखा शहर में नैशनल हाईवे के साथ–साथ जो दोनों तरफ सर्विस लेन बनी हुई है उसकी हालत | 17.03.2023<br>XXXX वैसे तो यह सवाल गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया से संबंधित है क्योंकि अब एन.एच.ए.आई. उसको डिवैल्प कर रही है। हमने इस संबंध में एन.एच.ए.आई. के रिजनल ऑफिसर से भी आग्रह किया है। वहां एक तरफ की ड्रेन और रोड तो कम्पलीट हो चुकी है और जो दूसरी तरफ का हिस्सा जिससे दिल्ली से चण्डीगढ़ आते हैं उस साइड की | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बहुत ही ज्यादा खराब है। वहां पर सर्विस लेन पर बड़े–बड़े गढ्ढे बन गए हैं जिनमें पानी भरा रहता है। वहां पर पानी की निकासी के लिए नाले इत्यादि का भी कोई प्रावधान नहीं है। इससे वहां पर आने–जाने वाले पैदल यात्रियों व सभी प्रकार के वाहन चालकों को बड़ी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहां पर पुल बने तीन साल हो चुके हैं लेकिन सर्विस लेन को अब तक ठीक नहीं किया गया है। मेरी आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से रिक्वैस्ट है कि समालखा शहर की दोनों तरफ की सर्विस लेन की मुरम्मत का कार्य टाईम बाऊण्ड मैनर में करवाया जाये। इस बार के सरकारी जवाब में भी यह लिखा है कि इस काम को 31 मार्च तक पूरा करवा दिया जायेगा लेकिन मुझे इस प्रकार के आश्वासन पहले भी मिलते रहे हैं लेकिन वहां पर अभी तक ग्राऊण्ड लैवल पर कोई कार्य नहीं हुआ है। वहां | ड्रेन और रोड के लिए गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया का आश्वासन आया है कि हम उसको 31 मार्च से पहले–पहले कम्पलीट कर देंगे। | | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | से पूरे हिन्दुस्तान का ट्रैफिक गुजरता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से बार–बार सरकार से यही अनुरोध है कि इस काम को जल्दी से जल्दी कम्पलीट करवाया जाये। | | | |
| | | 20.03.2023 | | |
| 323. | तारांकित प्रश्न संख्या 68 के संदर्भ में श्री घनश्याम दास अरोड़ा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX सरकार की एक योजना है कि हर शहर की कनैक्टिविटी अच्छी होनी चाहिए और उस कनैक्टिविटी को सुंदर व बढ़िया बनाने के लिए बाइपासिज भी बनाये जा रहे हैं, रिंग रोड्ज भी बनाई जा रही हैं ताकि शहर के ऊपर जहां थिकली पापूलेटिड एरिया है, जहां घनी आबादी है वहां पर यातायात के दबाव को कम किया जा सके इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह समय की आवश्यकता है और इस चार मार्गी सड़क के बन जाने से पंचकूला–कलानौर नैशनल हाईवे से यमुनानगर को सीधी कनैक्टिविटी मिल जायेगी। इसी सड़क पर नया मैडीकल कॉलेज बनना प्रस्तावित है | XX हम इस रोड के लिए जमीन की रिक्वीजिशन ई–भूमि पोर्टल पर डाल देंगे ताकि जल्दी से जल्दी हमें जमीन प्राप्त हो जाये। अगर माननीय सदस्य हमें इसके लिए लैंड अवेलेबल करवा देंगे तो सरकार इस मामले को जरूर टेक–अप करेगी। XX अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को जैसे मैंने पहले कहा कि जल्द हम इस सड़क के लिए जितनी जमीन की जरूरत होगी उसकी रिक्वीजिशन को ई–भूमि पोर्टल पर डलवा देंगे। अगर इनका और लोकल जनता का सहयोग रहेगा तो सरकार उसको प्रक्योर भी करेगी और जमीन को एक्वायर करने के बाद वहां पर फोरलेनिंग सड़क का निर्माण कार्य भी करवाया जायेगा। इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आज के दिन अर्बन एरिया में लैंड की अवेलेबिलिटी डे–बाई–डे एक बहुत बड़ी प्रॉब्लम बनती जा रही है। इसके लिए जो लोकल जनता का सहयोग चाहिए होगा मैं चाहूंगा कि माननीय | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | इसलिए कृपया इसके ऊपर सहानुभूति–पूर्वक विचार करते हुए यमुनानगर के निवासियों को आज ये एक तोहफा, एक गिफ्ट देने की घोषणा करने की मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन कर रहा हूं। अगर यह कार्य हो जाता है तो यमुनानगर के निवासियों के लिए एक बहुत अच्छी बात होगी। | विधायक भी उसमें सरकार की मदद करें। XX | | |
| 324. | श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 72 :– अध्यक्ष महोदय, क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कनीना से कांटी खेड़ी से राजस्थान सीमा तक की सड़क के 7 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ी करने की वर्तमान स्थिति क्या है; यदि हां, तो उक्त सड़क कब तक चौड़ा किए जाने की संभावना है ? | 20.03.2023<br>जी श्रीमान, अटेली विधानसभा क्षेत्र में नारनौल–रेवाड़ी रोड पर खेड़ी से राज्य सीमा तक सड़क हिस्से को मजबूत करने के अलावा मौजूदा सड़क को 7 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ा करने का प्रस्ताव है, जोकि एचएसआरडीसी द्वारा किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने डीपीआर तैयार करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मई, 2022 में दे दी है जिसके उपरांत डीपीआर तैयार करने का कार्य कन्सल्टेंट को आवंटित किया जा चुका है। डीपीआर की स्वीकृति के बाद इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाएगी और इसके बाद यह काम शुरू कर दिया जाएगा। | | |
| 325. | श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 77 : अध्यक्ष महोदय, क्या उप– मुख्यमंत्री कृपया बतायेंगे कि झज्जर निर्वाचनक्षेत्र की निम्न सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है:–<br>(i) छुछकवास से बहु वाया मातनहेल सड़क को चौड़ा, सुदृढ़ एवं रिकॉर्पेटिंग करना;<br>(ii) मातनहेल से साल्हावास सड़क को चौड़ा व सुदृढ़ करना;<br>(iii) झज्जर शहर से छुछकवास तक सड़क वाया मरोट–ग्वालीसन; तथा<br>(iv) छुछकवास बाई–पास का निर्माण ? | 20.03.2023<br>श्रीमान जी, सड़क अनुसार उत्तर सदन की मेज पर रखा गया है। उत्तर<br>1. छुछकवास से बहु वाया मातनहेल सड़क की स्थिति अच्छी है। सरकार ने झज्जर जिले में छुछकवास–मातनहेल–बहू–करोली (सी. एम. बी. के. ) सड़क किमी 0.00 से 37.978 के पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेनिंग के सुधार के लिए 134.52 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति हरियाणा सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव चंडीगढ़ यादि क्रमांक 13/36/2019–2 बीएण्डआर(डब्ल्यू ) दिनांक 26.11.2021 को प्रदान की है। स्थायी वित्त समिति–बी ने अपनी बैठक दिनांक 13.06.2022 में एनसीआरपीबी ऋण योजना के तहत इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। प्रोजेक्ट स्वीकृति और निगरानी समूह–1 (पी एस एम जी–1 ) नई दिल्ली के अनुमोदन के बाद काम शुरू किया जाएगा।<br>2. मातनहेल से साल्हावास वाया अकेहड़ी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | मदनपुर और लदैन सड़क की स्थिति यातायात योग्य है और जिसका रख–रखाव नियमित पैचवर्क के माध्यम से किया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव चंडीगढ़ यादि क्रमांक 09/266/2022–3 बीएण्डआर (डब्लयू) दिनांक 16.01.2023 द्वारा एन.सी.आर.पी.बी. ऋण सहायता योजना के तहत झज्जर जिले में 0.00 किमी से 19.00 किमी तक मातनहेल साल्हावास कोसली सड़क के चौड़ीकरण (7.00 मी0 से 10 मी0) के लिए 64.08 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। प्रोजेक्ट स्वीकृति और निगरानी समूह–1 (पी.एस.एम.जी.–1), एन.सी.आर.पी.बी, नई दिल्ली के अनुमोदन के बाद काम शुरू किया जाएगा। | | |
| | | 3. झज्जर शहर से छुछकवास वाया मरोट–ग्वालीसन सड़क की स्थिति यातायात योग्य है और नियमित पैच वर्क के माध्यम से रखरखाव किया जा रहा | | |

504

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | है। वर्तमान में किमी 0.505 से 1.755 तक कार्य प्रगति पर है। छुछकवास वाया मरोट ग्वालीसन सड़क के सुधार की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन नाबार्ड आर. आई. डी. एफ. – xxviii योजना के तहत 1721.06 लाख रुपये नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के पत्र क्रमांक आर. ए. बी.एस. पी. डी. /2577/आर. आई. डी. एफ. xxvii–2805 (हरियाणा)/114–आई. एस. सी.–201/2022–23 दिनांक 28.02.2023 स्वीकृत की गई है। कच्चा अनुमानित लागत एच. ई. डब्ल्यू पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। सरकार से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के बाद इस पर कार्य किया जाएगा, जोकि प्रक्रियाधीन है। | | |
| | | 4. छुछकवास बाईपास का निर्माण मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 17895 दिनांक 14.12.2016 के अधीन है। प्रस्तावित बायपास की कुल लंबाई 3.651 किलोमीटर जिसमें दोनों तरफ 7.50 मीटर का कैरिजवे है। इस बायपास के लिए 2583.55 लाख रुपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार द्वारा पत्र क्रमांक 09/382/2019–3 बी एण्ड आर (डब्ल्यू) दिनांक | | |

505

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 04.06.2019 के तहत प्रदान की गई है। हाई पावर लैंड परचेज कमेटी (एचपीएलपीसी) द्वारा दिनांक 27.06.2022 को जमीन की खरीद की दरों को अंतिम रूप दे दिया गया है और जमीन की खरीद का काम चल रहा है। बाइपास निर्माण का कार्य भूमि क्रय पूर्ण होने के बाद किया जायेगा। | | |
| 326. | श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 112 :– अध्यक्ष महोदय, क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बल्लभगढ़–सोहना रोड (जो कि एक टोल रोड है) पर सुखी नहर से पाली गांव तथा पाली गांव से भांकड़ी तक गुरूग्राम जाने वाले रास्ते पर पानी एकत्रित होता है तथा सड़क भी चलने योग्य नहीं हैय तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क को कब तक चलने योग्य बनाए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त सड़क पर एकत्रित पानी की समस्या का समाधान कब तक किये जाने की संभावना है? | 20.03.2023.<br>XX (क) XX<br>(ख) बल्लभगढ़–सोहना मार्ग पर कि.मी. 7.80 से कि.मी. 8.00 तक सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण कार्य दिनांक 15.04.2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। पाली–भांकरी मार्ग (साइड ड्रेन सहित) के कि.मी. 1.35 से कि.मी. 2.00 और कि.मी. 2.58 से कि.मी. 3.00 तक सीमेंट कंक्रीट सड़क के निर्माण कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं जो दिनांक 24.03.2023 को प्राप्त होंगी। कार्य इसके प्रारंभ होने की तिथि से 6 महीने की अवधि में पूरा कर लिया जायेगा। | | |
| 327. | तारांकित प्रश्न संख्या–89 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : *** अध्यक्ष महोदय, मेरी डिमाण्ड है कि कनीना में बाईपास का निर्माण जल्दी से जल्दी करवाया जाये। | 21.03.2023<br>*** अध्यक्ष महोदय, मैं चाहूंगा कि माननीय संबंधित सदस्य भी इसको फॉलो–अप कर लें कि वहां पर लैंड अवेलेबल टाइमली हो जाये। यदि वहां पर लैंड अवेलेबल हो जायेगी तो जरूर इस पर विचार करेंगे। सरकार ने अपने बजट स्पीच में भी 14 नये बाईपासिज की घोषणा की है। इस प्रकार सरकार एक और बाईपास बनाने में परहेज नहीं करेगी। | | |
| 328. | तारांकित प्रश्न संख्या 114 के सन्दर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय बताएंगे कि कनीना से कोसली तक चारमार्गी सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ? | 22.03.2023<br>अध्यक्ष महोदय, आज के दिन इस रोड के एक पैच में डी.एल.पी. है । जैसे ही इसकी डी.एल.पी. खत्म होगी वैसे ही इस पर जरूर विचार किया जाएगा कि क्या उसको वाइडनिंग की जरूरत है । | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 329. | तारांकित प्रश्न संख्या 115 के सन्दर्भ में श्री जयवीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, माननीय उप—मुख्यमंत्री महोदय ने मेरे प्रश्न का जवाब 'न' में दिया है। के.एम.पी. एक्सप्रैस—वे को कोई दर्जा ही नहीं दिया गया है कि यह नैशनल हाइवे है या स्टेट हाइवे है। दैनिक ट्रिब्यून ने 6 फरवरी को इस मुद्दे को उठाया भी था। सरकार इसकी कैसे रिपेयर करेगी और कैसे इसमें सुविधाएं देगी ? वर्ष 2018 में पी.एम. मोदी जी ने इसका उद्घाटन किया था। अब उसके हालात ऐसे हैं कि के.एम.पी. पर चढ़ने की सड़कों की हालत खराब है और के.एम.पी. पर जगह—जगह गड्ढ़े हैं। वहां पर कोई सुविधा नहीं दी गई है। सरकार बता रही है कि रैस्ट एरिया के लिए टैण्डर भी कर दिए गए हैं। जब सरकार ने उसे कोई दर्जा ही नहीं दिया है तो मुझे बताया जाए कि | 22.03.2023<br>अध्यक्ष महोदय, आज के दिन के.एम.पी. एक्सप्रैस—वे एच.एस.आई.आई.डी.सी. का एक टोल रोड है। इसको हम मेजर डिस्ट्रिक्ट्स रोड कह सकते हैं जो अलग—अलग डिस्ट्रिक्ट्स को कनैक्ट करती है। जहां तक बात के.जी.पी. एक्सप्रैस—वे की है तो उसके लिए जमीन एन.एच.ए.आई. ने एक्वायर की थी और एन.एच.ए.आई. ने उसे नैशनल हाइवे का दर्जा दिया है। के.एम.पी. एक्सप्रैस—वे के लिए जमीन की सारी ऐक्विजीशन एच.एस. आई.आई.डी.सी. और कॉरपोरेशंज द्वारा की गई थी, इसलिए इसे आज तक कॉरपोरेशंज रोड के तौर पर ट्रीट किया गया है । मगर माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है कि इसको क्या दर्जा दिया जाएगा तो मैं उनको बताना चाहता हूं कि आने वाले समय में इसको स्टेट हाइवे एक्सप्रैस—वे का दर्जा दिया जाएगा। इस पर फाइल ऑलरेडी इन प्रव्यु है। उसको भी हम टेक अप करेंगे क्योंकि यह दिक्कत पीछे भी आई थी। ऑर्बिटल | | |
| | वहां पर किस आधार पर काम होंगे ? माननीय उप—मुख्यमंत्री महोदय हमें बतायें कि वे उसे नैशनल हाइवे बना रहे हैं या स्टेट हाइवे बना रहे हैं ? | रेल कॉरीडोर के लिए जमीन की जब एक्विजीशन हुई और जब उनको मुआवजा देने की बात आई तो नैशनल हाइवे के पास के पैचिज के लिए तो किसानों को नैशनल हाइवे की इक्विलैंसी में मुआवजा मिला लेकिन के.एम.पी. एक्सप्रैस—वे के ऐडज्वाइनिंग एरिया में किसानों को मेजर डिस्ट्रिक्ट्स रोड की इक्विलैंसी में मुआवजा मिला। उसके बाद यह मामला मेरे संज्ञान में भी आया था और इसको हमने टेक अप किया था। हमने सी. एम. साहब से अप्रूवल ले ली कि हम इसको स्टेट हाइवे इक्विलैंस टू एक्सप्रैस—वे का जल्द दर्जा देंगे। | | |
| 330. | श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 119 :—<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या नूंह—अलवर बोर्डर राष्ट्रीय राजमार्ग 248—ए को चारमार्गी के रूप में निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है; तथा | 22.03.2023<br>हां श्रीमान् जी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय(एम.ओ.आर.टी. एंड एच.), भारत सरकार ने 46.95 किमी. से 81.00 किमी. और 83.350 किमी. से 96.00 किमी. (नूंह से अलवर सीमा) तक पेव्ड शोल्डर के साथ 4—लेन करने के कार्य को वार्षिक योजना वितीय वर्ष 2022—23 में मंजूरी दी है।<br>सलाहकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख) उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के रखरखाव की क्या योजना है तथा इसका ब्यौरा क्या है? | (डी.पी.आर.) तैयार की जा रही है जिसके 31.03.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से डी.पी.आर. के अनुमोदन के बाद 4—लेनिंग कार्य की निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।<br>(ख) सड़क का रखरखाव नियमित पैचवर्क द्वारा किया जा रहा है। हालांकि पैचवर्क और थर्मोप्लास्टिक पेंट के लिए 153.00 लाख रुपये का विस्तृत अनुमान अनुदानों के लिए 15.03.2023 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया है। | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| 331. | श्री लक्ष्मण नापा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या1<br>क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि: — | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने पंजाब बॉर्डर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात की है। रतिया में बुढलाडा सड़क की वाईडनिंग का प्रपोजल ऑलरेडी अप्रूव हो चुका है और इसका टेंडर | | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | (क) क्या यह तथ्य है कि रतिया शहर में टोहाना की ओर जाने वाली सड़क पर जाम लगा<br>रहता है तथा यह सड़क टोहाना को फतेहाबाद से वाया रतिया को जोडती है; तथा<br>(ख) क्या रतिया कस्बे में फतेहाबाद सड़क से टोहाना सड़क तक बाई—पास बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है (यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | जल्दी ही इन्वाईट कर दिया जायेगा। जहां तक रतिया टोहाना सड़क की वाईडनिंग की बात है तो पिछले दिनों माननीय मुख्यमंत्री जी टोहाना गये थे तो उन्होंने इसकी अनाउंसमैंट की थी। इसका जैसे ही टैंडर ऐस्टीमैट बनकर तैयार हो जायेगा तो हम इसका टैंडर फ्लॉट करने का काम कर देंगे। जहां तक रतिया शहर की बात है तो शहर में सभी सड़कें ऑलरेडी फोरलेन बन चुकी है। चूंकि अर्बेनाइजेशन दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है और माननीय सदस्य ने जो बात रखी है उसको देखते हुए ट्रैफिक डैनसिटी का हम तुरन्त एक महीने में सर्वे करवा लेंगे। अगर सर्वे फिजीबल आता है तो सरकार इस पर जरूर विचार करेगी।<br>**** अध्यक्ष महोदय, मैं इसका सर्वे करने के लिए तुरन्त आदेश दे देता हूं जैसे ही फिजीबिलिटी ट्रैफिक डैनसिटी की रिपोर्ट आयेगी, सरकार इसके उपरांत निर्णय लेगी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 25.08.2023 | | |
| 332. | i) श्री जगदीश नायर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 2 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या होडल सड़क पर गोरोटा रेलवे क्रॉसिंग, भुलवाना रेलवे क्रॉसिंग, बन्चारी से डाकोरा रेलवे क्रॉसिंग, मितरोल, डीघोट, मरोली, बन्चारी से गोरोटा रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे उपरि पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैय तथा यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | (क) पलवल जिले में (होडल से गांव गरौटा तक सड़क) पर होडल से खाम्बी वाया पेंगाल्टू, रेलवे कि.मी. 1452 / 14–16 पर मुम्बई दिल्ली रेलवे ट्रैक क्रॉसिंग पर LC-554 पर दो लेन आर.ओ.बी. का निर्माणः–<br>ROB की GAD अनुमोदन हेतु यादि पत्र संख्या 358 / एच.एस.आर.डी.सी. दिनांकित 15.03.2023 द्वारा को उप–मुख्य अभियंता / आर.एस.डब्लयू / ग्वालियर को भेजा था। रेलवे द्वारा GAD यादि पत्र क्रमांक संख्या–डी.वाई.सी.ई. / सी.ई / जी.एस.यू. / ए.जी.सी. / आर.ओ.बी. / 554 दिनांकित 08.06.2023 को पुनः प्रस्तुत किया गया जिसे रेलवे प्राधिकरण के परामर्श से स्थान की आश्यकता अनुसार आगे ठीक किया गया तथा परामर्शकर्ता के द्वारा यादि पत्र क्रमांक संख्या–जे.सी. टी.पी.एल. / पी.बी. / एच.एस.आर.डी.सी. / एल सी–554 / 39156 दिनांकित 12.08.2023 को अनुमोदन हेतु भेजा गयां तथा रेलवे की अनुमति की प्रतिक्षा है।<br>(ख) ***<br>(ग) पलवल जिले में दिल्ली आगरा रेलवे लाइन क्रॉसिंग बंचारी से डकोडा रोड़ पर एल.सी.556.ए पर आर.ओ.बी. का निर्माण<br>मार्गाधिकार की (राइट ऑफ वे) (आर.ओ. डब्लयू) की 33 सड़क फीट है। आर.ओ. बी. के निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण करना होगा। आर.ओ.बी. के निर्माण के लिए जी.ए.डी. कार्यकारी अभियंता, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) ठतए पलवल द्वारा यादि पत्र क्रमांक संख्या 1568 दिनांकित 1.05.2023 को नार्थन सैंट्रल रेलवे को भेजा गया है। रेलवे ने अपने यादि पत्र क्रमांक संख्या ए.जी.आर.ए. / जी.एस.यू. / डी.वाई.सी.ई / एम.आई.एस.सी. / 300 दिनांकित 21.08.2023 द्वारा सूचित किया कि रेलवे इस आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य भूमि अधिग्रहण सहित अपने स्तर पर कर रही है।<br>(घ) पलवल जिले में दिल्ली आगरा रेलवे लाइन क्रॉसिंग मितरोल से डिघोट सड़क पर एल.सी.560.ए पर आर.ओ.बी. का | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | निर्माण मार्गाधिकार की (राइट ऑफ वे) (आर.ओ.डब्लयू) की 33 सड़क फीट है। आर.ओ.बी. के निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण करना होगा। आर.ओ.बी. के निर्माण के लिए जी.ए.डी. कार्यकारी अभियंता, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) Br, पलवल द्वारा यादि पत्र क्रमांक संख्या 1568 दिनांकित 1.05.2023 को नार्थन सैंट्रल रेलवे को भेजा गया है। रेलवे ने अपने यादि पत्र क्रमांक संख्या ए.जी.आर.ए./जी.एस.यू./डी.वाई.सी.ई/एम.आई.एस.सी./300 दिनांकित 21.08.2023 द्वारा सूचित किया कि रेलवे इस आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य भूमि अधिग्रहण सहित अपने स्तर पर कर रही है। | | |
| | | (ड) जिला पलवल में दिल्ली आगरा रेलवे लाइन क्रॉसिंग दिल्ली–मथुरा रोड़ से मरोली रोड़ (राष्ट्रीय राजमार्ग–19 से गांव मरोली तक सड़क) पर एल.सी.–557–बी पर रेलवे ऑवर ब्रिज का निर्माण | | |
| | | एल.सी.– 557 बी पर आर.ओ. बी के निर्माण के लिए 1.5 एकड़ अतिरिक्त निजी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। एल.सी.– 557–बी. पर प्रस्तावित आर.ओ.बी. की जी.ए.डी. का अनुमोदन मुख्य अभियंता/निर्माण, ए.जी.सी., आगरा द्वारा दिनांक 27.07.2023 किया गया। अब डी.पी.आर तैयार की जा रही है तथा प्रशासनिक अनुमोदन के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| ii) | तारांकित प्रश्न संख्या 2 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न<br>अध्यक्ष महोदय, मैंने इस क्वैश्चन का उत्तर पढ़ लिया है लेकिन मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि एल.सी. 554 पर होडल रोड पर गोरौता रेलवे क्रासिंग पर स्कूल में आने जाने वाले बच्चों को काफी लम्बे ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है और वहां पर एम्बुलैंस भी फंसी रहती है। यू.पी., राजस्थान और हरियाणा का यह मुख्य मार्ग है। इसी | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने खुद ही सारी सड़कों का ब्यौरा दे दिया है लेकिन मैं सदन के सामने दो सड़कों का ब्यौरा रखना चाहूंगा । जहां तक एल.सी. 556 की बात है वह इसलिए फिजीबल नहीं हो सकती क्योंकि इसके दोनों तरफ लैंड एक्विजिशन करनी पड़ेगी जो वहां पर मकान और दुकानें बनी हुई हैं उनको तोड़ना पड़ेगा। फिर भी हम इसका अल्ट्रनेटिव रूट बनाकर आगे एग्जामिन करवा लेंगे क्योंकि वहां पर राईट ऑफ वे रिस्ट्रिक्टिड है। माननीय सदस्य ने जो 556 की बात की है तो यह रोड मार्केटिंग बोर्ड की है तो हम मार्केटिंग बोर्ड को लिखकर दे देंगे अगर वहां | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | रास्ते पर मंडी भी पड़ती है। यहां पर आर.ओ.बी. बनाना बहुत जरूरी है इसलिए मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि इसकी डी.पी.आर. कब तक तैयार हो जायेगी? अध्यक्ष महोदय, बुलवाना से चमेलीवन रोड पर एल.सी. 552 पड़ता है इस पर आर.ओ.बी. बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री जी ने इन्कार कर दिया है। मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि यह गांव इसके एक तरफ रह जाता है और जो किसान खेती बाड़ी का कार्य करते हैं उसका रास्ता दूसरी तरफ पड़ता है। यहां से उत्तर प्रदेश के वाहन भी गुजरते हैं इसलिए यहां के लोगों को बड़ी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर कई बार पशुओं के साथ भी हादसे हो चुके हैं और यह आमजन के लिए भी मुसीबत का कारण बनी हुई है, जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके अलावा मेरा यह | पर राईट ऑफ वे होगा और अगर वह रोड हमें ट्रांसफर हो सकती है तो हम इसको रेलवे से टेकअप कर लेंगे। जहां तक दिल्ली–मथुरा रोड से मरोली रोड की बात है तो इसकी जी.ए.डी. अप्रूव हो चुकी है। अब इंडियन रेलवे जैसे ही नक्शा अप्रूव करके हमें देगी हम इसका टैंडर कर देंगे। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | भी कहना है कि बंचारी से डाकोरा रोड पर एल.सी. 556–ए पड़ता है इस पर सरकार ने आर.ओ.बी. बनाने की मंजूरी दे दी है जिसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री जी और माननीय उप मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट करना चाहूंगा। सरकार ने यह हमारे लोगों को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। अध्यक्ष महोदय, मितरोल से डीघोट रोड पर एल.सी. 560 पड़ता है इस पर आर.ओ.बी. बनाने पर भी माननीय मुख्यमंत्री जी का और माननीय उप मुख्यमंत्री जी का भी धन्यवाद प्रकट करना चाहूंगा कि इन्होंने वहां की जन समस्या को समझा। दिल्ली मथुरा रोड से गांव मरोली सियाखामी रोड पर एल.सी. 557–बी पड़ता है इस रोड पर बहुत सारा ट्रैफिक गुजरता है इसके लिए माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि इसकी डी.पी.आर. तैयार हो रही है इसलिए मेरा इनसे अनुरोध है कि इसकी डी.पी.आर. जल्दी से जल्दी तैयार करवाने का काम करें और इसका कार्य भी तेज गति से करवाया जाये। बन्चारी से गोरौटा रोड एल.सी. 556 पर पड़ता है इस रोड का ट्रैफिक बाजार में आता | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | है जिसके कारण बाजार में लम्बी–लम्बी कतार लगी रहती है। इसके लिए भी मेरा अनुरोध है कि इस रोड पर भी आर. ओ.बी. बनाया जाये। धन्यवाद। | | | |
| 333. | तारांकित प्रश्न संख्या 8 के संदर्भ में श्री सुभाष गंगोली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न<br>अध्यक्ष महोदय, मेरे विधायक बनने के बाद जितने भी विधान सभा के सैशन आये हैं उन सभी सैशंज में मैंने जींद–पानीपत रोड को फॉरलेन करने के मामले को उठाया है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने 3 अप्रैल, 2022 को सफीदों में जींद–सफीदों रोड की घोषणा की थी। पिछले सैशन में भी मैंने इस कार्य को टाइम बाउंड मैनर में करवाने की बात की थी। जो काम न करना हो उस पर वन विभाग की अड़चन बता दी जाती है। मैं कब और कहां जाऊं ? इस रोड के कार्य के लिए मुझे इससे बड़ा प्लेटफार्म कहीं नजर नहीं आता। मेरा | 25.08.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने पानीपत–सफीदों–जींद रोड की बात रखी है। इन्होंने जींद–सफीदों अकेले रोड की बात नहीं रखी है। इसके लिए 184.44 करोड़ रूपये सी.आई.आर.एफ. के अन्दर गवर्नमैंट ऑफ इंडिया से एप्रूव होकर हरियाणा सरकार के पास आ चुके हैं। हम इस पूरे प्रोजैक्ट की फोरेस्ट क्लीयरैंस लेने के लिए 28 हेक्टेयर जमीन की तलाश कर रहे हैं। यह जमीन एन्वायरनमैंट मिनिस्ट्री, भारत सरकार को दे देंगे ताकि इस प्रोजैक्ट के लिए जो पेड़ कटेंगे उनके लिए नयी जगह पर पैरलली लगा सकें। इस प्रोजैक्ट के लिए एन्वायरनमैंट क्लीयरैंस आने में गवर्नमैंट ऑफ इंडिया कितना टाईम लेगी, उसके बारे में आज इस सदन के पटल पर नहीं बताया जा सकता। इसके अतिरिक्त माननीय सदस्य ने जो सफीदों– | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | जींद–पानीपत रोड कब फॉरलेन बन जाएगा ? मैंने पहले सैशन से लेकर अब तक हर सैशन में इस रोड की बात उठाई है। मुझे यह बता दिया जाए कि इस रोड को बनवाने के लिए मैं कहां जाऊं या फिर इस काम को टाइम बाउंड किया जाए। जींद–सफीदों का जो रोड है इसका 7–8 किलोमीटर का एक टुकड़ा कैथल–सफीदों जाने के लिए बचता है क्योंकि दनौली गांव असंध के एरिया में पड़ता है। वहां तक का रोड तो मंजूर है। यह 8–10 किलोमीटर का एक टुकड़ा सफीदों–असंध जाने के लिए है जिसका 'न' में जवाब मिला है। मेरा माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन है कि इस रोड को फॉरलेन करने की ओर भी ध्यान दिया जाए। जींद–पानीपत रोड को टाइम बाउंड मैनर में पूरा करवाया जाए क्योंकि इसके जब भी बनाने की बात की जाती है तो उस पर वन विभाग की अड़चन बता दी जाती है। यह वन विभाग भी हरियाणा सरकार के अंडर ही आता है और पी.डब्ल्यू.डी. (बी. एंड आर.) विभाग भी हरियाणा सरकार के अंडर आता है। अध्यक्ष महोदय, आप कृपा करके इस काम को टाईम बाउंड जरूर | असंध रोड की बात की है और जो पैच बताया है उसके लिए हम सर्वे करवा लेंगे। अगर हमारे पास राईट ऑफ वे रहेगा तो इसको टेक अप जरूर करेंगे।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, इसमें एन्वायरनमैंट मिनिस्ट्री, गवर्नमैंट ऑफ इंडिया से एप्रूवल आनी है, इसलिए इसके लिए स्टेट गवर्नमैंट टाईम बाउंड नहीं कर सकती। जैसे ही वहां से एप्रूवल आएगी तो जो 28 हेक्टेयर जमीन एल्टरनेट देनी है उसके लिए बाई दा टाईम इंतजाम कर लेंगे ताकि फर्दर डिले न हो। हमारे पास जो 184.44 करोड़ रूपये आये हुए हैं उनके लिए जैसे ही एप्रूवल आ जाएगी तो हम टैंडर फ्लॉट करके काम शुरू करवा देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | करवाएं। मैंने एक भी सैशन नहीं छोड़ा है जिसमें संबंधित रोड का क्वैश्चन न लगाया हो। | | | |
| *** | अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इस काम को टाईम बाउंड जरूर करवा दें क्योंकि वन विभाग भी हरियाणा सरकार के अंडर ही है। यह 28 हेक्टेयर जमीन देने के लिए टाईम बाउंड कर दें कि यह 15 या 20 दिनों में दे दी जाएगी? इसके लिए टाईम बाउंड कर दें ताकि लोगों को संबंधित सड़क पर चलने का मौका मिले। | | | |
| 334. | तारांकित प्रश्न संख्या 10 के संदर्भ में श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न<br>अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे क्वैश्चन आवर में बोलने के लिए जो समय दिया मैं इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं। इस क्वैश्चन का उपमुख्यमंत्री जी ने हां में जवाब दिया है। मेरे पास इस मामले | 25.08.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बजरी और रोड़ा डालने की बात की है। माननीय सदस्य भी सिविल कांट्रेक्टर है। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि सड़क का काम, जब पोस्ट मानसून शुरू होता है और मानसून आ जाता है तो उसके बीच में रोड वर्कस के काम को बंद कर दिया जाता है। यह दुनिया भर में प्रैक्टिकैल्टी अपनाई जाती | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | से संबंधित एक वीडियो है जो मैं इनको भेज दूंगा। मेरी गांव बहलबा वाली सड़क पर दो ट्रक रोड़ी डाली गई है और एक जे.सी.बी. मशीन भेजी गई है। उस जे. सी.बी. से रोड़ा डालने का काम किया जा रहा है, उसने पूरी रोड पर लूज रोड़ा डाल दिया है, मेरे पास इसकी वीडियो भी है जो मैं इनको भेज दूंगा। वहां पर आने जाने के लिए जैसे पशु हैं, बैलगाड़ी हैं और गाड़ी घोड़ा आदि सभी परेशान हो रहे हैं यानी एक रोड बनाने के लिए जो मशीनरी रिक्वायरर्ड होती है वह मेरे ख्याल से मेरे से बेहतर कोई नहीं जानता होगा आप भी नहीं जानते होंगे। आज सिर्फ एक क्वैश्चन लगने की वजह से वहां पर फॉर्मेलिटीज पूरी कर दी गई। वहां पर 4–5 टैंडर और भी हो रखे हैं वहां पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है सिर्फ वहां पर फॉर्मेलिटीज ही पूरी हो रही है। मैंने संबंधित कांट्रेक्टर से इस बारे में पसर्नली भी बात कर ली है। आज वहां पर हालात किस प्रकार से बने हुए हैं वे भी कहते हैं कि काम शुरू होने से पहले ही हम बहुत ज्यादा परेशान हो चुके हैं तो ऐसे में हम वहां पर काम कैसे | है । उसके बावजूद भी 62 लाख रूपये यह जो बहलबा वाला पैच है इसके लिए मंजूर हो गये हैं। बजरी और रोड़ों पर इंटरलोकिक पैवर्स बिछाये जायेंगे जिससे वह सड़क जल्द ही मोटरेबल हो जायेगी। जो माननीय सदस्य ने दूसरी सड़क के बारे में बताया है, वह मार्केटिंग बोर्ड की सड़क है और उसके लिए 90 लाख रुपये का टैंडर फ्लॉट हो चुका है जो वर्ष 2024 तक कम्पलीट हो जायेगा। इस काम की 11 महीने की कम्पलीशन डेट है मैं समझता हूं कि इससे पहले–पहले यह काम कम्पलीट करके इनको हैंड ओवर कर दिया जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | शुरू करे ? वहां पर इस प्रकार की हालत बनी हुई है। मेरा आपसे निवदेन है कि पहली बात तो यह है कि टैंडर करने में बहुत समय लग जाता है क्योंकि इनकी अप्रूवल आने में काफी समय लग जाता है। बहलबा रोड की हालत काफी खस्ता हो चुकी है। उप मुख्यमंत्री जी को बहलबा वासी कम से कम 10 बार मिल चुके हैं। जो उप मुख्यमंत्री जी के कार्यकर्ता भी हैं लेकिन आज भी उसकी हालत बहुत बुरी बनी हुई है। मैं इनको इसकी वीडियो भी भेजूंगा, ये उस वीडियो को देख लेंगे तो इनको पूरी बात का पता लग जायेगा । वहां पर दो ट्रक रोड़ी और एक जे.सी.बी. मशीन लगा रखी है। उसने पूरे रोड पर लूज रोड़ा डाल रखा है। मेरा बहु–अकबरपुर का बाईपास का मैटर है जो निंदाना और समर गोपालपुर का एक किलोमीटर रोड जाता है उस रोड की बहुत ज्यादा खस्ता हालत बनी हुई है। उस रोड पर लोगों का पैदल निकलना | | | 522 |
| | भी दूभर हो गया है। बैंसी से गुगाहेड़ी रोड पर कुछ भी नहीं निकल सकता है क्योंकि वहां पर एक–एक फीट गहरे गड्ढे हो रखे हैं जिसकी वजह से वहां पर बुजुर्गों के दो तीन एक्सीडैंट भी हो चुक हैं। वहां पर हालात बहुत ज्यादा खराब हो चुकी है सरकार जो वहां पर काम करवा रही है उसको मॉनिटर भी करने का काम किया जाये। पूरे प्रदेश में सड़कें उखाड़ दी गई हैं। इन पर वर्क शुरू नहीं किया गया है इसलिए उपमुख्यमंत्री जी आप खुद इनको मॉनिटर करने का काम करें। अगर आप मुझे कहते हो तो मैं आपको इनसे संबंधित फोटो और वीडियो रोडवाइज भेज दूंगा। वहां पर कंट्रोल करने की बहुत जरूरत है। मैं पूरे प्रदेश में अनेकों जगह जाता हूं। जगह–जगह रोडज उखाड़ रखे हैं। इन रोडज के टैंडर भी हो चुके हैं लेकिन वहां पर वर्क प्रोग्रेस में नहीं है। इस बात से लोग बहुत परेशान हो रखे हैं। मेरा उपमुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि आप इन रोडज को पर्टिकुलर मॉनिटर करके इस विषय को सीरियसली से लेने का काम किया जाये क्योंकि लोग बहुत ज्यादा परेशान हो | | | 523 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | रखे हैं। मैं कई बार जुलाना भी गया हूं वहां पर कम से कम 10 सड़कें उखाड़ रखी हैं। मैं उचाना में भी गया था तो वहां पर भी दो तीन सड़कों का बहुत बुरा हाल हो रखा है। प्रदेश के अंदर ऐसी अनेकों सड़कों का बुरा हाल हो रखा है। इन सड़कों को बनाने के लिए टैंडर हो चुके हैं लेकिन वर्क प्रोग्रेस में नहीं है। इसको सीरियल से लेते हुए विभाग को कहा जाये कि एक–एक वर्क को मॉनिटर करने का काम किया जाये। | | | |
| 335. | तारांकित प्रश्न संख्या 11 के संदर्भ में श्री भव्य बिश्नोई द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br>अध्यक्ष महोदय, आदमपुर उप चुनाव से पहले आदमपुर मंडी बाई पास से बस स्टैंड रोड के निर्माण के लिए जब हमने एच.एस.वी.पी. के अधिकारियों से बात की तो बताया गया था कि एच.एस.पी.पी. की कुछ सड़कें पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) डिपार्टमैंट को दे रखी हैं। जिनमें मंडी आदमपुर बाई पास से बस स्टैंड चौक की सड़क, बी.डी.पी. ऑफिस से हनुमान मंदिर की सड़क भी शामिल है जबकि हनुमान मंदिर की सड़क पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) डिपार्टमैंट द्वारा हाल ही में बनाई भी गई थी। अध्यक्ष महोदय, रिप्लाई में लिखा है कि यह सड़क एच.एस.वी.पी. के पास है जबकि एच.एस.वी.पी. का कहना है कि सड़क पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) डिपार्टमैंट के पास है। इस तरह दोनों विभागों के असमंजस के कारण आदमपुर के आम जनमानस को बहुत भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना है कि इस कन्फ्यूजन को सुलझाया जाए और यदि यह सड़क एच.एस.वी.पी. के पास है तब भी इस सड़क को पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) डिपार्टमैंट के अन्दर लाकर इसका निर्माण करवाया जाए क्योंकि आपके पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर) डिपार्टमैंट के पास बजट भी ज्यादा है। साथ ही मंडी आदमपुर से सदलपुर रोड, मंडी आदमपुर से सीसवाल, | 25.08.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बात रखी है कि आदमपुर मंडी बाई पास से बस स्टैंड रोड में एक बवदसिपबज है कि इस सड़क में ऑनरशिप एच.एस.वी.पी. की है या पी.डब्ल्यू. डी. (बी.एण्ड आर.) डिपार्टमैंट की है। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इस सड़क की ऑनरशिप एच.एस.वी.पी. की है। यह सड़क जिस दिन पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) डिपार्टमैंट को हैंडओवर कर दी जाएगी हम उसे टेक अप कर लेंगे। दूसरी बात माननीय सदस्य ने रेलवे क्रोसिंग संख्या–113 सी की बात की, यहां पर राइट ऑफ वे नहीं है। इसलिए ब्रिज नहीं बनाया जा सकता। जहां तक बरवाला से लेकर भादरा तक वाया अग्रोहा से आदमपुर की सड़क का प्रश्न है। हमने गवर्नमैंट ऑफ इंडिया को भी इसका दो बार लैटर भेजा है कि तीन नेशनल हाईवेज का कनेक्शन है। एन.एच. इसको टेकअप करे। उसके बाद उनका रिप्लाई नहीं आया तो फेस्ड मेनर में पहला फेस हमने बरवाला से लेकर अग्रोहा तक इसको वाईडन करने का काम किया है और जो अग्रोहा से लेकर आदमपुर तक का पोर्शन है यह अंडर कंसीड्रेशन है। इसमें राईट ऑफ वे अगर हमारे पास पूरा रहेगा तो इसको भी हम आगे फोरलेन टेक अप करेंगे। जहां तक छोटे रास्तों की बात है तो इनमें कई रास्ते मार्केटिंग बोर्ड के भी हैं और कई पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) डिपार्टमैंट के भी हैं। प्रत्येक रास्ता आज के दिन डिफैक्ट लाइबिलिटी पीरियड के अंदर है और जो रास्ते डिफैक्ट लाइबिलिटी पीरियड के बाहर थे वे एम.एल.ए. प्रायोरिटी लिस्ट के अंदर 25 करोड़ रुपये हर विधायक के विधान सभा क्षेत्र में हमने लगाया है। जिसमें अधिकतम टैंडर्ज हरियाणा | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | काबरेल रोड, हिसार से बगला–घुड़साल सड़कों के निर्माण के रिप्लाई में डिपार्टमैंट ने लिखा है कि वर्तमान में ये आपके डिपार्टमैंट के विचाराधीन नहीं हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि गंभीरता तथा तुरंत प्रभाव के साथ इन सड़कों के निर्माण पर विचार किया जाए क्योंकि ये सड़कें हमारे हल्के की सबसे मुख्य और महत्वपूर्ण मार्गों में से हैं। अगर मैं कहूं कि ये तीनों सड़कें आदमपुर हल्के के 80 प्रतिशत गांवों को मंडी आदमपुर से जोड़ती हैं तो शायद गलत नहीं होगा। यहां पर रोजाना हजारों की संख्या में आम जनमानस यात्रा करती है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यहां पर खड्डे ज्यादा और सड़क कम है। अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री से प्रार्थना के साथ ही मेरा सवाल भी है कि इन सभी मार्गों का निर्माण कार्य कब शुरू होगा तथा सरकार द्वारा इनकी एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल कब तक मिल पाएगी? | इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल के माध्यम से फ्लॉट हो चुके हैं। मानसून के तुरंत बाद इन पर काम चल जाएगा। अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य प्रायोरिटी के हिसाब से यह सोचे कि निदके बहुत ज्यादा है तो मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि स्टेट का अपना एक दायरा है। एन.एच.ए. आई. तो बोन्ड वगैरा के द्वारा फंड इक्ट्ठा करती है जबकि हमें पैसा स्टेट हैड से मिलता है। इस बार रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड 3200 करोड़ रुपये से 3400 करोड़ रुपये के बीच में था। इसमें से 2400 करोड़ रुपये तो हमने सिर्फ एम.एल.ए. के 25 करोड़ रुपये के फंड की प्रायोरिटी पर लगाया है तथा 700 करोड़ रुपये हमने गवर्नमैंट ऑफ इंडिया के एन.एच.ए.आई. को देने का काम किया है। इसके साथ–साथ जो मेजर रोड डिवैल्पमैंट वर्क्स हैं उसके ऊपर हम प्रायोरिटी के साथ काम कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने इंटरनल रोड्स की जो भी बातें रखी हैं। अगले साल के बजट के अन्दर हम प्रयास करेंगे कि उन्हें ठीक करवाएं। | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| 336. | श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 17:– क्या उप–मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों की निम्न लिखित सड़कें बुरी अवस्थाय में है–<br>1. मतलौडा से वाया वैसर भण्डायरी;<br>2. डुमियाना से छिछड़ाना;<br>3. पाथरी से छिछड़ाना–सींक रोड;<br>4. भण्डारी से सुताना वाया लोहारी;<br>5. वजीरपुर टिटाना से मांडी वाली सड़क तक;<br>6. वजीरपुर टिटाना से इसराना वाया पलड़ी;<br>7. मतलोडा से शेरा;<br>8. मतलोडा से बालजट्टां वाया थिराना से खांडरा;<br>9. रिफाइनरी फाटक से बोहली तक;<br>10. पुठर से लाखू बुआना तक;<br>11. भंडारी से भाउपुर; | 1. इस सड़क पर पिछला सुधार कार्य 23.08.2017 को किया गया था। नियमित पैचवर्क करके सड़क का रखरखाव किया जा रहा है।<br>2. इस सड़क पर पिछला सुधार कार्य 05.04.2017 को एचएसएएमबी द्वारा किया गया था। नियमित पैचवर्क करके सड़क का रखरखाव किया जा रहा है।<br>3. इस सड़क पर पिछला सुधार कार्य 17.09.2017 में एचएसएएमबी द्वारा किया गया था। नियमित पैचवर्क करके सड़क का रखरखाव किया जा रहा है।<br>4. ***<br>5. ***<br>6. 13.10.2021 को ठेका एजेंसी को कार्य आवंटित किया गया और प्रगति पर है और 30.09.2023 तक पूरा होने की संभावना है।<br>7. ***<br>8. ***<br>9. इस सड़क पर पिछला सुधार कार्य 23.08.2017 को किया गया था। नियमित | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 12. भंडारी से नैन तक;<br>13. परठाणा से शाहपुर;<br>14. उरलाना कलां से सफीदों एन.एच तक वाया दरियापुर;<br>15. कुराना से छतहरा;<br>16. कुराना से बुसाना;<br>17. मतलौडा से जोशी; तथा<br>(ख) क्या उपरोक्त सड़कों की मरम्मत/पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्ति सड़कों की मरम्मत/पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ? | पैचवर्क कर सड़क का रखरखाव किया जा रहा है।<br>10. ***<br>11. इस सड़क पर पिछला सुधार कार्य 15.04.2017 को किया गया था। नियमित पैचवर्क कर सड़क का रखरखाव किया जा रहा है।<br>12. समय के साथ कुछ पैच विकसित हो गए थे जिनकी मरम्मत 15.09.2023 तक वार्षिक रखरखाव के तहत की जाएगी।<br>13. नाबार्ड आरआईडीएफ XXVIII योजना के तहत कार्य स्वीकृत। सविंदा प्रक्रियाधीन है। 10/2023 के दौरान काम शुरू होने की संभावना है।<br>14. ***<br>15. 179.91 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई। सविंदा प्रक्रियाधीन है।<br>16. सड़क की कुल लंबाई 3.360 किलोमीटर है। जिसमें से 1.81 किमी लंबाई जिसकी चोड़ाई 3.66 मीटर है इस खंड में पिछला सुधार कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा दिनांक 21.12.2020 को 30 मिमी BC के साथ किया गया था। कार्य पूरा हो चुका है शेष लंबाई 1.55 कि.मी. हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से संबंधित है सड़क की मरम्मत के लिए 37.58 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्य दिनांक 30.06.2024 तक पूर्ण होने की संभावना है।<br>17. इस सड़क पर पिछला सुधार कार्य 29.08.2018 में किया गया था। नियमित पैचवर्क कर सड़क का रखरखाव किया जा रहा है। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 337. | तारांकित प्रश्न संख्या 21 के संदर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, माननीय उप–मुख्यमंत्री जी की तरफ से मुझे जो जवाब दिया गया है वह यह है कि इस सड़क की स्थिति संतोषजनक है जबकि वास्तव में इस सड़क की स्थिति संतोषजनक नहीं है। खानपुर विश्व–विद्यालय के लिए भी यही सड़क जाती है और खानपुर पी.जी.आई. के लिए भी | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने गन्नौर–शाहपुर रोड के बारे में प्रश्न पूछा था जिसको हम एम.डी.आर. 121 कहते हैं। इसके लिए हाल ही में 08.08.2023 को नाबार्ड ने 19.76 करोड़ रुपये की एप्रूवल दी है। इस सड़क का 2\3 हिस्सा पहले 5 मीटर चौड़ा था जिसको अब 7 मीटर चौड़ा किया जायेगा और 1\3 हिस्सा पहले भी 7 मीटर चौड़ा था उसको 7 मीटर की चौड़ाई में ही स्ट्रैंथन किया जायेगा। इसका टैंडर इस महीने में ही फ्लोट | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | यही सड़क जाती है इसलिए यह सड़क वहां के लोगों की लाइफलाइन है। यह चौड़ी भी होनी चाहिए और इसमें बहुत गड्ढे हैं उनको भी ठीक किया जाये। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति जल्दी से जल्दी दी जाये। इसके अतिरिक्त गन्नौर में माननीय मुख्यमंत्री जी भी एक बार गये थे और वे कमिटमैंट करके आये थे कि सनपेड़ा–राम नगर रोड की हालत बहुत खराब है उसकी रिपेयर की जायेगी। वहां पर फ्री जोन है और वहां पर फैक्ट्रियां बहुत आ गई हैं जिसके कारण वह रोड टूटी हुई है और उसका खामियाजां वहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। इसी प्रकार से राम नगर से घसौली, राम नगर से धतूरी और लड़सोली से धतूरी रोड की भी हालत बहुत खराब है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इन सड़कों के टैंडर यथाशीघ्र लगवाए जायें। | कर दिया जायेगा और इस सड़क को गन्नौर से शाहपुर तक पूरा कर दिया जायेगा। | | |
| 338. | तारांकित प्रश्न संख्या 29 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी को यह बताना चाहूंगा कि पिछले सैशन में इसी सड़क को चारमार्गी करने के लिए मेरा प्रश्न लगा था। उस समय माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने मुझे यह आश्वासन दिया था कि हम इस सड़क पर चलने वाले वाहनों की मैपिंग करवा लेंगे। उसके बाद वाहनों की मैपिंग का कार्य सम्पन्न करवाया गया। वहां पर बहुत ज्यादा संख्या में वाहनों की आवाजाही पाई गई। मेरा आपके माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इस लगभग 5 किलोमीटर के मार्ग को चारमार्गी किया जाये या इस पर उपरि पुल बनाकर वाहन चालकों को राहत प्रदान की जाये। वहां पर रोजाना बहुत बड़े–बड़े ट्रैफिक जाम लगे रहते हैं।मेरा आपके माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी चारमार्गी किया जाये या उपरि पुल का निर्माण किया जाये। | 28.08.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने खुद के सवाल में पिछले विधान सभा सैशन में इन्होंने क्या मांग रखी और आज क्या मांग रखी ये दोनों ही बड़ी अलग हैं। पिछले सैशन में इन्होंने यह कहा था कि इस सड़क को चारमार्गी बनाया जाये। उसके लिए हमने ट्रैफिक डैंसिटी भी चौक करवा ली है। उस दौरान इन्होंने इसी प्वायंट को स्ट्रैंग्थन करने के लिए एम.एल.ए. प्रॉयरिटी लिस्ट 25 करोड़ में अपना कार्य लिखकर भेजा। जिसके लिए सरकार ने एप्रूवल ले ली है। उसके 12.2 करोड़ रूपये के टैण्डर भी इनवाईटिड हैं। जिससे इस पूरे एरिया को स्ट्रैंग्थन किया जा रहा है। वहां पर पेड़ लगे हुए है। पेड़ों को काटने के लिए हम फारैस्ट डिपार्टमैंट को लिखकर दे रहे हैं। अगर हमें फॉरेस्ट डिपार्टमैंट की परमिशन मिल जाती है उसके बाद पेड़ काटकर इस पूरे एरिया को जो 1.5 किलोमीटर के लगभग है इसको फोरलेन करने का जो इनका प्रस्ताव पिछले सैशन के अंदर था उसको आने वाले समय में टेक–अप करेंगे क्योंकि आज ट्रैफिक डैंसिटी बहुत ज्यादा है और परमिशन आने में समय लगेगा। इसको देखते हुए इमीजेटली 12.2 करोड़ रूपये की लागत से इसको हम स्ट्रैंग्थन करने का काम करेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 28.08.2023. | | |
| 339. | तारांकित प्रश्न संख्या 31 के संदर्भ में श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री से कहना चाहूंगा कि हमारे पलवल रजबाहे की लाईनिंग का काम लगभग पूरा हो गया है उसके लिए मैं मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं लेकिन यह रजबाहा हमारे शहर के बीचों–बीच कैलाश नगर, मोहन नगर, महाराणा प्रताप कॉलोनी, राधा कॉलोनी, शिव कॉलोनी और हुडा क्षेत्र से होता हुआ सोहना रोड पर निकलता है । मैंने जो इस रोड को बनाने की बात की है उस संबंध में मुझे मंत्री जी से जो उत्तर मिला है उसमें बताया गया है कि वह 15 फीट चौड़ा रोड है इसलिए यह रोड नहीं बनाया जा सकता । मैंने स्वयं वहां देखा है वह रोड 20 फीट चौड़ा है और यह रोड यू.पी. गवर्नमैंट की मलकियत है इसलिए हमने इस रोड को बनाने के लिए यू.पी. गवर्नमैंट से इसकी एन.ओ.सी. लेने के लिए डिपार्टमैंट से अप्लाई करवाया है लेकिन उन्होंने बजाए एन.ओ.सी. देने के हमें 2 करोड़ 75 लाख 71 हजार रूपये का एस्टीमेट बनाकर दे दिया कि आप इस राशि को जमा करवा दीजिए इस रोड को हम ही बना देंगे। उनको वह रोड बनाने के लिए कोई आपत्ति नहीं है। जो लैटर उन्होंने हमें दिया है उस लैटर की कॉपी भी मेरे पास है। यह रोड इतना जरूरी है कि इसके बनने से हमारे शहर के अन्दर जो ट्रैफिक जाता है वह बाहर की बाहर ही चला जाएगा। पलवल में जिस तरीके से ट्रैफिक बढ़ रहा है उसके लिए यह रोड बनने से हमारे लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात कही है उसके लिए हमने वहां पर रेवैन्यू रिकॉर्ड भी चौक करवाया है उसमें रजबाहे के साथ15 फीट स्पेस एक तरफ है और 5 फीट स्पेस दूसरी तरफ है। 15 फीट का मतलब यह हुआ कि अगर उसमें ढाई–ढाई फीट दोनों तरफ क्रैश बैरियर भी छोड़ी जाए तो वह 10 फीट चौड़ी सड़क रह जाती है जोकि पंचायती राज विभाग बनाता है। आज की परिस्थिति के अन्दर जिस तरीके से इन्होंने दो मेजर रोड की कनैक्टिविटी की मांग की है मुझे नहीं लगता कि ये वायबल होगा क्योंकि वहां पर एक एक्सीडैंट प्वायंट भी क्रियेट होगा। फिर भी अगर कोई ऐसा पत्र यू.पी. सरकार से आया है क्योंकि लाईनिंग का काम भी और ये जमीन भी इरीगेशन विभाग की है। मैं चाहूंगा कि माननीय विधायक हमें उस लैटर की कॉपी भी दे दें और इरीगेशन विभाग के अधिकारी तुरंत इसको एग्जामिन भी करवा लेंगे और अगर दो–ढाई करोड़ की लागत से कनैक्टिविटी बनती है जिसके अन्दर लाईफ थ्रेटनिंग कोई ऐसा प्वायंट नहीं आता है तो जरूर सरकार आने वाले समय में इस पर विचार करेगी। अगर लाईफ रिस्क आएगा और इरीगेशन विभाग की कोई आपत्ति आएगी तो हम यू.पी. सरकार को भी लिखने का काम करेंगे। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 340. | श्री बिश्न लाल सैनी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 53–<br>(क) खरकाली सड़क (ब्लॉक रादौर) को कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा<br>(ख) रायपुर शादीपुर से करनाल वाया जठलाना–गुमथला तक सड़क की | (क) महोदय, कार्य की निविदा आमंत्रित कर दी गई है जोकि दिनांक 04.09.2023 को प्राप्त होनी है। निविदा आवंटन के पश्चात् ही कार्य किया जाएगा।<br>(ख) इस सड़क के सुदृढ़ीकरण का प्राक्कलन अनुमोदन की प्रक्रिया में है। सरकार से प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य निष्पादित किया जाएगा। यह माननीय | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | स्वीकृति कब तक दिए जाने की संभावना है तथा क्या उक्त सड़क माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत है; तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा है जिसका कोड नं0 26452 है जो दिनांक 15.05. 2022 को की गई थी। | | |
| 341. | श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 65 क्या उप–मुख्यमंत्री निम्नलिखित सड़कों की वर्तमान स्थिति बताएंगे कि:– (क) साल्हावास से मातनहेल सड़क वाया लाडियान, बिराड तथा अकेड़ी मदनपुर जोकि बुरी अवस्था में है; (ख) झज्जर शहर से गाँव छुछकवास वाया गवालीसन तथा मरोट; (ग) झज्जर शहर से बहादुरगढ़ सड़क तक की सड़क जो कि चलने योग्य स्थिति में नहीं है; बिरोहड़ से खचरोली, सेहलंगा, डालनवास, झामरी सड़क तक की सड़कय तथा | 28.08.2023<br>सड़कवार स्थिति इस प्रकार है:<br>(क) झज्जर जिले में सालहवास से मातनहेल सड़क वाया लाडियान, बिराड तथा अकेड़ी मदनपुर सड़क को चौड़ा और मजबूत करने के लिए 64.08 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गई हैं। उक्त कार्य की डी०पी०आर० अनुमोदन के उदेश्य से स्थायी वित्त समिति ष्बीष को प्रस्तुत की गई है जिसके बाद लोन की मंजूरी के लिए डी०पी०आर० एन० सी०आर०पी०बी०, नई दिल्ली को प्रस्तुत की जाएगी। लोन की मंजूरी के बाद, परियोजना हरियाणा राज्य सड़क विकास विभाग (एच.एस.आर.डी.सी) द्वारा शुरू की जाएगी। | | |



डायवर्जन सड़क वाया दादरी चौक, भगत सिंह चौक तथा अग्रसेन चौक से रामलीला ग्राउंड जो कि बुरी अवस्था में है तथा चलने योग्य स्थिति में नहीं है?

| क्र. | आर० डी० | मौजूदा कैरिज वे | मरम्मत की आखिरी तारीख | वर्तमान स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर०डी० 0.00 से 0.180 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | संतोषजनक स्थिति (ग्राम मातनहेल) | मौजूदा सी.सी. ब्लॉक |
| 2 | आर०डी० 0.180 से 6.350 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | खराब स्थिति | पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है |
| 3 | आर०डी० 6.350 से 7.150 तक | 10.00 मी० | 11/2015 | संतोषजनक स्थिति (ग्राम अखेरी मदनपुर) | मौजूदा सी.सी. सड़क |
| 4 | आर०डी० 7.150 से 9.300 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | खराब स्थिति | पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है |
| 5 | आर०डी० 9.300 से 9.450 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | संतोषजनक स्थिति (ग्राम बिरार) | मौजूदा सीसी ब्लॉक |
| 6 | आर०डी० 9.450 से 10.150 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | खराब स्थिति | पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है |
| 7 | आर०डी० 10.150 से 10.680 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | संतोषजनक स्थिति (ग्राम लादेन) | मौजूदा सीसी ब्लॉक |
| 8 | आर०डी० 10.680 से 13.300 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | खराब स्थिति | पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है |
| 9 | आर०डी० 13.300 से 14.100 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | संतोषजनक स्थिति (ग्राम साल्हावास) | मौजूदा सी.सी. ब्लॉक |
| 10 | आर० डी० 14.100 से 17.430 तक | 7.00 मी० | 11/2015 | खराब स्थिति | पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है |
| 11 | आर० डी० 17.430 से 17.500 तक | 7.00 मी० | 02/2022 | संतोषजनक स्थिति (ग्राम कोसली) | मौजूदा सी.सी. ब्लॉक |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | ख) झज्जर शहर से गवालीसन और मरोट होते हुए गांव छुछकवास तक की सड़क राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) योजना के तहत स्वीकृत की गई है और 1824.32 लाख रुपए की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार के यादी क्रमांक 09/226/2023–3 बी एण्ड आर (डब्ल्यू) दिनांक 28.03.2023 द्वारा प्रदान की गई है। इस सड़क के सुधार के लिए निविदा प्राप्त हो चुकी है तथा अनुमोदन हेतु प्रक्रियाधीन है। | | |
| | | ग) झज्जर जिले में झज्जर शहर से बहादुरगढ़ सड़क किमी 5.700 से 23.700 कि०मी० तक चार लेन करने व सुधारने के लिए 200.00 करोड़ रुपये की राशि की सैद्धांतिक मंजूरी सरकार द्वारा पत्र क्रमांक 9/861/2021–3 बी एंड आर (डब्ल्यू) दिनांक 31.12.2021 के तहत प्रदान की गई है इस सड़क परियोजना की डी०पी०आर० तैयार करने हेतु 25.00 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति भी सरकार | | |

536

द्वारा प्रदान की गई है। उक्त सड़क की डी० पी० आर० सलाहकार द्वारा तैयार किया जा रही है। कार्य हरियाणा राज्य सड़क विकास निगम (एच.एस.आर.डी.सी.) द्वारा किया जाएगा। सड़क 08/2023 तक दोष दायित्व के अतर्गत है और ठेकेदार द्वारा पैच वर्क के माध्यम से रखरखाव किया जा रहा है।

आर०डी० अनुसार सड़क की वर्तमान स्थिति इस प्रकार हैः–

| क्र. | आर० डी० | मौजूदा कैरिज वे | मरम्मत की आखिरी तारीख | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर० डी० 0.00 3.700 तक से (फलेक्सीबल) बहादुरगढ़ शहर | 10.00 मी० | 08/2019 | संतोषजनक |
| 2 | आर० डी० 3.700 से 4.100 तक (फलेक्सीबल) बहादुरगढ़ बाई पास | 10.00 मी० | 08/2019 | संतोषजनक |
| 3 | आर० डी० 4.100 से 5.700 तक (फलेक्सीबल) | 7.00 मी० (दोनों तरफ) | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 4 | आर० डी० 5.700 से 6.500 तक (फलेक्सीबल) (ग्राम भाग. नूना माजरा) | 10.00 मी० | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 5 | आर० डी० 6.500 से 10.620 (फलेक्सीबल) | 10.00 मी० | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |

537

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | आर० डी० 10.620 से 11.260 तक (फलेक्सीबल) (ग्राम भाग दबोधा) | 10.00 मी० | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 7 | आर० डी० 11.260 से 12.100 (फलेक्सीबल) | 10.00 मी० | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 8 | आर० डी० 12.100 से 12.500 तक (सी सी भाग) | 10.00 मी० | 08/2019 | संतोषजनक |
| 9 | आर० डी० 12.500 से 14.700 तक (फलेक्सीबल) | 10.00 मी० | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 10 | आर० डी० 14.700 से 15.400 तक (फलेक्सीबल) (ग्राम भाग दुल्हेड़ा) | 6.70 मी० | 08/2019 | खराब स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 11 | आर० डी० 15.400 से 20.500 तक (फलेक्सीबल) | 10.00 मी० | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 12 | आर० डी० 20.500 से 21.200 तक (फलेक्सीबल) (ग्राम भाग कबलाना) | 10.00 मी० | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 13 | आर० डी० 21.200 से 23.700 तक (फलेक्सीबल) | 7.00 मी० (दोनों तरफ) | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 14 | आर० डी० 23.700 से 27.700 तक (फलेक्सीबल) (झज्जर शहर) | 7.00 मी० (दोनों तरफ) | 08/2019 | मोटरेबल स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |
| 15 | आर० डी० 27.700 से 27.950 तक (फलेक्सीबल) (झज्जर शहर) | 7.00 मी० (दोनों तरफ) | 08/2019 | खराब स्थिति, संविदा एजेंसी द्वारा पैच वर्क प्रगति पर है। |



घ) बिरोहड़ से खचरोली, सहलंगा, डालनवास, झामरी सड़क तक की कुल लंबाई 15.400 किमी है और आर.डी. आनुसार विवरण इस प्रकार हैः –

| क्र. | आर० डी० | मौजूदा कैरिज वे | मरम्मत की आखिरी तारीख | वर्तमान स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0.00 से 2.750 | 5.50 मी० | 4/2017 | संतोषजनक स्थिति | नियमित पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है। |
| 2 | 2.750 से 3.550 | 5.50 मी० | 07/2023 | अच्छी हालत | कार्य हाल ही में पूरा हुआ और 07/2027 तक डी० एल० पी० के अधीन है। |
| 3 | 3.550 से 6.000 | 5.50 मी० | 4/2017 | संतोषजनक स्थिति | नियमित पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है। |
| 4 | 6.000 से 6.400 | 3.66 मी० | 2006 | खराब स्थिति (ग्राम सेहलंगा निर्मित क्षेत्र में) | विधायक प्राथमिकता के तहत स्वीकृत एवं टेण्डर प्रक्रियाधीन है। |
| 5 | 6.400 से 6.800 | 5.50 मी० | 2010 | खराब स्थिति (ग्राम सेहलंगा निर्मित क्षेत्र में) | विधायक प्राथमिकता के तहत स्वीकृत एवं टेण्डर प्रक्रियाधीन है। |
| 6 | 6.800 से 9.000 | 5.50 मी० | 4/2017 | संतोषजनक स्थिति | नियमित पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है। |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9.000 से 9.200 | 5.50 मी० | 03/2009 | खराब स्थिति (ग्राम ढालनवास निर्मित क्षेत्र में) | विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत स्वीकृत कर दिनांक 3.07.2023 को संविदा एजेंसी को निविदा आवंटित कर दी गई है। |
| 8 | 9.200 से 9.400 | 5.50 मी० | 03/2009 | संतोषजनक स्थिति | मौजूदा सी.सी. सड़क |
| 9 | 9.400 से 12.400 | 5.50 मी० | 4/2017 | संतोषजनक स्थिति | नियमित पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है। |
| 10 | 12.400 से 13.100 | 5.50 मी० | 03/2009 | संतोषजनक स्थिति | मौजूदा सी.सी. ब्लॉक. |
| 11 | 13.100 से 14.200 | 5.50 मी० | 4/2017 | संतोषजनक स्थिति | नियमित पैच वर्क के माध्यम से सड़क का रखरखाव किया जा रहा है। |
| 12 | 14.200 से 15.400 | 5.50 मी० | 03/2021 | अच्छी हालत | 03/2024 तक डी०एल०पी० के तहत सड़क |

ई) डायवर्जन सड़क वाया दादरी चौक, भगत सिंह चौक तथा अग्रसेन चौक से रामलीला मैदान तक सुधार के लिए 867.71 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार के यादी क्रमांक 09/89/2023–3 बी एण्ड



आर (डब्ल्यू) दिनांक 17.02.2023 द्वारा प्रदान की गई है (विधायक प्राथमिकता सूची के अंतर्गत)। कार्य की संविदा दिनांक 17.07.2023 को ठेकेदार को 9 महीने की समय सीमा के साथ आवंटित की गई है। कार्य प्रगति पर है और निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया जाएगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 342. | श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 76– क्या उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि अटेली और कनीना शहर में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृहों का निर्माण कब तक होने की संभावना है? | 28.08.2023<br>श्रीमान जी, अटेली के नजदीक बोचडिया में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के निर्माण का प्रस्ताव है। विश्राम गृह के निर्माण के लिए 507.22 लाख रुपये का प्रशासकीय अनुमोदन दिनांक 5 सितम्बर 2019 को जारी हो चुका है और विश्राम गृह के लिए एक एकड़ भूमि के पंचायत से क्रय के लिए 90.90 लाख रुपये का प्रशासकीय अनुमोदन भी 19/20 नवंबर 2018 को जारी हो चुका है। तदनुसार, यह तय हुआ कि 1.55 एकड़ भूमि का क्रय किया जाए। इसलिए, भूमि के क्रय के लिए पुनसंशोधित प्रशासकीय अनुमोदन प्रस्तुत किया जाना है। भूमि तय हो जाने के बाद, विश्राम गृह के लिए निविदा आमंत्रित की जाएगी। तथापि, इस समय, कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती।<br>*** | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 29.08.2023 | | |
| 343. | तारांकित प्रश्न संख्या 49 के सन्दर्भ में श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यदक्ष महोदय, मैं आपके माध्याम से माननीय मंत्री जी से यह जानकारी चाहता हूं कि लगभग 15 महीने पहले माननीय मुख्ययमंत्री जी ने ये घोषणाएं की थी और निश्चित रूप से जिन कार्यों की अत्यंमत आवश्यिकता होती है उनके ऊपर घोषणा करते हैं। लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग से तथा अन्य विभागों से 12 घोषणाएं थी। जो 25 करोड़ रुपये के कार्य लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग द्वारा करवाये जाने थे उसमें माननीय मुख्यीमंत्री महोदय की घोषणाएं भी ले ली थी। दो कार्य लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग से संबंधित है तथा बाकी अन्ये विभागों से संबंधित है, उनके ऊपर किसी भी प्रकार की कोई प्रगति नहीं है। माननीय | अध्यक्ष महोदय, यमुनानगर की 5 सड़कें ऐसी हैं जिन पर हम फरवरी तक काम पूरा कर लेंगे। एक काम पब्लिक हैल्थे से संबंधित है उसे हम मार्च महीने तक पूरा कर देंगे। बाकी जो इनके 5 काम हैं उन्हेंस हम 31.05.2024 तक पूरा कर देंगे। जिस सड़क का माननीय सदस्य ने जिक्र किया है उसकी पॉजीशन वाकई खराब है। उसको हम 31.06.2024 तक पूरा कर देंगे। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मुख्यमंत्री जी ने यमुनानगर जठलाना रोड की घोषणा की थी, उसके ऊपर बोर्ड प्लामई का उद्योग है और उस सड़क पर हर रोज वाहन उल्टउते रहते हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम लगा रहता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यसम से सदन को यह भी बताना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी जो इस प्रश्न का रिप्लाईई दे रहे हैं वे उसी क्षेत्र से संबंध रखते हैं। मैं उनसे निवेदन करूंगा कि विधान सभा का सत्र समाप्ता होते ही मेरे साथ उस सड़क की विजिट कर ले तो उसके बाद वह सड़क बनाई जानी कितनी आवश्यक है, उन्हें इस बात का अनुमान लग जायेगा। मुझे माननीय मंत्री जी कृपा करके यह बताएं कि खजुरी रोड पर कार्य कब तक शुरू होगा और कब तक वर्क कम्पयलीट हो जायेगा और बाकी विभागों से संबंधित जो कार्य माननीय मुख्यामंत्री महोदय ने करने के लिये घोषणा की थी, उनको कब तक पूरा कर लिया जायेगा। | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 344. | श्री इन्दु राज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्नत संख्या 1:– क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे लाइन के नीचे बने अंडरपासों में पानी जमा हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को दूसरे गांवों में आने–जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है; तथा<br>(ख) यदि हाँ तो अंडरपासों अर्थात ठसका से माहरा, मुंडलाना से सिरसाढ़ (36), मुंडलाना से सिवानका (38), मुंडलाना से बाढ़ोती (41), सैनीपुरा से महमूदपुर (34), गांव भैंसवाल में रोहतक से पानीपत सड़क तथा गोहाना से महमूदपुर इत्यादि की उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किये जाने की संभावना है ? | 15.12.2023<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) ये अण्डर–पास भारतीय रेलवे से संबंधित हैं। उन्होंने सूचित किया है कि भैंसवाल खुर्द से माहरा से जाने वाली सड़क पर शैड उपलब्ध करवाने का कार्य प्रगति पर है। कार्य योजना 2023–2024 में शेष 6 अण्डर–पास के लिए प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं; तथा<br>(ग) सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद आरम्भ किया जाएगा। | | |
| 345. | तारांकित प्रश्न संख्या 1 के सन्दर्भ में श्री इन्दु राज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः XX मेरे विधान सभा क्षेत्र में लगभग 40 किलोमीटर की रेलवे लाइन है जो रोहतक से पानीपत जाती है और उस पर 8 अंडरपास बने हुए हैं जहां से लोग एक गांव से दूसरे गांवों में जाते हैं लेकिन उन अंडरपासिज में बरसात का पानी भर जाने के कारण वे बंद हो जाते हैं और लोगों को दिक्कत होती है। बहुत सारे किसान तो ऐसे हैं जिनके आधे खेत रेलवे लाइन के दूसरी तरफ पड़ते हैं और ये अंडरपासिज बंद होने के कारण उनको 15–20 किलोमीटर का सफर तय करके अपने खेतों तक जाना पड़ता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि अच्छीन नीति और नीयत के साथ इस काम को जल्दी करवाया जाये ताकि लोगों को हो रही दिक्कत दूर हो सके। | 15.12.2023<br>XX माननीय सदस्य् के निर्वाचन क्षेत्र में इनमें से 7 अंडरपास आते हैं जिनमें से 6 को इंडियन रेलवे ने वर्ष 2023–24 के बजट में पहले ही टेकअप कर लिया है और 7वें अंडरपास को वर्ष 2024–25 के बजट में टेकअप किया जायेगा। दूसरी तरफ हरियाणा में जहां–जहां आर.यू.बी. बने हुए हैं वहां पर हमारी सरकार की गम्भीरिता है कि वाटर शेड बना कर पानी की एक्यू मुलेशन को दूर किया जायेगा। इसके लिए करनाल और जीन्दए जिलों को हमने टेकअप कर लिया है। पूरे हरियाणा में जितने भी आर.यू.बीज. हैं उनको हम स्टेपट हैड से टेकअप करेंगे तथा जहां पर पानी की एक्यूटमुलेशन है उसको पी.डब्ल्यू.डी. के माध्यम से करवायेंगे। XX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 346. | श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 15ः–<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बतांएगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हैंः–<br>(i) प्यारेवाला से भावली;<br>(ii) खेतपुराली से दूधगढ़;<br>(iii) खेतपुराली से त्रिलोकपुर; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त सड़कों को कब तक पुनः निर्मित/मरम्मत किए जाने की संभावना है ? | 15.12.2023<br>महोदय,<br>(क) जुलाई/अगस्त, 2023 में भारी बाढ़ के कारण ये तीनों सड़के विभिन्न स्थानों पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इन सभी सड़कों को बारिश के तुरंत बाद ठीक कर दिया गया और सड़कें अब यातायात लायक स्थिति में है।<br>(ख) इन सड़कों की बहाली/सुधार का अनुमान अनुमोदन की प्रक्रिया में है और सरकार के प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। इस स्तर पर कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती। | | |
| 347. | श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 36ः–<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बता, किः–<br>(क) क्या नूंह कस्बे से अलवर, राजस्थान सीमा तक (राष्ट्रीय राजमार्ग–248ए) सड़क के बुरी तरह क्षतिग्रस्त न चलने योग्य भाग की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः– यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक आरम्भ होने तथा पूरा किये जाने की सम्भावना है; तथा<br>(ख) XX | 15.12.2023<br>(क) हां श्रीमान जी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एम.ओ.आर.टी.एंड एच.) द्वारा 03.11.2023 को 504.12 लाख रुपये की मंजूरी दे दी गई है और निविदा बुलाई गई है जो 28.12.2023 को प्राप्त होगी । इस खंड में पैच वर्क और सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक बिछाने का प्रावधान है। कार्य प्रारम्भ एवं पूर्ण होने की संभावित तिथि क्रमशः 15.02.2024 एवं 15.05.2024 है।<br>(ख) XX | | |
| 348. | शून्याकाल के दौरान माननीय सदस्यं डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया प्रश्न :–<br>XX हमारे यहां पर रेलवे का ओवर ब्रिज है। माननीय उप मुख्यअमंत्री जी भी यहां पर बैठे हुए हैं । मैं आपके माध्यवम से बताना चाहूंगा कि वह ओवर ब्रिज जब से बना है तब से डिफैक्टिव है। मैंने इस बारे में वहां के लोकल पी.डब्ल्यू.डी. (बी. एंड आर.) विभाग के एक्सियन को कहा था कि आप रेलवे के अधिकारियों से बात करके इसको ठीक करवा दें। लेकिन उसको तीन साल का समय हो गया है और अब उस पर वेव्ज पड़े हुए हैं। इससे पैदल/मोटरसाईकिल पर चलने वालों के लिए बहुत रिस्कीप काम हो गया है। मेरा आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि रेलवे विभाग से सम्पर्क करवाकर या पी.डब्ल्यू डी. (बी. एंड आर.) विभाग से निजामपुर रोड पर रेलवे क्रासिंग/रेलवे फ्लाई ओवर को ठीक करवा दें। | 15.12.2023<br>उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि हमारे संज्ञान में कोसली शहर का रेलवे ओवर ब्रिज का मामला आया था, जिसमें वायब्रेशन हो रही थी, आज उसको डिस्में टल करके दोबारा बना दिया गया है। अगर निजामपुर के आसपास रेलवे ओवर ब्रिज में ऐसी कोई बात है तो इसको भी दोबारा बना दिया जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 349. | तारांकित प्रश्नर संख्या 21 के सन्दर्भ में श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः<br>अध्यंक्ष महोदय, जब नाला बनाया जा रहा था उस समय वहां के लोग पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारियों के पास मिलने के लिए गए उस समय अधिकारियों ने उनको आश्वासन दिया कि हम उसको ठीक कर देंगे लेकिन आज भी वह नाला ठीक नहीं हुआ है। आज भी वहां के लोग बरसात से डरते हैं कि पता नहीं कब बरसात हो जाये और उनके घरों और दुकानों में पानी भर जाये। इससे वहां पर एक बहुत बड़ी दह शत का माहौल बना हुआ है। वहां पर नाले टूटे पड़े हैं। परसों ही वहां पैच वर्क का काम शुरू किया गया है। जब विधान सभा में मेरा सवाल लगा उसके बाद ही वहां पर काम शुरू किया गया। ये मेरे पास परसों की फोटोज हैं। मेरा बार–बार यही कहना है कि इस नाले को जल्दी से जल्दी ठीक करवाया जाये क्यों कि पिछली बार लोगों के घरों और दुकानों में पानी जाने के कारण फ्रिज खराब हो गये, गेहूं खराब हो गई और कपड़े खराब हो गये। मेरा कुल मिलाकर यही कहना है कि इस पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाये। | 18.12.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का सवाल एक सड़क से शुरू हुआ था और अब नाला बनाने पर आ गया है। मैं इसकी इन्कवायरी करवा लेता हूं और संबंधित विभाग चाहे वह रूरल डिवैल्पमैंट हो या अर्बन लोकल बॉडीज का एरिया पड़ता हो उनसे हम पानी की एक्सैस के लिए लैंड उपलब्ध करवाने के लिए कहेंगे। आपने स्वयं देखा है कि एन.एच. ए.आई. जैसी ऐजेन्सी को भी इसमें दिक्कत आती है क्योंकि रेन वाटर ड्रेन तो हाइवे के साथ–साथ बन जाती है लेकिन उससे आगे एक्सेसिबिलिटी के लिए लैंड नहीं मिलती है जिसके कारण आगे पानी नहीं निकल पाता है। इसके बावजूद भी मैं इसकी इन्कवायरी करवा लूंगा। | | |
| 350. | तारांकित प्रश्न संख्या 35 के सन्दर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यैम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि सी.आर.आई.एफ. की स्कीयम के तहत इस सड़क के लिए 30.03.2023 को 129 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत मंजूर हुई थी क्यों कि वह सड़क सारी खस्ता हालत में थी अर्थात् वह सड़क पूरी तरह से टूट चुकी थी। अब सरकार कहती है कि हमने उस सड़क को ठीक करवा दिया है। पहली बात तो यह है कि मेरी समझ के अनुसार इस अवधि का सी.आर.आई.एफ. स्कीम से कोई मेल नहीं खाता है क्यों कि वह तो सैंट्रल गवर्नमैंट का पैसा होगा। दूसरा मंत्री जी इसके लिए एक साल का समय कह रहे हैं जबकि वन विभाग की मंजूरी लेने में भी टाईम लगेगा। अध्यक्ष | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस सड़क के बारे में पूछा है उस संबंध में मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि सरकार ने 16.11.2022 को साढे आठ करोड़ रूपये की लागत से इस पूरी सड़क को रिपेयर करवाया है और मार्च, 2023 को सी.आर.आई. एफ. से इस सड़क की वाईडनिंग / स्ट्रैंथनिंग के लिए 129 करोड़ रूपया सैंग्शन हो गया है क्यों कि वाईडनिंग के लिए वहां पर दोनों तरफ पेड़ कटेंगे जिसके लिए गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया की मिनिस्ट्रीव ऑफ एन्वायर्नमैंट डिपार्टमैंट से क्लीयरैंस लेनी पड़ेगी। जब तक वह क्लीयरेंस नहीं आएगी। तब तक हमें इंतजार करना पड़ेगा। Central Road Infrastructure Fund आये हुए हैं। जैसे ही परमिशन आयेगी इसकी वाइडनिंग का काम भी हम आगे टेकअप कर लेंगे। आज के दिन वो सड़क मोटरेबल है उस पर रि–कारपेटिंग पूरी तौर पर हुई है। माननीय सदस्यम ने | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | महोदय, मंत्री जी हमें यह स्पष्ट करें कि क्या सरकार एक साल में वन विभाग की मंजूरी ले लेगी ? दूसरा मैं मंत्री जी से यह भी पूछना चाहता हूं कि इस रोड को चौड़ा करने के टैंडर कब तक निकाल दिये जाएंगे । ****** अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है कि Central Road Infrastructure Fund की मंजूरी आ गई है। प्रदेश सरकार ने इसकी प्रक्रिया भी पूरी कर दी है। मैं तो एक बात क्ली यर करवाना चाहता हूं कि जब वह सड़क Central Road Infrastructure Fund के तहत करनाल से कैथल तक चौड़ी बनती आ गई तो आगे कैथल से चीका क्यों रोक दी गई है। इसमें ना तो इतना समय अवधि की जरूरत थी और ना ही Central Road Infrastructure Fund की जरूरत थी । यह बात हमारी समझ से बाहर है। यह सड़क आगे कैथल से चीका क्यों बननी बंद कर दी जबकि वह दो साल पहले कैथल से करनाल बननी शुरू हो चुकी थी । यह बात ठीक है कि | स्वडयं ही Central Road Infrastructure Fund आने से पहले इसकी वाइडनिंग ड्रॉप करवा कर केवल मात्र मोटरेबिलिटी बने और बेहतर सड़क कैथल और चीका के बीच में हो, इस बात को इसी सदन में दो बार रखी है और सरकार ने उस सड़क को दुरूस्ता करवाया है। अब जब वाइडनिंग और स्ट्रैं थनिंग की बात है जैसे ही गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया से इसके लिये फॉरेस्टै क्लीनयरेंस आ जाती है, हम कार्यवाही करेंगे। हम पूरे प्रदेश भर से 500 एकड़ लैंड चयनित कर रहे हैं जहां फॉरेस्टड लैंड को लेकर सड़क के प्रोजैक्ट्स् डिले होते हैं ताकि भविष्यट में कठिनाई ना आये। जल्दीक ही हम वो लैंड भी एलोकेट कर लेंगे। माननीय सदस्यं ने कहा है कि कब तक फॉरेस्टम क्लीरयरेंस आयेगी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आगे ना तो मेरा, न चेयर का और ना ही किसी अन्यि माननीय सदस्ये का बस चलता है। जैसे ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से इसकी क्ली यरेंस आ जायेगी हम आगे की कार्यवाही कर देंगे। | | |
| | इसके लिये 129 करोड़ रूपये आया है और राज्यव सरकार ने भी इस सड़क को उसी समय मंजूर कर दिया था। यह सड़क तीन साल पहले बन चुकी होती, इसे क्यों बंद रख गया। यह बात सदन को बताई जाये। | ****** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यग ने जो कैथल व करनाल रोड की बात कही है, मैं माननीय सदस्यों को तथ्यन भी देना चाहता हूं कि Central Road Infrastructure Fund इस शासनकाल में नहीं आया बल्कि इसकी मंजूरी पिछले शासनकाल में हुई थी और उस मंजूरी के आने के बाद तीन साल तक फॉरेस्टर क्लीकयरेंस नहीं आई थी। अध्येक्ष महोदय, वर्ष 2019 में जैसे ही इसकी फॉरेस्ट क्लीकयरेंस आई इसका काम शुरू कर दिया गया और सड़क कम्पवलीट करवा दी लेकिन कैथल से चीका सड़क का प्रपोजल वर्ष 2019 में भेजा था और वर्ष 2023 से Central Road Infrastructure Fund से उसकी मंजूरी आई थी। जब इस संबंध में फॉरेस्ट क्लीबयरैंस आयेगी जितने समय में आयेगी इसके लिये भी आगे की कार्यवाही करेंगे । अध्यक्ष महोदय, ये दोनों पैचिज ना तो सरकार द्वारा इक्ट्ठेय भेजे गये थे और ना ही इक्ट्ठेध एप्रूव होकर आये थे। दोनों अलग–अलग फेज हैं और दोनों की अलग–अलग फेजिज में मंजूरी होकर दोनों की कार्यवाही अलग–अलग तरीके से चली है। माननीय सदस्य दोनों फेजिज को जोड़ने का काम ना करे। प्रोजैक्टे जिस फेज में एप्रूव होते हैं उसी फेज में कार्यवाही होती है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 18.12.2023 | | |
| 351. | श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 52 :– क्या उप मुख्यमी कृपया बताएं कि (क) कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हाल ही के मानसून मौसम के दौरान क्षतिग्रस्त हुए छोटे पुलों/पुलियों तथा सड़कों का ब्यौरा क्या हैय तथा (ख) उपरोक्त पुलों तथा सड़कों को पुनः निर्मित/मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ? | महोदय, (क) हाल के मानसून सीजन के दौरान कालका निर्वाचन क्षेत्र में कुल 76 नंबर सड़कें और 3 नंबर पुल क्षतिग्रस्त हुए थे जिनमें से 57 सड़कों को मामूली मरम्मत की आवश्यकता थी जो बारिश के बाद पहले ही कर दी गई और ये सड़कें संतोषजनक स्थिति में है, 19 नं. सड़कें एवं 3 नं. पुलों को बड़ी मरम्मत की आवश्यकता थी जिन्हें यातायात योग्य स्थिति में भी बनाया गया और बड़ी मरम्मत के लिए अनुमान अनुमोदन की प्रक्रिया में है। सक्षम प्राधिकारी से प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद इन सड़कों/पुलों के जीर्णोद्धार से संबंधित प्रमुख कार्य हाथ में लिया जाएगा। (ख) इस स्तर पर कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती। | | |
| | | 19.12.2023 | | |
| 352. | तारांकित प्रश्न संख्या 43 के संदर्भ में श्री राम कुमार,एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि करनाल से लाडवा तक की जो सड़क है उसकी लम्बामई 31.12 किलोमीटर है जिसमें से 29.80 किलोमीटर फोरलेन बन गई है और केवल 2 किलोमीटर का पोर्शन बचा है जिसकी फोरलेनिंग होनी है। यह सड़क यमुनानगर, लाडवा, शाहाबाद तथा कुरूक्षेत्र को जोड़ने का काम करती है। अगर यह 2 किलोमीटर की सड़क फोरलेन हो जाती है तो सारा काम ठीक हो जायेगा। इससे दो विधायक तथा दो विधायकों के हल्के की जनता खुश हो जायेगी। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि यह जो दो किलोमीटर की सड़क फोरलेन होनी रहती है इसको भी अवश्य फोरलेन किया जाये। | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात कही है वे सड़कें करनाल से लेकर शाहबाद वाया लाडवा व बबैन तक की हैं। इनकी कुल लैंथ 59.25 किलोमीटर है। इसके अन्दवर 39.5 किलोमीटर का एरिया ऑलरेडी फॉर लेन है। लगभग 20 किलोमीटर के आस–पास का एरिया ऐसा है जिसके अन्दहर 10 मीटर चौड़ी सड़क की वाईडनिंग के लिए माननीय विधायक ने आग्रह किया है। जिसका इमीडियेटली आर.ओ.डब्यूंग . दिखवा लेते हैं अगर आर.ओ.डब्यूटली . होगा तो जरूर अगले फाईनैंशियल इयर में इसको टेकअप करेंगे। मैं माननीय विधायक को कहूंगा कि वे कह रहे थे कि इससे दो विधायक खुश हो जाएंगे। मुझे लगता है कि जनता खुश हो जाए और जनता को सहुलियत मिले ये हम सबके लिए बेहतर होगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 353. | तारांकित प्रश्न संख्या 43 के संदर्भ में श्री मेवा सिंह, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी को कहना चाहूंगा कि लाडवा रोड पर दो किलोमीटर तक का टुकड़ा बिल्कुल खराब पड़ा हुआ है। वहां लोगों को बहुत ज्याादा दिक्कत हो रही है और उसकी वजह से कई लोगों की जान भी चली गई है। हम दोनों विधायक पिछले चार साल से इस बात को उठा रहे हैं जबकि उस रोड की माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा भी है। मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि उन्हों ने अब तक अपने अधिकारियों से ये क्यों नहीं पूछा कि उन्होंने उस रोड के बीच में दो किलोमीटर का टुकड़ा क्यों छोड़ा हुआ है। जब वह रोड दोनों तरफ फॉरलेन हो गई है तो फिर उस दो किलोमीटर के टुकड़े को बीच में क्यों छोड़ दिया ? | 19.12.2023<br>अध्यक्ष महोदय, मैं अभी बोल कर हटा हूं कि जहां पर आर.ओ.डब्ल्यू. रोड अवेलेबल है आज के दिन वहां पर सड़क बन जाती है। जहां आर.ओ.डब्ल्यू की जगह इक्वीजजिशन की जरूरत है वर्ष 2013 के बाद ये दिक्कैतें आई हैं कि प्रदेश में इक्वीजिशन बहुत मुश्किल हो चुकी हैं। ई—भूमि के अन्दकर जहां—जहां हमें ऐसे प्रपोजल मिले हैं हमने वहां काम करवा दिया है लेकिन फिर भी मैं इसकी फिजिबिलिटी चौक करवा लेता हूं क्यों कि यह बात अभी राम कुमार जी ने रखी है। अगर इसके अन्दकर आर.ओ.डब्ल्यू. है तो अगले फाईनैंशियल इयर में हम इसको टेकअप करेंगे। | | |
| 354. | तारांकित प्रश्न संख्या 53 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक पश्नः— स्पी कर सर, डिप्टी सी.एम. साहब ने सड़क का जो हमारा सवाल था उसके जवाब में यह कहा कि डी.एन.टी. वर्ष 2020 में समाप्तक हो गई थी। मैं इस जानकारी के लिए कह रहा हूं कि इनके पास जो अफसरों ने रिपोर्ट दी उसके मुताबिक ही मैं बोलता हूं कि जब वर्ष 2020 में डी.एन.टी. समाप्त हो गई थी। मैं यह बताना चाहता हूं कि यह सड़क वर्ष 2019 में ही टूट चुकी थी। इसके लिए 03.08.2022 को फिर 65 लाख रूपये जमा कराए गए। यह तो समय बीत गया और फिर 2022 भी बीत गया और 2023 भी जा रहा है। अब अढ़ाई साल का समय निकल गया है और ऑफिसर्स गुमराह कर रहे हैं, अभी तक वह सड़क ऐसे ही पड़ी हुई है। उसके टैंडर भी निकल गये हैं। मैं यह बात आपके ध्यान में इसलिए लाना चाहता हूं कि हमारा बॉर्डर के साथ लगता एरिया है और 70 प्रतिशत पंजाब के लोग वहां | 19.12.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय विधायक चौधरी ईश्वर सिंह जी ने जो बात रखी है यह सारा मामला इनके संज्ञान में है। पीछे जब इस सड़क की हालत दोबारा ठीक करने की बात आई थी तो इन्होंहने यही निर्णय लिया था कि इसको री—कार्पेट कर दिया जाये। इसकी री—कार्पेटिंग की एडमिनिस्ट्रेहटिव एप्रूवल दे दी गई थी और टैंडर प्रोसैस शुरू हो चुका था तभी जुलाई में फ्लड आ गई और फ्लड से इसका बेस कट गया। **** अध्यक्ष महोदय, मैं इसी रोड की बात कर रहा हूं। पहले इसकी री—कार्पेटिंग की बात थी लेकिन फ्लड आने के बाद जो इसका बेसिक बेस था वह भी डैमेज हो गया है। अब मैं माननीय सदस्यअ को आश्वस्त कर देता हूं कि सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अगले एक हफ्ते में इसका रिवाइज्ड ऐस्टीमेट्स एप्रूव हो जायेगा और भविष्ये में फ्लड को देखते हुए इसके बेस की दो लेयर नई डाल कर इसको नया बनाया जायेगा न कि री—कार्पेट किया जायेगा। **** अध्यक्ष महोदय, जो पेवर ब्लॉक की बात है वह सिर्फ आधा किलोमीटर में लगे हैं। इसका जो बाकी का पोर्शन है उसको पूरे को | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | से गुजरते हैं और वे जब वहां पर एंटर करते हैं तभी उनको पता लग जाता है कि यहां से हरियाणा की शुरूआत हो गई है। इसमें कोई लम्बी चौड़ी बात भी नहीं है केवल 4 किलोमीटर का एरिया है उससे आगे तो पंजाब शुरू हो जाता है। हमने तंग हो कर आपसे सवाल किया है। पैसा भी आ गया और टैंडर भी हो गये थे अब पता चला है कि दोबारा से टैंडर निकालने जा रहे हैं। अध्यरक्ष महोदय, मैं आपके माध्यडम से माननीय उप–मुख्यममंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्याष इसकी कोई समय सीमा है कि यह काम कब तक हो जायेगा? **** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्य मंत्री जी को यह कहना चाहता हूं कि इसके टैंडर लग चुके थे और अब दोबारा से टैंडर लगेंगे तो इसमें फिर से अधिक समय लगेगा। इसके अतिरिक्त मैं यह भी बताना चाहूंगा कि इसमें डेढ़ किलोमीटर में पेवर | स्ट्रैंथन किया जायेगा क्योंाकि फ्लड में वह डैमेज हुआ है। जहां तक समय सीमा की बात है तो मैंने अभी कहा है कि एक सप्ताह में हम इसके रिवाइज्ड ऐस्टीमेट्स की एप्रूवल दे देंगे और 21 दिन का जो टैंडर प्रोसैस है वह फोरमैलिटीज तो हम बाइपास नहीं कर सकते हैं। जो टैंडर पहले हुआ था वह री–कार्पेटिंग का हुआ था आज उसको इन्हांदस करने की बात नहीं है उसको पूरी तरह से नये टैंडर के तौर पर हम फ्लोट करेंगे कि आगे यह जल्दक से जल्द कम्पसलीट हो जाये और ऐसी व्य वस्थाय बन जाये कि लम्बी भी चले और फ्लड जैसी सिचुएशन आगे भविष्य में आती है तो उससे भी हम बच पायें। **** अध्यक्ष महोदय, हरियाणा के इतिहास में पहली बार 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए थे और उसी दिन हमने यह निर्णय ले लिया था कि जहां–जहां कटिंग हुई है तथा सड़कें डैमेज हुई हैं वहां पर अब कल्वर्ट्स बनाई जायेंगी क्योंकि भविष्य में अगर इस तरह की फ्लड आती है तो सड़क डैमेज न हो और नीचे से | | |

556

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ब्लॉ क तो पहले ही लग चुके हैं। हो सकता है उप–मुख्योमंत्री जी के पास इसकी रिपोर्ट भी आ गई होगी। बाकी का जो पोर्शन बचा हुआ है उसके बारे में शायद उप–मुख्य मंत्री जी को गलत रिपोर्ट दी है। मेरी इस बारे में इनसे कई बार बात भी हुई है। मैं यह जानना चाहता हूं कि यह रोड कितने समय में बन कर तैयार हो जायेगी? | पानी की क्रॉसिंग हो जाये। कल्वर्ट्स का प्रोपोजल ऑलरेडी एप्रूव कर दिया गया है। जितने फ्लड इफैक्टिड एरियाज में सड़कों का कटाव हुआ था वहां पर भविष्य में अब कल्वइर्ट ही बनाई जायेंगी। माननीय सदस्य इसकी चिन्ता न करें। | | |
| 355. | तारांकित प्रश्न संख्या 54 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण सिंह यादव, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों मैंने टोल और पुल की बात की थी। आज पुल का काम चालू हो गया है और टोल को माननीय उप–मुख्यमंत्री जी ने 1 अप्रैल, 2024 से बंद करने का निर्णय ले लिया है। इसके अतिरिक्त– माननीय मुख्यमंत्री जी ने 6 स्टेयट हाइवेज के टोल हटाए हैं। इसके लिए मैं मुख्यखमंत्री जी का हरियाणा की जनता की तरफ से धन्योवाद और आभार प्रकट करता हूँ साथ में मेरा यह जो कोसली बाई पास का मामला है यह बरसों से लंबित है और निरंतर बार–बार मैंने इस | 19.12.2023<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बाई पास की बात कही है, हमारा प्रयास रहा है कि अधिकतम शहर जहां पर आज शहर की डेनसिटी बढ़ने के कारण अल्टारनेटिव मोटरेबल रोड बनाई जानी हैं उनको हमने ई–भूमि के माध्यअम से आज अपलोड किया था। कोसली के अंदर जो हमारे पास रेट्स आये थे वे 100 परसेंट क्लेलक्टहर रेट्स से उपर के थे। क्ले्क्टमर रेट भी रिवाइज हुए हैं, जो अमाउंट इन्हों ने बताया है उसको भी हम कंसीडर करेंगे। अगर किसान आज भी जमीन देने के लिए विलिंग हैं तो हम वहां रोड बनवा देंगे। इस संबंध में माननीय सदस्यक भी मेरे से मिलकर गए थे। हमने इसके लिए दो अल्टमरनेट रास्ते और अप्रूव कर दिए हैं | | |

557

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बात को यहां उठाया है । पिछली बार डिप्टी सी.एम. साहब ने मेरे से कहा था कि वहां पर जमीन का मामला अटका हुआ है, जैसे प्रवीप डागर जी ने जमीन का मामला सुलझा लिया था उसी तरह से आप भी उसमें सहयोग करें। आज मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि आज 70 प्रतिशत जमीन भूमि पोर्टल पर किसानों ने डाल दी है केवल 30 परसेंट जमीन रहती है वो आपके दायरे में आती है तो मेरा आपसे यही आग्रह है और अब तो किसान ने उसका मिनिमम अमाउंट फिक्स कर दिया है। वहां अगर मार्किट रेट देखें तो एक करोड़ रूपये प्रति एकड़ के आस पास है लेकिन आज उन्होंटने 60 और 70 के बीच में मिनिमम अमाउंट का भी निर्णय ले लिया है क्योंकि कोसली की जनता परेशान है। मैं उन किसानों का धन्यवाद करूंगा क्योंकि उन्हों ने इस समस्या को समझा है क्योंमकि कोसली में न आने का रास्ताह है न जाने का रास्ताघ है और अब पुल | जिनके ऊपर विचार कर सकते हैं। माननीय सदस्य स्व्यं किसानों के साथ लगकर तीनों अल्टवरनेट्स में जहां भी हमें 100 परसेंट लैंड अवेलेबल करा देंगे, हम उसको आगे लैंड प्रचेज कमेटी के अंदर ले जाकर आगे की प्रक्रिया शुरू करेंगे।<br>****<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो 70 परसेंट वाली बात कही है इसको भी हम देख लेंगे। अगर लैंड अवेलेबल होगी, अगर हमें आगे लैंड कंसोलीडेशन करना पड़ेगा या हमें लैंड इक्विजेशन प्रोसैस को टेक अप करना पड़ेगा, अगर क्रिटिकल एरिया के लिए कोई पैचेज बीच में बनते हैं तो जरूर इस पर सरकार विचार करती लेकिन मैं माननीय सदस्य से आग्रह करूंगा क्यों कि यह आपके खुद की विधान सभा का मैटर है, हमारे दो विधायकों ने स्वोयं प्रयास करके जैसे आपने प्रवीण जी का नाम लिया है, चौधरी ईश्वर सिंह जी बैठे हैं, देवेन्द्र बबली जी की | | |
| | टूटने की वजह से निकासी का कोई दूसरा रास्तां नहीं है तो मेरा आपसे आग्रह है कि इसको समय सीमा में बांधते हुए इसके पुल व बाई पास का निर्माण करवाया जाये क्यों कि आज कोसली की जनता सरकार से बहुत उम्मी दें रख रही है।<br>****<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यहमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि इसमें 100 परसेंट लैंड देने के लिए 70 से 75 परसेंट जमींदारध किसान राजी हो गया है। अब तो थोड़ा सा आप भी यहां से टैक्निकल उसका लाभ लेते हुए उसको कराने का प्रयास करेंगे क्यों कि जो 30 परसेंट जमीन बची है, वह छोटे छोटे टुकड़ों में है। इसीलिए यहां से आप इस पर कार्य कर सकते हैं क्योंलकि इसमें आप बात को थोड़ा सा इग्नौएर न करें क्यों कि वहां लोगों को परेशानी का कारण बन रहा है और रही बात अलाईनमैंट की आपने तीन अलाइनमेंट की बात कही है, मैं तो कहता हूँ कि अब हमने एक को ही चिन्हित कर दिया है एक पर ही आप केन्द्रित होकर उसी को सिरे चढ़ा दें। | कांस्टीट्चेंसी में ऐसे मामले पैंडिंग थे। अगर कोई विधायक लंबे समय से प्रयास करता है तो सब कुछ मुमकिन हो जाता है और अगर आप प्रयास करोगे तो इससे शहर का भी विकास होता है और एक अल्टरनेटिव रूट शहर को मिलता है। इसको हम जरूर टेक अप करने का काम करेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 356. | श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 85<br>क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए ग्रीन एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो इसकी घोषणा का समय/तिथि क्या है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा<br>(ख) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद–जेवर एयरपोर्ट ग्रीन एक्सप्रेसवे के मोहना में के.जी.पी. पर बड़ा उतार–चढ़ाव (प्रवेश–निकास) जंक्शन बनाने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 3 मई, 2022 को की गई थी; यदि हां, तो उपरोक्त घोषणा की स्थिति क्या है तथा उपरोक्त जंक्शन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ? | 19.12.2023<br>(क) हाँ श्रीमान् जी, फरीदाबाद को जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने वाला ग्रीन एक्सप्रेसवे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा निर्माणाधीन है। कार्य प्रारंभ होने की तिथि (नियत तिथि) 22.06.2023 है तथा पूर्ण होने की निर्धारित तिथि 20.06.2025 है ।<br>(ख) एन.एच.ए.आई. ने सूचित किया है कि के.जी.पी.ध्ई.पी.ई. में प्रवेश/निकास मौजपुर–चौन्सा–मोहना रोड पर पहले से ही मौजूद है और मोहना गांव उक्त प्रवेश/निकास से लगभग 6.5 किमी दूर है।<br>जेवर एक्सप्रेसवे के संबंध में एन.एच.ए. आई. ने बताया है कि किमी.13+983 (गांव मोहना) पर एक इंटरचेंज को जेवर हाईवे के.जी.पी./ई.पी.ई. से जोड़ने के लिए विकास किया जा रहा है।<br>इसके अलावा, किलोमीटर 23+804 मोहना–बागपुर–फलैदा रोड पर हरियाणा/यूपी सीमा के पास प्रवेश/निकास रैंप जनता की आवाजाही की सुविधा के लिए दोनों राज्यों के क्षेत्रों से विकसित किए जा रहे हैं।<br>चूंकि, के.जी.पी./ई.पी.ई. का निर्माण कार्य एन.एच.ए.आई. से संबंधित है, इसलिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, फरीदाबाद–जेवर एयरपोर्ट ग्रीन एक्सप्रेसवे के मोहना में के.जी.पी. पर प्रवेश/निकास जंक्शन के निर्माण का प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा एन.एच.ए.आई. के साथ उठाया जाएगा। | | |
| 357. | श्री धर्म सिंह छोक्कर, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 92 :–<br>क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि छपरौली (उत्तर प्रदेश) से बिलासपुर (हरियाणा) तक सड़क पर पुल का निर्माण हो गया हैय यदि हाँ, तो यातायात के लिए इसको कब तक खोल दिए जाने की संभावना है? | 19.12.2023<br>हां श्रीमान जी, छपरौली (यू.पी.) से बिलासपुर (हरियाणा) तक सड़क पर यमुना नदी पर एच.एल. ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। हरियाणा की तरफ एप्रोच रोड का काम पूरा हो चुका है और यू.पी. की तरफ, कार्य प्रगति पर है। मार्च, 2024 तक पुल को यातायात के लिए खोल दिए जाने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 20.02.2024 | | |
| 358. | राज्यपाल अभिभाषण | गत चार वर्षों के दौरान 728 करोड़ रुपये की लागत से 36 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा 1503 करोड़ रुपये की लागत से 52 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III के तहत 1026 करोड़ रुपये की लागत से 2349 किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 119 किलोमीटर लम्बी सड़कों का कार्य प्रगति पर है। इस अवधि के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए 13 टोल टैक्स बैरियर हटाये गये हैं। | | |
| | | 21.02.2024 | | |
| 359. | तारांकित प्रश्न 3 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–<br>मेरी आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी ये यह गुजारिश है कि क्या 12 साल से जगह की तलाश ही जारी है। उसके बाद वहां पर पुलिस थाने के लिए दो एकड़ जमीन देने के लिए हमने माननीय गृह मंत्री जी के पास दो–तीन बार लिखकर भी भिजवाया है। यह तो मैं माननीय गृह मंत्री जी के फायदे की बात कह रहा हूं। वहां पर जिला परिषद् की दो एकड़ जमीन खाली है और वे उसे देने के लिए भी तैयार हैं। न उसमें अवैध कब्जा है और न ही किसी प्रकार का कोई स्टे ही है कुछ भी नहीं है। अब सरकार मुझे यह बताये कि बी.डी.ओ. दफ्तर के अंदर तीन–तीन ऑफिस कैसे चलें? | अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य जो सीवन में दो एकड़ जगह बता रहे हैं अगर वो देने के लिए तैयार हैं तो हम उसको खरीद लेंगे और वहां पर पुलिस थाना बना देंगे।<br>**** अध्यक्ष जी, अब माननीय सदस्य ने जमीन के बारे में बताया है कि वहां पर दो एकड़ जमीन अवेलेबल है तो हम उस जमीन को खरीद लेंगे।<br>**** अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य हमें वहां पर किराये पर बिल्डिंग दिलवा दें हम किराये पर बिल्डिंग ले लेंगे।<br>**** अध्यक्ष महोदय, विभाग पूरी कोशिश करेगा और यह काम करवा दिया जायेगा। हमने पिछले 9 सालों में 73 थाने बनवाये हैं और इसको भी बनवा देंगे।<br>**** अध्यक्ष महोदय, सरकार काम कर रही है और माननीय सदस्य जो बात कह रहे हैं कि जमीन उपलब्ध है अगर जमीन उपलब्ध हो जायेगी तो हम वह जमीन ले लेंगे और इस काम को करवा देंगे। इसके लिए विभाग भी आगे आयेगा। | | |
| | | 21.02.2024 | | |
| 360. | श्री कुलदीप वत्स द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या :–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव सिलाना में स्टेडियम | (क) महोदय, गांव सिलाना, जिला झज्जर में खेल स्टेडियम बनाने के लिए एक मुख्यमंत्री घोषणा क्रमांक 11085 दिनांक 08.04.2016 की गई थी। 547 मीटर | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | का निर्माण कार्य वर्ष 2016 में आरम्भ हुआ था परन्तु इस स्टेडियम का निर्माण कार्य बंद पड़ा है तथा जिसके कारण अब स्टेडियम का निर्माणाधीन भवन जर्जर हो रहा है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त स्टेडियम के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | लम्बाई में चारदीवारी को छोडकर भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। खेल मैदानों का कार्य अभी पूर्ण किया जाना है।<br>(ख) चारदीवारी के शेष कार्य को पूरा करने हेतु लोक निर्माण )भवन व सडकें) द्वारा एक अलग निविदा प्रक्रियाधीन है। खेल मैदानों का कार्य दो महीनों में पूर्ण होने की सम्भावना है। | | |
| | | 21.02.2024 | | |
| 361. | तारांकित प्रश्न संख्या 10 के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पवार, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—<br>अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय उपमुख्यमंत्री जी से सवाल था कि सोनीपत विधान सभा में 25 से 50 साल पुराने जो मकान बने हुए हैं उनकी | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने एक बड़ी अहम बात कही है कि कोई एक ऐसी रजिस्ट्री जिसकी म्यूटेशन नहीं हुई उसके अन्दर फाइनैंशियल ट्रांजैक्शन जो कि इल्लीगल है, वह होती है तो उसके ऊपर स्पेशल अरेंजमैंट्स किए जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, इस सदन के पटल पर गंभीर आरोप लगे हैं इसलिए मैं | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | रजिस्ट्रियों में क्योंकि जब रजिस्ट्रियां होती थी तो उसमें किला नम्बर और खसरे नम्बर नहीं डाले जाते थे। अगर किला नम्बर और खसरा नम्बर डाले जाते भी तो लोग इंतकाल नहीं करवाते थे। अब एक—एक रजिस्ट्री कई—कई बार बिक चुकी है क्योंकि 20 साल से लेकर 50 साल के बीच में कई मालिक बन चुके हैं। यह मेरे अकेले सोनीपत हल्के की समस्या नहीं है बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश की समस्या बन चुकी है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि बहुत सी ऐसी कॉलोनियां हैं जैसे वेस्टराम नगर, दहिया कॉलोनी, रामनगर, देवनगर, विकास नगर, मालवीय नगर, गढी ब्राहमणा, कालूपुर, मोहननगर, बाबा कॉलोनी, आदर्श नगर, न्यू जीवन नगर, न्यू ब्रह्म कॉलोनी, सिक्का कॉलोनी, जीवन नगर, पंचम नगर, तारा नगर, जनता कॉलोनी, चिंतपूर्णी कॉलोनी के अलावा भी अन्य बहुत—सी कॉलोनियां हैं जिनमें आज भी कोई व्यक्ति जब अपने प्लॉट | माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि इनके पास कोई सूची हो कि किस प्रोपर्टी की इस तरह से ट्रांजेक्शन की गई है माननीय सदस्य सरकार की जिस एजेंसी से इंक्वायरी चाहेंगे हम पूरी तरह से इंक्वायरी करवाने को तैयार हैं, ये बड़े अहम आरोप हैं। माननीय सदस्य ने बहुत—सी कॉलोनियों के नाम लिए हैं। मैं सदन के पटल पर एक चीज जरूर रखना चाहूंगा कि तमहपेजतंजपवद व किममक पे दवज इंतमक नदकमत ।दल सूं. रिस्ट्रिक्शन है। रिस्ट्रिक्शन दो विभागों की है। इसमें एक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की है जिसमें माननीय सदस्य ने 7—ए की बात की है कि अगर 7—ए एरिया में आता था जो कि अन—अप्रूवड कॉलोनीज का एरिया है और आज वो कॉलोनीज अप्रूवड हो चुकी हैं तो उसका एक सर्टिफिकेट एन.ओ.सी. का लिया जाता था और दूसरा है यू.एल.बी. डिपार्टमैंट का, आज प्रत्येक प्रोपर्टी जो म्युनिसिपल कमेटी कारपोरेशन और काउंसिल के दायरे में ट्रांसफर हुई हैं उनकी प्रोपर्टी आई.डीज. क्रियेट की गई हैं और प्रोपर्टी आई.डी. क्रियेशन के बाद उसको एक नम्बर दिया गया है। अगर उस | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | की रजिस्ट्री करवाने के लिए जाता है तो तहसील में होता है यह है कि पहले इंतकाल चढ़ना चाहिए । जब पटवारी के पास जाते हैं तो पटवारी कहता है कि इस किला नम्बर में कोई जगह नहीं है और वही काम जब वह व्यक्ति दोबारा किसी के माध्यम से वहां पटवारी से मिलता है तो वहां इसका एक या दो लाख रुपये तक का रेट चल रहा है। पटवारी पैसे लेकर इंतकाल का कोई न कोई जुगाड़ कर देता हैं। वह कहता है कि जगह तो नहीं है लेकिन मैं जुगाड़ कर दूंगा। अध्यक्ष महोदय, मैंने सदन में यह प्रश्न केवल आज ही नहीं लगाया, मैं यह प्रश्न लगातार तीन साल से लगाता आ रहा हूं यह समस्या लाखों लोगों की है। अध्यक्ष महोदय, अगर आप कहें तो मैं सोनीपत की लिस्ट दे दूंगा, यह समस्या कई हजार लोगों की है क्योंकि पहले पूरे शहर में कॉलोनियां | नम्बर की रजिस्ट्रेशन है और उसके ऊपर नो–ड्यूज सर्टिफिकेट उस प्रोपर्टी आई.डी. के नये रजिस्ट्रेशन कराने वाले व्यक्ति के पास है तो सरकार उसको रजिस्टर करती है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक माननीय सदस्य सोनीपत की कॉलोनियों की बात कर रहे हैं। इस पर मैं कहना चाहूंगा कि अन–अप्रूवड कॉलोनीज के प्रोसैस के अन्दर सरकार ने हजारों कॉलोनीज को रिसैंटली अप्रूवड कॉलोनीज में डाला है और उनकी प्रोपर्टी आई.डी. दिन–प्रतिदिन क्रियेट की जा रही हैं। इसमें एक टेक्निकल दिक्कत जरूर आई है क्योंकि रेवेन्यू विभाग किले, कनाल तथा मरले के हिसाब से चलता है और यू.एल.बी. ने एक प्रावधान किया हैकि हमारा जो एरिया डी–मार्केशन होता है वह स्क्वायर मीटर के हिसाब चलता है, वह एक टेक्निकल ग्लिच आया था उसको दोनों विभाग मिलकर जल्द से जल्द रिजौल्व कर रहे हैं, उसकी वजह से जरूर कई शहरों के अन्दर एग्रीकल्चर, | | |
| | थी जो अब अवैध हो गई हैं और उन कॉलोनियों में जब जरूरतमंद लोग मकान बेचने जाते हैं तो हालत यह है कि उनकी रजिस्ट्री नहीं होती और वे लोग दर–दर की ठोकरे खा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा तीन वर्ष से हर विधानसभा सैशन में यह प्रश्न लगता रहा है लेकिन सरकार की तरफ से जवाब नहीं में आ रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैं इससे समझता हूं कि यह प्रदेश के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को एक बात और भी कहना चाहूंगा कि पहले जो अवैध कॉलोनियां थीं उनको अब सरकार द्वारा वैध किया जा रहा है इस कड़ी में हमारे सोनीपत में भी 21 कॉलोनियां वैध हुई हैं लेकिन इन सभी अवैध कॉलोनियों में टाउन कंट्री प्लानिंग डिपार्टमैंट की तरफ से 7–ए लगा हुआ था। जिससे इनमें अब भी रजिस्ट्रियों का कोई प्रावधान नहीं हुआ है इसलिए सरकार द्वारा इन कॉलोनियों में भी रजिस्ट्री होने का कोई न कोई हल निकाला | नॉन–एग्रीकल्चर के अन्दर दिक्कतें आई थीं उनको जल्द रिजौल्व कर लिया जाएगा पर जो बात माननीय सदस्य कह रहे थे उस पर मैं चाहूंगा कि अगले 24 घंटे, 48 घंटे के अन्दर इनको ऐसी जो–जो प्रोपर्टीज लगती हैं, जहां पर पैसे की ट्रांजेक्शन करके ऐसे किल्लों में एडजस्ट की गई है जहां स्पेस नहीं थी। मैं यह सोनीपत से ही शुरू करना चाहूंगा और माननीय सदस्य के सहयोग के साथ करना चाहूंगा।<br>****<br>अध्यक्ष महोदय, जो माननीय सदस्य ने बात रखी है मैंन? अभी लास्ट में यही बात कही थी कि ये सारा ट्रांजैक्शन प्रोसैस प्रॉपर्टी आई.डीज. को ट्रांसफर किया गया। आने वाले समय में यही व्यवस्था बनायी जा रही है कि जो–जो खसरा नम्बर्ज यू.एल.बी. डिपार्टमैंट के अंदर ट्रांसफर हुए हैं और जहां पर सरकार ने इररेगुलराईज कॉलोनीज को रेगूलराईज करने का काम किया हम इस प्रोसैस को वहीं टेक–अप करेंगे। पर माननीय सदस्य उस बात पर पीछे फिर बोलना भूल गये मैं चाहूंगा कि वे मुझे 48 घंटे के अंदर–अंदर लिस्ट दे दें ताकि हम इंक्वॉयरी कर पायें कि सोनीपत | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जाना चाहिए अध्यक्ष महोदय, यह हजारों लोगों की समस्या है इसलिए माननीय उप–मुख्यमंत्री जी जवाब दें कि सरकार द्वारा इसका क्या हल निकाला जा रहा है।<br>**** अध्यक्ष महोदय, माननीय उप मुख्यमंत्री जी का कहने का यही मतलब है कि जिन लोगों ने पैसे देकर रजिस्ट्रियां करवाई और अपने इंतकाल चढ़वाये मैं आपको उनकी लिस्ट दे दूं उस मामले में उप मुख्यमंत्री जी कार्यवाही तहसीलदारों पर करेंगे या जिन लोगों ने रिश्वत दी है उन लोगों पर करेंगे एक बार मुझे ये और बता दें। | के कौन से किल्ले में इस तरह की म्यूटेशन हुई है।<br>**** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को ये गारंटी देता हूं कि पटवारी, कानूनगो, नायब–तहसीलदार, तहसीलदार, डिप्टी कमिश्नर और कमिश्नर जो–जो भी इसमें इंवॉल्वड होंगे सभी के ऊपर कार्यवाही होगी। माननीय सदस्य मुझे लिस्ट दे दें। अगर उसके अंदर सोनीपत के कोई प्रॉपर्टी डीलर्ज मिले हुए होंगे तो उनको भी नहीं बख्शा जायेगा। | | |
| | | 21.02.2024 | | |
| 362. | श्री भारत भूषण बतरा, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या–10 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण के लिए रूपये 25 करोड़ की राशि की घोषणा की गई हैय यदि हां, तो सड़कों की संख्या कितनी है जिनका निर्माण कार्य उक्त राशि से पूरा किया गया है तथा उन सड़कों की संख्या कितनी है जिन पर कार्य चल रहा है तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या हैय<br>(ख) रोहतक शहर में निम्न सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या हैः–<br>(i) ड्रेन नजदीक नए बस स्टैंड;<br>(ii) अम्बेडकर चौंक से पुराना बस स्टैंड की ऐलीवेटिड रोड;<br>(ii) एमडीयू गेट संख्या 2 से अम्बेडकर चौंक तक की सड़क;<br>(iv) वीटा चौंक से राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास तक की सड़कय तथा<br>(ग) उक्त वर्णित सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ? | (क) हाँ महोदय, सरकार ने रोहतक विधानसभा क्षेत्र में 6 सड़कों की सुधारीकरण के लिए 2578.42 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दी है। सभी 6 कार्य आवंटित कर दिए गए हैं, जिनमें से 5 सड़कों का काम 30ध्04ध्2024 तक पूरा हो जाएगा और छठी सड़क (वीटा चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास तक की सड़क) हाल ही में जन स्वास्थ्य विभाग की सीवरेज लाइन के रिसाव और नगर निगम, रोहतक द्वारा एस.टी.पी. के लिए सीवर लाइन के निर्माण के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्तध्धस गई है। जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम, रोहतक द्वारा सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद पुनर्निर्माण कार्य किया जाना है।<br>(ख और ग) रोहतक शहर में सड़कों की वर्तमान स्थिति इस प्रकार हैः–<br>(i) नए बस स्टैंड के पास नालाः– जनता की मांग के अनुसार बस स्टैंड के पास 500 मीटर की लंबाई में एक नाला प्रस्तावित है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रु. 68.46 लाख रुपए हैं जो कि सरकार को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु यू.ओ. संख्या 5882 दिनांक 10/01/2024 से भेजा जा चुका है। सरकार से प्रशासनिक | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।<br>(ii) अम्बेडकर चौक से पुराने बस स्टैंड तक एलिवेटेड सड़कः– इस सड़क की स्थिति संतोषजनक है। सड़क दोष दायित्व अवधि से बाहर है तथा इस सड़क का रख रखाव नियमित पैचवर्क द्वारा किया जा रहा है। इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य कार्यक्रम 2024–25 में प्रस्तावित है।<br>(iii) एमडीयू गेट नंबर 2 से अंबेडकर चौक तक सड़कः– इस सड़क की स्थिति संतोषजनक है। सड़क दोष दायित्व अवधि से बाहर है तथा इस सड़क का रख रखाव नियमित पैचवर्क द्वारा किया जा रहा है। इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य कार्यक्रम 2024–25 में प्रस्तावित है।<br>(iv) वीटा चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास तक सड़कः– इस सड़क की मौजूदा | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | चौड़ाई चार लेन (2 x 8.75 मीटर) है। इस सड़क के एक तरफ (8.75 मीटर) की स्थिति सीवरेज लाइन के रिसाव के कारण संतोषजनक नहीं है, जिसकी मरम्मत नगर निगम, रोहतक द्वारा की जा रही है। इस सड़क की दूसरी तरफ (2 लेन) संतोषजनक स्थिति में है और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। (रु० 25 करोड़ के हिस्से के रूप में) सरकार द्वारा 30 मिलीमीटर की बी० सी० बिछाने की प्रशासनिक स्वीकृति पत्र कर्मांक न० 09/98/2023&3 बी एंड आर (डब्लू) दिनांक 18/02/2023 के तहत रु० 239.52 लाख की प्राप्त हो चुकी है और यह कार्य अलाट हो चुका है हालाँकि अब सीवर लाइन के धसने के कारण यानी 40 मिलीमीटर बीसी परत बिछाना पर्याप्त नहीं है और सड़क के पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। यह जनस्वास्थ विभाग और नगर निगम, रोहतक द्वारा सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद पूर्ण कर दिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 22.02.2024 | | |
| 363. | श्री धर्म सिंह छोकर, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 22: क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या समालखा शहर में गांव नारायणा की ओर जाने वाली सड़क पर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | (क) हां, श्रीमान जी। रेलवे क्रासिंग एसी–43 पर अंडरपास के काम के लि, सरकार से 6–81 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। इस क्रासिंग पर अंडरपास का निर्माण कार्य निकटवर्ती तीन निर्माणधीन रेलवे समपार मे से किसी एक यानी एलसी–44, एलसी–45 या एलसी–47 का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त आरम्भ कर दिया जाएगा। *** क्योंकि ये एल.सी. 43 पड़ता है तथा एल.सी. 44, 45 और 47 तीनों पर काम चल रहा है। आज की परिस्थिति में अगर एल.सी. 43 पर भी हम काम पैरेलली टेक–अप कर लेते हैं तो कोई भी रास्तास एन.एच. की कनैक्टिविटी का नहीं बचेगा। एन.एच. की कनैक्टिविटी पूरी तरह से बाधित हो जायेगी। हमारी तरफ से इसकी एडमिनिस्ट्रे टिव एप्रूवल भी चली गई है और रेलवेज की तरफ से भी परमिशन आ चुकी है। जैसे ही एल.सी. 44 का काम कम्प लीट हो जायेगा उसके बाद हम एल.सी. 43 का काम शुरू कर देंगे। *** माननीय सदस्या के जो सुझाव आये हैं हम उनको टेक–अप करेंगे और जो भी कांट्रैक्ट के अंदर टाईम है उसके अंदर इनको कम्प लीट करवाने का काम करेंगे। | | |
| | | 22.02.2024 | | |
| 364. | श्री सोमबीर, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 25: क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) दादरी–रोहतक सड़क पर उपरी पुल का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किये जाने की संभावना है; तथा<br>(ख) खैरडी/मोड़ से रोहतक फाटक (दादरी) तक चारमार्गीय सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरंभ तथा पूरा किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | श्रीमान जी,<br>(क) दो मार्गी आर ओ बी के बजाय चारमार्गी आर ओ बी के निर्माण के लिए संशोधित प्रशासनिक अनुमोदन की प्रक्रिया में है जिसके बाद निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। जुलाई, 2024 में काम शुरू होने की संभवना है।<br>(ख) खैरड़ी मोड़ से रोहतक फाटक (दादरी) तक सड़क कि.मी. 0.00 से कि.मी. 27.34 (एमडीआर–124) तक है। कि.मी. 0.00 से कि.मी. 2.56 तक का विस्तार 10 मीटर चौड़ा है और 40 मि.मी. बी.सी. का कार्य प्रगति पर है जो 31.03.2024 तक पूरा हो जाएगा। कि.मी. 2.56 से कि.मी. 27.34 तक की दूरी 7 मीटर चौड़ी है और इसे केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा निधि (सीआरआईएफ) | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | योजना के तहत गांव के हिस्से में 10 मीटर/चारमार्गी तक चौड़ा करने की मंजूरी दी गई है और इसमें वन मंजूरी शामिल है। वन विभाग से वन भूमि के डायवर्जन के लिए आवेदन स्वीकृत होने के बाद कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। काम सितंबर, 2024 में शुरू होने की संभावना है तथा शुरूआत की तारीख से 2 साल के भीतर पूरा हो जाएगा। | | |
| 365. | तारांकित प्रश्न संख्या 25 के संदर्भ में श्री सोमबीर, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना है कि इन कामों के लिए सारी मंजूरी हो चुकी है और बजट भी सैंग्शन हो चुका है। अतः इसका काम जितना जल्दी हो सके करवाने का काम करवाएं क्योंकि यह फॉरलेन की और ऑवरब्रिज की समस्या काफी पुरानी है। मेरी प्रार्थना है कि इस पर बहुत जल्दी काम शुरू करवाया जाए और कब तक इस पर काम शुरू होने की सम्भावना है। | 22.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, जहां तक आर.ओ.बी. की बात है जुलाई, 2024 तक इसका काम शुरू हो जाएगा। उसकी सारी परमिशन दे दी गई हैं। माननीय सदस्य का जो दूसरा सवाल लिंक रोड का था, उसकी फोरेस्ट डिपार्टमैंट की परमिशन पैंडिंग है जैसे ही फोरेस्ट डिपार्टमैंट से अप्रूवल आएगा उसका काम भी सरकार शुरू कर देगी। | | |
| 366. | तारांकित प्रश्ना संख्या 33 के संदर्भ में श्री राजेश नागर, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्ननरू अध्यध्क्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को यह कहना चाहूंगा कि ग्रेटर फरीदाबाद एक नया टाऊन डिवैल्प् हो गया है। जिसमें हजारों की संख्यार में फ्लैट्स, प्लॉ ट्स, हाई राईज बिल्डिंग, 25 नये सैक्टंर डिवैल्पा हो गये हैं और कई नये सैक्ट र आने वाले हैं। इसमें कई कॉलोनियां आती हैं और 80 से ज्या दा गांव हैं। तिगांव ही एक अकेला ऐसा गांव है जिसकी आबादी 50 हजार से ज्या दा है। मैं मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि तिगांव में एक एस.डी.एम. ऑफिस की बहुत जरूरत है। | 22.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, पहली बात तो यह है कि माननीय सदस्य का जो सुझाव है वह बहुत अच्छा है। फरीदाबाद की जो नई एक्सपैंशन हुई है वह यमुना क्रॉस करके और तिगांव और पृथला के बीच का एक नया क्षेत्र बना है जिसको एफ.एम.डी.ए. आने के बाद लोग ग्रेटर फरीदाबाद कहने लगे हैं। मगर आज के दिन लैंड बाउंड्री भारत सरकार के आदेशानुसार 1 जुलाई, 2024 तक सील्ड हैं इसलिए कोई भी नई सब–डिविजन, तहसील या उप–तहसील बनाने का प्रोविजन सरकार के पास नहीं है। भविष्य में सरकार इस सुझाव पर जरूर गम्भीरता से विचार करेगी क्योंकि वहां पर जो नई भौगोलिक स्थिति बन रही है तथा उस क्षेत्र में जिस प्रकार से जनसंख्या का विस्तार हो रहा है उसको देखते हुए सरकार इस पर विचार करेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 22.02.2024 | | |
| 367. | चौ. आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 45ः<br>(क) क्या यह तथ्य है कि पुन्हाना तथा पिनगवां क्षेत्रों के भूमि मालिकों ने अपनी भूमि पर बाई–पास बनाने की अनुमति दे दी है; यदि हां, तो सरकार द्वारा कार्य को आरंभ करने में देरी करने के कारण क्या है तथा उक्त कार्य के कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार द्वारा पुन्हाना क्षेत्र में विश्रामगृह का निर्माण कार्य आरंभ किया गया है; यदि हां, तो इस कार्य के कब तक पुरा किये जाने की संभावना है? | (i) पुन्हाना बाई–पास<br>सचिवों की समिति (सी.ओ.एस.) ने दिनांक 17ध03ध2022 को 62.78 एकड भूमि को खरीदने हेतू रेट को मंजूर कर दिया था। अब तक 85 प्रतिशत (यानि 52.98 एकड भूमि) भूमालिकों की सहमति प्राप्त हो गई है और बाकी प्रक्रियाधीन है। निर्माण कार्य तब "ुरू होगा, जब सारी भूमि की खरीद व कब्जा प्राप्त कर लिया जाऐगा।<br>(ii) पिनगवां बाई–पास भूमालिकों के डिमांड रेट कलेक्टर रेट से 200 प्रतिशत अधिक थे। एजेंडा को सचिवों की समिति (सी.ओ.एस.) दिनांक 27/09/2022 की बैठक में रखा गया और यह निर्णय हुआ कि डिमांड रेट बहुत अधिक हैं। वार्तालाप करने उपरान्त, सचिवों की समिति (सी. ओ.एस.) ने निर्णय किया कि प्रोजेक्ट को हटा दिया जाये।<br>(ख) लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह पुन्हाना के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है। इसलिए, 2 एकड भूमि ग्राम पंचायत घीड़ा से लेने के लिए प्रक्रिया शूरु हो गई है। निर्माण की समय सीमा केवल भूमि पर कब्जा प्राप्त होने उपरान्त दिया जा सकता है। | | |
| | | 22.02.2024 | | |
| 368. | चौ. आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 47ः<br>(क) क्या जिला नूंह से अलवर की सीमा तक गुरूग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग–248, को चारमार्गीय करने के कार्य को आरम्भ तथा पूरा करने लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा निर्धारित की गई है" यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) क्या उपरोक्त सड़क पर स्थित मालब, आकेडा तथा भादस इत्यादि गांवों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत/ पुनरूनिर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत, जब तक एन.एच. 248ए को चार मार्गीय करने का कार्य आरम्भ नहीं होता, के कार्य को कब तक किये जाने की सम्भावना है? | (क) श्रीमान् जी, नूंह से राजस्थान सीमा तक गुड़गांव अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग (एन. एच.–248ए) को चार लेन बनाने के लिए 907.96 करोड़ रुपये की डी.पी.आर. अनुमोदन के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के विचाराधीन है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से डी.पी. आर. की मंजूरी के बाद निर्माण कार्य 2024–25 में शुरू होने की संभावना है।<br>(ख) चारमार्गी का काम शुरू होने तक, नूंह से राजस्थान सीमा तक गुरूग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–248ए) के अल्पकालिक रखरखाव और मरम्मत का प्रस्ताव है जिसमें गांव मालब, आकेडा और भादस में मरम्मत शामिल है। यह काम जून, 2024 में शुरू होने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 369. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>XX कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक वर्ष 2024–25 में चालू होने की संभावना है। कैथल और बहादुरगढ़ में भी एलिवेटेड ट्रैक बनाने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। | | |
| 370. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर की आधारशिला अक्तूबर, 2022 में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा रखी गई थी। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर की पाटली–मानेसर लाइन वर्ष 2024–25 में चालू होने की संभावना है। | | |
| 371. | तारांकित प्रश्न संख्या 42 के संदर्भ में श्री संजय सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि तावडू बहुत बड़ा कस्बा है। तावडू–बिलासपुर रोड के साथ–साथ सैंकड़ों वेयरहाउसिज बने हुए हैं जिसके कारण भारी व्हीकल्ज तावडू से होते हुए निकलता है। माननीय प्रधानमंत्री जी का जो विकसित भारत का प्लान है उसमें हमारा डैडिकेटिड फ्लाईट कॉरिडोर का रेलवे स्टेशन है। यानी जो मालगाड़ी निकलनी है उसका भी एक स्टेशन नजदीक ही है जिसके कारण वहां पर भारी मात्रा में ट्रैफिक जाम रहता है। इससे शहरवासियों और आसपास के गांवों को समस्या रहती है। मेरी आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से रिकवेस्ट है कि इस आवश्यकता को देखते हुए यह बाईपास बनाना जरूरी है। जहां तक मेरे प्रश्न के जवाब में रिप्लाई आया है कि यह माननीय मुख्यमंत्री जी की कोई घोषणा नहीं है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि पिछले साल माननीय मुख्यमंत्री जी का गौशाला में जाना हुआ था। इस दौरान तावडू में कार्यकर्ताओं के बीच में एच.एस.वी.पी. का एक सैक्टर और बाईपास बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा था। लेकिन वह घोषणा किसी | 26.02.2024<br>XXXX माननीय सदस्य ने जिस एन.एच. 919 की बात की है उसके ऊपर अभी काम चल रहा है डी.पी.आर. बनने लग गई है । अभी भी साउथ साईड ऑफ तावडू 3.8 किलोमीटर का एक छोटा सडन बाईपास बनना है । मगर यह एन.एच.ए.आई. का प्रोजैक्टअ है । इसके फोरलेनिंग का पूरा काम शुरू हो चुका है और इसके अन्दएर डी.पी.आर. प्रीपेयर हो रही है और मुझे उम्मीचद है कि जैसे ही इस पर केन्द्र सरकार से अप्रूवल्जह आएंगी उस पर केन्द्री सरकार काम शुरू कर देगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कारणवश रजिस्टर नहीं हो पायी। लेकिन पब्लिक की जरूरत को देखते हुए यह बाईपास बनाना बहुत जरूरी है। इसके बनाने से हमारे क्षेत्र की समस्या भी दूर होगी और इससे माननीय प्रधानमंत्री जी का विकसित भारत बनाने का सपना भी साकार होगा। | | | |
| | | 26.02.2024 | | |
| 372. | बतारांकित प्रश्न संख्या 46 के संदर्भ में श्री प्रमोद कुमार विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX इसमें मेरा एक सजैशन है कि जिस टुकड़े की बात महिपाल जी कर रहे हैं जिसमें रूकावट आई हुई है वह 200–250 मीटर का टुकड़ा है अगर उसको नहर की पटरी पर बना दिया जाए तो उसमें सिर्फ छोटा सा कट आएगा और वहां ट्रैफिक चालू हो जाएगा। उसका ध्यान किया जाए। | XXXX माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार विज ने जो प्रश्न उठाया और माननीय सदस्य श्री महीपाल ढाण्डा ने इस प्रश्न में जो सप्लीटमैंट्री पूछी, मैं दोनों माननीय सदस्यग को बताना चाहता हूं कि यह कोई छोटा पैच वर्क नहीं है बल्कि लगभग 2.3 किलोमीटर का पैच वर्क है। सरकार द्वारा इस संबंध में फॉरेस्टी क्लियरैंस की परपोजल डाल दी गई है। जैसे ही फॉरेस्ट मिनिस्ट्री से इस संबंध में फॉरेस्टर क्लियरैंस आ जाती है हम उसका काम तुरंत शुरू कर देंगे। जहां माननीय सदस्य् श्री विज साहब ने कहा है कि एन.एच. 44 सारा एलिवेटिड बन गया था और एलिवेटिड | | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | बनने के बाद नीचे लोगिंग हो रखी थी। हमने इस संबंध में तीन परपोजल दिये हैं। हमने असंध रोड, सफीदो रोड और इसके साथ–साथ शामली रोड की तरफसे एन.एच. 44 पर कनैक्शचन के लिये एलिवेटिड परपोजल केन्द्र सरकार को भेज दी है। जैसे ही केन्द् सरकार से उनकी भी एप्रूवल आ जायेगी मुझे लगता है कि शहर की कनैक्टिविटी में तीन एंट्री और एग्जिट प्वाआयंट इस एलिवेटिड ब्रिज के साथ लग जायेंगे। जो बहुत ज्याटदा ट्रैफिक लोड रहता है उससे वह शायद कम हो जायेगा। | | |
| | | 27.02.2024 | | |
| 373. | तारांकित प्रश्नु संख्या 70 के संदर्भ में श्री असीम गोयल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मेरी विधान सभा के अंदर ऐसे चार रास्ते हैं जो एस.वाई.एल., एस. वाई.एल. नरवाना ब्रांच और पैरलल ड्रेन से क्रास होते हैं। यहां पर तीन–तीन पुलों के चार सैट हैं। दो इरीगेशन डिपार्टमैंट की तरफ से बन चुके हैं और एक एन.एच. के माध्यम से बना है। पी.डब्ल्यू.डी. के पुल का मैंने सवाल | XX जहां तक कांट्रैक्टर की बात है, वह आनरेबल हाई कोर्ट के अंदर एक पैटीशन में चला गया था। उसका कोई स्टील रेट का वेरिएशन था। अभी रिसेंटली माननीय हाई कोर्ट ने आदेश दिए हैं कि आर्बिट्रेशन के माध्यम से एस.ई., पी.डब्ल्यू.डी. इस बारे में फैसला करने का काम करें। सरकार ने यह डिसाइड किया है कि इमिडियेटली उसकी सैटलमैंट करके यह अवार्ड किसी नए कांट्रैक्टर को टैंडर के माध्यम से दे दिया जायेगा और इस काम को अगले चार से छह महीने में | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | लगाया है। अध्यक्ष महोदय, इन तीनों पुलों का काम अलग–अलग कांट्रेक्टर्ज का अलॉट हुआ था और इनमें अभी भी छोटे–छोटे काम तो बकाया बचे ही हुए हैं और लगभग छह साल हो गए हैं लेकिन ये अभी तक कंप्लीट नहीं हुए हैं। मुझे यह भी जानकारी मिली है कि इनसे संदर्भित टैंडर निरस्त कर दिया गया है लेकिन मैं सदन के माध्यम से पूछना चाहता हूँ कि आखिरकार एक ठेकेदार का टैंडर निरस्त करने में इतना समय क्यों लगा जबकि यहां पर केवल 30 से 35 लाख का काम ही बकाया रह गया है। XX अध्यक्ष महोदय, मैंने कहा कि इसका टैण्डर लग चुका है और माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि इसका 21 दिन का समय है। मेरा निवेदन है कि कोरीजैंडम के थ्रू इसके समय को कुछ घटा दिया जाए क्योंकि फिर तो लोक सभा का मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लग ही जाएगा। फिर यह काम 3 महीने और लेट हो जाएगा। | कंप्लीट कर लिया जायेगा। XX अगर इनके पास फैक्ट्स हैं कि एक लैवल पर अधिकारी ने इनकी फाइल डेढ़ साल तक पैंडिंग रखी है तो ये मुझे वे फैक्ट्स दे दें। मैं संबंधित अधिकारी को अंडर रूल–7 चार्जशीट करने के लिए आदेश जारी कर दूंगा कि वह hinderance to govt. work करने का काम कर रहा है मुझे खुशी है कि इन्होंने यह सवाल लगाया है लेकिन अगर असलियत में कोई चीज पैंडिंग थी तो हमारी सरकार ने उसका निवारण भी इमिजियेटली किया है। इसका टैण्डर हो चुका है जोकि 21 दिन का है। मैं मानता हूं कि जैसे ही यह टैण्डर कम्पलीट होगा अगर कोड ऑफ कंडक्ट नहीं लगता तो वैसे ही उसका वर्क भी अलॉट कर दिया जाएगा ताकि यह काम मॉनसून सीजन से पहले पूरा हो सके। | | |
| | | 27.02.2024 | | |
| 374. | श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 122 : क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या गांव धौज से गांव टिकरी खेड़ा तक सड़क का कुछ भाग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या हैय तथा<br>(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त सड़क पर पानी भरा रहता है तथा यह क्षतिग्रस्त अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान कब तक किये जाने की संभावना है? | (क) नहीं, श्रीमान् जी। ग्राम धौज से ग्राम टिकरी खेड़ा तक सड़क की कुल लंबाई 1640 मीटर है। 1150 मीटर लंबाई हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड तथा 490 मीटर लंबाई ग्राम पंचायत धौज से संबंधित है। 490 मीटर लंबाई में से 310 मीटर सीमेंट कंक्रीट से बनी है जो क्षतिग्रस्त स्थिति में है और 180 मीटर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स से बनी है।<br>(ख) नहीं, श्रीमान् जी। वर्तमान में सड़क पर पानी जमा नहीं रहता है। उक्त सड़क का 310 मीटर हिस्सा सीमेंट कंक्रीट से बना है जिसका निर्माण लगभग 10 वर्ष पूर्व हुआ था। सड़क का उक्त टुकड़ा क्षतिग्रस्त स्थिति में है। ग्राम पंचायत धौज द्वारा सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 22.38 लाख रुपये तथा नाला निर्माण के लिए 8.37 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उक्त कार्य को 31 अगस्त, 2024 तक निष्पादित किये जाने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 375. | तारांकित प्रश्नक संख्याा 96 के संदर्भ में राव दान सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नन संख्याख 7ः अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न के जवाब में उपमुख्यमंत्री महोदय ने नो सर कहा है। मेरा आपके माध्यम से माननीय उपमुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इस रोड की प्रपोजल जब कांग्रेस पार्टी का कार्यकाल था उस समय मानेसर और महेन्द्रगढ़ दोनों आई.एम.टी. को जोड़ने के लिए प्रस्तावित था। यह रोड खाली तीन जिलों को जोड़ने के लिए नहीं है, इनके साथ तीन विश्वविद्यालय भी जुड़ते हैं। पहला पंचगांव में defense ministry proposed है। दूसरा रेवाड़ी में इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी भी है, वहां पर भी 10 किलोमीटर का फासला रहता है, तीसरा सेंट्रल यूनिवर्सिटी महेन्द्रगढ़ है। यह साउथ हरियाणा की लाइफ लाइन है। जिससे एक नया औद्योगिक और शिक्षा | 28.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस प्रपोजल की बात की है वह 10–15 साल पुरानी है। मेरे संज्ञान में ऐसी कोई प्रपोजल रिकॉर्ड में तो आई नहीं है लेकिन मैं माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि इस सदन के बाद मेरे साथ बैठकर जरूर इस पर चर्चा कर लें तो हमें अगर राईट ऑफ वे मिलता है तो भविष्य के अंदर हमारा प्रयास रहेगा कि प्रदेश में इस रोड नेटवर्क के सिस्टम को और बेहतर बनाया जा सके। हरियाणा 2 परसैंट आबादी का प्रदेश है परन्तु आज भी हमारे पास 11 एक्सप्रेसवे और 35 नैशनल हाइवे हैं जो कि हरियाणा प्रदेश को एग्जिस्ट करते हैं। इन रोड्ज की संख्या बढ़ रही है, कम नहीं हो रही है। रोड नेटवर्क के सिस्टम में इस देश में सबसे बेहतरीन कनैक्टिविटी किसी प्रदेश में है तो वह हरियाणा प्रदेश में है। आज माननीय सदस्य ने जो रास्ता बताया है इसका अल्टरनेटिव ऑलरेडी रेवाड़ी बाईपास, रेवाड़ी नारनौल, रेवाड़ी दिल्ली, गुरूग्राम पटौदी और | | |
| | का क्षेत्र खुलेगा क्योंकि इसका प्रपोजल एन.एच.ए.आई. के पास भेजा हुआ है। अगर माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय चाहें तो वहां से इसकी जानकारी ले सकते हैं। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि इस पर विशेषतौर पर ध्यान देने का काम किया जाये और निश्चित तौर पर यह रोड बननी ही चाहिए जिससे वहां पर प्रदेश के लिए विकास के रास्ते खुल सके। अगर इसमें मेरी मदद चाहिए तो मैं भी इसमें मदद कर सकता हूं और मुझे इस मामले की जो भी जानकारी है, वह मैं आपके साथ सांझा कर सकता हूं। अगर माननीय उपमुख्यमंत्री अपने लैवल पर इसको देखना चाहते हो तो देख सकते हैं। | पटौदी से रेवाड़ी इस पर सरकार काम कर रही है। माननीय सदस्य को खुद इस बात का पता है कि 152 डी के साथ महेन्द्रगढ़ की कनैक्टिविटी कितनी बेहतर हुई है। केन्द्र सरकार ने हमारे को इसकी मंजूरी भी दे दी है कि हिसार से महेन्द्रगढ़, महेन्द्रगढ़ से रेवाड़ी, रेवाड़ी से तावडू कनैक्टिविटी भी आने वाले भविष्य में करेंगे। मैं मानता हूं कि आने वाले भविष्य में माननीय सदस्य के सुझाव पर भी विचार किया जायेगा। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 376. | तारांकित प्रश्न संख्या 179 के सन्दर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल यह है कि गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र के गांव बड़ी, लल्हेड़ी कलां, लल्हेड़ी खुर्द, राजलू गढ़ी तथा भोगीपुर का भूमिगत जल दूषित हो गया है। गग वहां पानी की सप्लाई तो दे दी गई है लेकिन जो ग्राउंड वाटर दूषित हो रहा है उसके लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? गग गांव बड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में जो कैमिकल की फैक्ट्रियां लगी हुई हैं उनका रिवर्स बोर किया हुआ है जिनका गन्दा पानी नीचे जमीन में जा रहा है। माननीय मंत्री जी मेरी इस बात का भी जवाब दें कि हमारे यहां जिन गांवों का मैंने जिक्र किया है जब यहां पर बोर करके पानी निकाला जाता है तो वह गुलाबी रंग का निकलता है। इस गंदे पानी की वजह से इन गांवों में हर पांचवीं मौत कैंसर और | 03.03.2020<br>अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या की चिंता के मद्देनजर इनको आश्वस्त करता हूँ कि हम इन गांवों में जो वस्तुस्थिति चल रही है, उसकी जांच करवा कर यथासंभव प्रभावी कदम उठायेंगे। | 06.12.2024<br>विभाग द्वारा समय समय पर पीने के पानी के सैम्पल विभागीय लैब द्वारा परीक्षण किया जाते है। बड़ी गांव में पीने के पानी का सैम्पल 22.11.2024 को जांच किया गया। जाचं में पीने का पानी, पीने योग्य पाया गया (अनुलग्नक क पर संग्लन है) लल्हेड़ी कलां व लल्हेड़ी खुर्द गांव में पीने के पानी का सैम्पल 19.11.2024 को जांच किया गया। जांच में पीने के पानी, पीने योग्य पाया गया (अनुलग्नक ख पर संग्लन है) भागीपुर गांव में पीने के पानी का सैम्पल 19.11.2024 को जांच किया गया जांच में पीने का पानी, पीने योग्य पाया गया (अनुलग्नक ग पर संग्लन है) राजलुगड़ी गांव में पीने के पानी का सैम्पल 19.11.2024 को जांच किया गया। जांच में पीने का पानी, पीने योग्य पाया गया (अनुलग्नक घ पर संग्लन है) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(12-10-2025) |



काला पीलिया जैसी भयानक बीमारियों की वजह से हो रही हैं। इन गांवों का अगर सर्वे करवाया जाए तो पायेंगे कि यहां पर हालात बहुत गम्भीर बने हुए हैं।

(ii) तारांकित प्रश्न संख्या 179 के सन्दर्भ में श्री धर्म सिंह छोक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः xx अध्यक्ष महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र का एक गांव चुलकाना है जिसकी आबादी लगभग 20000 के करीब है। इस गांव को टच करते हुए एक शराब की फैक्ट्री लगी हुई है। इस फैक्ट्री से जो कैमिकल युक्त पानी निकलता है वह सारा पानी बोर करके जमीन में छोड़ दिया जाता है इस गांव के साथ लगते 10 गांवों में कैंसर व काला पीलिया के 700—700, 800—800 पेशैंट्स मिल जायेंगे। इस समस्या के बारे में माननीय सदस्या श्रीमती निर्मल रानी ने भी बताया है। मैं माननीय मंत्री जी से इस बारे में जवाब चाहता हूं कि क्या इस फैक्ट्री को शिफ्ट किया जायेगा या कोई अन्य प्रावधान किए जायेंगे, कृपा करके मंत्री जी यह बताने का कष्ट करें।

जन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिन 6 टयूबवैलों से गांव में पीने के पानी की सप्लाई की जा रही थी उनमें से एक टयूबवैल बस स्टैंड के पास कम डिसचार्ज की वजह से फेल हो गया है वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में 5 ट्यूबवैलों के माध्यम से पीने योग्य पानी सप्लाई किया जा रहा है उसका विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| क्र. स. | गांव का नाम | नलकूप का स्थान | नलकूप की गहराई (मीटर में) | पीने योग्य/ पीने योग्य नहीं | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चुलकाना | लड़कों के सरकारी स्कूल में ट्यूबवैल न0 1 | 135 | पीने योग्य | पानी के नमूनो की नवम्बर 2024 में टेस्ट करे गये है (जिनकी रिर्पोट अनुलग्नक ड़ पर संग्लन है) |
| 2 | चुलकाना | लड़कीयों के सरकारी स्कूल में ट्यूबवैल न0 6 | 450 | पीने योग्य | पानी के नमूनो की नवम्बर 2024 में टेस्ट करे गये है (जिनकी रिर्पोट अनुलग्नक च़ पर संग्लन है) |
| 3 | चुलकाना | किवाना रोड़ पर ट्यूबवैल न0 7 | 450 | पीने योग्य | पानी के नमूनो की नवम्बर 2024 में टेस्ट करे गये है (जिनकी रिर्पोट अनुलग्नक छ पर संग्लन है) |
| 4 | चुलकाना | लड़कों के सरकारी स्कूल में ट्यूबवैल न0 9 | 445 | पीने योग्य | पानी के नमूनो की नवम्बर 2024 में टेस्ट करे गये है (जिनकी रिर्पोट अनुलग्नक ज पर संग्लन है) |
| 5 | चुलकाना | कश्यप चौपाल के पास ट्यूबवैल न0 8 | 475 | पीने योग्य | पानी के नमूनो की नवम्बर 2024 में टेस्ट करे गये है (जिनकी रिर्पोट अनुलग्नक झ पर संग्लन है) |

गांव चुलकाना में ग्रामीणों को प्र्याप्त पेयजल आपूर्ति के लिए 5 टयूबवैल है। इन 5 टयूबवैलों के पानी के नमूनों को दोबारा से रासायनिक विश्लेषण के लिए परीक्षण किया गया जो कि BIS 10500/2012 के निर्धारित मापंदडो के अनुरूप पाए गए और पानी के नमूने पीने योग्य पाए गए।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | इसके अतिरिक्त जहां तक शराब की फैक्टी को शिफट करने का सवाल है, यह इस विभाग के कार्यक्षेत्र में सम्मिलित नहीं है।<br>इसके अतिरिक्त साथ लगते 10 गांवों में कैसर व काला पीलिया से सम्बन्धित विवरण इस विभाग के कार्यक्षेत्र में सम्मिलित नहीं है। | |
| 377. | वित्त वर्ष 2021–22 के बजट के सन्दर्भ में। | 12.03.2021<br>xx इंद्री, पलवल, यमुनानगर में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट्स की स्थापना तथा ऐलनाबाद, फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, सिरसा, रोहतक और तोशाम में इनके उन्नयन का कार्य चल रहा है, जो वर्ष 2021–22 में पूरा हो जाएगा। राजौंद व सिसाय में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट के उन्नयन की परियोजनाएं 2021–22 में शुरू की जाएंगी। | इंद्री, यमुनानगर, ऐलनाबाद, फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, सिरसा, तोशाम व पलवल में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट के उन्नयन का कार्य पूरा हो चुका है। रोहतक में उन्नयन का कार्य स्थानीय निकाय विभाग द्वारा करवाया जा रहा है।<br>• रोहतक में मल शोधन संयंत्र के निर्माण / उन्नयन के कार्य अमृत – 1.0 योजना के तहत नगर निगम रोहतक द्वारा किये गये है जिसकी नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार है : –<br>1. सिघपुरा स्थित मल शोधन संयंत्रः– इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता 10 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र के उन्नयन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा सुचारू रूप से कार्य कर रहा है।<br>2. गढ़ी बोहर स्थित मल शोधन संयंत्र : – इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता 12 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु मुख्य सीवर लाईन 600 व्यास से 1000 व्यास में आज भी कई जगह रूकावट है तथा लाईन 4 जगहों से बैठी हुई है। इन कारणों से मुख्य सीवर लाईन में सीवर के साथ भूमिगत जल मिलकर 12 एम.एल.डी. मल उपचार संयंत्र गांव गढ़ी बोहर पर जा रहा है।<br>3. मकड़ौली स्थित मल शोधन संयंत्रः – इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता 15 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु इस मल उपचार संयंत्र की मुख्य सीवर लाईन सही ढ़ंग से नही जोड़ी गई है। आज भी वहां level difference होने से प्रार्यप्त मात्रा में सीवर नहीं जा पा रहा है।<br>4. कन्हेली स्थित मल शोधन संयंत्रः – इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(2-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 20 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु इस मल उपचार संयंत्र की मुख्य सीवर लाईन 2 जगहों से बैठी हुई है। इन कारणों से मुख्य सीवर लाईन में सीवर के साथ भूमिगत जल मिलकर जा रहा है।<br>राजौंद शहर में एस टी पी निर्माण का कार्य ठेकेदार को दिनांक 02.04.2024 को आंवटित हो चुका है परंतु लोगो के विरोध के कारण एस टी पी के निर्माण का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है। विभाग के द्वारा जिलाधीश कैथल से मिलकर प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए निवेदन किया गया है। जैसे हि प्रशासनिक सहायता प्राप्त होगी एस टी पी के निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जायेगा।<br>सिसाय – सिसाय गांव में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | उपयुक्त भूमि उपलब्ध करवाने के लिए स्थानीय प्रशासन के समक्ष मामला उठाया गया था, लेकिन भूमि की व्यवस्था नहीं हो सकी, इसलिए विभाग द्वारा ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की व्यवस्था करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। | |
| 378. | श्री भारत भूषण बतरा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 447 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में पीर वाली गली के निकट एकता कॉलोनी, राजीव नगर में सीवरेज लाईन के लिए अम्रूत योजना के अतंर्गत एक साल पहले सीवरेज लाईन के लिए निविदाएं आवेदित की गई थी परन्तु अब तक सीवरेज नहीं बिछाया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि क्या रोहतक में काठ मण्डी, पीपल वाली गली, तथा नया पड़ाव वैश्य कॉलेज रोड की सीवरेज प्रणाली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है; | 20.08.2021<br>(क) हां, श्रीमान जी, एकता कॉलोनी में नजदीक पीरवाली गली और राजीव नगर में मल निकासी लाईन बिछाने का कार्य 20 एम.एल.डी. मल उपचार संयत्र को बनाने का कार्य प्रगति पर है तथा दिनांक 30.09.2022 तक पूरा कर दिया जाएगा जो कि अम्रुत योजना के तहत, शहरी निकाय विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।<br>(ख) नहीं, श्रीमान जी, कांठमडी, पीपल वाली गली और नया पड़ाव वैश्य कॉलेज रोड रोहतक की मल प्रणाली चालू स्थिति में है। इसके अलावा, सी.आई.पी.पी. तकनीक का उपयोग करके 1600 मि.मी.आई./डी की मौजूदा मल लाईन को मजबूत | (क) एकता कॉलोनी/राजीव नगर में विभिन्न साईज की सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य नगर निगम रोहतक द्वारा अमृत 1.0 योजना के तहत पूर्ण हो चुका है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है: –<br>i. 200mm pipe – 1970.48 mtr.<br>ii. 300mm pipe – 122.50 mtr.<br>iii. 400mm pipe – 786.38 mtr.<br>Total – 2879.36 mtr.<br>(ख) नहीं, श्रीमान जी, काठमंडी, पीपल वाली गली और नया पड़ाव वैश्य कॉलेज रोड़ रोहतक की मल प्रणाली चालू स्थिति में है और जो भी इन गलीयों में जल भराव की समस्या थी | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(12-10-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | यदि हां, तो रोहतक के उपरोक्त क्षेत्र में नई सीवरेज प्रणाली कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ? | करने कार्य प्रगति पर है और इसे 31/12/2021 तक पूरा कर लिया जाएगा। | वह 1600 मि.मी. की मौजूदा मल लाईन के कारण थी और अब सी.आई.पी.पी. तकनीक का उपयोग करके 1600 मि.मी. आई/डी की मौजूदा मल लाईन को मजबूत करने का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। अब लाइन सूचारू रूप से चल रही है। | |
| 379. | तारांकित प्रश्न संख्या 1188 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बत्तरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—**** विभाग द्वारा पाईपलाईंज डाली गयी हैं, परन्तु उनका कहीं से कनैक्शंज नहीं किया गया है। सीवरेज लाईंज डाली गयी हैं, परन्तु उनका कहीं पर एग्जिट नहीं है। इस कारण वह पानी खेतों और प्लॉट्स में जा रहा है। जो पाईपलाईंज डाली गयी हैं उनका वॉटर वर्कस से कनैक्शन नहीं है। सरकार इसका रिप्लाई नहीं में क्यों दे रही है I do not understand it. | 24.08.2021<br>**** रोहतक शहर की मल निकासी प्रणाली कुछ निश्चित सीवर लाईन को छोड़कर पूरी तरह कार्यात्मक है जिसके लिए शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नई व क्षतिग्रस्त मल निकासी लाईन 8 ईंच आई.डी.एस. डब्ल्यू. से 12 ईंच आई.डी.एस. डब्ल्यू. व 24 ईंच आई. डी.आर.सी.सी. लाईन लगाने एवं मैनहोल के निर्माण के लिए अनुमानित राशि 353.00 लाख रुपये का अनुमान हाल ही में स्वीकृत किया गया है जिसके लिए टैंडर्ज जारी किये गये हैं और उसे दिनांक 30.06.2022 तक पूरा कर दिया जाएगा। | • प्रश्न में वर्णित पेयजल पाईप लाईन, सीवर लाईन बिछाने व मल शोधन संयंत्र के निर्माण के कार्य अमृत—1.0 योजना के तहत नगर निगम रोहतक द्वारा किये गये है जिसकी नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार है : —<br>• पेयजल पाईपः— अमृत 1.0 योजना के तहत नगर निगम रोहतक द्वारा डाली गई पानी की सभी लाईनो को सम्बन्धित WTP/CWR (Clear Water Reservior) से नहीं जोड़ा गया है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(2-1-2025) |
| | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से हम्बल रिक्वैस्ट करूंगा कि ये मूलभूत आवश्कता की चीजें उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेवारी है और हमारा मौलिक अधिकार है। It is a fundamental right कि हमें पाल्यूशन फ्री वातावरण मिलना चाहिए। मैं बस यही कहूंगा कि अगर इतना इरेस्पोंसिबल रिप्लाई आएगा तो सरकार से सवाल पूछकर क्या करना है ? | | कुल 06 WTP में से 03 WTP से पानी की सप्लाई चालू की जा चुकी है जिसमे तृतीय जलघर, पहरावर जलघर व सुनारियॉं जलघर शामिल है परन्तु तृतीय जलघर पर क्लैरिफायर का हाइड्रोलिक डिजाईन ठीक नही होने के कारण 22 MLD पानी की जगह 11 डस्क पानी ही पंहुच पा रहा हैं तथा 14 CWR में से 07 CWR से पानी की सप्लाई की जा रही हैं। जिसमे तृतीय जलघर, बोहर मिलवान, गढ़ी बोहर, बाबा मस्तनाथ, पहरावर, सुनारियॉं खुर्द व खौखराकोट शामिल है। जिसमे से 3 सीडब्ल्यूआर का हाइड्रोलिक डिजाईन ठीक नही है एंव बनाये गये सीडब्ल्यूआर में रिसाव भी है और 02 बुस्टरों (रैनकपुरा 1 और 2) की साईट उपलब्ध न होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका। क्षेत्रवार विवरण अनुलग्नक—2 में दिया गया है।<br>इसके अलावा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा रोहतक शहर में पानी आपूर्ति के लिए लोहे की पाईप लाईन बिछाने और जलघरों की | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | मुरम्मत करने के लिए राशि 500.40 लाख की अनुमानित लागत से एक परियोजना स्वीकृत की गई थी। जिसका कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, शहर में अन्य पुरानी लाइनों को बदलने और बुस्टिंग स्टेशनों की मुरम्मत का कार्य राशि 10.59 करोड़ रूपये की लागत से मुख्यमंत्री घोषणा के अंतगर्त किया जा रहा है। अब तक इस योजना का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है एंव परियोजना को दिनांक 31.03.2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।<br>• सीवर लाईनः– कोई भी सीवर लाईन ऐसी नहीं है जो कार्यात्मक स्थिति में ना हो और अब पानी किसी भी खेत या प्लॉट में नही जा रहा है।<br>• अमृत 1.0 योजना के तहत नगर निगम रोहतक द्वारा डाली गई सीवर लाईन को अमृत 1.0 योजना के तहत ही बनाए गए 04 मल संशोधन सयंत्र | |
| | | | व जन स्वास्थ्य विभाग के अर्न्तगत आने वाले 02 मल संशोधन सयंत्र से जोड़ा गया है। मुख्य सीवर लाईन 600 मि0मी0 व्यास से 1000 मि0मी0 व्यास की पाईप में रूकावट है और यह पुर्ण रूप से कार्य नहीं कर रही है।<br>• मल शोधन संयंत्र के निर्माण की स्थिति इस प्रकार हैः –<br>1. सिघपुरा स्थित मल शोधन संयंत्रः – इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता 10 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र के उन्नयन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा सुचारू रूप से कार्य कर रहा है।<br>2. गढ़ी बोहर स्थित मल शोधन संयंत्रः– इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता 12 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु मुख्य सीवर लाईन 600 मि0मी0 व्यास से 1000 मि0मी0 व्यास की पाईप में रूकावट है और यह पूर्ण रूप से कार्य नहीं कर रही है। इन कारणों से मुख्य सीवर लाईन में सीवर के साथ भूमिगत जल मिलकर 12 एम.एल.डी. मल उपचार संयंत्र गांव गढ़ी बोहर पर जा रहा है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 3. मकड़ौली स्थित मल शोधन संयंत्रः– इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता 15 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु इस मल उपचार संयंत्र की मुख्य सीवर लाईन सही ढ़ंग से नही जोड़ी गई है। आज भी वहां level difference होने से प्रर्याप्त मात्रा में सीवर नहीं जा पा रहा है।<br>4. कन्हेली स्थित मल शोधन संयंत्रः– इस मल शोधन संयंत्र की क्षमता 20 एम.एल.डी. है व मल शोधन संयंत्र का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह कार्य अम्रुत योजना के तहत, शहरी निकाय विभाग द्वारा कार्यन्वित किया जा रहा है। जिसमें कुछ कार्यों में खामियां पाई गई है।<br>• उपरोक्त कार्यो में जो खामियां पाई गई है जिसका नवीनतम विवरण अनुलग्नक–1 में दिया गया है। | |
| | | 08.08.2022 | | |
| 380. | तारांकित प्रश्न संख्या 6 के सन्दर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, आज माननीय मुख्यमंत्री जी भी सदन में उपस्थित हैं। मैं बताना चाहूंगा कि छोटूराम चौक के ऊपर पानी भरने की यह एक बहुत पुरानी समस्या है। जब 1995 के अंदर फ्लड आया था तब वहां पर 12 फीट पानी भरा हुआ था। जहां तक मुझे ध्यान है मुख्यमंत्री जी को भी इस बात का जरूर पता होगा। जब 2007 के अन्दर चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे उस समय जल भराव समस्या का पूरी तरह निदान हो गया था। मुख्यमंत्री जी सरकार को इस बात के लिए हिदायत दें कि सिस्टम के अन्दर तथ्य क्यों छिपाये जाते हैं? जब समस्या 2007 के अन्दर खत्म हो गयी थी उसके बाद 2022 के अन्दर वहां पानी कैसे इकट्ठा हुआ? क्या 15 साल में ऐसी बारिश कभी नहीं आयी कि वहां पर पानी इकट्ठा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री महोदय, सबसे बड़ी समस्या यह है कि वहां साथ में | अध्यक्ष महोदय, इस संबंध में सबसे पहली बात तो मैं यह कहना चाहूंगा कि इस बार हरियाणा प्रदेश में बहुत सी जगहों पर नॉर्मल वर्षा से ज्यादा हुई है। रोहतक में भी बहुत बारिश हुई है यह मुझे मालूम है। इसके अलावा और भी बहुत से स्थानों पर अच्छी बरसात हुई है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि अगर वर्षा ज्यादा हो जाये तो उसके लिए हमारी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। जहां तक यहां पर रोहतक के विषय को उठाने का संबंध है तो जन स्वास्थ्य विभाग जांच करवायें कि कौन–कौन से ऐसे विषय हैं जिनके कारण से वहां का जो सारे का सारा सिस्टम है उसने मौके पर काम नहीं किया। जहां तक बिजली के बिलों की बात है यह विषय पिछले बहुत से वर्षों से चलता आ रहा था। अब हमने इस साल से यह व्यवस्था कर दी है कि सरकारी विभाग का कोई भी बिजली का बिल अब किसी डिपार्टमैंट का जितना भी सालाना बिजली के बिल का खर्च है उसको कंसोलिडेट करके बजट में से कम करके पहले ही अप्रैल में उनको वापिस किया जायेगा नहीं तो बहुत से स्थानों पर यह शिकायत | छोटू राम चौक, संत नगर, हरि नगर, भगवान कालोनी में : – स्थायी समाधान के लिए छोटू राम चौक से अप्पू घर तालाब तक सीवर लाइन बिछाई जानी है ताकि बारिश का पानी तालाब में जमा हो सके और उसी के पास बरसाती डिस्पोजल (आईपीएस) बनाकर अप्पू घर डिस्पोजल में डाला जाए। जिस आईपीएस के लिए आज तक नगर निगम, रोहतक द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने बरसाती डिस्पोजल (आईपीएस) के निर्माण के लिए 0.50 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने और अप्पू घर डिस्पोजल को कनेक्टिविटी तालाब बनाने के लिए 1.71 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि की आवश्यकता है, जिसका अनुमान आयुक्त नगर निगम रोहतक को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9466 दिनांक 06/10/2023 के माध्यम से भेजा जा चुका है। जबकि नगर निगम रोहतक द्वारा 56.25 लाख रूपये | The Committee would like to know the latest position in this regard. (12-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | अप्पूघर लाड वाला जोहड़ है उस जोहड के अन्दर वह पानी तुरंत उस रिजर्व वर्ग को अडॉप्ट कर लेता था जिसे आपकी सरकार की स्कीमों ने कभी अप्पूघऱ की बात, कभी फूड सीड की बात करके जोहड़ को भर दिया। जिस वजह से यह समस्या इतने सालों के बाद हुई है, यह बहुत बड़ी गंभीर समस्या है। जब संत नगर, हरि नगर, छोटू राम चौक, भगवान कालोनी में बारिश हो रही थी उस समय मैं वहां पर गया तो वहां पर साढ़े तीन फीट तक पानी भरा हुआ था। मैंने वहां देखा, वहां का सिस्टम फेल्योर था। इस समस्या को सरकार ऐडमिट क्यों नहीं करती, पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट इसे एडमिट क्यों नहीं करता। वहां पर हुड्डा कॉम्पलेक्स के अन्दर अप्पूघर के साथ जो डिस्पोजल था वह भी काम नहीं कर रहा था। कृष्णा कालोनी, गुरुनानक पुरा | आती है कि इस ऑफिस का बिजली का बिल नहीं गया और उस ऑफिस का बिजली का बिल नहीं गया। आखिरकार पॉवर डिपार्टमैंट एक इंडिपैंडैंट संस्था है अर्थात् वह एक कम्पनी है उसके नाते उनको तो सरकारी और प्राईवेट सभी विभागों/उपभोक्ताओं से बिजली के बिल लेने हैं। अब हमने यह तय किया है कि सभी सरकारी विभागों के सारे के सारे बिजली के बिल संबंधित डिपार्टमैंट को ऑटोमैटिकली चले जायेंगे। इसी प्रकार से और भी विभागों का लेन देन होता है जिसके कारण से कंट्रोवर्सिज होती हैं। उनका भी बजट में समाधान कर दिया जायेगा ताकि पूरे साल का जितना भी खर्च हो, सारे के सारे को उसमें से निकाल लिया जाये। इसके अलावा मैं एक बार फिर से यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि इस मामले की डिपार्टमैंट्ल इंक्वॉयरी पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट द्वारा की जायेगी। | दिनांक 21/07/2023 को जमा करवाए गए हैं। कृष्णा कालोनी, गुरूनानक पुरा तथा महावीर कालोनी के लिये बरसाती डिस्पोजल ;लागत रू0 24 करोड़ का कार्य 85 प्रतिशत हो चुका है और शेष कार्य 31.03. 2025 तक पूरा कर दिया जायेगा उसके उपरांत उपरोक्त एरियें में जलभराव कि कोई समस्या नही रहेगी।<br>हाऊसिंग बोर्ड एरिया के बरसाती पानी की निकासी के लिये नया बरसाती डिस्पोजल ;लागत रू0 3.64 करोड दिनॉक 07.07.2024 को चालू कर दिया गया था अब वहां पर जल भराव की कोई समस्या नही है। मॉडल टाऊन एरिया का बरसाती पानी की निकासी मॉडल टाऊन डिस्पोजल व दिल्ली रोड़ डिस्पोजल पर बरसाती | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | तथा महावीर कालोनी में आदरणीय चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी बारिश के दो दिन बाद जब उन कालोनियों में गये तब वहां पर दो–दो फीट पानी घरों में भरा हुआ था। उन घरों की व्यथा और नुक्सान हमने देखा। सरकार ने जवाब में लिखा है कि मुआवजे के लिए कोई प्रपोजल नहीं है। मेरे कहने का मतलब यही है कि जब इस समस्या का निदान 15 साल पहले हो गया था तो अब यह समस्या एकदम कैसे आई। माननीय अध्यक्ष महोदय, सरकार ने अपने जवाब के अन्दर लिख दिया कि वहां पर कोई नुक्सान नहीं हुआ और मंत्री जी ने अपने जवाब में लिख दिया कि कोई कम्पनसेशन नहीं। कम्पनसेशन की प्रोसैस शुरू हुई। मैंने कम्पनसेशन के लिए चीफ सैक्रेटरी को इमीडिएटली पत्र लिखा। उन्होंन उसको रिस्पौड किया। डी.सी. ने उसका सर्वे करवाया और मंत्री जी कहते हैं कि कम्पनसेशन देने का कोई प्रॉविजन ही नहीं है। मैंने लोगों के घरों के नुक्सान को अपनी आंखों से देखा है। हाऊसिंग बोर्ड के अंदर पम्पिंग | | पानी का निपटान किया जाता है दिल्ली रोड़ डिस्पोजल की मशीनरी को विभाग द्वारा 2023 में बदला जा चुका है और अब वहां पर जलभराव की कोई समस्या नही है। गॉधी कैम्प एरिये का बरसाती पानी का निपटान पटेल नगर डिस्पोजल द्वारा किया जाता है जिसकी मशीनरी को विभाग द्वारा 2023 में बदला जा चुका है और अब वहां पर जलभराव की कोई समस्या नही है।<br>वित्त वर्ष 2022–23 में बरसाती पानी से सम्बन्धित रखरखाव पर रू0 4.49 करोड (RME + Energy + Repair & Consumables) / 1.39 करोड़<br>(Repair & Consumables only) की राशि मंजूर की गई, जिसके तहत रू0 1.36 करोड (Repair & Consumables only) की राशि आबंटित की गई थी। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | स्टेशन नहीं चल रहा था। वह ऑलरेडी खराब था। कृष्णा कॉलोनी की बैक साइड वाला पम्पिंग स्टेशन भी नहीं चल रहा था और सबसे बड़ी समस्या यह है कि पीछे पब्लिक हैल्थ का लाड़ वाला जोहड़ था जो पूरी तरह से भर चुका है वहां पर अनअथोराईज्ड कॉलोनियां कट चुकी हैं। इन सभी कारणों से सारी की सारी कृष्णा कॉलोनी का बहुत बड़ा नुक्सान हुआ है। म्युनिसिपल कारपोरेशन के हाउस में यह रेज्योल्यूशन पास हुआ है कि अप्पू घर के पास रोड वाले तालाब को मैंनटेन किया जाये ताकि इस समस्या का समाधान हो। यह मैं सिर्फ कुछ एरिया की बात कर रहा हूँ। इस बार की बारिश में मॉडल टाऊन, हाऊसिंग बोर्ड और गांधी कैम्प इत्यादि सभी इलाकों में बहुत बुरा हाल हुआ है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इस समस्या का परमानैंट | | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तौर पर समाधान होना चाहिए। हमने वहां पर वर्ष 1985 व वर्ष 1995 की बाढ़ देखी। इसका जल्दी से जल्दी समाधान होना चाहिए, लाड़ वाला जोहड़ फिर से मैंनटेन होना चाहिए। मंत्री जी यहां पर इसके लिए आश्वासन दें और सदन में यह भी कहा जाये कि वह इमीडिएटली रिलीफ रिजरवॉयर बनेगा। ये मेरी मांगे हैं। गगग मैं यह भी बताना चाहूंगा कि डिपार्टमैंट द्वारा 4.75 करोड़ रुपये की मांग की गई। इसके लिए तीन महीने पहले चिट्ठी लिखी गई लेकिन वह 4.75 करोड़ रुपये बारिश आने से तीन दिन पहले ही सैंक्शन हुआ। इस प्रकार की स्थिति में पैसा कहां और कैसे खर्च हो सकता है। इतने कम समय में नालों की सफाई किस प्रकार से हो सकती है। इसकी भी इंक्वॉयरी करवाई जानी चाहिए कि 4.75 करोड़ रुपये की राशि टाइम पर रिलीज क्यों नहीं की गई। इसके लिए जो भी अधिकारी जिम्मेदार हों उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 09.08.2022 | | |
| 381. | श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा तारांकित प्रश्न संख्या 40 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) गोहाना सड़क के सामने टी.बी. अस्पताल पर स्थित तथा कृष्णा कालोनी, महावीर कॉलोनी तथा गुरू नानकपुरा के पीछे राहड़ वाला नामक तालाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी से संबधित भूमि का कुल क्षेत्र कितना है तथा सरकार द्वारा इसे कब अधिगृहित तथा कब्जाया गया तथा वर्तमान में उक्त भूमि किसके कब्जे में हैं;<br>(ख) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उक्त भूमि को उपयोग करने का उद्देश्य क्या है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) क्या यह तथ्य है कि दिनांक 30 जून को उपरोक्त कालोनियों में 4 फीट तक पानी एकत्रित हो गया था; यदि हां, तो वर्षा ऋतु के दौरान उपरोक्त कालोनियों में पानी एकत्रित होने से रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए या उठाए जाने वाले पग क्या है तथा उनका ब्यौरा क्या है ? | (क) 10 बीघा 7 बिस्वा (6.46 एकड़) भूमि का हिस्सा सरकार द्वारा 10.4.2008 को अधिग्रहित किया गया था और यह भूमि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कब्जे में है।<br>(ख) उक्त भूमि पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का एक सीवेज डिस्पोजल व एक स्ट्रोम वॉटर डिस्पोजल है जो कि उपरोक्त कालोनियों के सीवरेज व बरसाती पानी निकालने के लिए बनाए गए हैं।<br>(ग) हां, श्रीमान् जी। रोहतक शहर में दिनांक 30.6.2022 को 6 से 7 घंटों में लगातार 153 मिलीमीटर के करीब भारी वर्षा हुई जो कि हरियाणा की 550 मिलीमीटर औसतन वार्षिक वर्षा से कहीं अधिक थी। गोहाना सड़क टी.बी. अस्पताल के सामने व कृष्णा कालोनी, महावीर कॉलोनी तथा गुरू नानकपुरा में वर्षा का पानी एकत्रित हो गया था। उपरोक्त कालोनियों में वर्षा के पानी को एकत्रित होने से रोकने के लिए 45.27 करोड़ का एक अनुमान वॉटर सप्लाई व सीवरेज बोर्ड की मीटिंग जो कि दिनांक 20.7.2022 को हुई थी, उसमें प्रशासनिक अनुमोदन कर दिया गया है। इस कार्य के पूर्ण होने पर वर्षा ऋतु के दौरान उपरोक्त कालोनियों में वर्षा का पानी एकत्रित नहीं होगा। | (क) 10 बीघा 7 बिस्वा अवार्ड न.01 दिंनाक 10/04/2005 के तहत और 0 बीघा 17 बिस्वा अवार्ड न. 03 दिंनाक 27/02/2007 (भूमि का हिस्सा सरकार द्वारा 10/4/2008 को अधिग्रहित किया गया था और यह भूमि जन स्वास्थ्य विभाग के कब्जे में है।<br>(ख) उक्त भूमि पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का एक सीवेज डिस्पोजल व एक स्ट्रोम वॉटर डिस्पोजल है जो कि उपरोक्त कालोनियों के सीवरेज व बरसाती पानी निकालने के लिए बनाए गए हैं। व इसके अतिरिक्त जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गुरू नानकपुरा डिस्पोजल को नये बनाया जाना, राहड़ जोहड़ डिस्पोजल का नवीनीकरण व बरसाती पानी की लाइन डिस्पोजल से जसिया ड्रेन तक बिछाई जाने का 24 करोड़ का कार्य आवंटित किया गया है। जोकि कार्य 85ः पूर्ण हो चुका है, और यह कार्य 31/03/2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।<br>(ग) हां, श्रीमान् जी। रोहतक शहर में दिनांक 30/06/2022 को 6 से 7 घंटों में लगातार 153 मिलीमीटर के करीब भारी वर्षा हुई जो कि हरियाणा कि 550 मिलीमीटर औसतन वार्षिक वर्षा से कहीं अधिक थी। गोहाना सड़क टी.बी. अस्पताल के सामने व कृष्णा कालोनी, महावीर कॉलोनी तथा गुरू नानकपुरा में वर्षा का पानी एकत्रित हो गया था। उपरोक्त कालोनियों में वर्षा के पानी को एकत्रित होने से रोकने के लिए 45.27 करोड़ का एक अनुमान वॉटर सप्लाई व सीवरेज बोर्ड की मीटिंग जो कि दिनांक 20/07/2022 को हुई थी, उसमें प्रशासनिक अनुमोदन कर दिया | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(2-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | गया था और इस अनुमान के तहत सभी कार्यों का अवांटन कर दिया गया है, जोकि कार्य 85: कार्य पूर्ण हो चुका है, और यह कार्य 31/03/2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। । | |
| 382. | तारांकित प्रश्न संख्या–90 के संदर्भ में श्री जयवीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, खरखौदा में पानी खड़ा होने की रेगुलर समस्या है। सोनीपत, सांपला और दिल्ली रोड पर हमेशा पानी भरा रहता है। हम यहां पर स्थाई तौर पर निकासी चाहते हैं। यह वर्क कब तक कम्पलीट हो जायेगा? खरखौदा शहर के लिये यह बहुत बड़ी समस्या है। | 21.03.2023<br>अध्यक्ष महोदय, पहले जो इसका एस्टीमेट्स बनकर आया था उसमें कुछ खामियां थी। उसको दोबारा से भेजकर मूल्यांकन किया जा रहा है। जितना जल्दी वहां से इसका एस्टीमेट्स बनकर आ जायेगा उसको एप्रूव करेंगे और इस वर्क को जल्दी से जल्दी शुरू करवायेंगे। | खरखौदा शहर में बरसाती पानी की निकासी के लिए 1045.48 लाख रू के अनुमान को WSSB द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इस अनुमान के अतर्गत 3025 मीटर लम्बी स्ट्राम वॉटर ड्रेन, एक स्ट्राम वॉटर डिस्पोज़ल तथा 750 मि.मि. व्यास की 1450 मीटर लम्बी राइजिंग मेन का निर्माण कार्य होना है ।वर्तमान में 450 मीटर स्ट्राम वॉटर ड्रेन का कार्य हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है तथा 30.09.2025 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। | |
| 383. | (i) श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्नर संख्या 3:– क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर के अधिकांश क्षेत्रों में भूमिगत जल खारा हो गया हैय तथा<br>(ख) यदि हां, तो क्या पलवल शहर को रेनीवेल योजना से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है ? | 15.12.2023<br>(क) श्रीमान जी, पलवल शहर के क2ुछ क्षेत्रों में भूमिगत जल की कुल कठोरता, अनुमेय सीमा से अधिक है।<br>(ख) हाँ, श्रीमान जी। पलवल शहर और आसपास के क्षेत्रों के लिए रैनी वेल योजना के लिए संभाव्यता सर्वेक्षण प्रगति पर है। जब संभव पाया गया तो आगे कार्य किया जाएगा। | | |
| | (ii) तारांकित प्रश्न् संख्या 3 के सन्दार्भ में श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नि रू XX अध्यक्ष महोदय, मैं एक और बात माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि हमारे पलवल शहर के कुछ गांवों को नगर परिषद एरिया में जोड़ा गया है। इससे पहले जो यहां पर दुधौला रेनीवैल योजना थी, नगर परिषद में आने के बाद इन गांवों में भी उस योजना का पानी नहीं आ पा रहा है तथा पलवल शहर के पानी की ही आपूर्ति इन गांवों में की जा रही है। अतः मेरा | 15.12.2023<br>XX जिस तरह से शहरों के साथ गांवों को जोड़ने वाली बात कही गई है, के संदर्भ में मैं बताना चाहूंगा कि पिछली योजना में भी 185 करोड़ रूपये की लागत से 84 गांवों मे रेनीवैल स्कीम चल रही है और शहर के अंदर भी इस तरह के काम हम जल्दी शुरू कर देंगे। XX अध्यक्ष महोदय, जहां भी खारे पानी की दिक्कत है वहां पर नया बोर करवा देंगे मैं इस संदर्भ में मैं अपने अधिकारियों को आदेश भी दे दूंगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सदन के माध्यपम से माननीय मंत्री जी से कहना है कि पलवल शहर में जिस तरह से लगातार जनसंख्यान बढ़ रही है तो उसे देखते हुए इस रेनीवैल योजना को जल्दर से जल्दा हमारे पलवल शहर में भी लाया जाये ताकि जो यह पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्याद पलवल शहर के अंदर पैदा हुई है, इस समस्याब से लोगों को निजात मिल सके। XX<br>अध्यक्ष महोदय, जो हमारे मीठे पानी के ट्यूबवैल हैं, वे कुल 22 ट्यूबवैल्जस में से केवल 7–8 ट्यूबवैल ही हैं। जब तक रेनीवैल योजना आये, तब तक हमारे यहां के सभी ट्यूबवैल्ज भी अगर दुरूस्त। हो जायें और इनसे मीठे पानी की सप्लाकई हो जाये तो पलवल शहर के लोगों को बहुत फायदा होगा। पलवल शहर के अंदर जहां भी मीठा पानी मिले वहां पर अगर और बोर लग जायें तो पीने के पानी की समस्याी नहीं रहेगी । | | | |
| | वैसे अगर देखा जाये तो आज के दिन रेनीवैल योजना एक बहुत बड़ी आवश्यनकता बन गई है। अध्याक्ष महोदय, जिस रेनीवैल योजना की माननीय मंत्री जी बात कर रहे हैं, के तहत वे गांव जो कि पलवल शहर में शामिल हुए हैं, उन गांवों को रेनीवैल योजना का पानी नहीं मिल पा रहा है। जब से हमारे 84 गांवों में रेनीवैल योजना आई है, उसकी वजह से हमारे क्षेत्र में बहुत हद तक सुधार हुआ है। सरकार का यह एक बहुत ही अच्छा कदम साबित हुआ है जिसकी वजह से हमारे यहां के लोगों को मीठा पानी मिल रहा है लेकिन जो समस्याव शहरों में हुई है, उसके बारे में मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इसका तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाये। | | | |
| 384. | डॉ0 कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 69:–<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–?<br>(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गावों अर्थात् अहिरका, कैरखेडीध, रूपगढ़, | 18.12.2023<br>(क) गांव रूपगढ़ को छोड़कर (जिसे पहले से ही एक स्वतंत्र नहर आधारित जलघर द्वारा पीने योग्य पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है) पांच गांवों नामतः अहिरका, कैरखेड़ी, झांझ कलां, झांझ खुर्द और जुलानी को नहर आधारित पेयजल प्रदान | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | झांझ कलां, झांझ खुर्द तथा जुलानी में पेयजल के लिए क्लस्टर परियोजना बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है? | करने के लिए परियोजना बनाने का कार्य पंचायती भूमि उपलब्ध ना होने के कारण रूका हुआ है जिसे अब ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है।<br>(ख) भूमि की खरीद ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। जिस के पश्चात (बाद) जलघर के निर्माण का कार्य 18 से 24 महीने के अंतर्गत पूरा कर लिया जाएगा। | | |
| 385. | डॉ0 कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 70:–<br>क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गावों अर्थात् ईक्कस, जलालपुर खुर्द, जलालपुर कलां, इंटल कलां, संगतपुरा, इंटल खुर्द, जाजवान, ढ़ाण्ढ़ा खेडी तथा दरियावाला में पेयजल के लिए क्लस्टर परियोजना बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) क्या उपरोक्त गांवों में पेयजल की आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा व्यवस्थाएं की गई हैं तथा क्या उक्त पानी पीने योग्य है? | 18.12.2023<br>(क) स्थिति का विस्तृत विवरण इस प्रकार है–<br>(i) संगतपुरा, जाजवान, दरियावाला गांवों को पीने के पानी की आपूर्ति स्वतंत्र नहर आधारित जल घर से की जा रही है।<br>(ii) ईक्कस और जलालपुर खुर्द गांव के लिए नहर आधारित जल घर के निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिस की अनुमानित लागत 477.65 लाख रूपये है।<br>(iii) स्वतंत्र नहर आधारित जल घर के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लि,ग्राम पंचायत ईंटल खुर्द और ढांडा खेड़ी के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं और परियोजना तैयार की जा रही है। 15 महीने के अंदर काम पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>(iv) इस के अतिरिक्त इंटल कंला और जलालपुर कलां ग्राम पंचायत से स्वतंत्र जल घर बनाने लिए संबंधित ग्राम पंचायत से भूमि लेने के लिए प्रस्ताव विचाराधीन है।<br>(ख) वर्तमान में इन सभी 9 गांवों में टयूबवैल और नहर आधारित जल घरों के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है, जैसा कि नीचे बताया गया है और प्रत्येक गांव में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से आपूर्ति की जा रही है। | | |
| 386. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>85 शहरों में 100 किलोमीटर नई सीवर लाइनें बिछाने के लक्ष्य के विरुद्ध जनवरी, 2024 तक 75 किलोमीटर सीवर लाइनें बिछाई जा चुकी हैं और शेष काम इस वित्त वर्ष में पूरा होने की संभावना है। मैं वर्ष 2024–25 में 100 किलोमीटर नई सीवर लाइनें बिछाने के लक्ष्य का प्रस्ताव करता हूं। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 387. | तारांकित प्रश्न संख्या 41 के सदंर्भ में चौ. आफताब अहमद द्वारा पूछा गया प्रश्नः— क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः (क) क्या यह तथ्य है कि गुरुग्राम नहर में बहने वाले पानी की गुणवत्ता बहुत खराब है; यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;<br>(ख) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त दूषित जल का कोई परीक्षण कराया गया है; यदि हां, तो उसकी रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) उक्त गुरुग्राम नहर के पानी को दूषित करने वाले दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का संपूर्ण ब्यौरा क्या है? | 26.02.2024<br>XXXX कड़े मानकों को पूरा करने के लिए 409 एमएलडी क्षमता के 16 एसटीपी को उन्नत किया जा रहा है और 253 एमएलडी क्षमता के 08 नए एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, 410 एमएलडी क्षमता के 05 नए एसटीपी को भी मंजूरी दी गई है। जिला फरीदाबाद के विभिन्न सेक्टरों से गुरुग्राम नहर में छोड़े जाने वाले दूषित पानी की समस्या के समाधान के लिए 2 एसटीपी निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 1 एसटीपी गांव में है। मिर्जापुर में 100 एमएलडी क्षमता और 1 एसटीपी है। 80 एमएलडी क्षमता वाला प्रतापगढ़ निर्माणाधीन है। इसके अलावा, जिला फरीदाबाद में 45 एमएलडी क्षमता वाले गांव बादशाहपुर में 1 एसटीपी का उन्नयन किया जा रहा है और इन एसटीपी के पूरा होने की संभावित तिथि 30.06.2024 है।<br>• यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के 273 गांवों में उत्पन्न 88 एमएलडी सीवेज के उपचार/डायवर्जन के लिए कार्य की योजना बनाई गई है, जिसमें से 180 गांवों में काम पूरा हो चुका है और 93 गांवों में काम प्रगति पर है।<br>• यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र में सीवेज लाइनें बिछाई गई हैं और 3 शहरों (फरीदाबाद, करनाल, पानीपत) में 85 किलोमीटर की शेष सीवेज लाइनें भी बिछाई जा रही हैं ताकि अनुपचारित सीवेज को उपचार के लिए मौजूदा एसटीपी तक ले जाया जा सके।<br>• 99 एमएलडी अपशिष्ट को 155 स्थानों पर टैप करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें से 84 एमएलडी अपशिष्ट को 138 स्थानों पर डायवर्ट किया गया है, जबकि 17 स्थानों पर शेष 15 एमएलडी के लिए डायवर्जन का कार्य प्रगति पर है।<br>• जिला गुरूग्राम में 177.14 एमएलडी सीवेज को रोकने के कार्य की योजना बनाई गई है, जिसमें से 19 स्थानों से 70.1 एमएलडी सीवेज का दोहन पहले ही किया जा चुका है।<br>• राज्य ने 2 चरणों में सूक्ष्म सिंचाई के लिए उपचारित सीवेज का पुनः उपयोग | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | करने की भी योजना बनाई है। पहले चरण में 172 एमएलडी क्षमता के 9 एसटीपी की योजना बनाई गई है, जिनमें से 142 एमएलडी का उपयोग करने के लिए 8 कार्य प्रगति पर हैं और दूसरे चरण में 307 एमएलडी क्षमता के 25 कार्यों की योजना बनाई गई है जो अभी शुरू होने बाकी हैं।<br>• औद्योगिक अपशिष्टों को वांछित मानकों तक उपचारित करने के लिए 163 एमएलडी क्षमता के 14 सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र (सीईटीपी) स्थापित किए गए हैं ताकि यमुना नदी प्रदूषित न हो। स्टैंडअलोन उद्योगों से निकलने वाले औद्योगिक अपशिष्ट का उपचार इन उद्योगों द्वारा स्वयं किया जा रहा है। इन उद्योगों की निगरानी एचएसपीसीबी द्वारा की जा रही है और डिफॉल्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ग्ग्ग | | |
| 388. | तारांकित प्रश्न संख्या 41 के संदर्भ में चौ. आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX अध्य क्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से पहला सप्ली मैंट्री यह है कि क्याष सरकार एस.टी.पी. के अलावा फिल्ट्रेशन प्लांट लगाने के लिए विचार कर रही है या नहीं कर रही है? चूंकि इसके पानी की गुणवता अकेले एस.टी.पी. से ठीक नहीं होगी। मैं इस संबंध में लम्बे समय से मांग उठाता आ रहा हूं, इसलिए इस समस्यार का समाधान किया जाए। लेकिन इसमें प्रोग्रैस कम है। इसलिए फिल्ट्रेशिन प्लांट के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी ताकि वह पानी स्वच्छ होकर सिंचाई के योग्य हो सके? | 26.02.2024<br>XXXX मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि पहले वर्ष 2018 में बी.ओ.डी. के संदर्भ में प्रदूषण स्तरर का टारगेट 30 मिली ग्राम/लीटर था जोकि वर्ष 2023 में घटकर 23 मिली ग्राम/लीटर रह गया। लेकिन अब इसका टारगेट भी 10 मिली ग्राम/लीटर कर दिया गया है। हम इस पर पूरा काम कर रहे हैं ताकि यह घट जाए। इसके लिए जो कमेटी बनायी गयी है उसके माननीय सदस्य मैम्बर हैं। इसमें माननीय सदस्य ने भी सुझाव दिये होंगे। इसके लिए जल्दी ही मीटिंग होगी। यह कमेटी माननीय परिवहन मंत्री जी की अध्यक्षता में बनी हुई है। | | |
| 389. | तारांकित प्रश्न संख्या 50 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया प्रश्नः–XXXX<br>(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक शहर में पेयजल आपूर्ति की कमी है तथा कभी–कभी कालोनियों में गंदे पानी की | 26.02.2024<br>XXXX मैं सामान्य नहरबंदी के दौरान रोहतक शहर में पेयजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। जब भी गंदे पानी के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती हैय उस पर ध्यान दिया जाता है और तुरंत सुधार किया जाता है। विस्तारित नहर बंदी अवधि के दौरान अतिरिक्त | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | आपूर्ति की जा रही है; यदि हां, तो उक्त समस्याओं के क्या कारण हैं तथा उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है; | अनुपचारित पानी के भंडारण के लिए भंडारण और अवसादन टैंक के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसके लिए नगर निगम, रोहतक के साथ चर्चा करके 40 एकड़ भूमि की व्यवस्था के प्रयास किए जा रहे हैं। XXXX | | |
| | | 26.02.2024 | | |
| 390. | तारांकित प्रश्न संख्या 50 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– 'अमरूत योजना–1 के अंदर कितने एस.टी.पीज. सैंग्शांड हुए हैं? माननीय मंत्री जी के विभाग को स्थानीय लोकल बॉडीज विभाग से कितने एस.टी.पीज. हैंड ओवर हुए हैं? जब उनको एस.टी.पी. हैण्ड ओवर हो जाएंगे तभी सीवरेज सिस्टम सुधरेगा। माननीय मंत्री जी बतायें कि सरकार ने अमृत–1 में कितने वाटर वर्क्स बनाए हैं? लिस्ट में दिये गए वाटर वर्क्स नं. 5 से 13 तक अभी इनको हैण्ड ओवर ही नहीं हुए हैं। इसके लिए यू.एल.बी. को प्रैशराइज किया जाना चाहिए। वर्ष 2017 में अमृत–1 स्कीम आई थी। अब वर्ष 2024 चल रहा है। अतः 7 वर्ष के समय में भी प्रोजैक्ट्स। को पूरा नहीं किया जा सका। इस कारण पानी की कमी रहेगी। मुझे इन दोनों बातों का उत्तर चाहिए कि कितने एस.टी.पी. सैंक्शन हुए थे और कितने हैण्ड ओवर हुए हैं ? मुझे बताया जाए कि कितने वाटर वर्क्स हैण्ड ओवर हुए हैं और कितने बूस्ट ओवर स्टेशन हैण्ड ओवर हुए हैं ? | XXXX माननीय सदस्य ने पूछा था कि कितने वाटर वर्क्स हैण्ड ओवर हुए हैं तो मैं बताना चाहता हूं कि ये जल्द ही पी.एच.डी. को हैण्ड ओवर कर दिए जाएंगे। इसके बाद समस्या का समाधान हो जाएगा। | | |
| | | 26.02.2024 | | |
| 391. | तारांकित प्रश्न संख्या 50 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– माननीय मंत्री जी इसकी डैडलाइन फिक्स कर दें। मैं केवल 2 बातें और कहूंगा। पहली, कब तक अमृत 1 के प्रोजैक्ट्स् इनके विभाग को हैण्ड ओवर हो जाएंगे? यह माननीय मंत्री जी जरूर डिक्लेयर करें। दूसरी, पानी के विषय पर इरीगेशन डिपार्टमैंट से कोई | XXXX हमने इसके लिए संबंधित डी.सी. से बात की है। जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा और इसके बाद स्टोरेज में कोई दिक्कत नहीं आएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | ऐग्रीमैंट होगा या नहीं होगा ? क्यां शहर की व्यववस्था ऐसे ही चलती रहेगी ? सरकार के पास कोई चारा ही नहीं है। लोगों को पानी नहीं मिलता है। अतः सरकार को 1–2 और वाटर वर्क्स स्थापित करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ानी चाहिए। | | | |
| 392. | तारांकित प्रश्न संख्या 52 के संदर्भ में डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा ग्या प्रश्नः–XXXX<br>(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ईक्कस, ईंटल कलां, ईंटल खुर्द, जलालपुर कलां, जलालपुर खुर्द, संगतपुरा, जुलानी, दरियावाला, ढाण्ढा खेड़ी, जाजवान इत्यादि गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्लस्टर परियोजना बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;<br>(ख) यदि हां, तो इसके कब तक बनाए जाने की संभावना है; तथा<br>(ग) वर्तमान में उपरोक्त गांव में पेयजल सुविधा के लिए सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं का ब्यौरा क्या है? | 26.02.2024<br>XXXX (i) 477.65 लाख रुपये की लागत के प्रशासनिक रूप से अनुमोदित प्राकलन के विरूद्ध गांव ईक्कस व जलालपुर–खुर्द 2 गांवों के समूह के लिए नहर आधारित जलघर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।<br>(ii) 2 गांवों नामतरू इंटल–खुर्द व ढांडा–खेड़ी में स्वतंत्र नहर आधारित जलघर के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है व विभाग द्वारा प्राकलन तैयार किया जा रहा है।<br>(iii) ग्राम पंचायत इंटल–कलां और जलालपुर–कलां के साथ उन के गाँवों के लिए अलग नहर आधारित जलघरों के निर्माण के लिए भूमि प्रदान करने की सहमति देने बारे मामले पर सक्रिय रूप से चर्चा की जा रही है।<br>(ख) इकस और जलालपुर खुर्द के लिए नहर आधारित जलघर के 30.06.2024 तक चालू होने की संभावना है, जबकि इंटल खुर्द और ढांडा खेड़ी गांवों में पेयजल सुविधा के लिए 2 नहर आधारित जलघरों के प्राकलनों के अनुमोदन की प्रशासनिक स्वीकृति की प्राप्ति की तारीख से 18 महीने के भीतर पूरा होने की संभावना है। इंटल कलां और जलालपुर कलां 2 गांवों के लिए नहर आधारित परियोजना का निर्धारण पंचायत प्रस्ताव की उपलब्धता पर निर्भर करता है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने की तारीख से परियोजना को पूरा होने में 18 महीने लगेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 26.02.2024 | | |
| 393. | तारांकित प्रश्न संख्या 52 के संदर्भ में डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा ग्या अनुपूरक प्रश्नः–XXXX<br>जो माननीय मंत्री जी ने अपनी स्टेमटमैंट दी है संगतपुरा, जाजवान और दरियावाला, नहरी जल पर आधारित जल घर हैं। मैं आपके माध्यजम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि इन गांवों में जल घर में जिस माइनर से या जिन रजवाहों से जोड़ा गया है । उससे जलघर तक पानी पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाता है । जाजवान और ढांडा खेड़ी गांव को रामराय गांव से ट्यूबवैल लगाकर भूमिगत पानी की सप्लाहई की जा रही है । संगतपुरा गांव को जलालपुर खुर्द गांव से ट्यूबवैल लगाकर भूमिगत पानी की सप्लासई की जा रही है । वहीं पर यह भी सही है कि ईक्करस गांव में नहरी जल घर निर्माणाधीन है । जिसमें ईक्क स और जलालपुर खुर्द गांव को नहरी जल से आधारित पेयजल की सप्ला ई दी जा सकेगी । वहीं मैं इनको बताना चाहूंगा कि जिस प्रकार से स्टुेटमैंट में यह दर्शाया गया है कि 55 लीटर प्रति व्य क्ति पानी पेयजल के हेतु दिया जा रहा है । यह भी गलत है क्यों कि ढांडा खेड़ी, इटलखुर्द और संगतपुरा गांव में अब भी इस मात्रा में पानी नहीं पहुंच रहा है तथा इन सभी गांवों में भूमिगत पानी की सप्लौई हो रही है । यहां के पानी में टी.डी.एस. और फ्लोराइड की मात्रा ज्याादा है। इस क्षेत्र में कैंसर के बहुत ज्यालदा मरीज हो गये हैं । एक अकेले जुलानी गांव में लगभग 70 पेशेंट्स कैंसर के हैं । मेरा सरकार से निवेदन है कि जैसे मेरे विधान सभा क्षेत्र के गांव में खोखरी डालम वाला कलस्ट र परियोजना बनाई है तो उसी तरह से जुलानी गावं में भी कलस्ट र परियोजना बनाई जाये जिससे यहां के लोगों को फायदा मिल सके और वे लोग स्वकच्छट पानी पी सके ताकि कैंसर जैसी भयानक बीमारी से छुटकारा मिल सके । | XXXX जैसा कि माननीय सदस्य ने बताया कि 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन पानी की सप्लाई नहीं हो रही तो अगर ऐसा है तो हम इस बात को इन्श्योर करेंगे कि प्रत्येक गांव में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन पेयजल मिले। जो इन्होंने दूसरी बात बताई है कि वहां पर जो ट्यूबवैल से पानी दिया जा रहा है उस पानी में टी.डी.एस. की मात्रा ज्यादा है अगर उस पानी में टी.डी.एस. की मात्रा ज्यादा है तो इनको कैनाल बेस्ड पर पानी की सप्लाई देने का काम करेंगे। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**HIGHER EDUCATION DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 16.03.2021 | | |
| 394. | तारांकित प्रश्न संख्या 1018 के संदर्भ में श्री इंदू राज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के बरोदा में हाल ही में उप–चुनाव हुआ था जिसमें इण्डियन नैशनल कांग्रेस पार्टी की जीत हुई थी। उप–चुनाव से पूर्व वहां पर बी. जे.पी. के जितने भी बड़े नेता माननीय मुख्यमंत्री महोदय या माननीय मंत्रीगण गये वहां पर सभी ने उस कॉलेज (धज्जा राम जनता कॉलेज बूटाना) को युनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की घोषणा की थी। अगर सरकार उस कॉलेज को युनिवर्सिटी बनाती है तो मेरे हल्के के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इससे जनता में यह भी मैसेज जाएगा कि यह सरकार जो कहती है वह करती भी है। अतः मैं माननीय मंत्री जी से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि उस कॉलेज को युनिवर्सिटी में अपग्रेड किया जाए। | अध्यक्ष महोदय, उस कॉलेज को युनिवर्सिटी में अपग्रेड करने के लिए जब माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अनाउंसमैंट की थी तो उन्होंने उस कॉलेज की मैनेजमैंट को सी.एम. ऑफिस में आकर सम्पर्क करने के लिए कहा था। अभी तक उस कॉलेज की मैनेजमैंट ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से सम्पर्क करके इस बारे में कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। इसके अलावा सोनीपत जिले में तीन सरकारी और पांच प्राइवेट युनिवर्सिटीज ऑलरेडी एग्जिस्ट करती हैं। अतः उस जिले में युनिवर्सिटीज की संख्या पहले ही बहुत है। इसके साथ–साथ हम उस कॉलेज को युनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की फिजीबिलिटी भी चैक करवा रहे हैं और हम वहां पर युनिवर्सिटी का रिजनल सैंटर बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। अतः वहां पर जैसी भी आवश्यकता होगी वैसा ही निर्णय ले लिया जाएगा। | मामला धज्जा राम विद्या भवन, बुटाना (सोनीपत) का अधिग्रहण कर राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना से सम्बन्धित है जोकि विभाग के कार्यवाही में है। और सरकार दवारा दिनांक 14–12–2023 को first OSD नियुक्त किया गया था तदोउपरांत दिनांक 22–02–2024 को एक कमेटी का गठन किया गया। तथा कमेटी से रिर्पोट दिनांक 08–08–2024 को विभाग में प्राप्त हुई है जिसको विभाग द्वारा मगंउपदम करने के बाद मिसल क्रमांक 1/11–2021 यू०एन०पी०(1) द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय को प्रस्तुत कर दी गई थी तथा मिसल विभाग में पुनः प्राप्त हुई है जिसमें माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निम्न आदेश दिए गए हैः– | The Committee would like to know the latest position in this regard. (29-1-2025) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | "संस्थान में वर्तमान में प्रवेशित विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने इच्छा व्यक्त की है कि आवश्यक जानकारी समयबद्ध तरीके से एकत्रित की जाए तथा नए सिरे से प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि संस्थान द्वारा अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने के बाद भर्ती किए जाने वाले कर्मचारियों के संबंध में उचित सावधानी बरती जाए।" | |
| | | 9.03.2021 | | |
| 395. | श्री मामन खान, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 761 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) राज्य में स्थापित राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) क्या जिला नूंह में राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना हैं? | XX (ख) श्रीमान जी, जिला नूंह में एक राजकीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। उक्त विश्वविद्यालय के लिए भूमि की तलाश और हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद इसकी व्यवहार्यता की जांच कर रहा है। व्यवहार्यता का पता चलने के बाद ही समय प्रदान करना संभव होगा। XX दिनांक 9.2.2021 को उच्च हरियाणा राज्य शिक्षा परिषद् के आदेश पर | क्रमांक 340 (क) वर्तमान में, 22 राजकीय विश्वविद्यालय और 01 केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा राज्य में स्थापित है। जिनका जिलावार विवरण निम्नानुसार हैः– | The Committee would like to know the latest position in this regard. (29-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

एक कमेटी बनायी गयी थी, जोकि फिजिब्लिटी रिपोर्ट देगी और वह रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। एक यूनिवर्सिटी की स्थापना करने में कम से कम 4–5 साल का समय लगता है।

| क्र० | जिला | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1 | महेन्द्रगढ़ | केन्द्रीय विश्वविद्यालय गांव जाट पाली जिला महेन्द्रगढ |
| 2 | भिवानी | चौ0 बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी |
| 3 | गुरूग्राम | गुरूग्राम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम |
| 4 | जींद | चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद |
| 5 | कुरूक्षेत्र | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| | | श्रीकृष्णा आयूष विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 7 | कैथल | महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल |
| 8 | रेवाड़ी | इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी |
| 9 | रोहतक | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 10 | | पं०बी०डी० शर्मा विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य विज्ञान, रोहतक |
| 11 | | पं० लखमीचंद विश्वविद्यालय, प्रदर्शन एवं दृश्य कला, रोहतक |
| 12 | सिरसा | चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा |
| 13 | सोनीपत | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुरकलां, (सोनीपत) |
| 14 | | डॉ० बी०आर० अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत |
| 15 | | दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल (सोनीपत) |
| 16 | | हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, सोनीपत |
| 17 | हिसार | गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) |
| 18 | | चौ० चरन सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार |
| 19 | | लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, हिसार |
| 20 | फरीदाबाद | जे०सी० बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद |
| 21 | पलवल | श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल |
| 22 | करनाल | पं० दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य विज्ञान, करनाल |
| 23 | | महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, अजन्थली, करनाल |

क्रमांक 340 (ख) जिला मेवात में एक नया राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने का मामला सरकार के विचाराधीन है तथा दिनांक 15.02.2023 को उपायुक्त, नुंह से 110 एकड जमीन उपलबध के समंबध में रिर्पोट प्राप्त हुई थी जिसके अधार feasibility report के सन्दर्भ में एक कमेटी का गठन दिनांक 11.04.2023 को किया गया था तथा कमेटी से रिपोर्ट दिनांक 19.12.2023 को रिपोर्ट विभाग में प्राप्त हुई जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

मौका निरीक्षण

आज दिनांक 08.12.2023 को दोपहर 03:00 बजे डॉ० चिनार चहल, एच०सी०एस०, उप मण्डल अधिकारी (ना०), फिरोजपुर झिरका (मनोनित सदस्य उपायुक्त महोदय नूंह) की अध्यक्षता में for opening of a State University in District Nuh (Mewat) प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री सुखविन्द्र सिंह, उप निदेशक (निर्माण), उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकुला, कार्यकारी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, (भवन एवं सड़के), नूहं एवं नायब तहसीलदार नगीना उपस्थित रहे। संयुक्त निरीक्षण उपरान्त मेवात जिले में राज्य विश्वविद्यालय हेतु प्रस्तावित भूमि का मौका निरीक्षण की रिपोर्ट निम्न प्रकार हैः–



1. मौके पर प्रस्तावित भूमि के लिए बस या रेलवे से कोई जुडाव नहीं है।
2. प्रस्तावित भूमि पर जाने के लिए सुगम रास्ता नहीं है।
3. सम्बन्धित भूमि पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नही है।
4. प्रस्तावित भूमि के उपर एवं आस–पास पर कोई हाईटेंशन तार नही है।
5. प्रस्तावित भूमि पर मिटटी भराई की आवश्यकता है।
6. प्रस्तावित भूमि पर कोई कोर्ट केस/ कानूनी विवाद नहीं है।
7. प्रस्तावित भूमि मुख्य मार्ग से जुड़ी हुई नहीं है।



संयुक्त निरीक्षण उपरान्त सभी अधिकारीयों ने सभी बिन्दुओं बारे विचार विमर्श किया और फैसला लिया कि उक्त सभी बिन्दुओं की रिपोर्ट अनुसार विश्वविद्यालय की फिजिबिलीटी रिपोर्ट राज्य विश्वविद्यालय के अनुरूप उपयुक्त नहीं है। तदोउपरात्त विभाग

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | दवारा मिसल माननीय मुख्यमंत्री महोदय का प्रस्तुत कर दी गई थी और उन दवारा रिपोर्ट देख ली गई है।<br>अतः उपरोक्त मद को आश्वासन संख्या 340 का समाप्त करने का कष्ट करे। | |
| 396. | श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 13 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या अटेली के सरकारी महाविद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जोकि जीर्ण–शीर्ण अवस्था मे है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 08.08.2022<br>(क) श्रीमान जी,<br>(ख) राजकीय महाविद्यालय अटेली की स्थापना 1996 में हुई थी। हाल ही में प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय अटेली से महाविद्यालय भवन की खराब स्थिति (जर्जर) के संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ तथा कार्यकारी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट दिनांक 04.08.2022 को प्राप्त हुई है। लोक निर्माण विभाग को संबंधित जर्जर भवन को ध्वस्त करने के लिए अनुमानित लागत तैयार करने और नये भवन के निर्माण के लिए लेआउट प्लान तैयार करने बारे संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश देने के लिए कहा गया है । यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो शैक्षणिक सत्र 2025–26 तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। | मामले का सम्बन्ध राजकीय महाविद्यालय अटेली के भवन के पुर्ननिर्माण से है। महाविद्यालय में लगभग 2151 छात्र–छात्राए शिक्षा ग्रहण कर रहे है।<br>वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय अटेली के पुराने भवन को ध्वस्त करने हेतु विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को रु० 6.20 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 09.02.2023 को जारी की जा चुकी है तथा पुराने भवन को ध्वस्त करने की कार्यवाही भी पूरी हो चुकी है।<br>कॉलेज के नए भवन के ले–आउट प्लान एवं रफ कास्ट एस्टीमेट बनवाने बारे अनुरोध किया गया है।<br>मुख्य वास्तुकार विभाग द्वारा Executive Engineer, Narnaul, Superintending Engineer, Rewari को भेजकर राजकीय महाविद्यालय, अटेली, महेंद्रगढ़ के भवन निर्माण हेतु वास्तुकला विभाग को scope of work उपलब्ध करवाने बारे अनुरोध किया गया है।<br>मामले में दिनांक 17.01.2025 को Executive Engineer, Narnaul, Superintending Engineer, Rewari द्वारा scope of work द्वारा महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु दौरा किया गया तथा उन द्वारा scope of work जमा करवाया जा रहा है।<br>अतः मामले की ड्राईंग एवं रफ कास्ट एस्टीमेट प्राप्त होने पर भवन निर्माण बारे आगामी कार्यवाही कर ली जाएगी। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(29-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 397. | तारांकित प्रश्न संख्या 30 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, इसमें एक कंफ्यूजन है, जिसके बारे में मेरा यह कहना है कि पहले हमारी स्कीम 100 प्रतिशत केन्द्र से स्पॉन्सर्ड थी और अब 60:40 की रेशो में है अर्थात् 60 प्रतिशत हिस्सा केन्द्र का है और 40 प्रतिशत हिस्सा स्टेट का रहता है। स्टेट इस प्रकार से समयानुसार अपना हिस्सा भरे। शिड्यूल्ड कॉस्ट डिपार्टमैंट वर्ष 2018–19 से पहले सभी की स्कॉलरशिप देने का काम करता था। वर्ष 2018–19 के बाद यह दिक्कत इसलिए आ रही है क्योंकि पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप को अब हायर एजुकेशन, तकनीकी, हैल्थ, आई.टी.आई. अपने–अपने तरीके से अलग–अलग कर रहे हैं। इस वजह से उन बच्चों को बहुत ज्यादा दिक्कतें आ रही हैं । हमें ऐसे बच्चों ने हजारों की संख्या में पत्र लिखे हैं जिनमें उन्होंने कहा है कि हमें सही समय पर स्कॉलरशिप न मिलने की वजह से हम अपनी शिक्षा को छोड़ गए हैं । अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि पहले यह जिम्मेवारी वेलफेयर ऑफ शिड्युल्ड कास्ट डिपार्टमैंट के पास थी और वह विभाग अन्य विभागों को पैसे देता था लेकिन अब विभागों को स्वयं पैसा देना पड़ रहा है । इसकी वजह से आज हजारों बच्चों को इसमें दिक्कत आ रही है । अतः माननीय मंत्री जी काइंडली आइडेंटीफाई करके हमें बता दें कि कोऑर्डिनेशन के लिए इसमें कौन–सा विभाग नोडल डिपार्टमैंट रहेगा? | 27.12.2022<br>अध्यक्ष महोदय, इसमें पहले बहुत–सी त्रुटियां थी और एक ही व्यक्ति 2–2, 3–3 जगह से स्कॉलरशिप ले लेता था । अब नई तकनीक आने से काफी लाभ हुआ है । जहां तक पोर्टल बंद करने की बात है तो मैं इसकी जानकारी लूंगा । अगर इस प्रकार की कोई बात पाई गई तो हम उस पर निश्चित तौर पर कार्यवाही करेंगे । (विघ्न) इसमें कुल 57 विद्यार्थी हैं जिनमें से 27 के दावों को हमने खारिज कर दिया और 30 को हमने स्कॉलरशिप देने के लिए कह दिया है। | विषयांकित मामले बारे आपको सूचित किया जाता है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति स्कीम अनुसार 40 प्रतिशत छात्रवृत्ति का भुगतान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, हरियाणा पंचकूला द्वारा राज्य के हिस्से में दिए गए बजट की उपलब्धता अनुसार पात्र छात्रों को समय पर कर दिया जाता है। इस संदर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है कि सत्र 2023–24 में 43987 आवेदनों को फाइनल सत्यापित किया गया था, जिसमें से 43282 छात्रों को छात्रवृत्ति के 40 प्रतिशत राज्य हिस्से का स्कीम में दिए गए निर्देशानुसार विभाग द्वारा भुगतान किया जा चुका है व शेष छात्रों का आधार बैंक खातों के साथ लिंक न होने के कारण भुगतान नहीं हो पाया। जैसे–जैसे संबन्धित छात्र/छात्राओं के द्वारा अपना आधार न0 बैंक अकाउन्ट से लिंक करवाकर जैसे ही विभाग को सूचित करेंगें, तदोउपरान्त छात्रवृत्ति का भुगतान करने सम्बन्धी कार्यवाही कर दी जाएगी। इसी अनुरूप अन्य सत्रों के लिए भी विभाग के पास उच्चतर शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले कोर्सों के लिए आनलाइन हर–छात्रवृति पोर्टल पर छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृति आवेदन करने उपरान्त विभिन्न स्तरों पर आवेदनों के सत्यापन होने उपरान्त छात्रवृति भुगतान से सम्बन्धित कार्यवाही कर ली जाती हैं। उपरोक्त कार्यवाही से सम्बन्धित (कोर्डिनेशन के लिए इसमें कौन–सा विभाग नोडल डिपार्टमेंट रहेगा ?) वर्तमान में वेलफेयर एस सी और बीसी विभाग ही नोडल है और छात्रवृत्ति का भुगतान पात्र छात्र के खाते में भी उनके माध्यम से ही किया जाता है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(29-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 28.12.2022 | | |
| 398. | श्री चिरंजीव रॉव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 48 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि रेवाड़ी में लड़कों के लिए राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है? | श्रीमान् जी, राजकीय महाविद्यालय रेवाड़ी (लड़के) के भवन के निर्माण के लिए 8 एकड़ 1 कनाल 8 मरला भूमि ग्राम लिसाना में चिन्हित की गई है। भूमि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के नाम स्थानांतरण हो जाने के उपरांत महाविद्यालय के निर्माण कार्य की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार आरंभ कर दी जायेगी। | मामले का सम्बध माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा दिनांक 28.05.2015 को की गई CM Ann. no. 10292 से है। जिसमें उन द्वारा जिला रेवाड़ी में राजकीय महाविद्यालय, रेवाड़ी (लडके) खोलने बारे घोषणा की गई थी। राजकीय महाविद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अस्थायी रूप से शैक्षणिक सत्र 2017–18 से चल रहा है। जिसमें लगभग 373 छात्र–छात्राए शिक्षा ग्रहण कर रहे है।<br>इस कार्यालय के यादी क्रमांक 1/15–11 डब्ल्यू(2) दिनांक 20.12.18 के माध्यम से 12.00 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति महाविद्यालय भवन के निर्माण के लिए इंजीनियर–इन–चीफ, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) हरियाणा, चंडीगढ़ को मानक आधार पर जारी की जा चुकी है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(29-1-2025) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, रेवाड़ी ने पत्र क्रमांक 4149 दिनांक 21.2.2022 द्वारा सुचित किया था कि ग्राम पंचायत, लिसाना की भूमि मुस्तिल न० 35 का किला न0 1(8-0), 2/1 (1-8), 10 (8-0) मुस्तिल न० 36 के किला न० 3(8-0), 4(8-0), 5(8-0), 6(8-0), 7(8-0), 8(8-0) कुल रकबा 65 कनाल 8 मरला यानि 8 एकड़ 1 कनाल व 08 मरला भुमि राजकीय महाविद्यायालय, रेवाड़ी के भवन निर्माण के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा को मु० 1/– रूपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से 33 वर्षो के लिए पटे पर दी है। जो कि रेवाडी से लगभग 8 किलोमीटर दुर ग्राम लिसाना में है।<br>मुख्य वास्तुकार विभाग द्वारा दिनांक 14.05.2024 को Executive Engineer, Rewari, Superintending Engineer, Rewari तथा प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रेवाड़ी को width of the existing | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | approach road to the site, Zoning plan of the site and site requires clearance from the irrigation department, the forest department, or any other department etc. बरे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया था।<br>विभाग द्वारा मुख्य वास्तुकार विभाग से प्राप्त पत्र की प्रति 01.07.2024 को प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रेवाड़ी तथा Executive Engineer, Rewari, Superintending Engineer, Rewari को भेजते हुए रिपोर्ट भेजने का अनुरोध कर दिया गया था। विभाग द्वारा सम्बधित को दिनांक 27.09.2024 एवं 05.11.2024 को स्मरण पत्र भी भेजे गए थे। मामले में प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रेवाडी द्वारा दिनांक 09.11.2024 को पत्र भेजते हुए सूचित किया है कि उन द्वारा उपरोक्त मामले में स्थानीय Executive Engineer, Provincial Division, Haryana PWD (B&R) Rewari से आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने बारे तालमेल किया गया है।<br>अतः मामले में मुख्य वास्तुकार विभाग से ड्राईंग प्राप्त होने उपरान्त विभागीय कार्यवाही कर ली जाएगी। | |
| 399. | श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 648 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या प्रारम्भ राज्य उच्च अध्ययन शिक्षक शिक्षा संस्थान, झज्जर के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा यदि; हां, तो उपरोक्त भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 04.03.2022<br>हां, श्रीमान जी। यह मामला निदेशालय के विचाराधीन है। भवन निर्माण के लिए 10.80 करोड रूपये पहले ही बजट प्रावधान किया जा चुका है। मुख्य वास्तुकार कार्यालय ड्राइंग तैयार करने की प्रक्रिया में है। ड्राइंग तैयार होने उपरान्त् भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही कर ली जाएगी। | उच्चतर शिक्षा की वर्तमान स्थिति अनुसार मुख्य वास्तुकार हरियाणा, चण्डीगढ़ द्वारा प्रस्तावित भवन का नक्शा पास करने उपरान्त लोक निर्माण विभाग हरियाणा, चण्डीगढ़ द्वारा मामले में रफ कोस्ट एस्ओमेट रुपये 5037.09 लाख दिया गया है। विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतू मामला प्रक्रिया में है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(29-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 22.02.2023 | | |
| 400. | डॉ. कृष्ण लाल मिडडा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 43—क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, जीन्द मे अपर्याप्त इमारत के कारण छात्रों को खुले क्षेत्र में कक्षाओं में भाग लेना पड़ता है या तथा<br>(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त महाविद्यालय में आर्ट ब्लॉक का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है? | (क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) हां, श्रीमान जी, उपायुक्त, जींद से प्रस्ताव प्राप्त हो गया है तथा कला खण्ड के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। | | |
| | | 17.03.2023 | | |
| 401. | तारांकित प्रश्न संख्या 51 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण सिंह यादव क्षरा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय उच्चतर मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि वर्ष 2018 में कॉलेज की स्थापना हुई लेकिन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्लासिज चल रही हैं। जिसमें केवल चार रूम्ज हैं उनमें से एक रूम ऑफिस के लिये बनाया हुआ है। इस प्रकार से 465 बच्चों के लिये केवल तीन रूम्ज में ही क्लासिज चल रही हैं। 465 बच्चों में से 300 लड़कियां भी शिक्षा ले रही हैं। माननीय मंत्री जी ने सवाल के जवाब में कहा है कि 'सवाल ही नहीं उठता' है। वर्ष 2018 में इस कॉलेज के निर्माण के लिये 12 करोड़ रुपये सैंग्शन भी हो चुके थे लेकिन वे लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग ने यह कह कर वापिस कर दिये कि इस कॉलेज के भवन के लिये 32 करोड़ रुपये लगेंगे। अध्यक्ष महोदय, इसमें जो जमीन का विवाद था, उसका भी सॉल्यूशन हो चुका है। अध्यक्ष महोदय, इस कॉलेज के संबंध में जो 32 करोड़ रुपये की डिमाण्ड वित्त विभाग में केस बनाकर फाईल भेजी हुई है सबसे पहले उसको सैंग्शन करवाने का काम किया जाना चाहिये। माननीय मंत्री जी का इस संबंध में अटपटा सा जवाब है, जबकि वहां सब कुछ तैयार है। | XXXX यह बात सही थी कि वह विवादित जमीन थी और उसका टेंडर दोबारा से हुआ है। माननीय न्यायालय में भी यह केस चला गया था। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को सीधा जवाब देता हूँ कि इस कॉलेज की बिल्डिंग के निर्माण के लिये 50.81 लाख रूपये प्राप्त हुए हैं और 70 लाख रुपये वित्त वर्ष 2023—24 में प्राप्त हो जायेंगे, जल्दी ही इस कॉलेज के निर्माण के कार्य को चालू कर देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 402. | तारांकित प्रश्न संख्या 62 के संदर्भ में श्री लीला राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से पुनः आग्रह है कि कैथल का जो अंबेडकर कॉलेज है, उसमें सीटें बढ़ाई जायें ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे इसमें एडमिशन ले सकें। यह एक आई.टी.आई. टाइप का कॉलेज है और आई.टी.आई. की तरह यहां पर छोटे–छोटे डिप्लोमा कोर्सिज हैं। यहां पर आर्ट्स संकाय की ज्यादा सीटें नहीं हैं। अतः मेरा सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि यहां पर छात्राओं के लिए सीटें बढ़ाने का काम किया जाये। इसके अतिरिक्त कैथल के बिल्कुल नजदीक गांव शेरगढ़ में भगवान परशुराम जी के नाम से एक पोलीटैक्निक कॉलेज खुला भी हुआ है। इसकी बिल्डिंग भी पूरी तरह से तैयार है लेकिन यहां पर केवल नाम मात्र के ही एडमिशंज किए गए हैं। अतः मेरा सदन के माध्यम से यह भी अनुरोध है कि इस बिल्डिंग में या तो बी.टैक कॉलेज चलाया जाये या फिर आर्ट्स संकाय का ही कॉलेज इसमें चला दिया जाये। अध्यक्ष महोदय, भगवान परशुराम कॉलेज कैथल शहर के बीचों बीच आता है। | 20.03.2023<br>अध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार की डिमांड माननीय सदस्य ने की है, के संदर्भ में कहना चाहूंगा कि कैथल शहर से मात्र 5 किलोमीटर दूर एक राजकीय माध्यमिक विद्यालय, जगदीशपूरा में है, जिसमें 1278 बच्चे पढ़ते हैं बाकी जिस तरह की बात माननीय सदस्य अब कह रहे हैं, के ध्यानार्थ यदि पोलिसी में कोई प्रावधान होगा तो माननीय सदस्य की इन बातों पर भी जरूर गौर किया जायेगा। | | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 403. | श्री संजय सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 118:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जिला नूंह में एक विश्वविद्यालय खोलना प्रस्तावित किया गया है; तथा XXX | 22.03.2023<br>(क) जिला नूंह में एक विश्वविद्यालय को अधिसूचित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।<br>XXX | | |
| 404. | राव दान सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 36–क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या महेंद्रगढ़ महाविद्यालय में भौतिकी, रसायन तथा जीव विज्ञान की प्रयोगशालाएं स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रयोगशालाएं कब तक स्थापित करने की संभावना है? | 28.08.2023<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के भवन निर्माण हेतु विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को अनुमानित लागत बनाने हेतु लिखा हुआ है। लोक निर्माण विभाग से अनुमानित लागत प्राप्त होने उपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने बारे विभागीय कार्यवाही कर ली जाएगी। विज्ञान संकाय के भवन निर्माण होने उपरान्त भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान की प्रयोगशालाएं स्थापित कर दी जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 405. | i) श्री सोमबीर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 8:—क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि अपेक्षित भूमि का अधिग्रहण करने के पश्चात दादरी शहर में राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आंरभ किए जाने की संभावना है? | 15.12.23<br>महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु उपायुक्त, चरखी दादरी द्वारा उपयुक्त भूमि की पहचान की जा रही है। भूमि चिन्हित करने उपरान्त भूमि उच्चतर शिक्षा विभाग के नाम स्थानांतरित की जाएगी। वास्तुकला विभाग, हरियाणा द्वारा भवन निर्माण हेतु रेखाचित्र तैयार किये जायेंगे तथा लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क), हरियाणा द्वारा मामले की अनुमानित लागत तैयार की जाएगी। इसके उपरान्त उच्चतर शिक्षा विभाग प्रशासनिक स्वीकृति देगा और लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) हरियाणा महाविद्यालय भवन के निर्माण के लिए निविदा जारी करेगा। अध्यक्ष जी, माननीय विधायक श्री सोमवीर जी ने दादरी में राजकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण की डिमांड थी। बहुत लम्बो समय तक इस महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए जगह नहीं मिल पायी थी लेकिन अब कल ही हमें एच.एस.वी.पी. द्वारा 8 एकड़ 6 मरले जमीन मिली है । हम इस जमीन की रजिस्ट्रीस करवाने के बाद टैंडर लगवाकर जल्द ही इस महाविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य शुरू करवा देंगे । | | |
| | ii) तारांकित प्रश्नव संख्या 8 के सन्दर्भ में श्री सोमबीर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न् : XX यहां पर क्लानसें दो सालों से लग रही हैं इसलिए मेरी आपसे रिक्वैनस्ट है कि इस महाविद्यालय के भवन निर्माण के कार्य को टाइम बाउंड कर दिया जाये कि यह इस समय तक शुरू हो जाएगा। इसके अलावा यहां स्टाजफ की बड़ी शॉर्टेज है इसलिए यहां स्टााफ की कमी को भी दूर कर दिया जाये। यह मेरी आपसे प्रार्थना है। | 15.12.23<br>XX अध्यक्ष जी, माननीय विधायक जी ने बिल्कुल ठीक बात कही है। हमने कई बार डी.सी. को पत्र लिखा लेकिन हमें जगह नहीं मिल पायी थी। हमने वर्ष, 2021 में पत्र लिखा, वर्ष 2022—23 में भी पत्र लिखा लेकिन अब हमें कल ही उपयुक्ते जगह मिल चुकी है। अब हम इस जमीनी की एच.एस.वी.पी. से रजिस्ट्री करवाएंगे और जल्दि ही टैंडर लगवाकर इस महाविद्यालय के भवन के निर्माण का कार्य शुरू करेंगे। | | |
| 406. | श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 75:—<br>क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि नूंह जिले में राज्य विश्वविद्यालय को स्थापित करने की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 18.12.23<br>श्रीमान जी, सदन के पटल पर रखा गया एक वक्तव्य।<br>वक्तव्य<br>जिला नूंह में एक राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने का एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। उक्त विश्वविद्यालय के लिए भूमि का स्थान निर्धारित किया गया है तथा | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद इसकी व्यवहार्यता की जांच कर रही है। व्यवहार्यता सुनिश्चित होने के बाद ही समय सीमा उपलब्ध करवाना ही संभव होगा।<br>XXXX<br>यह मामला फरवरी, 2019 में हुए हरियाणा विधान सभा के सत्र के दौरान उठाया गया था। माननीय मंत्री ने जिला नूंह में एक शैक्षणिक विश्वविद्यालय खोलने के लिए सदन के पटल पर आश्वासन संख्या 60 रखा/दिया था।<br>तत्पश्चात्, उपायुक्त, नूंह को व्यवहार्यता रिर्पोट तथा भूमि की उपलब्धता भेजने का अनुरोध किया गया था तथा दिनांक 15.02.2023 को यह प्राप्त हो गई है।<br>दिनांक 15.02.2023 को उक्त रिर्पोट में उपायुक्त, मेवात ने सूचित किया है कि ग्राम पंचायत नांगल मुबारिकपुर, उप तहसील नगीना के पास 110 एकड़ भूमि उपलब्ध है, यदि इसे राज्य सरकार के नाम स्थानांतरित किया जाये तो सरकार द्वारा एक विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।<br>आगे कहा गया है कि दिनांक 11.04. 2023 को राज्य सरकार ने जिला नूंह (मेवात) में राज्य विश्वविद्यालय को खोलने के लिए नांगल मुबारिकपुर, उप तहसील नगीना में स्थित 110 एकड़ की प्रस्तावित भूमि की व्यवहार्यता की जांच के लिए निम्नलिखित अधिकारियों/प्राधिकारियों की समिति का गठन किया गया था:—<br>1. अधीक्षक अभियंता, पंचायत एवं विकास विभाग, नूंह।<br>2. अधीक्षक अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडकें) नूंह।<br>3. उप निदेशक (कार्य) उच्चतर शिक्षा विभाग।<br>4. तहसीलदार, राजस्व विभाग, नूंह।<br>5. डिप्टी कमीश्न, नूंह के नोमनी।<br>समिति ने 9.12.2023 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा इसे निर्णय के लिए राज्य सरकार को प्रस्तुत किया गया है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 407. | श्री सीता राम यादव, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 81:– क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि– (क) अटेली में राजकीय महाविद्यालय के भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या; तथा (ख) इस महाविद्यालय के भवन को कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ? | 19.12.23 i. **** ii. **** iii. लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार महाविद्यालय के ऑडिटोरियम का 36 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जो कि दिनांक 30.04.2024 तक पूर्ण हो जाएगा। (ख) मुख्य वास्तुकार हरियाणा से रेखा चित्र तथा लोक निर्माण विभाग से रफ कास्ट एस्टीमेट प्राप्त होने उपरान्त विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जाएगी और लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) हरियाणा द्वारा भवन निर्माण हेतु निविदा जारी की जाएगी। | | |
| 408. | श्री वरूण चौधरी, एम.एल.ए द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 95:– क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं की कोर्स–वार संख्या कितनी है तथा लागू होने वाली अनुसूची के साथ उन्हें मुफ्त शिक्षा देने के लिए निर्धारित मानदंड क्या हैं ? | 19.12.23 श्रीमान जी, वक्तव्य सदन के पटल पर रखा गया है। **** यहां यह भी अंकित है कि माननीय मुख्यमंत्री से छात्राओं को मुफ्त शिक्षा के मानदंड का अनुमोदन प्राप्त करने का मामला प्रक्रियाधीन है। छात्राओं की मुफ्त शिक्षा का मानदंड माननीय मुख्यमंत्री के अनुमोदन के पश्चात अवगत करा दिया जाएगा तथा योजना शीघ्र ही लागू की जाएगी। | | |
| 409. | मुख्यमंत्री द्वारा शून्यकाल में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों का जवाब | 19.12.23 सबसे पहली बात तो यह है कि हायर एजुकेशन डिपार्टमैंट पर माननीय सदस्यों ने कुछ विषय रखे हैं। इनमें से एक तो पिल्लुर खेड़ा के गर्ल्जं कॉलेज का विषय है जिसे माननीय सदस्य सुभाष गांगोली जी ने रखा था। उस गर्ल्जट कॉलेज के लिए आठ एकड़ जमीन गांव जामनी में दे दी गई है। इसकी ड्राइंग तैयार होकर एस्टीमेट भी तैयार हो गया है। इस पर 29.51 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इसका बजट शीघ्र ही वित्तस विभाग द्वारा जारी कर दिया जायेगा और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो जायेगा। इसी प्रकार माननीय सदस्यय बलबीर सिंह जी ने इसराना में नया राजकीय महाविद्यालय बनाने की बात कही थी। इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1999 में हुई | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | थी। अब इसका नया भवन बनना है। अतः इसके नये भवन के निर्माण के लिए दिनांक 12 मई, 2022 को 27 करोड़ 92 लाख रूपये की अनुमानित राशि की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा भवन निर्माण का कार्य जल्दी शुरू कर दिया जायेगा। | | |
| | | 21.02.2024 | | |
| 410. | तारांकित प्रश्न संख्या 1 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– ****<br>अध्यक्ष महोदय, यह स्कूल पहले एजूकेशन डिपार्टमैंट के अंडर था। इसमें सैंक्शन पोस्ट्स के बारे में माननीय मंत्री जी ने बताया है कि इस समय हमारे पास केवल मात्र 31 डिफरैंट सब्जैक्ट्स की सैंक्शन पोस्ट्स हैं। केवल और केवल रेगुलर बेस पर 5 पोस्ट्स भरी हुई हैं और 1 पोस्ट कान्ट्रैक्ट बेस पर है। इसमें सभी 13 कर्मचारी डेप्यूटेशन बेस पर स्कूल एजूकेशन डिपार्टमैंट से हैं। जबकि हायर | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या श्रीमती गीता भुक्कल जी को बताना चाहूंगा कि इसमें पहले जमीन का मामला था और उस समय जमीन नहीं मिल पायी। इसमें बार–बार विभाग को लिखने के बाद अब जमीन मिल गयी है। इसकी ड्राईंग पी.डब्ल्यू.डी (बी–ंड आर) मिल जाएगी। इसके भवन निर्माण के लिए 15 करोड़ रूपये सैंक्शन कर दिये हैं और जल्दी से जल्दी बिल्डिंग प्लान तैयार होने के बाद काम चालू करवाने वाले हैं।<br>अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या को यह भी बताना चाहूंगा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम से टोटल 21 कर्मचारियों की | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | एजूकेशन में बी.ए., बी.एड. बी कॉम, बी. एस.सी. के इन्टीग्रेटिड कोर्स की 11 साल पहले हमारी कांग्रेस पार्टी के राज में शुरूआत हुई थी। यह इंस्टीच्यूट बन्द होता चला गया लेकिन सरकार ने इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि इसका समाधान कब तक करने का प्रयास करेंगे? | भर्ती हुई है जिनमें स्कूल एजूकेशन में 13 भर्ती हुए हैं और रैगुलर 7 भर्ती हुए हैं। हम इसकी बिल्डिंग जल्दी से जल्दी तैयार करके टैंडर कॉल कर लेंगे और इसका कोर्स चालू करवा देंगे।<br>**** इसमें रूल बनाये जाने हैं और उसके बाद भर्ती भी की जायेगी। जितने भी कोर्सिज चल रहे हैं, बिल्डिंग बनने के बाद ये कोर्सिज जल्दी ही शुरू करवा दिये जायेंगे। हम अभी इसके लिए जमीन एक्वायर नहीं कर सके हैं। हमारी जमीन को लेकर लोगों से सहमति भी हो गई है । चाहे झज्जर की बात हो या गुरूग्राम की बात हो या कुरूक्षेत्र की बात हो। जिन कोर्सिज को हमारे बच्चे करना चाहते हैं उनको भी जल्दी ही पूरा करवाने का काम किया जायेगा।<br>**** अध्यक्ष महोदय, बच्चियों के लिए होस्टल बनायेंगे और उनके लिए बिल्डिंग भी बनायेंगे। इसके द्वारा छोड़े गए अधूरे कामों को पूरा करने का काम हम करेंगे। ये हम पर भरोसा रखें और हम पर विश्वास रखें। ये लोग तो कुछ कर नहीं सके लेकिन हम यह काम करेंगे। हम बच्चों को बिल्डिंग और होस्टल बनाकर देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 411. | तारांकित प्रश्न संख्या 1 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– **** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने 11 साल तक तो कोई काम नहीं किया। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से यह अनुरोध है कि कृपया यह बता देंकि कहां पर इस संस्थान की बिल्डिंग बना रहे हैं। हमने वर्ष 2013 में इस संस्थान का काम शुरू कर दिया था लेकिन एन.सी.टी. ने इसको अमान्य कर दिया है। जिन बच्चों के एडमिशन लिये जा रहे हैं उन बच्चों की डिग्री अमान्य हो रही है। इस बारे में एन. सी.टी. कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी और गुरुग्राम यूनिवर्सिटी को बार–बार लिख चुकी है। | 21.02.2024<br>**** उन लोगों की इसमें यह भी डिमांड थी कि इसको शिफ्ट करके गुरुग्राम ले जाया जाये लेकिन हमने इसमें यह कहा कि हम अगर गुरुग्राम में संस्थान बनायेंगे तो अलग से संस्थान बनायेंगे। झज्जर का संस्थान खत्म नहीं करेंगे। झज्जर का संस्थान झज्जर में ही रहेगा। हमने कुरुक्षेत्र में भी अलग से संस्थान बनाया है इसलिए हम इसका विस्तार कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, हमें यह भी पता है कि यहां शिक्षकों की बहुत जरूरत है और जहां तक इसकी मान्यता का विषय है अगर कोई कमी रही होगी तो हमें दोबारा मान्यता लेने में भी कोई दिक्कत नहीं है, जरूरत पड़ी तो मान्यता दोबारा ली जाएगी। अध्यक्ष महोदय, इस संस्थान में नई शिक्षा पॉलिसी के हिसाब से सरकार को जो–जो करना आवश्यक होगा, हम वह करेंगे। | | |
| 412. | तारांकित प्रश्न 59 के संदर्भ में श्री सुभाष सुधा द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि – (क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 10209, दिनांकित 04.06.2015 के अनुसार गांव पलवल, कुरुक्षेत्र में एक राजकीय महिला महाविद्यालय खोला गया है, परंतु इस महाविद्यालय में खेल मैदान, ऑडिटोरियम, प्रयोगशालाओं तथा अन्य भवन का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उपरोक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | 26.02.2024<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) राजकीय महिला महाविद्यालय, पलवल, कुरुक्षेत्र माननीय मुख्यमंत्री महोदय की घोषणा संख्या 10209 दिनांक 04.06.2015 के तहत खोला गया था। भवन निर्माण के बाद महाविद्यालय जुलाई, 2019 से अपने स्वयं के भवन में चल रहा है। महाविद्यालय में 27 कमरे, 6 प्रयोगशालाएं, 1 पुस्तकालय और 1 हॉल है। विभाग द्वारा 14.02.2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय, पलवल, कुरुक्षेत्र को नई प्रयोगशालाओं के उन्नयन के लिए 18,59,600/– रुपये की राशि प्रदान की गई है। महाविद्यालय के खेल मैदान का विकास कार्य चल रहा है और मार्च, 2025 तक पूरा होने की संभावना है। विभाग ने मुख्य वास्तुकार, हरियाणा को 13.10.2023 को ऑडिटोरियम के निर्माण के संबंध में ड्राइंग तैयार करने के लिए लिखा है। मुख्य वास्तुकार, हरियाणा से सभागार के ड्राइंग प्राप्त होने पर, सभागार के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 27.02.2024 | | |
| 413. | श्री सत्य प्रकाश द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 67 : क्या मुख्यमंत्री यह बताएंगे कि क्या जिला गुरूग्राम में पटौदी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मऊ लोकरी में नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | जिला गुरूग्राम में पटौदी विधानसभा क्षेत्र के गांव मऊ लोकरी में नया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने बारे प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जिस पर सभी वर्तमान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के मानचित्रांकन और मांग के मूल्यांकन उपरान्त कार्यवाही की जाएगी। मैपिंग के बाद जो भी क्राइटेरिया बनेगा उसके अनुसार माननीय सदस्य की प्रोपोजल पर विचार कर लिया जायेगा। | | |
| | | 28.02.2024 | | |
| 414. | श्री संजय सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्ने संख्या 85: क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोहना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव घंघोला में सह–शिक्षा महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि 20 किलोमीटर क्षेत्र में कोई महाविद्यालय नहीं है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | हां, श्रीमान जी, उपयुक्त की जांच की जा रही है। अध्यक्ष महोदय, हमारे माननीय सदस्य श्री संजय सिंह जी ने सोहना विधान सभा क्षेत्र में गांव घंघोला में सह–शिक्षा महाविद्यालय खोलने के बारे में प्रश्न पूछा है कि वहां पर 20 किलोमीटर क्षेत्र में कोई महाविद्यालय नहीं है। अध्यक्ष महोदय, हम इसकी जानकारी लेकर गांव घंघोला में सह–शिक्षा महाविद्यालय खोलने का काम करेंगे क्यों कि मेरे पास जो लिस्टा है, उसमें गांव घंघोला से मात्र 16 किलोमीटर की दूरी पर मंडकौला में लड़कियों का कॉलेज है। | | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**SCHOOL EDUCATION DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 415. | वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में। | 28.02.2020<br>69. प्रदेश के सभी शिशुओं और किशोरों को शिक्षा की अति आधुनिक सुविधाएं देने के लिए उठाये जाने वाले कुछ नए कदमों का मैं विशेष उल्लेख करूंगा। जो हैं :–<br>(i) राज्य में 500 नए क्रैच कामकाजी महिलाओं के शिशुओं के लिए खोले जाएंगे।<br>(v) वर्ष 2020–21 में ही सभी राजकीय विद्यालयों में बच्चों के पीने के लिए R.O. से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से सौर पैनल भी हर विद्यालय में उपलब्ध करवाए जाएंगे। ये भी कुल सात विधायकों की ओर से सुझाव आया था। | इस आश्वासन का सम्बन्ध स्कूल शिक्षा विभाग से नही है। इस बारे में विभाग के पत्र क्रमांक KW 2/9-2018 तम–ा (1) दिनांक 12.05.2021 के तहत निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा पंचकूला को इस आश्वासन की नवीनतम स्थिति अपने स्तर पर हरियाणा विधान सभा सचिवालय में भिजवाने बारे पत्र लिखा गया है। जिसकी अनुपालना में उनके कार्यालय के पत्र दिनांक 28.06.2021 के तहत विधान सभा सचिवालय एवं विभाग को निम्नानुसार अवगत करवाया गया हैः– राज्य में 500 नए क्रैच केन्द्र खोलने के लिए मोबाईल क्रैचिज संस्था के साथ दिनांक 22.10.2020 को विभाग द्वारा एम0ओ0यू0 साईन करके सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी व सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रथम चरण में कुल 183 कैच केन्द्रों को स्थापित किया जाना था। जिसमें से 30 कैच केन्द्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ दिनांक 15.03.2021 से शुरू कर दिया गया है। शेष 153 क्रैच केन्द्रों की 51 कैच वर्करों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। 102 कैच केन्द्रों को प्रशिक्षण अतिशीघ्र शुरू करवा दिया जाएगा। इसके पश्चात दूसरे चरण में 317 नये क्रैच केन्द्र स्थापित किये जाएंगे।<br>(v) श्रीमान जी, शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था करवा दी गई है।<br>इस चालू वित्त वर्ष (2024–25) के लिए विद्यालयों में सोलर पैनल स्थापित करवाने बारे राज्य सरकार द्वारा कुल 25.00 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान उपलब्ध करवाया गया है। प्राथमिकता के आधार पर उक्त बजट से राजकीय विद्यालयों में सोलर पैनल स्थापित करने बारे मामला | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-1-2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | प्रक्रियाधीन है। इस बारे में राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त होने उपरांत चरणबद्ध तरीके से राजकीय विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार सोलर पैनल स्थापित करवाने बारे आगामी कार्यवाही शुरू करवा दी जायेगी।<br>अतः सभापति महोदय से अनुरोध है कि इस आश्वासन को ड्रॉप किया जाए। | |
| 416. | श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 265 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि ठेका अनुबंध सहमति पत्र के नियमों तथा शर्तों में यथा वर्णित 5 वर्ष के पश्चात् नियमितकरण के अधीन वर्ष 2011 में राज्य में खोले गए आरोही मॉडल स्कूलों में सरकार द्वारा अनुबंध आधार पर अध्यापक नियुक्त किए गए हैं; तथा | 16.03.2021<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) मामला प्रक्रिया में है। | श्रीमान जी, शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के कुल 36 खण्ड, जो शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए थे, उन खण्डों में वर्ष 2011—12 के दौरान कुल 36 आरोही मॉडल स्कूल स्थापित किए गए थे। वर्तमान में, इन विद्यालयों में कुल 265 शैक्षणिक एवं कुल 29 गैर शैक्षणिक स्टाफ अनुबन्ध आधार पर कार्यरत है। आरोही मॉडल स्कूल | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-1-2025) |
| | (ख) यदि हां, तो उपरोक्त अध्यापकों को अब तक नियमित न किये जाने के कारण क्या है तथा इनको कब तक नियमित किए जाने की संभावना है? | | सोसाईटी के सेवा बाईलॉज के तहत इन विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ को पांच वर्ष की सन्तोषजनक सेवा उपरान्त नियमित किया जाना था। AAROHI-Educaionally Backward Block (EBB) Model Schools Society की जनरल बॉडी मीटिंग (दिनांक 21.08.2023) में इन कर्मचारियों को नियमित करने बारे अनुमोदन किया जा चुका है, तदोपरांत इन कर्मचारियों को नियमित करने बारे मिसल वित्त विभाग के अनुमोदन हेतु भेजी जा चुकी है, जो कि वित्त विभाग के पास विचाराधीन है।<br>यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि इन विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ द्वारा उन्हे नियमित करवाने बारे माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में निम्नानुसार याचिकायें भी दायर की गई हैं:— | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| कमांक | सी0डब्ल्यु0पी. नं0 | शीर्षक | सुनवाई की आगामी तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 19100/2022 | संजीव कुमार व अन्य बनाम हरियाणा सरकार | 29.01.2025 |
| 2 | 14238/2021 | विद्यावती बनाम हरियाणा सरकार | 29.01.2025 |
| 3 | 22696/2020 | कविता बनाम हरियाणा सरकार | 29.01.2025 |
| 4 | 22565/2020 | पूजा मक्कर बनाम हरियाणा सरकार | 29.01.2025 |
| 5 | 23133/2021 | बजरंग लाल बनाम हरियाणा सरकार | 08.05.2025 |
| 6 | 25176/2023 | गुरमीत कौर बनाम हरियाणा सरकार | 08.05.2025 |
| 7 | 21567/2023 | मनीषा मित्तल बनाम हरियाणा सरकार | 08.05.2025 |
| 8 | 2889/2024 | दिनेश कुमार बनाम हरियाणा सरकार | 08.05.2025 |



माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चण्डीगढ द्वारा उक्त याचिकाओं में जो आदेश पारित किए जाएंगे तदानुसार मामले में आगामी कार्यवाही कर ली जाएगी।

417\. श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 54 क्या शिक्षा मंत्री कृप्या बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठय–पुस्तकें सत्र 2022–23 के लिए उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है; यदि हां, तो उसके कारण क्या है तथा विद्यार्थियों को कब तक पुस्तकें उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है; तथा

09.08.2022

(क) श्रीमान जी, शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिये कालका विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तके दिनांक 17.07.2022 से 25.07.2022 तक उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 एवं 2023–24 के लिये निम्नानुसार पाठ्य पुस्तके वितरित करवाई जा चुकी हैः–

(क) श्रीमान जी, शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिये कालका विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तके दिनांक 17.07.2022 से 25.07.2022 तक उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

शैक्षणिक सत्र 2022–23 एवं 2023–24 के लिये निम्नानुसार पाठ्य पुस्तके वितरित करवाई जा चुकी हैः–

| वर्ष 2022–23 | | वर्ष 2023–24 | |
|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | पाठ्य पुस्तकों की संख्या | छात्रों की संख्या | पाठ्य पुस्तकों की संख्या |
| 1879525 | 15965667 | 1937861 | 17942400 |

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(15-1-2025)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 418. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 86 क्या शिक्षा मंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या जिला दादरी में प्रस्तावित जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | 10.08.2022<br>श्रीमान् जी, छप्पार की ग्राम पंचायत ने गांव की शामलाती भूमि पर जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने के लिए 47 एकड़ भूमि देने के लिए सहमति जताई है। नवोदय विद्यालय समिति से आवश्यक प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार भूमि स्थानातंरण की प्रकिया आरम्भ की जाएगी। | | |
| 419. | श्री राम कुमार, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 93 क्या शिक्षा मंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत राज्य में स्कूलों में ड्राईंग शिक्षकों को नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त शिक्षकों की नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है? | 10.08.2022<br>नहीं, श्रीमान जी।<br>शिक्षकों के पदों के वैज्ञानिकीकरण तथा सामान्य स्थानांतरण प्रक्रिया के पश्चात जो पद रिक्त रह जायेंगें, उनको हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से सेवानिवृत शिक्षकों से भरा जाएगा। | | |
| 420. | श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 112 क्या शिक्षा मंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि नगर सुधारक मंडल पार्क से संचालित/कार्यरत्त प्राथमिक विद्यालय संख्या–18802 केवल एक कमरे के साथ तथा डबवाली के खेल स्टेडियम में चलाए जा रहे प्राथमिक विद्यालय, चौहान नगर संख्या 18801 के अपने भवन नही हैं; यदि हां, तो क्या उपरोक्त विद्यालयों को पर्याप्त अवसरंचना उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है? | 10.08.2022<br>श्रीमान जी, जब से राजकीय प्राथमिक विद्यालय 04 मंडी डबवाली (18802) खुला था तब से यह पार्क के एक कमरे मे चल रहा है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौहान नगर (18801) आरम्भ में 1986 में एक धर्मशाला में खोला गया था। वर्ष 2017 में यह विद्यालय गुरू गोबिन्द सिंह खेल स्टेडियम मंडी डबवाली में स्थानांतरित किया गया था क्योंकि धर्मशाला की इमारत वर्षा के कारण बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। दोनों विद्यालय पुरानी आबादी क्षेत्र में स्थित है जहां भवनों के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही है तथा भूमि उपलब्ध होने पर इन विद्यालयों के भवनों के निर्माण का कार्य किया जाएगा। | | |
| 421. | श्री सुरेन्द्र पंवार, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1658 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) सोनीपत विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के निजी विद्यालयों में जिन योग्य छात्रों को नियम 134–ए के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के शैक्षणिक सत्र में दाखिला मिला, | 03.03.2022<br>(क) श्रीमान, शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए नियम 134 ए के तहत मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए दाखिला प्रक्रिया अभी शुरू होनी है।<br>(ख) इन मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की बजट राशि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए हरियाणा विधान सभा की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद आबंटित की जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | उनकी कुल संख्या कितनी है तथा उक्त नियम के अंतर्गत विद्यालयों में प्रवेश से वंचित छात्रों की कुल संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) सोनीपत विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के निजी विद्यालयों में नियम 134–ए के अंतर्गत प्रत्येक छात्र के दाखिले के लिए सरकार द्वारा कुल कितना बजट आबंटित किया गया तथा इसका ब्यौरा क्या है ? | | | |
| 422. | श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 647 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि गांव मरोट, मुण्डाखेड़ा, झांसवा, खापड़वास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय, झज्जर के विद्यालय भवनों को असुरक्षित घोषित किया गया है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालयों के भवनों को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है? | 03.03.2022<br>(अ) हां श्रीमान् जी,<br>(ब) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, मरोट और मुण्डाहेड़ा के भवनों के निर्माण हेतु डी. एन.आई.टी. (DNIT) और विस्तृत अनुमान तैयार किया जा रहे हैं और इस कार्य के लिए एक माह के भीतर निविदाएं आमंत्रित कर ली जाएंगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झांसवा के भवन निर्माण के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद् के पक्ष में पत्र क्रमांक 2/77–2021 वर्कस (2) दिनांक 23.02.2022 के अनुसार 310.48 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई हैं।<br>उपरोक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य आबंटन की तारीख से 18 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।<br>राजकीय माध्यमिक विद्यालय, खप्परवास के भवन निर्माण कार्य के लिए राशि 1,78,23,444/– रुपये के अनुमान और राजकीय कन्या प्राथमिक संस्कृति विद्यालय, झज्जर के भवन निर्माण के लिए राशि 2,02,33,102 रुपये के अनुमान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, झज्जर से दिनांक 28.02.2022 को प्राप्त हुए हैं। इन कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति अप्रैल – मई 2022 में जारी कर दी जाएंगी और इन विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य आबंटन की तारीख से 18 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 423. | श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 707 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:— (क) नव निर्मित मेवात मॉडल स्कूल, चिलावाली, नूंह में कक्षाएं कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है; तथा (ख) उन पदों के नाम क्या हैं तथा संख्या कितनी हैं जिन पर उक्त स्कूल में सरकार द्वारा स्टाफ नियुक्त किया गया हैं तथा उसका ब्यौरा क्या हैं? | 04.03.2022 श्रीमान जी, (क) मेवात मॉडल स्कूल, चिलांवाली नूहं का भवन एक तरफ की चारदीवारी को छोड़कर पूर्ण हो चुका है। चार दीवारी को बनाने के लिए निविदा दिनांक 16.03.2022 को आमंत्रित की गई है व चारदीवारी के निर्माण कार्य 6 माह में पूर्ण होने की सम्भावना है, इसलिए पी.डब्लयू.डी. (बी. एण्ड आर.) विभाग द्वारा स्कूल के भवन का हस्तांतरण शिक्षा विभाग को नही किया गया है। भवन के हस्तांतरण उपरांत कक्षाएं आरम्भ करवा दी जाएंगी। (ख) भवन के हस्तांतरण उपरांत स्कूल में कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। | | |
| 424. | श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 708 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:— (क) जिला मेवात, नूंह के गांव सालाहेड़ी में प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा (ख) उक्त विद्यालय का निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है? | 04.03.2022 महोदय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, भारत सरकार ने जिला नूंह में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव को निर्धारित मानदण्डों के अनुसार ही प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है और इसे नियत समय में पुनः प्रस्तुत किया जाएगा। | | |
| 425. | श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 824 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:— (क) क्या यह तथ्य है कि शिक्षा विभाग में कार्यरत्त अतिथि अध्यापकों के वेतन एवं सेवा सम्बन्धी घोषणाओं/अनुबंधों को सरकार द्वारा पूरा कर दिया गया है; तथा (ख) xxx | 14.03.2022. (क) हां श्रीमान जी। (ख) राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 12.03.2019 के तहत 'हरियाणा अतिथि अध्यापक सेवा अधिनियम 2019' बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत अतिथि अध्यापकों को सेवा की सुरक्षा प्रदान की गई थी तथा अतिथि अध्यापकों सेवानिवृत्ति की आयु अर्थात 58 वर्ष तक कार्य करतेर हेंगे। साथ ही, इस अधिनियम में यह प्रावधान भी किया गया है कि अतिथि अध यापकों के मासिक मानदेय में प्रति वर्ष प्रथम जनवरी एवं प्रथम जुलाई से उसी अनुपात में वृद्धि की जायेगी जिस अनुपात में सरकार द्वारा नियमित कर्मचारियों को | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | दिये जाने वाले महंगाई भत्ते जोकि मुद्रास्फीति को निष्प्रभावी करने के लिये दिया जाता है। हाल ही में सरकार द्वारा अतिथि अध्यापकों की निम्नलिखित मांगों को भी पूरा किया गया हैः—<br>• अतिथि अध्यापकों की सेवाओं को विनियमित करने के लिए सरकार द्वारा सेवानियम बनाए गए है जिन्हें शीघ्र ही अधिसूचित कर दिया जाएगा।<br>• यदि कोई अतिथि अध्यापक मोरनी शिक्षा खण्ड या नूंह जिले में स्थित किसी भी विद्यालय में नियुक्ति का इच्छुक होगा उन्हें प्रतिमाह 10000 रू का अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा। | | |
| | | 15.03.2022. | | |
| 426. | श्री घनश्याम दास, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1735 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) राज्य में संस्कृत मॉडल स्कूलों की कुल संख्या कितनी हैं;<br>(ख) उपरोक्त स्कूलों में शिक्षण तथा गैर—शिक्षण अमले के स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी हैं तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है; तथा<br>(ग) उपरोक्त स्कूलों में रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है? | (क) XX (ख) XX (ग) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना कठिन चयन परीक्षा के बाद की जाती है। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक पदों को सामान्य पद माना जाता है और इन्हें प्रतिनियुक्ति और सामान्य स्थानांतरण प्रक्रिया के माध्यम से भरा जाता है। गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के रिक्त पदों को पदोन्नति, सीधी भर्ती और स्थानांतरण के माध्यम से भरा जाएगा। इन रिक्तियों को निकट भविष्य में भर लिया जाएगा। | | |
| | | 15.03.2022. | | |
| 427. | तारांकित प्रश्न 1735 के संदर्भ में श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX गैर शैक्षणिक कर्मचारी न होने की वजह से न तो स्कूलों की प्रॉपर सफाई हो पाती है और न ही पीरियड खत्म होने के बाद कोई घंटी बजाने वाला होता है। स्कूल का प्रिंसिपल या टीचर किसी विद्यार्थी को एक पीरियड का समय ओवर होने के बाद घंटी बजाने के लिये भेजता है, आज हमें स्कूलों में ऐसी नौबत देखने को मिल रही है। क्या हमने जो मॉडल संस्कृति स्कूलों की परिकल्पना की है, वह इसी पैरामीटर को देखते हुए की थी? अध्यक्ष महोदय, | XX अध्यक्ष महोदय, टी.जी.टी. से पी.जी.टी. पदों की प्रमोशन के लिये मीटिंग हो चुकी है। इनकी जल्दी ही प्रमोशन के बाद राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यममिक स्कूल अलॉट कर दिये जायेंगे। इन स्कूलों में गैर शैक्षणिक पद सीधी भर्ती और ट्रांसफर के माध्यम से भरे जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह भी कहता हूँ कि टीचर्ज की सीधी भर्ती का प्रोसैस हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा हुआ है और प्रमोशन के केसिज के लिये फिर से आवेदन मांगे गये हैं। क्लास फोर्थ के लिये राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल और राजकीय प्राथमिक मॉडल संस्कृति स्कूलों में शिक्षण व | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि यदि हमने इन मापदंडों को इसी पैरामीटर में परिकल्पना नहीं की है तो स्कूलों में शिक्षण व गैर शिक्षण कर्मचारियों के पदों को जल्दी से जल्दी भरा जाना चाहिए। मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि जैसे माननीय मंत्री जी ने बताया कि बड़ी कठिन परीक्षा के बाद ही अध्यापक भेजे जाते हैं। हमारे यहां बहुत ही योग्य अध्यापक हैं जो कठिन परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो जायेंगे। यदि सरकार परीक्षा लेगी तभी तो उत्तीर्ण होंगे। यदि उनकी परीक्षा ही नहीं ली जायेगी तो कैसे उत्तीर्ण होंगे और कैसे रिक्त पद भरे जायेंगे? अध्यक्ष महोदय, गैर शैक्षणिक पद आधे से ज्यादा खाली पड़े हुए हैं, उनमें तो कोई कठिन परीक्षा का फॉर्मूला नहीं है। XX अध्यक्ष महोदय, रिक्तियों को निकट भविष्य में भर लिया जायेगा, माननीय मंत्री जी इसके लिये कोई समय–सीमा भी जरूर बता दें। | गैर शिक्षण रिक्त पद सामान्य ट्रांसफर द्वारा भरे जायेंगे। ग्ग अध्यक्ष महोदय, भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। फोर्थ क्लास की भर्ती कौशल विकास के माध्यम से भरी जायेंगी। | | |
| | | 15.03.2022 | | |
| 428. | श्री सीता राम यादव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 798 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव नवदी के प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना हैं? | हां, श्रीमान जी राजकीय प्राथमिक पाठशाला, नावदी में चारदीवारी के निर्माण के लिए 770000/– की स्वीकृति जारी की गयी है। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23 में पूर्ण कर लिया जाएगा। | | |
| | | 21.03.2022 | | |
| 429. | श्री राम निवास, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1642 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या 31 मार्च, 2022 के पश्चात् राजकीय विद्यालयों में अनुबंध के आधार पर नियुक्त लगभग 2200 कम्प्यूटर शिक्षकों का अनुबंध बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है? | (क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) नए शैक्षणिक सत्र के आरम्भ से पहले परिवार पहचान पत्र के आधार पर हरियाणा कौशल रोजगार के माध्यम से प्रस्ताव को क्रियान्वित किए जाने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 28.12.2022 | | |
| 430. | तारांकित प्रश्न संख्या 44 के सन्दर्भ में डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, यह टीचर्ज की कमी का जनरल विषय है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि जहां–जहां भी टीचर्ज की कमी है, उसको पूरा करवाया जाये। | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य डॉ. अभय सिंह यादव जी ने जो बात कही है वह बहुत ही जैनुअन है। मैं माननीय सदस्य को इसकी जानकारी देता हूं कि हमारे पास प्रिंसिपल के 573 पद खाली पड़े हुए हैं। प्रिंसिपल के पद प्रमोशन के माध्यम से ही भरे जायेंगे और प्रमोशन से संबंधित केस विभाग के द्वारा मांग लिये गये हैं। हैड मास्टर के 302 पद प्रमोशन के माध्यम से भरे जायेंगे और इसकी भी जानकारी विभाग ने मांग ली है। हमारे पास पी.जी.टी. के 8567 पद रिक्त हैं। हमने 3863 पद शेष हरियाणा के लिये और 663 पद मेवात के लिए एच.पी.एस.सी. को भर्ती करने के लिए भेज दिये हैं और इसके अलावा 877 पद हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भरने के लिए भेज दिये हैं और शेष पद प्रमोशन के माध्यम से भरे जायेंगे। दूसरा हमारे पास ई.एस.एच.एम. के पद हैं, इसमें 730 पद सरप्लस हो गये हैं क्योंकि ये 8वीं स्कूल तक के हैड मास्टर थे और ये स्कूल दूसरे स्कूलों में मर्ज हो गये थे। इसके अलावा टी.जी.टी. के 17910 पद खाली पड़े हुए है, जिसके लिए टी.जी.टी. अध्यापकों के सेवा नियम 2012 में संशोधन के बाद 7471 पद सीधी भर्ती के लिए एच.पी.एस.सी. को भेजने की प्रक्रिया भी हम जल्दी कर देंगे और इनकी नियुक्तियां भी जल्दी हो जायेंगी। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 5624 पद भरने के लिए भेज दिये हैं और हम शेष पद प्रमोशन के माध्यम से भरने का काम करेंगे। इसके बाद पी.आर.टी. के 861 पद है लेकिन पी.आर.टी. के 1483 पद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इनको अप्वॉयंटमैंट के लिए ऑफर कर दिया है और जल्दी ही इनकी भर्ती कर दी जायेगी। | | |
| | | 21.02.2023 | | |
| 431. | चौ. आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 31–क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जिले नूंह के ग्राम चिलावली (जयसिंहपुर) में वर्ष 2020 में निर्मित मेवात मॉडल स्कूल आज तक चालू नहीं हो पाया है, तथा | (क) हां श्रीमान जी।<br>(ख) मेवात विकास बोर्ड की दिनांक 12.11.2020 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, मेवात मॉडल स्कूलों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अधिग्रहित किया जाना था। हालांकि, चिलावली (जयसिंहपुर) नूंह स्थित मेवात मॉडल स्कूल का भवन, मेवात विकास एजेंसी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख) यदि हां, तो 3 वर्षों से देरी के क्या कारण हैं तथा इस अनियमितता के लिए जिम्मेदार व्यक्ति कौन है? | द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को नहीं सौंपा गया है। एक बार भवन, पूरी तरह से पूर्ण होने पर, स्कूल शिक्षा विभाग को सौंप दिए जाने के बाद स्कूल को कार्यात्मक बना दिया जाएगा। | | |
| | | 22.02.2023 | | |
| 432. | चौ० आफताब अममद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 70— क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2014 में नूंह शहर में हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा शिक्षा विभाग को भूमि स्थानांतारित की गई थी जिस पर प्राथमिक/ माध्यमिक विद्यालय का निर्माण होना था; तथा<br>(ख) यदि हां, तो गत 8 वर्षों के दौरान राज्य सरकार द्वारा निष्पादित कार्यों का ब्यौरा क्या है तथा 8 वर्षों की देरी के लिए | (क) हां, श्रीमान् जी ।<br>(ख) विभाग द्वारा दिनांक 19—01—2022 को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, नूंह से नूंह शहर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय/राजकीय माध्यमिक विद्यालय के निर्माण कार्य हेतु अनुमान प्राप्त होने के उपरान्त दिंनाक 20—01—2022 को 146.10 लाख रुपये की धन राशि की स्वीकृति की गई व हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद (एच0एस0एस0 पी0पी0) को यह धन राशि हस्तांनतरित कर दी गई। इसका निर्माण कार्य अप्रैल, 2023 में आरम्भ होने की सम्भावना है। राज्य सरकार के निर्णय अनुसार सभी | | 672 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | जिम्मेवार व्यक्तियों के नाम क्या हैं तथा सरकार द्वारा उन पर क्या कार्रवाही की गई ? | निविदाएं पोर्टल के माध्यम से जारी की जानी हैं, किन्तु हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल में तकनीकी कारणों के चलते हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद (एच0एस0एस0 पी0पी0) द्वारा निर्माण कार्य आरम्भ नहीं हो सका । भवन के निर्माण कार्य में विलम्ब जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नूंह के स्तर पर हुआ है, क्योंकि वर्ष 2015 से 2021 तक इस सम्बन्ध में उन द्वारा कोई पत्राचार नही किया गया। श्री वजीर चन्द मज़ोका, श्रीमती ज्ञानवती और श्री कपिल कुमार पुनिया इस विलम्ब के लिए जिम्मेदार हैं जो वर्ष 2015 से 2021 तक कार्यरत रहे। सरकार द्वारा इन सभी दोषी अधिकारियों के विरूद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाही की जायेगी। | | 673 |
| | | 23.02.2023 | | |
| 433. | वर्ष 2023—24 के बजट के संदर्भ में | 97. प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पी.एम. श्री) मौजूदा स्कूलों के विकास के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना है। पी.एम. श्री की परिकल्पना 21वीं सदी की मांगों को पूरा करने वाले मॉडल | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | स्कूलों के लिए की गई है। पी.एम. श्री के तहत हर ब्लॉक में दो स्कूल, (एक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और एक प्राथमिक विद्यालय) खोले जाएंगे और उन्हें पी.एम. श्री मॉडल संस्कृति स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। | | |
| | | 98. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में कहा गया है कि पूर्व प्राथमिक से 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने, जहां भी आवश्यक हो, सरकारी उच्च विद्यालयों का दर्जा बढ़ाकर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करने का निर्णय लिया है, ताकि विद्यार्थियों, विशेष रूप से उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों को शिक्षा की बेहतर पहुंच प्रदान की जा सके। | | |
| | | 102. सरकार का प्रस्ताव है कि राज्य, केन्द्र सरकार, अन्य राज्य सरकारों व रक्षा सेवाओं में नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए 1000 छात्रों, जिन्होंने स्नातक शिक्षा उतीर्ण कर ली है, के लिए सरकारी कॉलेजों में कोचिंग प्रदान की जाए। 1.80 लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी तथा 1.80 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। | | |
| | | 103. वर्ष 2023–24 में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में विद्युत वाहन, मैन्युफैक्चरिंग, एविएशन, फार्मेसी और ग्रीन टेक्नोलॉजीज में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। कॉलेजों और पॉलिटेक्निकों के शिक्षकों को प्रेरित करने की दृष्टि से एक शिक्षक पुरस्कार योजना शीघ्र ही अधिसूचित की जाएगी। | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| 434. | चौधरी आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 28–क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2015 से अब तक मेवात कैडर से संबंधित | (क) ***<br>(ख) ***<br>(ग) रिक्त पदों को भरने की संभावना निम्नानुसार है :– | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | निम्नलिखित ब्यौरा :–<br>(क) ***<br>(ख) ***<br>(ग) रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है तथा इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है ? | *** *** पी०जी०टी०<br>*** *** (i) रिक्त पद – 1069<br>(ii) पी0जी0टी0 के विभिन्न विषयों के 613 रिक्त पदों को भरने के लिए दिनांक 02.09.2022 को एक मांग पत्र पहले ही हरियाणा लोक सेवा आयोग को भेजा जा चुका है। जब भी हरियाणा लोक सेवा आयोग से सिफारिशें प्राप्त होगी, तदानुसार नियुक्ति जारी कर दी जायेगी। पदौन्नति कोटे के पद पदौन्नति से भरे जाएंगे। | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 435. | श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 100:–<br>क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2020 में नूंह जिले के चिलावली तथा जयसिंहपुर पंचायत में मेवात मॉडल स्कूल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा इनमें अब तक कक्षाएं शुरू नहीं की गई हैं ;<br>(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं ? | (क) नहीं, श्रीमान जी। मेवात विकास बोर्ड की दिनांक 12.11.2020 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, मेवात मॉडल स्कूलों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अधिग्रहित किया जाना था। यद्यपि, चिलावली तथा जयसिंहपुर पंचायत नूंह स्थित मेवात मॉडल स्कूल का भवन आज तक मेवात विकास एजेंसी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को नहीं सौंपा गया है। एक बार भवन, पूरी तरह से पूर्ण होने पर तथा स्कूल शिक्षा विभाग को सौंप दिए जाने के बाद स्कूल को कार्यात्मक बना दिया जाएगा।<br>(ख) उपरोक्त (क) के दृष्टिगत प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है। | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 436. | श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 101:–<br>क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि नूंह शहर के गौशाला रोड पर प्रस्तावित गवर्नमेंट मिडल स्कूल की भूमि स्थानांतरित कर दी गई है; तथा<br>(ख) उपरोक्त विद्यालय के निर्माण कार्य में देरी के क्या कारण है; | (क) हाँ, श्रीमान् जी।<br>(ख) संरचना सलाहकार द्वारा उपयुक्त डिजाइन को अंतिम रूप देने के कारण काम में देरी हो रही है क्योंकि भूमिगत जल उच्च स्तर पर है और भूमि निचले क्षेत्र में होने के कारण जल जमाव है। टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद अक्टूबर 2023 में काम शुरू होने की संभावना है। | | |
| | | 15.12.2023 | | |
| 437. | श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 28:–<br>क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हमीदा (कोड नं. 0216) के भवन को असुरक्षित घोषित किया कर दिया गया है; यदि नहीं, तो | (क) हां श्रीमान जी;<br>(ख) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हमीदा (कोड नं. 0216) के नए भवन के निर्माण के लिये कुल 3,06,76,752/– रूपये का बजट स्वीकृत किया जा चुका है तथा नया भवन 24 माह में पूरा होने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | इसको कब तक असुरक्षित घोषित कर दिया जाएगा; तथा<br>(ख) उक्त विद्यालय के पुराने भवन को गिराकर नए भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उस पर कितना बजट खर्च होने की संभावना है ? | | | |
| 438. | श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 31:–<br>क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में नई शिक्षा नीति (2020) को लागू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उपरोक्त नीति को कब तक लागू कर दिए जाने की संभावना है ? | 15.12.2023<br>(श्रीमान जी, नई शिक्षा नीति–2020 में स्कूली शिक्षा से संबंधित सभी नौ मापदण्डों (ई.सी.सी.ई, एफ.एल.एन., उपलब्धता, पाठ्यक्रम व शिक्षाशास्त्र, शिक्षक, सभी के लिए अधिगम, विद्यालय परिसर, व्यावसायिक शिक्षा तथा मानक निर्धारण व मान्यता) पर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। सभी सम्बंधित अध्यायों पर राज्य स्तरीय समितियों का गठन किया जा चुका है, ये समितियां सम्बंधित विंग, विभागों, विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी तथा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य कर रही हैं। शिक्षा नीति के विभिन्न घटकों को निर्धारित समय–सीमा अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा। | | |
| 439. | श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 39:–<br>क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय, छात्रों की संख्या कम होने की वजह से बंद किये जा रहे है; तथा<br>(ख) क्या ऐसे विद्यालय, जो कि बंद होने वाले है, उनके छात्रों को अन्य साथ लगते गांवों के विद्यालय तक ले जाने व छोड़ने के लिए परिवहन की व्यवस्थाएं करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 15.12.2023<br>(क) श्रीमान जी, वर्तमान में 20 या इससे कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को निकटतम विद्यालयों के साथ मैपिंग करने के लिये प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है, ताकि संसाधनों के अधिकतम उपयोग की योजना बनाई जा सके।<br>(ख इसके साथ–साथ, परिवहन सुविधा के साधन निर्धारित करने हेतु आंकड़े एकत्रित करने बारे समवर्ती कार्यवाही की जा रही है। | | |
| 440. | श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 22:–<br>क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) क्या राज्य में राजकीय विद्यालयों में कार्यरत अतिथि अध्यापकों की सेवाएं नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त अतिथि अध्यापकों की सेवाएं कब तक नियमित किए जाने की संभावना है ? | 18.12.2023<br>(क) श्रीमान जी, अतिथि अध्यापकों की सेवाएं हरियाणा अतिथि अध्यापक सेवा अधिनियम, 2019 के तहत कवर की गई है। अधिनियम के अनुसार, इस अधिनियम के प्रारम्भ होने की तिथि के पूर्व से कार्यरत अतिथि अध्यापक सेवानिवृत्ति की आयु तक विभाग में कार्यरत रहेगें, भले ही उनकी नियुक्ति का तरीका या सेवा की अवधि कुछ भी हो।<br>(ख) *************** | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 441. | तारांकित प्रश्न् संख्याः 22 के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्नः—<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2021 में गैस्ट टीचर्स के संबंध में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिये थे और वह कमेटी गठित भी हुई थी लेकिन अभी तक सरकार ने उस कमेटी की रिपोर्ट का फैसला नहीं किया है। वह भी निर्धारित किया जाए और उसके बारे में भी बताया जाए कि उसके बारे में सरकार ने क्या किया है। | 18.12.2023<br>अध्यक्ष महोदय, यह मेरे ध्याान में नहीं है कि कौन सी कमेटी गठित की गई थी लेकिन यह बात उस समय की है जब एक्ट 2019 लागू किया गया था उसमें यह प्रावधान किया गया था कि हम गैस्ट टीचर्स को 58 साल तक नहीं हटाएंगे। ये गैस्ट टीचर्स 58 साल तक सर्विस कर सकेंगे। वह प्रावधान तो इसमें है। जहां तक माननीय सदस्य ने ट्रांसफर की बात कही है तो वह कोर्ट का ही आदेश है कि पहले रेगुलर टीचर को स्थान दिया जाएगा उसके बाद गैस्ट टीचर को स्टेशन दिया जाएगा। | | |
| 442. | श्रीमती गीता भुक्किल, विधायक द्वारा जीन्द के सरकारी स्कूटल के प्रिंसिपल द्वारा स्कू ल की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ से सम्बन्धित मामले पर दिनांक 15.12.2023 को सदन में उप मुख्यमंत्री और उनके बीच हुए विवाद का मामला उठाना। | 18.12.2023<br>XXXX<br>हम इस विषय की खुले मन से एक सिटिंग जज से इन्कवायरी करवाने के लिए तैयार हैं। इसमें हमें कहीं कोई आपत्ति नहीं है। जिस प्रकार के आरोप प्रत्याारोप 15.12.2023 को लगाए गए हैं अगर हम आपस में इस तरह से लड़ते—झगड़ते रहेंगे तो इसमें से कुछ नहीं निकलेगा। अगर इन्कवायरी की रिपोर्ट तथ्यझ रूप में हमारे सामने आएगी तो उसके अनुसार जिसके खिलाफ जो कार्यवाही करनी होगी वह हम अवश्य करेंगे। | | |
| 443. | श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 8ः—<br>क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) क्या नूहं के गांव सालाहेड़ी में एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय का निर्माण कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ? | 21.02.2024<br>(क) हाँ श्रीमान, नूंह के गांव सालाहेड़ी में एक केंन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए उपायुक्त, नूंह से एक प्रस्ताव केन्द्रीय विद्यालय संगठन को प्रस्तुत करने के लिए प्राप्त हुआ है। यह प्रस्ताव सरकार में विचाराधीन है।<br>(ख) केन्द्रीय विद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव को स्वीकृत करने के बाद केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विद्यालय को खोलने के प्रस्ताव को अनुमोदित करने के उपरान्त शुरू किया जाता है। | | |
| 444. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>माननीय अध्यक्ष महोदय! सरकार का प्रस्ताव है कि महाविद्यालयों, बहुतकनीकियों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों सहित सभी संस्थानों में सौर ऊर्जा आपूर्ति की जाए। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

26.02.2024

445. तारांकित प्रश्न 54 के संदर्भ श्री बिशम्बर सिंह द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि बवानी खेड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव खरक कलां में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

XXXX राजकीय प्राथमिक पाठशाला खरक कलां के भवन को पुनः निर्माण करने हेतु 1,58,97,506/–रूपये की राशि की स्वीकृति निदेशालय के पत्र क्रमांक 18/01–2023 सिविल निर्माण (1) दिनांक 24.11.2023 के तहत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, भिवानी को राजकीय प्राथमिक पाठशाला खरक कलां के लिए जारी की जा चुकी है। विस्तृत एस्टीमेट तथा टेंडर दस्तावेज तैयार करने हेतु मामला कार्यवाही में है। टेंडर प्रक्रिया के पूर्ण होने उपरांत शीघ्र ही कार्य को शुरू कर दिया जाएगा तथा टेंडर प्रक्रिया मई, 2024 तक सम्पन्न कर ली जाएगी।



26.02.2024

446. तारांकित प्रश्न 106 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया प्रश्नः– XXXX (क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति का भुगतान नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है;
(ख) विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बकाया का ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान न करने के कारण क्या हैं?

XXXX (ख) योजना–वार जिन लाभार्थियों को जारी छात्रवृति का एरियर जारी करना प्रक्रियाधीन है, उसका विवरण निम्नानुसार हैः–

| श्रेणी | वित्त वर्ष | बकाया राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 2021&22 | 3473-04 |
| | 2022&23 | 8904-83 |
| पिछडा वर्ग | 2021&22 | 3070-21 |
| | 2022&23 | 3726-10 |
| बी0पी0एल | 2021&22 | 110-02 |
| | 2022&23 | 250-03 |

(ग) एम0आई0एस पोर्टल से न्यू मॉडुल सिस्टम के माध्यम से विद्यार्थियों स्तर के डाटा को एकत्रित करने की प्रक्रिया में परिवर्तन होने के कारण वर्ष 2022–2023 की द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ तिमाही की राशि वितरित नहीं की जा सकी। वित्त वर्ष 2023–24 की द्वितीय तिमाही का भुगतान जनवरी 2024 में किया जा चुका है। शेष भुगतान प्रक्रियाधीन है।



27.02.2024

447. श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्नी संख्या 116 : XX
(ख) क्या यह तथ्य है कि मेवात कैडर में टी.जी.टी./ई.एस.एच.एम. के विभिन्न विषयों की पदोन्नति के मामले अभी लम्बित पड़े हुए है; यदि हां, तो उन विषयों की संख्या कितनी है जिनके उक्त मामले लंबित पड़े है तथा इन अध्यापकों की पदोन्नति कब तक किए जाने की संभावना है; तथा
(ग) XX

XX (ख) मेवात कैडर में पदोन्नति कोटे के प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (टी0जी0टी0) के कुल 626 पद एवं मौलिक स्कूल मुख्याध्यापक (ई0एस0एच0एम0) के 197 पद रिक्त हैं तथा इन सभी पदों को उचित प्रक्रिया पूर्ण करने उपरांत जल्द से जल्द भर लिया जाएगा। XX

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 448. | श्री लीला राम, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्ना संख्या 81 : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:– (क) क्या कैथल शहर में महादेव कॉलोनी सिरता सड़क पर एक राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय के निर्माण कार्य को कब तक स्वीकृत/आरम्भ किए जाने की संभावना है? | 28.02.2024 (क) हां श्रीमान जी। यह विचाराधीन है। (ख) जनसंवाद कार्यक्रम में आये विषय पर तुरंत कार्यवाही करते हुए 11.01.2024 को नगर परिषद, कैथल को वार्ड नं. 31, कैथल में जमीन उपलब्ध करवाने के लिए लिखा गया था क्योंकि विभाग के पास इस एरिया में कोई भूमि नहीं है। नगर परिषद, कैथल की हाउस मीटिंग में 18.01.2024 को यह विषय रखा गया था। सदस्यों ने सहमति से जमीन उपलब्ध करवाने के लिए इसको पास कर दिया है। नगर परिषद, कैथल ने डी.डब्ल्यू.ओ, कैथल को नगर परिषद, कैथल की हाउस मीटिंग के इस निर्णय से अवगत कराते हुए लिखा है कि जमीन उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसमें 6 महीने का समय लगने की संभावना है। स्कूल शिक्षा विभाग को जैसे ही स्कूल के लिए जमीन प्राप्त होती है, तुरंत प्रभाव से स्कूल निर्माण की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**HEALTH SERVICES DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 449. | तारांकित प्रश्न संख्या 3035 के सन्दर्भ में श्री श्याम सिंह विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः उपाध्यक्ष महोदया, मेरे रादौर में एक 50 बैडिट हॉस्पिटल बनना था। xx उसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने अनाउंसमैंट भी की हुई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वह कब तक बन कर तैयार हो जायेगा? | 27.02.2019<br>xx उपाध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य का जो अस्पताल है हम उसको भी एग्जामिन करवा लेंगे। हालांकि मैं केवल एग्जामिन करवा सकता हूं और आश्वासन माननीय मुख्यमंत्री महोदय ही देंगे। अगर 50 बैडिट हॉस्पिटल की बात है तो फिर हम जरूर विचार करेंगे। xx उपाध्यक्ष महोदया, अगर उस हॉस्पिटल का काम सी.एम. अनाउंसमैंट के अंतर्गत होना है तो हम उसे आंख बंद करके मंजूर करके तैयार करवा देंगे। | CHC Radaur has a total land of 2 acre 1 kanal. Part of land of CHC Radaur stands disputed because of Court Case titled as Rao Virender vs State of Haryana. This case is still not decided.<br>Executive Engineer PWD B&R vide letter no. 1097 dated 01-05-2023 informed that the dimensions given in the architectural drawings do not tally with the dimensions of the site and thus demarcation by the Revenue Department is needed. SMO Radaur has requested to Tehsildar Radaur vide letter no. 245 dated 23-05-2023 to get demarcation done on the site. | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(05.07.2023) |
| 450. | श्री श्री कृष्ण हुड्डा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 31 :– क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव बरौदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत का निर्माण कार्य आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ? | 25.02.2020<br>हां श्रीमान जी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरोदा मोर जिला सोनीपत के भवन निर्माण का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है जिसके लिए 360 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति सरकार द्वारा 05.07.2019 जारी की गई है। इस भवन के निर्माण के लिए 09.09.2019 को लोक निर्माण विभाग द्वारा टेन्डर भी प्राप्त किया गया था। कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग सोनीपत की रिपोर्ट के अनुसार भवन की जगह बदल दी गई व मुख्य वास्तुकार हरियाणा से पुनः भवन का प्रारूप तैयार करवाकर इस शर्त के साथ अनुमोदित कर दिया गया कि भवन के लिए विवादित भूमि का मालिकाना हक जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा निश्चित किया जाएगा। मामला जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत के पास विचाराधीन है। भूमि के निश्चित होने के उपरान्त, भवन का निर्माण कार्य आरम्भ होने में तीन मास का समय लगेगा। | पी0एच0सी0 बरोदा मोर के भवन निर्माण के लिए 409.58–360.00= 49.58 लाख रूपये की रिवाईज स्वीकृति का बजट प्रषासकीय स्वीकृति हेतु सरकार के विचाराधीन है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(05.07.2023) |
| 451. | वर्ष 2021–22 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया आश्वासन। | 16.03.2021<br>****अध्यक्ष महोदय, स्वास्थ्य के संबंध में सदन को बताना चाहता हूँ कि जिला स्तर पर सामान्य अस्पतालों के 100 बिस्तरों को अपग्रेड करके 200 बिस्तरों का करेंगे और जहां पर जिला स्तर का अस्पताल नहीं है | सरकार द्वारा जिला मुख्यालय नूह पर 100 बिस्तरों जिला नागरिक हस्पताल की सैद्वातिंक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके निर्माण के लिए drawings दिनांक 28.06.2023 को | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(05.07.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | अर्थात् नूंह जिले में वहां पर इस साल 100 बिस्तरों का अस्पताल खोलेंगे।**** | अनुमोदित कर दी गई है व PWD विभाग को इसका अनुमान भेजने बारे लिखा गया है।<br>यहां यह उल्लेखित है कि माण्डीखेडा मे 100 बिस्तरीय हस्पताल पहले से ही कार्यरत है। | |
| | | 17.03.2021 | | |
| 452. | तारांकित प्रश्न संख्या 1012 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री हरविन्द्र कल्याण द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः स्पीकर सर, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करें। घरौंडा को आज से साढ़े तीन वर्ष पहले सब–डिवीजन का दर्जा प्राप्त हुआ था। उससे भी बड़ी बात यह है कि घरौडा विधान सभा क्षेत्र की जो यमुना बैल्ट है अर्थात् जो आखिरी छोर मेरी विधान सभा का है उन गांवों की दूरी करनाल से बहुत ज्यादा है। घरौंडा के अंदर सब डिवीजन लैवल का हॉस्पिटल होना इस कारण से भी जरूरी है क्योंकि वहां पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की भी जरूरत है और अधिक स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से दोबारा से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि वे जरूर अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। | अध्यक्ष महोदय, घरौंडा में इस समय 30 बैड का हॉस्पिटल है और आदरणीय विधायक के कहे अनुसार वहां पर बेहतर और ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाओं की बहुत ज्यादा जरूरत है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए हम घरौंडा के 30 बैड के हॉस्पिटल को 50 बैड का हॉस्पिटल कर देंगें। सिर्फ इनका ही नहीं हरियाणा में जहां–जहां पर सब–डिवीजन हैं हम उन सभी के हॉस्पिटल्ज को अपग्रेड करेंगे। जो 30 बैड के हॉस्पिटल्ज हैं उनको 50 बैड के हॉस्पिटल बनायेंगे और 50 बैड के हॉस्पिटल्ज हैं उनको 100 बैड के हॉस्पिटल्ज बनायेंगे और सारी की सारी सुविधायें भी उनमें मुहैया करवायेंगे। | मुख्यवास्तुकार हरियाणा वास्तुकला विभाग के पत्र दिनांक 25.11.2022 द्वारा पुछा गया था कि सी0एच0सी0 घरौण्डा के साईट प्लान अनुसार दर्शाई गई लोकेशन A, B, C में से कौन सी लोकेशन पर ड्राईंग तैयार की जानी है। इस कार्यालय द्वारा दिनांक 09.02.2023 को location C की ड्राईंग तैयार करने बारे लिखा जा चुका है। इस बारे वास्तुकला विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग से अतिरिक्त सूचना मांगी गई है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (05.07.2023) 688 |
| | | 20.08.2021 | | |
| 453. | तारांकित प्रश्न संख्या 1115 के संदर्भ में श्री वरुण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैंने आपके माध्यम से मंत्री जी के सामने अपनी बात रखते हुए यह कहा है कि सैंपल क्षमता की बहुत कमी है। जिसके बारे में मंत्री जी के जवाब से पता चल रहा है कि पुरे प्रदेश में एक साल में खाद्य सामग्रियों के मात्र दो हजार सैंपल चैक होते हैं। जो कि बहुत ही अपर्याप्त हैं। मेरा यही सवाल है कि सैंपल क्षमता क्यों नहीं बढ़ाई जा रही है। मैं यह कहना चाहता हूं कि राज्य स्तर के साथ–साथ जिला स्तर पर भी इस | अध्यक्ष महोदय, विभाग इसकी जांच करेगा। अगर जरूरत पड़ेगी तो हम प्रयोगशालाओं की संख्या को बढ़ाएंगे। | खाद्य नमूना परीक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए अंबाला पंचकुला फरीदाबाद गुरुग्राम और हिसार में 5 वैधानिक प्रयोगशालाएं और शेष 16 जिलों करनाल को छोड़कर में 16 मिनी प्रयोगशालाएं गैर वैधानिक स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। करनाल और चण्डीगढ़ में 2 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं पहले ही कार्य कर रही हैं।<br>यह भी अवगत कराया गया कि सेक्टर 3 पंचकुला में ड्रग परीक्षण प्रयोगशाला पहले से ही निर्माणाधीन हैं। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (03.01.2024) 689 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तरह की प्रयोगशालाएं क्यों नहीं बनाई जा रही हैं। दूसरा जो दवाईयों की लैब है उसके अन्दर आज हालात ये हैं कि नियमानुसार जितने सैंपल लिये जाने चाहिएं उतने सैंपल नहीं लिये जा रहे हैं। जो सैंपल लिये जाते हैं उनकी समय पर रिपोर्ट नहीं बनती। इसके लिए मेरी प्रार्थना है कि जल्दी से जल्दी ये सैंपल प्रयोगशालाएं बढ़ाई जाएं और बनाई जाएं। | | | |
| 454. | श्री सत्य प्रकाश जरावता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1553 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:<br>(क) xxx<br>(ख) यदि हां, तो उक्त अस्पताल भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा अस्पताल में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है तथा उक्त अस्पताल का निर्माण कुल कितनी जगह पर किए जाने की संभावना है ? | 14.03.2022<br>(क) xxx<br>(ख) 7.73 एकड़ उपलब्ध भूमि पर एक 400 बिस्तरीय अस्पताल बहिरंग रोगी विभाग, अन्तरंग रोगी विभाग, निजी कमरे, आपातकालीन, ऑपरेशन थिएटर, आई. सी.यू.एच.डी.यू., प्रसूति, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रयोगशाला, फिजियोथरेपी, आयुष, रक्तकोश इत्यादि सुविधाओं सहित निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। इसके निर्माण में 3 वर्ष लगने की संभावना है। | वर्तमान मे जिला नागरिक हस्पताल गुरूग्राम का विस्तार 7.73 एकड जमीन पर किया जाना है। पूर्व मे यह हस्पताल 400 बिस्तरीय बनाने का प्रस्ताव था। दिनांक 18.05.2023 द्वारा बजट 2023–24 Speech of Manohar Lal, Chief Minister Haryana as Finance Minister के अनुसार जिला हस्पताल गुरूग्राम 700 बिस्तरीय बनाने का प्रावधान किया गया है तथा इस हस्पताल मे दी जाने वाली सेवाओ का ब्यौरा माननीय मुख्यमंत्री के उक्त बजट भाषण के बिन्दु न 106 पर दर्शाया गया है। जिसका एम0ओ0यू केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ होना प्रस्तावित है। 700 बिस्रतीय हस्पताल के निर्माण हेतु FAR 105 से 225 बढाने के लिए Chief Town & Country Planning Officer, MCG Gurugram को लिखा जा चुका है। निर्माण कार्य सभी आवश्यक तौर तरीको के पूरा होने और सभी आवश्यक अनुमोदनाएं प्राप्त करने के उपरान्त शुरू होगा। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(03.01.2024) |
| 455. | तारांकित प्रश्न संख्या–1509 के संदर्भ में श्री मामन खान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा अभी तक पी.एच.सी. पिनगवा, पी.एच.सी. मरोड़ा और पी. एच.सी. बाई में सेमी ऑटो एनालाइजर मशीन भी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। | 14.03.2022<br>XX अध्यक्ष महोदय, वहां जो चीजें नहीं हैं उनको उपलब्ध करवाने का काम प्रोसैस में है और ये चीजें 4 महीने में उपलब्ध करवा दी जाएंगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | मुझे इसी सदन में दिनांक 28.02.2020 को माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने ट्रॉमा सैंटर बनाने का आश्वासन दिया था कि आपको जल्दी से जल्दी मेवात में ट्रॉमा सैंटर बनाकर दिया जायेगा। हमारे माननीय मुख्यमंत्री दिनांक 13.02.2022 को मेवात में गये थे और वहां पर इन्होंने कहा था कि आपको कल ही रेडियोलॉजिस्ट मिल जायेगा लेकिन हमें आज तक रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिला है। मैं इन आश्वासनों को देखते हुए यही कहना चाहूंगा क्योंकि हमारा एक एक्सप्रैस डिस्ट्रिक्ट है इसलिए मेवात के मैडीकल कॉलेज, सी.एच.सीज., पी.एच.सीज., सिविल होस्पिटल, मांढी खेड़ा को क्यों न बन्द कर दिया जाए, ऐसा मेरा इस हाउस में सुझाव है ताकि कम से कम और जिलों को तो फायदा हो जाए? मेवात तो पहले भी डूब रहा है और फिर डूब लेगा । कम से कम मंत्री जी इस बात का जवाब हाउस में दें कि झूठे आश्वासन यहां क्यों दिए जाते हैं ? | | | 692 |
| 456. | श्री जोगी राम सिहाग, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1606 क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि बरवाला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव सतरोड़ कलां तथा लाडवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इनके कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है? | 14.03.2022<br>हाँ श्रीमान जी, सतरोड कलां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण छह माह में प्रारम्भ होने की संभावना है, जबकि लाडवा में स्वास्थ्य विभाग के नाम पर भूमि स्थानांतरित होने के उपरान्त प्रक्रिया शुरू की जायेगी। | | 693 |
| 457. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 783 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बाढ़ड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव कांधा तथा रूदरोल में स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन जर्जर हैं तथा उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की भी कमी है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त भवनों के कब | 15.03.2022<br>XX<br>ग्रम पंचायत से भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानांतरित होने उपरान्त कांधा में उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। इस उप स्वास्थ्य केन्द्र में अमले की कमी नहीं है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तक पुनः निर्मित/नवीनीकरण किए जाने की संभावना है तथा कर्मचारियों की कमी को कब तक दूर किये जाने की संभावना है? | | | |
| 458. | श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न 809 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डबवाली में अल्ट्रासांऊड मशीन के कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है? | 15.03.2022<br>श्रीमान जी, वर्तमान में उप मण्डल नागरिक हस्पताल, डबवाली में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव नही है। हालांकि, पी.पी.पी. प्रणाली के अंतर्गत अल्ट्रासांउड सेवाओं की सुविधा उपलबध करवाने की प्रक्रिया चल रही है, जोकि 6 महीने में शुरू होना संभावित है। | | |
| 459. | श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 831 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) क्या झज्जर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जमालपुर के भवन को पुनर्निर्मित/नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) उपरोक्त भवन को कब तक पुनर्निर्मित/नवीनीकरण किये जाने की संभावना है? | 15.03.2022<br>(क) श्रीमान जी, नवीनीकरण का कार्य पहले से ही चल रहा है।<br>(ख) इसके तीन माह में पूर्ण होने की संभावना है। | | |
| 460. | श्री जगदीश नायर, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1702 क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या हसनपुर नागरिक अस्पताल का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना हैं? | 16.03.2022<br>श्रीमान जी, निर्माण कार्य तीन माह में आरम्भ होने की संभावना है। | | |
| 461. | तारांकित प्रश्न संख्या 1702 के सन्दर्भ में श्री जगदीश नायर : द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, ****** क्या हसनपुर नागरिक अस्पताल में डाक्टरों के निवास और स्टॉफ के निवास भी बनाये जा रहे हैं ? | 16.03.2022<br>अध्यक्ष महोदय, किसी अस्पताल के लिए जो एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल मिलती है तो उसमें डॉक्टर्ज के निवास, स्टॉफ क्वाटर तथा अन्य सभी प्रकार की चीजों का समावेश होता है और जब एप्रूवल मिली है तो यह सब कुछ बनेगा। वैसे माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि इस अस्पताल का 11134 स्क्वेयर मीटर का एरिया है और जो पुराने अस्पताल की बिल्डिंग है उसको कंडम घोषित कर दिया गया है और यहां पर | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | नए अस्पताल का काम जल्द से जल्द करवा दिया जायेगा। | | |
| | | 16.03.2022 | | |
| 462. | तारांकित प्रश्न संख्या 1806 के सन्दर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहती हूं कि मेरे गन्नौर हल्के में लगभग 165 एकड़ लैंड में रेल कोच फैक्ट्री बनकर तैयार हो चुकी है और करीब 500 एकड़ लैंड में इन्टरनेशनल फ्रूट एंड वेजिटेबल मार्केट है। जैसे ही वहां पर ओवर क्राउडिड हो जाएगा तो उसमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए कि वहां पर कोई हादसा हो सकता है क्योंकि हर साल बहुत से ऐसे हादसे होते हैं जिनमें पेशैंट्स की दिल्ली के हॉस्पिटल्ज में पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही डैथ हो जाती है। इसलिए आगे के भविष्य को देखते हुए मैं चाहती हूं कि मेरे हल्के के बड़ी गांव की मेन हाईवे पर 65 एकड़ लैंड है और उसको पंचायत देने के लिए तैयार है। वहां पर ट्रॉमा सेंटर बनाने के बारे में अगर सरकार ध्यान देगी तो यह बहुत ही अच्छा होगा। | डॉ0 कमल गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि ट्रॉमा सैंटर बनाने की कुछ स्पेशिफिकेशंज होती हैं और उसमें लेवल– 1, लेवल– 2 और लेवल– 3 भी होता है। चूंकि उतनी दूरी में 6 + 3 ट्रॉमा सैंटर्ज हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि इनसे माननीय सदस्या की चिन्ता पूरी हो जाएगी। लेकिन फिर भी माननीय सदस्या ने आग्रह किया है तो उसके बारे में पुर्नविचार कर लिया जाएगा। | | |
| | | 09.08.2022 | | |
| 463. | श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 23 के संबंध में अनुपूरकः अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस काम के लिए एक समय–सीमा निर्धारित की जाये ताकि यह काम समय पर पूरा हो सके। | कालका के हॉस्पिटल के बारे में माननीय सदस्य की बात बिल्कुल वाजिब है। उसका संज्ञान लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है कि सूटेबल लैंड का चुनाव करके वहां पर हॉस्पिटल को शिफ्ट कर दिया जाये। इस काम के लिए हमने टिबरा गांव की 10 एकड़ जमीन आइडैंटीफाई कर ली है। यह म्यूनिसिपल कमेटी की जमीन है और हम इस जमीन को ले रहे हैं। हमने इसका प्रोसैस शुरू कर दिया है और मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि इस साल के अन्दर–अन्दर हम यह काम शुरू कर देंगे। | | |
| | | 10.08.2022 | | |
| 464. | श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 85 क्या | (क) श्रीमान् जी, एक कथन सदन के पटल पर रखा है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना निर्वाचन क्षेत्र के नागिरक अस्पताल, गोहाना तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप—स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की मानदंडों के अनुसार नियुक्ति की गई; तथा<br>(ख) यदि नही, उपरोक्त पद कब से रिक्त है तथा इनके कब तक भरे जाने की संभावना है? | ख) चिकित्सकों और पैरामेडिकल की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।<br>XX | | |
| 465. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 95 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सामान्य अस्पताल, दादरी में प्रस्तावित नेत्र जांच केन्द्र, ऑपरेशन थियेटर तथा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ? | 10.08.2022<br>श्रीमान जी, पूर्व में नागरिक अस्पताल दादरी में एक नेत्र जांच केन्द्र, ऑपरेशन थियेटर तथा जिला प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव था, परन्तु अब एम.सी.एच अस्पताल चरखी दादरी की भूमि पर एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक प्रस्तावित है। | | |
| 466. | श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 108 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रायपुर खोर के गांव में 7—8 वर्ष पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्मार्ण किया गया था परंतु आज तक स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द नही किया गया है;<br>यदि हां, तो इसका कारण क्या है; तथा<br>(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त भवन जीर्ण—शीर्ण हो गया है; यदि हां, तो क्या उक्त भवन को मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त भवन को मरम्मत कब तक किये जाने की तथा स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द किये जाने की संभावना है? | 10.08.2022<br>(क) हां श्रीमान जी, रामपुर खोर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्थान पर एक उप—स्वास्थ्य केन्द्र है। दिनांक 13.08.2009 को 21.16 लाख रूपये की स्वीकृति जारी करने के उपरान्त भी लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) द्वारा भवन पूर्ण नहीं किया गया है तथा न ही इसे सुपुर्द/हस्तांतरित किया गया है।<br>(ख) हां श्रीमान जी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) से विवरण प्राप्त करने के उपरान्त ही भवन निर्माण बारे विचार किया जायेगा। | | |
| 467. | श्री राम करण, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 25 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगें कि शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग | 26.12.2022<br>XXXX<br>वर्तमान में, हरियाणा सरकार प्रति जिले में कम से कम 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रथम रेफरल ईकाईयों के रूप में संचालित | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक तथा अन्य अमले की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | करने का प्रयास कर रही है। इसके तहत एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ और एक एनेस्थिसियोलॉजिस्ट को एक कार्यात्मक ऑपरेशन थियेटर और एक ब्लड स्टोरेज सेंटर के साथ–2 प्रत्येक प्रथम रेफरल युनिट में तैनात करने का प्रस्ताव है।<br>XXXX | | |
| | | 28.12.2022 | | |
| 468. | श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा तारांकित प्रश्न संख्या 50 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाकर उपमंडल अस्पताल के रूप में करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है? | हां श्रीमान जी,<br>गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उपमंडल अस्पताल के रूप में दर्जा बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। दर्जा बढ़ाने की प्रक्रिया को पूरा करने में 6 से 8 महीने लग सकते है। | | |
| | | 07.03.2022 | | |
| 469. | डॉ0 अभय सिंह यादव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1576 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या महेन्द्रगढ़ जिले में नांगल चौधरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की नई इमारत का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त इमारत के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है? | (क) हां, श्रीमान जी;<br>(ख) इसके छह महीने में शुरू होने की संभावना है। | | |
| | | 21.02.2023 | | |
| 470. | श्री सीता राम यादव, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 33–क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्रों की कुल संख्या कितनी है तथा उपरोक्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों में से जर्जर अवस्था में पड़े उप–स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या कितनी है तथा इनके कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है ? | श्रीमान जी, अटेली निर्वाचनक्षेत्र में कुल 51 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में से 18 जर्जर अवस्था में हैं। 16 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मरम्मत का कार्य शुरू किया जा चुका है तथा 02 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया जारी है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 22.02.2023 | | |
| 471. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 24–क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) दादरी में स्थित नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासांउड की सुविधा कब तक आरंभ किये जाने की संभावना है;<br>(ख) उपरोक्त हस्पताल में बाल चिकित्सक, सर्जन, रेडियालोजिस्ट तथा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्तियां कब की जाने की संभावना हैय तथा<br>(ग) दादरी नागरिक अस्पताल,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोपी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झाझू कलां में एक्स–रे की सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है? | (क) ***<br>(ख) ***<br>(ग) एक्स–रे की सुविधा जिला सिविल हस्पताल, चरखी दादरी में पहले से ही उपलब्ध है, तथा सी0एच0सी0 गोपी व सी0एच0सी0 झोझूकलां में एक्स–रे की सुविधा देने बारे प्रस्ताव विचाराधीन है। | | |
| | | 22.02.2023 | | |
| 472. | तारांकित प्रश्न संख्या 24 के संदर्भ में श्रीमती नैना सिंह चौटाला, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मैंने जो अल्ट्रासाउंड मशीन के बारे में कहा है वैसे तो गवर्नमैंट की तरफ से प्राईवेट होस्पिटल में अल्ट्रासाउंड मशीन है लेकिन मैं महिलाओं के लिए कहना चाहूंगी कि बसों में पहले सिविल होस्पिटल जाना और फिर प्राईवेट सैंटर्स में जाना बहुत मुश्किल है। दादरी सिविल होस्पिटल में अल्ट्रासाउंड मशीन रखी हुई है लेकिन वह मशीन बहुत लम्बे समय से बन्द पड़ी हुई है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि आप वह मशीन ठीक करवा दीजिए। इसी के साथ ही एक जो हड्डी एक्स–रे मशीन है उस पर काम करने का समय सिर्फ शाम दो बजे तक है। उसके लिए भी मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि जब कोई महिला गांव से बसों में चलकर आती है तो एक महिला को काम करके आने मे वैसे ही दो बज जाते हैं। अतः उस हड्डी एक्स–रे | अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि अभी जो डॉक्टर्ज की पोस्टें खाली पड़ी हुई हैं उनके लिए हमने एन.एच.एम. के तहत सात पोस्टें सैंग्शन की हुई हैं। उनके लिए हर मंगलवार को सी.एम.ओ. ऑफिस में इंटरव्यू होता है। जब वे पोस्टें भर जाएंगी तो वह अल्ट्रासाउंड मशीन भी काम करने लग जाएगी। उसके बाद गोपी व झोझू कलां में जो सी.एच.सीज. हैं उनमें एक्स–रे मशीन के लिए ऑर्डर प्लेस कर दिये गये हैं और जल्दी ही उसकी प्रोक्योरमैंट हो जाएगी। सी.एच.सी. लैवल पर अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा इसलिए नहीं दे सकते क्योंकि अभी हमारे पास डॉक्टर्ज अवेलेबल नहीं हैं। जैसे दादरी में अल्ट्रासाउंड मशीन तो है लेकिन वहां रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। जब वहां रेडियोलॉजिस्ट अवेलेबल होंगे तो वहां अल्ट्रासाउंड मशीन भी उपलब्ध करवा दी जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | मशीन का समय बढ़ाने का काम करें। इसके साथ ही सी.एच.सी. गोपी और सी.एच.सी. झोझू कलां में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाई जाएं। | | | |
| | | 22.03.2023 | | |
| 473. | श्री मामन खान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 105:–<br>(क) XX<br>(ख) XX<br>(ग) क्या जिला नूंह में नशा मुक्ति केन्द्रों की संख्या बढ़ाने या उपरोक्त नशा मुक्ति केन्द्रों में बैडज की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। XX | (क) और (ख) XX<br>(ग) सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा और एसएचकेएम, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, नलहर में प्रत्येक 15–बेड की क्षमता के दो नशामुक्ति केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन अस्पतालों ने प्रोविजनल लाइसेंस के लिए एस.ई.डब्ल्यू.ए. विभाग को क्रमशः 12.07.2022 और 14.11.2022 को आवेदन किया है।<br>XX | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| 474. | श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 15–क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) क्या बरवाला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव सातरोड़ कलां तथा लाडवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पुनर्निमाण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इनके कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है? | (क) हां श्रीमान जी।<br>(ख) ग्राम सातरोड कलां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए 04 एकड़ भूमि उपलब्ध है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की अनुमोदित ड्राईंग लोक निर्माण विभाग (भवन व सड़क शाखा) को कच्चा लागत अनुमान बनाने के लिए भेजी गई है।<br>ग्राम लाडवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग को 12.07.2023 को भूमि पट्टे पर दे दी गई है और ड्राईगं तैयार करने के लिए लोकनिर्माण विभाग (भवन व सड़क शाखा) को साईट प्लान बनाने के लिए अनुरोध किया गया है।<br>दोनों का निर्माण कार्य आवश्यक स्वीकृतियां जारी होने के उपरान्त आरम्भ किया जाएगा और इसके लगभग 02 वर्ष में पूर्ण होने की सम्भावना है। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 475. | श्री सुभाष सुधा द्वारा पूछा तारांकित प्रश्न संख्या 23–क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि –<br>(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 10190 दिनांकित 04.06.2015 के अनुसार लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, कुरुक्षेत्र के पुराने | (क) हां, श्रीमान जी,<br>(ख) एल.एन.जे.पी. अस्पताल में दो चरणों में 100 बिस्तरों के दो नए ब्लॉक बनाए जा रहे है। चरण–I में 100 बिस्तरों वाला एक ब्लॉक पहले ही बनाकर सौंप दिया गया है। वर्तमान में इसी भवन में अस्पताल संचालित है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | भवन की जगह नए भवन का निर्माण किया जाएगा; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त निर्माण कार्य अब तक आरंभ न किए जाने के क्या कारण हैं तथा उपरोक्त भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | पुराने अस्पताल भवन के स्थान पर चरण– II में 100 बिस्तरों वाले दूसरे ब्लॉक के निर्माण के लिए 88.52 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति पहले ही 02.01.2023 को दी जा चुकी है। पी.डब्लयू.डी (भवन एवं सड़के) द्वारा दूसरे ब्लॉक का निर्माण कार्य पुराने भवन को गिराने के बाद शुरू होगा तथा इसके पूरा होने में लगभग 2 वर्ष लगने की उम्मीद है।<br>28–08–2023 | | |
| 476. | तारांकित प्रश्न संख्या 24 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी क्षरा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जैसा कि उन्होंने बताया कि अब 941 डाक्टर्ज को एप्वॉयंटमैंट लैटर दिए गए हैं जिसमें से 808 डाक्टर्ज ने ज्वायन करने का काम किया है तो इस प्रकार से जो 133 डाक्टर्ज बचे हैं, | ****<br>जहां तक स्पेशलिस्ट डाक्टर्ज के बारे में प्रश्न पूछा गया है, के संदर्भ में बताना चाहूंगा कि आज की तारीख तक सिर्फ एम.बी.बी.एस. डाक्टर्ज ही भर्ती किए जाते थे और इसमें जो स्पेशल क्वालिफिकेशन रखते थे, हम उनको स्पेशलिस्ट डाक्टर्ज का काम देते थे। अध्यक्ष महोदय, मैंने अब स्पेशलिस्ट डाक्टर्ज का अलग से कैडर बना दिया है । अलग से इन | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | जिन्होंने ज्वॉयन नहीं किया, के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि इनको भी एप्वॉयंटमैंट लैटर दिए गए हैं और ये डाक्टर्ज भी ज्वॉयन कर लेंगे। यह बड़ी अच्छी बात है और इसमें कोई दो राय भी नहीं है कि बड़ी संख्या में डाक्टर्ज ने ज्वॉयन किया है । स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इनमें स्पेशलिस्ट डाक्टर्ज कितने हैं और सिंपल एम.बी.बी.एस. डाक्टर्ज कितने हैं और साथ ही मैं यह भी जानना चाहूंगा कि डाक्टर्ज की एप्वॉयंटमैंट के लिए जो पेपर लिया गया था, उसमें परसेंटेज कहां तक गई थी । क्या यह 55 परसेंट तक गई थी या 65 परसैंट तक गई थी ? | स्पेशलिस्ट डाक्टर्ज की भर्ती होगी और अलग से इनके सर्विस रूल्ज बनाने का काम भी किया गया है । अध्यक्ष महोदय, मैंने पिछले सत्र के दौरान भी बताया था कि और आज फिर बता रहा हूँ कि हरियाणा पहला ऐसा प्रदेश है जहां पर मैडीकल सर्विसिज कहां–कहां पर किस–किस प्रकार की दी जाये, इसके लिए मैपिंग करवाने का काम किया गया है। इसकी रिपोर्ट कम्पलीट हो चुकी है और हफ्ते–दस दिन में यह रिपोर्ट आ जायेगी। अध्यक्ष महोदय, आज तक मैडीकल फैसिलिटीज डिमांड बेस्ड दी जाती थी । जहां पर विधायक साथी डिमांड कर देते थे, वहां पर मैडीकल फैसिलिटीज दे दी जाती थी लेकिन अब हमने यह प्रावधान भी कर दिया है जहां पर विधायक साथी की डिमांड भी नहीं है या चाहे जहां पर किसी भी पार्टी का विधायक ही क्यों न हो, हमने वहां पर नीड बेस्ड के आधार पर मैडीकल फैसिलिटीज देने का काम किया है । प्रदेश में नीड बेस्ड मैडीकल फैसिलिटीज दी जा सके, इसके लिए मैपिंग करवाने का काम किया गया है और नीड बेस्ड मैडीकल फैसिलिटीज प्रोवाइड करवाने वाला हरियाणा प्रदेश, पहला प्रदेश बन गया है। सैंटर की एजेंसी में भी इस विषय | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | को अवलोकन करने का काम किया गया है और अब वे बतायेंगे कि कहां पर पी.एच.सी. बनानी है, कहां पर कितने बैड का अस्पताल बनाना है और कौन सा इक्विपमैंट देना है। इस बाबत एजेंसी की रिपोर्ट हमारे पास आने वाली है। जहां तक स्पैशलिस्ट डॉक्टर की बात है जिस अस्पताल/पीएचसी में जितने स्पैशलिस्ट डॉक्टर की जरूरत होगी मैं उनकी भर्ती अलग से किया करूंगा। मैंने इसकी व्यवस्था कर दी है । | | |
| | | 28–08–2023 | | |
| 477. | श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 42– (क) क्या यह तथ्य है कि पलवल विधान सभा क्षेत्र के गांव रामपुर खोर में 7–8 वर्ष पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण हुआ था, लेकिन इस भवन को अभी तक विभाग को नहीं सौंपा गया है तथा भवन की हालत भी जर्जर हो गयी है;<br>(ख) यदि हां, तो उक्त भवन की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैय<br>(ग) उक्त भवन को पुनर्निर्मित करके तथा स्वास्थ्य विभाग को कब तक सौंपे जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | (क) हां, श्रीमान् जी, रामपुर खोर का भवन उप–स्वास्थ्य केंद्र है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नहीं है। उप–स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण का कार्य शाही इमपैक्स भारत प्राईवेट लिमिटेड को कार्यकारी अभियंता, पी.डब्लयू.डी. भवन एवं सड़कें, पलवल द्वारा पत्र क्रमांक नं0 7947 दिनांक 02/08/2013 द्वारा आवंटित किया गया था। जिसकी समय सीमा छह महीने दी गई थी और इस भवन की छत का कार्य एजेंसी द्वारा पूरा कर दिया गया था। उसके बाद, एजेंसी ने कार्य बीच में बंद कर दिया और इसलिए भवन को क्लाइंट (स्वास्थ्य विभाग) को नहीं दिया जा सका । इस समय भवन की हालत जर्जर है और मरम्मत की आवश्यकता है।<br>(ख) उक्त भवन के शेष कार्य रूपये 51.78 लाख रूपये की संशोधित अनुमानित लागत अनुमान महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवा, हरियाणा को इस कार्यालय के प्रशासनिक ज्ञापन संख्या 130038/वर्क्स–II दिनांक 31.07.2021 के द्वारा भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति अभी भी प्रतिक्षित है ।<br>(ग) संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद इस भवन को लगभग नौ महीने में स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया जाएगा । | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 478. | तारांकित प्रश्न संख्या 45 के सन्दर्भ में श्री लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः ***मेरा निवेदन है कि | जहां तक सी.एच.सी. को अपग्रेड करने की बात है तो वहां पर जो कुछ हो सकता होगा वह मैं समान लगवा दूंगा लेकिन मैं ट्रामा | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | एन.एच. 71 से हमारा 95 किलोमीटर का डिस्टेंस पड़ता है । अगर रोहतक के बाद कहीं ट्रामा सेंटर है तो 65 किलोमीटर आगे पड़ता है और इससे आगे 30 किलोमीटर रेवाड़ी का स्थान पड़ता है, इस एन.एच. पर ट्रैफिक का बहुत ज्यादा आवागमन होता है । यहां पर कभी भी मिसहैपनिंग होने की आशंका बनी रहती है और मिसहैघ्पनिंग हुई भी हैं । जब वहां पर किसी व्यक्ति का एक्सीडेंट हो जाता है तो उसके लिए एक–एक सैंकिंड निकालना बड़ा भारी हो जाता है । अगर उस व्यक्ति को नजदीक में अप्रोच मिल जायेगी तो कोई बुराई नहीं है । हमारा जो सी.एच.सी. सेंटर है, उसी के लिए मैं यह बात कह रहा हूं कि इसको ट्रामा सेंटर में कन्वर्ट कर दिया जाये ताकि वहां पर फैसिलिटी बढ़ सके । वहां पर जमीन भी अवैलेबल है इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस पर विचार किया जाये ।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यनम से मंत्री जी से यही निवेदन है कि उस हॉस्पिटल को 50 बैड में अपग्रेड कर दें। उससे भी काम चल जाएगा । मंत्री जी की बात उनकी जगह सही है लेकिन इसको 50 बैड का हॉस्पिटल डिक्लेयर करें । | सेंटर नहीं बनवा सकता हूं । ट्रामा सेंटर के लिए हमें कई विशेषज्ञ डॉक्टरों और इक्विपमैंट्स की आवश्यकता होती है । हां अगर माननीय सदस्य को वहां पर कोई इक्विपमैंट्स लगवाने की आवश्यकता है तो मैं इनके आग्रह पर जरूर लगा दूंगा ।<br>*** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों को बताना चाहूंगा कि मैं उसे एग्जौमिन करवा लूंगा और अगर उसके मापदंड पूरे होते होंगे और जमीन होगी तो हम उसको इक्विप कर देंगे। यह मैं कर सकता हूं। ये हम कर देंगे। | | |
| 479. | श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 107:–<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों की तुलना में विशेषज्ञ स्नातकोत्तर चिकित्सकों को वेतन में अधिक लाभ नहीं दिया जा रहा तथा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद भी अब तक सरकार द्वारा विशेषज्ञ कैडर नहीं बनाया गया;<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार द्वारा हाल ही में विशेष कैडर के लिए बनाए | 29.08.2023<br>(क) नहीं, श्रीमान जी। स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण करने पर विशेषज्ञ डॉक्टरों को कार्यग्रहण के समय 6 अतिरिक्त वेतन वृद्धियां प्रदान की जाती है। एक अलग स्पेशलिस्ट काडर के गठन की प्रक्रिया जारी है।<br>(ख) नहीं, श्रीमान जी।<br>(ग) स्वास्थ्य विभाग की वेबसाईट पर स्पेशलिस्ट काडर का प्रारूप अपलोड किया गया है। स्पेशलिस्ट काडर के ड्राफ्ट पर आपत्तियां प्राप्त हुई है। वित्त | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | गए प्रारूप में बहुत सी खामियां हैं जिसके परिणामस्वरूप यह कार्यान्वयन के लिए अभी भी लंबित पड़ा हुआ है; तथा<br>(ग) यदि हां, तो खामियों को दूर करने के बाद उक्त प्रारूप/प्रस्ताव को कब तक लागू किए जाने की संभावना है? | विभाग की आवश्यक सहमति के उपरान्त अन्तिम संस्करण शीघ्र जारी कर दिया जाएगा। | | |
| 480. | श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 116:–<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गन्नौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सांसद ग्राम योजना के अंतर्गत गांव दतौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त भवन का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | 29.08.2023<br>हां, श्रीमान जी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दतौली के नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अनुमोदित ड्राईगं वास्तुकला विभाग और विकास एवं पंचायत विभाग को भेजी जा चुकी है। भवन का निर्माण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग के अतंर्गत मिलने वाले अनुदान से किया जाएगा। आवश्यक स्वीकृतियां मिलने के उपरान्त निर्माण कार्य आरम्भ किया जाएगा और इसके लगभग 02 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है। | | |
| 481. | श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 24:–<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बतांगे कि:–<br>(क) क्या यमुनानर में मुकंद लाल नारिक अस्पताल के नवनिर्मित 200 बैड के भवन में कैथ लैब, आई.सी.यू. रेडियो थैरेपी तथा अन्य आवश्यक सेवाएं जैसे कि एम.आर.आई. इत्यादि स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इसमें उक्त सुविधांए कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है? | 18.12.2023<br>(क) ******<br>(ख) कैथ लैब तथा एम.आर.आई. सेवाएं के लिए निविदा प्रक्रिया को अंतिम रुप देने में लगभग 6 महीने का समय अपेक्षित है। | | |
| 482. | तारांकित प्रश्ने संख्या 24 के सन्दर्भ में श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :<br>माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि हमारे यहां नए हस्पताल की बिल्डिंग बनी है और सरकार ने लगभग 100 करोड़ रूपया उस पर | 18.12.2024<br>स्पीकर सर, हम कोशिश कर रहे हैं कि अत्याधुनिक सुविधायें सभी हस्पतालों को प्रदान की जायें। जहां तक कैथ–लैब की बात है, ये पी.पी.पी.मोड में अम्बाला, फरीदाबाद, गुरूग्राम और पंचकुला में चल रही हैं और सोनीपत, बहादुरगढ़, झज्जर और यमुनानगर में यह कैथ–लैब जल्दी ही लगाने के लिए निविदाएं दी जा चुकी हैं। उसी प्रकार एम.आर.आई. | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | खर्च करने का काम किया है। हमारी स्टेट वैल्फेयर स्टेट हैं अर्थात् कल्याणकारी राज्य हैं। लोगों को मूलभूत सुविधायें उपलब्धव करवाना हमारा कर्तव्य है और जो यह चार सेवाओं की मैंने मांग की है ये मूलभूत सेवाओं में ही आती हैं। गरीब लोगों को इनके लिए बहुत दूर–दूर तक जाना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध है कि दो के बारे में तो माननीय मंत्री जी ने कहा है कि छः महीने में करेंगे और दो के बारे में कहा है कि विचाराधीन नहीं है। जो छः महीने में करने का प्रस्ताव इन्होंने रखा है उसकी समय सीमा कम की जाये और दूसरी दो सेवायें भी शीघ्रातीशीघ्र जनहित में शुरू की जाये।<br>******<br>अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि | की जो सुविधायें हैं वे अम्बाला, भिवानी, फरीदाबाद, गुरूग्राम और पंचकुला में पी.पी.पी. मोड पर चल रही हैं और पांच जिलों अर्थात् कुरूक्षेत्र, पानीपत, बहादुरगढ़, पलवल तथा चरखी दादरी में लगाने की हमारी योजना है। स्पीकर सर, हम इन्हें बाकी सभी हस्पतालों में लगाना चाहते हैं लेकिन कई जगह पर स्थान उपलब्ध नहीं हैं और बावजूद इसके हम कोशिश कर रहे हैं कि वहां पर भी स्थान उपलब्ध हों और तुरंत प्रभाव से वहां पर भी ये सुविधायें प्रदान की जा सकें। स्पीकर सर, मैंने आदेश दिया था कि प्रदेश की जितनी भी टूटी–फूटी पी.एच.सीज. हैं, उन सभी को तोड़कर नया बनाया जाये। इनकी 162 की सूची मेरे हाथ में है अगर आप कहें तो मैं इनको पढ़कर भी सुना दूंगा। अगर पढ़ने के लिए नहीं कह रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगा कि 162 जो पुरानी टूटी फूटी पी.एच.सीज. हैं, उनको तोड़कर बनाने का हमने टैंडर दे दिया है और कुछ जगह पर इनको तोड़ने का काम | | |
| | रेडियोथैरेपी तथा आई.सी.यू. की सुविधा को भी प्रदान करने का समय बता दिया जाये कि कब तक ये सुविधायें शुरू हो जायेंगी और मंत्री जी इसको अपनी प्रायरिटी लिस्ट में रख लेंगे तो लोगों के लिए यह बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। | शुरू भी हो चुका है और बाकी जगह पर भी नई पी.एच.सीज. बनाकर देंगे। इसके अतिरिक्त जहां तक बात एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूव्ल की हैं तो इस संदर्भ में मैं बताना चाहूंगा कि 134 सब हैल्थे सैंटर्ज, 2 प्राइमरी हैल्था सैंटर्ज, 1 कम्युनिटी हैल्थ सैंटर और 37 पब्लिक हैल्थथ सैंटर्ज की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल दी जा चुकी है।<br>******<br>अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले ही बता दिया है कि अभी यह विचाराधीन नहीं है और हम कोशिश करेंगे कि कम से कम हर जिले में एक आइ.सी.यू. जरूर खोल सकें और उसके लिए हम प्रयत्ने भी कर रहे हैं। | | |
| | | 18.12.2023 | | |
| 483. | श्री लीला राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 31:<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि कैथल शहर के पुराने अस्पताल में 100 बेड का मैटरनिटी अस्पताल कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है? | श्रीमान, कैथल शहर के पुराने नागरिक अस्पताल परिसर में 100 बिस्तरीय एम.सी.एच. (मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य) विंग स्थापित किया जाना विचाराधीन है। निर्माण कार्य आवश्यक स्वीकृतियां जारी होने के बाद 2 से 3 साल की अवधि में पूर्ण होने की सम्भावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 484. | तारांकित प्रश्न संख्या 31 के सन्दर्भ में श्री लीला राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि सरकार ने पहले भगवान परशुराम जी के नाम पर कैथल में एक मैडिकल कॉलेज मंजूर करने का काम किया था जिस पर एक हजार करोड़ रुपये के करीब खर्च आएगा। इस पर दिन–रात काम चला हुआ है। अध्यक्ष महोदय, हमारे कैथल शहर में एक पुराना हॉस्पिटल हैं, वहां पर हमारे पास 12 से 14 एकड़ जमीन है। यह जमीन बिल्कुल शहर के बीच में बहुत अच्छी जगह पर है। सरकार ने यहां पर मातृत्वप एवं शिशु स्वास्थ्य हॉस्पिटल मंजूर किया है। इसके लिए मैं सरकार तथा माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं लेकिन मैं इसके साथ ही सरकार से यह निवेदन भी करता हूं कि इसको बनाने के लिए दो–तीन साल का समय काफी ज्यादा है। जिस प्रकार भगवान परशुराम मैडिकल कॉलेज पर काम चला हुआ है उसी प्रकार माननीय मंत्री जी इस हॉस्पिटल का काम भी जल्दी से शुरू करवाने का काम करें ताकि शहर तथा जिलावासियों को राहत मिल सके। | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहूंगा कि हम प्रदेश में 8 जगह एम.सी.एच. (मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य हॉस्पिटल बना रहे हैं। ये हॉस्पिटल पंचकुला, पानीपत, फरीदाबाद, सोनीपत, पलवल, नलहड़– नूंह, सिरसा तथा कैथल जिले में बने रहे हैं। जैसा कि माननीय विधायक जी ने हमें कैथल जिले में इसके लिए साइट बताई, हम इन्हें यह हॉस्पिटल उसी जगह पर बनाकर देंगे।<br>विधायक जी यह भी बता रहे हैं कि यह साइट ठीक है। मैं इनको बताना चाहूंगा कि यह साइट सिलैक्टक भी कर ली गई है और हम यहां पर जल्दीं ही यह हॉस्पिटल बनाकर देंगे। | | |
| 485. | तारांकित श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 33ः–<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) डबवाली के नागरिक अस्पताल में एक मनोचिकित्सक की नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है तथा नशा मुक्ति केंद्र के कब तक पुनः आरम्भ किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ख) डबवाली के नागरिक अस्पताल मेंरेडियोलॉजिस्ट और अल्ट्रासाउंड मशीन कब तक उपलब्ध किए जाने की संभावना है ? | 18.12.23<br>(क) श्रीमान जी, उपमंडल नागरिक अस्पताल, डबवाली में पहले से ही एक मनोचिकित्सक तैनात है और नशा मुक्ति केंद्र कार्यरत है।<br>(ख) श्रीमान जी, पी.पी.पी. मोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रदान करने के लिए निविदा प्रक्रिया में है और निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के बाद सेवाएं प्रदान किए जाने की संभावना है, जिसमें आम तौर पर लगभग 6 महीने लगते हैं। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 486. | तारांकित प्रश्ने संख्या 33 के सन्दतर्भ में श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, जहां तक अल्ट्रा साऊण्ड मशीन का सवाल है तो नवम्बर, 2020 में जब इस मशीन को डब्वाली से अम्बाला ले गये थे उस समय मैंने स्वास्थ्य मंत्री जी के संज्ञान में इसी विधान सभा पटल पर नवम्बंर, 2020 को यह बात रखी थी और उन्हों्ने फ्लोर ऑफ दी हाऊस कहा था कि 6 महीने के अंदर–अंदर आपकी मशीन आपको दे दी जायेगी। उसके बाद मैं ए.सी.एस. महोदय से 6 महीने में कम से कम दो बार मिला। उनसे भी आश्वासन मिला। उसके बाद जब वो नहीं आई तो मैंने बजट सत्र 2022 में यह सवाल फिर से लगाया था और उस सत्र में जब सवाल लगा तो उस सत्र के शुरू होने से कुछ दिन पहले डी.जी., हैल्थल ने मुझे एक चिट्ठी जारी की कि पी.पी.पी. मोड के माध्य म से आपको यह मशीन और रेडियोलोजिस्टी 6 महीने के अंदर–अंदर दे दिया जायेगा। आज आ गया दिसम्बर, 2023 और आज भी यही जवाब दिया गया है कि पी.पी.पी. मोड के माध्य म से 6 महीने के अंदर दिया जायेगा। जो स्वामस्य मंत्री जी हैं उन्होंने आश्वासन दिया था नवम्बर, 2020 में और आज दिसम्बर, 2023 है यानि तीन साल पूरे हो गये लेकिन आज भी वही आश्वासन है। मेरा पहला सवाल तो यही है कि क्या 14वीं विधान सभा का कार्यकाल पूरा होने से पहले–पहले अपने स्वांस्का मंत्री जी इस आश्वाकसन को पूरा कर पायेंगे या तारीख पे तारीख देकर आने वाले बजट सत्र में भी इस मामले को ऐसे ही निपटा देंगे? | 18.12.23<br>स्पीकर सर, मैं इस बात का पता कराऊंगा कि अगर मैंने हाऊस में कहा था तो उतने समय में काम क्यों पूरा नहीं हुआ? और अगर किसी की उसमें कमी रही होगी तो मैं उसके खिलाफ कार्यवाही भी करूंगा। मैं विधायक महोदय को आश्वासन देना चाहता हूं कि यह अनिल विज की बात है कि 6 महीने के अंदर–अंदर और अगर हो सका तो उससे भी पहले इनके वहां पर यह मशीन लगा दी जायेगी। | | 718 719 |
| 487. | तारांकित तारांकित प्रश्नर संख्या 33 के सन्दर्भ में श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, साइकैट्रिस्ट की स्टेट में काफी कमी है और उस कमी को पूरा करने के लिए हमने 29 डॉक्टर्स को बैंगलोर के | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | अध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा सप्लीमैंट्री दूसरी चीज के बारे में है। स्वास्थ्य मंत्री जी के आश्वासन को देखकर ही मैंने माना था कि शायद हो जायेगा इसलिए मैंने यह मामला दोबारा से माननीय मंत्री जी के ध्यान में लाने का काम किया है। मेरी दूसरी बात नशा मुक्ति केन्द्र के बारे में है। इस बारे में मंत्री जी कह रहे हैं कि ये शुरू हो चुका है और वहां पर आज साईकैट्रिस्ट भी है। इसके बारे में भी मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि अप्रैल, 2022 में मैंने कई बार शुरूआत से इसके ऊपर मुहिम छेड़ी थी कि हमें एक नशा मुक्ति केन्द्र खोलने की जरूरत है। बल्कि स्टार्टिंग में शायद आपको याद होगा मेरा जो सवाल था उसके जवाब में डिएडीक्शान सैंटर की जगह उस समय एडीक्शमन सैंटर भी लिखकर भेज दिया गया था। आखिरकार अप्रैल, 2022 में इसको शुरू किया गया। दो महीने वो चला। उसके बाद जो साईकैट्रिस्टा थे वे वहां से चले गए। अध्यक्ष महोदय, आप देख लीजिए आज हो गया दिसम्बर, 2023 और किसी ने उसकी कोई सुध नहीं ली। अब जब मैंने सवाल फिर लगाया तो सैशन शुरू होने से दो दिन पहले हिसार से साईकैट्रिस्ट की डेपूटेशन पर दो महीने के लिए नियुक्ति की गई है। अगर अब कोई गम्भीर अवस्था में नशे के चंगुल में जो आज लोग हैं उनको देखते हुए क्या आपको लगता है कि क्या इसके लिए दो महीने पर्याप्त हैं? कम से कम जो डॉक्टर हिसार से डैपुटेशन पर भेजा गया है उसको 6 महीने के लिए तो रखना चाहिए तथा वहां पर एक डॉक्टर की स्थाई नियुक्ति का प्रावधान किया जाये। जो हमारा क्षेत्र है इसको माननीय मुख्यमंत्री जी ने पुलिस जिला भी इसलिए बनाया था क्योंकि यहां पर नशे की समस्या बहुत अधिक है। वहां पर नशे की समस्या को देखते हुए वहां पर जब डी–एडिक्शैन सैंटर्स ही नहीं हैं तो जो लोग नशे के चंगुल में फंसे हुए हैं उनको कैसे निकाला जा सकता है? | NIMHANS से डिप्लोमा करवाया है, वे डिप्लोमा करके आ गए हैं और 54 मेडिकल ऑफिसर्स को चण्डीगढ़ से कोर्स करवा रहे हैं। वे भी अपना कोर्स करके पहुंचेंगे। बिना साइकेट्रिस्ट के डी–एडिक्शन सैन्टर नहीं चल सकता है। जहां तक माननीय सदस्य द्वारा हिसार से 2 महीने की डेपुटेशन पर भेजे गए डॉक्टर की बात है तो मैं परमानैंट उसके ऑर्डर वहां पर कर देता हूं। जब दूसरे डॉक्टर्स आयेंगे तो बाकी जगहों पर हम उनको लगा देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

इसलिए 2 महीने की डैपुटेशन पर्याप्त नहीं है उसको कम से कम 6 महीने की डेपुटेशन की जाये तथा साथ ही साथ स्थाई नियुक्ति का भी प्रावधान किया जाये। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि वे इसके लिए क्या प्रावधान करेंगे?

18.12.23

488. श्री वरुण चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 72ः

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एफेरेसिस मशीनों (प्लेटलेट्स मशीन) की जिले—वार संख्या कितनी है; तथा

(ख) क्या राज्य में हाल ही में प्लेटलेट्स की कमी के कारण हुई मौतों के मद्देनज़र मशीनों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

(क) राज्य में 04 एफेरसिस मशीनें (प्लेटलेट्स मशीन) सरकारी जिला नागरिक अस्पतालों में, 06 सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में तथा 01 रेड क्रॉस ब्लड सेंटर में कार्यरत हैं। विवरण इस प्रकार हैः—

| | रक्त केंद्र का नाम | कार्यरत एफेरसिस मशीन की संख्या |
|---|---|---|
| **जिला नागरिक अस्पताल** | | |
| 1 | फरीदाबाद | 1 |
| 2 | गुरुग्राम | 1 |
| 3 | हिसार | 1 |
| 4 | पंचकुला | 1 |
| **सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेज** | | |
| 1 | पीजीआईएमएस, रोहतक | 1 |
| 2 | बीपीएस सरकारी, मेडिकल कॉलेज, खानपुर कलां, सोनीपत | 1 |
| 3 | कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज, करनाल | 1 |
| 4 | राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, झज्जर | 1 |
| 5 | ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, फरीदाबाद | 1 |
| 6 | एमएएमसी, अग्रोहा, हिसार | 1 |
| **अन्य** | | |
| 1 | रेडक्रॉस ब्लड सेंटर, पानीपत | 1 |
| | **कुल** | **11** |

(ख) हाँ श्रीमान जी, शेष जिला नागरिक अस्पतालों के लिए 18 अतिरिक्त एफेरसिस मशीनें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पहले से ही सरकार के विचाराधीन है।

20.02.2024

489. राज्यपाल अभिभाषण

सिविल अस्पताल, अम्बाला छावनी में अटल कैंसर देखभाल केंद्र शुरू हो गया है। यह प्रदेश का पहला सरकारी कैंसर चिकित्सा केन्द्र है, जिसमें अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रदेश में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत लोगों को सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई., हैमोडायलिसिस और कैथ लैब की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा, सभी जिलों में पी.पी.पी. सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21.02.2024 | | |
| 490. | तारांकित प्रश्न संख्या 4 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण सिंह यादव, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डहीना जिस सरकारी भवन में चल रहा है वह लगभग 25 साल पुराना है। इस भवन के लिए 4 एकड़ जमीन उपलब्ध है जिसमें से 3 कनाल में यह बिल्डिंग बनी हुई है। सी.एच.सी. के लिए जितनी जनसंख्या चाहिए वह भी उपलब्ध है। इस पी.एच.सी. के अधीन 1 लाख 5 हजार की आबादी आती है। मैंने पहले भी कई बार यह सवाल विधान सभा में उठाया है तब भी यही आश्वासन मिलता रहा है कि एक बार इसकी मैपिंग हो जाये तो हम अपग्रेड करवा देंगे। अब मैपिंग भी हो गई है, जनसंख्या भी पर्याप्त है, जमीन भी उपलब्ध है सी.एच.सी. से हॉस्पिटल तथा सी.एच.सी. से सी.एच.सी. की | **** अध्यक्ष महोदय, मैं पूरे प्रदेश का डाटा बता देता हूं कि 164 सी.एच.सी., 671 पी.एच.सी. और 186 यू.पी.एच.सी. (अर्बन प्राइमरी हैल्थ सैंटर) तथा 4024 एस.ई.जी. Septal Extension Graft. रिक्वायर्ड हैं। हैल्थ सर्विसिज का जो इण्डियन स्टैंडर्ड है उसके मुताबिक इतने गैप्स हैं और हमने इस गैप को तीन साल में पूरा करने का निर्णय लिया है। **** <br>अध्यक्ष महोदय, यह तो सभी के फायदे के लिए है। इसके लिए हमने 500 करोड़ रूपये का बजट मांगा है और मुझे उम्मीद है कि आप सब उस बजट को पास कर दोगे और बाकी का अगले दो साल में पूरे प्रदेश में जितने गैप्स हैं हमने उनको पूरा करना है क्योंकि कहीं– कोई कहीं–कोई एम.एल.ए. अपनी बात उठाता है। मुझे वहां भी बनाना है जहां पर मेरी पार्टी का एम.एल.ए. नहीं है। मुझे हर जगह पर बनाना है लेकिन पहले यह | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | जितनी दूरी चाहिए वह भी नॉर्म्स पूरे करती है इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस पी.एच.सी. को सी.एच.सी. में अपग्रेड करने का आश्वासन दे दें। इसके साथ–साथ बेरली खुर्द उप–स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड किया जाये क्योंकि वह भी अपग्रेडेशन के सभी नॉर्म्स पूरे करता है। उसकी संख्या भी अवेलेबल है, जमीन भी अवेलेबल है और डिस्टैंस भी अवेलेबल है तो मैं समझता हूं कि अब तो यह बननी चाहिए क्योंकि मैं इस डिमांड को लगातार चार साल से उठा रहा हूं। इस संबंध में पहले यही आश्वासन दिया गया था कि हम पूरे हरियाणा की मैपिंग करवा रहे हैं अगर उसमें यह हो पाएगा तो हम जरूर बनवाएंगे। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि अब तो आप इस काम को स्वीकार करें। | सिस्टम डिमांड बेस्ड था जो डिमांड करते थे वहां–वहां बनाए जाते थे लेकिन मैं नीड बेस्ड बनाना चाहता हूं कि आवश्यकता कहां–कहां है ? मैंने वह सारा सर्वे करवाया है। मेरे पास सारी रिपोर्ट है। ईवन इक्विपमैंट्स की रिपोर्ट है कि कहां ज्यादा कम्प्यूटर पर हाथ लगाने से हमें पता लगता है कि यहां दो चेयर्स हैं और वहां डैंटल डॉक्टर्ज नहीं हैं। यहां पर डॉक्टर्ज चाहिए। यह सारी एक्सरसाईज हम करने जा रहे हैं और जहां–जहां पर कमी होगी वहां हम खुद बनाएंगे। किसी मैंबर साहेबान को यहां आवाज नहीं उठानी पड़ेगी। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 491. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | चिरायु–आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पी.एम.– जे.ए.वाई) का लाभ नवंबर, 2022 में गरीबी रेखा से नीचे के सभी परिवारों | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | को प्रदान किया गया है, जिनकी परिवार पहचान पत्र में सत्यापित वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है। वर्तमान में, 45 लाख से अधिक परिवार आयुष्मान भारत के लाभार्थी हैं और 1.11 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। वर्ष 2022–23 में 2.67 लाख लाभार्थियों को 385 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी, जबकि वर्ष 2023–24 में अब तक 5.21 लाख से अधिक व्यक्तियों को 765 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मुझे यकीन है कि सरकार द्वारा उठाया गया कदम सभी गरीब परिवारों के साथ खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है और जरूरत के समय उनके स्वास्थ्य देखभाल खर्च को यह सरकार पूरा करेगी। | | |
| 492. | तारांकित प्रश्न संख्या 51 के संदर्भ में श्री राजेश नागर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– XXXX खेड़ी कलां में जो सी. एच.सी. है वहां पर डॉक्टर भी नहीं हैं और वहां पर कोई भी फैसिलिटी उपलब्ध नहीं है। ग्रेटर फरीदाबाद नया टाउन बस गया है,जिसके कारण वहां पर कई हजार नये फ्लैट्स बन गये हैं। वहां नये सैक्टहर डिवैल्पक हो गये हैं और कई कॉलोनियां भी डिवैल्प हो गई हैं। अगर दोबारा से इसकी मैपिंग करवाकर इस पर विचार करेंगे तो वहां के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। | 26.02.2024<br>XXXX मैंने इसकी मैपिंग करवा ली है अगर उसमें आता होगा तो हम कर देंगे। | | |
| 493. | अतारांकित प्रश्न 82 के संदर्भ में श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कालका, बरवाला, पिंजौर तथा रायपुररानी के सरकारी अस्पतालों द्वारा अग्नि सुरक्षा के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया है; यदि हां, तो उपरोक्त अस्पतालों के संबंध में अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदनों को आवेदित करने की तिथियां क्या हैं? | 26.02.2024<br>XXXX प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरवाला के लि, पहले ही अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। पॉलीक्लिनिक पिंजौर और सरकारी अस्पताल कालका में न, भवनों के निर्माण के बाद अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाएंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रायपुररानी के लिए अग्नि सुरद्वाा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का मामला प्रक्रियाधीन है। | | |
| 494. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 72 : क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) दादरी जिले के 30 जीर्ण–शीर्ण | 27.02.2024<br>(क) श्रीमान, चरखी दादरी जिले के सभी 29 जीर्ण–शीर्ण उप स्वास्थ्य केन्द्रों का पुननर्माण अगले वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | उप–स्वास्थ्य केंद्रों को कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है;<br>(ख) क्या दादरी शहर के नागरिक अस्पताल में किफायती दरों पर दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए एक जन औषधि केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना हैय<br>(ग) क्या यह तथ्य है कि दादरी जिला मुख्यालय में स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों की बढती संख्या को देखते हुए एक अतिरिक्त एक्स–रे मशीन की आवश्यकता है; यदि हां, तो उक्त अतिरिक्त एक्स–रे मशीन कब तक लगाए जाने की संभावना हैय<br>(घ) नागरिक अस्पताल, दादरी में सिटी स्कैन तथा एम.आर.आई. की सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है; तथा<br>(ङ) नागरिक अस्पताल, दादरी में ब्लड बैंक की सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है ? | (ख) जी हां, श्रीमान। इसके अगले वित्तीय वर्ष में पूरा होने की संभावना है।<br>(ग) जी नहीं, श्रीमान।<br>(घ) श्रीमान, पीपीपी मोड के माध्यम से सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन की सुविधा प्रदान करने के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है और इसे अगले वित्तीय वर्ष में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।<br>(ङ) XX | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**MEDICAL EDUCATION AND RESEARCH DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 20.02.2023 | | |
| 495. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | जिला करनाल के गांव कुटेल में स्वास्थ्य विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में 730 बिस्तरों के साथ सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल की सुविधा होगी। | उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की स्थापना करनाल जिले के गांव कुटैल में ग्राम पंचायत कुटैल की 144 एकड़ 2 मरला भूमि पर की जा रही है। मेसर्स ब्रिज एंड रूफ कंपनी (आई) लिमिटेड निष्पादन एजेंसी है और 12.12.2018 को कार्य सौंपा गया था। प्रारंभिक परियोजना लागत 761.51 करोड़ रुपये है और निजी वार्ड के निर्माण की लागत सहित 805.75 करोड़ रुपये की संशोधित लागत को सरकार और एसएफसी द्वारा अनुमोदित किया गया है व सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति ज्ञापन दिनांक 25.06.2024 द्वारा जारी की गई है। कमीशनिंग को छोड़कर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। विश्वविद्यालय में 750 बिस्तरों वाले सुपर–स्पेशलिटी अस्पताल की सुविधा होगी।<br><br>बायो–मेडिकल उपकरण और फर्नीचर की खरीद प्रक्रियाधीन है। 31.10.2023 को मेसर्स एचएससीसी को काम सौंपा गया है और 12.12.2023 को निष्पादन एजेंसी के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ई.ए. द्वारा रु. 138.00 करोड़ की राशि का टेंडर जारी किया गया है। उपकरणों की आपूर्ति जल्द शुरू होने की उम्मीद है।<br>कार्यदायी संस्था द्वारा सामान्य फर्नीचर लगाया गया है। छात्रावास के फर्नीचर की खरीद की मांग एचएमएससीएल को भेज दी गई है।<br>संकाय, कर्मचारियों के 3148 पदों के सृजन के प्रस्ताव को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और वित्त विभाग ने चरण–एक में 1535 पदों की भर्ती के लिए सहमति दे दी है। तदनुसार, विभाग द्वारा विभिन्न ग्रुप ए पदों (निदेशक, एमएस, संकाय सदस्यों और ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर सहित) और कई ग्रुप बी पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | (अंतिम तिथि 09.12.2024 है)। भर्ती प्रक्रिया जारी है.<br>निम्नलिखित सुपरस्पेशलिटी विभाग को प्रथम चरण के दौरान यूएचएस, कुटैल में चालू किया जा रहा है।<br>1. कार्डियोलॉजी<br>2. कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी<br>3. हेपेटोलॉजी सहित गैस्ट्रोएंटरोलॉजी<br>4. मूत्रविज्ञान<br>5. न्यूरोलॉजी<br>6. न्यूरोसर्जरी<br>7. मेडिकल ऑन्कोलॉजी<br>8. सर्जिकल ऑन्कोलॉजी<br>9. रेडियोथेरेपी<br>10. गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी<br>11. हेमोडायलिसिस यूनिट सहित नेफ्रोलॉजी<br>12. पल्मोनरी मेडिसिन और क्रिटिकल केयर<br>13. एंडोक्रिनोलॉजी | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | 14. प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न यूनिट<br>15. बाल चिकित्सा सर्जरी<br>16. क्लिनिकल हेमेटोलॉजी<br>17. रुमेटोलॉजी<br>18. प्रशामक देखभाल<br>19. अंग प्रत्यारोपण इकाई | |
| 496. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 20.02.2023<br>मेरी सरकार भिवानी, जींद, कैथल, यमुनानगर तथा नारनौल में सरकारी मेडिकल कॉलेज, नल्हड़, जिला नूंह में डेंटल कॉलेज, फरीदाबाद, रेवाड़ी, कैथल, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की प्रक्रिया में है। कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज, करनाल का विस्तार किया जा रहा है। पलवल, चरखी–दादरी, फतेहाबाद और पंचकूला में मेडिकल कॉलेजों की घोषणा से हर जिले में मेडिकल कॉलेज का प्रधानमंत्री जी का विजन हासिल किया जा सकेगा। | पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय भिवानीः–<br>राज्य सरकार भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की केंद्रीय प्रायोजित योजना "मौजूदा जिला अस्पताल को अपग्रेड करके मेडिकल कॉलेज की स्थापना" के प्रथम चरण के अंतर्गत भिवानी में 535.55 करोड रुपये की अनुमानित लागत से सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर रही है।<br>निर्माण कार्य मैसर्स ब्रिज एंड रूफ कंपनी (आई) लिमिटेड को दिया गया है तथा कमीशनिंग को छोड़कर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। डीएचबीवीएनएल द्वारा स्वतंत्र विद्युत फीडरों के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है तथा यूएचबीवीएन के पास 4.00 करोड़ रुपये की धनराशि जमा करा दी गई है।<br>दो उथले ट्यूबवेल और राइजिंग मेन की स्थापना के लिए पीएचईडी के पास 12,18,000 रुपये की राशि जमा की गई है। पीएचईडी द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22.01.2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | बायो–मेडिकल उपकरण और फर्नीचर की खरीद प्रक्रियाधीन है– 31.10.2023 को मेसर्स एचएससीसी को 75 करोड़ रुपये की राशि का काम दिया गया है और 12.12. 2023 को निष्पादन एजेंसी के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। 38.32 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। साइट पर चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति शुरू हो गई है।<br>फर्नीचर–छात्रावास के बिस्तरों को छोड़कर सामान्य फर्नीचर निष्पादन एजेंसी द्वारा स्थापित किया गया है।<br>इस कॉलेज को जल्द से जल्द क्रियाशील बनाने के लिए पीजीआईएमएस, रोहतक को इसके लिए सलाहकार संस्थान बनाया गया है। विभाग शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए 150 एमबीबीएस सीटों/प्रवेशों के लिए अनुमति पत्र (एलओपी) प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में है। सरकार द्वारा 27.02.2024 के आदेश के अनुसार संकाय/कर्मचारियों के कुल 1527 पद स्वीकृत हैं। विभाग पदों को भरने की प्रक्रिया में है। सरकार ने संस्थान को क्रियाशील बनाने के लिए कार्यवाहक निदेशक की नियुक्ति की है। कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा संविदा के आधार पर संकाय पदों की भर्ती के पहले चरण के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है और उन्हें | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | नियुक्ति पत्र जारी किए जा रहे हैं।<br>संत शिरोमणि धन्ना भगत जीर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, गांव हैबतपुर, जिला जींदः–<br>ग्राम पंचायत, गांव हैबतपुर, जिला जींद ने सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को 24 एकड 03 कनाल 03 मरला भूमि दीर्घावधि पट्टे पर दी है। हरियाणा राज्य सडक एवं पुल विकास निगम निष्पादन एजेंसी है। सरकार द्वारा 663.86 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (चरण–आईआर के लिए 524.23 करोड रुपये और चरण–II के लिए 139.63 करोड रुपये) को मंजूरी दे दी गई है। कार्य प्रगति पर है और 80ः कार्य पूरा हो चुका है। निष्पादन एजेंसी ने संशोधित रफ कॉस्ट एस्टीमेट प्रस्तुत किया है और कैबिनेट की उप–समिति ने 25.06.2024 को आयोजित अपनी बैठक के दौरान मौजूदा ठेकेदार की राशि को 560.00 करोड़ रुपये से बढाकर 703.00 करोड़ रुपये करने के समझौते के मामले को मंजूरी दे दी है। 1085.04 करोड़ रुपये की संशोधित रफ कॉस्ट एस्टीमेट की मंजूरी के संबंध में मामला प्रक्रियाधीन है।<br>सरकार द्वारा दिनांक 27.02.2024 के आदेश के अनुसार संकाय/कर्मचारियों के कुल 1527 पद स्वीकृत किए गए हैं। विभाग इन पदों को भरने की प्रक्रिया में है। सरकार ने संस्थान को क्रियाशील बनाने के लिए कार्यवाहक निदेशक की नियुक्ति की हैं।<br>भगवान परशुराम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, गांव सापंन | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

खेड़ी, जिला कैथलः–

राज्य सरकार द्वारा जिला कैथल में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय 20 एकड़, 06 मरला, ग्राम पंचायतगांव सापंन खेड़ी, जिला कैथल की भूमि पर स्थापित किया जा रहा है और 11.02.2021 को लीज डीड निष्पादित की गई। ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड को निष्पादन एजेंसी नियुक्त किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री ने 935.00 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को मंजूरी दी है और वित्त विभाग ने भी 12.12.2022 को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है निर्माण कार्य प्रगति पर है और 45 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह कार्य 31.03.2026 तक पूर्ण होने की संभावना है।



श्री गुरु तेग बहादुर साहब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय जिला यमुनानगरः–

राज्य सरकार द्वारा जिला यमुनानगर में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय 20 एकड़, 12 मरला, ग्राम पंचायतगांव पांजूपुर जिला यमुनानगर की भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। ग्राम पांजूपुर जिला यमुनानगर में उपलब्ध 20 एकड़ 12 मरला भूमि का पट्टा विलेख 29.12.2021 को निष्पादित किया गया था। ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड को परियोजना के लिए कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। विस्तृत परियोजना

रिपोर्ट की राशि रु. 1122.71 करोड़. माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 29.05.2022 को अनुमोदित कर दिया गया है तथा वित्त विभाग द्वारा दिनांक 12.12.2022 को डी0पी0आर0 को भी अनुमोदित कर दिया गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है और 45 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह कार्य 31.06.2026 तक पूर्ण होने की संभावना है।

महर्षि च्यवन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, ग्राम कोरियावास, तहसील नारनौल जिला महेंदरगढ़ः–

जिला नारनौल में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए ग्राम पंचायत कोरियावास ने चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को दीर्घकालिक पट्टे के आधार पर 76 एकड़ 02 कनाल 11 मरला भूमि दी है। निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) विभाग हरियाणा को दिया गया है और 598 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को स्थायी वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है और 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।



कार्यकारी एजेंसी यानी पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) विभाग, हरियाणा द्वारा प्रस्तुत 725.90 करोड़ रुपये की संशोधित लागत को मंत्रिमंडल की उप–समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है और 598.53 करोड़रुपये की मौजूदा प्रशासनिक स्वीकृति के मुकाबले 725.90 करोड़ रुपये की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति ज्ञापन दिनांक 11.12.2023 के तहत जारी की गई है। संशोधित लागत को वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित किया जाना बाकी है।

नहर आधारित जल कार्यों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

तथा PHED के पास 6.36 करोड़ रुपये की राशि जमा है। यह कार्य शीघ्र ही पूरा होने की संभावना है। 550 मिमी राइजिंग मेन तथा पंप हाउस बिछाने का कार्य प्रगति पर है तथा सिंचाई विभाग के पास 8.59 करोड़रुपये की राशि जमा है। यह कार्य शीघ्र ही पूरा होने की संभावना है। 220 के.वी. सब–स्टेशन, नारनौल से स्वतंत्र फीडर उपलब्ध कराने का अनुमान स्वीकृत हो चुका है तथा इस कार्य के निष्पादन के लिए LOI 31.01.2025 तक प्रदान किए जाने की संभावना है। DHBVNL के पास 11.06 करोड़ रुपये की राशि जमा है। 5 किलोमीटर लंबाई (200 टावर) वाले स्वतंत्र फीडर उपलब्ध कराने का कार्य 28.02.2025 तक पूरा होने की संभावना है।



चिकित्सा उपकरणों की खरीद का कार्य 31.10.2023 को मेसर्स एचएससीसी को सौंपा गया है और 12.12.2023 को कार्यकारी एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया है। स्थायी वित्त समिति–बी ने 22.08.2024 को 46.34 करोड़ रुपये की खरीद के लिऐं अपनी मंजूरी दे दी है। कार्यकारी एजेंसी ने एल–1 को अंतिम रूप दे दिया है और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। समझौता ज्ञापन के अनुसार 20 करोड़ रुपये की राशि का अग्रिम भुगतान किया गया है। संस्थान के लिए 28.70 करोड़रुपये की राशि के

सामान्य फर्नीचर की खरीद के संबंध में, मामला मंजूरी के लिए एसएफसी–बी को भेजा गया है। एसएफसी–बी की मीटिंग दिनांक 24.01.2025 को होनी तय हुई हैं। इसके लिए पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) विभाग द्वारा बहुत निविदा आमंत्रित कर लिये गए है।

सरकार द्वारा दिनांक 27.02.2024 के आदेश के अनुसार संकाय/कर्मचारियों के कुल 1527 पद स्वीकृत किए गए हैं। विभाग द्वारा पदों को भरने की प्रक्रिया चल रही है। सरकार ने संस्थान को क्रियाशील बनाने के लिए कार्यवाहक निदेशक की नियुक्ति की है। कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रियाधीन हैं।

शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नलहर, नूंह के परिसर में डेंटल कॉलेजः–



शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड़ के परिसर में डेंटल कॉलेज की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा 03.12.2015 को घोषणा संख्या 10752 के तहत की गई थी। डेंटल कॉलेज का कार्य 22.08.2019 को हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास प्राधिकरण, पंचकुला को आवंटित किया गया था।

निष्पादन एजेंसी ने काम के लिए कई बार टेंडर निकाला, लेकिन सिंगल बिड या अधिक रेट होने के कारण इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। राज्य सरकार द्वारा एचएसआर रेट के बजाय सीपीडब्ल्यूडी पीएआर पर काम कराने और सीपीएसयू के माध्यम से काम कराने का निर्णय लिया है। कार्य के निष्पादन के लिए मैसर्ज ब्रिज एंव रूफ कम्पनी को यह कार्य

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 11.11.2024 को आवटिंत किया गया है। कम्पनी द्वारा DPR बनाया जा रहा है और उसके अनुमोदन उपरान्त यह कार्य शुरू कर दिया जाएगा।<br>जिला फरीदाबाद, रेवाडी, कैथल, कुरूक्षेत्र और पंचकुला में छः सरकारी नर्सिंग कॉलेज :–<br>माननीय मुख्यमंत्री ने जिला फरीदाबाद, रेवाडी, कैथल, कुरूक्षेत्र और पंचकुला में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की थी। इन नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण का कार्य एचएसवीपी (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) को आवंटित किया गया है। डी0पी0आर0 की राशि रु0 194.30 करोड़ सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। नर्सिंग कॉलेजों की कार्य प्रगति सादातनगर, रेवाडी (88%), दयालपुर, फरीदाबाद–(90%), औरा, फरीदाबाद–(90%), धेरडू, कैथल–(87%), खेड़ीरामनगर, कुरूक्षेत्र–(89%) और खेड़ावाली, पिंजौर, पंचकुला–(90%)। संशोधित अनुमानित लागत 276.24 करोड़ रुपये (सिविल, इलेक्ट्रिकल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए 264.39 करोड़ रुपये, फर्नीचर की खरीद के लिए 8.10 करोड़ रुपये और प्रयोगशाला की खरीद के लिए 3.75 करोड़ रुपये) उपकरण को निगरानी एवं पर्यवेक्षी समिति और सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। स्थायी वित्त समिति | |
| | | | द्वारा भी इस संशोधित राशि की मंजूरी प्रदान की जा चुकी है HSVP द्वारा बाकी बचे हुए कार्य आवटिंत किए जा चुके है और प्रगति पर हैं। इन कार्यो के 31.05.2025 तक पूर्ण होने की सम्भावना है।<br>कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल–चरण–II:–<br>कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज करनाल में मरीजों की संख्या में वृद्धि, शैक्षणिक आवश्यकताओं और अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टरों की आवश्यकता में वृद्धि के कारण, चरण–द्वितीय के तहत कॉलेज और अस्पताल का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की राशि रु. 373.25 करोड़. 12.07.2021 को एस0एफ0सी0–सी0 द्वारा अनुमोदित किया गया था। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन को परियोजना की निष्पादन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया था और 25.10.2021 को निष्पादन एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। निष्पादन एजेंसी ने कई बार निविदाएं आमंत्रित की, लेकिन सिविल ठेकेदार का चयन नहीं हो सका। अब राज्य सरकार ने कार्य को दो भागों में निष्पादित करने का निर्णय लिया है।<br>* अस्पताल विस्तार से संबंधित कार्य के लिए CPSU की नियुक्ति के लिए CPWD (PAR) दरों पर बोलियां आमंत्रित की गई थी तथा यह कार्य मैसर्ज ब्रिज एंड रूफ कम्पनी को 24.06.2024 को आवंटित किया जा चुका है। कम्पनी द्वारा 405 | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | करोड़ रुपये का DPR प्रस्तुत किया गया था व इसका अनुमोदन सरकार के पास विचाराधीन है।<br>* आवासीय क्वार्टर / छात्रावास आदि से संबंधित कार्य हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के माध्यम से HSR दरों पर किया जाना है और यह कार्य हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 15.04.2023 को मैसर्स बालाजी ड्यूरोबिल्ड नई दिल्ली को सौंपा गया है तथा प्रगति पर है अभी तक 15 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।<br>राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पलवलः—<br>माननीय मुख्यमंत्री ने बजट सत्र 2022—23 के दौरान जिला पलवल में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की है। माननीय मुख्यमंत्री ने सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 47 एकड़ 01 कनाल 01 मरला ग्राम पंचायत पेलक भूमि को मंजूरी दे दी है। महानिदेशक, विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से लीज़ डीड आदेश जारी कर दिया गया है तथा लीज़ डीड 15.11.2024 को निष्पादित की जा चुकी है। परियोजना के निष्पादन हेतू सरकार द्वारा CPWD को इन—प्रिसिंपल अप्रूवल दी गई है। कार्य नोमीनेशन के आधार पर आंवटित किया गया है। MoU की शर्ते व नियम FD के अनुमोदन हेतू भेजी गई है।<br>राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चरखी दादरी :—<br>माननीय मुख्यमंत्री ने बजट सत्र 2022—23 के दौरान जिला चरखी दादरी में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की थी। माननीय मुख्यमंत्री ने गांव घसोला की 50 एकड़, 1 कनाल 5 मरला भूमि लेने के लिए उपायुक्त चरखी दादरी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जिला चरखी दादरी में सरकारी मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 33 वर्षों तक 1 रूपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष पट्टा विलेख 01.07.2024 को किया जा चुका है। यह कार्य भी CPWD को नोमीनेशन के आधार पर 03.09.2024 को आंवटित किया जा चुका है। MoU की शर्ते व नियम FD के अनुमोदन हेतू भेजी गई है।<br>राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय फतेहाबादः—<br>माननीय मुख्यमंत्री ने बजट सत्र 2022—23 के दौरान जिला फतेहाबाद में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की थी। इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री ने 03.02.2023 को फतेहाबाद के रसूलपुर गांव में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की है। विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा ने ग्राम पंचायत रसूलपुर की 32 एकड़, 7 कनाल, 12 मरला शामलात भूमि को 33 वर्षो के लिए 1 रुपये की दर पर विभाग को पट्टे पर देने के आदेश दिए हैं। मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए पट्टा विलेख दिनांक | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

16.02.2024 को निष्पादित की गई है। निष्पादन एजेंसी की नियुक्ति के लिए विभाग द्वारा आरएफपी अपलोड किया गया था। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 20.12.2023 थी। तीन फर्मों ने भाग लिया इसमे मैसर्ज ब्रिज एंड रूफ कम्पनी द्वारा सबसे कम रेट पर प्रस्तुत किये गये थे जिनका अनुमोदन अभी सरकार के पास विचाराधीन है।

घटनाओं का कालक्रम पताका 1 में दिया गया हैं।

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पंचकुलाः–

माननीय मुख्यमंत्री ने बजट सत्र 2022–23 के दौरान जिला पंचकुला में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की थी। राज्य सरकार ने पंचकुला के सेक्टर 32 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 30.40 एकड़ भूमि पर मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का निर्णय लिया है। उपरोक्त परियोजना के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। सीए एचएसवीपी से विभाग को एमओयू और डीपीआर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। दिनांक 15.01.2024 को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिलान्यास किया गया है। इस कार्य के निष्पादन हेतू मैसर्ज ब्रिज एंड रूफ कम्पनी को निर्धारित किया है व DPR बनाने की प्रक्रिया चल रही है।



497. श्री आफताब अहमद एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1–क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य में सभी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी है तथा रिक्त पड़े पदों की जिलेवार संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि शहीद हसन खान मेवाती चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों का विशेष मेवात भत्ता बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

(ग) क्या उक्त भत्ते को आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार को विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

21.02.2023

(क) *****

(ख) *****

(ग) हां महोदय, अभी तक यह भत्ता डॉक्टरों को दिया जा रहा था। अब यह भत्ता ग्रुप ए, बी, सी, डी के उन कर्मचारियों को देने का प्रस्ताव विचाराधीन है, जो मेवाल जिले में नहीं हैं।

बिन्दु क पर मांगी गई सूचना की जानकारी निम्नप्रकार से हैः–

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पी0जी0आई0 एम0एस0) रोहतक

| क0सं0 | श्रेणी | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्ग क | 870 | 507 | 363 |
| 2. | वर्ग ख | 169 | 82 | 87 |
| 3. | वर्ग ग | 2986 | 2118 | 868 |
| 4. | वर्ग घ | 1125 | 239 | 886 |
| 5. | कुल | 5150 | 2946 | 2204 |

नोटः– कुल 1294 जनशक्ति जिनमें 57 डाटा एन्ट्री ओपरेटर, 962 बीयरर और 275 विविध जनशक्ति को सविंदा आधार पर लिया गया है।

शहीद हसन खान मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज नल्हड़

| क0सं0 | श्रेणी | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्ग क | 354 | 159 | 195 |
| 2. | वर्ग ख | 47 | 16 | 31 |
| 3. | वर्ग ग | 634 | 270 | 364 |
| 4. | वर्ग घ | 27 | 02 | 25 |
| | कुल | 1062 | 447 | 615 |

कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज करनाल

| क0सं0 | श्रेणी | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्ग क | 178 | 101 | 77 |
| 2. | वर्ग ख | 41 | 15 | 26 |
| 3. | वर्ग ग | 524 | 277 | 247 |
| 4. | वर्ग घ | 22 | 01 | 21 |
| | कुल | 765 | 394 | 371 |

बी0पी0एस0 राजकीय मेडिकल कॉलेज, खानपुरकलॉ सोनीपत

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(3.7.2024)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| क्र0 सं0 | श्रेणी | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्ग क | 181 | 98 | 83 |
| 2. | वर्ग ख | 61 | 23 | 38 |
| 3. | वर्ग ग | 762 | 474 | 288 |
| 4. | वर्ग घ | 71 | 10 | 61 |
| | कुल | 1075 | 605 | 470 |

श्री अटल बिहारी वाजपेयी, राजकीय मेडिकल कॉलेज, छांयसा, फरीदाबाद

| क्र0 सं0 | श्रेणी | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्ग क | 212 | 38 | 174 |
| 2. | वर्ग ख | 58 | 0 | 58 |
| 3. | वर्ग ग | 637 | 124 | 513 |
| 4. | वर्ग घ | 84 | 0 | 84 |
| | कुल | 991 | 162 | 829 |

ख एवं ग

वर्तमान में सरकारी पत्र क्रमांक 28/71/2017–4HB-IV दिनांक 11.05.2023 के अनुसार 01.04.2023 से शहीद हसन खांन मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज नल्हड़, नूह में कार्यरत्त ग्रुप ए से डी के सभी नियमित कर्मचारियों को मेवात क्षेत्र भत्ता मूल वेतन का 10:. महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। पहले ये भत्ता केवल डॉक्टरों को दिया जाता था।



21.02.2023

498. तारांकित प्रश्न संख्या 1 के संदर्भ में श्री आफताब अहमद, एम.एल.ए द्वारा पूछा गया का अनुपूरक प्रश्न –सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि यह मैडीकल कॉलेज पहले से ही डॉक्टर्ज की कमी से बहुत बुरी तरह से जूझ रहा था और इसी वजह से वहां पर डॉक्टर्ज के लिए स्पैशल अलाऊंस का प्रॉविजन रखा गया था और वर्ष 2012 से डॉक्टर्ज और दूसरे स्टॉफ सदस्यों को यह स्पैशल अलाऊंस दिया जा रहा था लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि पिछले दो साल से उनको स्पैशल अलाऊंस देने के बारे में इस सरकार ने कोई फैसला नहीं किया जबकि माननीय मुख्यमंत्री जी जब 15 फरवरी, 2022 को नूंह में बैठक लेने के लिए गए थे तब मैंने अपने दोनों विधायक साथियों के साथ मिलकर उस समय दो ही मांग इनके समक्ष रखी थी कि एक तो वहां पर रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाये और दूसरी वहां के डॉक्टर्ज और दूसरे स्टॉफ को स्पेशल अलाऊंस दिया जाये।

अध्यक्ष जी, जिस तरह से ये भत्ते की बात कर रहे हैं इससे पहले यह भत्ता सिर्फ डॉक्टर्ज को ही मिलता था बाकी स्टॉफ को नहीं मिलता था। अब हमने जो परपोजल भेजी है उसमें ए, बी, सी और डी सभी कैटेगरीज को यह भत्ता मिलेगा। पहले अण्डर ग्रेजुएट डॉक्टर्ज को 25 हजार रूपये और पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर्ज को 35 हजार रूपये प्रति माह के हिसाब से एक्स्ट्रा इंसैंटिव मिलता था लेकिन अब हमने बेसिक पे का 10 परसैंट और प्लस डी.ए. यह प्रॉविजन बनाकर के माननीय मुख्यमंत्री जी से फाईल को एप्रूव करवा लिया है। अब यह मामला एफ.डी. के पास गया हुआ है। हमें उम्मीद है कि जल्दी ही यह काम हो जायेगा। दूसरी बात जहां तक स्टॉफ का सम्बन्ध है यहां पर स्टॉफ भर्ती करने के लिए हमने एच.पी. एस.सी. को भी केस भेजा हुआ है। उनके इंटरव्यूज भी हो गये हैं। हम कुछ असिसटैंट प्रोफैसर वगैरह लगा रहे हैं। हमने 187 असिसटैंट प्रोफसर की पोस्ट की रिक्वीजिशन भेजी हुई थी। अब 12 पोस्ट्स स्पैशिलियटीज की रिकमण्ड की हैं। इसी प्रकार से 21 पोस्ट्स असिसटैंट प्रोफसर्ज की रिकमण्ड की हैं। ये सभी पोस्टिंग होनी हैं। बाकी की जो

यह सूचित किया जाता है कि जहां तक डॉक्टर्ज की कमी का सम्बन्ध है, डॉक्टर्ज की कमी तो पूरे प्रदेश में है।

हरियाणा राज्य मे विभिन्न जी.एम.सी. में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए सरकार ने सरकारी मैडिकल, डैन्टल और नर्सिंग कॉलेजो में संविदा संकाय सदस्यों की नियुक्ति नीति, 2023 नामक एक निति तैयार की है जिस मंत्री परिषद की मंजूरी भी दी जा चुकी है और जल्द ही सरकार द्वारा इसे अधिसूसचित किया जायेगा। जब भी नीति अधिसूचित की जायेगी, राज्य के सभी जी.एम.सी. में विभिन्न सुपर–स्पेशियलिटी और व्यापक विशिष्टताओं में संकाय के रिक्त पदों पर एन.एम. सी. द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार अनुबंध के आधार पर तुरन्त भर्ती कर दी जायेगी।

वर्तमान में सरकारी पत्र क्रमांक 28/71/2017–4HB-IV दिनांक 11.05.2023 के अनुसार 01.04.2023 से शहीद हसन खांन मेवाती राजकीय

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(03.07.2024)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | उस समय मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि वे इसको करवायेंगे। अब फरवरी, 2023 आ गया है लेकिन अभी तक वहां पर रेडियोलॉजिस्ट तो कोई आया ही नहीं है उसकी तो कोई प्रक्रिया ही नहीं है लेकिन वहां पर जो स्पेशल अलाऊंस मिल रहा था उसके लिए भी सरकार ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया। मैं समझता हूं कि अगर मुख्यमंत्री के लैवल पर भी इस प्रकार की कार्यशैली है तो यह चिंता का विषय है। यह मैडीकल कॉलेज बर्बाद तो कर ही दिया है। सरकार का 1000 करोड़ रूपये बर्बाद तो हो ही गया है क्योंकि अब उसमें इलाज नहीं होता न उसमें ऑपरेशन होते हैं क्योंकि ओ. टी. बंद है। उसमें कोई दवाई भी नहीं मिलती। वह हॉस्पिटल केवल मात्र रैफरल हॉस्पिटल बनकर रह गया है। सर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि जब मैडीकल कॉलेज बनाये जाते हैं तो उनसे आम जनता को इलाज की सुविधा मिलती है। हर रोज सरकार द्वारा यह घोषणा की जाती है कि मैडीकल कॉलेज सब जगह बनाये जायेंगे लेकिन इस मामले में सरकार द्वारा बने बनाये मैडीकल कॉलेज को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। मैं दो बार वी. उमाशंकर जी से मिला क्योंकि वे उस बैठक में मौजूद थे। मैं उनको चिट्ठी देकर आया। हमेशा इस मामले को परश्यू करता हूं। सरकार अगर इस तरीके से कार्य करती है तो वह किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या हमारे इलाके से कोई द्वेष है? जो हमारा मैडीकल कॉलेज आम जनता की इतनी बड़ी सेवा कर रहा था उसको बंद कर दिया। सरकार ने इसमें कह दिया कि विचाराधीन है। अभी भी विचाराधीन है। इस समय भी सरकार के पास कोई ठोस जवाब नहीं है। मैं तो सरकार से यही कहना चाहूंगा कि अगर हमारे मैडीकल कॉलेज को चलाना सरकार के बस की बात नहीं है तो इसको बंद ही कर दिया जाये। मुख्यमंत्री जी से मिलकर हमने | 32 पोस्ट्स स्पैशियलिस्ट्स की हैं वे सिलैक्शन प्रोसीजर के अंदर चल रही हैं। जहां तक डॉक्टर्ज की कमी का सम्बन्ध है, डॉक्टर्ज की कमी तो पूरे प्रदेश में है। इसको पूरा करने के लिए हम स्टेट लैवल का एक कॉडर बना रहे हैं ताकि दूसरे मैडीकल कॉलेजिज से भी वहां पर स्टॉफ की नियुक्ति की जा सके। | मेडिकल कॉलेज नल्हड़, नूह में कार्यरत्त ग्रुप ए से डी के सभी नियमित कर्मचारियों को मेवात क्षेत्र भत्ता मूल वेतन का 10:. महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। पहले ये भत्ता केवल डॉक्टरों को दिया जाता था। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | यह बात उठाई थी उसके बावजूद भी अगर इस तरीके की कार्यशैली मुख्यमंत्री जी के लैवल पर है तो फिर हम क्या कह सकते हैं। मेरा यह भी कहना है कि वह मैडीकल कॉलेज हमारी लाईफलाईन है इसलिए हम उसके लिए हमेशा चिंतित रहते हैं और उसके सुचारू संचालन के लिए आपसे कहते रहते हैं लेकिन अगर इस तरह का रवैया है तो फिर इस मैडीकल कॉलेज को चलाकर रखने का कोई फायदा नहीं है, बेहतर रहेगा कि इसको बंद ही कर दिया जाये। | | | |
| 499. | श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 35—क्या चिकित्सा एवं अनुसंधान मंत्री कृपा बताएंगे कि—<br>(क) क्या खानपुर कलां में बी0 पी0 एस0 महिला चिकित्सा महाविधालय में कोई न्युरो—सर्जन ऑनकोलोजिस्ट तथा | 28.08.2023<br>(क) हां श्रीमान जी। सरकार द्वारा उक्त चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु प्रयास किए जा रहे है और आशा है कि उक्त पद यथाशीध्र भरे जाएंगे।<br>(ख) हां श्रीमान जी। | (क) संकाय की भर्ती के लिए सरकार ने 03.07.2024 को संविदा नीति अधिसूचित की है और भर्ती के पहले चरण के लिए 94 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है और उन्हें नियुक्ति | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22.01.2025) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः तथा<br>(ख) क्या उपरोक्त महाविधालय में एम0 सी0 आई0 नियमों के अनुसार चिकित्सकों तथा पैरा चिकित्सा अमले की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है। | | पत्र जारी किए जा रहे हैं।जल्द ही भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।<br>सीनियर/जूनियर रेजिडेंट्स डॉक्टरों की भर्ती के लिए निदेशकों को अपने स्तर पर साक्षात्कार आयोजित करने के लिए अधिकृत किया गया है और समय—समय पर संबंधित कॉलेजों में साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं।<br>(ख) पैरा चिकित्सा अमले की नियुक्ति करने हेतू मांग को पहले ही हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा जा चुका है एवं कुछ पदों (28 लैब—टैक्निशियन) 33 लिपीक, 02 हेल्थ एजुकेटेर पर नियुक्ति भी की जा चुकी है। नर्सिंग स्टाफ में कुल 355 पद स्वीकृत है जिसमें से 296 पद भरे हुए है।<br>भगत फूल सिंह महिला महाविद्यालय खानपुर मैडिकल कॉलेज, सोनीपत।<br>खानपुर संस्थान में पीने के पानी की कोई कमी नहीं हैं। एक अतिरिक्त बोरवल की स्थापना जुलाई | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 2024 में कर दी गई है। पूरे संस्थान में 49 वाटर कूलर है व अक्तूबर, नवम्बर 2024 में 12 वाटर कूलर प्योरीफायर के साथ स्थापित किए गए है।<br><br>खानपुर संस्थान में लिफट की संख्या 49 है जिसमें 28 लिफटें चालू हालत में है। बाकी लिफटों की रख–रखाव सम्बन्धित प्रक्रिया प्रगति पर है और बिलडिंग के रखरखाव का कार्य भी सूचारु रुप से चल रहा है।<br><br>X-Ray and USG की सेवाएं लगातार सूचारु रुप से चल रही है। फिलहाल Emergency X-Ray, CT, MRI जैसी Radiology Services तथा MLCs सेवाएं 24X7 चल रही है। संस्थान में 600 mA X-Ray मशीन 01 (working), 300 mA X-Ray मशीन-01 (working), 300 mA portable X-Ray मशीन. 01 (working), 150 mA portable X-Ray मशीन-01 (working),) तथा 04 USG मशीन सूचारु रुप से कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त एक 500 mA X-Ray मशीन को खरीदनें की प्रक्रिया तथा एक 100 mA portable X-Ray मशीन को install करने की प्रक्रिया चल रही हैं। संस्थान में 320 जव 400 X-Ray तथा 100 to 120 USG रोज हो रहे है।<br><br>सभी Lecture Theatreds AC कार्य कर रहें है और आप्रेशन थियेटर मे 6 नए Split AC लगवा दिए गए है। इसके अतिरिक्त संस्थान में सैन्ट्रलाईज्ड वातानुकुलित यन्त्र भी लगा हुआ हैं। आप्रेशन थियेटर में Hot Water Generator का प्रयोग किया जाएगा। HVAC Plant के कार्य हेतु AMC/CMC संबधित प्रक्रिया प्रगति पर है।<br><br>वर्तमान समय में सभी पंखे चालू अवस्था में है और समयानुसार पंखो की सर्विसिज भी करवाई जा रही है खानपूर कंला संस्थान में कुल 2600 पखें है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नलहर, नूंह<br>शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड़ में इस समय 500 एमए एक्सरे की दो मशीन तथा 9 पोर्टेबल एक्सरे मशीन कार्य कर रही है, जिन से लगातार मरीजो के एक्सरे किये जा रहे है। इस समय प्रतिदिन लगभग 246 एक्सरे किये जा रहें है तथा पिछले वर्ष 2024 में कुल 85407 एक्सरे किये गये।<br>अल्ट्रासाउण्ड के सम्बन्ध अवगत करवाया जाता है कि काफी बार रेडियोलोजिस्ट की नियुक्ति हेतु विज्ञापन किये गये थे परन्तु किसी भी रेडियोलोजिस्ट ने आवेदन नही किया जिसके कारण रेडियोलोजिस्ट का पद खाली है तथा रेडियोलोजिस्ट ना होने के कारण अल्ट्रासाउण्ड नही हो पा रहे है। यहा ये भी सुचित किया जाता है कि गायनी विभाग तथा मुख्य आपरेशन थियेटर में मरीजो की जरूरत के अनुसार अल्ट्रासाउण्ड किये जाते है तथा पिछले वर्ष 2024 में कुल 720 अल्ट्रासाउण्ड किये गये थे। अब इस संस्थान द्वारा पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड शुरू करने हेतु टैण्डर निकाला गया है। यदि पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा शुरू हो जाती है तो जल्द ही इस संस्थान में मरीजो को अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा मिलनी शुरू हो जायेगी।<br>आपरेशन थियेटर पूर्ण रूप से कार्यरत है तथा सभी प्रकार के आपरेशन नियमित किये जा रहे हैं। इस संस्थान में पहले से चल रहे आपरेशन थियेटर के अलावा दो नये आपरेशन थियेटर हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा तैयार करवाकर शुरू किये जा चुके है। संस्थान में मरीजो की ई0सी0जी0 नियमित रूप से की जा रही तथा ई0सी0जी0 रोल उचित मात्रा में उपलब्ध है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 500. | राव चिरंजीव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्नच संख्या 7:—क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृप्या बताएंगे कि:—<br>(क) क्या जिला रेवाड़ी में एम्स का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त एम्स के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इस सम्बंध में कितनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है? | 15.12.2023<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) हरियाणा सरकार ने एम्स, रेवाड़ी के निर्माण के लिए 203 एकड़ 3 कनाल 5 मरला भूमि 40 लाख प्रति एकड़ की दर से खरीद की है और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को पट्टे पर दी जा चुकी है। एच.एल.एल. इंफ्रा टेक सर्विसेज लिमिटेड (एच.आई.टी.ई.एस.)को निर्माण स्थल पर पूर्व—निवेश गतिविधियों के लिए 28.11.2022 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया गया है। निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ होने की संभावना है। XX अध्यक्ष महोदय, यह जो एम्स बनाने का काम है। यह पूरी तरह से केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है और जैसा कि मैंने बताया कि इसकी सारी प्रक्रिया आरम्भ होने जा रही है। एम्स का जल्दी ही शिलान्यारस किया जायेगा। | | 756 |
| 501. | श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 11:—क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृप्या बताएंगे कि:—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि सफीदों में नर्सिंग महाविद्यालय की आधारशाला चार वर्ष पहले रखी गई है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए की संभावना है ? | 15.12.2023<br>(क) हाँ श्रीमान जी माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 11—02—2019 को शिलान्यास किया गया था।<br>(ख) दिनांक 24.05.2021 को सफीदों जींद में सरकारी नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के लिए हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.) परामर्श मूल्यांकनऔर निगरानी समिति द्वारा अनुमोदित है और डी.पी.आर. सरकार द्वारा अनुमोदन के लिए प्रक्रियाधीन है। इसके बाद कार्यकारी एजेंसी द्वारा ठेकेदार की नियुक्ति के लिए निविदाएं जारी की जाएंगी और निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। | | 757 |
| 502. | श्री प्रवीण डागर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न् संख्या 37:—<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री कृप्या बताएंगे कि:—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बजट सत्र 2022 में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पलवल में | 15.12.2023<br>(क) हाँ, श्रीमान जी।<br>(ख) हाँ, श्रीमान जी। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय पलवल की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | एक चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण करने की घोषणा की गई थी;<br>(ख) क्या उक्त चिकित्सा संस्थान के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कोई स्थान निश्चित किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) उक्त चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए बजट कब तक जारी किए जाने की संभावना है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है? | पेलक की 47 एकड़ 01 कनाल 01 मरला भूमि का चयन किया गया है।<br>(ग) परियोजना के निष्पादन के लिए जल्द ही कार्यकारी एंजेसी नियुक्त की जाएगी और तदानुसार बजट प्रावधान किया जाएगा। | | |
| 503. | श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्नं संख्या 67:–<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री कृप्या बताएंगे कि यमुनानगर में प्रस्तावित श्री गुरू तेग बहादुर साहिब चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 18.12.23<br>श्री गुरू तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य गांव पंजूपुरा जिला यमुनानगर में कार्यकारी एजेंसी यानी ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा शुरू कर दिया गया है और इसे अनुबंध के अनुसार 30 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। | | |
| 504. | मुख्यजमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 15.12.2023 और 18.12.2023 को सदन में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर जबाव देते समय– | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, एक विषय श्री सोमवीर सांगवान, माननीय सदस्य ने चरखी दादरी के मैडिकल कॉलेज के बारे में कहा था। वर्ष 2015 में हमने घोषणा की थी कि हर जिले में कम से कम एक सरकारी अथवा प्राइवेट मैडिकल कॉलेज जरूर हो। इस घोषणा को हम अपने कार्यकाल में पूरा करेंगे और इस विषय को आगे बढ़ायेंगे। पिछले डेढ़ या दो साल पहले केवल चार जिले इस संबंध में बचे थे उसमें पलवल, चरखी दादरी, फतेहाबाद और कैथल था। इनमें से कैथल का मैडिकल कॉलेज का शिलान्यास हो चुका है। जमीन सब जगह चयनित हो गई है। आखिर में चरखी दादरी जिला बचा था और चरखी दादरी की भी मेरे पास दो दिन पहले फाइल आई थी और गांव घसोला की जमीन को मैडिकल कॉलेज के लिये उपयुक्ति माना गया है। उसको स्वीकृति देते हुए निर्णय ले लिया गया है कि वहां मैडिकल कॉलेज बनेगा। अध्यक्ष महोदय, संबंधित जिलों में मैडिकल कॉलेज के लिये जमीनें फिक्सल हो गई हैं लेकिन तीन जिलों में मैडिकल कॉलेज का शिलान्यास बाकी है। बहुत ही जल्दी उनके शिलान्यास करने के बाद प्रशासनिक स्वीकृति आदि की सारी औपचारिकताएं पूरी कर लेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 18.12.23 | | |
| 505. | मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 15.12.2023 और 18.12.2023 को सदन में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर जबाव देते समय– | अध्यक्ष महोदय, अभी–अभी चार रेगुलर डॉयरेक्टर लगाये हैं और नलहड़, रोहतक, करनाल, खानपुर में मैडिकल कॉलेज में भी रेगुलर डॉयरेक्टर लग चुके हैं। हम बहुत तेजी के साथ काम कर रहे हैं और जनहित में काम कर रहे हैं। जनहित में सारी योजनाएं बना रहे हैं, इन योजनाओं का भविष्य क्या होगा इसकी भी हम निरंतर मॉनिटरिंग करते हैं। वर्तमान में किसी भी कमी को छोड़ते नहीं है। अध्यक्ष महोदय, फिर भी जो समस्याएं विपक्ष ने बताई हैं अर्थात् कुछ डिमाण्ड्स रखी हैं हमारा प्रयास रहेगा कि इन डिमाण्ड्स को इस समय में पूरा कर दें या फिर उनको फाइनल बजट के रखते समय पूरा करेंगे। समाज के अंदर कोई भी समस्या को नहीं रहने देंगे। | | |
| | | 18.12.23 | | |
| 506. | मुख्यमंत्री द्वारा शून्यकाल में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों का जवाब | ऐसे ही एक अटेली कॉलेज के ऑडिटोरियम का विषय माननीय सदस्य श्री सीताराम यादव जी ने रखा है। इसके लिए 8 जनवरी, 2019 को 6.70 करोड़ रूपये की राशि जारी कर दी गयी है। इसके निर्माण का 36 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और 30 अप्रैल, 2024 तक यह कार्य पूरा हो जाएगा। फिरोजपूर झिरका के हॉस्पीटल में सी.आर. मशीन के बारे में एक शिकायत माननीय सदस्ये श्री मामन खान जी ने की है। इसमें भी सी.आर. मशीन की खरीद हेतु इन्डैंट हरियाणा मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटिड के पास भेजा जा चुका है। इसकी खरीद की प्रक्रिया हाई पॉवर परचेज कमेटी के समक्ष पूरी हो गयी है और बहुत जल्दी स्वास्थ्य संस्थार संबंधित मशीन को खरीदकर वहां पर उपलब्ध करवा देगी। इसके अतिरिक्त माननीय सदस्य श्री नरेन्द्र गुप्ता जी ने बल्लगभगढ़ से संबंधित विषय रखा है। इसमें भी दो जानकारियां हैं। सैक्टर–2 बल्लभगढ़ में एक पॉलिक्लीनिक का निर्माण एच.एस.वी.पी. द्वारा करवाया जा रहा है। इस पर 7.13 करोड़ रूपये की लागत आएगी और उसका फाउंडेशन का काम चल रहा है। सैक्टर–7 फरीदाबाद में सी.एम.ओ. कार्यालय के निर्माण के लिए 41.79 करोड़ रूपये का एस्टीमेट्स तैयार किया जा चुका है और निर्माण कार्य जल्दी शुरू हो जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | इसके अतिरिक्त माननीय सदस्य श्री चिरंजीव राव जी ने विषय रखा था कि रेवाड़ी में 200 बिस्तर का हॉस्पिटल बनाया जाए। वहां पर 150 बिस्तर का हॉस्पिटल बना हुआ है और 200 बिस्तवर के हॉस्पिटल के रूप में स्वीजकृति प्रदान की जा चुकी है। जगह के अभाव के कारण वर्तमान हॉस्पिटल परिसर में अन्य 50 बिस्तजर के विस्तार की गुंजाइश नहीं है, इसलिए गोकलगढ़ गांव में 50 बिस्तर परिसर के निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन की पहचान कर ली गयी है। जल्द ही पंचायत के साथ मिलकर आगामी कार्यवाही कर ली जाएगी। | | |
| | | 20.02.2024 | | |
| 507. | राज्यपाल अभिभाषण | माननीय सभासदो! मेरी सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए एलोपैथी के साथ–साथ प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को भी बढ़ावा दे रही है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का हमारा संकल्प पूरा हो गया है। इस समय प्रदेश में 15 | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | मेडिकल कॉलेज कार्यात्मक हैं और 11 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों का कार्य प्रगति पर है। जिला करनाल के कुटैल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का कार्य शीघ्र पूरा होने वाला है। | | |
| | | 20.02.2024 | | |
| 508. | ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सूचना संख्या –13 के संदर्भ में श्री अनिल विज, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री व उप मुख्यमंत्री द्वारा रेवाड़ी एम्स के संबंध में दी गई सूचना से संबंधित। | *** एम्स की स्थापना 1646 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत पर की जा रही है और इसमें 1221 करोड़ रुपये की निर्माण लागत भी शामिल है। एम्स के नवंबर, 2025 तक चालू होने की उम्मीद है।*** इस AIIMS का नवम्बर, 2025 का समय दिया हुआ है।***<br>*** अध्यक्ष महोदय, 2 फेसिज का यह AIIMS का प्रोजैक्ट है। माननीय सदस्य किसी भी बात की चिंता ना करे। नवम्बर, 2025 से वहां मैडिकल व्यवस्था शुरू हो जायेगी। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 509. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | XX शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ में निवारक स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना प्रक्रियाधीन है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 510. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>वर्ष 2023–24 में पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक द्वारा किडनी प्रत्यारोपण कार्यक्रम शुरू किया गया है और शीघ्र ही लीवर प्रत्यारोपण कार्यक्रम भी षुरू किया जाएगा, जिसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इससे अंग प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हरियाणा के मरीजों को लाभ होगा। | | |
| 511. | तारांकित प्रश्न संख्या 44 के संदर्भ में श्री घनश्याम सर्राफ द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– XXXX जो पुराना नर्सिंग हॉस्टल है वह बहुत जर्जर हालत में है इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि कब तक ठीक करवा दिया जायेगा? | 26.02.2024<br>XXXX हम पुराने वाले को भी दिखवा देंगे। वैसे तो मेडिकल कॉलेज में नया हॉस्टतल बन कर तैयार हो गया है जल्दीद ही हम नर्सों को उसमें ऐडजस्ट कर देंगे। इनकी यह समस्या समाप्त हो जायेगी। | | |
| 512. | तारांकित तारांकित प्रश्न संख्या 44 के संदर्भ में श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि ये नर्सिज नये हॉस्टल में कब तक ऐडजस्ट हो जायेंगी? | 26.02.2024<br>XXXX वह हॉस्टल बन कर तैयार हो गया है तो उसके लिए समय–सीमा क्या बतानी है, हम उनको इस नये हॉस्टल में एडजस्ट कर देंगे। | | |
| 513. | तारांकित प्रश्न 56 के संदर्भ में श्री सोमबीर द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है? | 26.02.2024<br>XXXX राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु ग्राम घसोला में 50 एकड़ 1 कनाल 5 मरला भूमि ग्राम पंचायत से लीज पर ली जा रही है। लीज डीड के निष्पादन के तुरंत बाद कार्यकारी एजेंसी नियुक्त की जाएगी। | | |
| 514. | श्री घनश्याम सर्राफ, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 82 : क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भिवानी के चिकित्सा महाविद्यालय के कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है? | 28.02.2024<br>महोदय, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के अधीन/उपरांत मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक सत्र 2024–25 में शुरू होने की सम्भावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 515. | तारांकित प्रश्नि संख्यास 82 के संदर्भ में श्री घनश्यामि सर्राफ, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से प्रश्न। है कि यह डिपार्टमैंटवाइज कब शुरू हो जाएगा क्योंकि अभी तक इसका कोई आंसर नहीं आया है ? | 28.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने डिपार्टमैंटवाइज नहीं बल्कि कॉलेज के शुरू होने के बारे में प्रश्न, पूछा था। मैडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया की मन्जूरी के बाद हम इसमें ऐडमिशन शुरू कर देंगे। इसके बाद क्लासिज शुरू हो जाएंगी। अभी यह अस्पमताल अटैच्ड है। | | |
| 516. | श्री लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 87: क्या चिकित्सा शिक्षा एवम् अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नर्सिंग महाविद्यालय, सादत नगर में नए स्त्र से कक्षाएं आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | 28.02.2024<br>श्रीमान जी, राजकीय नर्सिंग कालेज सादत नगर, रेवाडी अभी निर्माणाधीन है और निर्माण कार्य 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य पूर्ण होने एवं कालेज भवन चिकित्सा शिक्षा एवम् अनुसंधान विभाग को हस्तांतरित होने उपरांत कक्षांए शुरू कर दी जाएंगी। | | |
| 517. | तारांकित प्रश्न संख्या 87 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः स्पीकर सर, पहले तो मैं माननीय मुख्ययमंत्री जी का धन्यवाद करूंगा क्योकि पांच करोड़ रूपये का सादत नगर कोसली विधान सभा में निर्सिंग कॉलेज बनाने का वर्ष 2022–23 में बजट पास किया था। इसकी कम्पलीशन 31.03.2023 को होनी थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी इसका अभी तक 88 परसैंट काम ही कम्पलीट हो पाया है। नई क्लॉसिज जुलाई–अगस्त में लगने वाली हैं। अभी 6 महीने का समय बाकी है। 88 परसैंट काम हो गया है। मैं तो माननीय मंत्री जी से यही पूछना चाहता हूं कि इस भवन के निर्माण में देरी क्यों हुई? क्याा इस डिले के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर कोई जुर्माना लगाया? डिले के बावजूद भी अभी 12 परसैंट काम बाकी बच रहा है। अभी 6 महीने बचे हैं। मेरा तो प्रश्न यही था कि क्याा इस नर्सिंग कॉलेज में एडमिशन की जायेगी या नहीं? | 28.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, मैं यही कहना चाहूंगा कि हम तो क्लायईंट पार्टी हैं। हम तो पैसा दे देते हैं कोई न कोई एजेंसी ही किसी भवन का निर्माण कार्य करती है। ये कह रहे हैं इसलिए हम उनसे जरूर पूछेंगे कि ये इतना डिले क्यों। हुआ? मैं यह तो नहीं कह सकता कि इस साल से वहां पर क्लॉ सिज शुरू हो सकती हैं क्योंकि अभी 88 परसैंट काम हुआ है बाकी 12 परसैंट काम और होगा। फिर फर्नीचर लगेगा। उसके बाद ही इस नर्सिंग कालेज को शुरू कर पायेंगे। स्पीकर सर, हम नर्सिंग कॉलेजिज की तरफ काफी ध्यान दे रहे हैं। ***** मैंने नर्सिंग की पॉलिसी बनाई है कि कम से कम 100 बैड का एन.ए.बी.एच. एक्रेडिटेड हॉस्पिटल होना चाहिए या वो सरकार हॉस्पिटल के साथ अटैच्डग होना चाहिए। मैंने यह भी कहा है कि भविष्य में हम जितने भी मैडीकल कॉलेजिज बनायें उनमें नर्सिंग कॉलेज भी बनायें। ***** हम तो चाहते हैं कि इस नर्सिंग कॉलेज की बिल्डिंग जल्दी से जल्दी कम्पलीट हो जाये। ***** मैं तो खुद चाहता हूं कि वहां पर जल्दी से जल्दी क्लाासिज शुरू हो जायें। मैं इस दिशा में जरूर कार्य करूंगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**AYUSH DEPARTMENT**

*Note :*—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 04.03.2022 | | |
| 518. | श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 706 क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि युनानी चिकित्सा महाविद्यालय, अकेरा (नुंह) में कक्षाएं कब तक शुरू किये जाने की संभावना है? | श्रीमान जी, राजकीय युनानी चिकित्सा हस्पताल एवं महाविद्यालय, अकेड़ा का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है और कार्य प्रगति पर है। इसके फरवरी, 2023 तक पूर्ण होने की संभावना है। XX इस दौरान यूनानी हस्पताल के लिए पदों के सृजन एवं स्वीकृति का मामला सरकार के विचाराधीन है। | राजकीय युनानी चिकित्सा हस्पताल एवं महाविद्यालय के भवन निर्माण के कार्य का संचालन कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं संडक) नूहं द्वारा किया जा रहा है। कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं संडक) नूहं ने उक्त कार्य की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया है कि प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, स्वास्थ्य एंव आयुष विभाग चंडीगढ के पत्र क्रमांक 21/27/2016/एच0बी02 दिनांक 29.01.2018 के द्वारा रू0 4543.81 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति आयुष मिशन के अन्तर्गत जारी की गई है।<br>यह कार्य मैसर्स गर्ग एंड कम्पनी को एस0ई0 गुरूग्राम के कार्यालय पत्र संख्या 47916/बी दिनांक 07.03.2019 के तहत 24 महीने की समय सीमा के साथ 2393.29 लाख रू0 की राशि के लिए आवंटित किया गया था। कार्य प्रारम्भ करने की निर्धारित तिथि 28.03.2019 तथा पूर्ण होने की निर्धारित तिथि 27.03.2021 थी। अब तक केवल 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।<br>इस परियोजना पर ठेकेदार द्वारा एक वर्ष से अधिक समय से काम बंद कर दिया गया है। एक्स0ई0एप, पी0डब्ल्यू0, नूहं व उनके कर्मचारी बार बार एजेंसी से काम शुरू करने की गुहार लगा चुके है, लेकिन एजेंसी ने काम शुरू नही किया। बाद में समय सीमा समाप्प होने के कारण कार्यकारी अभियंता, प्रांतीय प्रभाग, पी0डब्ल्यू0डी0 (बी0 एण्ड आर0) शाखा नूहं ने पत्र क्रमांक 1313 दिनांक 28.01.2022 द्वारा 239.33 लाख रू0 की राशि के लिए 10 प्रतिशत एल0डी0 लगाया गया था और उसके बाद एस0ई0 गुरूग्राम के पत्र क्रमांक 1317 दिनांक 09.02.2022 द्वारा कार्य पुनः प्रारम्भ करने बाबत एजेंसी को अंतिम नोटिस जारी किया गया। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18.12.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | एजेंसी कार्य प्रारम्भ करने के लिए तैयार थी एवं मुख्यालय द्वारा दिनांक 01.06.2022 को दिनांक 31.12.2022 तक का संशोधित समय विस्तार प्रदान किया गया था। एजेंसी द्वारा कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित किया गया था, लेकिन काम शुरू नही किया गया। एजेंसी द्वारा दिनांक 22.02.2022 को Arbitration case दायर किया जिसकी आगामी तिथि 21.12.2024 है।<br>महानिदेशक आयुष विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 16.12.2024 को हुई बैठक में मुख्य अभियंता पी0डब्ल्यू0डी0 (बी0 एण्ड आर0) द्वारा बताया गया कि गर्ग एण्ड गर्ग कम्पनी (ब्वदजतंजवत) को टैंडर समाप्ति के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है ताकि इस संस्थान के बचे हुए निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतू पुनः टैंडर किया जा सके।<br>जैसे ही कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं संडक) नूहं द्वारा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करके आयुष विभाग को सौंप दिया जाएगा कक्षाएं शुरू करने की प्रक्रिया तुरन्त शुरू की जाएंगी। | |
| 519. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 103 से निकाला गया आश्वासन। | 08.03.2022<br>दिव्यांगों को स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और स्वास्थ्य देखभाल खर्च को पूरा करने में सहायता की आवश्यकता है। मैं प्रस्ताव करता हूँ कि 70 प्रतिशत या उससे अधिक की विकलांगता वाले सभी दिव्यांगों, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपये या उससे कम है, को आयुष्मान भारत के माध्यम से पूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार ऐसे मामलों में अपने संसाधनों से खर्च वहन करेगी, जहां आयुष्मान भारत के सामान्य दिशा–निर्देशों में चिकित्सा सहायता प्रदान करने का प्रावधान नहीं है। | 70 प्रतिशत और उससे ज्यादा विकलांगता वाले और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख से कम है, सभी दिव्यांग को आयुष्मान भारत योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग को डेटा सांझा करने और आवश्यक अनुमोदन लेने के लिए पत्र क्रमांक 4161 दिनांक 11.11.2022, पत्र क्रमांक 4232 दिनांक 16.11.2022 एवं पत्र क्रमांक 4601 दिनांक 13.12.2022 द्वारा पहले से ही पत्र व्यवहार किया जा चुका है।<br>सचिव, सी.आर.आई.डी. को भी 70 प्रतिशत और उससे ज्यादा विकलांगता | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18.12.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | वाले और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख से कम है, का अपेक्षित डेटा सांझा करने के लिए पत्र क्रमांक 1154 दिनांक 17.02.2023 भेजा जा चुका है ताकि मामले को आवश्यक कार्यवाही के लिए एन.एच.ए. के साथ विचार–विमर्श किया जा सके।<br>आश्वासन के समय, 70 प्रतिशत और उससे ज्यादा विकलांगता वालों का डेटा स्वावलबन/यू.डी.आई.डी. पोर्टल पर उपलब्ध नहीं था। घोषणा/आश्वासन के बाद, स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्तमान में 85 से 90 प्रतिशत विकलांगता का डेटा स्वावलंबन/यू.डी.आई.डी. पोर्टल पर अंकिकृत किया जा चुका है।<br>दिनांक 05.10.2023 को 03.00 बजे सी.पी.एस.सी.एम., हरियाणा की | |
| | | | अध्यक्षता में आयोजित बैठक के निर्णय अनुसार पीएससीएम द्वारा यह सूचित किया गया कि पीपीपी आईडी के साथ जोड़ा हुआ दिव्यांग लाभार्थियों का डेटा सी.आर.आई.डी. विभाग द्वारा राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण/राष्ट्रीय प्राणिकरण (एस.एच.ए/एन.एच.ए.) को प्रदान किया जाएगा।<br>तदनुसार, 70 प्रतिशत और उससे ज्यादा विकलांगता वाले विकलांग और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख से कम है, का अपेक्षित डेटा एस.एच.ए./एन.एच.ए. को प्रदान करने के लिए सी.आर.आई.डी. को पत्र क्रमांक 4959 दिनांक 26.10.23 द्वारा अनुरोध किया गया ताकि मामले को आवश्यक कार्रवाई के लिए एन.एच.ए. के साथ विचार–विमर्श किया जा सके।<br>सी.आर.आई.डी. को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए 10 दिन के अन्दर डेटा प्रदान करने के लिए अनुरोध किया जायेगा। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 20.02.2024 | | |
| 520. | राज्यपाल अभिभाषण | कुरुक्षेत्र में स्थापित देश के पहले श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय में 14 विषयों में 82 सीटों पर आयुर्वेद में एम.डी. पाठ्यक्रम शुरू हो चुका है। पंचकूला में लगभग 270.54 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे 250 बिस्तर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में ओ.पी.डी. शुरू हो चुकी है। इसमें 100 आयुर्वेद बिस्तर और 150 प्राकृतिक चिकित्सा बिस्तर होंगे। | | |
| | | 20.02.2024 | | |
| 521. | राज्यपाल अभिभाषण | सरकारी कर्मचारी मेरी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रशंसनीय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी समस्याओं के निदान के लिए मेरी सरकार हमेशा तत्पर रहती है। सरकार ने कर्मचारियों को पदोन्नति के समान अवसर प्रदान करने के लिए ग्रुप–डी का कॉमन कैडर बनाने का काम किया है। राज्य सरकार ने 01 जनवरी, 2024 से सभी कर्मचारियों के लिए व्यापक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा योजना शुरू लागू कर दी है। अब इस योजना का विस्तार राज्य के सभी विभागों के सरकारी कर्मचारियों तक कर दिया गया है। आयुष चिकित्सा प्रतिपूर्ति नीति के तहत सरकारी कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों को आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इलाज करवाने पर होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति का लाभ प्रदान किया जाएगा। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 522. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | माननीय अध्यक्ष महोदय! आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से हम स्वास्थ्य देखभाल के दृष्टिकोण को इलाज की अपेक्षा रोगों की रोकथाम की ओर केन्द्रित करना चाहते हैं। इसके लिए वर्ष 2024–25 में योगशालाओं सहित 500 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 523. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | पंचकुला में श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा प्रदान की गई भूमि पर स्थापित होने वाले राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने हाल ही में बाह्य रोगी देखभाल (ओ.पी.डी.) शुरू की है। इस संस्थान का निर्माण वर्ष 2024–25 में पूरा होने की उम्मीद है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 13.11.2024 | | |
| 524. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | किसी भी समाज की प्रगति उसके सदस्यों के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। इसलिए मेरी सरकार हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने का काम कर रही है। हरियाणा राज्य ने अपने सभी नागरिकों जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये तक है को 'चिरायु आयुष्मान–भारत योजना' के तहत पांच लाख रुपये वार्षिक तक की मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की है। साथ ही, चिरायु योजना के विस्तार के अंतर्गत राज्य के सभी परिवार जिनकी वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये से तीन लाख रुपये तक है, उन्हें पन्द्रह सौ रुपये के वार्षिक अंशदान पर इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। अब चिरायु योजना के तहत मुफ्त इलाज की सीमा को बढ़ाकर दस लाख रुपये वार्षिक किया जाएगा। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**URBAN LOCAL BODIES DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 525. | तारांकित प्रश्न संख्या 1197 के संदर्भ में श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न हमारे गुरूग्राम के लिये महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि हमारे यहां पर वॉटर लोगिंग की बहुत भारी समस्या है। पूरे देश को इस बात का पता है कि थोडी सी ही बरसात में गुरूग्राम में जल भराव की समस्या पैदा हो जाती है। XX हमारी असली प्रॉब्लम यह है कि अरावली से जो पानी फ्लो होकर आता है वह सेक्टर चार व नौ की तरफ से होते हुए नज़फगढ़ ड्रेन की तरफ आता है। इसमें तीन लेन बनी हुई है, लेकिन इन तीनों लेन की कैपेसिटी उस पानी को ले जाने की नहीं है। पानी ओवर फ्लो होता है और वह जमीन पर आ जाता है। अध्यक्ष महोदय, हमें इनकी कैपेसिटी बढ़ानी पड़ेगी और यह काम क्यों नहीं हो रहा है, क्योंकि जी.एम.डी.ए. के पास जिस | 23.08.2021<br>XX माननीय सदस्य ने यह भी कहा है कि जल भराव की भयंकर समस्या है, उसके लिये पांच सदस्यों की एक कमेटी गठित कर दी गई है जिसमें एम.सी. गुरूग्राम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, डी.एल.एफ., इरीगेशन और पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारी भी हैं। यह टीम हाईवे या दूसरी जगहों पर भी पानी की निकासी का काम करेगी। अब इसकी जिम्मेवारी एक–दूसरे डिपार्टमैंट के ऊपर डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि सभी विभागों के अधिकारी इक्ट्ठे होकर इस काम को देखेंगे। XX माननीय सदस्य ने नज़फगढ़ झील की बात की है जहां पर 3 लाइनों–लाइन नं. 1, लाइन नं. 2 और लाइन नं. 3 का पानी जाता है। ये वहां की बात कर रहे हैं जहां का एरिया सबसे ज्यादा झील में है। वहां पर एन.जी.टी. का भी केस चल रहा है। उन तीन लाइनों से जो नाले निकलते हैं वे गांवों में पानी पहुंचाते हैं। माननीय सदस्य ने बिल्कुल ठीक कहा कि उन नालों के पानी से ग्रामीणों की फसलें | नजफगढ़ झील में पानी का नियमित प्रवाह गुरुग्राम से तीन मुख्य नालों से आता है जिन्हें लेग I, II और लेग III (लेग III बादशाहपुर ड्रेन के रूप में जाना जाता है)। पानी का मुख्य स्रोत मानसुन के मौसम में बरसाती बहाव और गैर बरसाती मौसम में उपचारित सीवेज जल है। ड्रेन नंबर 8 से यमुना नदी तक जाने वाला नजफगढ़ ड्रेन का रखरखाव सिंचाई विभाग, हरियाणा सरकार और एन०सी०टी० दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। नजफगढ़ ड्रेन तक लेग I, II और लेग III (मास्टर ड्रेन) का रख रखाव GMDA द्वारा किया जाता है। नगर निगम गुरुग्राम और कॉलोनाइजर्स द्वारा अपने अपने अधिकार क्षेत्रों में गुरुग्राम टाउन की आंतरिक कार्य की देखभाल की जा रही है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18-12-24) |
| | तरीके से फंड आना चाहिए था उस तरीके से नहीं आ रहा है। इस विषय पर हमें काम करने की जरूरत है। XX अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना है कि इसके लिए उस कमेटी को एक महीने का समय दिया गया था। | खराब हो जाती हैं। जहां पर ये लाइन्स टूटी हुई हैं उनके लिए हमने एक कमेटी का गठन कर दिया है। जैसे ही हमारे पास उस कमेटी की रिपोर्ट आ जाएगी वैसे ही हम माननीय सदस्य श्री राकेश दौलताबाद के बताए हुए कार्य को कर देंगे। XX अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि उसमें पॉल्यूशन और कई अन्य विषय भी शामिल हैं। हम इनके कार्य को जल्दी ही करवा देंगे। | नजफगढ़ झील से संबंधित सभी मुद्दों पर विचार करने के लिए मंडलायुक्त, गुरुग्राम की अध्यक्षता में गठित समिति ने आदेश दिनांक 14.02.2020 के तहत अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी और इस बारे निर्णय के लिए सरकार के स्तर पर विभिन्न बैठकें हो चुकी हैं। अभी दिनांक 28.09.2021 को श्री देवेंद्र सिंह आईएएस अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, सिंचाई और जल संसाधन विभाग अध्यक्षता में विधायक, बादशाहपुर, सीईओ, जीएमडीए, और उपायुक्त गुरुग्राम, नगर निगम गुरुग्राम एवं विभिन्न प्रमुख विभागों जैसा कि जल संसाधन विभाग, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, विकास और पंचायतविभाग और निजी कॉलोनाइजर आदि के साथ गुरुग्राम में नजफगढ़ झील से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर निर्णय के लिए मिटिंग हुई है। हरियाणा की ओर नजफगढ़ नाले से पानी के बैकफ्लो को रोकने के लिए नजफगढ़ नाले का बांध बनाने, नजफगढ़ नाले | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | तक लेग-II और लेग III (बादशाहपुर ड्रेन) को पूरा करने का मामला सरकार के सक्रिय विचाराधीन है। हरियाणा सरकार ने माना कि संयुक्त रूप से नजफगढ़ नाले की नियमित गाद निकालने के लिए दिल्ली सरकार के साथ एक तंत्र विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। सिंचाई विभाग द्वारा गुरूग्राम के सीवरेज संसोधित जल को जिला गुरुग्राम व झज्जर के गांवो में कृषि उद्देश्यों के लिए एस०टी०पी० चौनल के सवंर्धन करने वाले प्रस्ताव पर कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है।<br>गुरूग्राम शहर में बाढ से बचने के लिए गेट और पंपिग व्यवस्था के प्रावधान के साथ हरियाणा की तरह नजफगढ नाले को बांध बनाने और लेग-II और लेग-III को पुरा करने के 400 करोड रूपये के प्रस्ताव को 06.01.2023 को हुई जी.एम.डीं.ए. की 11वी अथॅारिटी मींटिग मे ं मंजूरी दे दी गई है। इसके अनुसार डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंट को लगाया गया था। दिनांक 25.05.2023 हो हुई बैठक में सलाहकार द्वारा तैयार किए गये प्रस्ताव पर माननीय विधायक बादशाहपुर के साथ चर्चा की गई थी। इसलिए विधानसभा सत्र के दौरान सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार इस मुद्दे को हल करने के लिए मामला सक्रिय रूप से विचाराधीन है। | |
| | | 20.12.2021 | | |
| 526. | तारांकित प्रश्न संख्या 1349 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—**** अध्यक्ष महोदय, सरकार एक ऑर्डर पास करे कि डिपार्टमेंट का अधिकारी मौके पर जायें और अपनी रिपोर्ट दे कि कितनी दुकानें टूटी हैं? किस वजह से दुकानें टूटी हैं और वहां पर तोड़फोड़ किसलिए की गई है। यह | **** मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि लोकल बॉडी विभाग के डायरेक्टर, वहां के डी.सी. और पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एंड आर.) का एक अधिकारी, इन तीनों अधिकारियों से इस मामले की जांच करवा लेंगे। | मामले में सरकार द्वारा लिये गये निर्णयानुसार रेलवे ट्रैक के पास स्थित संपत्तियों की भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रभावित आवासीय मालिको को रूपये 30,000/— प्रति वर्ग गज की दर से मुआवजा तथा चौड़ी सड़क के विकास में आने वाली उनकी भूमि/भू–खण्ड के अधिग्रहण के विरुद्ध रूपये 28,000/— प्रति वर्ग गज की | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18-12-24) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बात मेरी समझ में नहीं आ रही है। 15 फुट चौड़ी रोड बनाना तो बाद की बात है। सब कुछ वहां पर टूटा फूटा पड़ा है। वहां पर स्लम क्रियेट हो गया। डिपार्टमैंट ने इसका रिप्लाई ठीक ढंग से नहीं बनाया फिर भी इस बात के लिए अपने आपको डिफैंड कर रहे हो। मुझे यह बात सुनकर बड़ी अजीब लगती है। अध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि सरकार इस बात का संज्ञान ले और संज्ञान लेकर कोई भी अधिकारी या एडीशनल प्रिंसीपल सैक्रेटरी या उससे नीचे के लैवल के अधिकारी को मौके पर भेजें और वह अधिकारी वहां की रिपोर्ट तैयार करे और रिपोर्ट की प्रति हमें भी दिलवाई जाये। अध्यक्ष महोदय, वह रिपोर्ट आपके पास भी आनी चाहिए। | | दर से चिन्योट कालौनी में भू–खण्डों को आवंटित करने तथा ऐसे भू–मालिक जिनके प्लाट का आकार 25 वर्गगज से कम तथा 56 भू–मालिक जिनके प्लाट का आकार 25 वर्गगज से अधिक है को मंत्री परिषद् द्वारा दिनांक 08.03.2019 को किये गये अनुमोदन अनुसार मण्डल आयुक्त, रोहतक मण्डल की अध्यक्षता में दिनांक 09.02.2022 को लिये गये निर्णय अनुसार स्वीकृति कर दिया गया है। जिसके अनुसार कार्रवाई करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, रोहतक को इस निदेशालय के पत्र कमांक डी०यू०एल०बी० / एल०बी० / ए–III/ 2024 / रोहतक / 12079 दिनांक 07.06.2024 द्वारा अनुरोध किया गया था।<br>तदोपरान्त निदेशालय के पत्र कमांक डी.यू.एल.बी. / एल.बी. / ए–3 / 2024 | |
| | | | / 14779 दिनांक 18.07.2024 द्वारा आयुक्त, नगर निगम, रोहतक को लिखा गया कि मामले में तहसीलदार कार्यालय रोहतक के रिकार्ड व नगर निगम, रोहतक के रिकार्ड अनुसार जांच करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त भवन प्लान स्वीकृति तथा मलकियत सम्बन्धित दस्तावेजों की भी जांच करने का कष्ट करें। मलकियत दस्तावेजों की गैर मौजूदगी में लाभ दिया जाना नहीं बनता। मामले में आवश्यक कार्रवाई नगर निगम, रोहतक अपने स्तर पर करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त इस निदेशालय के पत्र क्रमांक डी०यू० एल०बी० / एल०बी० / ए–3 / 2024 / 16480 दिनांक 07.08.2024 द्वारा मामले में 23 भू–मालिकों द्वारा दिये गये प्रतिवेदनों का पुनः निरीक्षण करके स्पष्ट प्रस्ताव अपनी सिफारिश सहित भिजवाने हेतु लिखा गया, परन्तु वांछित प्रस्ताव नगर निगम, रोहतक से अभी तक अपेक्षित है।<br>अब आयुक्त, नगर निगम, रोहतक ने अपने कार्यालय के पत्र कमांक | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | एम०सी०आर०/ एल०ओ०/2024/1586 दिनांक 03.12.2024 द्वारा अवगत करवाया है कि 81 रिहायशी भू–स्वामियों में से 25 भू–स्वामियों ने अपने सहमति पत्र नगर निगम, रोहतक कार्यालय में जमा करवाए। सहमति पत्र अनुसार 17 भू–स्वामियों ने प्लाट आबंटन की सहमति प्रकट की व 03 प्रभावित भू–स्वामियों को उनके सहमति पत्र अनुसार मुआवजा आबंटन किए जाने का कार्य प्रक्रिया में है। 17 भू–स्वामियों को ड्रा के माध्यम से प्लाट नं० आबंटित किए जा चुके हैं। रिहायशी श्रेणी के 23 भू–स्वामियों द्वारा प्रार्थना–पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया कि हमारी भूमि भी वाणिज्यिक क्षेत्र में स्थित है व हमारी भूमि पर भी वाणिज्यिक गतिविधि की जा रही है। इसलिए हमें भी वाणिज्यिक मुआवजा दिया जाए या हमें दिया जाने वाला मुआवजा बढ़ाया जाए। जिस बारे महानिदेशक, शहरी स्थानीय निकाय पंचकूला, हरियाणा को पत्र क्रमांक MCR/CMC/2024/3925 Dated 19.07.2024 के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही करने के लिए लिखा गया, जिस पर मुख्यालय द्वारा प्रस्ताव को दोबारा से अध्ययन करके भेजने के लिए निर्देश दिए गए जिस पर कार्यवाही की जा रही है। | |
| 527. | श्री भारत भूषण बतरा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1770 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में कान्हेली सड़क पर निर्मित डेयरी कॉम्पलैक्स में सड़क, सीवरेज प्रणाली तथा पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई है; यदि हां, तो उक्त डेयरी कॉम्लैक्स में सभी उपरोक्त सुविधाएं कब तक करवा दिये जाने की संभावना है; | 14.03.2022<br>(क) श्रीमान, नगर निगम रोहतक ने कान्हेली रोड पर स्थित डेयरी कॉम्प्लेक्स में सड़क, नाली, सीवरेज सिस्टम और गोबर गैस प्लांट जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने सम्बन्धित विकास कार्य आवंटित किए हैं, जो की प्रगति पर हैं और जल्द ही पूरे होने की संभावना है।<br>(ख) उपरोक्त (क) में वर्णित अनुसार 4.5 करोड़ रुपये के कार्य आवंटित किए गए हैं और इन कार्यों के शीघ्र ही पूरा होना सम्भावित है। इसके अलावा नगर निगम | (क) नगर निगम, रोहतक द्वारा कान्हेली डेयरी परिसर में अमृत योजना के तहत 4.50 करोड़ रु की लागत से सीवरेज सिस्टम, ड्रेन व गोबर गैस प्लांट का कार्य करवाया गया है। इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा कोड 12640 के तहत डेयरी काम्प्लेक्स में सड़क, स्ट्रीट –लाईट, डिस्पेंसरी, मार्किट, शौचालय आदि की सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु मु० 1659.36 लाख रुपये की ई–निविदा आमंत्रित करते हुए | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18-12-24) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख) उपरोक्त डेयरी काम्पलैक्स को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी राशि घोषित की गई तथा इसके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ग) डायरी काम्पलैक्स, कान्हेली सड़क, रोहतक में रोहतक की सभी डायरीयां कब तक स्थानांतरित करने की संभावना है? | रोहतक द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा 12640 के तहत कान्हेली स्थित डेयरी परिसर में अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।<br>(ग) डेयरी परिसर में 251 भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 82 डेयरी मालिकों को स्थानांतरित कर दिया गया है। शेष डेयरी मालिकों को शीघ्र ही स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। | ई–निविदा दिनांक 05–07–2024 को खोली गई है और तकनीकी दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में है व दिनांक 13–12–2024 तक उक्त निविदा के रेट खोल दिए जायेंगे।<br>ख) मु० 1659.36 लाख रुपये की ई–निविदा आमंत्रित करते हुए ई–निविदा दिनांक 05–07–2024 को खोली गई है और तकनीकी दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में है व दिनांक 13–12–2024 तक उक्त निविदा के रेट खोल दिए जायेंगे।<br>ग) डेयरी परिसर में 251 भूखंड आबंटित किये गये हैं तथा 87 डेयरी मालिक इस परिसर में स्थानांतरित भी हो चुके है। शेष डेयरी मालिकों को स्थानांतरित किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। | |
| 528. | तारांकित प्रश्न संख्या 1662 के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जो बताना चाहूंगा कि सोनीपत हल्के में करीब तीन दर्जन कॉलोनीज ऐसी हैं जिनको अवैध घोषित किया हुआ है। मैं यहां उन कॉलोनीज के नाम बताना चाहूंगा–सिद्धार्थ कॉलोनी, जीवन विहार, मुरथल रोड, कलावती विहार, दहिया कॉलोनी, जीवन नगर, मोहन नगर, विकास नगर, अम्बेडकर कॉलोनी, देवी लाल कॉलोनी, संत कबीर नगर, राजीव कॉलोनी, मुरथल रोड सहित लगभग तीन दर्जन ऐसी कॉलोनीज हैं। ग ग सरकार ने यह नियम बनाया हुआ है कि जो कॉलोनीज 75 प्रतिशत बसी हुई हैं उन्हीं को वैध करेंगे। मेरी मंत्री जी से प्रार्थना है कि जितनी भी कॉलोनीज हैं उन सभी का सर्वे करवाकर सभी को ही नियमित किया जाए। | 15.03.2022<br>XX अगर डिवेलपमैंट चार्जिज इसी तरह से जमा कराया जाता रहा तो निश्चित तौर पर हम इन कॉलोनियों को रैगुलराइज कर देंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को यह भी आश्वस्त करता हूँ कि उन्होंने चाहे इन कॉलोनियों के संबंध में तीन दर्जन की संख्या होने की बात कही है लेकिन हमारे पास 27 कॉलोनियों से रैगुलराइजेशन संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं। माननीय सदस्य ने जिस प्रकार कॉलोनियों की संख्या तीन दर्जन बताई है, यह तीन दर्जन कॉलोनियां हो सकती हैं लेकिन यदि कॉलोनियों के रैगुलराइजेशन के संदर्भ में संबंधित म्युनिसिपल कमेटी या म्युनिसिपल कारपोरेशन, रैजोल्यूशन पास करके संबंधित डी.एम.सी., तथा कमिश्नर, म्युनिसिपल कारपोरेशन के माध्यम से उसे एप्रूव कराकर हमारे पास भेजती है तो माननीय सदस्य की चिंता को दूर करने का पूरा प्रयास किया जायेगा । | उपरोक्त मामले की जांच की गई है और यह उजागर करना महत्वपूर्ण है कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने को कुल 62 अनधिकृत कॉलोनियों का डेटा भेजा है। नगर निगम सोनीपत से इन 62 कॉलोनियों में से केवल 55 कॉलोनियों का डेटा प्राप्त हुआ है और 21 कॉलोनियों को अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा 13 कॉलोनियाँ वर्तमान में नगर निगम सोनीपत के पास लंबित हैं क्योंकि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय हरियाणा को उक्त एमसी से कोई लेआउट मानचित्र प्राप्त नहीं हुआ है। 15 कॉलोनियों मानक पूरे नहीं करती है। 03 कॉलोनियों की स्वीकृति सरकार से ली जा चुकी है और इन कॉलोनियों को अधिसूचना हेतु विधि एवं विधायी विभाग को भेजा जा चुका है। 03 कॉलोनियों पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए विभाग एमसी के साथ मामलों का अनुसरण कर रहा है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18-12-24) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

08.08.2022

529. श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 23 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) स्मार्ट सिटी योजना के तहत फरीदाबद में विकसित हुए थीम पार्कों की संख्या तथा अवस्थिति क्या है तथा उन पर कुल कितनी राशि खर्च किए जाने की संभावना है तथा इनके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है;

(ख) स्मार्ट सिटी, फरीदाबाद के लिए भारत सरकार तथा राज्य सरकार से अब तक क्रमशः कुल कितनी राशि प्राप्त हुई है; तथा

(ग) स्मार्ट सिटी, फरीदाबाद के तहत किये जा रहे/पूरा किये गए कार्यों की संख्या कितनी है तथा पूरे किए गए कार्यों का तथा निष्पति प्रमाण पत्र सहित रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है?

हाँ, श्रीमानजी।

(क) स्मार्ट सिटी मिशन के तहत फरीदाबाद में 8.67 करोड़ रूपये की लागत से 03 थीम पार्कों का निर्माण करवाया जा रहा है, जिनका विवरण इस प्रकार है:–

**विवरण**

| क्रम संख्या | थीम पार्कों के नाम व स्थान | अनुमानित लागत (करोड़ में) | राशि खर्च होने की संभावना (करोड़ में) | कार्य पूर्ण होने की अनुमानित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्मार्ट पार्क, सैक्टर–21बी | 3.42 | 3.42 | 30.09.2022 |
| 2. | छत्रपति शिवाजी पार्क, सैक्टर–21 बी | 1.18 | 1.18 | 30.04.2023 |
| 3. | विवेकानंद पार्क, सैक्टर–21 बी | 4.07 | 4.07 | |
| | **कुल** | **8.67** | **8.67** | |



(ख) स्मार्ट सिटी मिशन, फरीदाबाद के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार से अब तक प्राप्त कुल राशि का विवरण इस प्रकार है;

| राशि प्राप्त–केंद्रीय शेयर (भारत सरकार) | राशि प्राप्त–राज्य शेयर (हरियाणा सरकार) | कुल प्राप्त राशि |
|---|---|---|
| Rs. 294.00 Cr | Rs. 294.00 Cr | Rs. 588.00 Cr |

(ग) 930.04 करोड़ रूपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाए हैं, जिनमें से 1.07 करोड़ रूपये की लाागत से 01 परियोजना पूरी हो चुकी है व 928.97 करोड़ रूपये की 44 परियोजनाए निष्पादन में/आवंटित किया जाना हैं [xx]



08.08.2022

530. श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 40 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा कोड सं. 9710 दिनांकित 13.12.2014 के अनुसार नगर परिषद, पलवल के कार्यालय का निर्माण

(क) हाँ श्रीमान जी।

(ख) नगर परिषद, पलवल ने उक्त उद्देश्य के लिए प्रांतीय सरकार की 9644 वर्ग गज भूमि की पहचान की थी। भूमि हस्तांतरण के उपरान्त नगर परिषद, पलवल द्वारा कार्यालय भवन के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक मंजूरी

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कार्य आरम्भ किया जाना था परंतु उक्त कार्यालय का निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नही हुआ है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कार्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | मिलने तथा धन की व्यवस्था उपरान्त काम शुरू कर दिया जाएगा। | | |
| | | 09.08.2022 | | |
| 531. | श्री राम कुमार गौतम, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 21 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य के नगरपालिका क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ? | श्रीमान, विभाग को अब तक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लगभग 2176 कॉलोनियों के ले आउट प्लान प्राप्त हुए हैं जो अधिनियम और मानदंडों के अनुसार आगे की आवष्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित नगर पालिकाओं को भी अग्रेषित कर दिए गए हैं। अधिनियम 2016 के तहत कॉलोनियों को अधिसूचित करने की कार्रवाई संबंधित नगर निकाय से संकल्प प्राप्ति के बाद और यदि कॉलोनी अधिसूचना के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करती है, तो की जाएगी। अध्यक्ष महोदय, मैं | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह भी बताना चाहूंगा कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लगभग 2176 कॉलोनियों के ले–आउट प्लान प्राप्त हुए हैं। हमें 11 पालिकाओं से 212 कॉलोनीज के रेजोल्यूशन आये हैं। 212 कॉलोनीज में से 22 कॉलोनीज का नगरपालिकाओं से वैरीफिकेशन हो चुका है। हमारे पास जैसे–जैसे नगरपालिकाएं, परिषद् और निगम रेजोल्यूशन पास करके भेजेंगी। हम वैसे–वैसे उनकी वैरीफिकेशन करके कॉलोनियों को अधिसूचित करने का प्रयास करेंगे। हम तीन महीने का समय सभी डी.एम.सीज. को देंगे कि तीन महीने के अन्दर वहां से रैजोल्यूशन पास करके भेजें और इसके अगले तीन महीने में हम यह कार्य करने का प्रयास करेंगे। | | |
| | | 09.08.2022 | | |
| 532. | श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 46 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत भंगुरी रजबाहे के दोनों तरफ जवाहर नगर कैंप से शमशान | (क) हाँ श्रीमान जी, माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उक्त कार्य के लिए कोड नंबर 25678 दिनांक 14.12.2021 को एक घोषणा की गई थी।<br>(ख) नगर परिषद पलवल द्वारा 3.60 करोड रुपये की राशि का अनुमान तैयार किया गया है और सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | घाट तक रास्ते का निर्माण होना था परंतु इसका निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नही किया गया है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इसके कब निर्मित किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | मंजूरी मिलने, धन की व्यवस्था होने एवम उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से एन0ओ0सी0 प्राप्त होने के उपरान्त कार्य शुरू कर दिया जाएगा। | | |
| 533. | तारांकित प्रश्न संख्या 51 के संदर्भ में श्री धर्म पाल गोंदर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, महानिदेशक कार्यालय द्वारा हमें 14 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सूची भेजी गई थी, जिसके एस्टिमेट्स बनाकर भेज दिए गए थे तो अब मैं केवल यही प्रश्न पूछना चाहता हूँ कि यह राशि हमें कब तक प्राप्त हो जायेगी ? XX अध्यक्ष महोदय, यह राशि अभी तक हमें प्राप्त नहीं हुई है। आज नीलोखेड़ी का बहुत बुरा हाल हो चुका है। नीलोखेड़ी तो | 10.08.2022<br>अध्यक्ष महोदय, इस राशि की स्वीकृति के लिए हमने केस डी.एम.सी. को भेज दिया था। वेरिफिकेशन प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद यह राशि तुरंत प्रभाव से जारी कर दी जायेगी। अध्यक्ष महोदय, हम इनको अभी तक क्रमशः 1244 लाख रूपये तथा 91 हजार रूपये की राशि एलोकेट भी कर चुके हैं और जो यह 4 करोड़ और 68 लाख रूपये की राशि बची है, इसका भी 25 परसेंट इनको भेजा जा चुका है और शेष राशि बाकी की तीन किस्तों में इनको मिल जायेगी। XX अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को ऑन रिकार्ड ये सारी बातें | | 794 |
| | ऐसा हलका है जिसका हर सरकार में एक अहम रोल होता है। XX अध्यक्ष महोदय, ऐसा नहीं है, वास्तव में महानिदेशक कार्यालय ने हमसे 14 करोड़ रूपये के विकास कार्यो के एस्टिमेट्स मांगे गए थे। | बता रहा हूँ और अगर ये बातें गलत हुई तो ऐसी अवस्था में कंसर्ड आफिसर की जिम्मेवारी तय करते हुए, उसको सजा दे दी जायेगी। XX अध्यक्ष महोदय, इन्होंने 17.3.2022 को अप्लाई किया था और इसके बाद 22.6.2022 को इस राशि की स्वीकृति के लिए हमने डी.एम.सी. को मैटर भेज दिया था। माननीय सदस्य आश्वस्त रहें हम दो–तीन महीने की समयावधि में जल्द से जल्द यह काम कर देंगे। | | |
| 534. | श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 55 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि<br>(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, सोनीपत के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम द्वारा नई स्ट्रीट लाइटें नही लगाई जा रही हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) नई स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है? | 10.08.2022<br>(क) XX<br>(ख) इस कार्य हेतु एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य प्रक्रियाधीन है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप देने व धनराशि की आवश्यक व्यवस्था उपरांत आगामी आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। | | 795 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 10.08.2022 | | |
| 535. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 111 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि नगर परिषद दादरी की सीमा के अंतर्गत आने वाली विभिन्न अस्वीकृत कॉलोनियों को नियमित करने की दिशा में सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है ? | महोदय, सरकार ने एक्ट 2021 का नं. 24 के तहत हरियाणा प्रबंधन नागरिक सुंविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले नगरीय क्षेत्र (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2016 में संशोधन अधिसूचना दिनांक 10.09.2021 द्वारा लागू किया है। संशोधित अधिनियम की धारा 3 के अनुसार, नागरिक सुविधाओं और बुनियादि ढांचे की कमीवाले क्षेत्रों को अधिनियम के तहत घोषित क्षेत्र अधिसूचित करने की कार्रवाई के लिए मानदंड/नीति दिनांक 14.02.2022 जारी की गई है। अधिनियम के तहत अवैध कॉलोनियों को "घोषित क्षेत्र" के रूप में अधिसूचित करने की प्रकिया संबंधित नगर निकाय से संकल्प प्राप्ति के बाद और यदि कॉलोनी अधिसूचना के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करती है, तो की जाएगी। | | |
| | | 26.12.2022 | | |
| 536. | तारांकित प्रश्न संख्या 1 के संदर्भ में श्री सुभाष सुधा, विधायक द्वारा पूछा गया | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि इसमें कोई | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि वर्ष 1988 में कुरूक्षेत्र के सेक्टर 7 और 13 में यह पाइपलाइन डली थी। इस एरिया में पिपली रोड, ड्रेन, हॉस्पिटल्ज, रैजीडैंशियल एरिया आदि पड़ते हैं। जब बरसात होती है तो वहां पर कम से कम डेढ़ से दो फीट पानी खड़ा हो जाता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सदन से कहना है कि इसमें जो–जो संबंधित डिपार्टमैंट्स हैं अर्थात् पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.), हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण आदि से एस्टीमेट्स वगैरह बनाकर इसका काम आरंभ करवाया जाये क्योंकि यहां की पाइपलाइन बिल्कुल खत्म हो चुकी है और बरसात के दिनों में पानी खड़ा रहता है। | शक नहीं है कि यह पाइपलाइन वर्ष 1988–89 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पानी की निकासी के कारण बिछाई गई थी। इस लाइन का जो टर्मिनल पॉर्शन है वह कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के गेट नं0 3 तक है अर्थात् पिपली गीता द्वार से कुरूक्षेत्र के यूनिवर्सिटी के गेट नं0 3 तक लगभग दूरी डेढ़–दो किलोमीटर की पाइप क्षतिग्रस्त है। इस पाइपलाइन को बदलकर उसकी जगह तीन फीट डाया मीटर पाइप लगाने की योजना है। जिसका एस्टीमेट्स कॉस्ट लगभग 2 करोड़ रुपये आयेगा और इसे निकट भविष्य में बनवा दिया जायेगा। | | |
| | | 26.12.2022 | | |
| 537. | श्री बिशन लाल सैनी, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 14 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:– क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की उन नगर समितियों को | नहीं श्रीमान् जी, राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर पालिकाओं को मान्नीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 15.00 करोड़ रूपये देने की कोई घोषणा नहीं की है। हालांकि मान्नीय मुख्यमंत्री महोदय ने 3 क वर्ष 2022–23 की | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 15 करोड रूपये देने की घोषणा की गई थी, जो वित्तीय रूप से कमजोर हैं यदि हां, तो नगर समिति रादौर को उक्त घोषणा अनुसार उक्त राशि कब तक दिए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | बजट घोषणा संख्या 245 के तहत घोषणा की थी कि आर्थिक रूप से कमजोर पालिकाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी पालिकाओं में विकास कार्य प्रभावित न हों। | | |
| 538. | तारांकित प्रश्न संख्या–986 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहूंगा कि जो आनंदपुर का अण्डरब्रिज है वहां पर बारिश के मौसम में बहुत ज्यादा पानी भर जाता है। बरसात के मौसम में वहां पर कई बार बहुत सी गाड़ियां डूब चुकी हैं। अध्यक्ष जी, इसके अलावा मैं मंत्री जी के ध्यान में यह बात भी लाना चाहता हूं कि बाटा पुल और नीलम पुल इन दोनों पुलों की हालत बहुत ही ज्यादा जर्जर है। रिपेयरिंग के लिए इन दोनों पुलों को कई बार बंद किया जा चुका है जिसके कारण पूरे शहर के वाहन चालकों को बड़ी भारी परेशानी होती है। मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से रिकवैस्ट है कि इन दोनों पुलों की रिपेयर का काम जल्दी से जल्दी करवाया जाये। इसके अलावा मेरी एक मांग यह भी है कि बल्लभगढ़ से सोहना रोड पर जो टू–लेन का पुल है उसको जल्दी से जल्दी फोर लेन का बनाया जाये। मैं इस सम्बन्ध में सरकार की योजना के बारे में जानना चाहता हूं। | 10.03.2021<br>अध्यक्ष महोदय, ***** जो माननीय सदस्य ने दो स्पैसिफिक रेलवे ओवरब्रिजिज की रिपेयर की बात की है और एक अण्डरपास की बात की है। जहां तक रेलवे ओवरब्रिजिज की रिपेयर का सवाल है हमारी सरकार इस सम्बन्ध में जल्दी से जल्दी आवश्यक कदम उठायेगी। जहां पर वॉटर लोगिंग की समस्या है वहां पर ड्रेनेज के सिस्टम को कैसे इम्प्रूव किया जाये मैं इसको एग्जामिन करवाने के लिए तुरंत एक टीम कांस्टीच्यूट करके जल्दी से जल्दी इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करूंगा। यह एरिया एम.सी.एफ. के अण्डर आता है। जहां तक रोड की एक्सपैंशन का सम्बन्ध है अगर हमारे पास जिला प्रशासन की तरफ से कोई परपोजल आयेगी तो हमारा विभाग उसके ऊपर अवश्य विचार करेगा। | | |
| 539. | तारांकित प्रश्न संख्या 316 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, रोहतक में अनाधिकृत कॉलोनियों में वाटर वर्क्स और डी.पी.आर. का काम हुआ है। इसकी द्य इंक्वायरी के लिए एक कमेटी बनाई जानी चाहिए । द्य मेरा माननीय मंत्री जी से प्रश्न है कि डी. पी. आर. का जो काम अलॉट हुआ वह किस कैपेसिटी में हुआ है? मेरा कहना है कि सरकार इसके लिए एक कमेटी बनाकर जांच करवाये | 27.02.2020<br>अध्यक्ष महोदय, अमरूत योजना के तहत किसी भी अनधिकृत कॉलोनी में पाइप डालना, सीवरेज की सुविधा देने आदि काम नहीं किये जा सकते । अगर वहां पर पाइप डाले गए हैं तो I announce a Committee here और वह कमेटी जांच करेगी कि किन–किन प्राईवेट कॉलोनीज में सीवरेज लाइन डाली गयी है और अगर कोई अनियमितता पायी जाएगी तो संबंधित के अगेंस्ट नसैसरी ऐक्शन लिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कि उन इल्लीगल कॉलोनीज में पाइप डालने आदि का काम क्यों किया गया, इस काम में कौन अधिकारी दोषी हैं और इसकी रिपोर्ट मंगवाकर मुझे सैटिस्फाई किया जाए। | 03.03.2020 | | |
| (ii) | अमृत योजना के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य विभाग बजाय शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में श्री भारत भूषण बतरा तथा 4 अन्य विधायकों नामतः श्रीमती गीता भुक्कल, अहमद, श्री आफताब श्री सुरेन्द्र पवार एवं राव दान सिंह द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सन्दर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अभी लिखित जवाब पढ़ने का प्रयास किया है। मैं बताना चाहूंगी कि इसमें हमने माननीय मंत्री जी से निवेदन करके पूछा था कि आप इसमें क्या कार्रवाई करेंगे और कब तक करेंगे? न केवल मीडिया के माध्यम से बल्कि विधान सभा के पटल पर और बाहर भी हमारेद्य सदन के माननीय सदस्य श्री बलराज कुंडू ने उनको सारा रिकॉर्ड सौंपा था और माननीय मंत्री जी ने उनको आश्वासन दिया था कि हम जांच करवायेंगे। मैं आज पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिनकी आत्मा को आज दुख हो रहा होगा। उनके नाम से (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation) अमरुत योजना शुरू की गई थी। इस योजना में बहुत द्य बड़ा घोटाला और घपला हुआ है। मैं अनुरोध करूंगी कि इसकी टाइमलाइन बता दें और इसके बाद जो जांच करवायेंगे उनकी कम्पलायंस रिपोर्ट विधान सभा के पटल पर रख दें। इसमें अमरुत योजना अटल जी के नाम से शुरू की गई। आज उनको दुख हो रहा होगा क्योंकि इसमें बहुत बड़ा घोटाला और घपला हुआ है। | अध्यक्ष महोदय, मुझे माननीय सदस्य श्री बलराज कुंडू ने इससे जय मिलती–जुलती कुछ शिकायतें दी थी और मैंने उनको जांच करवाने का आश्वासन भी दिया था। उसके लिए हमने श्री अमित अग्रवाल, आई.ए.एस., डायरैक्टर जनरल, अर्बन लोकल बॉडीज की अध्यक्षता में एस. आई. टी. गठित कर दी थी। इसके अलावा इसमें हरियाणा पुलिस हाउसिंग बोर्ड के चीफ इंजीनियर एज ए मैम्बर, श्री ए. के. पाहवा, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर, पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट एज ए मैम्बर, श्री सूरजभान बूरा, रिटायर्ड इंजीनियर इन चीफ, पी.डब्ल्यू. डी. (बी.एण्ड आर.), एज ए मैम्बर शामिल किये गये हैं। मैंने उनको इसके लिए एक महीने का समय दिया है कि आप इसके अन्दर अन्दर हमें रिपोर्ट सब्मिट कर दें। मैं सदन में खड़े द्य होकर यह बताना चाहता हूं कि उसके तहत जो भी दोषी पाया द्य जाएगा हम उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। मैं पुनः कहना चाहता हूं इसमें जिस किसी के भी खिलाफ अनियमितताएं । पाई जाएंगी हम उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। I am known for that- Sir, I repeat it. | | |
| | | 27.12.2023 | | |
| 540. | श्री भारत भूषण बतरा, विधायक तथा दो अन्य विधायकों सर्वश्री वरूण चौधरी तथा | XXआज आपकी जो शिकायतें आ रही हैं, इसके लिए मुख्यमंत्री जी ने तय किया है कि | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सुभाष गांगोली द्वारा नई प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने संबंधी ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर दिया गया आश्वासन। | हम दो–चार दिनों में सभी एम.एल.ए. को इसका एक्सेस दे देंगे ताकि वे डायरेक्ट इस पोर्टल को खोल सकें और उसको जज कर सकें। अध्यक्ष महोदय, अंत में मैं आपके माध्यम से मेरे सभी माननीय विधायकों को यह दिलाना चाहता हूं कि इसमें जितनी भी त्रुटियां हैं हम उनको ठीक करेंगे। इसमें जो भी संबंधित आदमी गलती पर पाया जायेगा उसको सजा देंगे। | | |
| | | 22.03.2022 | | |
| 541. | श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1771 : क्या शहरी स्थायनीय निकाय मंत्री कृपया बताऐंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि कच्चा बेरी सड़क और दशमेश नगर, रोहतक के पास स्थित डेयरियों के डेयरी सीवेज के कारण बरसाती पानी तथा सीवरेज प्रणाली भर जाती है तथा कच्चा बेरी सड़क तथा | (क) श्रीमान जी, कच्चा बेरी रोड और दशमेश नगर रोहक के पास स्थित कुछ डेयरियां पशुओं के अपशिष्ट को सिस्टम में छोड़ कर आंतराकि बरसाती पानी और सीवरेज सिस्टम को जाम कर देती है।<br>(ख) नगर निगम, रोहतक और जन स्वास्थ्य द अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बरसाती पानी और सीवर लाइन तुरंत सफाई कराई जाती है। निगम ने नालों और सीवर | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | इसके साथ लगती गलियों पर फैल जाता है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए अथवा उठाए जाने की संभावना है तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है? | सिस्टनम को जाम होने से बचाने के लिए, नालियों की नियमित सफाई के लिए ए.एस.आई. की देखरेख में 10 सफाई कर्मचारियों और 3 सफाई कर्मचारियों के साथ 2 ट्रैक्ट्र ट्रॉलियों को तैनात किया है।<br>नालों में पशुओं के अपशिष्ट। डालते पाए जाने वालों का नियमित चालान भी किया जा रहा है।<br>कन्हेली डेयरी परिसर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य प्रगति पर है। इस समस्या से बचने के लिए कार्य पूर्ण होने के बाद, उक्त क्षेत्र की डेयरियों को डेयरी परिसर में स्थानांतरित किया जायेगा। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| (ii) | श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्नय संख्यात 43 : क्या शहरी स्थायनीय निकाय मंत्री कृपया बताऐंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्या है कि नगर निगम, रोहतक द्वारा कन्हेली सड़क पर डेयरी कॉम्लेक्स के लिए प्लॉाट आवंटित किए गए हैं। यदि हां, तो उक्त कॉम्प्लेक्स में | (क) हां सर, नगर निगम, रोहतक ने डेयरी कॉम्ली प क्सा में जल निकासी सुविधा, 1.8 कि.मी. लंबी जल आपूर्ति लाइन और सड़कें जिन्हेंद दोबारा से बनाने की आवश्यरकता है, प्रदान की गई हैं।<br>(ख) नहीं सर। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सड़कों, पानी तथा जल निकासी प्रणाली के उचित प्रबंधन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) क्या यह तथ्य है कि डेयरी कॉम्प्लेक्स को विकसित करने के लिए नगर निगम, रोहतक को 35 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है यदि हां, तो उस कार्य का नाम क्याह है जिस पर उक्त राशि अब तक खर्च की गई है तथा उस कार्य का नाम क्याि है जिस पर उक्त राशि खर्च किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | | | |
| 542. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 20.02.2023<br>शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने नगरपालिका की दुकानों/मकानों, जो 20 वर्ष से लीज/किराये पर थी, उन्हे बेचने की नीति बनाई है। अब तक इस पोर्टल पर 9,766 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2,126 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं और 5,724 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। | | |
| 543. | श्रीमती गीता भुक्कल, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 12—क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर के निम्न पार्कों की स्थिति बुरी अवस्था में है जिसके कारण इनमें आवारा पशु घूमते रहते हैं, शौचालय जर्जर हैं, सफाई नहीं है तथा पानी एकत्रित हो जाता हैः—<br>1. राव मांगली राम पार्क;<br>2. चौ. मातू राम पार्क;<br>3. शहीदी पार्क; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त पार्कों की स्थिति सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए हैं ? | 21.02.2023<br>(क) श्रीमान जी, पूछे गए प्रश्न में जिन पार्कों का उल्लेख किया गया है, उनका रख—रखाव नगर परिषद झज्जर द्वारा किया जा रहा है और वित्त वर्ष 2022—23 में इन पार्कों के रख—रखाव के लिए लगभग 25.00 लाख रुपये की राशि वहन की जा चुकी हैं। वर्तमान में इन पार्कों की स्थिति संतोषजनक है ।<br>(ख) झज्जर शहर में पार्कों की दशा सुधारने के लिए, नगर परिषद द्वारा दिनांक 25.02.2022 को पार्कों के रख—रखाव का कार्य एक एजेंसी को 25.84 लाख रुपये में एक वर्ष की अवधि के लिए आवंटित किया है।<br>राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि नगरपालिका क्षेत्रों में पार्कों के रख—रखाव का कार्य आर.डब्ल्यू.ए., एन.जी.ओ., एसोसिएशन या सी.एस.आर के माध्यम से किया जाएगा। तदनुसार, नगर परिषद झज्जर द्वारा दिनांक 02.02.2023को आर.डब्ल्.यू.ए,/एन.जी.ओ./कंपनियों/संस्थाओं के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया गया हैं। पार्कों में सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत एवं रख—रखाव के | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | लिए नगर परिषद द्वारा रू. 29.54 लाख के कार्य दिनांक 02.02.2023 को एक एजेंसी को आंवटित किया है। यह कार्य एक माह में पूरा होने की संभावना है। | | |
| 544. | श्री राकेश दौलताबाद, विधायक क्षरा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 16<br>(क) क्या यह तथ्य है कि 1996 के एस.एल. पी. (सी.)11023 में पारित 21 मार्च 1997 को अपने आदेश में, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य को अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए या न्यू पालम विहार कॉलोनी, गुरूग्राम को उक्त कानून के लागू होने से बाहर रखने के लिए कभी भी भविष्य में कानून बनाने पर रोक नही लगाई है; तथा<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि हरियाणा नागरिक सुविधाओं और अवसंरचना की कमी वाले नगरपालिका क्षेत्र प्रंबधन (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2016 की धारा–4 किसी भी न्यायालय के किसी भी निर्णय, डिग्री या आदेश के लिए गैर–बाधित खंड के साथ आती है इसलिए 2016 अधिनियम के प्रावधानों का माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 21 मार्च 1997 के निर्णय पर अधिभावी प्रभाव है जिसके कारण न्यू पालम विहार कॉलोनी को स्वीकृत किया जा सकता है यदि वह 2016 अधिनियम की धारा–3 के तहत आवश्यक शर्तों को पूरा करती है? | 21.02.2023<br>हां श्रीमान जी,<br>(क) भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एस.एल.पी. (सी.) नं0 11023 ऑफ 1996 में पारित आदेश दिनांक 21 मार्च 1997 में अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए भविष्य में कभी भी कानून बनाने के लिए राज्य को कभी भी प्रतिबंधित नहीं किया गया है। तदानुसार, राज्य ने समय–समय पर हरियाणा प्रबंधन नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले नगरपालिका क्षेत्रों (विशेष प्रावधान) अधिनियम को लगाया तथा अनाधिकृत कॉलोनियों का नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्र में अधिसूचित किया यानी वर्ष 2013–14 में 887 कॉलोनियां, वर्ष 2018–19 में 685 कॉलोनियां तथा वर्तमान में नगर निकाय क्षेत्र में आने वाली लगभग 2237 कॉलोनियां विचाराधीन है। | | |
| 545. | श्री भारत भूषण बतरा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 7–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) रोहतक शहर में कितनी सड़कें हैं जिनमें गड्ढे हैं तथा उक्त गड्ढों को भरने के लिए नगर निगम, रोहतक द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा<br>(ख) क्या शहर में उपरोक्त गड्ढों को भरने के लिए विभाग द्वारा कोई विशेष अनुदान दिया गया है अथवा इस संबंध में सरकार | 21.02.2023<br>(क) श्रीमान जी, नगर निगम, रोहतक से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, नगर निगम, रोहतक के अधिकार क्षेत्र में कुल 24 सड़कों की पहचान की गई है, जिनमें गड्ढे है। तदनुसार, नगर निगम, रोहतक ने गड्ढों को भरने के लिए 3 एजेंसियों को निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दिनांक 10.01.2023 को सूचीबद्ध किया है। एजेंसियों द्वारा गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है तथा 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य दिनांक 31.03.2023 तक पूर्ण कर दिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | ने अनुदान उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना बनाई है ? | (ख) 2021 में सरकार द्वारा नगर निगम, रोहतक को 210.00 लाख रुपये जारी किए गए थे, जिसमे से 165.00 लाख रुपये पहले ही 92 कार्यों के माध्यम से गड्ढों को भरने के लिए खर्च किए जा चुके हैं। इसके अलावा, नगर निगम, रोहतक ने 83.00 लाख रुपये से गड्ढों को भरने के विभिन्न कार्य आवंटित किये है। शेष व्यय नगर निगम, रोहतक द्वारा अपने स्वयं के कोष से वहन किया जाएगा। | | |
| 546. | श्री भारत भूषण बतरा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 8—क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:— (क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 1, 2, 2—ए, 3 तथा 4 की सभी सड़के क्षतिग्रस्त हो गई हैं; तथा (ख) क्या उपरोक्त सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन | 20.02.2023 (क) श्रीमान जी, आयुक्त नगर निगम रोहतक ने प्रस्तुत किया है कि रोहतक में एच.एस.वी.पी के सेक्टर —1, 2, 3 और 4 की कुछ आंतरिक सड़कें अच्छी स्थिति में नहीं हैं। इसके लिए नगर निगम रोहतक ने जेट पैचर तकनीक से गड्ढों को भरने के लिए 10.01.2023 को तीन एजेंसियों को सूचीबद्ध किया है। गड्ढों को भरने का | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | हैं; यदि हां, तो उक्त सड़कों के कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है? | कार्य प्रगति पर है। (ख) नगर निगम रोहतक द्वारा एच.एस.वी.पी. के सेक्टर 1, 2, 2 ए, 3 और 4 की आंतरिक सड़कों का जेट पैचर तकनीक द्वारा मरम्मत करवाने के कार्य 42.85 लाख रुपये सें आंवटित किए हैं, जो कि 31.03.2023 तक पूर्ण किये जाएगे। | | |
| 547. | श्री अमित सिहाग, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 9—क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:— (क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि मृत पशुओं के शव दहन क्रिया लिए प्रत्येक जिला/खण्ड में बिजली के शवदाह गृह आरम्भ किए जाएगें; (ख) क्या जिला सिरसा में सम्बन्धित विभागों ने इसको बनाने के लिए स्थानों को चिन्हित किया है ? यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा (ग) इन शवदाह गृहों के कब तक निर्मित किए जाने तथा क्रियाशील किए जाने की संभावना है ? | 20.02.2023 (क) हां श्रीमान् जी, माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में दिनांक 08.05.2020 को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक में संबंधित जिला परिषद द्वारा प्रत्येक जिले में एक बिजली के शवदाह गृह स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। (ख) जिला सिरसा में उपयुक्त भूमि चिन्हित की जा रही है। (ग) निविदा आवंटन के बाद बिजली के शवदाह गृह को पूर्ण/स्थापित करने में लगभग 4—6 महीने का समय लगता है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21.02.2023 | | |
| 548. | श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 12–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद एन.आई. टी के वार्ड नं. 9 में लालू एस.टी.डी., नंगला इन्कलेव से गाजीपुर तक पानी की निकासी के लिए नाले तथा सड़क बुरी अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त नालों तथा सड़क के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है;<br>(ख) क्या यह तथ्य है कि वार्ड नं. 9 में अटल चौक से सोनिया चौक तक सड़क के दोनों ओर पानी की निकासी के लिए नाले बुरी अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त नालों तथा सड़कों के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है;<br>(ग) क्या यह तथ्य है कि वार्ड नं. 9 में सुभाष चौक से अन्तराम चैक तक सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए बुरी | (क) श्रीमान जी, नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड नंबर 9 में लालू एस.टी.डी., नंगला इन्कलेव से गाजीपुर तक की सड़क कच्ची सड़क है और इस सड़क के साथ कोई जल निकासी प्रणाली मौजूद नहीं है। वर्तमान में नगर निगम फरीदाबाद के पास सड़क व नाली निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा उक्त सड़क व नाली निर्माण के कार्य को करवाने के प्रस्ताव पर सीवरेज एवं जलापूर्ति लाईन डालने उपरांत व राशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जायेगा।<br>(ख) श्रीमान जी, वार्ड नं. 9 में अटल चौक से सोनिया चौक तक सड़क के दोनों ओर पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। इस सड़क व दोनों ओर नाली/नाले के निर्माण का कार्य नगर निगम फरीदाबाद द्वारा धनराशि की उपलब्धता के अनुसार किया जायेगा। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त नालों एवं सड़कों के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है; तथा<br>(घ) क्या यह भी तथ्य है कि वार्ड नं. 9 में सुभाष चौक से गजीपुर तक सड़क के दोनों ओर पानी की निकासी के लिए नाले बुरी अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त नाले एवं सड़कों के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है? | (ग) श्रीमान जी, वार्ड नं. 9 में सुभाष चौक से अन्तराम चौक तक सड़क के दोनों ओर पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। इस सड़क व दोनों ओर नाली/नाले के निर्माण का कार्य नगर निगम फरीदाबाद द्वारा धनराशि की उपलब्धता के अनुसार किया जायेगा।<br>(घ) श्रीमान जी, वार्ड नं. 9 में सुभाष चौक से गाजीपुर तक सड़क के दोनों ओर पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। इस सड़क व दोनों ओर नाली/नाले के निर्माण का कार्य नगर निगम फरीदाबाद द्वारा धनराशि उपलब्ध कराये जाने पर किया जायेगा। | | |
| | | 21.02.2023 | | |
| 549. | श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 13–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद एन.आई. टी. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वार्ड नं.–5 की एक बेटी द्वारा अपनी बारात के स्वागत के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री को ट्विटर पर अनुरोध किए जाने के पश्चात सीवरेज अस्थाई तौर पर साफ किया गया था; | (क) हां श्रीमान जी।<br>(ख) हां श्रीमान जी, बाल कल्याण स्कूल पॉकेट की गलिया क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं।<br>(ग) नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा उक्त जगह के अनुमान तैयार किया जा रहा है। सीवर लाईन व गलियों का कार्य राशि की उपलब्धता के अनुसार पूर्ण करवा लिया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख) क्या यह तथ्य है कि वार्ड नं.–5 के बाल कल्याण स्कूल पॉकेट की स्थिति नरक के समान है क्योंकि गलिया पूर्णतः क्षतिग्रस्त हैं तथा आवागमन का रास्ता नहीं है; तथा<br>(ग) यदि हां, तो वार्ड नं.–5 के बाल कल्याण स्कूल पॉकेट की सीवरेज लाईन तथा गलियों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किया जाने की संभावना है? | | | |
| | | 22.02.2023 | | |
| 550. | श्री भारत भूषण बतरा, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्र"न संख्या 30–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) वर्ष 2019 से आज तक नगर निगम, रोहतक सड़कों की मरम्मत पर कितनी राशि खर्च की गई तथा उन सड़कों के नाम क्या हैं जिन पर उपरोक्त राशि खर्च की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है; | (क) नगर निगम, रोहतक द्वारा 2019 से अब तक सड़कों की मरम्मत के जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उन पर 42.81 करोड रुपये की राशि खर्च की गई है। इसके अतिरिक्त 0.83 करोड रुपये के कार्य प्रगति पर हैं और 4.65 करोड रुपये के कार्यों के लिए निविदा प्रकिया में हैं। विवरण अनुलंग्नक 'ए, ए–I से ए–III' पर संलग्न है। | | |
| | (ख) वर्ष 2021–22 और 2022–23 में नगर निगम, रोहतक को सरकार द्वारा आबंटित की अनुदान की राशि कितनी है तथा अन्य निधि से निगम को कितनी राशि आबंटित की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) वर्ष 2021–22 तथा 2022–23 में विधायक की 5 करोड रुपए के अलावा नगर निगम, रोहतक को सरकार द्वारा कितनी राशि आबंटित की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है? | | | |
| | | 22.02.2023 | | |
| 551. | श्री अमित सिहाग, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 51–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि डबवाली तथा पंचकुला में बन्दरों के आतंक को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं? | वर्ष 2020 से 31.01.2023 तक कुल 418 बंदरों को पकड़ा गया है। उनमें से 382 बंदरों को यमुनानगर के कालेसर वन में भेज दिया गया है और शेष 36 बंदरों को मेडिकल जांच के बाद भेजा जाएगा। | | |
| | | 22.02.2023 | | |
| 552. | श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 54–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद में गांव सरूरपुर तथा गांव नंगला औद्यौगिक क्षेत्र है; | (क) *****<br>(ख) उपरोक्त क्षेत्रों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। हालांकि सीडब्ल्यूपी संख्या 11226 | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त क्षेत्र को नियमित करने को कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त क्षेत्र को कब तक नियमित किए जाने की सभांवना है;<br>(ग) गांव सरूरपुर तथा गांव नंगला औद्यौगिक क्षेत्र की मुख्य सड़को तथा गलियों की वर्तमान स्थिति क्या है;<br>(घ) क्या उक्त क्षेत्र बुरी अवस्था में है; तथा<br>(ड़) यदि हां, तो उपरोक्त क्षेत्र की सड़को तथा गलियों को कब तक निर्मित/मरम्मत किए जाने की सभांवना है? | ऑफ 2013 में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के तहत "औद्योगिक इकाईयों को स्थानांतरित करने की नीति" तैयार की गई है, दिनांक 20.07.2016 के तहत औद्योगिक इकाई को स्थानांतरित करने या वर्तमान स्थान पर अनुमति देने का प्रस्ताव तैयार है, जोकि प्रगति पर है। इसके अलावा, अवैध औद्योगिक क्षेत्रों/कॉलोनियों को हरियाणा नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले नगरपालिका क्षेत्र (विषेश प्रावधान), अधिनियम, 2016 के तहत नियमित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि अधिनियम केवल आवासीय कॉलोनियों को अधिसूचित करने पर विचार करता है।<br>(ग) *****<br>(घ) *****<br>(ड़) ***** | | |
| 553. | श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 56–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या फरीदाबाद एन.आई.टी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के 60 फीट सड़क पर स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत किसी प्रकार के विकास कार्य निष्पादित किए जाने हैं;<br>(ख) यदि हाँ, तो निष्पादित किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा क्या है तथा उनकी लागत क्या है; तथा<br>(ग) उक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | 22.02.2023<br>(क) इस सड़क पर सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई0सी0टी0) कार्यों में सम्मिलित सिविल और विद्युत कार्यों को पैन सिटी आई0सी0टी0 परियोजना के प्रस्ताव के एक भाग के रूप में लिया गया है, यह कार्य स्मार्ट सिटी परियोजना का हिस्सा है।<br>(ख) पैन सिटी आई0सी0टी0 परियोजना (जोकि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का हिस्सा है) के तहत फरीदाबाद एन0आई0टी0 विधानसभा क्षेत्र की 60 फुट सड़क पर किए जाने वाले कार्यों में आई0सी0टी0 प्रणाली, स्ट्रीट लाइट, विद्युतकार्य और स्टॉर्म वाटर सुधार शामिल हैं, जिसके लिए 6.3 करोड़ रुपये की राशि खर्च होने की संभावना है, जो फरीदाबाद स्मार्ट सिटी की 26.28 करोड़ रुपये राशि से किए जाने वाले कार्य पैन सिटी आई0सी0टी0 परियोजना का हिस्सा है।<br>(ग) परियोजना की निविदा फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जारी की गई थी, लेकिन दरें काफी अधिक थीं, इसलिए इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | अब, स्मार्ट सिटी मिशन दिशानिर्देशों के अनुसार परियोजना को डिपॉजिट कार्य के रूप में नगर निगम फरीदाबाद को हस्तांतरित कर दिया गया है। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा परियोजना की निविदा जारी कर दी गई है और कार्य के आवंटन की उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए नियत समय में इसे पूरा किया जाएगा। | | |
| | | 23.02.2023 | | |
| 554. | वर्ष 2023–24 के बजट के संदर्भ में | 78. छठे राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर, मैं कुछ मापदंडों के आधार पर नगरपालिकाओं के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना चाहता हूं और इस प्रकार उन्हें यथार्थवादी बजट अनुमान तैयार करने और जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता हूं। निर्धारित मापदंडों को प्राप्त करने में प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | नगर पालिकाओं को अतिरिक्त धनराशि प्रदान की जाएगी। | | |
| | | 79. सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता को बनाए रखने और रखरखाव में अमूल्य योगदान देते हैं। सरकार ने हाल ही में निर्णय लिया है कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेणी में शीर्ष 50 में स्थान पाने वाली पालिकाओं में सफाई कर्मचारियों द्वारा किये गए कार्य को मान्यता दी जाएगी और उस शहरी स्थानीय निकाय के सभी सफाई कर्मचारियों को शहर को साफ रखने में उनके प्रयासों की मान्यता के रूप में प्रति माह 1,000 रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी या सालाना 12,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। | | |
| | | 81. इस योजना में ऑक्सी–वन, नगर वन, शहर के बड़े पार्कों और हरित स्थानों, शहर के सौंदर्यीकरण और लैण्ड स्कैपिंग, सड़क जंक्शनों के पुनः डिजाइन और सौंदर्यीकरण, पर्यटन बुनियादी ढांचे, खेल के बुनियादी ढांचे, एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्रों की स्थापना, ऊर्जा कुशल स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम, ऑडिटोरियम, ओपन एयर थिएटर और | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | नगर निगम शासन में शहरी स्थानीय निकायों की भागीदारी के साथ राज्य प्रायोजित योजना के रूप में अन्य प्रौद्योगिकी आधारित हस्तक्षेप का विकास किया जाएगा। योजना के तहत परियोजनाओं को हाथ में लेने के लिए नगर निगमों, परिषदों एवं समितियों को अनुमोदित परियोजना लागत का क्रमशः 50 प्रतिशत, 65 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत राज्यांश प्रदान किया जायेगा। | | |
| | | 82. मैं बड़े शहरों में, जहां सीवरेज के रख–रखाव का काम नगर निगमों और महानगर विकास प्राधिकरणों द्वारा किया जाता है, वहां सीवरेज के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि अलग रखनेका भी प्रस्ताव करता हूं। परियोजना के लिए धन हरियाणा शहरी विकास निधि से प्रदान किया जाएगा। | | |
| | | 84. प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों को लागू करने के साथ, नागरिक इंटरफेस में सुधार की आवश्यकता महसूस की गई है। सरकार वर्ष 2023–24 में शहरी स्थानीय निकायों और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से जिला मुख्यालयों में स्थित नगर निगमों और नगर परिषदों में कम से कम 1000 नागरिक सुविधा केंद्र स्थापित करने में सहयोग करेगी। ये नागरिक सुविधा केंद्र प्रौद्योगिकी आधारित नागरिक सेवाएं प्रदान करेंगे और शहरी क्षेत्रों में जीवन को आसान बनाने के लिए अन्य संबंधित सेवाएं भी प्रदान करेंगे। | | |
| | | 17.03.2023 | | |
| 555. | तारांकित प्रश्न संख्या 49 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः– (क) क्या यह तथ्य है कि रादौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव तथा शहर का कुछ क्षेत्र नगर निगम, यमुनानगर के वार्डों के दायरे में पड़ते हैं;<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त क्षेत्रों में सामुदायिक केन्द्र, अम्बेडकर भवन तथा अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों की चौपालों की संख्या | (क) हां, श्रीमान् जी।<br>(ख) नगर निगम, यमुनानगर के क्षेत्र में आने वाले रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांवों और शहर में कुल 20 कार्य जिनमें से सामुदायिक केंद्र (10), अम्बेडकर भवन (3) तथा अनुसूचित जाति चौपाल (5) पिछड़े वर्गों की चौपाल (2) हैं, जिनमें कुछ सुविधाएँ जैसे कि रसोई घर, शौचालय, चार–दिवारी आदि का निर्माण कार्य अधूरा है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कितनी है जिनका निर्माण कार्य लंबित है; तथा<br>(ग) क्या उपरोक्त कार्यों को पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इनके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | (ग) इन कार्यों को नगर निगम, यमुनानगर द्वारा किया जा रहा है और इन कार्यों को पूरा करने की संभावित तिथि 30.09.2023 है। | | |
| | | 17.03.2023 | | |
| 556. | तारांकित प्रश्न संख्या 49 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX माननीय मंत्री जी ने मेरे प्रश्न का जो जवाब दिया है उसमें भी विशेषकर "ग" भाग के लिए मैं मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि यह कार्य 30.09.2023 तक पूरे हो जायेंगे। लेकिन इसके अतिरिक्त मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से तथा आपसे भी पूछना चाहूंगा कि जो अधिकारी इस तरह से गोलमोल जवाब देते हैं उनके खिलाफ एक्शन क्यों नहीं होता है? मंत्री जी ने अपने जवाब में लिखा हुआ है कि इनमें से कुछ सुविधाएं जैसे– रसोई, शौचालय, चारदीवारी आदि अधूरी हैं। इस बारे में मेरा कहना यह है कि वहां पर इनके अतिरिक्त और भी बहुत सारे कार्य पैंडिंग हैं जिनका इस उत्तर में वर्णन नहीं किया गया है। अधिकारियों द्वारा इसका पूरा उत्तर नहीं दिया गया है। वहां पर कुछ कम्युनिटी सैंटर तो ऐसे हैं जिन पर प्लस्तर भी नहीं हुआ है, खिड़कियां भी नहीं लगी हैं, दरवाजे नहीं लगे तथा फर्श भी नहीं लगे हैं। इसमें जवाब गोलमोल दिया गया है इसलिए ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। | XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से कहना चाहता हूं कि हमने अपने जवाब में कहा है कि कुछ कार्य अधूरे रह गये हैं और जो अधूरे कार्य जवाब में नहीं भी लिखे हुए हैं वे भी 30.09.2023 तक पूरे हो जायेंगे। इसके लिए 401 लाख रुपये के बजट का भी प्रावधान किया गया है। | | |
| | | 17.03.2023 | | |
| 557. | अतारांकित प्रश्न संख्या 85 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया प्रश्नः–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद एन.आई.टी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव बाजड़ी तालाब संख्या 30/31/32, गांव डबुआ तालाब संख्या–65, गांव गौंछी तालाब संख्या–146/ 147/148/149, गांव गाजीपुर तालाब संख्या–31, गांव झारसेंतली तालाब संख्या–163 तथा गांव | XXXX<br>(क) गांव गौंछी के तालाब संख्या–147 (जिसका कार्य संभव नहीं है) को छोड़कर, गांव बजरी के तालाब संख्या – 30/31/32, गांव डबुआ के तालाब संख्या –65, गांव गौंछी के तालाब संख्या – 146/148/149, गांव गाजीपुर के तालाब संख्या – 31, गांव झारसेंतली के तालाब संख्या – 163 एवं गांव नंगला गुजरां के तालाब संख्या– 48 का कार्य विभिन्न | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | नंगला गुजरान तालाब संख्या– 48 को आदर्श तालाब निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उन तालाबों की संख्या कितनी है जिनके लिए अब तक विभाग द्वारा स्वीकृति दी गई/राशि जारी की गई है तथा तालाबों के उपरोक्त कार्य को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | चरणों/योजनाओं के तहत आदर्श तालाब निर्माण हेतु विचाराधीन है ।<br>(ख) हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण 5 तालाबों (बजरी – 30/31/32, डबुआ–65 गौंछी–149) के लिए 497.44 लाख रुपये की राशि प्रशासकीय स्वीकृति एवं राशि आवंटित की जा चुकी है। अब तक 47.35 लाख रुपये की राशि नगर निगम फरीदाबाद को जारी की जा चुकी है। तालाबों का कार्य सक्षम प्राधिकारियों से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर निविदा आमंत्रित कर यथासमय में पूरा कर लिया जायेगा। | | |
| | | 22.03.2023 | | |
| 558. | तारांकित प्रश्न संख्या 102 के सन्दर्भ में श्री घनश्याम दास अरोड़ा, द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को यमुनानगर के इस क्षेत्र की परिस्थिति की | अध्यक्ष महोदय, माननीय विधायक ने जो बात कही है, वह सराहनीय है। यहां पर कुछ भाग में सोलिड वेस्ट पड़ा हुआ है जिसको माननीय एन.जी.टी. और अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी निर्देश के अनुसार ठोस कचरे के | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | जानकारी देते हुए बताना चाहूंगा कि यहां पर 9 एकड़ के लगभग जमीन है। इस जमीन पर लोग अवैध कब्जा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और यहां पर कूड़े को इक्ट्ठा करने का काम भी किया जाता है। 12 बूथ अर्थात लगभग 25000 की आबादी हमीदा और गढ़ी गुजरान की है। यहां पर घनी आबादी है और थिकली पापुलेटिड एरिया होने के कारण, यहां पर कोई भी ऐसा सार्वजनिक स्थान नहीं है, जहां पर लोग सैर के लिए, एक्सरसाइज के लिए या फिर योग के लिए जा पायें। यह क्षेत्र वैस्टर्न यमुना कैनाल के किनारे पर स्थित है इसलिए उस क्षेत्र को कूड़ा मुक्त करने के लिए तथा यहां की जमीन को कब्जे से मुक्त करने के लिए व लोगों को सुविधा मुहैया करवाने के लिए यहां पर अच्छा रिवर फ्रंट बनना चाहिए क्योंकि एक तो यह नदी के किनारे पर है, इसलिए यदि इसमें झील का निर्माण होगा तथा एक अच्छे पार्क का विकास होगा तो निश्चित रूप से प्रदूषण को ठीक रखने में मदद मिलेगी और लोगों को सैर करने और योग करने का अच्छा अवसर मिल सकेगा। | प्रोसैस के लिए, गैर ठोस कचरा प्लांट में ले जाया जाना है और उम्मीद है कि 31.3.2023 तक यह कार्य पूरा कर लिया जायेगा। अतः मैं समझता हूँ कि जो सोच माननीय विधायक की है, इसके बारे में वे रिटन में भी दे दें और वैसे मैं अभी यमुनानगर गया था और मुझे इस विषय की सारी जानकारी भी है। इनके यहां पर नगर निगम के पास 375 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध है। मैं समझता हूँ कि इस काम को नगर–निगम स्वयं पास करके भी कर सकता है और जो इसका थोड़ा बहुत अलग से खर्चा होगा तो माननीय सदस्य को पता भी होगा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं नगर निगमों को और लोकल बाडीज को लोकल गवर्नमैंट के नाते पूरी स्वायतता देने का काम किया हुआ है अर्थात इस तरह का काम करने के लिए यह बाडीज बाकायदा तौर पर स्वतंत्र भी हैं। अतः मैं फिर कहता हूँ माननीय सदस्य इसे लिखकर भी दे दें और वैसे भी वे इसको निगम से पास करवाकर, इस काम को करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।<br>XX अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को इस बारे में लिखकर दे देना चाहिए। वैसे 'दिव्य नगर योजना' के संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है कि इस योजना के तहत, | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | यही नही झील और पार्क के प्रावधान यदि रिवर फ्रंट के साथ लगता होगा तो इससे यह स्थान एक अच्छे टूरिस्ट प्लेस अर्थात पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो सकेगा। यह समय की आवश्यकता है इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन और आग्रह है कि वें आज इस संदर्भ में एक बढ़िया घोषणा करके, यमुनानगर के लोगों को तथा हमीदा हैड और गढ़ी गुजरान के लोगों को एक उपहार देने का काम करें।<br>XX यह प्रोजैक्ट काफी बड़ा है और यदि इस काम के लिए निगम का सारा पैसा प्रयोग कर लिया गया तो इससे दूसरे कामों के प्रभावित होने की आशंका बनी रहेगी। अतः 'दिव्य नगर योजना' के तहत आधा पैसा नगर निगम और आधा पैसा डायरेक्टर, अर्बन लोकल बाडी डिपार्टमैंट की तरफ से आ जाये तो निश्चित रूप से यह नगर निगम के लिए तथा स्थानीय निकाय विभाग के लिए, एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। | कुछ भाग देकर, किसी भी कार्य को करने की हर मंशा को पूर्ण करने काम किया जायेगा। मैं आन द फलोर ऑफ द हाउस, माननीय सदस्य को यह आश्वासन देना चाहूंगा। | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| 559. | श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 4: क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) सभी कार्यों का नाम क्या है;<br>(ख) प्रत्येक निविदा की डी.एन.आई.टी. लागत/निविदा आमंत्रित लागत क्या है;<br>(ग) प्रत्येक निविदा की आवंटन राशि कितनी है;<br>(घ) उस फर्म/कंपनी का नाम के साथ उनके पंजीकृत कार्यालय का पूरा पता क्या है जिसे अनुबंध आवंटित किया गया है;<br>(ड) शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा संबंधित विभागों को पूरी की गई/सौंपी गई परियोजना की संख्या कितनी है; तथा<br>(च) मूल आवंटित कार्य के पूरा होने की तिथि तथा बढ़ाने की तिथि क्या है; यदि हाँ, तो टिप्पणी सहित बताएं? | (क) से (ड) ***<br>(च) जल आपूर्ति प्रणाली से संबंधित कार्य के पूर्ण होने की मूल तिथि 25.05.2020 थी जिसे 31.12.2021 तक बढ़ा दिया गया था। कार्य के निष्पादन के दौरान कुछ संरचनाओं के स्थान में बदलाव करने से तथा अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र देरी से प्राप्त होने के कारण इस कार्य को पूर्ण करने में विलंब हुआ। एजेंसी द्वारा कार्य करने में देरी की गई इसलिए एजेंसी के विरूद्ध अनुबंध के क्लॉज–2 के तहत कार्यवाही की गई। कार्य 31.12.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है।<br>मल निकासी प्रणाली से संबंधित कार्य के पूर्ण होने की मूल तिथि 15.03.2020 थी जिसे 31.10.2023 तक बढ़ा दिया गया है। कार्य के निष्पादन के दौरान कुछ संरचनाओं के स्थान में बदलाव करने से तथा अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र देरी से प्राप्त होने के कारण इस कार्य को पूर्ण करने में विलंब हुआ। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 10 स्थानीय निकायों के पार्कों में मोड्यूलर चिल्ड्रन प्ले कॉर्नर की स्थापना से संबंधित कार्य के पूर्ण होने की मूल तिथि 17.12.2019 थी जिसे 15.03.2021 तक बढ़ा दिया गया था। नगर निगम, रोहतक के पार्कों में मोड्यूलर चिल्ड्रन प्ले कॉर्नर की स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 560. | तारांकित प्रश्न संख्या 25 के सन्दर्भ में श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री का पहले धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मेरे प्रश्न के पहले भाग का श्हांश में उत्तर दिया है। उन्होंने प्रश्न के दूसरे भाग का जवाब दिया है कि मामला न्यायालय में है। मेरा कहना है कि न्यायालय में जो मामला है वह दो अलग–अलग पार्टीज का है। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा सरकार परमार्थ के लिए काम करती है । जो दो लोग | अध्यक्ष महोदय, इसमें कोई शक नहीं है कि यह कॉलोनी केवल 25 साल नहीं अपितु 53 साल पुरानी है । इसमें पहले के जो डायरैक्टर थे उनके ऊपर करप्शन के कुछ चार्जिज थे। गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया ने उनको हटाकर टेकओवर कर लिया था। यह मामला विचाराधीन है । जहां तक बहन ने जो रक्षाबंधन की बात की है तो मैं श्तथास्तुश कहकर इनकी बात को पूरा करने का आश्वासन देता हूं । इसको नगर निगम शीघ्र अपने कब्जे में लेकर रख–रखाव का काम करेगा। इसके लिए गवर्नमैंट की तरफ से ग्रान्ट्स दी | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय में गये हैं वे निजी स्वार्थ के लिए गए हैं । मेरा निवेदन है कि इस कानून में कोई भी चीज इस चीज के आड़े नहीं आती कि दो लोग लड़ें और सरकार द्वारा जनता के हितों की अनदेखी हो या उनको सुविधा न दी जाए । कोर्ट का मसला कोर्ट में रहेगा । यह ग्रीनफील्ड सोसायटी लगभग 25 सालों से बनी हुई है और इसके लोग बार–बार त्राहि–त्राहि कर रहे हैं कि हमें नगर निगम के अंतर्गत लाया जाए । माननीय मुख्यमंत्री महोदय की घोषणा के अंतर्गत इसे नगर निगम के अंतर्गत लाया गया और मैं वहां के लोगों की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री महोदय का सदन में पहले ही धन्यवाद कर चुकी हूं । इसे नगर निगम के अंतर्गत लाने के बाद अगर कोर्ट ने सरकार को यह आदेश दिए हैं कि वहां पर विकास कार्य नहीं होंगे तो मैं माननीय मंत्री जी के जवाब को सुनकर अपनी सीट पर बैठ जाऊंगी । अगर कोर्ट ने सरकार को ऐसे आदेश नहीं दिए हैं तो हम वहां पर प्रोविजनल तौर पर उनकी किसी भी बिल्डिंगध्जमीन को अपने तरीके से लेकर उस काम को कर सकते हैं | जाएंगी। यह एक अलग बात है कि बाद में यह राशि कम्पनी से रिस्क एंड कॉस्ट पर वसूल कर ली जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

जोकि एक ऐडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर का काम होता है । इसके साथ–साथ मैं माननीय मंत्री जी को कहना चाहती हूं कि मुझे पता है कि समय को कोई बांध नहीं सकता । अभी हम जिस काल से निकल रहे हैं वह रक्षाबंधन का काल है । मैं कहना चाहती हूं कि मैं छोटी–सी, नन्ही–सी बहन हूं । सीमाएं सबकी होती हैं, मेरी भी सीमा है लेकिन मेरी एक गुजारिश है कि माननीय मंत्री जी रक्षाबंधन पर उस कॉलोनी के निवासियों को आश्वस्त करें कि आने वाले भैयादूज के बाद मैं इसी सदन में इनको उनका धन्यवाद दे सकूं । इस बात के लिए सदन में मुझसे सभी सहमत हैं । मैं माननीय मंत्री जी से इसका जवाब चाहती हूं ।



28.08.2023

561\. श्री धर्म सिंह छौक्कर, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 40–

(क) क्या यह तथ्य है कि नगरपालिका, समालखा के दुर्गा कॉलोनी, नई दुर्गा कॉलोनी, सीताराम कॉलानी, गांधी कॉलानी तथा विकास नगर (पूर्वी हिस्सा) के पीछे का क्षेत्र, तारा एनक्लेव, मयूर विहार से पवाती गांव तक, प्रीतमपुरा नजदीक रेलवे लाइन, शास्त्री कॉलोनी, चुलकाना सड़क, लाईन पार सांषी कॉलोनी, लाईन पार हनुमान बस्ती, लाईन पार भारत कॉलोनी, लाईन पार राजस्थान कॉलोनी, लाईन पार राजीव कॉलोनी, चरक कॉलोनी, जौरासी रोड़, ऑफिसर कॉलोनी का पूर्वी हिस्सा, पंचवटी कॉलोनी का पूर्वी हिस्सा, शास्त्री कॉलोनी नजदीक भापरा गांव नियमित नहीं है;

(ख) यदि हां, तो क्या नगर पालिका, समालखा का क्षेत्र को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि उक्त कॉलोनियां नियमित हो सकें; तथा

(ग) क्या वर्ष 2017 में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शहर के क्षेत्र को बढ़ाने की घोषणा की गई थी जो कि अब तक पूरी नहीं की गई; यदि हां, तो उक्त घोषणा के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

(क) कुल 17 कॉलोनियों में से 8 कॉलोनियां नगरपालिका के अंतर्गत आती है और जिनमें से 6 कॉलोनियां को अनुमोदित/घोषित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया है और 2 कॉलोनियां विचाराधीन है। एवम्, प्रश्न में वर्णित 9 कॉलोनियां नगरपालिका सीमा से बाहर पड़ती है, जिनमें से 3 कॉलोनियों को घोषित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया है और शेष 6 कॉलोनियां विचाराधीन है उपरोक्त बारे विवरण निम्नलिखित है;

| क्र. सं. | कॉलोनियों का नाम | नगरपालिका सीमा के अतंर्गत आता है या नहीं | स्वीकृत या अस्वीकृत घोषित क्षेत्र के रूप में |
|---|---|---|---|
| 1. | दुर्गा कॉलोनी | हां | स्वीकृत |
| 2. | नई दुर्गा कॉलोनी | हां | स्वीकृत |
| 3. | सीताराम कॉलानी | हां | स्वीकृत |
| 4. | गांधी कॉलानी तथा विकास नगर (पूर्वी हिस्सा) के पीछे का क्षेत्र | नहीं | अस्वीकृत |
| 5. | तारा एनक्लेव | नहीं | स्वीकृत |
| 6. | मयूर विहार से पवाती गांव तक | नहीं | स्वीकृत |
| 7. | प्रीतमपुरा नजदीक रेलवे लाइन | नहीं | अस्वीकृत |
| 8. | शास्त्री कॉलोनी चुलकाना सड़क | नहीं | स्वीकृत |
| 9. | लाईन पार सांषी कॉलोनी | नहीं | अस्वीकृत |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | लाईन पार हनुमान बस्ती | हां | स्वीकृत |
| 11. | लाईन पार भारत कॉलोनी | नहीं | अस्वीकृत |
| 12. | लाईन पार राजस्थान कॉलोनी | हां | स्वीकृत |
| 13. | लाईन पार राजीव कॉलोनी | हां | स्वीकृत |
| 14. | चरक कॉलोनी जौरासी रोड | नहीं | अस्वीकृत |
| 15. | ऑफिसर कॉलोनी का पूर्वी हिस्सा | नहीं | अस्वीकृत |
| 16. | पंचवटी कॉलोनी का पूर्वी हिस्सा | हां | अस्वीकृत |
| 17. | शास्त्री कॉलोनी नजदीक भापरा गांव | हां | अस्वीकृत |

(ख) हां श्रीमान, नगर पालिका समालखा की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। कॉलोनियों को 2021 में संशोधित हरियाणा नगरपालिका अपूर्ण क्षेत्रों में नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबन्धन (विशेष उपबंध) अधिनियम 2016 के तहत घोषित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जा सकता है यदि कॉलोनियां नीति के प्रावधानों को पूरा करती है।



(ग) माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा, संख्या 24777 दिनांक 02.02.2019 द्वारा नगरपालिका समिति, समालखा के क्षेत्र के विस्तार हेतु हुई थी। उक्त घोषणा अगले छह महीनों के भीतर पूरी होने की सभांवना है।

28.08.2023

562. श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 43–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, रोहतक क्षरा कन्हेली सड़क पर डेयरी कॉम्प्लेक्स के लिए प्लॉट आवंटित किए गए हैं; यदि हां, तो उक्त कॉम्प्लेक्स में सड़कों, पानी तथा जल निकासी प्रणाली के उचित प्रबंधन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि डेयरी कॉम्प्लेक्स को विकसित करने के लिए नगर निगम, रोहतक को 35 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है; यदि हां, तो उस कार्य का नाम क्या है जिस पर उक्त राशि अब तक खर्च की गई है तथा उस कार्य का नाम क्या है जिस पर उक्त राशि खर्च

(क) हाँ सर, नगर निगम, रोहतक ने डेयरी कॉम्प्लेक्स में जल निकासी सुविधा, 1.8 किमी लंबी जल आपूर्ति लाइन और सड़कें जिन्हें दोबारा से बनाने की आवश्यकता है, प्रदान की गई हैं।

(ख) ***

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 563. | (i) श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 46:–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) रोहतक में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए दुकानदारों और निवासियों की संख्या कितनी है;<br>(ख) क्या सरकार द्वारा उनके पुनर्वास तथा मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए कोई नीति बनाई गई है; यदि हां, तो उपरोक्त विस्थापित हुए दुकानदारों को दुकानों का आवंटन किया गया है तथा इसका ब्यौरा क्या है;<br>(ग) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा नए बाजार के साथ 15 फीट की सड़क बनाने की घोषणा की गई थी; यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा | स्पीकर सर, नम्बर एक तो बात यह है कि जो लोग प्रभावित हुए जो 37 लोग थे जिनकी वहां पर दुकानें थी उनको किसी भी गवर्नमैंट के कर्मचारी ने तोड़ा नहीं। उन्होंने स्वेच्छा से अपनी दुकानों को वहां से हटाया और उनको जो कम्पनसेशन दी है वह जैसा माननीय सदस्य ने कहा 50 परसैंट के अलावा एक लाख रूपया अतिरक्त भी दिया है। उनको 50 परसैंट की छूट के अलावा एक लाख रूपये प्रति गज दिया है और दूसरी बात जिन लोगों को यह चीज नहीं चाहिए जिनका बड़ा साईज था तो हमने उनको दुकान रिप्लेस करने का भी वायदा किया है। माननीय सदस्य की जो बात केवल 50 प्रतिशत तक थी उसके बारे में मैं बताना चाहूंगा कि उसके साथ हमने 1 लाख रुपये और 50 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान किया है। इसके अलावा कुछ शर्तें | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | इसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त उद्देश्य के लिए भूमि को अधिगृहित किए बिना निविदा आमंत्रित करने के कारण क्या हैं;<br>(घ) उपरोक्त 15 फीट की सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ड) क्या यह तथ्य है कि गांधी कैंप पुराना बाजार के साथ पुराने रेलवे ट्रैक पर 30 फीट की सड़क प्रस्तावित है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है? | हैं उन्होंने कुछ अढ़ाई लाख रुपये रेट बताये थे वहां पर हमने 10 हजार रुपये कम किये हैं। पहले जो 2 लाख का था वह भी प्रथम तल पर 1 लाख 90 हजार रुपये किया है। रिहैबिलिटेशन के तहत जिन लोगों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें तोड़ी हैं उनको हमने यह मदद करने की बात की है। दूसरी बात यह है कि जो 30 फुट की सड़क है उसके लिए रेलवे ने एन.ओ.सी. दे दी है तथा उसकी एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रुवल आने वाली है जिसकी अनुमानित लागत 20,98,94,000ध– रुपये है। ज्यों ही इसकी एडमिनस्ट्रिेटिव एप्रुवल मिलेगी इस पर तुरन्त काम शुरू हो जायेगा। यह 1.7 किलोमीटर की है और जो 15 फुट चौड़ी सड़क है वह जैसे–जैसे खाली होगी उसको वहां पर तुरन्त बनवा दिया जायेगा। इसके टैंडर लग चुके हैं। | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| | (ii) तारांकित प्रश्न संख्या 46 के सन्दर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः ***अध्यक्ष जी, मेरा सवाल यह है कि जब सरकार वहां पर 15 फुट की सड़क निकाल रही है उसके बदले दुकान के बदले दुकान देनी चाहिए। | स्पीकर सर, नम्बर एक तो बात यह है कि जो लोग प्रभावित हुए जो 37 लोग थे जिनकी वहां पर दुकानें थी उनको किसी भी गवर्नमैंट के कर्मचारी ने तोड़ा नहीं। उन्होंने स्वेच्छा से अपनी दुकानों को वहां से हटाया और उनको जो कम्पनसेशन दी है वह जैसा माननीय | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | उसका कोई प्रोसैस नहीं हुआ। न होगा बांस और न बजेगी बांसुरी। उसके बाद जिन लोगों को 40 हजार रूपये की रिबेट दी गई है उनको कृष्णस बेदी जी ने यहां पर अनाऊंस किया कि 50 परसैंट जहां 2 लाख 80 हजार रूपये है वहां पर एक लाख 40 हजार की रिबेट होनी चाहिए। एक्चुैअल मेरा यह सवाल है। मेरा थर्ड सवाल यह है कि वहां पर मुख्यनमंत्री जी भी अनाऊंस करके गए थे कि 30 फुट का वहां पर एक रेलवे ट्रैक में जो लैफ्ट साईड में पुराना बाजार पड़ता है वहां पर सड़क बनेगी। 6 साल में उस सड़क की कोई प्रोग्रैस नहीं हुई है। 7 साल हो गये उस 15 फुट की सड़क की कोई प्रोग्रैस नहीं और न ही लोगों को कोई कम्पनसेशन मिला। मुझे इसका उत्तर चाहिए। | सदस्य ने कहा 50 परसैंट के अलावा एक लाख रूपया अतिरक्त भी दिया है। उनको 50 परसैंट की छूट के अलावा एक लाख रूपये प्रति गज दिया है और दूसरी बात जिन लोगों को यह चीज नहीं चाहिए जिनका बड़ा साईज था तो हमने उनको दुकान रिप्लेस करने का भी वायदा किया है। माननीय सदस्य की जो बात केवल 50 प्रतिशत तक थी उसके बारे में मैं बताना चाहूंगा कि उसके साथ हमने 1 लाख रुपये और 50 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान किया है। इसके अलावा कुछ शर्तें हैं उन्होंने कुछ अढ़ाई लाख रुपये रेट बताये थे वहां पर हमने 10 हजार रुपये कम किये हैं। पहले जो 2 लाख का था वह भी प्रथम तल पर 1 लाख 90 हजार रुपये किया है। रिहैबिलिटेशन के तहत जिन लोगों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें तोड़ी हैं उनको हमने यह मदद करने की बात की है। दूसरी बात यह है कि जो 30 फुट की सड़क है उसके लिए रेलवे ने एन.ओ.सी. दे दी है तथा उसकी | | |
| | | एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रुवल आने वाली है जिसकी अनुमानित लागत 20,98,94,000/– रुपये है। ज्यों ही इसकी एडमिनस्ट्रिेटिव एप्रुवल मिलेगी इस पर तुरन्त काम शुरू हो जायेगा। यह 1.7 किलोमीटर की है और जो 15 फुट चौड़ी सड़क है वह जैसे–जैसे खाली होगी उसको वहां पर तुरन्त बनवा दिया जायेगा। इसके टैंडर लग चुके हैं। | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 564. | श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा ग्या तारांकित प्रश्न संख्या 54–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताऐंगे कि:–<br>(क) सोनीपत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या कितनी है तथा उक्त कॉलोनियां को कब तक नियमित किये जाने की संभावना है;<br>(ख) उक्त कॉलानियां को अनधिकृत घोषित किये जाने के आधार का ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) क्या उपरोक्त अनधिकृत कॉलोनियों में सीवरेज लाइन तथा पीने के पानी की पाइपलाइन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार | श्रीमान,<br>(क) सोनीपत विधानसभा क्षेत्र में कुल 35 अनधिकृत कॉलोनियों की पहचान हरियाणा नगरपालिका अपूर्ण क्षेत्रों में नागरिक सुखसुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबन्धन (विशेष उपबंध) अधिनियम 2016 संशोधित वर्ष 2021 के अतंर्गत की गई है। जिन में से प्रत्येक को प्राथमिकता के आधार पर आगामी तीन मास के अन्दर निर्दिष्ट मापदंडों की पूर्ति होने पर ''घोषित क्षेत्र'' के रूप में अधिसूचित कर दिया जायेगा।<br>(ख) हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की उल्लंघना कर | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | विकसित हुई कॉलोनियों को अनधिकृत घोषित किया गया है।<br>(ग) हरियाणा नगरपालिका क्षेत्रों में अपूर्ण नागरिक सुखसुविधाओं और अवसंरचना का प्रबन्धन (विशेष उपबंध) अधिनियम 2016, संशोधित वर्ष 2021 के तहत "घोषित क्षेत्र" होने के बाद, ये कॉलोनी नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए पात्र होगी। | | |
| 565. | श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 58 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि– क्या सफीदों शहर से गुजरने वाली नहर की दोनों तरफ की कच्ची पटरियों को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त पटरियों के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है ? | 10.08.2022<br>मुख्यमंत्री हरियाणा ने दिनांक 03.04.2022 को कोड संख्या नं0 25931 द्वारा सफीदों शहर में से गुजरने वाली हांसी ब्रांच की बुर्जी संख्या 66125 से 80200 तक, के दोनों तरफ सर्विस रोड़ के पुर्ननिर्माण के लिए घोषणा की। नगरपालिका समिति सफीदों द्वारा हांसी ब्रांच की बुर्जी संख्या 72200 से 77500 (5300 फीट) बाएं तरफ एवं बुर्जी संख्या 70300 से 77250 (6900 फीट) दाएं तरफ को पेवर ब्लॉक लगाकर पहले ही पक्का किया जा चुका है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शेष कार्य करने के लिए नगरपालिका समिति सफीदों को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया जायेगा। | | |
| 566. | तारांकित प्रश्न संख्या 3 के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पंवार, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने यह नहीं बताया कि सोनीपत के सैक्टर– 4 के एस्ट्रोटर्फ की हालत जर्जर हो चुकी है तो क्या उसको चेंज करवाया जाएगा या नहीं करवाया जाएगा ? चूंकि इनकी लाईफ 15–20 साल की ही होती है और अगर उसको यूज नहीं करेंगे तो वह 100 साल तक ऐसे ही पड़ा रहेगा। मेरा कहना यह है कि वहां पर काफी बच्चे प्रतिदिन अभ्यास करते हैं, लेकिन उस एस्ट्रोटर्फ की लाईफ खत्म हो चुकी है। वह एस्ट्रोटर्फ पिछले 2 सालों से जर्जर हालत में है। | 26.12.2022<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि इसकी जांच करवायी जा चुकी है और उसकी रिपेयर करवाने के लिए आलरेडी 17 लाख रुपया दिया जा चुका है। फिर भी माननीय सदस्य कहेंगे तो उसकी दोबारा से जांच करवा देंगे। | सैक्टर 04 हॉकी एस्ट्रोट्रफ की रिपेयर हेतू जिला योजना स्कीम (डी–प्लान) वर्ष 2022–23 के अंतर्गत 17.00 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। कार्य करने की जिम्मेवारी नगर निमग, सोनीपत को सौंपी गई है। जिला खेल अधिकारी, सोनीपत के पत्र के 766 दिनांक 03.07.2023 के तहत आयुक्त नगर निगम को उक्त कार्य को शीघ्र करने के लिए लिखा गया है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(04.10.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 567. | श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्ने संख्या 9 :–<br>क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, फरीदाबाद में निधि के अभाव के संबंध में नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय को अपने पत्र क्रमांक एमसीएफ/एसई/2023/978 दिनांकित 12–10–2023 के माध्यम से एन आईटी विधानसभा के विकास कार्यो की 27–48 करोड रूप, की फाइल भेजी थी तथा उसमें उक्त कार्यो को करवाने की आवश्यकता भी वर्णित की गई थी; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त फाइल की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त फाइल के कब तक स्वीकृत होने की संभावना है तथा उपरोक्त कार्य कब तक पूरे कि, जाने की संभावना है? | 15.12.2023<br>(क) हां श्रीमान जी।<br>(ख) सरकार द्वारा जारी प्राथमिकता सूची दिनांक 01.06.2023 के अनुसार कार्य नगर निगम के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। दिनांक 30.11.2023 तक, नगर निगम, फरीदाबाद के पास ₹626–.59 करोड़ उपलब्ध हैं। यदि नगर निगम अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध कराने में असमर्थ है, तो सरकार नगर निगम को अतिरिक्त अनुदान देगी। XX अध्यक्ष महोदय, हर बात का जवाब हां या नहीं में नहीं दिया जा सकता है। हम उसकी फिजिबिलिटी चौक करवा लेते हैं जो उचित काम होगा वह करवा दिया जायेगा। अगर वह हो सकता होगा तो हो जायेगा । XX सर, अगर हो सकता होगा तो 1 महीने में हो जायेगा। | | |
| 568. | तारांकित प्रश्न संख्या 32 के सन्दःर्भ में श्री नयन पाल रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :<br>अध्यक्ष महोदय, लगभग दो साल पहले मेरी पृथला विधान सभा के सात गांव नवादा, मुजेड़ी, मच्छगर, सोलई, साहपुरा, मलेरना तथा चन्दावली को नगर निगम में शामिल किया गया और इनका लगभग 362 करोड़ रुपया, जो फिगर उत्तर में दी गई है मैच नहीं कर रही है। नगर निगम ने 362 करोड़ रुपये और इनकी जमीन भी टेक ओवर कर ली है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह पृथला विधानसभा के चार गांव पिछली योजना में पलवल नगर परिषद में शामिल हुए। इनके भी 35 करोड़ रुपये नगर निगम के पास हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि इन गांवों की स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं है। इन गांवों के लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं। इन गांवों का पैसा भी ले लिया गया और इनमें काम भी नहीं हुआ। जब ये गांव शामिल किये गये थे | 18.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो सात गांव बताये इनके इन्होंपने 362 करोड़ रुपये बताये जबकि ये 307 करोड़ रुपये हैं। इसके अलावा पलवल नगर परिषद में जो चार गांव लिये गये हैं। इन गांवों का जो धन इकट्ठा किया गया है वह 38 करोड़ रुपये हैं। इसके खर्चे का ब्यौरा भी हमने दिया है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की बात मानता हूं कि पैसा कम खर्च हुआ है, पैसा काफी बचा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्य म से माननीय विधायक जी की जानकारी के लिए सदन में यह बताना चाहूंगा कि इनमें से 133.52 करोड़ रुपये का एस्टीमेट्स इन सातों गांवों में अमरूत–2 योजना के तहत सीवरेज तथा पानी सप्लाई का जो काम होने वाला है उसके लिए तैयार हो चुका है। इसलिए जैसै–जैसे इन 11 गांवों में काम आएंगे उनकी एडमिन अप्रूवल होगी, उनकी टैक्निकल अप्रूवल होगी तो उनकी उचित डिवैल्पअमैंट के लिए यह पैसा खर्च किया जाएगा ।<br>*******<br>आदरणीय अध्यक्ष जी, ये 11 गांव हैं। अलग–अलग काम हैं तो उनके लिए एकदम से | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तब यह तय हुआ था कि इनका जो पैसा है, वह इन्हीं गांवों पर खर्च होगा। जैसे पंचायत के माध्यम से खर्च होता था। यह पैसा उसी प्रकार से नगर परिषद या नगर निगम के माध्यम से इन गांवों पर खर्च होगा। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध है कि एक तो यह फिगर ठीक कर ली जाये और इन गांवों का जो काम है, वह समय सीमा से पूरा करवा दिया जाये । इसके अलावा इनमें जो नॉर्म्स् हैं, वे अभी लागू नहीं हुए हैं इसलिए कम से कम जो लोग कंस्ट्रॉक्शन करते हैं जिनका घर–परिवार अलग हो रहा है। उनको कंस्ट्रॉक्श न का कार्य करते वक्त तंग न किया जाये। धन्यवाद।<br>*******<br>अध्यक्ष महोदय, दो साल की समय सीमा बहुत ज्याध्दा होती है। मैं तो आपके माध्यम माननीय मंत्री जी से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि इसको टाइम बाउण्डय कर दें। आगे चुनाव आ रहा है। इसके लिए दो, तीन या चार महीने का समय तय कर दें। मुझे यह बता दिया जाये कि कब इसकी टैण्डबर प्रोसैस पूरी होगी और कब यह काम कम्पयलीट हो जायेगा ? | समय सीमा बताना सम्भव नहीं है लेकिन जल्दी ही इसको संज्ञान में लेकर ये कार्य किये जायेंगे। | | |
| 569. | श्री अमरजीत ढांडा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 57:–<br>क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें कि :–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना नगर पालिका में अस्वीकृत कॉलोनियां 70% से ज्यादा विकसित हो चुकी है तथा जो कि सभी नियमों का पालन करती हैं (तथा<br>(ख) यदि हां, तो इन कॉलोनियों को कब तक नियमित कि, जाने की संभावना है ? | 18.12.23<br>(क) नगर पालिका जुलाना की 5 अनधिकृत कॉलोनियों का प्रस्ताव जिला नगर आयुक्त, जींद से प्राप्त हुआ। प्रत्येक कॉलोनी का निर्मित क्षेत्र 40: से कम था। पत्र दिनांक 03–03–2023 द्वारा प्रसारित मानदंडों के अनुसार कॉलोनियों की जांच की गई और पाया गया कि 5 कॉलोनियों में से 4 कॉलोनियां आंतरिक सड़कों की न्यूनतम चौड़ाई यानी 3 मीटर के मानदंडों को पूरा नहीं करती है। इसलिए, आंतरिक सड़कों की चौड़ाई को पुनः सत्यापन के लिए इसे जिला नगर आयुक्त, जींद को वापस कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, नगरपालिका समिति, जुलाना में 6–25 एकड़ क्षेत्रफल की एक कॉलोनी को दिनांक | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 06.10.2023 के द्वारा अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना क्षेत्रघोषित किया गया है।<br>(ख) निदेशालय द्वारा मांगी गई पुनः सत्यापन रिपोर्ट जिला नगर आयुक्त, जींद से प्राप्त होने के उपरान्त, मानदंड़ों के अनुसार पाए जाने वाली बची हुई कॉलोनियो को अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना क्षेत्र घोषित करने पर विचार किया जाएगा। | | |
| 570. | श्री अमरजीत ढांडा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 58ः—<br>क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें कि क्या यह तथ्य है कि जुलाना कस्बे का मास्टर प्लान तैयार हो गया है तथा मंजूरी के लिए भेजा हुआ है (यदि हां, तो इसके कब तक मंजूर कि, जाने की संभावना है? | 18.12.23<br>मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल)ः श्रीमान जी, जुलाना की प्रारूप विकास योजना 2041 ई0 को शहरी स्थानीय निकाय विभाग तथा नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से छह महीने में प्रकाशित कर दिया जायेगा। | | |
| 571. | डॉ० कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 71ः—<br>क्या शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री कृपया बताएगें कि :—<br>(क) जींद शहर में मां जयंती देवी मन्दिर के सामने से अस्थाई नन्दीशाला को कब तक स्थानान्तरित कि, जाने की संभावना है; तथा<br>(ख) उपरोक्त भूमि पर प्रस्तावित सामुदायिक केन्द्र के निर्माण कार्य के पूरे हो चुके चरणों का ब्यौरा क्या है ? | 18.12.23<br>(क) जींद शहर में मां जयंती देवी मन्दिर के सामने से अस्थाई नन्दीशाला को स्थानान्तरित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।<br>(ख) बागवानी विभाग की 5 एकड़ भूमि नगर परिषद्, जींद को स्थानान्तरित होने के पश्चात सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य किया जाएगा। कथित भूमि को लेने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। | | |
| 572. | तारांकित प्रश्न संख्या 41 के संदर्भ में श्री लीला राम, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि कैथल बड़ा शहर है और कैथल में लगभग 1,10,000 के करीब वोट भी हैं। अभी तक शहर में कार पार्किंग के लिये कोई उचित व्यनवस्थो नहीं है। अध्यक्ष महोदय, वहां भाई उदय सिंह किले के निकट जो लगभग 1200 वर्ग गज जमीन है, वह कैथल शहर की बिल्कुल प्राइम लोकेशन | 19.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की बात सही है कि कैथल शहर का मुख्य बाजार संकीर्ण सड़कों पर स्थित है। लोग भी गलत तरीके से अपने वाहन खड़े करते हैं। जिससे वहां हमेशा जाम की स्थिति रहती है। माननीय सदस्य ने जो चिन्हित जमीन की बात कही है, यह सुविधा के लिये और पुराने शहर की कार पार्किंग की समस्या को दूर करने में सक्षम तो होगी लेकिन नगर परिषद्, कैथल ट्रांजैक्शन सलाहकार की नियुक्ति के लिये निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया में है। जो परियोजना की फाइनैंशियल फिजिबिलिटी का | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | है। वहां पर डबल स्टोकरी कार पार्किंग की व्यवस्था हो सकती है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि वहां पर डबल स्टोरी कार पार्किंग बनने के बाद भी जो उसका ऊपर का लैवल आयेगा, वह मार्किट के बराबर आ जायेगा। यह इतनी प्राइम लोकेशन है यदि वहां पर डबल स्टोरी कार पार्किंग बनाने के बाद भी अगर नगर पालिका वहां पर शोरूम्ज और दुकानें बनवाती है तो वहां शोरूम्ज और दुकानों की एक–एक करोड़ रूपये से अधिक कीमत आ सकती है क्योंकि वहां आस–पास जो जमीन का रेट है वह लगभग 4–5 लाख रूपये प्रति गज है। अध्ययक्ष महोदय, मेरा सरकार से पुनरू आग्रह है कि वहां पर डबल स्टोरी कार पार्किंग बनवा कर शोरूम बनवा दिये जाये। अगर वे बनाये हुए शोरूम और दुकानें नगर पालिका या सरकार बेचेगी तो करोड़ों रूपये का मुनाफा होगा और अगर वे किराये पर देंगे तो भी बहुत मुनाफा होगा। वहां शहर में एक अच्छी मार्किट भी बनेगी, शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा और शहर की कार पार्किंग की समस्याछ भी समाप्त होगी। | आकलन करेगा और यदि वहां यह होना व्य ावहारिक पाया गया तो विस्तृलत परियोजना रिपोर्ट तैयार करके अनुमोदन प्राप्त करने के लिये सरकार को प्रस्तुत की जायेगी । अध्यैक्ष महोदय, इसकी मंजूरी मिलने और धनराशि की व्यतवस्था होने पर इस मामले में आगामी कार्यवाही की जायेगी । | | |
| 573. | श्री सुभाष गांगोली, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 50–<br>क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें कि:–<br>(क) क्या निम्नलिखित सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:–<br>(i) नहर पुल से पुरानी गैस एजेंसी वाया रेलवे स्टेशन की सड़क;<br>(ii) महात्मा गांधी सड़क पर एचडीए एफसी बैंक के सामने से राम मेहर ठाकुर के घर तक की सड़क;<br>(iii) महात्मा गांधी मार्ग;<br>(iv) नहर के दोनों तरफ के रास्ते;<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 19.12.23<br>(क) तथा (ख) सरकार के अधिसूचना दिनांक 25 जुलाई 2023 अनुसार 2–5 करोड़ से कम लागत के कार्यो की स्वीकृति एवं क्रियान्वयन की शक्तियां नगरपालिका, सफीदों में निहित है। नगरपालिका, सफीदों ने सूचित किया है कि क्रम संख्या (i) और (ii) में वर्णित सड़कों के निर्माण करने का ,क प्रस्ताव उनके विचाराधीन है। क्रम संख्या (i) में वर्णित सड़क के निर्माण पर आने वाली अंदाजन लागत :– 2–03 करोड़ है<br>क्रम संख्या (i) और (ii) पर वर्ाित कार्य के बारे नगरपालिका, सफीदों ने सूचित किया है कि धन की उपलब्धता अनुसार सड़क कार्य निष्पादित किया जाएगा।<br>क्रम संख्या (iv) पर वर्ाित सड़क के निर्माण का एक प्रस्ताव है तथा सड़क के निर्माण पर | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | वहन होने वाली अंदाजन लागत :– 5–8 करोड़ है। कार्य के आवंटन की मंजूरी की शक्तियां सरकार के पास है। वर्तमान में क्रमांक (iv) पर वर्णित कार्य की निविदा दरों के अनुमोदन का प्रकरण अनुमोदन हेतू प्रक्रियाधीन है। क्रम संख्या (iv) पर वर्णित सड़क के निर्माण का 30 जून 2024 तक पूरा होने की संभावना है। | | |
| | | 19.12.23 | | |
| 574. | तारांकित प्रश्न संख्या 50 के संदर्भ में श्री सुभाष गांगोली, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि नहर के पुल से लेकर पुरानी गैस एजेंसी तक वाया रेलवे स्टेनशन की एक सड़क है जोकि बहुत ज्यादा इर्म्पोटैंट है। चूंकि रेलवे स्टेशन भी इसी सड़क पर है और पुरानी अनाज मंडी भी इसी रोड पर है। इसके अलावा सब्जी मंडी भी इसी रोड पर है। यहां पर सबसे व्यस्त बाजार है। इस सड़क का इतना बुरा हाल है कि गढ्डों में सड़क है, सड़क में गढ्डे नहीं हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि इस सड़क पर कोई मोटरसाईकिल भी नहीं चल सकती। नगरपालिका ने कहा है कि हमारे पास पैसे की व्यरवस्था होगी तब इस सड़क को बना पाएंगे। इसी प्रकार से दूसरी सड़क एच.डी.एफ.सी. बैंक के सामने वाला गंदा नाला होता था। इस गन्देन नाले को ढ़कने के बाद 70–80 फुट चौड़ी सड़क बनी है। इसके निर्माण के लिए भी नगरपालिका ने कहा है कि जब हमारे पास पैसे की व्यवस्था होगी तब यह काम करेंगे। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी निवेदन है कि यह सिर्फ 4 या साढ़े 4 करोड़ रूपये की बात है। सफीदों की नगरपालिका बहुत छोटी नगरपालिका है और उसके पास पैसे की व्यवस्था नहीं है। यह 4 या साढ़े 4 करोड़ रूपये की बात है, इसलिए कृपा करके आप इस सदन को 4 करोड़ रूपये देने का | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि यह अढ़ाई करोड़ रूपये से कम की बात थी, इसलिए बात वहीं तक की थी। अगर वे हमसे डिमांड करेंगे तो हम उनको पैसे दे देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | आश्वासन दे दें कि हम पैसे दे देंगे। यदि आप इसको बनाने के लिए पैसे दे देंगे तो वहां से लोगों का आना–जाना ठीक हो जाएगा। चूंकि वहां पर बहुत ही बुरा हाल है। यह काम करने से बाजार भी चल पड़ेगा। वहां पर अनाज मंडी भी है और सब्जी मंडी भी है और रेलवे स्टेरशन भी वही पर है। | | | |
| 575. | श्री धर्म सिंह छौक्कर, एम.एलए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 91:– क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें कि–<br>(क) क्या समालखा में रेलवे पार्क के अधूरे कार्य को पूरा करने तथा रेलवे सड़क के सौंदर्यीकरण का कार्य आरंभ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा | 19–12–23<br>(क) हॉ श्रीमान जी। रेलवे पार्क के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए नगर पालिका, समालखा में प्रस्ताव विचाराधीन है।<br>(ख) दिनांक 01–11–2017 को समालखा में रेलवे की 22100 वर्ग मीटर भूमि पर हरित क्षेत्र/पार्क विकसित करने हेतु रेलवे विभाग और उपायुक्त, पानीपत के बीच एक एम0 ओ0 यू0 पर हस्ताक्षर किए गए थे। एम0 ओ0 यू0 05 वर्ष की | | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | (ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है? | अवधि अर्थात 31.10.2022 तक के लिए किया गया था जो कि समाप्त हो गया है। नगर पालिका समालखा रेलवे विभाग के साथ एम0 ओ0 यू0 के नवीनीकरण की प्रक्रिया में है। एम0ओ0यू0 के नवीनीकरण के बाद कार्य को अंतिम रूप दिया जाएगा। रेलवे विभाग के साथ एम0 ओ0 यू0 के नवीनीकरण के बाद ही पार्क को पूरा करने की समय सीमा तय की जा सकेगी। | | |
| 576. | श्री भारत भूषण बतरा, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 11–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) सरकार द्वारा रोहतक में अमरुत–1 योजना के अंतर्गत प्रत्येक विशेष परियोजना के लिए पृथक पृथक कितना बजट स्वीकृत किया गया है तथा उनमें से पूर्ण हुई परियोजनाओं की संख्या कितनी है तथा कितनी परियोजनाएं लंबित पड़ी है तथा कितनी परियोजनाओं को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सौंप दिया गया है तथा उनका ब्यौरा क्या है; | 21–02–2024<br>(क) रोहतक शहर में अमृत 1–0 योजना के तहत निम्नलिखित दो कार्य आबंटित किए गए हैं:<br>(i) अमरूत के तहत रोहतक में मूलभूत सुविधाओं तथा बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्र में तथा अन्य स्वीकृत क्षेत्र में मल सशोधन संयंत्र (एस.टी.पी.), मुख्य पम्पिंग स्टेशन (एम.पी.एस.) तथा मध्यवर्ती पम्पिंग स्टेशन (आई.पी.एस.) के निर्माण सहित सीवरेज प्रणाली उपलब्ध करवाई गई है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख) उक्त योजना के अंतर्गत बिछाई गई सीवरेज पाइपलाइन तथा पीने के पानी की पाइपलाइन की कुल लंबाई (मीटर में) कितनी हैय तथा कितनी सड़कों का निर्माण किया गया तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) उक्त योजना के अंतर्गत चालू स्थिति में सीवरेज पाइपलाइन तथा पीने के पानी की पाइपलाइन की संख्या कितनी है? | (ii) अमरूत कार्यक्रम के तहत संचालन एवं रखरखाव (ओ.एंड. एम.) के साथ–साथ रोहतक में मूलभूत सुविधाओं तथा बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्र तथा गांव सहित अन्य स्वीकृत क्षेत्रों में मौजूदा प्रणाली के विस्तार के साथ–साथ जल आपूर्ति प्रणाली उपलब्ध करवाई गई है।<br>सीवरेज योजना से संबंधित कार्य की कुल परियोजना लागत 219–95 करोड़ रूपये है। मौके पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा नगर निगम, रोहतक इस पूर्ण कार्य को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को स्थानांतरित करने की तैयारी में है।<br>जलापूर्ति योजना से संबंधित कार्य की कुल परियोजना लागत 109–13 करोड़ रूपये है। कार्य प्रगति पर है तथा पुर्ण होने के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। | | |
| 577. | डॉ0 कृष्ण लाल मिढ़ा, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 22–क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएगें कि :–<br>(क) जींद शहर के एकलव्य स्टेडियम में प्रस्तावित सिंथेटिक ट्रैक का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना हैय<br>(ख) प्रस्तावित सिंथेटिक ट्रैक के लिए प्रशासनिक स्वीकृति कब दी गई थी तथा इन सिंथेटिक ट्रैक का कार्य अब तक आरम्भ न करने के कारण क्या हैंय तथा<br>(ग) तकनीकी स्वीकृति में जान बुझकर देरी करने वाले अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई है ? | 21.02.2024<br>(क) जींद शहर के एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक का काम 18 महीने के अन्दर पूरा होने की संभावना है।<br>(ख) कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति पत्र दिनांक 12.10.2022 द्वारा प्रदान की गई थी। खेल विभाग से एनओसी प्राप्त करने, विस्तृत अनुमान तैयार करने, आईआईटी (वारा.ासी) से डिजाइन और ड्राइंग की जांच, तकनीकी मंजूरी, डीएनआईटी की मंजूरी की प्रक्रिया में समय लगने के कारण काम शुरू नहीं हो सका है। टेंडर आमंत्रित किया जा चुका है जो की दिनांक 12.03.2024 को खुलना तय है। | | |
| 578. | श्री घनश्याम सर्राफ, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 24–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) नगर निगम, भिवानी में नगर दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत कार्यों की संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा | 21.02.2024<br>श्रीमान जी,<br>(क) दिनांक 15–02–2024 तक, 118 कार्य नगर दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत हैं।<br>(ख) दिनांक 15–02–2024 तक, कोई भी कार्य पूरा नहीं हुआ है तथा नगर दर्शन पोर्टल पर 10 कार्य प्रगति पर हैं। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख) नगर निगम, भिवानी में नगर दर्शन पोर्टल पर पूर्ण हुए कार्यों की संख्या तथा लंबित पड़े कार्यों की संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है? | | | |
| 579. | श्रीमती गीता भुक्क्ल, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 38–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर शहर में जगह–जगह गंदगी तथा कूड़े के ढेर लगे हुए है तथा आवारा और बेसहारा पशु जैव अपशिष्ट (बायो–वेस्ट) खा रहे हैं; तथा<br>(ख) यदि हां, तो झज्जर शहर की स्वच्छता के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं? | 21.02.2024<br>(क) नहीं, श्रीमान।<br>(ख) हालाँकि, कभी–कभी उत्पादक द्वारा कचरे को अवैध रूप से फैंक दिया जाता है जिसे नियमित रूप से उठा लिया जाता है। शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता सरकार के लिए उच्च प्राथमिकता है। एजेंसियों के माध्यम से पर्याप्त मानव शक्ति व मशीनरी तैनात करके व नियमित रूप से इसकी निगरानी करके इसमें निरंतर सुधार किया जा रहा है। | | |
| 580. | डॉ. अभय सिंह यादव, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 21ः क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें किः–<br>(क) नगर परिषद, नारनौल द्वारा स्थापित मल शोधन संयंत्र (एस.टी.पी.) का कार्य कब पूरा हुआ;<br>(ख) क्या इसका ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा हो ग्या है तथा यह कब से कार्यात्मक नहीं है;<br>(ग) कुल समय अवधि कितनी है जिसके दौरान यह सफलतापूर्वक कार्यात्मक रहा;<br>(घ) मल शोधन संयंत्र की कुल लागत कितनी है तथा निष्पादन एजेंसी को कुल कितना भगतान किया गया है; तथा<br>(ङ) इसे कार्यात्मक बनाने के लिए विभाग की क्या योजना है तथा इसके कब तक कार्यात्मक बनाए जाने की संभावना है ? | 22.02.2024<br>(क) श्रीमान जी, मल सशोंधन संयंत्र (एस. टी. पी.) का कार्य नगर परिषद, नारनौल में दिनांक 31–10–2013 को पूरा हुआ।<br>(ख) हाँ श्रीमान जी, वर्ष 2017 में 90 दिनों के लिए इसका ट्रायल रन किया गया था तथा मल संशोधन संयंत्र (एस.टी.पी.) मार्च–2017 से कार्यात्मक नही है।<br>(ग) एस.टी.पी. केवल अपने ट्रायल रन के दौरान 90 दिनों के लि, कार्यात्मक था।<br>(घ) एस.टी.पी. के लि, कुल स्वीकृत राशि 812–99 लाख रुपये थी, जिसमें से निष्पादन एजेंसी को 752–82 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।<br>(ङ) एस.टी.पी.को यथा स्थिति में कार्यात्मक बनाने के लिये जन स्वास्थ अभियांत्रिकी विभाग को हस्तांतरित किया जायेगा, जो इसे एक वर्ग में कार्यात्मक बनायेगा। इसे कार्यात्मक बनाने के लिए धन राशि शहरी स्थानीय विभाग द्वारा जन स्वास्थ अभियांत्रिकी विभाग को जमा करवायी जायेगी। *** इनकी बात ठीक है कि यह एस.टी.पी. वर्ष 2013 में बन गया था और वर्ष 2017 में इसका ट्रायल हुआ | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | और वह केवल 90 दिन चला लेकिन उसके बीच में फोरेस्ट डिपार्टमैंट की एन.ओ.सीज. नहीं आई थीं और अब जैसा माननीय सदस्या ने कहा है वह हमने रिप्लाई में भी लिखा है कि हमने इसका पैसा जमा करवा दिया है इसलिए मैं यह कह सकता हूं कि यह काम एक साल के अन्द र हो जाएगा और हम इसको और भी जल्दी करवाने की कोशिश करेंगे। | | |
| | | 22.02.2024 | | |
| 581. | चौ. आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 45ः<br>(क) तथा (ख) : ****<br>(ग) क्या नूहं शहर में क्षतिग्रस्त गलियों तथा सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त कार्य के कब आरंभ किये जाने की संभावना है? | (क) तथा (ख) : ****<br>(ग) नगर परिषद, नूंह द्वारा अपनी सीमा में क्षतिग्रस्त गलियों और सड़कों की मरम्मत के लिए 50 लाख रुपये का अनुमान तैयार किया गया है। स{म प्राधिकारी द्वारा अनुमान की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा इस कार्य की लगभग चार माह में शुरू होने की संभावना है। | | |
| | | 22.02.2024 | | |
| 582. | मुख्यमंत्री द्वारा 20 साल पुराने प्लॉट्स की सुविधा के लिए पॉलिसी को लेकर उनको मालिकाना हक देने तथा उन कॉलोनियों को नियमित करने के बारे में घोषणा से संबंधित। | ***अर्बन एरियाज में बहुत से ऐसे रैजिडैंट्स हैं, जो वर्षों से किसी न किसी रूप से प्लॉट्स पर मकान बनाकर रह रहे हैं । कुछ कमर्शियल एंटीटीज ऐसी थी, जो कहीं न कहीं पट्टे पर या लीज पर म्युनिसिपैल्टी से पहले ली हुई थी, उनको 20 वर्ष पुराना मालिकाना हक दे दिया गया था लेकिन अब कुछ ऐसे रैजिडैंशियल मकान हैं जो एन्क्रोंचमैंट में है या फिर किसी व्यवस्था में पुराने हैं और मलकियत में उनका हक नहीं है। हम अगले एक सप्ताह में एक पॉलिसी लेकर आयेंगे, जिसमें इस तरह के प्लॉट्स को रैगुलराइज करने के लिए पॉलिसी बनायेंगे ताकि उनको 20 साल पुराना मालिकाना हक मिल सके।*** | | |
| | | 22.02.2024 | | |
| 583. | मुख्यरमंत्री द्वारा 20 साल पुराने प्लॉकट्स की सुविधा के लिए पॉलिसी लोरक उनको मालिकाना हक देने तथा उन कॉलोनियों को नियमित करने के बारे में घोषणा से संबंधित। | ***इसी प्रकार से आज हमारे तिगांव से विधायक श्री राजेश नागर जी ने एक प्रश्न में यह विषय रखा था कि तिगांव या नया फरीदाबाद एक बहुत बड़ा एरिया अब बन गया है और मैं समझता हूं कि यह समय की आवश्यकता भी है। तिगांव की तहसील तो अलग बनी हुई है लेकिन विधायक जी ने सब–डिवीजन बनाने की मांग की थी। हमारे | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | डिप्टी सी.एम. साहब ने उस समय विधायक जी को कहा भी था कि हम इस पर विचार करेंगे और विचार करने के बाद हमें यह लगता है कि वहां पर सब–डिवीजन बनाने की आवश्यकता की पूर्ति करेंगे। विभागीय सिस्टम में जो औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं, उनको पूरी करके मैं तिगांव को सब–डिवीजन बनाने की यहां पर घोषणा करता हूं।<br>23.02.2024 | | |
| 584. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | वित्त वर्ष 2023–24 में ऐसी 1152 कॉलोनियों को अधिसूचित किया गया है, जिनमें नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नई नियमित की गई कॉलोनियों में विकास को गति देने के लिए 430 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को पहले ही मंजूरी दे दी गई है और वित्त वर्ष 2024–25 में विकास कार्यों में और तेजी आएगी। सरकार इन सभी कॉलोनियों में सभी बुनियादी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिब) है और अगले दो वर्षों में इन दायित्वों को पूरा करेगी। नियमित की गई कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए वर्ष 2024–25 में हरियाणा शहरी विकास निधि से 1000 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है।<br>26.02.2024 | | |
| 585. | तारांकित प्रश्न संख्या 48 के संदर्भ में श्री जोगी राम सिहग द्वारा पूछा गया प्रश्नः– XXXX<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बरवाला शहर के सभी चार तालाबों के सौन्दर्यीकरण तथा रखरखाव के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थीय तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त घोषणा का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | XXXX के हालांकि बरवाल शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु एक मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 22857 दिनांक 14.08.2018 की गयी है। नगरपालिका बरवाला शहर की सीमा में पांच तालाब हैं, जिनके नाम दलेशर तालाब, टोकन तालाब, सियानी तालाब/सैनी तालाब, बूनही तालाब/गुढ़ी तालाब और पीर तालाबधशिव घाट तालाब हैं तथा सभी पांच तालाबों के जीर्णोद्धार व नवीनीकरण का कार्य विचाराधीन हैं। तीन तालाब –दलेशर तालाब, टोकन तालाब तथा सियानी तालाब/ सैनी तालाब का अनुमान अनुमोदन हेतु प्रक्रियाधीन है। बूनही तालाब/गुढ़ी तालाब की वास्तुशिल्पीय ड्राइंग तैयार कर ली गई है तथा इस तालाब का अनुमान तैयार किया जा रहा है। शेष एक तालाब अर्थात् पीर तालाब/शिव घाट तालाब को हरियाणा तालाब | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कार्य योजना के चरण–II (2023–24) के तहत लिया गया है। इस तालाब की वास्तुशिल्पीय ड्राइंग हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तैयार की जाएगी।<br>(ख) हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण से मंजूरी मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। काम पूरा होने में कम से कम डेढ़ साल का समय लग सकता है। | | |
| 586. | तारांकित प्रश्न संख्या 48 के संदर्भ में श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX माननीय मंत्री महोदय ने अपने रिप्लाई में मेरे हल्के के पांच तालाबों के बारे में जिक्र किया है और उन पांचों तालाबों में से एक तालाब की तो माननीय मुख्यमंत्री महोदय की | 26.02.2024<br>XXXX मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि बरवाला में पांच तालाब हैं जिसमें एक तालाब की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री महोदय कर चुके हैं। बरवाला के तीन तालाबों में से एक तालाब वह भी है जिसकी माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने घोषणा की हुई है वह भी शामिल है। इन | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | घोषणा भी है। यह घोषणा भी इस टर्म की नहीं बल्कि पिछली टर्म की है और सरकार की यह टर्म भी लगभग पूरी होने वाली है। जिस तालाब की माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी ने घोषणा की हुई है उसका कार्य कब तक आरंभ हो जायेगा? मेरा मूल प्रश्न यही है। अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने तीन तालाबों की ड्राइंग अपने रिप्लाई में बताई है, उसके लिये बहुत–बहुत धन्यवाद लेकिन जो सबसे बड़ा सियानी/सैनी तालाब है और जिसकी घोषणा भी हो चुकी है, उसका कार्य कब तक शुरू हो जायेगा? | तीनों तालाबों के एस्टिमेट्स एप्रूव हो चुके हैं। जो दलेशर तालाब है उसके 98 लाख रूपये, टोकन तालाब के 67 लाख रूपये और जो सियानी/सैनी तालाब जिसकी घोषणा हो चुकी थी उसके लिये लगभग 93.2 लाख रूपये के एस्टिमेट्स एप्रूव हो चुके हैं और इन तीनों तालाबों का कार्य लगभग डेढ़ साल में कम्पेलीट होने की संभावना है। अध्यक्ष महोदय, जो चौथा तालाब है उसके बारे में भी जो वास्तुशिल्पीय ड्राइंग है वह पूरी हो चुकी है और उसका भी एस्टी मेट्स तैयार हो रहा है। | | |
| 587. | तारांकित प्रश्न संख्या 48 के संदर्भ में श्री जागी राम सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX माननीय मंत्री ने तीन तालाबों के काम कम्प लीट होने की डेट तो बता दी है लेकिन इनका काम कब तक शुरू हो जायेगा, इसका कोई जिक्र नहीं किया है। मेरा मूल प्रश्न यही है। XXXX माननीय मंत्री जी एक–दो महीने की कोई डेट तो सदन में बता दें। क्या सरकार के इसी टर्म में इनका कार्य शुरू हो जायेगा? | 26.02.2024<br>XXXX इन तीन तालाबों की मंजूरी आ गई है इनका कार्य तुरंत शुरू हो जायेगा । ¬¬¬ सरकार के इस टर्म में ही कार्य शुरू हो जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 588. | श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्यार 64 : क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें कि क्या यह तथ्य है कि नारनौंद में सरकार द्वारा कुछ अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है; यदि हां, तो क्या उपरोक्त कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इन सुविधाओं को कब तक उपलब्ध करवां, जाने की संभावना है ? | 27.02.2024<br>जी श्रीमान, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव विचाराधीन है और 12 माह के भीतर गलियां बनवा दी जाएंगी। | | |
| 589. | तारांकित प्रश्न संख्या 64 के संदर्भ में श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX हमारी इस समय जो कॉलोनियां रैगुलर होनी हैं उनके नाम इस प्रकार से हैं:– साईं मंदिर कॉलोनी, अम्बेडकर कॉलोनी, देवराज कॉलोनी, पंजाबी मोहल्ला एक्सटैंशन, सूरजभान, पंजाबी एक्सटेंशन–1, पंजाबी एक्सटेंशन–2, पंजाबी एक्सटेंशन–3, प्रेम नगर–2, प्रेम नगर एक्सटेंशन नारनौल, मेहलन पाना नारनौंद, हरिजन मोहल्ला नारनौंद, प्रेम नगर नारनौंद और प्रेम नगर–2ए आदि। इस प्रकार से ये छोटी–छोटी 15 कॉलोनियां हैं। सरकार इनको भी रैगुलर करने का काम करेगी तो लोगों का जीवन संवर जायेगा XX | 27.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य के विधान सभा क्षेत्र से 12 कॉलोनियों के नाम आए थे, उनमें से हमने 8 कॉलोनियों को नियमित करने का काम किया है और जो 4 कॉलोनियां नियमित नहीं की हैं उनका एरिया 2 एकड़ से कम था। इनके ऐस्टीमेट अप्रूव हो चुके हैं और हमें एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल भी मिल चुकी है इसलिए इनको भी जल्दी से जल्दी नियमित करने का काम कर दिया जायेगा। जैसा कि माननीय सदस्य को 25 करोड़ रूपये के बारे में पता भी है। इसका भी ऐस्टीमेट अप्रूव किया गया है। जो भी काम संभव होगा वह भी हम जल्दी करवायेंगे। इसके अलावा माननीय सदस्य ने जो 15 कॉलोनियों को नियमित करने की बात कही है जैसे ही हमारे पास इन कॉलोनियों के नाम आयेंगे उनको भी हम नियमित करने का काम करेंगे। | | |
| 590. | तारांकित प्रश्न संख्या 66 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष जी, मैं यही कह रहा हूं कि यह पत्र है डॉयरैक्टर जनरल, एंटी करप्शन ब्यूरो, हरियाणा, पंचकूला की तरफ से Additional Chief Secretary to Government, Haryana, Vigilance Department को दिनांक 10.04.2023 को लिखा गया है। इस पत्र के माध्यम से इस मामले में जांच की परमिशन की मांग की गई है लेकिन इनको अभी तक परमिशन नहीं मिली है। इससे पहले पत्र में ए.सी.बी. को यही आदेश दिये | 27.02.2024<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहता हूं कि वे चिन्ता न करें एक–एक पैसे का हिसाब होगा और इसमें हरेक दोषी सजा पायेगा। कुछ लोगों को इस मामले में सजा हुई भी है। XX अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस पत्र का जिक्र किया है अगर वह हमारे पास भेजा गया है तो हम उसकी परमिशन दे देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | गये थे कि ए.सी.बी. को इस मामले में 31 मार्च, 2020 तक ही जांच करनी है। मंत्री जी यह भी कह रहे हैं कि इस मामले की जांच करने के लिए कमेटी बनाई गई है। मैं भी यही कह रहा हूं कि उस कमेटी के बनने के बाद इस मामले में पेमैंट हो गई। अध्यक्ष महोदय, यह तो और भी गलत बात हो गई। सरकार पुराने पैसे की रिकवरी पर ध्यान दे रही है। जो नये 31 करोड़ रूपये की उस कमेटी बनने के बाद जो चौक्स के माध्यम से पेमैंट्स हुई हैं उन सभी चौक्स की डिटेल भी मौजूद है। अध्यक्ष महोदय, सरकार एक रुपये की भी रिकवरी नहीं कर पाई। एक गरीब आदमी अगर कहीं से 100 रुपये का आटा चुरा लाए और वह किसी तंदूर पर रोटी बनाने चला जाये तो उस तंदूर में कोयला किसने जलाया था पुलिस यह भी पता लगा सकती है। मेरा कहने का मतलब यह है कि हमारी पुलिस सक्षम है। वहां | | | |

862

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पर ट्रैवल ऐजेंटों के बिल आ रहे हैं कि कौन–कौन आदमी विदेश गया था तथा किस–किस के रिश्तेदार गये हैं। श्री सतबीरा के खाते से कई लोग बैंकाक तक घूम कर आए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चहता हूं कि यह मामला सी.बी.आई. तथा ई.डी. का बनता है क्योंकि राज्य सरकार इसकी निष्पक्ष जांच नहीं कर पा रही है। मैंने कई बार अधिकारियों से कहा है कि सतबीरा के खाते से जो फोरच्यूनर तथा मर्सीडीज गाडियां आई हैं वे कहां गई, आज वे गाडियां कहीं नजर नहीं आ रही हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ये 200 करोड़ रुपये हम सभी के हैं, टैक्स पेयर्स के हैं इनकी रिकवरी करवाइये। आप इनकी रिकवरी कब तक करवायेंगे? XX अध्यक्ष महोदय, मैं एक अंतिम प्रश्न पूछना चाहता हूं कि डायरेक्टर जनरल विजिलेंस ने चिट्ठी लिखी है कि उनको 31.03.2020 के बाद जो पेमैंट हुई हैं उनकी जांच करने की भी परमिशन दी जाये तो क्या सरकार उनको परमिशन देगी और देगी तो कब तक देगी? क्या सरकार इसके लिए आश्वासन देगी? | | | |

863

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 27—02—2024 | | |
| 591. | श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्ना संख्याक 112 : क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें कि क्या कालका के हंडिया मौहल्ला में पुल को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक चौड़ा किया जाने की संभावना है तथा उक्त पुल की चौड़ाई में कुल कितनी वृद्धि करके चौड़ा कि, जाने की संभावना है? | श्रीमान जी, कालका के हंडिया मोहल्ले में पुराने 1—4 मीटर चौड़े पुल के नीचे की ओर 2—5 मीटर चौड़ा नया पुल बनाने का प्रस्ताव है। न, पुल के निर्मा.ा के डिजाइन और ड्राइं• तैयार करने के लि, पंजाब इंजीनियरिं• कॉलेज को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया •या है। 24 महीने के अंदर काम पूरा होने की संभावना है। | | |
| | | 28.02.2024 | | |
| 592. | तारांकित प्रश्न संख्याक 88 के संदर्भ में श्री घनश्यारम दास अरोड़ा, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नकरू मान्यघवर अध्यदक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि बरसाती नाले को बनाने का काम 16.11.2018 को शुरू हुआ था और 15.08.2019 अर्थात् 9 महीने में यह काम पूरा होना था। यह कार्य पूरा नहीं हुआ जिसके कारण निचले क्षेत्रों में लगातार पानी भरता रहा और लोगों का नुक्साान होता रहा। फिर इसकी अवधि तीन साल और तीन महीने के लिए बढ़ाई गई। मैं आपके माध्यरम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो काम 9 महीने में पूरा होना था वह समयावधि के अंदर पूरा नहीं हुआ। क्यास उसकी तीन साल तीन महीने अवधि बढ़ाया जाना तर्कसंगत है। मेरा दूसरा प्रश्नक यह है कि इसमें जो बाधायें आई जिस एजेंसी ने वो सर्वे किया, निजी भूमि के ऊपर उसने सर्वे करके दे दिया और उसके कारण इस सारे काम को पूरा होने में दिक्कत आई। जिस एजेंसी ने ये स्टॉयर्म वॉटर की पाईपलाईन बिछाने का सर्वे करके दिया था उसने गलत सर्वे करके दिया क्याब उसके खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है? क्याट उसके ऊपर कोई पीनल प्रॉविजन लगाये हैं? उत्तर में यह बताया गया है कि हरियाणा अण्डॉरग्राऊंड पाइपलाइन एक्ट, 2008 के अंतर्गत निजी | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य जिस बरसाती नाले की बात कर रहे हैं उसकी लम्बाई 5048 मीटर है और इसमें लगभग सारा काम हो चुका है। केवल 270 मीटर एरिया का काम बाकी रहता है। इसमें किसी भी कारण से उसकी जमीन उपलब्ध नहीं है। पहले उस जमीन के मालिक को मनाया गया लेकिन वह नहीं माना। अब The Haryana Underground Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 2008 लगाया गया है तथा अब उसका भी सारा काम करके फाइल एफ.सी.आर. ऑफिस में गई हुई है। हमें उम्मीद है कि जल्दी ही उसकी नोटिफिकेशन हो जायेगी। हमने यह कहा है कि हम 5 महीने में काम करेंगे। इस बारे में मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि नोटिफिकेशन होने के 5 महीने बाद यह काम पूरा हो जायेगा। यमुनानगर में 3 काम थे उनमें से एक वाटर सप्लाई का था जिसकी लागत 22 करोड़ 55 लाख थी और दूसरा काम सीवरेज का था जिसकी लागत 64 करोड़ 54 लाख रुपये थी और वह भी लगभग हो चुका है। यह जो काम था शुरूआत में इसकी ऐस्टीमेटिड लागत 9.15 करोड़ थी जो अब बढ़ कर 13.35 करोड़ रुपये हो गई है। इसमें से 10.9 करोड़ हम पहले ही खर्च कर चुके हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि यह जमीन का मामला एफ.सी.आर. ऑफिस में गया हुआ है और जल्द ही इसकी नोटिफिकेशन हो जायेगी तथा नोटिफिकेशन होने के बाद 5 महीने में यह काम पूरा हो जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | भूमि में पाइपलाइन निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वो प्रक्रिया कब से शुरू हुई है और कब तक पूरी हो जायेगी? मुझे इसकी समय सीमा बताई जाये। इस काम को पूरा करने का समय पांच महीने बताया गया है1 जब उसको कब शुरू करना है यही नहीं बताया जा रहा है तो वह पांच महीने में पूरा हो जायेगा इसका कैसे विश्वाास कर लें। मेरी मंत्री जी से यही रिक्वैहस्टक है कि इस काम को टाइम बाऊण्डि करके जल्दीम से जल्दीर कम्पेलीट करवाया जाये। मेरा यही निवेदन है। | | | |
| | | 28.02.2024 | | |
| 593. | श्री भारत भूषण बतरा, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 89ः क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें किः– <br> (क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कच्चा बेरी सड़क पर | श्रीमान जी, <br> (क) (i) ***** <br> (ii) कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के लिए 1659–36 लाख :– की प्रशासकीय | | |
| | सीवरेज प्रतिदिन अवरु) रहता है; यदि हां, तो क्या उक्त समस्या के समाधान के लि, सरकार द्वारा कोई प्रयास किए जा रहे हैं तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक कि, जाने की सम्भावना है; <br> (ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त ड्रैन की सड़क, जो पुराने बस अड्डे तथा सड़क पार सामुदायिक केंद्र की तरफ जाती है, पर एक पार्क विकसित किया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा <br> (ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त पार्क को रैन बसेरा की जगह पर विकसित किया गया है; यदि हां, तो रैन बसेरा की जगह पर पार्क विकसित करने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है? | स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी हैं। इस कार्य के पूरा होने के उपरान्त इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए उक्त क्षेत्र की डेयरियों को डेयरी कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट कर दिया जाएगा। <br> (ख व ग) ***** | | |
| | | 19.11.2024 | | |
| 594. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में श्री अशोक कुमार अरोड़ा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, गीता जयंती महोत्स व के विषय पर बात करते हुए जैसे कि अभी माननीय मुख्यमंत्री जी ने अभी पटियाला वाली बात बताई और अन्य जानकारियां दी, | आदरणीय अध्यक्ष जी, सन्निहित सरोवर का यह काम भी जरूर करवायेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | यह अच्छी बात है लेकिन मेरा जो मेन कंसर्न है, वह यह है कि सरोवर की पवित्रता बनी रहे। यहां पर जो फूड्ज की दुकानें लगती हैं, उसकी वजह से लोग वहीं पर खाते हैं और वहीं पर गंद डाल देते हैं और यह गंद पानी के अंदर चला जाता है। उससे सरोवर की पवित्रता भंग होती है। जहां तक सन्निहित सरोवर की बात है, माननीय मुख्यमंत्री जी जब मैम्बोर पार्लियामेंट थे तो उस समय भी मैंने इनको एक डिबेट के दौरान कहा था कि शौचालयों का सीधा पानी पवित्र सन्निहित सरोवर में जा रहा है जिसको पूरे मीडिया ने भी देखा था और हमने धरना भी दिया था। उसके बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी ने उस समय कहा था कि इसकी सफाई करवायेंगे। मैंने वह बात कही थी और आज भी कहता हूँ कि मुख्यमंत्री जी 50 लाख या 1 करोड़ रूपया अपनी तरफ से यहां के लिए वैसे ही दे दीजिए लेकिन ये फूड वाली दुकानें बंद करवा दो क्यों कि इससे यहां सरोवर की पवित्रता भंग होती है। मेरा इस मामले में कोई व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं है। | | | |
| 595. | श्री भारत भूषण बतरा द्वारा डिमांड न. 20 के संदर्भ में पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः<br>स्पीकर सर, प्रदेश की सीवरेज व्यवस्था बड़ी चरमराई हुई है। अब मैं पर्टिकुलर एक–एक बात को कहूंगा तो अच्छा नहीं रहेगा । हम इसी हाऊस के अन्दर सप्लीमैंट्री में सवाल उठाते हैं जिनका समाधान निकलता है। हमारे रोहतक में एक माल गोदाम रोड है उस माल गोदाम रोड पर हमेशा से ही व्या पारी तंग है । वहां पर सीवरेज का गंदा पानी बहता रहता है। मैं आपके माध्यम से आदरणीय विपुल गोयल जी को कहना चाहूंगा कि शहरों को सुन्दर बनाने की यह आपकी बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। शहरों में सारी व्यवस्था करवाएंगे तो हम आपको अच्छे मंत्री की संज्ञा जरूर देंगे | 18.11.2024<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय विधायक जी ने जो–जो क्वैश्चंस उठाए हैं चाहे वह सफाई की व्यवस्था हो और चाहे वह सीवरेज की व्यवस्था हो उसका रिव्यू चल रहा है और मैं खुद रोहतक आऊंगा और वहां पर विधायक जी को बुलाऊंगा, इनको इन्वाराईट करूंगा और उसका डिटेल निरीक्षण करके उसका जल्द से जल्द समाधान करने का काम करूंगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | और इस बात के लिए आपका धन्यववाद भी करेंगे। मंत्री जी, हमारे रोहतक के अन्दीर एक साल हो गया है कूड़ा उठाने के लिए, सड़कों को साफ करने के लिए there is no arrangement. 49 करोड़ रूपये का एक टैंडर हुआ। वह टैण्डर 13 दिन का कर दिया जबकि वह टैंडर 21 दिन का होना चाहिए था जिसको हाईपावर्ड परचेज कमेटी ने एपूण्ड नहीं किया जिससे वह सक्सैसफुल बिडर कोर्ट में चला गया। एक साल हो गया सरकार उसका फैसला नहीं करवा सकी। वह टैंडर चाहे ए को दो, बी को दो या सी को दो लेकिन दे दो क्योंकि एक साल से सड़कों की सफाई नहीं हो रही है। वहां सड़कों पर गंद पड़ा हुआ है और उस गंद को उठाने की बजाए जलाया जाता है। स्पीाकर सर, अब उस केस की दो तारीख लगी हुई है। Now, I will be compelled इस बात के लिए मैं दो तारीख को हाई कोर्ट में जाकर खुद पार्टी बनूंगा। 49 करोड़ रूपये का कॉन्ट्रैक्ट होने पर भी एक साल तक शहर में सफाई नहीं होगी तो उस शहर का क्या हाल होगा। यह मैं बताना चाहता हूं। | | | |
| 596. | राज्या में सार्वजनिक संपत्तियों पर स्टिकरों, बिलों और विज्ञापनों को चिपकाकर विकृत करने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्तानव के सन्दर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपुरक प्रश्न | 19.11.2024<br>***<br>इन उपनियमों के तहत सरकारी संस्थाओं/एजेंसियों की संपत्तियों पर विज्ञापन की अनुमति केवल खुली ई–नीलामी के माध्यम से दी जा सकती है, जिसके लिए 11.10.2022 को एक ऑनलाइन पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। उपनियम 22 के अनुसार, अनधिकृत विज्ञापन हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 के प्रावधानों के तहत भी दंडनीय हैं। इस संदर्भ के लिए प्रासंगिक प्रावधानों को नीचे पुनः प्रस्तुत किया गया है:<br>(8) प्राधिकृत आउटडोर मीडिया डिवाइस (ओ.एम.डी.) की सम्पूर्ण सूची, व्यापक तौर पर जनसाधारण तथा विभिन्न अभिकरणों जैसे कि कम्पनियों, अभिकरणों द्वारा संवीक्षा के लिए स्वामित्व के प्रदर्शन के बिना प्रदर्शित की जाएगी, ब्रांडों की | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

पहचान तथा सुनिश्चित करने हेतु कि उन द्वारा जारी किए जा रहे विज्ञापन केवल प्राधिकृत ओ.एम.डी. पर लगाए जा रहे है। उपरोक्त अपेक्षा के अनुपालन में असफलता हरियाणा सम्पति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 (1990 का 11) के अधीन दण्डनीय होगी तथा अप्राधिकृत ओ. एम. डी. को हटाने की कार्रवाई करने तथा व्यक्तिध्स्वामी को दण्डित करेगी।

(9) कोई अप्राधिकृत बाहरी विज्ञापन, नगरपालिका द्वारा शीघ्रता से हटाया जाएगा तथा उसका जैसा है जहां है के आधार पर तुरन्त निपटान किया जाएगा।

(10) नगरपालिका, हरियाणा सम्पति विरूपण अधिनियम, 1989 (1990 का 111 के उपबन्धों के अनुसार अप्राधिकृत ओ.एम. डी. स्थापित करने के लिए संबंधित व्यक्ति/स्वामी को नोटिस जारी करेगी तथा अप्राधिकृत ओ.एम.डी. को हटाने



के लिए तथा व्यक्ति/स्वामी को दण्डित करने के लिए कार्रवाई करेगी।

***

अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इन माननीय सदस्यों ने जो चिन्ता जताई है वह वास्त व में जायज चिन्ता है। जगह–जगह पर सोशल संस्था न, पोलिटिकल पार्टीज सभी उसमें सम्मलित हैं। उसके लिए प्रावधान भी है और उनको दंडित करने के लिए हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 भी बना हुआ है। इस ध्यानाकर्षण सूचना के बाद जब मैंने इसका रिव्यू लिया तो मुझे लगता है कि हमें इसमें और संशोधन करने की जरूरत है। ये स्लोगन जिन लोगों के होते हैं या जिन राजनीतिक पार्टियों के होते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई को भी दंड प्रक्रिया में समायोजित करना है। आगे हम ऐसा प्रावधान करेंगे कि इन लोगों को रोका जा सके। जो लोग लगाते हैं, जो पोलिटिकल पार्टियां लगाती हैं या जो सामाजिक संस्थांन लगाते हैं या कोई कम्पटनी है जो इस तरह का काम करती है तो अभी तक ऐसा प्रावधान नहीं है कि उनको दंडित किया जाये। इसके साथ–साथ अभी 2023–24

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | में इसके खिलाफ हमने एक पूरी ड्राइव चलाई जिसके तहत 1915 नोटिस जारी किये हैं। इसके अतिरिक्त 3022 प्रवर्तन अभियान भी चलाए तथा 1,08,334 पोस्ट्र/बिल/स्टिकल/विज्ञापन/फ्लेक्स हटाए गए हैं। यह जो चिन्ता है यह वाजिब है और हम इसको और बेहतर तरीके से करने का काम करेंगे।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री आफताब अहमद, बतरा साहब और बहन गीता भुक्कल जी ने जो यह मुद्दा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में उठाया है, मैंने इस बारे में पहले ही कहा है कि यह वाकई चिंता का विषय है। यह सभी के लिये है, यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है। इसमें ज्यादातर इंवॉल्व राजनीतिक पार्टियां ही हैं चाहे कोई भी दल हो। ज्यादातर पोस्ट्र्ज, बैनर्ज आदि उन्हीं के लगे रहते हैं। सामाजिक संस्थाओं के भी होते हैं। वर्ष 1989 का एक्ट है और इसमें वर्ष 2022 में बायलॉज बनाये थे। इसमें कड़े प्रावधानों की जरूरत है और | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अकाउण्टबिलिटी फिक्स करने की जरूरत है। विधान सभा में इसका जल्दी ही एक्ट लेकर आयेंगे और इस पर चर्चा भी करेंगे। बहन गीता भुक्कल जी ने सार्वजनिक साइटों से रेवेन्यू की बात कही थी। जो हमने नीलामी की है उससे हमारा रेवेन्यू वर्ष 2023–24 और 2024–25 का 133 करोड़ रूपये सार्वजनिक साइटों से आया है। अध्यक्ष महोदय, 141.14 करोड़ रूपये जो हमारी प्राईवेट साईट हैं उनसे रेवेन्यू आयेगा। जब इस संबंध में एक्टा लेकर आयेंगे इसकी इंफॉर्समैंट करेंगे तो इससे रेवेन्यू के अंदर भी बढ़ोत्तरी होगी और स्वच्छतता के ऊपर भी बात होगी। यह वाकई में चिंता का विषय है और अगले कुछ दिनों के अंदर हम लोग इस पर चर्चा करेंगे। एक कानून लेकर आयेंगे, यह बात ठीक है कि संबंधित ऑफिसर्ज की अकाउण्टबिलिटी फिक्स होनी चाहिये। हमारे जो जनप्रतिनिधि हैं उनको भी अकाउंटेबल होना चाहिए। जिस तरीके से बतरा जी ने चिंता जताई कि जिस मुद्रण प्रैस में पोस्टर्स बनते हैं उसमें उनका नाम नहीं होता। एक्ट के अंदर प्रावधान है कि उसको अपना नाम और नंबर देना चाहिए लेकिन कई लोग उसका उल्लंघन करते हैं। अतः हम यहां पर चर्चा करके उसमें कड़े कानून | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | लेकर आएंगे। मैं समझता हूं कि हम आने वाले दिनों में इसमें अच्छाह काम कर सकेंगे। भारत भूषण जी ने जो चिंता जताई थी उसके विषय में मैं कहना चाहूंगा कि हमने पिछले 2 महीने में 3022 ड्राइव्स चलाई हैं लेकिन अभी ऐसी और ड्राइव्स की जरूरत है। अतः अगले 10–15 दिनों में बतरा जी का रोहतक भी साफ दिखेगा, नूंह भी साफ दिखेगा और पूरे हरियाणा को एक मैगा ड्राइव चलाकर साफ किया जाएगा। हम जल्द ही इसकी अकाउंटेबिलिटी भी तय करेंगे। धन्यवाद। | | |
| | | 19.11.2024 | | |
| 597. | ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर श्री आदित्य सुरजेवाला, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न उपाध्यक्ष महोदय, जो हरियाणा के लोगों के हित का कार्य है उसकी सराहना करने में हमें कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि पहले दिन से ही चौधरी देवीलाल जी और चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी ने हर जाति | माननीय उपाध्यक्ष जी, मेरे पास पूरे प्रदेश का डाटा है। मैं माननीय सदस्य को सिरसा का डाटा बता देता हूं कि सिरसा में 269 कॉलोनी हैं जिनमें से हमने 173 कॉलोनियों को सुविधाएं प्रदान की हैं और 156 कॉलोनियों को सुविधाएं दे रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने हाउसिंग फोर ऑल के तहत जो फैसला लिया है, उस दिशा में हम फर्स्ट फेज में | | |
| | विशेष को बराबर हिस्सा देने का काम किया था और उन्होंने कहीं भी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में बताया कि पिछले 10 वर्षों से इस योजना के तहत लगभग 320 करोड़ रूपये बजट आवंटित किया गया और महात्मा गांधी ग्राम बस्ती योजना के अंतर्गत लगभग 4573 कॉलोनियों को नियमित किया गया अर्थात् प्रत्येक बस्ती के लिए लगभग 7 लाख रूपये आवंटित हुए थे। उपाध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से प्रश्न है कि क्यां एक बस्ती में 7 लाख रुपये से पक्की गलियां–नालियां, बिजली और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाना संभव है, अगर नहीं तो इन बस्तियों के लोगों से भेदभाव क्यों हो रहा है और क्या सरकार का इन बस्तियों के लिए पर्याप्त बजट बढ़ाने का प्रावधान विचाराधीन है ? | प्लॉट देने के लिए तैयार है। इसके लिए हमारे पास एक हजार गांव की पंचायतों के प्रस्तालव भी आ चुके हैं। हमारी बीजेपी सरकार ने अपने मैनिफेस्टो में 5 लाख प्लॉट देने की घोषणा की थी, हमने इसकी तैयारी शुरू कर दी है और हम प्रदेश में 2 लाख मकान भी देंगे। हम अर्बन एरिया में 30 गज का प्लॉट, महाग्राम में 50 गज का प्लॉट और विलेज में 100 गज का प्लॉट देने जा रहे हैं। हम एश्यार करते हैं कि पूरे प्रदेश में जो कॉलोनियां निर्मित की हैं हम उनमें सड़क, पानी और बिजली पूर्ण रूप से देंगे। अगर इसके लिए हमें बजट बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी तो मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से कहूंगा कि हम इसमें कोई कंजूसी नहीं बरतेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**WELFARE OF SC's & BC's DEPARTMENT**

*Note :*—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 598. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर मुख्य मंत्री द्वारा दिये गए रिप्लाई के संदर्भ में। | 8.03.2018<br>अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदेश में एस.सी. और बी.सी. के बच्चों के लिए 11 हॉस्टल्ज का निर्माण करवाया जा रहा है। (मेंजें थप–थपाई गईं) अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि 1025 नए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भर्ती भी शुरू करवाई जा रही है। अध्यक्ष महोदय, गरीबों के कल्याण के लिए अभी तक प्रदेश और केन्द्र की लगभग 250 से 300 ऐसी योजनाएं हैं, जिनमें बहुत सी योजनाएं विद्यार्थियों, महिलाओं, अनुसूचित जाति, किसानों और मजदूरों से जुड़ी हुई हैं। (मेंजें थप–थपाई गईं) अध्यक्ष महोदय, ऐसी बहुत–सी योजनाओं के द्वारा लोगों को जागरूक करने की दृष्टि से यह तय किया गया है कि हर तहसील केन्द्र पर अधिकारियों की देख–रेख में एक अंत्योदय कार्यालय खोला जाएगा और उस अंत्योदय कार्यालय में एक ही छत के नीचे सब लोगों को योजनाएं उपलब्ध होंगी, यहीं से उन्हें जानकारियां मिलेंगी, वे यहीं पर फार्म भी भर सकेंगे और अपनी–अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि 15 अप्रैल, 2018 से कुछ कार्यालय शुरू भी हो जाएंगे और बाकी के कार्यालय अगले साल खोले जाएंगे। | हरियाणा राज्य के पांच जिलों में से जिला अम्बाला में अनुसूचित जाति के बच्चों के साथ–साथ विमुक्त जाति, घुमन्तु एवं अर्ध–घुमन्तु जाति तथा पिछड़े वर्ग के बच्चों को भी दाखिला दे दिया गया था। जिला रोहतक में किराए का भवन ढूंढ लिया गया है मुरम्मत होने व किराया स्वीकृत होने उपरान्त बच्चों को दाखिला दे दिया जाएगा। जिला हिसार में उपायुक्त से मिली रिपोर्ट अनुसार संत कबीर छात्रावास, राजगढ़ रोड़ भवन चिन्हित कर लिया गया है। उक्त भवन के किराए को PWD से निर्धारित करवाकर बच्चों को दाखिला दे दिया जाएगा। शेष दो जिलों (सिरसा व फरीदाबाद) में CM announcement No. 20656 को परिपालित करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय के आदेशानुसार दोनों जिला उपायुक्तों को किराए के भवन ढुंढने हेतु अर्ध–सरकारी पत्र जारी कर दिये गए है। और उपरोक्त दोनों जिला कल्याण अधिकारियों द्वारा भी किराए के भवन ढुंढने हेतु भरसक प्रयास किए जा रहे है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11.05.2022) |
| 599. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान श्री उदय भान द्वारा पूछा गया प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा करने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। ****** वर्ष 2014 में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो उस समय वायदा किया गया था कि एस.सी. कमीशन को और अधिक मजबूती प्रदान करके उसका नये सिरे से गठन करेंगे। परन्तु सरकार के कार्यकाल का साढ़े 4 साल का समय बीत जाने के बाद भी एस.सी. कमीशन का गठन नहीं किया गया है। *** (विघ्न) | 22.02.2019<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि पहले जो एस. सी. कमीशन बना हुआ था उसको भंग कर दिया था। अब कैबिनेट की मीटिंग में एस.सी. कमीशन के लिए एप्रूवल हो चुकी है और जल्दी ही एस.सी. कमीशन का गठन हो जाएगा। | हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के गठन हेतु मामला सरकार के विचाराधीन है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11.05.2022) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 9.03.2021 | | |
| 600. | तारांकित प्रश्न संख्या—869 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, जो बजट का प्रावधान किया गया था, उसमें से सारा पैसा खर्च नहीं हुआ है। विभाग ने तो सिर्फ जो पैसा अलॉट हुआ था, उसको ही खर्च किया है। इन्होंने जो प्रावधान किया था उसमें से 40 प्रतिशत पैसा बच गया है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि इस साल का पूरा बजट खर्च नहीं हुआ है। इसके बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी ही बता सकते हैं कि यह 40 प्रतिशत पैसा क्यों बचा हुआ है ? | अध्यक्ष महोदय, यह जो 40 प्रतिशत बजट कम रिलीज हुआ है उसके लिए अगली बार ध्यान रखा जाएगा और पूरा पैसा रिलीज किया जाएगा। | इस सम्बन्ध में यह अवगत करवाया जाता है कि अनुसूचित जाति उप योजना की स्कीमों की वार्षिक योजना निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकीय विभाग, हरियाणा (योजना विभाग) द्वारा एलोकेट की जाती है जिसके अनुरूप अनुसूचित जाति उप योजना के तहत खर्चे भी उन द्वारा ही संकलित किये जाते हैं। योजना विभाग द्वारा वर्ष 2019—20 तथा वर्ष 2020—21 दो वर्षों के परिव्यय तथा खर्चे उपलब्ध करवाये गये हैं जिनका अवलोकन करने से यह पाया गया है कि अनुसूचित जाति उप योजना के तहत क्रमशः 90: एवं 84: की राशि खर्च की गई है। इस प्रकार अनुसूचित जाति उप योजना के तहत योजना विभाग द्वारा दर्शाये गये आंकड़ों के अनुसार परिव्यय तथा खर्चे के मद्देनजर 40: बजट राशि बचना सम्भावित नहीं है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (11.05.2022) |



निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकीय विभाग, हरियाणा द्वारा उपलब्ध करवाये गये अनुसूचित जाति उप योजना के तहत स्कीमों का परिव्यय तथा खर्चों की सूचना निम्न अनुसार है:—

(Rs. in Crore)

| Year | Total Budget (development welare Schemes) | Out of which SCSP Component | %age of SCSP Component | Exp. Under SCSP Comonent |
|---|---|---|---|---|
| 2019-20 (RE) | 39506.79 | 7984.69 | 20.21 | 7161.17 |
| 2020-21(BE) | 45066.16 | 9092.55 | 20.18 | 7636.77 |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 27.12.2022 | | |
| 601. | तारांकित प्रश्न संख्या 29 के संदर्भ में श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, यह बात भी तो मायने रखती है कि मुझे इस बाबत अपना सवाल लिखित में देना पड़ा। अनुसूचित जाति आयोग को भंग कर दिया गया था और इसके बाद इसको पुनः बनाने में आठ साल का एक लंबा समय लगा है परन्तु देर से ही सही सरकार ने अनूसचित जाति आयोग का गठन करने का काम आखिरकार किया | अध्यक्ष महोदय, यह भी जरूर बनायेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | है और इसके लिए मैं सरकार का बहुत–बहुत धन्यवाद प्रकट करता हूँ और साथ ही यह भी कहना चाहूंगा कि सफाई कर्मचारी आयोग जोकि अभी भी पैंडिंग पड़ा हुआ है, का भी जल्द से जल्द गठन करने का काम किया जाये और यही नहीं एस.सी. सब कंपोनेंट प्लॉन अथारिटी भी अभी तक नहीं बन पाई है। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या 20 परसेंट है। अतः मेरी प्रार्थना है कि अनुसूचित जाति के लोगों की कदापि नज़रअंदाजी नहीं की जानी चाहिए और इनका पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा स्टेट कमीशन फोर शैड्यूल्ड कास्ट एक्ट के मुताबिक अनुसूचित जाति आयोग का गठन करने के लिए कोई ऑप्शन नहीं था बल्कि यह अनिवार्य था। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने इस कमीशन को बनाया है इसके लिए मैं फिर से धन्यवाद प्रकट करना चाहूंगा और यह भी प्रार्थना करना चाहूंगा कि सफाई कर्मचारी आयोग को भी जल्द से जल्द बनाया जाये और साथ ही हरियाणा प्रदेश में एस.सी. सब कंपोनेंट प्लॉन अथारिटी बनाने का भी काम किया जाये। | | | |
| 602. | श्रीमती गीता भुक्कल, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 80 क्या मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:–<br>(क) राज्य में अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए रिक्त पड़े आरक्षित पदों का वर्गवार/कैडरवार ब्यौरा क्या है, तथा<br>(ख) क्या अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए नौकरियों के बैकलॉग को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | 22.02.2023<br>(क) ****<br>(ख) मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के द्वारा अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों को भरने के लिए पहले से ही हिदायतें दिनांक 24.09.2013, 27.05.2014, 11.09.2015 और 04.05.2018 सभी सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों को पहले से ही जारी की हुई हैं। सभी सरकारी विभाग/सार्वजनिक उपक्रम तदानुसार अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों से संबंधित बैकलॉग को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 603. | तारांकित प्रश्न संख्या 43 के संदर्भ में श्री मामन खान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX मैंने किसी समाज को चैलेंज करने का काम नहीं किया है। मैं तो सिर्फ यह कहना चाहता हूँ कि कुरैशी समाज, इन सभी समाजों से बहुत ज्यादा गुजर–बसर की जिंदगी व्यतीत कर रहा है। इस समाज के लोगों की संख्या हरियाणा में मात्र 1 लाख 25 हजार है। जहां तक आक्यूपेशन की बात है पशुओं के साथ–साथ मवेशियों के क्रय एवं विक्रय तथा मजदूरी का इनका काम है। जहां तक एजुकेशन की बात है, ये मोस्टली अनपढ़ हैं और आते हैं जनरल कैटेगरी में जबकि ये अन्य समुदायों जिन्होंने आरक्षण के लाभ पहले ही ले लिए हैं, कि तुलना में राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से ज्यादा पिछड़े हुए हैं। तो मैं सदन के माध्यम से सदन के नेता से यह पूछना चाहता हूँ कि जब यू.पी. उत्तराखंड, वैस्ट बंगाल और बिहार में कुरैशी समाज को स्टेट में बी.सी.–बी में और सैंटर में ओ.बी.सी. में लिया हुआ है तो हरियाणा सरकार इनको कब तक बी.सी.–ए में और सैंटर के लिए ओ.बी.सी. के लिए रिकमंड करने का काम करेगी। | 17.03.2023<br>XXXX किसी भी श्रेणी के नागरिकों का जो इस प्रकार का अनुरोध होता है, उस पर विचार करने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन सरकार ने कर रखा है। कुरैशी जाति का इस प्रकार का विषय भी पिछड़ा वर्ग आयोग के पास विचाराधीन है। एक बार पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आई थी लेकिन संबंधित डिप्टी कमीशनर्स की जो रिपोर्ट है, उससे टेली नहीं हुई थी जिस कारण से दोबारा से पिछड़ा वर्ग आयोग को यह मामला विचार करने के लिए दे रखा है। जैसे ही उनकी सिफारिश आयेगी सरकार उस पर विचार करेगी। | | |
| 604. | वर्ष 2022–23 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि यूक्रेन में क्या हो रहा है और खास तौर पर यूक्रेन के अंदर लड़ाई होने के बाद से निकिल और दूसरी चीजें जो वहां से आती थी, वे सब मंहगी हो गई हैं इसलिए मेरा एक सुझाव है कि जो एम.एस.एम.ई. हैं यानि जो मीडियम वर्ग की इंडस्ट्रीज हैं उनको लैंड होल्डिंग के लिए भी थोड़ी मदद की जाए। | 21.03.2023<br>उपाध्यक्ष महोदय, सुझाव तो ठीक है। अनुसूचित जाति के नए उद्यमियों के लिए प्लॉट में 10 परसैंट की रिबेट हम पहले घोषित कर चुके हैं। अगर कोई उद्योग के लिए आता है तो उसको एच.एस.आई.आई.डी.सी. की ओर से 10 परसैंट रिबेट दी जाएगी। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**TECHNICAL EDUCATION DEPARTMENT**

*Note :*—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 605. | श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 148 : क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृप्या बताएंगे कि झज्जर में आई.आई.टी. दिल्ली के विस्तार केन्द्र की वर्तमान स्थिती क्या है तथा इसके कब तक चालू किए जाने की संभावना है ? | 26.02.2020<br>महोदय, आई.आई.टी. दिल्ली द्वारा जीव विज्ञान पार्क के रूप में गांव बाढ़सा, झज्जर में आई. आई.टी. दिल्ली एक्सटैंशन कैंपस की स्थापना की जा रही है। आई.आई.टी. दिल्ली से आश्वासन दिया है कि स्वीकषति और भूमि पर कब्जे के बाद तीन वर्षो में पूरी तरह से काम करेगा। | • आईआईटी दिल्ली के निर्देशक से दिनांक 31.05.2012 को हरियाणा राज्य में आईआईटी दिल्ली के विस्तार परिसर की स्थापना के में एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ।<br>• आईआईटी दिल्ली ने एन्सरसम विज्ञान के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के लिए इस परिसर को विकसित करने की योजना बनाई है। इसके अलावा, सॉफ्टवेयर क्षेत्र में उद्योग के लिए कुछ अनुसंधान और विकास सुविधाएं भी आईआईटी कैंपस जर में स्थापित करने की योजना बनाई गई है।<br>• इसकी आधारशिला 21.12.2013 को तत्कालीन माननीय केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री और तत्कालीन माननीय मुख्लामंत्री, हरियाणा द्वारा रखी गई थी।<br>• दाम पंचायत बादसा, जिला झज्जर की 50 एकड़ भूमि तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 30 लाख रुपये प्रति एकड की दर से 15.19 करोड़ रुपये की लागत से खरीदी गई थी।<br>• वर्ष 2013 में राज्य सरकार द्वारा भूमि आईआईटी दिल्ली को निशुल्क हस्तांतरित कर दी गई थी। हालांकि वर्ष 2018 में आईआईटी दिल्ली द्वारा साइट का भौतिक कब्जा ले लिया गया था।<br>• माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा इस मामले को माननीय केंद्रीय शिक्षा मन्त्री, भारत सरकार के समक्ष दिनाक 03.11.2021 के डीओ पत्र के माध्यम से उड़ाया गया था जिसमे अनुरोध किया गया था कि गांव बाढ़सा, जिला झज्जर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के एक्सटेंशन कैंपस (अनुराधान एवं विकास) के निमाण कार्य में तेजी लाई जाए। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

- उक्त मामले पर हरियाणा विधानसभा आश्वासन समिति की बैठक में चर्चा की गई, जिसकी अध्यक्षता श्री भारत भूषण बन्ना, विधायक (अध्यक्ष) ने की, जो दिनाक 25.08.2022 को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी और समिति का विचार था कि माननीय मुख्यमन्त्री, हरियाणा से इस सबंध में तकनीकी शिक्षा विभाग के एसीएस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और आईआईटी दिल्ली के निदेशक एवं प्रोफेसरों के साथ बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया जा सकता है।
- तदनुसार, दिनांक 20.11.2022 को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित



की गई, जिसमें आईआईटी दिल्ली में आईआईटी दिल्ली के विस्तार परिसर की स्थापना के संबंध में उक्त मामले पर अपनी प्रस्तुति दी। बैठक में साइट कनेक्टिविटी, जलभराव आदि से संबंधित सभी मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया

- दिनांक 28.07.2023 को प्रशासनिक सचिव तकनीकी शिक्षा हरियाणा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। उक्त समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आईआईटी दिल्ली ने दिनांक 22.11.2023 को ईमेल के माध्यम से सूचित किया है किः
  - आईआईटीडी और एसई (बीएंडआर), झज्जर हरियाणा सरकार द्वारा साइट से कनेक्टिविटी के मामले को सड़क के चौड़ीकरण के संबंध में पीडब्ल्यूडी दिल्ली सरकार के साथ उठाया गया था। ईईडी पीडब्ल्यूडी दिल्ली

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | सरकार ने सूचित किया कि वर्तमान में पीडब्ल्यूडी के पास सड़क के चौड़ीकरण की कोई योजना नहीं है। आईआईटी ने ईआईसी पीडब्ल्यूडी दिल्ली सरकार से संपर्क किया है। उन्होंने नीतिगत मामला होने के कारण इस मामले को उचित स्तर पर उठाने की सलाह दी। इस मामले को आईआईटी दिल्ली द्वारा उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया जा रहा है।<br>• आईआईटी दिल्ली ने सूचित किया है कि निचले इलाकों में भूमि पर रेत भरने के मामले पर आरआरटीएस के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है और यदि उपलब्ध हो | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | तो मिट्टी भरने के लिए मिट्टी उपलब्ध कराने पर सकारात्मक रूप से विचार किया जा रहा है।<br>• इस परिसर की चारदीवारी और संबंधित जल निकासी प्रणाली के निर्माण का कार्य 6.7 करोड़ रुपये की मंजूरी राशि के साथ मेसर्स एनबीसीसी लिमिटेड को आवटित किया गया है। पहले चरण के कार्य को पूरा करने की अवधि नी महीने है।<br>• इसके बाद, माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ने 27 12.2023 के डीओ पत्र के माध्यम से माननीय केंद्रीय मंत्री, शिक्षा कौशल विकास और उद्यमिता, भारत दारकार से अनुरोध किया था कि वे गाँव बाढ़सा जिला झज्जर में आईआईटी दिल्ली के विस्तार परिसर के निर्माण में तेजी लाए और प्राथमिकता के आधार पर आईआईटी दिल्ली की आवश्यक बजटीय सहायता प्रदान करें। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | • सचिव शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली में दिनाक 08.05.02 (अनुलग्नक) को डीओ पत्र द्वारा सूचित किया है कि बादसार में आईआईटी दिल्ली के विस्तार परिसर की स्थापना के लिए लगभग 622 करोड़ रुपये की आवश्यकता है और राज्य सरकार से परियोजना की लागत का 50 बोगदान देकर इस प्रतिष्ठित परित्तिर की स्थापना के लिए वित्तीय रूप से समर्थन देने अनुरोध किया है।<br>• माननीय मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद, हरियाणा राज्य सरकार ने सचिव, विक्षा मंत्रालय, भारत सरकार उच्चतर शिक्षा विभाग, नई दिल्ली को दिनाक 04.07.2024 (अनुलग्नक–11) के जीओ पथ के माध्यम से जवाब दिया कि राज्य सरकार ने पाले ही हरियाणा के कुंडली, जिला सोनीपत और गांव बादसा जिला अज्जर में दो विस्तार परिशरों की स्थापना के लिए आईआईटी दिल्ली की 100 एकड आयधिक मूल्यवान एनसीआर भूमि मुफ्त प्रदान की है और बाढ़सा जिला झज्जर में आईआईटी दिल्ली के विस्तार परिसर की स्थापना के लिए बजटीय सहायता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की कोई प्रतिबद्धता नहीं थी। आईआईटी दिल्ली की आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करके बादसा हिला अज्जर में आईआईटी दिल्ली के विस्तार परिसर के निर्माण आर्य की शुरू करने के लिए आवश्यक उपाय करने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा हरियाणा राज्य में या तो आईआईटी दिल्ली कुवली, जिला सोनीपत के परिसर में या गाव बादसा जिला झज्जर में एक विशेष पूर्ण आईआईटी स्थापित करने का भी अनुरोध किया जाता है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | • हाल ही में, सचिव, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली से 24062024 को एक नया डीओ पत्र प्राप्त हुआ है (अनुलग्नक–प्प्) जिसमें उन्हें पाले से प्रदान की गई भूमि के स्थान पर वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उक्त मुद्दे की राज्य सरकार के साथ–साथ माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा पहले ही जाथ की जा चुकी है और तदनुसार, माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार को डीओ पत्र दिनांक 03.11.2021 (अनुलग्नक IV) के माध्यम से सूचित किया गया है कि भूमि का एक और टुकडा प्रदान करना उचित नहीं हो सकता है और सूचित किया गया है कि प्रस्तावित भूमि उपायुक्त, झज्जर द्वारा प्रस्तुत दिनांक 07.09.2021 (अनुलग्नक–V) की रिपोर्ट के अनुसार मवन के निर्माणधरधरता के लिए उपयुक्त पाई गई है। अब यह गुदा किसी अन्य फाइल पर विचाराधीन है। | | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**DEVELOPMENT & PANCHAYATS DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 04.03.2020 | | |
| 606. | तारांकित प्रश्न संख्या 180 के सन्दर्भ में श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : ******अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि आज बजट सैशन का लॉस्ट दिन है, इसलिए मेरे स्टेडियम (to construct sports stadium in village Hatt of Safidon Assembly Constituency) बनाने के प्रश्न का हां में जवाब दिया जाए। | *****अभी तक वहां पर स्टेडियम बनाने का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन मैं इसके लिए सर्वे करवा लूंगा। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन में यही कहना चाहूंगा कि जहां–जहां खिलाड़ी जो–जो गेम खेलता है, उसके हिसाब से सर्वे करवा कर उसी जगह पर मैदान बनाए जाएंगे। विभाग स्टेडियम में पवेलियन बनाने पर होने वाले खर्च की बजाए वह राशि खिलाड़ियों की डाईट इत्यादि पर लगाना चाहते हैं ताकि खिलाडी खेल की फील्ड में आगे बढ़ सकें और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।***** | गांव हाट में 2 एकड़ की पार्क–कम –व्यायामशाला बनी हुई है इसके अतिरिक्त गांव हाट खण्ड सफीदों में स्टेडियम बनाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा कोई जमीन उपलब्ध नही करवाई गई। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (03.07.2024) |
| | | 9.03.2021 | | |
| 607. | श्री इंदुराज, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 801 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र बरोदा के गांव कथूरा, बरोदा, बुटाना गंगाना, शामड़ी, चिड़ाना, मुण्डलाना, | श्रीमान् जी, बडौदा विधानसभा क्षेत्र के पाँच गावों बुटाना, गंगाना, शामरी, मुण्डलाना व चिड़ाना के कार्य पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं तथा कार्य प्रगति पर हैं। शेष पाँच गावों कथूरा, बरोदा, घड़वाल, भांवर तथा रिधाना हेतु प्राक्कलन बनवाए | | The Committee would like to know the latest position in this regard. (03.07.2024) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | घड़वाल, भवर तथा रिंढाणा में गंदे पानी की निकासी करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?<br>तारांकित प्रश्न संख्या–912 के संदर्भ में श्री इन्दु राज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री से पूछना चाहूंगा कि इन गांवों में गंदे पानी की निकासी के कार्य कब तक पूरे हो जायेंगे? | जा चुके हैं तथा कार्य अगले वित्तीय वर्ष में लिया जाना प्रस्तावित है। XX पांच गांव कथूरा, बरोदा, घड़वाल, भावड़ और रिधाना में एडीशनल कार्यों के लिए 3.80 करोड़ रुपये का ऐस्टीमेट बना दिया गया है और इनके कार्य भी जल्द ही शुरू करवा दिये जायेंगे। XX हम इन कार्यों को करने के लिए ई–टेंडर भी करवायेंगे और इन कार्यों को शीघ्र ही पूरा करवाने का काम किया जायेगा। हमारी पार्टी का भी बरोदा विधान सभा क्षेत्र से काफी लगाव रहा है और इस क्षेत्र में विकास कार्यों की कभी कमी नहीं रहने दी जायेगी। | 1. बरोदामोर– इस गांव में पत्र क्रमांक HSSBM-SPM-2021/ 83053-381 दिनांक 9.8.2021 द्वारा ग्रेवाटर मैनेजमेंट के तहत 50.38 लाख रुपये की राशि नाले/नालियों का निर्माण तथा तालाबों का पुन उद्धार करने हेतु स्वीकृत की गई थी। जिसका वर्क ऑर्डर कर दिया गया था। इस गांव में ग्राउंड वाटर टेबल लगभग 2 से 3 फुट है, Water Logging की समस्या होने के कारण तालाबों की Dewatering किया जाना भी संभव नहीं हो पा रहा है। अतः इस क्षेत्र के हिसाब से गांव के गंदे पानी को उपचारित करने उपरान्त पुनः प्रयोग हेतु Haryana Pond and Waste Water Management Authority ls Suitable Treatment Technology उपलब्ध करवाने बारे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 217 दिनांक 05–01–2022, 4970–74 | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | दिनांक 11—05—2023 एवं 14165 दिनांक 18—12—2023 द्वारा लिखा गया है। गंदे पानी को उपचारित करना Suitable Treatment Technology उपलब्ध होने उपरान्त ही संभव है।<br><br>इस गांव में (Eansar Pond) के कार्य की Haryana Pond and Waste Water Management Authority के पत्र क्रमांक 63697 दिनांक 08.06.2023 के तहत मु0 73.91 लाख रू0 की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस कार्य की टैण्डर प्रकिया पूर्ण कर ली गई है। आचार संहिता उपरान्त कार्य का वर्क आर्डर जारी करके कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त गांव में मुख्य समस्या बरसात के समय तालाबों के ओवर फ्लो होने के कारण सिंचाई विभाग को स्थानांतरित करने हेतु लिखा गया है ताकि समस्या का समाधान हो सके।<br><br>2. बुटाना— इस गांव में दो पंचायते है (बुटाना कुण्डू व बुटाना खेतलान), बुटाना खेतलान पंचायत का प्राकलन 68.76 लाख रुपये का प्रस्ताव पत्र क्रमांक 26012 दिनांक 07.12.2022 द्वारा हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण, पंचकूला की सेवा में स्वीकृती हेतू भेजा हुआ है।<br><br>बुटाना कुण्डू पंचायत में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18—11—2019 के माध्यम से 70.33 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। गांव बुटाना कुण्डू के गंदे पानी का समाधान | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | स्कूल के साथ–2 नाला बनाकर व तालाब की खुदाई करके पुनः प्रयोग के लिए पानी को खेतों में ले जाने के लिए पाईप लाईन दबाकर कार्य पूर्ण करवा दिया गया हैं। | |
| | | | 3. मुण्डलाना– गांव मुण्डलाना में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18–11–2019 के माध्यम से 108.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। गांव मुण्डलाना की आधी आबादी के गंदे पानी का समाधान पुराने तालाब की खुदाई करके पुनः प्रयोग के लिए पानी को खेतों में ले जाने के लिए पाईप लाईन दबाकर कार्य पूर्ण करवा दिया गया हैं। | |
| | | | 4. शामड़ी– गांव शामड़ी में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18–11–2019 के माध्यम से 83.34 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। गांव में नए तालाब की खुदाई करवाकर पानी को इक्कठा करके खेतों में ले जाने के लिए पाईप लाईन दबाकर कार्य पूर्ण कर दिया गया है। | |
| | | | 5. चिडाना– गांव चिडाना में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18–11–2019 के माध्यम से 42.57 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। गांव में तालाब की खुदाई के लिए जो जगह ग्रम पंचायत द्वारा प्रस्तावित की गई थी, उस जगह पर एक पक्का मकान कब्जा करके बनाया हुआ है। कार्य शुरू करवाने के | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | लिए मशीन आदि लेकर मौके पर कार्यवाही शुरू की गई थी। लेकिन ग्रामवासियों द्वारा अपने खाद गड्डे बताकर कार्य नहीं होने दिया। पंचायत से दूसरी जगह उपलब्ध करवाने बारे कहा गया, लेकिन पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं करवाई गई है जिसके कारण माननीय NGT के आदेशानुसार गन्दे पानी का ड्रेन से Diversion नही हो पा रहा हैं। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत करवाया जाता है कि बरसात के अतिरिक्त गांव में कही गन्दा पानी खडा नही होता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सोनीपत ने अपने कार्यालय के पत्र क्रमांक 6035 दिनांक 15.09.2023 द्वारा मुख्य अभियन्ता, पंचायती राज, हरियाणा | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | को इस गांव में माईको एस0टी0पी0 बनाने के लिए अनुसंशा की गई थी, जिसके क्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सोनीपत को कार्यालय के पत्र कमांक 19887—88 दिनांक 24.11.2023 द्वारा वांछित प्रस्ताव वापिस भेजते हुये, उक्त विकास कार्य की व्यवहार्यता रिपोर्ट बारे लिखा गया था, जोकि अभी तक क्षेत्रिय कार्यालय से अपेक्षित है। | |
| | | | 6. गंगाना— गांव गंगाना में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18—11—2019 के माध्यम से 54.36 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। गांव की आबादी ड्रेन के साथ—साथ बसी हुई है। सभी घरों का गंदा पानी सीधा ड्रेन में गिरता है। गंदे पानी को इकट्ठा करने के लिए जो जगह ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | की गई थी, उस जगह पर सामुदायिक केन्द्र बना हुआ है। ग्राम पंचायत ने तालाब के लिए कोई अन्य शामलात जगह भी उपलब्ध नहीं करवाई है। जिसके कारण माननीय NGT के आदेशानुसार गन्दे पानी का ड्रेन से Diversion नही हो पा रहा है। इस गांव में ग्राउंड वाटर लेबल लगभग 4 से 5 फुट है, Water Logging की समस्या होने के कारण तालाबों की Dewatering किया जाना भी संभव नहीं हो पा रहा है। अतः इस क्षेत्र के हिसाब से गांव के गंदे पानी को उपचारित करने उपरान्त पुनः प्रयोग हेतु Haryana Pond and Waste Water Management Authority ls Suitable | |
| | | | Treatment Technology उपलब्ध करवाने बारे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 217 दिनांक 05–01–2022, 4970–74 दिनांक 11–05–2023 एवं 14165 दिनांक 18–12–2023 द्वारा लिखा गया है। गंदे पानी को उपचारित करना Suitable Treatment Technology उपलब्ध होने उपरान्त ही संभव है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सोनीपत ने अपने कार्यालय के पत्र क्रमांक 6035 दिनांक 15.09.2023 द्वारा मुख्य अभियन्ता, पंचायती राज, हरियाणा को इस गांव में माईक्रो एस0टी0पी0 बनाने के लिए अनुसंशा की गई है, जिसके क्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सोनीपत को कार्यालय के पत्र क्रमांक 19887–88 दिनांक 24.11.2023 द्वारा वांछित प्रस्ताव वापिस भेजते हुये, उक्त विकास कार्य की | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | व्यवहार्यता रिपोर्ट बारे लिखा गया था, जोकि अभी तक क्षेत्रिय कार्यालय से अपेक्षित है। | |
| | | | 8. कथूरा– इस गांव में पी0डी0एम0 एस0 के अनुसार 8 ऑवरफलो तालाब है, जिसमें 6 का सम्बन्ध सिंचाई विभाग से है व 2 का सम्बन्ध इस विभाग से है। इस विभाग से सम्बन्धित 2 कार्यो मे से एक की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, एक की ड्राईंग जारी कर दी गई है व प्राकलन बनाया जा रहा है। | |
| | | | 9. घडवाल– ग्राम पंचायत घडवाल में कुल 5 तालाब है। Haryana Pond and Waste Water Management Authority से अभी तक केवल एक तालाब (बडा जोहड) की डांईंग प्राप्त हुई थी। | |
| | | | Ground Water Table High होने के कारण यह कार्य Not Feasible है। गंदे पानी को उपचारित करना Suitable Treatment Technology उपलब्ध होने उपरान्त ही संभव है। | |
| | | | 10. भावड़– इस गांव में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18–11–2019 के माध्यम से 50.28 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। इस स्कीम के तहत 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त ग्रेवाटर मैनेजमेंट के तहत पत्र क्रमांक HSSBM-SPM-2021/85053-381 दिनांक 09–08–2021 138.42 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। जिसके तहत 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस गांव में ग्राउंड वाटर टेबल हाई होने के कारण यह कार्य पूर्ण नही हो सका। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | इस गांव का एक तालाब सिंचाई विभाग को स्थानांतरित किया जा चुका है। जिसका कार्य सिंचाई विभाग द्वारा करवाया जाना है।<br><br>11. रिंढाना—इस गांव में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18—11—2019 के माध्यम से 134.45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है इस गांव में यमुना एक्शनप्लान के तहत एक तालाब की खुदाई का कार्य पूर्ण करवा दिया गया था। Water logging की समस्या के कारण अन्य दो तालाबों की Dewatering किया जाना भी संभव नहीं हो पा रहा है। ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत पत्र क्रमांक HSSBM-SPM-2021/85053-381 दिनांक 09—08—2021 100.19 लाख | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | रुपए स्वीकृत हुए है। गंदे पानी को उपचारित करना Suitable Treatment Technology उपलब्ध होने उपरान्त ही संभव है।<br><br>यहा यह भी अवगत करवाया जाता है कि गांव के दो तालाब पहले ही सिंचाई विभाग को स्थानांतरित किए जा चुके हैं। इस बारे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4970—74 दिनांक 11—05—2023 द्वारा Haryana Pond and Waste Water Management Authority को बचे हुए तीन तालाबो में Suitable Treatment Technology देने हेतु या सिंचाई विभाग को स्थानांतरित करने हेतु लिखा गया है। | |
| 608. | श्री सीताराम यादव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1376 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव बाघोत तथा खेड़ी तलवाना में सीवरेज उपचार संयत्र तथा सीवरेज प्रणाली को लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन | 22.12.2021<br>XXX अध्यक्ष महोदय, XXX बाघोत गांव की आबादी 5228 है, खेड़ी गांव की आबादी 6457 है और तलवाना गांव की आबादी 1631 है। महाग्राम योजना के तहत सीवरेज लगवाने के लिए गांव की जनसंख्या 10,000 से ज्यादा निर्धारित की गई है। XXX अब महाग्राम योजना को भी तीन हिस्सों में बनाने का काम | 1. बघोत – 63.15 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। एसबीएम—जी चरण—2 के तहत 63.15 लाख की निविदा 9 बार आमन्त्रित की जा चुकी है कोई भी निविदा प्राप्त न होने कारण अब चुनाव आदर्श आचार संहिता | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(03.07.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | है जिसकी आबादी दस हजार है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है? | किया जायेगा। इसके तहत 10,000 से ज्यादा आबादी वाले गांवों में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट लगाया जायेगा, 8000 से 10,000 की आबादी वाले गांवों को एफ.एस.टी.पी. की सुविधा के साथ अपग्रेड किया जायेगा और 5000 से 8000 की आबादी वाले गावों को पौंड अथारिटी एक नयी परियोजना के साथ टेक अप करेगी। जैसे ही जनगणना के आंकड़ें आएंगे तो माननीय सदस्य को संबंधित आंकड़ें दे दिए जायेंगे और उनके अनुसार काम भी शुरू करेंगे। | समाप्त होने के बाद ही पुनः आमंत्रित की जाएगी। जनगणना 2011 के अनुसार 10000 से कम आबादी वाले गांव महाग्राम योजना के अर्न्तगत नही आते। आदर्श चुनाव आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है।<br>2. खेडी तलवाना– 44.47 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। एसबीएम–जी चरण–2 के तहत 44.47 लाख की निविदा खोली गई है, निविदा प्राप्त हुई और एंजेसी के साथ नोगोशेसन के लिए लम्बित है। अब आदर्श चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही आगामी कार्यवाही की जायेगी। आर्दश चुनाव आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। | |
| 609. | तारांकित प्रश्न संख्या–1376 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, अटेली विधान सभा के 9 गांवों क्रमशः सेहलंग, बाघोत, खेड़ी– तलवाना, भोजावास, धनौंदा, मिर्जापुर, बाछौद, दौंगड़ा अहीर और कांटी की आबादी लगभग 10,000 से ज्यादा है। गगग मेरा माननीय उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इन 9 गांवों में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट लगाकर गंदे पानी को साफ करवाकर किसी नदी–नाले में या एग्रीकल्चर परपज के लिए यूज किया जाए। xxx अध्यक्ष महोदय, xxx मेरा माननीय उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इन 9 गांवों में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट लगाने के लिए इनको महाग्राम योजना से जोड़ दिया जाए ।xxx | 22.12.2021<br>अध्यक्ष महोदय, xxx आज के दिन पूरे प्रदेश के गांवों के तालाब/जोहड़ पहले से बहुत ज्यादा बदतर हालत में हैं। इसके लिए पौंड अर्थोरिटी को आदेश दिए गए हैं और एच. आर.डी.एफ.सी. में स्पैशल बजट डायवर्ट किया जा रहा है। जिससे तालाबों की सफाई और सौंदर्यकरण का काम किया जाएगा। माननीय विधायक जी ने जो गांव बताएं हैं उनकी भी डिटेल्ड रिपोर्ट जल्द मंगवाकर नियमानुसार काम शुरू किया जाएगा। | 1. सेहलांग– कार्य 29.02.2024 को पूर्ण कर दिया गया है।<br>2. भोजावास– 57.00 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति एसबीएम–जी चरण–2 के तहत प्राप्त हुई थी, जिसका कार्य प्रगति पर है, जोकि दिनांक 31.10.2024 तक पूर्ण करवा दिया जायेगा। (मौके पर विवाद होने के कारण कार्य रूका हुआ है।)<br>3. धनौदा–ग्रे वाटर मैनेजमेंट का कार्य प्रगति पर है और 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चूका है और शेष कार्य 30.06.2024 तक पूर्ण करवा दिया जायेगा।<br>4. मिरजापुर– तालाब के जीर्णोद्वार के लिए 90.57 लाख रूपये का प्राकलन प्रशासनिक स्वीकृति के लिए तालाब प्राधिकरण को भेजा गया है तथा तालाब प्राधिकरण से अपेक्षित है, जैसे ही प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होगी, वैसे ही नियमानुसार आगामी कार्यवाही कर दी जायेगी। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (03.07.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 5. बघोत– मिर्जापुर एवं बाछोद एक ही तालाब है।<br>6. दौगड़ा अहीर– कार्य 29.02.2024 को पूर्ण कर दिया गया है।<br>7. कॉटी –10.33 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति एसबीएम–जी चरण–2 के तहत प्राप्त हुई थी, निविदा प्राप्त हुई और एंजेसी के साथ नोगोशेसन के लिए लम्बित है। अब चुनाव आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही आगामी कार्यवाही की जायेगी। आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है।<br>8. बाघोत – 63.15 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। एसबीएम–जी चरण–2 के तहत 63.15 लाख की निविदा 9 बार आमन्त्रित की जा चुकी है कोई भी निविदा प्राप्त न होने कारण अब चुनाव आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही पुनः आमंत्रित जाएगी। आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है।<br>9. खेडी तलवाना – 44.47 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। एसबीएम–जी फेज–2 के तहत 44.47 लाख निविदा प्राप्त हुई और एंजेसी के साथ नोगोशेसन केलिए लम्बित है। अब चुनाव आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही आगामी कार्यवाही की जायेगी। आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। | |
| 610. | श्री जय प्रकाश द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 2102 क्या कृषि मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अनाज मंडी कलायत | 23.10.2017<br>XX अध्यक्ष महोदय, भाई जय प्रकाश जी अनाज मंडी कलायत से गांव खरक पांडवा तक एक सड़क बनवाना चाहते हैं जिसके | रिंग बांध के साथ लगते खेत 6′ से 15′ गहरे है व रास्ते की चौड़ाई भी 10′ से 12′ है। रास्ते को बनाने के | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(03.07.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | से गांव खरक पांडवा तक सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की सम्भावना है? | लिए डिपार्टमैंट ने तो "ना" कही है लेकिन भाई जय प्रकाश जी की चिंता के मद्देनज़र मैं आश्वस्त करता हूँ कि इनके द्वारा इस सड़क को बनाने संबंधी प्रपोजल को मैं स्वीकार करता हूँ और जल्द से जल्द इस सड़क को बना दिया जायेगा। | लिए Berm & Slope के लिए भूमि उपलब्ध नही है। अतः रास्ता Not Feasibile है। इसके अतिरिक्त रिंग बांध की जमीन सिंचाई विभाग द्वारा अधिगृहित की गई है व मौका निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया है कि जमीन के मुआवजे को लेकर मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। | |
| 611. | तारांकित प्रश्न संख्या–1337 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः माननीय अध्यक्ष महोदय जी, XXX मेरे हल्का इसराना में गांव सिंहपुरा से लेकर बोहली तक पानी की निकासी के जो दो नाले हैं उनमें इस समय पानी की निकासी नहीं हो रही है। XXX वहां पर सड़क टूटी हुई थी जिसको मैंने माननीय उप मुख्यमंत्री जी को रिक्वैस्ट करके बनवाने का काम किया था। वहां पर पानी की निकासी न होने की वजह से उस सड़क के फिर से टूटने की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता। XXXXXX मैं मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि इन दोनों नालों के पानी की निकासी का प्रबन्ध तुरंत प्रभाव से गांव पाबड़ी के पास पड़ने वाले बड़े नाले में किया जाये XXX | 22.12.2021<br>अध्यक्ष महोदय, XXX हरियाणा सरकार ने जहां–जहां पर भी पानी उपलब्ध है वहां–वहां पर एस.टी.पी. लगाकर उस पानी को सिंचाई के काम में प्रयोग में लाया जा सके, इसके लिए हमारी सरकार ने बाकायदा से योजना बनाई है। XXX अगर माननीय सदस्य हमें जमीन उपलब्ध करवा दें तो उस पानी को साफ करके खेती में सिंचाई के काम में आने के लिए हम प्रावधान कर देंगे। | कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज, पानीपत के कार्यालय का पत्र क्रमांक 2301 दिनांक 12.04.2024 द्वारा अवगत करवाया गया है कि ग्राम पंचायत सिठाना द्वारा चाहा गया था कि उनके गांव के पानी को गांव बोहली मे बने हुए नाले से जोड दिया जाए। जिस बारे ग्राम पंचायत बोहली की रजामंदी का प्रस्ताव व लोक निर्माण विभाग (भवन व सडके) व वन विभाग से अनापत्ति लेकर ही जोडा जा सकता है।<br>जिस बारे इस कार्यकारी अभियन्ता पंचायती राज मण्डल कार्यालय पानीपत ने पत्र क्रमांक 5714 दिनांक 22.09.23 के तहत सरपंच ग्राम पंचायत बोहली को लिखा गया था कि वे गांव सिठाना के नाले के पानी को ग्राम पंचायत बोहली के नाले में डलवाने हेतु अपनी ग्राम पंचायत का सहमति प्रस्ताव उपलब्ध करवाए जिस बारे सरपंच ग्राम पंचायत सिठाना व माननीय विधायक श्री बलवीर बाल्मिकी द्वारा श्री R.K. Goel अधीक्षक अभियन्ता, पंचायती राज, मुख्यालय की मौजूदगी में दिलवाने बार कहा गया था परन्तु ग्राम पचायत बोहली द्वारा उनके प्रस्ताव क्रमांक 3 दिनांक 10.10.2023 पर अधोहस्ताक्षरी को लिखा गया है कि ग्राम पंचायत बोहली, गांव सिठाना के नाले के गंदे पानी को गांव बोहली के नाले मे डालने हेतु सहमत नही है। उपरोक्त कार्य का समाधान जमीन उपलब्ध होने उपरान्त करवा दिया जाएगा। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(03.07.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 612. | श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 663 क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के मुआना गांव की सभी खराब गलियों को आई.एल.बी.पी. ब्लॉक से पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त गलियों के कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है? | 07.03.2022.<br>हां, श्रीमान जी। सीवर लाइन डालने के लिए तोड़ी गई सभी सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। गांव मुआना में सीवर लाइन डालने के लिए करीब 18 किलोमीटर की सड़कों को तोड़ा गया, जिसमें से लगभग 17 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत हो चुकी है तथा शेष सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, 113.48 लाख रूपये की राशि, सीवर लाइन डालने के तुरंत बाद फिरनी की सड़क मरम्मत करने के लिए, पी.डब्ल्यू.डी विभाग के पास जमा की जा चुकी है। इन सभी कार्यों को 31.12.2022 तक पूर्ण करने की संभावना है। | विषयांकित मामले में आप महोदय की सेवा में लिखा जाता है कि कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक मण्डल नं 2 जीन्द के कार्यालय के पत्र क्रमांक 287 दिनांक 04.01.2024 की रिपोर्ट अनुसार गांव मुआना में सीवर व पीने के पानी की लाईन लगाने का कार्य प्रगति पर है सीवर व पीने के पानी की लाईन लगाने के लिए जो गलियां उखाड़ी गई थी अब गांव की उन सभी गलियों की मुरम्मत कर दी गई है जिससे आने जाने में आमजन को कोई परेषानी नही है। विभाग द्वारा जिस गली का निर्माण किया जाना था, उस गली का निर्माण कर दिया है। ठोप पट्टी वाली गली जो मुआना बैस स्टैण्ड से कोल वाले रास्ते तक के कार्य को आपसी मतभेद होने की वजह से रोक दिया गया है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(03.07.2024) |
| | | | उक्त गली का मतभेद समाप्त होने के बाद कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा। इसके उपरान्त तीनों गलियों में से दो गलियों का ग्राम पंचायत द्वारा SFC Fund से पुनः बनवाया जा रहा है। जिनका विवरण इस प्रकार है।<br>रिपोर्ट को मध्यनज़र रखते हुए उक्त आश्वासन को ड्राप करने की कृपा करें।<br>(1) ILPB Street from H/o Ashok S/o Rampal Rajput to Raj kumar S/o Chanderbhan at Village Muana SFC स्कीम के तहत जिसकी अनुमानित लागत मु0 राषि 27.90 लाख की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कार्य प्रगति पर है और मौके पर 70 प्रतिषत कार्य पूर्ण करवा दिया गया है।<br>(2) Construction of ILPB Street with side drains H/o Mukesh S/o Asha Ram Rajput to PWD Road Retoli village Muana SFC स्कीम के तहत जिसकी अनुमानित लागत | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | मु0 राशि 32.15 लाख रूपये निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कार्य प्रगति पर है और मौके पर 15 प्रतिशत कार्य पूर्ण करवा दिया गया है।<br>(3) ग्राम पंचायत द्वारा वांछित गली के निर्माण हेतू पर्याप्त फण्ड ना होने का हवाला देते हुये बनाने से मना कर दिया है। जैसे ही कोई राशि उन्हें प्राप्त होगी, तब वाँछित गली का विकास कार्य करवा दिया जाऐगा।<br>रिपोर्ट को मध्यनज़र रखते हुए उक्त आश्वासन को ड्राप करने की कृपा करें। | |
| 613. | श्री इंदु राज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 19 क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बरौदा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों अहुलाना, बरौदा, बुटाना, मुण्डलाणा, शामड़ी, कथुरा तथा नूरांखेड़ा से गन्दे पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई; तथा<br>(ख) उपरोक्त गावों की उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ? | 08.08.2022<br>(क) 7 में से 6 गांवों में गन्दे पानी की निकासी हेतु कार्य स्वीकृत हैं और गांव नूरांखेड़ा का प्राकलन बनाया जा रहा है।<br>(ख) छह गांवों में कार्य 31.03.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है। | 1. आहुलाना– इस गांव में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18–11–2019 के माध्यम से मु0 27.60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। जोकि कार्य पूर्ण हो चुका है।<br>2. बरोदामोर– इस गांव में पत्र क्रमांक HSSBM-SPM-2021/83053-381 दिनांक 9.8.2021 द्वारा ग्रेवाटर मैनेजमेंट के तहत 50.38 लाख रुपये की राशि नाले/नालियों का निर्माण तथा तालाबों का पुन उद्धार करने हेतु स्वीकृत की गई थी। जिसका वर्क ऑर्डर कर दिया गया था। इस गांव में ग्राउंड वाटर टेबल लगभग 2 से 3 फुट है, Water Logging की समस्या होने के कारण तालाबों की Dewatering किया जाना भी संभव नहीं हो पा रहा है। अतः इस क्षेत्र के हिसाब से गांव के गंदे पानी को उपचारित करने उपरान्त पुनः प्रयोग हेतु Haryana Pond and Waste Water Management Authority ls Suitable Treatment Technology | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(03.07.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | उपलब्ध करवाने बारे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 217 दिनांक 05—01—2022, 4970—74 दिनांक 11—05—2023 एवं 14165 दिनांक 18—12—2023 द्वारा लिखा गया है। गंदे पानी को उपचारित करना Suitable Treatment Technology उपलब्ध होने उपरान्त ही संभव है।<br>इस गांव में (Eansar Pond) के कार्य की Haryana Pond and Waste Water Management Authority के पत्र क्रमांक 63697 दिनांक 08.06.2023 के तहत मु0 73.91 लाख रू0 की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस कार्य की टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण की ली गई है। आचार संहिता उपरान्त कार्य का वर्क आर्डर जारी करके कार्य शुरू करवाते हुए 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। | |
| | | | 3. बुटाना— इस गांव में दो पंचायते है (बुटाना कुण्डू व बुटाना खेतलान), बुटाना खेतलान पंचायत का प्राकलन 68.76 लाख रुपये का प्रस्ताव पत्र क्रमांक 26012 दिनांक 07.12.2022 द्वारा हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण, पंचकूला की सेवा में स्वीकृती हेतू भेजा हुआ है।<br>बुटाना कुण्डू पंचायत में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18—11—2019 के माध्यम से 70.33 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। गांव बुटाना कुण्डू के गंदे पानी का समाधान स्कूल के साथ—2 नाला बनाकर व तालाब की खुदाई करके पुनः प्रयोग के लिए पानी को खेतों में ले जाने के लिए पाईप लाईन दबाकर कार्य पूर्ण करवा दिया गया हैं। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 4. मुण्डलाना– गांव मुण्डलाना में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18–11–2019 के माध्यम से 108.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। गांव मुण्डलाना की आधी आबादी के गंदे पानी का समाधान पुराने तालाब की खुदाई करके पुनः प्रयोग के लिए पानी को खेतों में ले जाने के लिए पाईप लाईन दबाकर कार्य पूर्ण करवा दिया गया हैं।<br>5. शामड़ी– गांव शामड़ी में यमुना एक्शन प्लान के तहत पत्र क्रमांक DFA-4/2019/72103-31 दिनांक 13-09-2019 and PRC/19/9748-49 दिनांक 18–11–2019 के माध्यम से 83.34 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। गांव में नए तालाब की खुदाई करवाकर पानी को इक्कठा करके खेतों में ले जाने के लिए पाईप लाईन दबाकर कार्य पूर्ण कर दिया गया है।<br>6. कथुरा– इस गांव में पी0डी0एम0एस0 के अनुसार 8 ऑवरफलो तालाब है, जिसमें 6 का सम्बन्ध सिंचाई विभाग से है व 2 का सम्बन्ध इस विभाग से है। इस विभाग से सम्बन्धित 2 कार्यो मे से एक की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, एक की ड्राईंग जारी कर दी गई है व प्राकलन बनाया जा रहा है।<br>7. नूरन खेड़ा– पूर्व में तालाब का प्राकलन बिना ड्राईंग के बनाया गया था। नई हिदायतों अनुसार हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण, पंचकूला के द्वारा जारी ड्राईंग के अनुसार ही प्राकलन बनाने का प्रावधान है। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण, से ड्राईंग प्राप्त नहीं हुई है। ड्राईंग प्राप्त होने उपरान्त नियमानुसार आगामी | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

कार्यवाही कर ली जाऐगी। रिपोर्ट को मध्यनज़र रखते हुए उक्त आश्वासन को ड्राप करने की कृपा करें।

614. 497.नियम 73—क के अन्तर्गत श्री वरूण चौधरी विधायक तथा 4 अन्य विधायकों (श्री आफताब अहमद, श्री भारत भूषण बतरा, श्री अमित सिहाग व श्रीमती शैली) द्वारा राज्य में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि का प्रावधान करने के संबंध अल्पावधि सूचना संख्या—1 के संदर्भ में श्री जगबीर सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि हमें दो साल हो गए हैं। हमारे साथ वायदा तो किया जाता है कि तुम्हारी चौपाल बनायी जाएगी, तुम्हारा नाला बनाया जाएगा। दो साल हो गए, वहां इसकी

26.12.2022

अध्यक्ष महोदय, मैं इसका पता करवा लूंगा।

XXXX

अध्यक्ष जी, जहां तक यह पांच करोड़ रूपये का विषय है जिन—जिन के पैसे पहुंचे हैं उनके काम जल्दी कैसे हों और जिनके पैसे अभी नहीं पहुंचे हैं या डिमाण्ड्ज नहीं आई हैं या डिमाण्ड्ज आने के बाद अभी वे कहीं फाईलों में अटकी हैं मैं स्वयं इसमें इंटरवीन करके और कोशिश करूंगा कि इसको अगले सैशन तक या 31 मार्च, 2023 तक इसको पूरा करवा देंगे। इसमें कोई मामला बचेगा नहीं।

श्री वरूण चौधरी, विधायक हल्का मुलाना

| वित्त वर्ष | स्वीकृत विकास कार्यो की संख्या | स्वीकृत राशि (लाख में ) | कार्यो की स्थिति | | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्ण | प्रगति | वर्क ऑडर जारी | टैण्डर प्रगति पर | |
| 2022—23 | 24 | 184.85 | 4 | 12 | 4 (आर्दश चुनाव आचार संहिता के बाद ही जारी होगें) | 4 (आर्दश चुनाव आचार संहिता के बाद ही टैण्डर खोले जाएगें) | आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। |
| 2023—24 | 18 | 117.49 | — | — | — | — | उक्त विकास कार्यो के प्राकलनों की प्रशासकीय स्वीकृति मार्च, 2024 में जारी हुई है, सभी विकास कार्यो के टैण्डर लगाये जाने है। आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। |



रोजाना इंक्वायरी करते हैं जबकि अभी तक बना कुछ भी नहीं है। एक एम.एल. की इतनी इसंलट तो शायद ही कभी हुई होगी। लोग हमें कहते हैं कि आप झूठ बोलते हो, बहकाते हो, एक एम. एल.ए. के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। देना एक अलग बात है, अब इन कार्यों को विद्ड्रा ही कर लिया जाये, इसमें हमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन ये इंसलट बर्दाश्त नहीं होती। हमारा एस्टिमेट्स उसी समय आ गया था, लेकिन जिस अधिकारी ने यह काम नहीं किया उसके खिलाफ कार्रवाई करो।

श्री आफताब अहमद, विधायक नूंह

| वित्त वर्ष | स्वीकृत विकास कार्यो की संख्या | स्वीकृत राशि (लाख में ) | कार्यो की स्थिति | | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्ण | प्रगति | वर्क ऑडर जारी | टैण्डर प्रगति पर | |
| 2022—23 | 36 | 203.56 | 6 | 14 | 0 | 16 (आर्दश चुनाव आचार संहिता के बाद ही टैण्डर खोले जाएगें) | आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। |
| 2023—24 | 20 | 202.68 | — | — | — | | उक्त विकास कार्यो के प्राकलन प्रशासकीय स्वीकृति हेतू मार्च, 2024 में मुख्यालय को उपलब्ध करवा दिये गये है। आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



श्री भारत भूषण बतरा, विधायक रोहतक

| क्र0 सं0 | गांव | खण्ड | कार्य | स्वीकृत राशि (लाख में) | व्यय राशि (लाख में) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डोभ | रोहतक | 1. डोभ हाईवे ढाणी से माजा डोभ तक बनियानी सीमा के पास, सी0सी0 रास्ता नं0 203 का निर्माण।<br>2. बनियानी सीमा से डोभ सीमा तक इंटरलॉकिंग/सी0सी0 रास्ते का निर्माण। | 103.14 | 88.26 | पूर्ण |
| 2. | खेरारी | कलांनौर | पंजाबी केन्द्र का निर्माण। | 38.14 | 29.26 | पूर्ण |

श्री अमित सिहाग, विधायक डबवाली (सिरसा)

| वित्त वर्ष | स्वीकृत विकास कार्यो की संख्या | स्वीकृत राशि (लाख में ) | कार्यो की स्थिति | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्ण | प्रगति | शुरू नही हुये |
| 2020–21 | 21 | 167.48 | 20 | 1 | 0 |
| 2023–24 | 27 | 305.79 | 13 | 10 | 4 |

श्रीमति शैली, विधायक हल्का नारायणगढ़।

| वित्त वर्ष | स्वीकृत विकास कार्यो की संख्या | स्वीकृत राशि (लाख में ) | कार्यो की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्ण | प्रगति | वर्क ऑडर जारी | टैण्डर प्रगति पर |
| 2022–23 | 38 | 200.00 | 21 | 17 | 0 | 0 |
| 2023–24 | 35 | 177.30 | 0 | 19 | 8 (आर्दश चुनाव आचार संहिता के बाद ही जारी होगें) | 8 (आर्दश चुनाव आचार संहिता के बाद ही टैण्डर खोले जाएगें) आर्दश आचार संहिता के समाप्ति के 6 महीने के अन्दर विकास कार्य करवाए जाने की संभावना है। |



21.02.2023

615. श्री इन्दु राज, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 6– क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि –

(क) क्या यह तथ्य है कि दिनांक 17.05.2021 को एच.आर.डी.एफ. मुख्यमंत्री घोषणा योजना कोड 25284 के अंतर्गत बड़ोदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए रुपये

(क) हाँ, श्रीमान जी, मु0 2,79,91,000/– (दो करोड़ उन्यासी लाख इकानवे हजार मात्र) की राशि दिनांक 17.05.2021 को मुख्यमंत्री घोषणा कोड 25284 के तहत हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के बजट से बड़ौदा विधानसभा क्षेत्र के 26 विकास कार्यों के लिए जारी की गई थी। स्वीकृत 26 कार्यों में से 8 कार्य पूर्ण हो चुके हैं

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 2,79,91,000/– की राशि जारी की गई थी तथा उन कार्यों की संख्या कितनी है जो उक्त घोषणा से पूरे हुए हैं तथा उन कार्यों की संख्या कितनी है जो लंबित हैं; तथा<br>(ख) इन कार्यों के अब तक पूरा न किए जाने के कारण क्या हैं तथा उक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका पूरा ब्यौरा क्या है ? | व 9 प्रगतिधीन हैं तथा 8 अभी शुरू नहीं किए जा सके हैं तथा एक कार्य जमीन उपलब्ध न होने के कारण नहीं करवाया जा सका।<br>(ख) उपरोक्त कार्यों की राशि प्रारम्भ में संबधित ग्राम पंचायतों को जारी की गई थी। मई 2022 के महीने में 21 कार्यों की राशि कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज सोनीपत को स्थानतरित की गई। 5 कार्यों की राशि अभी भी ग्राम पंचायतों के पास है। अब कार्य हरियाणा इंजिनीयरिंग वर्क्स प्रोर्टल पर ई–निविदा प्रकिया के तहत आमंत्रित करके करवाये जा रहे हैं। 17 (प्रगतिधीन व शुरू ना किए गए) कार्य दिनांक 30.09.2023 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। गांव जागसी सहरावत में चौपाल के लिए स्थान उपलब्ध न होने के कारण राशि वापिस भेजी जा चुकी है। | | |
| 616. | तारांकित प्रश्न संख्या 6 के संदर्भ में श्री इंदु राज, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि जो 2 करोड़ 80 लाख रुपये की ग्रांट दी गयी थी, इसे दिये हुए दो साल के करीब हो गए और यह ग्रांट जब स्वर्गीय विधायक श्री कृष्ण जी हुड्डा विधायक थे उनके द्वारा दी गई थी। जब मैं विधायक बनकर आया तब मैंने डायरेक्टर से मिलकर एक चिट्ठी एक्सीयन सोनीपत को लिखवाई थी कि इनमें से कई काम हैं जो पूरे हो चुके हैं। जब उप चुनाव हुआ तब वहां सरकार के मंत्री विधायक गये उन्होंने वोट लेने के लिए इधर–उधर से वे काम पूरे करवाए लेकिन एक्सीयन साहब ने लिखा कि इनमें से कोई भी काम पूरा नहीं हुआ। उसके बाद राशि जारी की गई है और माननीय मंत्री जी ने जिन आठ कामों का जिक्र किया कि वे पूरे हो गए। ये कार्य वर्ष 2019 और 2020 में पूरे हो चुके हैं। एक्सीयन के द्वारा टेंडर द्वारा कोई भी काम आज तक न तो पूरा हुआ न ही कोई लगा। अध्यक्ष महोदय, | 21.02.2023<br>स्पीकर सर, इस मामले में मेरा यही कहना है कि इस बारे में मुझे जो विभाग के द्वारा जानकारी दी गई है और जो इस समय मेरे पास उपलब्ध है मैं उसी के बारे में यहां पर स्थिति स्पष्ट कर रहा हूं। इनके हल्के में जिन गांवों में कार्य पूर्ण करवाये जा चुके हैं उनके नाम भी मेरे पास हैं। ये सभी कार्य हमारे इंजीनियर विंग द्वारा करवाये गये हैं। नौ गांवों में अभी टैण्डर की प्रक्रिया जारी है। उनके काम भी जल्दी शुरू हो जायेंगे। दो–तीन काम जो छोटी–छोटी अमाउंट के थे वे अभी पैंडिंग हैं। अगर माननीय सदस्य चाहेंगे तो मैं उनके नाम इनको बता सकता हूं। ये काम छोटी अमाउंट के थे इनके दो–तीन बार टैण्डर किये लेकिन टैण्डर में कोई पार्टी नहीं आई। जिन कामों की ये डिटेल दे रहे हैं कि ये एक्स.ई.एन. के थ्रू नहीं करवाये गये हैं उनके बारे में मैं आपको इंश्योर करता हूं ये सभी काम एक्स.ई.एन. के थ्रू करवाये गये हैं। ये सभी काम पंचायती राज के एक्स.ई.एन. ने ही करवाये हैं। जिन नौ कामों के टैण्डर लगे हुए है वे भी जल्दी ही शुरू करवा दिये जायेंगे। जो काम पैंडिंग हैं उनको भी जल्दी से जल्दी करवाने का काम किया जायेगा। अगर इसके बावजूद भी माननीय सदस्य को | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि पंचायती राज एक्सीयन का जो जवाब है उसने कहा कि एक काम का 17 बार टेंडर हो गया, एक काम का 15 बार टेंडर हो गया तथा एक काम का 7 बार टेंडर हो गया लेकिन कोई टेंडर नहीं ले रहा इसलिए मैं इन कार्यों को कहां से पूरा करवाऊं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री से पूछना चाहूंगा कि जब एक काम का 17 बार टेंडर हो गए और कोई ठेकेदार उस काम को नहीं ले रहा तब उस काम को सरकार कैसे पूरा करवायेगी। हमने कुछ उम्मीद लगाई थी कि कुछ दिन में सरपंच बन जाएंगे और हम सरपंचों द्वारा काम करवाएंगे लेकिन मैं तो सही कहता हूं कि सरकार विकास रोको प्रस्ताव ई–टेंडरिंग का जो लेकर आई है इसका सारा उदाहरण आपके सामने है। अध्यक्ष महोदय, उन्होंने बड़ी झूठ बोली और कहा कि मुंडलाना | लगता है कि कहीं न कहीं विभागीय अधिकारी के द्वारा गलत इनफर्मेशन दी गई है मैं उसकी जांच करवाने का भी काम करूंगा और अगर यह पाया गया कि उसने गलत इनफर्मेशन देकर मिसलीड करने का काम किया है तो उसके खिलाफ कार्यवाही करने का भी काम करूंगा। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | गांव के तालाब में पानी है। माननीय मंत्री जी मेरे पास इस तालाब की फोटो है और इसमें कोई पानी नहीं है यह सूखा तालाब है। इसके अलावा मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि बरौदा ठुठाणी चौपाल वर्ष 2019 में बन गई और एक्सीयन कह रहा है कि हमने टेंडर लगा रखा है जो 6 महीने में पूरी हो जाएगी जबकि चौपाल पहले ही बन चुकी है। इसके अलावा मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि इन्होंने कहा है कि सामड़ी गांव में चौपाल बन गई है जबकि यह ऐसे की ऐसे ही अधूरी पड़ी है, इसमें भ्रष्टाचार हुआ है, अभी यह नहीं बनी हुई है। | | | |
| | | 21.02.2023 | | |
| 617. | श्री शमशेर सिंह गोगी, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 15–क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) गांव बल्ला में स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा न करने के क्या कारण है; तथा<br>(ख) गांव बल्ला में स्टेडियम के निर्माण पर कितनी आबंटित राशि खर्च की गई | *****<br>(घ) शेष निर्माण कार्य राशि जारी होने के बाद जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायत से अपेक्षित व्यय के नए अनुमान और प्रस्ताव प्राप्त होने पर तुरंत धनराशि जारी कर दी जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तथा उन कार्यों का ब्यौरा क्या है जिन पर उक्त राशि खर्च की गई है;<br>(ग) यदि खर्च नहीं की गई, तो उसके क्या कारण है; तथा<br>(घ) गांव बल्ला में स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | | | |
| 618. | श्री बिशन लाल सैनी, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 46— क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) 25 फरवरी, 2021 से अब तक एन.जी.टी या किसी अन्य योजना के द्वारा रादौर खण्ड में नवनिर्मित किए गए जलाशयों की संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) क्या सरकार जांच करेगी यदि इस सम्बन्ध मे कोई अनियमितता हुई है? | 22.02.2023<br>(क) खण्ड रादौर में 16 तालाबों के नवीनीकरण का कार्य स्वीकृत है। इनमें से 11 तालाब एनजीटी कार्य योजना यमुना नदी के अंतर्गत स्वीकृत हैं । यह सभी कार्य पूर्ण हैं। 3 तालाब हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आदर्श तालाब योजना के अंतर्गत स्वीकृत हैं जोकि प्रगतिधीन है। 2 तालाब धूसर जल प्रबंधन (स्वच्छ भारत मिशन—ग्रामीण चरण—II) के अंतर्गत स्वीकृत है जोकि प्रगतिधीन हैं ।<br>(ख) हां, श्रीमान् । | | |
| 619. | श्री सीता राम यादव, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 73— क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की 95 पंचायतों में अब तक कितने ग्राम ज्ञान केंद्र खोले गए हैं तथा शेष गांवों में ग्राम ज्ञान केन्द्र कब तक खोले जाने की संभावना है? | 22.02.2023<br>अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की 95 पंचायतों में से 9 ग्राम ज्ञान केन्द्रों का निर्माण हरियाणा दीन बन्धु ग्राम उदय योजना (नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित) के अन्तर्गत करवाया गया है। जैसे ही अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में ग्राम ज्ञान केन्द्र खोलने हेतु प्रस्ताव/मांग प्राप्त होगी, उनका निर्माण राशि की उपलब्धता तथा योजना के दिशानिर्देशों के आधार पर करवा दिया जाएगा। | | |
| 620. | श्री सीता राम यादव, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 74— क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की 95 पंचायतों में अब तक कुल कितने सामुदायिक केंन्द्रों का निर्माण किया गया है तथा शेष गांवों में सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 22.02.2023<br>अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की 95 पंचायतों में किसी भी सामुदायिक केन्द्र का निर्माण नहीं हुआ है। जैसे ही सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कोई मांग प्राप्त होगी, तो उसकी जाँच उपरान्त, बजट की उपलब्धता तथा योजना के दिशानिर्देशों अनुसार कार्यवाही कर ली जाएगी। | | |
| 621. | वर्ष 2023—24 के बजट के संदर्भ में | 23.02.2023<br>64. ग्रामीण बुनियादी ढांचे जैसे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण सड़कें जिनका इस समय रखरखाव हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किया जा रहा है, सरकारी स्कूलों, | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | ग्रामीण स्टेडियमों, पुस्तकालयों, सामुदायिक केंद्रों, स्ट्रीट लाइट आदि के रखरखाव की जिम्मेदारी जिला परिषदों को दी गई है। इसके लिए वर्ष 2023–24 में, प्रत्येक जिला परिषद में एक अलग इंजीनियरिंग विंग प्रदान किया जाएगा। जिला परिषदों और अन्य पंचायती राज संस्थाओं को अपने स्तर पर विकास कार्य करने में सशक्त बनाने के लिए इंजीनियरिंग विंग के लिए अतिरिक्त 699 पद सृजित किए गए हैं। साथ ही स्वीकृत 2237 पदों के अतिरिक्त ग्राम सचिवों के समकक्ष 2250 पदों का सृजन किया गया है, जिनमें से 857 पद वर्तमान में रिक्त हैं। इन पदों को वर्ष 2023–24 की पहली छमाही में भरा जाएगा, ताकि ग्राम पंचायतें प्रभावी ढंग से काम कर सकें। | | |
| | | 65. जिन जिलों में जिला परिषद्ों के स्वतंत्र भवन नहीं है वहां जिला परिषद सचिवालयों का निर्माण किया जा रहा है। करनाल और सिरसा में जिला परिषद सचिवालय का निर्माण कार्य चल रहा है और शीघ्र ही गुरुग्राम और | | 938 |
| | | रेवाड़ी में शुरू हो जाएगा। वर्ष 2023–24 में, सात जिलों में जिला परिषद सचिवालय के लिए स्थलों को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है ताकि निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। | | |
| | | 66. छठे राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर चालू वर्ष में पंचायती राज संस्थाओं को अंतिम तिमाही के लिए 1100 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। वर्ष 2023–24 में यह राशि 3,145 करोड़ रुपये होगी। | | |
| | | 68. सरकार ने शमशान भूमि और कब्रगाहों के विकास के लिए शिवधाम योजना शुरू की थी। मैं वर्ष 2023–24 में शिवधाम योजना पर काम पूरा करने का प्रस्ताव करता हूं। वर्ष के अंत तक, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक शमशान भूमि और कब्रगाह को शिवधाम योजना में कवर किया जाएगा। | | 939 |
| | | 70. सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सभी ग्राम पंचायतों की फिरनियों में केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली के साथ स्ट्रीट लाइट उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। वर्ष 2023–24 में पहले चरण में कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में जिला परिषदें प्रत्येक ब्लॉक में सबसे अधिक आबादी वाले कम से कम 5 गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगाएगी। इस वर्ष 750 | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | ग्राम पंचायतों में इस कार्य को पूरा कराने का लक्ष्य रखा है।<br>72. हरियाणा में स्वच्छ भारत के सफल क्रियान्वयन से एक नई समस्या पैदा हो गई है। लगभग 70 प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय हैं जो केवल एक सेप्टिक टैंक से जुड़े हैं जिन्हें कुछ वर्षों के बाद साफ करना होता है। वर्तमान में, अपशिष्ट का उचित प्रबंध करने के लिए कोई निर्दिष्ट सुविधा नहीं है। वर्ष 2023–24 में सरकार इस समस्या का समाधान खोजने की पहल करेगी। उदाहरण के तौर पर, मौजूदा 108 सीवरेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) के 10 कि.मी. के दायरे में स्थित 1500 ग्राम पंचायतों में मलयुक्त गाद का उचित संग्रह और परिवहन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, सरकार जिले के खंड मुख्यालय, जहां 20 कि.मी. के दायरे में कोई एस.टी.पी. स्थित नहीं है, में एक मलयुक्त गाद उपचार संयंत्र की स्थापना की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। | | |
| | | 75. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना राज्य के आठ जिलों में क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत, न्यू जनरेशन वाटरशेड परियोजनाओं के तहत 80.59 करोड़ रुपये की नौ परियोजनाओं को अगले पांच वर्षों में पांच जिलों भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और यमुनानगर में लागू किया जाएगा। | | |
| 622. | तारांकित प्रश्न संख्या 58 के संदर्भ में श्री इंदु राज द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बड़ौदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 30.03.2021 को विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए रुपये 1,99,10,000 की राशि जारी की गई थी तथा उक्त घोषणा के अन्तर्गत पूरे किए गए कार्यों की संख्या कितनी है तथा कितने कार्य अधूरे पड़े हैय तथा<br>(ख) इन कार्यों के अब तक पूरा न किए जाने के क्या कारण है तथा उक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 17.03.2023<br>(क) हां महोदय, बड़ौदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2019–20 के लिए 26 विकास कार्यों के लिए 1,99,10,000 रुपये की राशि जारी की गई थी। कुल 26 विकास कार्यों में से 12 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 6 कार्य प्रगति पर हैं तथा 8 कार्य अभी प्रारंभ होने हैं।<br>(ख) बड़ौदा निर्वाचन क्षेत्र के कार्यों का ब्यौरा स्थिति सहित अनुलग्नक पर है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 17.03.2023 | | |
| 623. | अतारांकित प्रश्न संख्या 96 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया प्रश्नः— क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की 95 पंचायतों में से अब तक कितनी पंचायतों में जिम/व्यायामशालाएं खोले गए/निर्मित किए गए तथा शेष गांवों में जिम/व्यायामशालाओं को कब तक खोले जाने/निर्मित किए जाने की संभावना है ? | अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की 95 पंचायतों में 12 व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया गया है। 3 व्यायामशालाएं प्रगतिधीन हैं जिनका निर्माण कार्य 31 अगस्त, 2023 तक पूर्ण करवा दिया जाएगा। इस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जिम निर्माण हेतु किसी विशिष्ट योजना का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। जैसे ही अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जिम/व्यायामशालाओं को खोलने हेतु प्रस्ताव/मांग प्राप्त होगी, उसकी जाँच उपरान्त, बजट की उपलब्धता तथा योजना के दिशानिर्देशों अनुसार कार्यवाही की जाएगी। | | |
| | | 17.03.2023 | | |
| 624. | अतारांकित प्रश्न संख्या 97 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया प्रश्नः—क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की 95 पंचायतों में से अब तक कितनी पंचायतों में पुस्तकालय खोले गए हैं तथा शेष गांवों में पुस्तकालयों के कब तक खोले जाने की संभावना है ? | अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 10 गांवों के मौजूदा भवनों में ई—लाईब्रेरी स्थापित करने हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है तथा कार्य मई, 2023 तक पूर्ण किए जाने की सम्भावना है। जैसे ही अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष गांवों के मौजूदा भवनों में ई—लाईब्रेरी स्थापित करने हेतु प्रस्ताव/मांग प्राप्त होगी, उनका प्राथमिकता/आवश्यकता के आधार पर निर्माण शुरू करवा दिया जाएगा। | | |
| | | 21.03.2023 | | |
| 625. | तारांकित प्रश्न संख्या—81 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं इसी विषय से संबंधित एक और बात सदन के माध्यम से कहना चाहूंगा। सरकार द्वारा ई—टैंडरिंग एक प्रणाली शुरू की गई है। मैं अपने मोबाइल से फोटो उतारकर लाया हूँ। ई—टैंडरिंग के बाद जो काम शुरू होते हैं, उनमें बहुत ही घटिया सामग्री का प्रयोग ठेकेदारों द्वारा उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी विकास कार्यों के लिए पैसे देने का काम कर रहे हैं। ये पैसे विकास कार्यों के लिए हमारे ब्लॉक में भी आए हैं। रास्तों के लिए भी लगभग 5 करोड़ रूपये आये हैं और दूसरे कार्यों के लिए भी 5 करोड़ रूपया दिया गया है। प्रश्न यह उठता है कि अगर इस 5 करोड़ रूपये की राशि में से सिर्फ अढ़ाई करोड़ रूपये ही विकास कार्यों | अध्यक्ष महोदय, हम इस मामले में जांच के आदेश दे देते हैं जो भी इस मामले में लिप्त होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई करने का काम किया जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | पर खर्च हों तो फिर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पैसे भेजने का क्या मतलब रह जाता है। | | | |
| | | 21.03.2023 | | |
| 626. | वर्ष 2023–24के बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा पुनरारम्भ तथा वित्त मंत्री द्वारा उस पर उत्तर के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः *** उपाध्यक्ष महोदय, मैं तो आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरी एक सड़क चोरी हो गई है। रादौर में 2 किलोमीटर की सड़क ही नहीं रही है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि या तो उस सड़क को ढुंढवा दिया जाये या उसको दोबारा से बना दिया जाये।*** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि मैंने भी कुछ डिमांड भेजी हैं वे पूरी करवा दी जायें। | उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि उस सड़क के साइड में नाला बनने लग रहा है इसलिए सड़क का काम रुका हुआ है। जब यह नाला बन कर तैयार हो जायेगा तो सड़क भी बन जायेगी।<br>*** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि इनके वे सभी काम करवा दिये जायेंगे। इसके अतिरिक्त मैं यह भी बताना चाहूंगा कि इनकी पंचायतों में 15 करोड़ रुपये तो सीधे तौर पर डाले गये हैं। (शोर एवं व्यवधान) | | |
| | इनमें कुछ सामुदायिक केन्द्र हैं उनके पैसे डाले जायें तथा कुछ काम पोर्टल पर भेजे हुए हैं वे सभी पूरे करवा दिये जायें। (शोर एवं व्यवधान) | | | |
| | | 25.08.2023 | | |
| 627. | श्री राजेन्द्र सिंह जून द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 18–क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि बहादुरगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव परनाला का शमशान घाट बहुत बुरी अवस्था में हैय तथा<br>(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त शमशान घाट के शैड का निर्माण, उपयुक्त रख रखाव, सफाई तथा सफेदी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है? | (क) ***<br>(ख) अतिरिक्त शेड के निर्माण और मौजूदा चारदीवारी की प्लास्टरिंग और सफेदी हेतु मु0 4.11 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 22.08.2023 को जारी की जा चुकी है। इस वित्त वर्ष के अन्त तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है। शमशान घाट की साफ–सफाई व रखरखाव का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत निधि से करवाया जा रहा है। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 628. | तारांकित प्रश्न संख्या 32 के सन्दर्भ में श्री दूड़ाराम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, भट्टू मंडी की जगह लाल डोरे के अन्दर है। हर | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यह माननीय विधायक की बात ठीक है कि वहां पर 40–50 वर्षों से सारी सुख–सुविधाओं के साथ परिवार | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जगह लाल डोरे के अन्दर की जमीन की मालिक के नाम रजिस्ट्रियां हो गई हैं । भट्टू मंडी की जगह पंचायत समिति की जगह है और इस जगह में 60–70 साल से यह गांव बसा हुआ है । उस जगह में सड़कें, बिजली और पानी की पूरी व्यवस्था है । जब हर जगह लाल डोरे की जमीन की रजिस्ट्रियां हो रही है तो यह तो पंचायत समिति की जगह है और इस पर 60–70 साल से गांव बसा हुआ है। जब सभी जगह लाल डोरे की जमीन का मालिकाना हक दे दिया गया है तो जब पंचायत समिति ने भी रेजोल्यूशन दे दिया है तो यहां भी उन लोगों को मालिकाना हक दिया जाए ताकि वहां भी सुविधा मिल सके। मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि वह सारा गांव पंचायत समिति की जमीन में बसा हुआ है इसलिए उन लोगों को दिक्कत आ रही है। | बसे हुए हैं लेकिन किसी ने भी स्वामित्व योजना के तहत अपना दावा दायर नहीं किया अर्थात् किसी ने भी अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है। उसके बाद भी हम इसको एग्जामिन करवा लेंगे। | | |
| | | 28.08.2023 | | |
| 629. | तारांकित प्रश्न संख्या 32 के सन्दर्भ में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, हर रोज लाल डोरा के संबंध में बयान आते हैं कि सरकार ने लाल डोरा खत्म कर दिया है । माननीय मंत्री जी, हरियाणा के अंदर कोई ऐसी जगह बता सकते हैं कि जहां पर लाल डोरा खत्म किया हो। मुझे एक गांव भी दिखा दो जहां पर लाल डोरा खत्म किया हो । पंचायत को ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी का कैसे राईट दिया जा सकता है? जो इतने पुराने काबिज लोग बैठे हैं और उनकी ऑनरशिप है तो क्या ग्राम पंचायत या सरपंच किसी के नाम जमीन ट्रांसफर करवा सकता है? वैसे रजिस्ट्रेशन करवानी है तो किसी की भी करवा लो।<br>****<br>अध्यक्ष महोदय, अब किस चीज का टाइटल सर्टिफिकेट दिया जा रहा है? क्या वह टाइटल सर्टिफिकेट की sanctity है? क्या बैंक उसके ऊपर लोन देगा? जो लोग किसी प्रॉपर्टी के ऑनर ही नहीं है और कहा जा रहा है | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय नेता प्रतिपक्ष को बताना चाहता हूं कि करनाल के अंदर सिरसी गांव है, सरकार ने दिनांक 26 जनवरी, 2020 को पूरी तरह से लाल डोरा मुक्त करके एक–एक प्रॉपर्टी की मलकियत रजिस्ट्री के साथ करवाने का काम किया है । हरियाणा प्रदेश के अंदर 25 लाख के लगभग रजिस्ट्रीज डीड के तौर पर अभी बननी हैं जिसमें से लगभग 4.94 लाख रजिस्ट्रियां बन चुकी हैं । शेष के डॉक्यूमेंट्स भी हैं और उनका प्रोसैस अपलोड हो रहा है। मुख्य सचिव, हरियाणा की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बनाई गई है जो immediately इसको रिजॉल्व करवाने का काम करेगी ।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, मैं अभी कह कर हटा हूं कि हमने 24 लाख से ज्यादा टाइटल डीड दी हैं। जिसकी रजिस्ट्रियां 4.94 लाख हो चुकी हैं। शेष जो लगभग 19 लाख के करीब पैंडिंग हैं उसके लिये स्पैशल कमेटी बनाई गई है और हमारा टारगैट है कि ूपजीपद 60 कंले उनके भी रजिस्ट्रेशन अपलोड कर देंगे। प्रत्येक संबंधित व्यक्ति के पास जब रजिस्ट्री आ जायेगी, जिस प्रकार से 4.94 लाख लोगों | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कि जो लाल डोरे के अंदर है उनकी पहले से सबकी ऑनरशिप है । क्या अब उनको दोबारा से रजिस्ट्री करवानी पड़ेगी? इसका क्या मतलब हुआ? सरकार की यह बात समझ में नहीं आई । मैं चाहता हूं कि सरकार इसको पहले एग्जामिन करवाये। Punjab Village Common Land Act के तहत इसको लेकर आये तो सबको फायदा होगा । | के पास आज बैंक से लोन लेने का अधिकार है उसी प्रकार उनको भी अधिकार हो जायेगा। | | |
| 630. | श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 47:—क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—<br>(क) गुहला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 1952 से पंचायती जमीन पर खेती कर रहे पट्टेदारों तथा आबादकारों की संख्या कितनी है; तथा<br>(ख) क्या इन पट्टेदारों को स्वामित्व अधिकार देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है? | 29.08.2023<br>श्रीमान् जी,<br>(क) गुहला निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 1350 व्यक्ति तकरीबन 4285.5 एकड़ पंचायती भूमि पर 1950 तथा 1960 के दशक से खेती कर रहे हैं।<br>(ख) हां, श्रीमान् जी। हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम, 1961 में संशोधन लाये जाने का एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अधिकारीगण के अलावा उप मुख्यमन्त्री शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री तथा विकास एवं पंचायत मन्त्री की एक कमेटी का गठन किया गया है और कमेटी की रिपोर्ट, प्रस्तुत होने के पश्चात्, इसके आधार पर प्रस्ताव को अन्तिम रूप दिया जाएगा। | | |
| 631. | श्री शमशेर सिंह गोगी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 59:—क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:—<br>(क) असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अप्रैल, 2022 से जुलाई, 2023 तक सरकार द्वारा कुल कितने ओपन एयर जिमों का निर्माण कार्य शुरू किया है तथा इनका खंड वार ब्यौरा क्या है;<br>(ख) उपरोक्त कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है य तथा<br>(ग) क्या यह तथ्य है कि असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के कुछ खंडों में सरकार द्वारा ओपन एयर जिम का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया गया हैय यदि हां, तो उसके कारण क्या है तथा उपरोक्त जिमों का निर्माण कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है? | 29.08.2023<br>(क) श्रीमान् जी, अप्रैल, 2022 से जुलाई, 2023 तक असंध विधानसभा क्षेत्र में किसी भी ओपन—एयर जिम के लिए कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। ओपन—एयर जिम की जगह, मौजूदा भवनों में इन्डोर जिम स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। असंध विधानसभा क्षेत्र में इन्डोर जिम की स्थापना हेतु अब तक छः ग्राम पंचायतों प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। यह कार्य निविदा प्रक्रियाधीन हैं।<br>(ख) निविदा आंवटन उपरान्त, मौजूदा भवनों की मुरम्मत/उन्नयन का सिविल कार्य छः माह के अंदर पूरा किया जाएगा। रेट कान्ट्रैक्ट को अन्तिम रूप देने उपरान्त उपकरण तथा फिटिंग की जाएगी।<br>(ग) उक्त (क) एवं (ख) के अनुसार। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 632. | श्री बलबीर सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 271 : क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि :—<br>क) क्या यह तथ्य है कि गांव खुखराना के साथ लगते पानीपत थर्मल प्लांट तथा सीमेंट कारखाने की राख तथा उत्सर्जित अपव्यय द्वारा गांव का पर्यावरण दूषित हो रहा है; तथा<br>ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या को देखते हुए उक्त गांव को स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है ? | 25.02.2020<br>श्रीमान, (क) तथा (ख) जबकि पानीपत थर्मल पावर स्टेशन (पी.टी.पी.एस.) की यूनिट 1—4 तथा यूनिट—5 क्रमशः वर्ष 2015 एवं 2019 में बंद होने से प्रदूषण की समस्या कम हुई, गांव खुखराना को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है जिसके लिए विकास कार्य चल रहे हैं। | | |
| 633. | श्री अमरजीत ढांडा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या :—19 क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएगें कि :—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना खंड कार्यालय के नए भवन के निर्माण की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता पंचायती राज द्वारा यादि क्रमांक के—पी—आर—सी—2023/8336 दिनांकित 17—03—2023 के माध्यम से दी गई है, लेकिन अभी तक इसकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दी गई है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रशासनिक स्वीकृति कब तक दिए जाने की सम्भावना है? | 15—12—23<br>(क) व ख) हाँ, श्रीमान्, जुलाना ब्लॉक कार्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए तकनीकी मंजूरी पहले दिनांक 07.03.2023 को दी गई थी। हालाँकि, विभाग ने कार्य का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है और मानक डिजाइन में अधिक कमरे व सुविधा, जोड़ी गई हैं। संशोधित ड्रांईग को अंतिम रूप देने के लिए मुख्य वास्तुकार कार्यालय के साथ परामर्श किया जा रहा है। प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 31.03.2024 तक जारी किए जाने की संभावना है। | | |
| 634. | श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 37:—<br>क्या पंचायत एवं विकास मंत्री कृपया बताएगें कि:—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव अर्थात गुढ़ा, मातनहेल, भूरावास, रेढुवास, लडायन, मुंडसा, रुड़ीयावास, कोंडरावाली, धनीरावास, सुन्दरहेती, बम्बुलिया, ढानिया, झान्स्वा, भढाना तथा झज्जर शहर के शमशान घाटों में सुविधाओं की कमी है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो सरकार की शिव धाम योजना के अंतर्गत उपरोक्त गांवों के शमशान घाटों में सुविधा, कब तक उपलब्ध करा, जाने की सम्भावना है ? | 15.12.23<br>XX | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| क्र० सं० | खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | सुविधिाओं का विवरण (यदि उपलब्ध है) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | भौड | रास्ता | चारदिवारी | पीने का पानी |
| 1 | झज्जर | गुढ़ा (कब्रीस्तान) | आवश्यकता नहीं | नहीं | हां | हां |
| 2 | झज्जर | गुढ़ा | हां | हां | हां | हां |
| 3 | मातनहेल | मातनहेल | हां | हां | हां | हां |
| 4 | सालहावास | भूरावास (SC) | शैड का कार्य प्रगतिधीन है | नहीं | हां | हां |
| 5 | सालहावास | भूरावास (BC) | हां | नहीं | हां | हां |
| 6 | मातनहेल | रेढुवास(ब्राह्मण) | नहीं | नहीं | नहीं | हां |
| 7 | मातनहेल | रेढुवास (SC) | नहीं | नहीं | नहीं | हां |
| 8 | मातनहेल | लडायन | नहीं | नहीं | नहीं | हां |
| 9 | मातनहेल | मुंडसा | हां | नहीं | हां | हां |
| 10 | मातनहेल | रुड़ीयावास | कार्य प्रगतिधीन है | नहीं | हां | हां |
| 11 | सालहावास | कोंडरावाली | हां | नहीं | नहीं | हां |
| 12 | सालहावास | धनीरावास | नहीं | नहीं | हां | हां |
| 13 | मातनहेल | सुन्दरहेती | हां | नहीं | हां | हां |
| 14 | मातनहेल | बम्बुलिया | हां | हां | हां | हां |
| 15 | सालहावास | ढानिया | नहीं | नहीं | हां | हां |
| 16 | मातनहेल | झान्स्वा | हां | नहीं | हां | हां |
| 17 | झज्जर | भढाना | नहीं | नहीं | हां | नहीं |

952

आश्वासन

XX

सरकार ने ग्रामीणों द्वारा उपयोग किए जाने वाले चयनित श्मशान घाटों में चारदीवारी, शेड, रास्ता और पीने के पानी जैसी न्यूनतम सुविधाएं प्रदान करने का कार्य आरम्भ किया हुआ है। उपरोक्त वर्णित गांवों के शमशान घाटों में उपलब्ध/अनुपलब्ध सुविधाओं का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र० सं० | झज्जर शहर में भामघान घाटों का नाम | सुविधाओं का विवरण (यदि उपलब्ध है) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौड | रास्ता | चारदिवारी | पीने का पानी |
| 1 | नाई वाली शमशान घाट | हां | नहीं | हां | हां |
| 2 | रामबाघ, कच्चा बेरी रोड़ शमशान घाट | हां | हां | हां | हां |
| 3 | बल्लू वाली कुई शमशान धाट रेवाड़ी रोड़ | हां | हां | हां | हां |
| 4 | बादली रोड़ शमशान घाट | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| 5 | धानको वाला शमशान घाट, कोसली रोड़ | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| 6 | स्वर्गाश्रम बहादुरगढ़ रोड़ शमशान घाट | हां | हां | हां | हां |
| 7 | हरीजन शमशान घाट बादली रोड़ | हां | हां | हां | हां |
| 8 | बाल्मिकी शमशान घाट राहनिया रोड़ | नहीं | हां | नहीं | नहीं |

953

(ख) उक्त गांवों के श्मशान घाटों में उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं के प्राकलन हरियाणा ग्रामीण विकास निधि प्रशासन बोर्ड में प्राप्त हो चुके हैं। ये सुविधाएं 30.09.2024 तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



18.12.23

635\. श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रशन संख्या 41:—

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले उन गांवों के नाम क्या हैं जिनमें सरकार द्वारा फिरनियों को पक्का किया जाना है तथा उक्त फिरनियों को कब तक पक्का किये जाने की सम्भावना है ?

श्रीमान, सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रथम चरण में 5000 से अधिक आबादी (पिछले वर्ष 31 दिसंबर के परिवार पहचान पत्र के आंकड़ों के अनुसार) वाली ग्राम पंचायतों की कच्ची फिरनियों को इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक से पक्का बनाया जाएगा। अटेली विधानसभा क्षेत्र में 5000 से अधिक आबादी वाले केवल दो गांव ऐसे हैं जिनकी फिरनी का कुछ हिस्सा कच्चा है। इन 2 कार्यों का अनुमान पहले से ही सरकार के पास है और इन फिरनियों के 30.09.2024 तक पक्का होने की संभावना है।

| **क्रमांक** | **विधान सभा क्षेत्र का नाम** | **गांव का नाम** | **कार्य का नाम** | **लागत (लाख रूपये में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अटेली | धनौंदा | इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक से फिरनी का निर्माण | 44.30 |
| 2. | अटेली | खेरी | इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक से फिरनी का निर्माण | 28.50 |

18.12.23

636\. श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रशन संख्या 42:—

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :—

(क) अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले उन गांवों के नाम क्या हैं जिनमें शिवधाम योजना के तहत चारदीवारी, रास्ते पक्के करना, टिन शेड तथा पानी की टंकी से संबधित कार्य लंबित हैं; तथा

(ख) उक्त कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

श्रीमान्,

(क) सदन के पटल पर बयान रखा गया है।

(ख) विवरण में उल्लिखित गांवों के शमशान घाटों में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के प्राकलन हरियाणा ग्रामीण विकास निधि प्रशासन बोर्ड में प्राप्त हो गये हैं। चयनित शिवधामों में सरकार की नीति के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण किये जायेंगे।



18.12.23

637\. श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रशन संख्या 43:—

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले उन गांवों के नाम क्या हैं जिनमें अब तक पार्कों एवं व्यायामशालाओं को विकसित नहीं किया गया है तथा ऐसे पार्कों एवं व्यायामशालाओं को कब तक विकसित किये जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

श्रीमान्, अटेली विधानसभा क्षेत्र के 10 गांवों बाछौद, बिहाली, चांदपुरा, डोंगरा अहीर, गुढ़ा, ककराला, कटकई, खरखड़ा बास, मुंडिया खेड़ा व सेहलंग में पार्क—एवं—व्यायामशालाएं स्थापित की गई हैं।

4 गांवों छपरा सलीमपुर, दुलोठ जाट, अटाली और डोंगरा जाट में पार्क—एवं—व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

पार्क—एवं—व्यायामशालाओं के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि के साथ निर्माण लागत का 20

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

प्रतिशत योगदान देने का प्रस्ताव पारित करने वाली पंचायतों को मंजूरी दी जाएगी।

अटेली विधानसभा क्षेत्र के 25 गांवों में ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

सरकार ने कनीना खंड के गांव गाहरा में इन्डोर जिम की स्थापना की मंजूरी दे दी है। जो ग्राम पंचायतें 1000 वर्गफुट से 1600 वर्गफुट क्षेत्रफल के मौजूदा भवन के साथ जिम उपकरणों की लागत का 20 प्रतिशत योगदान के लिए प्रस्ताव पारित करेंगी, उन ग्राम पंचायतों में इन्डोर जिम स्थापित करने हेतू विचार किया जाएगा। सदन के पटल पर बयान भी रखा गया है।

956

18.12.23

638. श्री वरुण चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रशन संख्या 74:–

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि मुलाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 5 करोड़ की राशि के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 25284 की स्थिति क्या है तथा कार्यों के शुरू करने/पूरा करने के लिए शिलान्यास/उद्घाटन न करने के कारण क्या हैं जैसे कि अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में किया जा रहा है ?

श्रीमान् जी, मुख्यमंत्री घोषणा 25284 के अन्तर्गत मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है :–

| | | | | (राशि लाख रू0 में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र | वित्तीय स्थिति | | | भौतिक स्थिति | | |
| | स्वीकृति राशि | जारी राशि | खर्च की गई राशि | स्वीकृत कार्यों की संख्या | पूर्ण कार्यों की संख्या | प्रगतिधीन कार्यों की संख्या |
| मुलाना | 359.23 | 354.23 | 305.30 | 76 | 64 | 12 |

राज्य सरकार की नीति के अनुरूप विकास कार्यों के शिलान्यास/ उद्घाटन की कार्यवाही की जा रही है।

19.12.23

639. श्री इंदुराज, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 42 क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों बनवासा, रिंढाणा, कथूरा, अहुलाना, मदीना, बरोदा, गंगाना शामडी, मुडलाना, जागसी, बिचपड़ी, आवली, कटवाल, रूखी तथा रागड़ा में बरसात के मौसम में तालाबों के ओवरफ्लो होने और जल निकासी की कमी के कारण गलियों, रास्तों और घरों में पानी भर जाता हैय तथा

(ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की सम्भावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

(क) हाँ श्रीमान्। प्रश्न में उल्लेखित गांव निचले इलाकों में स्थित हैं। ऐतिहासिक रूप से इन गांवों में भूमिगत जल का स्तर काफी ऊंचा है।

957

(ख) वर्षा ऋतु के दौरान इन गांवों में ग्राम पंचायतों और सिंचाई विभाग की मदद से डीजल इंजन/इलैक्ट्रिक मोटर/ ट्रैक्टर पम्प सैट का उपयोग करके नियमित आधार पर जल निकासी का कार्य किया जाता है।

विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा गांव बनवासा, रिंढाणा, अहुलाना, शामडी, मुडलाना और बिचपड़ी में एक–एक तालाब खोद कर, गाद तथा मिट्टी निकालकर बारिश के पानी को संग्रहित करने की क्षमता बढाई गई है।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | गांव बरोदा मोर के एक तालाब की टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने उपरान्त इसी तरह शोधन किया जाएगा। गांव रूखी में आबादी क्षेत्र से अतिरिक्त पानी निकालने के लिए पाईपलाईन बिछाई गई है। | | |
| | | 19.12.23 | | |
| 640. | तारांकित प्रश्न संख्या 42 के संदर्भ में श्री इंदुराज, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं इससे पहले भी कई बार मैं विधान सभा में गंदे पानी की निकासी के लिए आवाज उठाता रहा हूं। इसके बारे में माननीय मंत्री जी ने पहले भी कहा था कि हम इस काम को करवायेंगे। गंदे पानी की निकासी के लिए 84 तालाबों की नोटिफिकेशन नं. 936467 दिनांक 24.11.2021 को हुई थी लेकिन आज तक किसी भी तालाब पर कोई काम नहीं हुआ है। जिन गांवों रिंढाणा, बरौदा, रूखी इत्याभदि का जिक्र | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य जो कह रहे हैं यह सही कह रहे हैं। वंहा पर अण्डर ग्राउंड वाटर का लेवल बहुत उपर है। जिसके कारण विभाग को इस काम में दिक्कत आ रही है। इसके लिए हमारे सिंचाई विभाग के द्वारा स्किंग बोर लगाकर काम करवाया जा रहा है जिससे भू—जल स्तर नीचे जायेगा। विभाग ने खुदाई करने के लिए जिन तालाबों के टैंडर जारी किये हैं उनको हम अप्रैल—मई तक बारिश से पहले कम्पलीट करने की कोशिश करेंगे। | | |
| | मंत्री जी ने अपने जवाब में किया है उनके टैंडर भी हुए थे और आधारशिला भी रखी गई थी लेकिन उसका केवल पत्थेर रखा गया है। उससे आगे कोई काम नहीं हुआ है। उसमें माननीय मंत्री जी का भी नाम था और मेरा भी नाम था। वहां पर केवल पत्थेर लग गया लेकिन कोई काम नहीं हुआ है। मैं बड़ी जिम्मेवदारी के साथ कह रहा हूं कि इन 84 तालाबों की फिजिबिलिटी ली गई, केवल आधारशिला रखी गई है लेकिन गंदे पानी की निकासी के लिए कोई काम नहीं हुआ है। गांवों में बहुत भारी दिक्कित है क्योंसकि तालाबों से गंदा पानी गलियों में आ जाता है अगर आप फोटो के लिए कहें तो मैं फोटो दिखा सकता हूं। मेरा आपके माध्यआम से माननीय मंत्री जी से नम्र निवेदन है कि आप या तो अधिकारियों की बात मान लें या मेरी बात मान लें। काम करने की नीयत रखें केवल विधान सभा के पटल पर आश्वोसन देने से काम नहीं चलेगा। वहां पर लोगों को बहुत दिक्कटत हो रही है इसलिए इस काम को यथाशीघ्र करवाया जाये। | ***<br>अध्यक्ष महोदय, भू—जल स्तर उपर होने के कारण यह समस्या हो रही है। हम ज्यों—ज्यों खुदाई करवाते हैं तो भूमिगत जल उपर आ जाता है। इसके लिए हमारे विभाग की तरफ से सिंचाई विभाग के साथ मिलकर प्रपोजल बनाया जा रहा है। वंहा पर स्किंग बोर के लिए सरकार ने काफी बजट दिया है। यह प्रपोजल उसी से संबंधित है। इसमें दो तरह का पानी होता है। एक तो जो गलियों से होकर गंदा पानी जाता है उसको तो हमें अवाइड करना पडेगा इसके लिए आप लोगों को जागरूक कीजिए। मैं माननीय सदस्य को आश्वासन देना चाहूंगा कि हम इस काम को अप्रैल—मई तक अवश्य कर देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 641. | श्री शमशेर सिंह गोगी, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न 18<br>क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के खंड असंध, मुनक तथा चिड़ाव के गांव की संख्या कितनी है जिनमें तालाबों की खुदाई तथा नवीनीकरण के कार्य की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गई है तथा उक्त स्वीकृति कब दी गई थी;<br>(ख) उस ठेकेदार का नाम तथा ब्यौरा क्या है जिसे उपरोक्त कार्य आवंटित किया गया था तथा कार्य के आरंभ एवं पूरा करने के लिए निर्धारित समयावधि क्या है; तथा<br>(ग) जनवरी, 2024 तक उपरोक्त सभी तालाबों में निष्पादित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या हैं? | 21.02.2024<br>(क) ****<br>(ख) ****<br>(ग) 72 स्वीकृति कार्यों में से 7 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 53 कार्य प्रगतिधीन हैं तथा 12 कार्य अभी शुरू होने बाकी हैं। **** | | |
| 642. | श्री इंदुराज, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 7<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के लिए एच.आर.डी.एफ. सी.एम. कोड 25284 के अंतर्गत सरकार द्वारा घोषित कार्यों की संख्या कितनी है तथा उनके लिए जारी राशि का कार्य वार ब्यौरा क्या है तथा पूरे किए गए कार्यों की संख्या कितनी है;<br>(ख) अब तक लंबित पड़े कार्यो की संख्या कितनी है तथा उसके कारण क्या हैं;<br>(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा<br>(घ) लंबित कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 21.02.2024<br>(क) (खा) व (ग) श्रीमान् जी, मु0 5,06,11,000/– (पांच करोड़ छह लाख ग्यारह हजार मात्र) की राशि को एच.आर.डी.एफ. सी.एम. कोड 25284 के तहत हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के बजट से बरोदा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत घोषित 51 कार्यों हेतु जारी की गयी। स्वीकृत 51 कार्यों में से 14 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 17 कार्य प्रगतिधीन हैं, 18 अभी शुरू नहीं किये जा सके हैं तथा 2 कार्यों को जमींन उपलब्ध ना होने के कारण नहीं करवाया जा सकता। जो कार्य अभी शुरू नहीं हुए, उनके लिए कई बार टेंडर जारी किये जा चुके हैं। प्रगतिधीन कार्यों को पूरा करने और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर शुरू नहीं हुए कार्यों को शुरू करवाने का प्रयास किया जा रहा है। 51 कार्यों का विवरण अनुलग्नक–1 पर संलग्न है।<br>(घ) 35 (17 प्रगतिधीन. 18 शुरू नहीं हुए) कार्य दिनांक 31.08.2024 तक पूर्ण होने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21.02.2024 | | |
| 643. | श्री बलराज कुंडू, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 189:– क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) गौशालाओं में हाड्डा रोड़ी को बंद करने, गौवंश के लिए गौचरान भूमि उपलब्ध करवाने तथा खुले में घूम रहे बेसहारा गौवंश के कल्याण के लिए अब तक सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; तथा<br>(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा बनाई गई कार्य योजना क्या है? | श्रीमान जी,<br>(क) तथा (ख) हरियाणा गौ सेवा आयोग उन गौशालाओं में पशुओं के शवों को दफनाने बारे कार्य कर रहा है जिनके पास इसके लिए प्रर्याप्त भूमि है। लगभग 50 गौशालाओं ने शवों को दफनाने की विधि (समाधि विधि) द्वारा निपटान की विधि को अपनाया है। इसके अलावा, 4000 से अधिक पशुओं की आबादी वाली बड़ी गौशालाओं में इलेक्ट्रिक विधि (इंसीनरेटर) द्वारा शवों का निपटान शुरू करने का प्रस्ताव हरियाणा गौ सेवा आयोग के विचाराधीन है।<br>पंजाब ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) नियमावली, 1964 में नई गौशालाओं के लिए चरांद भूमि सहित शामलात देह में स्थित भूमि के पट्टे पर दिये जाने का प्रावधान है।<br>सड़कों पर खुले में घूमने वाले बेसहारा पशुओं के पुनर्वास हेतु दिनांक 12.01.2024 से एक अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत शुरुआत में 50000 बेसहारा पशुओं को उन गौशालाओं में पुनर्वासित किया जाएगा जिन्होंने पहले से ही बेसहारा पशुओं को लेने के लिए अपनी सहमति दे दी है और इन गौशालाओं को चारे और बुनियादी ढांचे के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। बेसहारा पशुओं को पकड़कर और नजदीकी गौशालाओं में छोड़ने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्तों को निर्देश भी दिये गये हैं। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 644. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना की तर्ज पर, मैं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना शुरू करने का प्रस्ताव करता हूं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिन लाभार्थियों को महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत भूखंड आवंटित किए गए थे, लेकिन पिछले 15 वर्षों में उन्हें भूखंडों का कब्जा नहीं दिया गया है। मैं ऐसे लगभग 25,000 लाभार्थियों | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | को सितंबर, 2024 तक कब्जा देने की समय सीमा तय करने का प्रस्ताव करता हूं। यदि पात्र लाभार्थियों को कब्जा नहीं दिया जा सका तो सरकार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थी परिवार को 1 लाख रुपये तक की राशि का लाभ देगी ताकि वह अपना मकान बनाने के लिए अपनी पसंद की जगह पर गांव में भूखंड खरीद सके। <br>23.02.2024 <br>प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (पी.एम.ए. वाई.–जी.) के तहत 29,404 मकानों के कुल लक्ष्य के विरूद्ध 28,250 मकान पूरे हो चुके हैं और 1154 मकान निर्माणाधीन हैं। लाभार्थियों को 389 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की गई है। <br>26.02.2024 | | |
| 645. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | XXXX मैं माननीय साथी को आश्वस्त करता हूं कि यह मामला क्यों डिले हुआ मैं इसका संज्ञान भी लूंगा। मैं सभी माननीय सदस्यों से | | |
| 646. | तारांकित प्रश्न संख्या 43 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX मैं मंत्री जी को यह बताना चाहूंगा कि वहां पर कोई प्राईवेट लैंड नहीं है वह सरकार की पॉलिसी के मुताबिक ही है। मैंने वहां के रेवेन्यूा रिकार्ड का सजरा भी दिया हुआ है। वहां पर कोई प्राईवेट लैंड नहीं है और न ही हम यह चाहते हैं कि सरकार प्राईवेट लैंड में पक्का रास्ता बनाये। मंत्री जी के विभाग ने मांगा था कि उन सड़कों का रेवेन्यू सजरा दिया जाये। इसके बाद हमने रेवेन्यू रिकार्ड का सजरा दिया और साथ में सम्बन्धित मालिकों के नाम दिये हैं जिनकी वहां पर जमीन है। | यह रिक्वैस्ट करना चाह्रूंगा कि इसमें 15 किलोमीटर तक आई.बी.पी. की रिकमण्डेशन और ईंटों से बनाने की भी रिकमण्डेशन साथ में दें। इसमें सी.सी. के रास्ते बनाना अलाऊ नहीं है। इसमें हमारे विधायक साथी की रिकमण्डेशन पर 25 किलोमीटर ईंटों की बनेगी। हमारे जनसंवाद कार्यक्रमों में भी जब किसानों की तरफ से डिमाण्डस आती है हम उसको भी कंसीडर करते हैं। विधायक जी की रिकमण्डेशन भी आ गई और हमारे जन संवाद कार्यक्रमों में जो किसान डॉयरैक्ट डिमाण्ड करता है उसको भी इसमें कंसीडर किया जाता है। इसमें 15 किलोमीटर आई.बी. पी. से कच्चे रास्तों को पक्की बनाने का प्रावधान है और 25 किलोमीटर के कच्चे रास्ते को ईटों से पक्का किया जायेगा। इस सम्बन्धी में जो भी माननीय विधायक साथियों की डिमाण्ड आई है उनके एस्टीमेट के डिले होने में जिन अधिकारियों की संलिप्ता होगी मैं सभी माननीय सदस्यों को आश्वस्तध करता हूं कि उनका भी संज्ञान लिया जायेगा। मुझे याद है कि श्री जगबीर सिंह मलिक और श्री भारत भूषण बतरा जी दोनों ने मुझे कहा है मैं इस काम को कम समय में कम्पलीट करवाने का प्रयास करूंगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 647. | तारांकित प्रश्न संख्या 49 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय पंचायत मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि अटेली विधान सभा क्षेत्र में कितने गांवों में महिला संस्कृति केन्द्र खोले गए हैं तथा शेष गांवों में उक्त केन्द्र कब तक खोले जाने की संभावना है? | 26.02.2024<br>XXXX अटेली विधान सभा क्षेत्र में हमारे डिपार्टमैंट की रिपोर्ट के अनुसार 15 बिल्डिंगज महिला संस्कृवति केन्द्र खोलने के लिए चयनित हुई हैं और 13 बिल्डिंग ई–लाइब्रेरी खोलने के लिए चयनित हुई हैं । इसके लिये माननीय सदस्य को ग्राम सभा की तरफ से प्रस्ताव पास करके देना पड़ेगा तभी उसमें अगली कार्यवाही की शुरूआत होगी। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह भी बताना चाहूंगा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में तकरीबन–तकरीबन लगभग चार हजार बिल्डिंग्ज चयनित हुई थी। जिसमें से 3 हजार बिल्डिंग्ज में ही फिजिबिलिटी निकल कर सामने आई है शेष एक हजार बिल्डिंग्ज कंडम थी। इन बिल्डिंग्ज में से लगभग 1200 बिल्डिंग्जए ई–लाइब्रेरी खोलने के लिये नवीनीकरण किया है और लोगों की डिमाण्ड अनुसार लगभग 700 बिल्डिंग्ज को इनडोर जिम के लिये उनका नवीनीकरण किया है और हमारा 90 परसैंट कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार से महिला संस्कृति केन्द्र खोलने के लिये लगभग 500–600 बिल्डिंग्ज चिन्हित की गई थी लेकिन उनका साईज लगभग 600 वर्ग गज है जो कि छोटा है। जहां पर रेनोवेशन के कार्य शुरू नहीं हुए वहां पर माननीय सदस्य पंचायतों के माध्यम से प्रस्ताव पास करवाकर सरकार के पास भिजवा दें सरकार के पास प्रस्ताव आने के बाद इन बिल्डिंग्ज को रेनोवेट किया जायेगा और इनके अंदर जो सामान लगना है चाहे वह ई–लाईब्रेरी हो या महिला संस्कृति केन्द्र हो उनके टैंडर की प्रक्रिया है, वह भी जल्दी ही पूरी कर ली जायेगी। जहां पर पंचायतों का प्रस्ताव आया है वहां पर हमने 90 परसैंट काम कम्पलीट कर लिया है | | |
| 648. | तारांकित प्रश्न 53 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX ये 11 हजार सफाई कर्मचारी चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी जब मुख्यमंत्री थे तो उस समय इनकी भर्ती हुई थी। इन सफाई कर्मचारियों ने कोविड–2019 | 26.02.2024<br>XXXX परमात्मा– न करे किसी के साथ कुछ अप्रिय घटना हो जाये तो इसके लिए सरकार ने घोषणा की है । मैं यह कह सकता हूं कि इन सफाई कर्मचारियों का सम्मा नजनक मानदेय बढ़ाने की बात हो या अन्य सुविधाएं देने की बात हो तो हमारी सरकार ने इनको | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | में भी अपनी जान हथेली पर रखकर काम किया था। आज भी इनको गांवों में किसी की शादी हो या कहीं भी प्रोग्राम होता हो तो इनको सुबह 6:00 बजे बुलाया जाता है और वे अपने बच्चों को छोड़कर उस काम के लिए निकल जाते हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इन्हें पक्का करने का काम किया जाये। मैं एक और बात बताना चाहूंगा कि वर्ष 2014 से पहले जब चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार में डी.सी. रेट पर जिन सफाई कर्मचारियों की भर्ती हुई थी, चाहे वह पियन की भर्ती हो या स्कूल में सफाई कर्मचारी की भर्ती हो तो ऐसे कर्मचारियों को पक्का करने का काम किया गया था इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इसी तरह से सरकार भी इन सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का काम करे। | पूरा सम्मानजनक मानदेय देने का काम किया है। जहां तक इनकी नौकरी पक्का करने की बात है तो पंचायत के माध्यम से इनको पक्का करने का काम करेंगे। | | |
| 649. | तारांकित प्रश्न 60 के संदर्भ में श्री इन्दु राज द्वारा पूछा गया प्रश्नः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा गांव अकालगढ़, तहसील जुलाना से गांव रिंढाणा, तहसील गोहाना तथा गांव मेहरडा, तहसील जुलाना से घडवाल, तहसील गोहाना के कच्चे रास्तों को पक्का किया गया है परंतु जैसे ही सोनीपत जिले के बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की सीमा आरंभ होती है तो काम रोक दिया गया है तथा जिला जींद में रास्ते को पक्का किया गया जबकि सोनीपत में रास्ते कच्चे रह गए हैं; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 26—02—2024<br>XXXX (1) गाँव अकालगढ़ (तहसील जुलाना) सड़क से गाँव रिंढाणा (तहसील गोहाना) कुल लंबाई 3.00 किलोमीटर<br>जींद जिले में पंचायती राज विभाग द्वारा 1.40 किलोमीटर लंबाई में कार्य प्रगति पर हैं। XXXX | | |
| 650. | श्री कुलदीप वत्स द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 74 : क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि तीन गांव अर्थात् भिंडावास, बिलोचपुरा तथा शाहजहांपुर | 27.02.2024<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) सरकार इस मुदद‌े की जांच करेगी और इस सम्बन्ध में सुविचारित दृष्टिकोण अपनाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तहसील मातनहेल में आते हैं तथा उनका ब्लॉक झज्जर है जिसके कारण इन गांवों के लोगों को अपने तहसील के काम के लिए मातनहेल जाना पडता है तथा अपने सत्यापन कार्यों के लिए ब्लॉक झज्जर जाना पडता है, जो विपरीत दिशा में स्थित है य तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों को झज्जर के ब्लॉक तथा तहसील में सम्मिलित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैय तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | | | |
| 651. | श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्नव संख्यां 75 रू क्या विकास एंव पंचायत मंत्री कृपया बताएगें कि राज्य में निर्मित ई–पुस्तकालयों की जिलावार संख्या कितनी हैं तथा उन ई–पुस्तकालयों की संख्या कितनी है जो कि बिजली, इंटरनेट, कंप्यूटर और फर्नीचर के साथ कार्यरत हैं ? | 27.02.2024<br>• XX<br>• 9 ई–पुस्तकालय बिजली, इंटरनेट, कंप्यूटर और फर्नीचर के साथ कार्यरत हैं।<br>आई0टी0 उपकरणों और फर्नीचर का सामान के साथ 600–1000 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले मौजूदा भवनों के नवीनीकरण के बाद ई–पुस्तकालय स्थापित कि, जा रहे हैं। आपूर्ति एवं निपटान विभाग के माध्यम आई0टी0 उपकरण की दर अनुबंध और फर्नीचर का सामान हरियाणा वन विकास निगम से खरीदने की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। जैसे ही इन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा, पुस्तकालयों की वास्तविक स्थापना के लिए संबंधित जिला परिषद द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी। XX | | |
| 652. | श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 120 : क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएगें कि :–<br>(क) फरीदाबाद एन.आई.टी. 86 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले गांवों में फिरनियों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में अच्छी अवस्था में तथा जर्जर अवस्था में फिरनियों की पृथक–पृथक संख्या कितनी है तथा उनका ग्रामवार ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) उक्त जर्जर फिरनियों के कब तक पुनः निर्मित कि, जाने की संभावना है | 27–02–2024<br>(क) श्रीमान, फरीदाबाद एन.आई.टी.86 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 17 गांवों में कुल 17 फिरनियां हैं। जिनमें से 2 फिरनियां धौज और सिरोही गांवों की अच्छी स्थिति में हैं तथा 15 फिरनियां गांव आलमपुर, फतेहपुर तग्गा, जीएम बाद, खेड़ी गुजरान, खोरी जमालपुर, कोट, कुरेशीपुर, मादलपुर, मंगेर, नेकपुर, पाखल, पाली, पावटा, सिलाखरी और टिकरी खेड़ा की जर्जर हालत में हैं।<br>(ख) उक्त 15 जीर्ण–शीर्ण फिरनियों में से, 5000 (पीपीपी के अनुसार) से अधिक आबादी वाले गांवों की 3 फिरनियां गांव पाली, कुरेशीपुर और फतेहपुर तग्गा के | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | प्राकलन एच0आर0डी0एफ0 बोर्ड में प्राप्त हुए हैं, जोकि प्रकियाधीन हैं। शेष फिरनियों पर सरकार की नीति के अनुसार कार्य किया जाएगा। | | |
| 653. | मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मेरे सोनीपत में गढ़ी घसीटा और देवनगर जैसे कई पुराने गांव हैं । वहां पर कई कॉलोनियां हैं जिनमें 100 साल से भी पहले के लोग | 27.02.2024<br>XX इसकी दो दिन पहले अनाउंसमैंट हो चुकी है। अगर उसमें कवर होते होंगे तो जरूर कर देंगे। हमें उसका प्रकार देखना पड़ेगा। इस तरह से जो शहर में लोग अर्बन लोकल बॉडीज की जमीन पर रह रहे हैं, उसी हिसाब से उनको अलॉट किया जायेगा। | | |
| | रह रहे हैं लेकिन अभी तक उनको मालिकाना हक नहीं मिल पाया है । मेरा आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि सोनीपत विधान सभा के लोग जो 60–70 सालों से रह रहे हैं उनको मालिकाना हक दिया जाये। | यदि अर्बन लोकल बॉडीज की जमीन नहीं है और किसी डिपार्टमैंट की है तो डिपार्टमैंट से बात करके तय करेंगे। | | |
| 654. | तारांकित प्रश्न संख्या 83 के संदर्भ में जिला नूंह में मुख्यमंत्री घोषणा कोड 25284 के तहत संबंधित विधायकों द्वारा अनुशंसित विधानसभा विकास कार्यो की क्षेत्रवार वर्तमान स्थिति के संदर्भ में शुरू नहीं हुए 47 विकास कार्यों से संबंघित अनुलग्न क–क से लिए गए आश्वासन। | 28.02.2024.<br>1. ****<br>2. निविदा दिनांक 19–12–2023, 27–12–2023, 15–02–2024 को खोली गई परन्तु कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई, निविदा चौथी बार सफल हुई तथा तकनीकी मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है<br>3. निविदा दिनांक 05–03–2024 को खोली जानी है<br>4. निविदा दिनांक 05–03–2024 को खोली जानी है<br>5. ****, 6. ****, 7. ****, 8. ****, 9. ****, 10. ****, 11. ****, 12. ****, 13. ****, 14. ****, 15. ****, 16. ****, 17. ****, 18. ****, 19. ****, 20. ****, 21. ****, 22. ****, 23. ****, 24. ****, 25. ****, 26. ****, 27. ****, 28. ****, 29. ****, 30. ****, 31. ****, 32. ****, 33. ****, | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 34. ****, 35. ****, 36. ****, 37. ****, 38. ****, 39. ****, 40. ****, 41. ****, 42. ****,<br>43. निविदा प्रक्रियाधीन है, दिनांक 07–03–2024 को खोली जानी है<br>44. निविदा प्रक्रियाधीन है, दिनांक 07.03.2024 को खोली जानी है<br>45. निविदा प्रक्रियाधीन है, दिनांक 07.03.2024 को खोली जानी है ,<br>46. निविदा प्रक्रियाधीन है, दिनांक 07.03.2024 को खोली जानी है तथा<br>47. **** | | |
| | | 28.02.2024 | | |
| 655. | तारांकित प्रश्न संख्या 83 के संदर्भ में चौधरी मामन खान, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि हमारे माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने वर्ष 2019–20 के बजट में सभी विधायकों को विकास कार्यों के लिए 5–5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की थी । हमारे जिले से सरकार के पास 169 काम भेजे गए थे। इनकी माननीय मुख्यमंत्री महोदय के ऑफिस से मार्च, 2020 में ही अप्रूवल भी दे दी गई थी। मैंने प्रश्ने पूछा था कि जिला नूंह में संबंधित विधायकों द्वारा अनुशंसित विकास कार्यों की विधान सभावार वर्तमान स्थिति क्या है ? मुझे उन 169 कार्यों में से केवल 47 कामों की लिस्ट सौंपी गई है। मेरा प्रश्न है कि मुझे बाकी 122 कामों की लिस्ट क्यों नहीं सौंपी गई? मुझे इन कामों का स्टेबटस क्यों नहीं बताया गया ? मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि मेरे द्वारा दिए हुए 169 कामों में से अभी तक केवल 90 काम पूरे हुए हैं। हमारे बाकी काम अभी तक पूरे क्योंा नहीं किये गये ? जिला नूंह में अभी भी तकरीबन 54 परसैंट काम पैंडिंग हैं। जब फंड्स अवेलेबल हैं तो सरकार ने वे काम क्यों नहीं करवाये ? इसका क्या कारण है ? माननीय मंत्री जी बतायें कि इसमें कहां कमी रह गई? | अध्यक्ष महोदय, हमारे सम्मानित सदस्या ने जो क्वैश्चन पूछा है, वह सी.एम. घोषणा कोड संख्या 25284 से संबंधित है। यह माननीय मुख्य मंत्री जी की घोषणा थी कि हमारे प्रत्ये्क माननीय विधायक के लिए हर कंस्ट्रीच्यूंएंसी में 5 करोड़ रूपये के कार्य उनकी रिकमेंडेशन पर करवाये जाएंगे। इसमें गांवों के डिवैल्पयमैंट वर्क्सस करवाये जाएंगे। ***** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पहले फिरोजपुर झिरका के बारे में बताना चाहूंगा कि इसके लिए पहले 20 लाख रूपये के कार्यों की दिनांक 01.01.2021 को रिकमेंडेशन आयी थी। इसके बाद दूसरी 47 कार्यों की रिकमेंडेशन दिनांक 01.01.2021 में आयी थी। इसके बाद तीसरी कार्यों की रिकमेंडेशन दिनांक 02.04.2021 को आयी थी और उसके बाद चौथी कार्यों की रिकमेंडेशन दिनांक 19.02.2023 में आयी थी। यानी कि वर्ष 2021 के बाद इनकी तरफ से संबंधित कार्यों की रिकमेंडेशन आनी शुरू हुई थी। इनके लिए हमारे यहां से पैसे की एप्रूवल देकर डिस्ट्रिक्टम लेवल पर डिपार्टमैंट को भेज दिया गया। पहले यह पैसा डायरेक्टव पंचायतों के माध्यम से सरपंचों द्वारा खर्चा जाता था। हमने इस सिस्टलम में परिर्वतन किये हैं। उस टाईम पर हमारी पंचायतें भी नहीं बनी थी, इसलिए उस टाईम पर संबंधित कार्यों को डी.डी.पी.ओ. द्वारा इम्पईलीमैंट करवाना था। हां, इस काम में देरी हुई है और उसमें कोई दोराय नहीं हैं। लेकिन हमने इसमें भी 85 काम पूरे करवाएं हैं और अभी 37 काम प्रोग्रैस | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | में हैं। इसके अलावा माननीय सदस्यं जिन 47 पैंडिंग कामों के बारे में बता रहे हैं तो हम उनको आने वाले दिनों में कम समय में पूरा करवाएंगे। इसमें जो देरी हुई है, उसके लिए हम इन कामों को जल्दीए करवाने का काम करेंगे। | | |
| | | 28.02.2024 | | |
| 656. | तारांकित प्रश्नी संख्या 83 के संदर्भ में चौधरी मामन खान, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा सप्लीवमैट्री यह है कि इस रिप्लाअई में आंकड़े बिल्कुल गलत दिये हुए हैं। इन्होंने यह लिखा है कि हमने फिरोजपुर झिरका में 31 काम करवा दिये हैं। जबकि इनमें कुल मात्र 24 काम हुए हैं और अभी भी 29 काम पैंडिंग हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि ये कह रहे हैं कि इनके पास अलग–अलग डेट्स में काम आये हैं। इस संबंध में मेरे पास माननीय | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इन्होंने पहले फिरोजपुर झिरका के बारे में पूछा है। मुझे डिपार्टमैंट के द्वारा जो डिटेल्जल दी गयी हैं उसमें 54 कामों की रिकमेंडेशन की गई थी और उनमें में हमने 31 कार्य पूरे करवाए हैं। अगर माननीय सदस्य कह रहे हैं कि ये 31 कार्य पूरे नहीं हुए हैं तो मैं इस पर डिपार्टमैंट के माध्य म से संज्ञान ले लूंगा और इनके पास भी वह डिटेल भेज दी जाएगी। इसमें 19 कार्य प्रगति पर हैं और 4 कार्य पैंडिंग हैं। इसके अलावा माननीय सदस्य ने दूसरी बात पुन्हाना के बारे में पूछी है। मैं आपके माध्यम | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मुख्य मंत्री जी की एप्रूवल वाली लिस्ट है जिसमें संबंधित काम एप्रूव्ड किये हुए हैं। इसमें डेट वाईज सारे एस्टिमेट्स लगे हुए हैं। मैंने ये काम एक बार में ही दिये थे। इनमें मात्र एक 31 लाख रूपये के काम की लिस्ट रह गयी थी जिसके बारे में काम नोट फिजिब्ल आया था। इसके लिए मैंने दोबारा से उसकी लिस्ट बनाकर दे दी थी। मैंने इनके द्वारा दिये गये रिप्ला ई में पुन्हाना के कामों के बारे में पढ़ा है। इसमें ये कह रहे हैं कि यह सारा पैसा पंचायतों के पास है। अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने पुन्होना में यह काम किया है कि मैंने 49 काम दिये थे, लेकिन उनमें से 8 कामों को पूरा दिखा रहे हैं। जबकि पुन्हाना के बारे में सरकार कह रही है कि अभी तक पैसा ग्राम पंचायतों के पास है। जबकि फिरोजपुर झिरका और नूंह का पैसा एक्सीयन पंचायती राज के अकाउंट में आ गया है तो पुन्हाना का पैसा क्यों रह गया? मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहूंगा कि यह पैसा कहां पर खुर्द–बुर्द किया है और किसके अकाउंट में है? यह काम जिस–जिस ने किया है | से बताना चाहूंगा कि पुन्हाना में 4,72,21,000 रूपये की रिकमेंडेशन वहां के माननीय सदस्य द्वारा भेजी गयी थी। हमने दिनांक 02.04.2021 को लगभग 3.78 करोड़ रूपये और दिनांक 19.02.2023 को 93 लाख रूपये भेजे हैं। इन पैसों से वहां पर काम नहीं हुए और उस समय यह पैसा डायरेक्ट पंचायतों में गया था। पंचायतों से वह पैसा वापिस इंजीनियरिंग विंग को देना था और वहां पर समस्य है। मैंने इस पर संज्ञान लिया है। अगर माननीय सदस्य चाहते हैं कि वहां पर कोई गड़बड़ हुई है तो हम अधिकारिक तौर पर तो इसकी जांच करवा ही रहे हैं। अगर माननीय सदस्य चाहते हैं कि वहां पर गड़बड़ हुई है तो हम इसकी जांच करवाने का काम करेंगे और इसमें जो लिप्त पाया जाएगा, उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | उनके खिलाफ सरकार क्या एक्शन ले रही है? ये पैसा अकाउंट्स में नहीं है तो सरकार का यह पैसा कहां पर गया है? | | | |
| 657. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में श्री राम करण काला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XXX हमारा शाहबाद का तालाब और हरियाणा प्रदेश के तालाब अधूरे पड़ें हैं। इनको भी पूरा करवाया जाए। इन तालाबों के कई फायदें हैं। हमारे पी.डब्ल्यू.डी. (बी एंड आर), मार्केट कमेटी और पंचायत की सड़कों पर तालाबों की वजह से पानी आ गया है जिसके पानी की वजह से बार–बार सड़कें टूटती हैं। मैंने इसके बारे में पिछली बार भी कहा था। जहां पर गांवों में टाईल्ज लगनी शुरू हो गयी हैं, वह बात तो ठीक है परन्तु जो तालाब अधूरे पड़े हैं जिनको ठेकेदार बीच में छोड़कर गये हुए हैं, उनका काम दोबारा से शुरू करवाएं। | 14.11.2024<br>अध्यक्ष महोदय, जैसा कि माननीय सदस्य से तालाबों का जिक्र किया है। यह काम पंचायत विभाग के अंडर आता है। पूरे हरियाणा प्रदेश में लगभग 19,000 तालाब हैं। मैंने इस संबंध में अधिकारियों की मीटिंग भी ली थी। स्पीकर सर, उन्होंने फर्स्ट फेज में 6,000 तालाब लिये हैं। इस प्रकार फर्स्ट फेज में लगभग 19,000 तालाबों में से 6,000 तालाब लिये हैं जिनका सुधारीकरण करने जा रहे हैं। फर्स्ट फेज में गांव के बीच में जो तालाब आ गये हैं या गांव के साथ हैं या शील्ट से भर चुके हैं या जिनमें बदबू फैल चुकी है। उनको हम माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईंज के अनुसार बन्द तो नहीं कर सकते, इसलिए उनका सुधारीकरण करने जा रहे हैं। | | |
| 658. | गरीब तथा अनुसूचित जातियों को सरकार द्वारा आबंटित 100–100 गज के प्लॉटों की कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न होने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सन्दर्भ में श्री भारत भूषण बतरा, श्री आफताब अहमद एवं श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपुरक प्रश्न | 19.11.2024<br>*** प्राथमिकता उन कॉलोनियों को दी जाती है जहां पर्याप्त आबादी बस चुकी है, और इस विशेष टास्क फोर्स को सक्रिय करने के लिए कई अवसरों पर दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार बुनियादी ढांचा सुविधाओं को प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कोई भी इस योजना की कॉलोनी, जो इन सुविधाओं से अभी तक वंचित है, उसे इस योजना के तहत आवश्यक विकास कार्यों के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।" ****<br>इसी प्रकार से सरकार की तरफ से हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के तहत प्लॉकट देने जा रहे है उसमें महाग्राम योजना में 50–50 गज का प्लॉट देंगे बाकी विलेजिज में 100–100 गज का प्लॉट देने जा रहे हैं। इसके लिए सरकार चिंतित है और हमने इसके लिए एक टास्क फोर्स बनायी है। इसका बी.डी.पी.ओ. हैड होगा और उनके साथ डी.एच.बी.वी.एन.एल. यू.एच.बी.वी.एन.एल. और जन स्वास्थ्य अंभियांत्रिकी विभाग के एस.डी.ओज. भी होंगे। उपाध्यक्ष महोदय, इस प्रकार नीचे से जो रिपोर्ट्स आएंगी, उनके अनुसार समय–समय पर सुविधा देते रहेंगे। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## INFORMATION TECHNOLOGY, ELECTRONICS AND COMMUNICATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 659. | बजट 2015-16 | 17.3.2015<br>***हमारी सरकार विभिन्न विभागों के ई-शासन आवेदनों को जोड़ने और आंकड़ाकं के अभिसरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक स्टेट रेजीडेंट डाटाबेस बनाने की योजना बना रही है। इससे बेहतर नागरिक सेवा मानचित्रण और समेकित कार्यक्रम क्रियान्वयन को बढ़ावा मिलेगा। नेशनल ऑप्टीकल फाईबर नैटवर्क सिस्टम के तहत नागरिकों का डिजिटल अवसंरचना के लाभ उपलब्ध करवाए जायेंगे। इस कार्यक्रम के तहत सितम्बर, 2015 तक हरियाणा के लगभग 4000 गांवों को 100 एम.बी.पी.एस. इंटरनेट कनैक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। *** | **स्टेट रजिडैंट डाटाबैस**<br>सरकार द्वारा स्टेट रजिडैंट डाटा बेस (एस.आर.डी.बी) परियोजना को आधार ई.के.वाई.सी आधारित बनाये जाने बारे निर्णय लिया गया। परन्तु नागरिकों की गोपनियता और आधार से संबंधित मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के दृष्टिगत इस परियोजना पर कार्य माननीय उच्च न्यायालय के आदेश आने तक स्थागित कर दिया गया। दिनांक 26.09.2018 को माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय/आदेश पारित हो गए जिसके दृष्टिगत दिनांक 31.01.2019 को प्रशासकीय सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि इस परियोजना को स्थागित कर दिया जाए तथा इस परियोजना के बजट को स्टेट डाटा सैंटर के नवीनीकरण करने के लिये खर्च करने बारे अनुमोदन वित्त विभाग से प्राप्त कर लिया जाए । तदानुसार मामले को वित्त विभाग को भेजा गया और वित्त विभाग ने इस परियोजना की राशि को स्टेट डाटा सैंटर परियोजना में खर्च करने की अनुमति प्रदान कर दीगई, तदनुसार इस राशि को स्टेट डाटा सैंटर के नवीनीकरण करने पर खर्च किया जा रहा है।<br>उक्त को ध्यान में रखते हुए इस मामले को ड्रॉप करने का अनुरोध किया जाता है ।<br>**नेशनल ऑप्टीकल फाईबर नैटवर्क सिस्टम (भारत नैट)**<br>इस परियोजना के तहत राज्य में भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा 6188 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल केबल बिछा दी गई है। विभाग ने सी.एस.सी ई. गवर्नैंस सर्विसज इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) के माध्यम से इस परियोजना के अन्तर्गत आने | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(13.7.2020) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | वाले 1223 ग्राम पंचायतों में वाई फाई हॉट स्पॉटउपलब्ध करा दिये गये है व 1585 फाइबर टू द होम (FTTH) (सरकार एवं गैर सरकारी) उपलब्ध करवा दिये गए हैं जिस से 648 ग्राम पंचायत फाइबर टू द होम परियोजना में कवर हो गई हैं। वहीं, भारत सरकार के दूरसचांर विभाग ने दिनांक 15.07.2019 को इस परियोना के तहत आने वाली राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में वाई–फाई एक्सेस पवाइंट प्रदान करने के लिए, बी.बी.एन.एल यू.एस.ओ.एफओर सी.एस.सी ई.गवर्नेस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के बीच एक त्रिपक्षीय एम.ओ.यू हस्ताक्षरित किया गया। इस एम.ओ.यू के तहत सभी ग्राम पंचायतों में वाई–फाई एक्सेस प्वाइंटस उपलब्ध कराने के लिये राशि दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा सीधे ही सी.एस.सी ई–गवर्नेस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड को दी जायेगी। | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**ANIMAL HUSBANDRY & DAIRYING DEPARTMENT**

*Note :*—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 660. | तारांकित प्रश्न संख्या– 2585 के संदर्भ में श्री बख्शीश सिंह विर्क द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या असंध विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों मर्दान हेड़ी, गोली, मुनक तथा जुण्डला के पशु चिकित्सालयों की इमारतों की मरम्मत करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त अस्पतालों की इमारतों की मरम्मत कब तक कराये जाने की संभावना है; तथा | 13.03.2018<br>(क) जी हॉ श्रीमान। यद्यपि इस स्तर पर कोई निश्चित समय अवधि नहीं दी जा सकती, पर इस कार्य को 2018–19 में करने का प्रयास किया जाएगा। ****** | | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(04.10.2023) |

| क्र० सं० | संस्था / गांव का नाम | कार्य की प्रगति रिपोर्ट |
|---|---|---|
| 1 | मर्दानहेड़ी | राजकीय पशु औषधालय, मर्दानहेड़ी के नये भवन के निर्माण के लिए विभाग द्वारा दिनांक 03.01.2019 को 32.58 लाख रूपये की राशि जारी की गई थी। उपनिदेशक, करनाल द्वारा पत्र क्रमांक 3810, दिनांक 23.06.2021 व पत्र क्रमांक 6656, दिनांक 18.11.2021 द्वारा पी.डब्लू.डी. करनाल को कार्य शुरू करने हेतु अनुरोध किया गया था, किन्तु पी.डब्लू.डी. द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया। वर्ष 2021 में पी.डब्लू.डी. द्वारा भवन के निर्माण हेतु 50.00 लाख रूपये का अनुमानित प्रांकलन भेजा गया था। इसी दौरान वर्ष 2021 में पी.डब्लू.डी. द्वारा एच.एस.आर. संशोधित किया गया। इस संबंध में विभाग द्वारा राजकीय पशु चिकित्सालयों और औषघालयों की ड्राईग संशोधित की गईं और नए एच.एस.आर. अनुसार पी.डब्लू.डी. से संशोधित प्रांकलन तैयार करवाए गए। इन प्रांकलनों को सरकार द्वारा दिनांक 31.05.2022 को अनुमोदित किया गया। संशोधित ड्राईंगस और अनुमोदित प्रांकलनों अनुसार जी.वी.डी. मर्दान हेड़ी के भवन का निर्माण राशि 31.11 लाख में किया जाना था। विभागीय अर्ध–सरकारी पत्र क्रमांक 4145, दिनांक 08.06.2023 व पत्र क्रमांक 20584, दिनांक13.06.2023 द्वारा मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग (बी. एण्ड आर.) को राजकीय पशु औषधालय, मर्दानहेड़ी की संस्था का निर्माण कार्य जल्दी शुरू करने हेतु लिखा गया था। दिनांक 21.06.2023 को कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, करनाल द्वारा राजकीय पशु औषधालय, मर्दान हेड़ी |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | का 37.35 लाख रूपये अनुमानित प्रांकलन पुनः भेजा द्वारा भेजा गया। जैसा कि संशोधित प्रांकलन पी. डब्लू.डी. द्वारा ही तैयार किए गए थे, इसलिए विभाग के पत्र दिनांक 21.06.2023 तथा 23.06.2023 द्वारा मुख्य अभियंता, पी.डब्लू.डी, करनाल से अनुमोदित राशि 31.11 लाख रूपये में ही भवन का निर्माण कार्य करने और जल्द से जल्द कार्य शुरू करने का निवेदन किया गया। पी.डब्लू.डी. द्वारा बार–बार प्रांकलन का संशोधन करने के कारण निर्माण कार्य में देरी हुई है। | |
| | | 7 गोली | राजकीय पशु औषधालय के पुराने भवन को पी.डब्लू.डी. द्वारा कण्डम घोषित किया जा चुका है। नए भवन के निर्माण का कार्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन स्कीम के तहतकिया जाना है, जिसके | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | लिए पंचायती राज विभाग को बजट जारी किया जा चुका है। साथ ही यह भी अतगत करवाया जाता है कि बीडीपीओ, मुनक, करनाल ने पत्र क्रमांक 758 दिनांक 12.06.2023 के माध्यम से ग्राम पंचायत, गोली द्वारा पारित प्रस्ताव डीआरओ, करनाल को भेजा है, जिसमें पंचायत ने मुरबा नम्बर 39, किला नम्बर 12, खेवट नम्बर 409 के तहत भूमि के एक टुकड़े पर नए भवन के निर्माण हेतु एनओसी जारी करने का अनुरोध किया है, क्योंकि राजस्व रिकार्ड में यह भूमि राज्य सरकार के नाम है,मौजूदा भवन गांव से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और जमीन भी सरकार/पंचायत के नाम पर नहीं है। उपनिदेशक, करनाल को प्रस्तावित भूमि को विवरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए हैं, ताकि भूमि हस्तांतरण के संबंध में संबंधित विभाग के सामने मामला उठाया जा सके। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 8 मूनक विभाग द्वारा राजकीय पशु चिकित्सालय के भवन की रिपेयर के लिए 2.00 लाख रूपये की राशि पंचायती राज विभाग को जारी की गई थी, परन्तु कार्यकारी अभियन्ता, पी.डब्लू.डी. करनाल ने पत्र क्रमांक 6394, दिनांक 21.11.2019 द्वारा अवगत करवाया कि यह भवन रिपेयर योग्य नहीं है। पी. डब्लू.डी. (बी. एण्ड आर.), करनाल द्वारा भवन कण्डम घोषित किया जा चुका है। सरकार के मेमो क्रमांक 3882 दिनांक 28. 06.2023 द्वारा भवन के पुनः निर्माण हेतु 40. 29 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। दिनांक 12.07.2023 को यह राशि पी.डब्लू.डी. को जारी की जा चुकी है। | |
| 661. | श्री चिरंजीव राव द्वारा पूछा गय तारांकित प्रश्न संख्या 28 क्या पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या जिला रेवाड़ी के गांव साहरनवास के | 03.03.2020<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) इन मुख्य उपकरणों की आपूर्ति अगले वित्त वर्ष 2020–21 में की जाएगी। | (क) हरियाणाराज्य केलिए हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड, पंचकूला द्वारा 10 अल्ट्रासाउंड मशीनों की खरीद प्रक्रिया (जिसमें गांव | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(04.10.2023) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक में अल्ट्रासाऊंड मशीन, एक्सरे मशीन, हाईड्रोलिक टेबल तथा अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त पॉलीक्लिनिक में उपरोक्त उपकरणों के कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है? | | साहरनवास, रेवाड़ी का पॉलिक्लिनिक भी सम्मिलित है) के तहत सप्लाई आदेश दिनांक 14.12.2020 को जारी कर दिये गये थे, परंतु इस दौरान केन्द्र सरकार ने नोटिफिकेशन संख्या 6/18/2019–पीपीडी (वित्त मंत्रालय) दिनांक 02.07.2021 द्वारा कुछ पड़ौसी देशों (चीन) में निर्मित सामान की खरीद पर रोक लगा दी गई थी। चूंकि ये मशीनें चीन में निर्मित थीं, इसलिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, पशुपालन एवं डेयरिंग के अनुमोदन उपरान्त् दिनांक 13.08.2021 को सप्लाई आदेश रद्द कर दिये गये थे। सप्लाई आर्डर रद्द होने के कारण संबंधित फर्म द्वारा माननीय उच्च न्यायालय esaCWPNo. 12800 of 2021 M/sIMVIndiaPvt. Ltd. V/s State of Haryana and others याचिका दायर की गई थी जो कि माननीय उच्च न्यायालय दिनांक 16.07.2021 को Disposed off हो चुका है, जिसके | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | उपरान्त सम्बन्धित फर्म द्वारा पुनः CWP No. 17435 of 2021 M/s IMV India Pvt. Ltd. V/s StateofHaryanaandothers याचिका दायर की गई है जो कि माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित है जिसकी अगली सुनवाई दिनांक 05.12.2023 को निश्चित है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा HMSCL से इस परियोजना के लिए उपकरणों (Ultrasono-grphy Machine सहित) की खरीद हेतु कार्यवाही की जा रही है, जिसका विवरण निचे दिया गया है।<br>(ख) Autoclave, Hot Air Oven, Electric Sterilizer, Microscope, Surgical Instruments, Post-Mortem Equipment, furniture items, computers, printers, Air conditioners आदि उपकरण पॉलीक्लिनिक, साहरनवास को पूर्व में ही उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त Ultrasonogrphy machine, Digital X-ray machine, Fully automated hematology/ blood analyzer, Microscopes with camera, Boyle's apparatus and Autoclave की खरीद हेतु प्रबंध निदेशक, हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड, पंचकूला को दिनांक 27.01.2023, 28.03.2023, 11.05.2023 व 25.05.2023 को लिखा गया है। इन उपकरणों की खरीद के लिए HMSCL द्वारा दिनांक 25.08.2023 को टैण्डर जारी किया गया था जिसकी अन्तिम तिथि 30.09.2023 है। | |
| | | 5.11.2020 | | |
| 662. | तारांकित प्रश्न संख्या 513 के संदर्भ में डॉ. कृष्ण लाल मिड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, मेरा | अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जीन्द जिले के गांव बढ़ाना में 82 कनाल, 16 मरले जमीन | माननीय मुख्यमंत्री घोषणा क्रमांक 18579 दिनांक 09.07.2017 द्वारा गांव खाण्डा खेड़ी, जिला हिसार में लाला | The Committee would like to know the latest position |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह निवेदन है कि जीन्द मुर्राह नस्ल का सबसे बड़ा केन्द्र है। अगर वहां पर यह क्षेत्रीय केन्द्र खोला जायेगा तो लोगों को इससे बहुत फायदा मिलेगा। | को 33 साल के लिए पट्टे पर लेने का प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुआ है। हम वहां पर एक अच्छा पशु विज्ञान केन्द्र स्थापित करेंगे जिसमें तरह–तरह की बीमारियों का ईलाज होगा, सर्जरी होगी तथा एक्स–रे मशीन भी होगी। इसके अलावा बाकी सुविधाएं भी होंगी। भविष्य में भी अगर माननीय सदस्य इससे अच्छी जमीन का कोई प्रस्ताव दें तो उस पर भी विचार किया जा सकता है। | लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पशु अनुसंधान केन्द्र खोला जा रहा है, जिसके लिए सरकार द्वारा 11.10 करोड़ रूपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2018 में प्रदान की गई थी। इस केन्द्र का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। इस अनुसंधान केन्द्र का 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।<br>इस अनुसंधान केन्द्र में पशुओं की विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए सभी तरह की सुविधाओं से युक्त क्लिनिक परिसर भी होगा, जिसमें सर्जरी, एक्स–रे, अल्ट्रासाऊंड व अन्य आधुनिक सुविधाएं भी पशुपालकों को उपलब्ध होंगी। यह केन्द्र जींद से मात्र 20 किलोमीटर दूर स्थित है। अतः इस क्षेत्र में अन्य किसी क्षेत्रीय केन्द्र व अत्याधुनिक क्लिनिक परिसर की कोई आवश्यकता नहीं है।<br>इसके साथ ही, पश विज्ञान केन्द्र पर एक प्रमुख विस्तार विशेषज्ञ को पदस्थ किया गया है जो जींद के पांडु पिंडारा गांव में कार्यरत है और जींद शहर से केवल 500 मीटर दूरी पर स्थित है। | in this regard.<br>(04.10.2023) |
| 663. | तारांकित प्रश्न संख्या 513 के संदर्भ में डॉ. रघुवीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि बेरी विधान सभा के गांव लकड़िया में एक मुर्राह बुफैलो का रिसर्च सैन्टर खोला गया था। उसके लिए गांव की तरफ से 8–10 एकड़ जमीन दी गई थी। वह केन्द्र बहुत अच्छे तरीके से चल रहा था। वह मुर्राह नस्ल का जर्म प्लाज्मा का मेन केन्द्र था। रोहतक और जीन्द उसकी विसीनीटी थे। इसकी सीमन की ट्रांस्पोर्टेशन का काम भी बहुत अच्छी तरह से हो रहा था। बहुत समय पहले इसकी बिल्डिंग डैमेज हो गई थी और उस रिसर्च सैंटर की एक्टिविटीज एच.ए. | 5.11.2020<br>अध्यक्ष महोदय, मुर्राह नस्ल की बुफैलो के लिए हरियाणा प्रदेश प्रसिद्ध है। इसके हमने बहुत बढ़िया सीमन सैंटर भी स्थापित किये हैं और सारी दुनिया के अन्दर सबसे अच्छी हमारे प्रदेश की मुर्राह बुफैलो हैं। अगर उस बिल्डिंग के अन्दर थाना खोला गया है तो हम उस बिल्डिंग को खाली करवा देंगे और जिस प्रपज के लिए वह बिल्डिंग बनाई गई है उसको उसी प्रपज के लिए यूज करवा देंगे। अगर आप इसकी सूचना पहले दे देते तो हम इसको पहले खाली करवा देते। | उपनिदेशक, झज्जर द्वारा दिनांक 18.10.2020 को सूचित किया गया कि पुलिस विभाग द्वारा मुर्रा भैंस अनुसंधान केन्द्र के भवन को खाली कर दिया गया है। इसके उपरांत लुवास द्वारा एक वैज्ञानिक व सहायक स्टाफ को स्थानांतरित करके केन्द्र शुरू कर दिया गया है। मुर्रा भैंस अनुसंधान केन्द्र के भवन का उपयोग सी0एम0 घोषणा 17578 के तहत हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र के किया जाएगा।<br>जब तक हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र का नया भवन निर्माण नहीं हो जाता, तब तक मुर्रा भैंस अनुसंधान केन्द्र से हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र का कार्य | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(04.10.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | यू. या कहीं और शिफ्ट कर दी गई। नई बिल्डिंग के लिए ऐस्टीमेट तैयार हुआ तथा उस पर 5–6 करोड़ रुपये की लागत से नई बिल्डिंग का निर्माण भी हो गया लेकिन उस नई बिल्डिंग में पुलिस थाना खोल दिया गया जिसके कारण वहां पर रिसर्च सैन्टर की एक्टिविटीज बिल्कुल बंद हो गई। जब मैंने सदन में उस बारे में आवाज उठाई तो वहां से थाना हटा दिया गया। उस सैन्टर पर सरकार का करोड़ों रुपया खर्च हुआ है तो रिसर्च की एक्टिविटीज भी शुरू होनी चाहिएं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि उस बिल्डिंग में मुर्राह बुफैलो की रिसर्च एक्टिविटीज कब तक शुरू कर दी जायेंगी? | | किया जा रहा है और भवनकी मामुली मुरम्मत/नवीनीकरण करवाने के लिए 8,92,272/– रूपये की राशि आवंटन–सह–पत्र लुवास के मेमो नं. यू.डब्लू.डी./2023/डी.–619–26 दिनांक 27.03.2023 द्वारा मै. मान सिंह ठेकेदार, दुकान नं. 13, संत मोटर गैरेज के पास, केबीडी रोड, कुरूक्षेत्र को जारी किया गया है।<br>हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र की नये भवन के लिए पत्र क्रमांक डीएसडब्ल्यू/2020/2462–64, दिनांक 18.11.2020 के माध्यम से आयुक्त एवं सचिव, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग, हरियाणा सरकार को 588.00 लाख रूपये की राशि का प्रस्ताव (एचएसआर–2018 के अनुसार) प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु सरकार को भेजा गया जिसके संदर्भ में सरकार ने पत्र क्रमांक 4023(सी. | |
| | | | एफ.एम.एस.)प0पा0–4–2022/4950 दिनांक22.07.2022 द्वारा वांछित सूचना डी.एस.डब्ल्यू., लुवास से मांगी थी, जिसके सन्दर्भ में लुवास द्वारा दिनांक 29.05.2023 को सूचित किया गया है कि नए एच.एस.आर. (2021) अनुसार कार्य पर होने वाले खर्च में बढ़ौतरी के कारण राशि 1519.25 लाख रूपये का संशोधित अनुमानित प्रांकलन तैयार किया गया है जोकि माननीय मुख्यमन्त्री महोदय को दिनांक 05.05.2023 को संशोधित बजट की स्वीकृति हेतु भेजा गया है। दिनांक 01.07.2023 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्रोजेक्ट के बारे में टिप्पणी मांगी गई। सरकार द्वारा अपने पत्र क्रमांक 2078(सी.एफ.एम.एस.)प0पा0–4–2023/4320 दिनांक21.07.2022 तथा स्मरण पत्र दिनांक 11.09.2023 द्वारा लुवास से माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा मांगी गई टिप्पणी पर जवाब मांगा गया। इस संबंध में लुवास द्वारा टिप्पणी का जवाब पत्र क्रमांक लुवास/सी.वी.यू./बी.–1(बी–33)/2023/4951–53 | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | दिनांक 13.09.2023 द्वारा भेजा गया। इस प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा सक्रिय कार्यवाही की जा रही है। | |
| 664. | वित वर्ष 2021–22 के बजट के संदर्भ में | 12.03.2021<br>सरकार द्वारा राज्य में बेहतर पशुधन और पोल्ट्री रोग डायग्नोस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने के लिए हिसार, सोनीपत और पंचकुला में एवियन इन्फ्लूएंजा तथा अन्य पोल्ट्री रोगों के रैपिड और आर.टी.–पी.सी.आर. डायग्नोस्टिक्स के लिए तीन बायो सेफ्टी लेवल–2 प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी।<br>सरकार द्वारा सभी 1020 राजकीय पशु चिकित्सालयों का कम्प्यूटरीकरण सुनिश्चित किया जाएगा और उन्हें सभी आवश्यक आधारभूत संरचना तथा ग्राम स्तर पर एफ.टी.टी.एच. फाइबल नेट के साथ जोड़ कर आई.टी. नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा अस्पताल समय के बाद ऐसे गांवों और कस्बों में मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी, जहां सरकारी पशु चिकित्सालय नहीं हैं। इस प्रयोजन के लिए, खण्ड स्तर पर 142 मोबाइल पशु चिकित्सा वैन मुहैया करवाई जाएंगी।<br>सरकार बकरियों की नस्ल के अनुवांशिक उन्नयन और गरीब बकरी पालक, किसानों की आय बढ़ाने के लिए गांय व भैंसों की तर्ज पर बकरियों के लिए भी कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं का विस्तार करेगी। भिवानी के लोहारू में बकरी प्रजनन केन्द्र स्थापित किया जाएगा। | राज्य में बेहतर पशुधन और पॉल्ट्री रोग डायग्नोस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने के लिए हिसार (लुवास), सोनीपत और पंचकूला में एवियन इन्फलूएंजा तथा अन्य पोल्ट्री रोगों के रैपिड और आर0टी0–पी0सी0आर0 डायग्नोस्टिक्स के लिए तीन बायो सेफटी लेवल–।। प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा रही है, जिसके अन्तर्गत हिसार में लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा आर0टी0पी0सी0आर0 बायो सेफटी लेवल–।। प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा चुकी है एवं पशुपालन विभाग, हरियाणा द्वारा दो प्रयोगशालायें रायपुर रानी (पंचकूला) तथा जिला सोनीपत में इनकी स्थापना का कार्य प्रगति पर है। यहाँ यह भी व्यक्त किया जाता है कि इन प्रयोगशालाओं से सम्बन्धित उपकरणों और अन्य सामग्री की खरीद हेतु ळमडपोर्टल पर टैंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी, परन्तु GEM पोर्टल के नॉन–रिस्पोन्सिव होने के कारण यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई और इस कारण जरूरी उपकरणों इत्यादि की खरीद नहीं हो पाई। भारत सरकार द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1(33)/पीएफएमएस/2022 दिनांक 20.05.2022 द्वारा शेष राशि को रिवेलिडेट किया गया था, किन्तु भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों को पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से कार्यान्वित करने के कारण वर्ष 2022–23 की राशि जारी नहीं की जा सकी है। विभागीय स्कीम [62] Opening / Up-gradation and Strengtehning of Vety. Institutions [P-01-28-2403-51-101-62-51] में बजट भी उपलब्ध है। इन प्रयोगशालाओं से सम्बन्धित | The Committee would like to know the latest position in this regard. (04.10.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | उपकरणों और अन्य सामग्री की खरीद के लिए प्रबंध निदेशक, हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड, पंचकूला को दिनांक 27.01.2023, 28.03.2023, 11.05.2023 व 25.05.2023 को लिखा गया है। उपकरणों और अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद करके उपरोक्त वर्णित दोनों लैब शुरू कर दी जाएगीं ।रायपुर रानी प्रयोगशाला की रिपेयर/रेनोवेशन हेतु 13.65 लाख रूपये की राशि दिनांक 05.07.2023 को जारी की जा चुकी है। | |
| | | | राज्य के सभी 1020 राजकीय पशु चिकित्सालयों के कम्प्यूटरीकरण के सम्बन्ध में व्यक्त किया जाता है किएक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग एजेंसी को विभाग के आई.टी. आधारभूत ढांचे के विस्तार के लिए नियुक्त करने के लिए हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड प्रक्रियाधीन है। | |
| | | | वर्तमान में विभाग द्वारा 24 मोबाइल वैटनरी यूनिट द्वारा पशुपालकों को घर द्वार पर सेवायें प्रदान की जा रही हैं, इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड को 11.20 करोड़ रूपये की राशि पशुधन स्वास्थ्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वर्ष 2021–22 में प्रदान की गई है। हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड द्वारा 70 मोबाईल पशु चिकित्सा इकाईयों की पी.पी.ई. मोड में खरीद की प्रक्रिया जारी है। इस खरीद उपरांत पूरे प्रदेश में किसानों को घर–द्वार पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। DS&D विभाग के पत्र दिनांक 18.07.2023 द्वारा फर्म को 70 मोबाईल वैन की खरीद हेतु सप्लाई ऑर्डर जारी किया जा चुका है तथा फर्म द्वारा टाटा विंगर डब्ल्यूबी 3500 वाहनों की आपूर्ति अम्टूबर, 2023 के पहले सप्ताह में हो जाएगी। इन मोबाईल वैनों को पी0पी0पी0 मोड पर चलाने के लिए फर्म के निर्धारण हेतु DS&D विभाग द्वारा टैण्डर 08.08.2023 को खोला गया। इस टैण्डर के तकनीकी | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | मूल्यांकन हेतु दिनांक 26.09.2023 को बैठक निर्धारित की गई है।<br>सरकार द्वारा जिला भिवानी के लोहारू में स्थित ऊन श्रेणीकरण केन्द्र के परिसर में बकरियों के लिए कृत्रिम गर्भादान सेवाओं के लिए प्रजनन केन्द्र के निर्माण हेतु 40.00 लाख रूपये की राशि जारी की जा चुकी है। निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य शुरू करने पर मनोहर तथा औम प्रकाश नामक दो व्यक्तियों द्वारा इसका विरोध किया गया और माननीय नयायालय में एक केस सिविल सूट नं. 132 ऑफ 2018 "मनोहर लाल बनाम हरियाणा सरकार व अन्य" लम्बित है। केस की सुनवाई की आगामी तिथि 11.07.2023 निर्धारित है। हालांकि, मामले में यादी द्वारा दायर स्थगन आवेदन पर निर्णय लेते हुए माननीय एसीजे, लोहारू न्यायालय ने दिनांक 01.12.2021 के | |
| | | | आदेशों में प्रतिवादियों को मुकदमे को अपनाए बिना यादी के शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप करने से रोक दिया। इस कारण भूमि पर निर्माण कार्य तुरंत शुरू नहीं हो पाया। चूंकिर, इस मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने में कुछ समय लगेगा, विभाग मौजूदा ऊन श्रेणीकरण केन्द्र के अप्रयुक्त हिस्से में इस भवन के निर्माण की व्यवहार्यता का आंकलन कर रहा है, जो किसी भी कानूनी विवाद से मुक्त है।<br>इसके अतिरिक्त हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौसंवर्धन अनुसंधान संस्थान, मथुरा से उच्च नस्लीय बकरों के 3000 सीमन डोज खरीद करके विभाग के विभिन्न चिन्हित राजकीय पशु चिकित्सालयों में पहुँचा दी गई हैं व बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य शुरू किया जा चुका है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 16.03.2021 | | |
| 665. | श्री शमशेर सिंह गोगी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 937 क्या पशुपालन तथा डेयरी विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि असंध में पशु अस्पताल के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है? | हाँ श्रीमान् जी। राजकीय पशु अस्पताल, असंध, जिला करनाल के भवन निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है और यह पशु अस्पताल 31 मार्च, 2022 तक निर्मित होने की संभावना है। | राजकीय पशु चिकित्सालय, असन्ध के पुनः निर्माण के लिए 35.83 लाख रू0 की राशि लोक निर्माण विभाग को पत्र क्रमांक 4999–5012 दिनांक 11.02.2022 द्वारा जारी की जा चुकी है, पी.डब्लू.डी., द्वारा पशु अस्पताल का साईट प्लान स्वीकृति हेतु मुख्य वास्तुकार, हरियाणा को भिजवाया गया है व कार्य प्रक्रियाधीन है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (14.09.2022) |
| | | 16.03.2021 | | |
| 666. | तारांकित प्रश्न संख्या 937 के संदर्भ में श्री शमशेर सिंह गोगी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मेरी मंत्री जी से एक रिक्वेस्ट है कि वहां उस हॉस्पीटल में डॉक्टर भी भेज दीजिए क्योंकि वह बहुत बड़ा एरिया है। हम भी सरकार के रेवैन्यू में कुछ न कुछ हिस्सा देते हैं। अगर असंध से कांग्रेस जीत गई है तो क्या बुराई हो गई। इसके साथ ही करनाल में एक क्लीनिकल लैब बन रही है। उसके लिए मैंने माननीय मुख्यमंत्री जी से भी रिक्वेस्ट की है कि करनाल के अन्दर ऑलरेडी पहले से ही एक क्लीनिकल लैब है। अगर आप उसको असंध में बना दें क्योंकि असंध में जगह भी है। अगर आप वह लैब असंध में बनाते हैं तो उससे कैथल, जीन्द का जो दूर–दूर का एरिया है उनको करनाल जाने की बजाए नजदीक से ही सुविधा प्राप्त होगी इसलिए उस लैब को करनाल की बजाए असंध में बनाया जाए। | अध्यक्ष महोदय, एक बार इनका वह हॉस्पीटल बन जाए उसके बाद इनकी जो दूसरी डिमांड है उस पर विचार करेंगे। गोगी जी, आप उस लैब को करनाल से क्यों शिफ्ट करवाना चाहते हैं। हम आपके असंध के लिए अलग से प्रावधान कर देंगे। | जिला करनाल के राजकीय पशु चिकित्सालय, असन्ध के पुनः निर्माण के लिए को 35.83 लाख रू0 की राशि लोक निर्माण विभाग को पत्र क्रमांक 4999–5012 दिनांक 11.02.2022 द्वारा जारी की जा चुकी है। पी.डब्लू.डी., द्वारा पशु अस्पताल का साईट प्लान स्वीकृति हेतु मुख्य वास्तुकार, हरियाणा को भिजवाया गया है व कार्य प्रक्रियाधीन है।<br>पशुपालन विभाग में जिला स्तर की प्रयोगशालाएं स्वीकृत हैं, इसी आधार पर हर जिले की भाँति जिला करनाल में जिला रोग निदान प्रयोगशाला स्थापित है। अतः इस लैब को जिले से शिफ्ट करके ब्लॉक या सब–डिविजन में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (14.09.2022) |
| | | 08.03.2022 | | |
| 667. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 61 से निकाला गया आश्वासन। | पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए, सरकार द्वारा वर्ष 2022–23 में 1 लाख अंत्योदय परिवारों को डेयरी की पशुधन इकाइयों, भेड़, बकरी, सुअर पालन और बैकयार्ड पोल्ट्री की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता की जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 668. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 63 से निकाला गया आश्वासन। | 08.03.2022<br>पशुधन इकाइयों का प्रावधान 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना' के लाभार्थियों द्वारा अपनाई गई सबसे अहम योजना है। हालांकि, यह देखा गया है कि कई अंत्योदय परिवार सहायता प्राप्त करने में असमर्थ रहे, क्योंकि उनके पास पशुओं को रखने के लिए जगह नहीं थी। मेरा प्रस्ताव है कि यदि कोई अंत्योदय परिवार डेयरी या भेड़ इकाई स्थापित करना चाहता है और उसके पास पशुओं को रखने के लिए भूमि या स्थान नहीं है, तो उन परिवारों को संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि पर एक सांझा शेड प्रदान किया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि इस छोटे से अन्तःक्षेप से गांव के अंत्योदय परिवार अपनी आजीविका कमाने और अपनी आय बढ़ाने में सक्षम होंगे। योजना का विवरण पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा विकास एवं पंचायत विभाग के परामर्श से अलग से अधिसूचित किया जाएगा। | | |
| 669. | ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मेरा इसमें एक सुझाव यह है कि जितनी भी गौशालाएं हैं उनमें जल्द से जल्द सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव जरूर होना चाहिये ताकि इस बीमारी की रोकथाम हो सके। | 09.08.2022<br>अध्यक्ष महोदय, वैसे तो इस संबंध में हमने एडवाइजरी जारी कर दी है लेकिन ज्यादातर गौशालाएं प्राइवेट हैं। हम चाहेंगे कि ग्राम पंचायतों और लोकल बॉडीज की तरफ से भी इस प्रकार की कार्यवाही शुरू हो। हम सभी उपायुक्त महोदय को भी निर्देश देंगे कि इस चीज का जरूर ध्यान रखें। | | |
| 670. | श्री अमरजीत ढांडा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 42 क्या पशु पालन एंव डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(ख) उपरोक्त भवनों को पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इन्हें कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ? | 27.12.2022<br>(ख) नहीं, श्रीमान् जी। परन्तु राजकीय पशु औषधालय, पौली के भवन के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव हाल ही में उपनिदेशक, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग, जींद से प्राप्त हुआ है। राजकीय पशु औषधालय, पौली के भवन का निर्माण कार्य सरकार से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत शुरू किया जाएगा। | | |
| 671. | वर्ष 2023–24 के बजट के संदर्भ में | 23.02.2023<br>39. मैं ग्रामीण क्षेत्रों में घरद्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए सार्वजनिक–निजी सांझेदारी पद्धति में 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां प्रदान करने का प्रस्ताव करता हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों द्वारा प्रदान की जाने | | |

1006

1007

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | वाली सेवाओं के नियंत्रण और निगरानी के लिए एक कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा। | | |
| | | 40. मैं 4 अतिरिक्त पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक के निर्माण का प्रस्ताव करता हूं। ये पलवल, फतेहाबाद, महेंद्रगढ़ और अंबाला में स्थापित किए जाएंगे। सरकार पालतू जानवरों को उन्नत नैदानिक और उपचार सेवाएं प्रदान करने के लिए गुरुग्राम और फरीदाबाद में दो अत्याधुनिक सरकारी Veterinary Pet Clinics भी स्थापित करेगी। | | |
| | | 44. पिछले वर्ष मैंने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के ऋण कार्यों के कम्प्यूटरीकरण के लिए सरकार की मंशा जाहिर की थी। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 771 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण जल्द ही पूरा होने की संभावना है। पैक्स को ऐसे अतिरिक्त क्षेत्रों को लेने के लिए मजबूत किया जाएगा, जो किसानों के लिए महत्वपूर्ण हैं जैसे कि भंडारण, कृषि उपकरणों को किराए पर लेना और उर्वरक प्रबंधन, जिसमें पैक्स के लिए राजस्व अर्जित करने और किसान को सुविधाएं प्रदान करने की क्षमता है। प्राप्त अनुभवों के आधार पर, मुझे उम्मीद है कि इसके अलावा 500 पैक्स की स्थापना को बढ़ावा देकर सहकारी ढांचे को एक नया बल दिया जाएगा। | | |
| | | 45. इस महीने सांझी डेयरी नामक एक योजना शुरू की गई है, ताकि उन लोगों, जिनके पास पर्याप्त भूमि नहीं है, को पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। इस योजना के तहत, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ (एच.डी.डी.सी.एफ.) ग्राम पंचायतों और पैक्स की भूमि पर पशु शेड का निर्माण करेगा, जहां मवेशियों को एक साथ रखा जाएगा और उनकी देखभाल की जाएगी। एच.डी.डी.सी.एफ. द्वारा सांझी डेयरी में पशु चारा, साइलेज (चारा) और पशु चिकित्सा सेवाओं सहित सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। | | |
| | | 46. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी.) ने हरियाणा राज्य सहकारी अपेक्स (हरको) बैंक को रियायती ब्याज दर पर 10,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा को मंजूरी दी है। राज्य के किसी भी सहकारी संगठन को उसकी कार्यशील पूंजी या अन्य | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | पूंजी निवेश आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध होगी।<br>47. हाल के वर्षों में हैफेड ने निर्यात क्षेत्र में प्रवेश करके अपनी गतिविधियों में फैलाव किया है। हैफेड संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब से 105 मिलियन डॉलर (840 करोड़ रुपये) मूल्य के 85 हजार मीट्रिक टन बासमती के निर्यात के ऑर्डर प्राप्त करने में सफल रहा। हैफेड ने अपनी निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने के लिए करनाल में एक हरियाणा सहकारी निर्यात गृह खोला गया है। इससे किसानों को उनकी उपज के बेहतर मूल्य मिलना सुनिश्चित होगा। | | |
| 672. | तारांकित प्रश्न संख्या–93 के संदर्भ में श्री सुभाष सुधा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : क्या पशुपालन और डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि थानेसर के गांव भिवानी खेड़ा में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय का निर्माण करवाया जाना है जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार को हस्तांतरित कर दी गई है; तथा<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ न किए जाने के कारण क्या हैं तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | 21.03.2023<br>(क) हाँ, श्रीमान् जी। कुरूक्षेत्र जिले के भिवानी खेड़ा गांव में लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार से मान्यता प्राप्त एक राजकीय वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव है।<br>(ख) ***लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार द्वारा निर्धारित प्रारूप में परियोजना प्रस्ताव सरकार को विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत उक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। | | |
| 673. | श्री सुभाष सुधा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 17:– क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएगें कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 10188 दिनांक 04–06–2015 के अनुसार थानेसर के गांव भिवानी खेड़ा में 10 एकड़ भूमि पर एक वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय खोलने की घोषणा हुई थी जिसके लिए लुवास विश्वविद्यालय द्वारा उक्त महाविद्यालय के निर्माण के लिए अनुमानित बजट | 15.12.23<br>(क) महोदय, उक्त मुख्यमंत्री घोषणा को क्रियान्वित करने हेतु पंचायत विभाग द्वारा दिनांक 20.12.2022 को भूमि सीमांकित की जा चुकी है। अधिकारियों के पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तथा महाविद्यालय के निर्माण के लिए अनुमानित बजट का प्रस्ताव लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार से उनके पत्र क्रमशः दिनांक 30.10.2023 और 07.11.2023 के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा गया हैय तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त बजट तथा पदों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | (ख) बजट तथा पदों की स्वीकृति मार्च, 2024 तक मिलने की संभावना है। इसके बाद निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। | | |
| 674. | राज्यपाल अभिभाषण | 20.02.2024<br>माननीय सभासदो! पशुपालन हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। मेरी सरकार किसानों को आय के अतिरिक्त साधन मुहैया करवाने के लिए पशुपालन को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में 20 व 50 दुधारू पशुओं की डेयरी स्थापित करने पर लाभार्थियों को बैंक ऋण पर ब्याज अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही, 2, 4 तथा 10 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाइयां स्थापित करने पर लाभार्थियों को 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। सांझी डेयरी योजना को पायलट आधार पर जिला अम्बाला, रोहतक, जींद, कुरुक्षेत्र और सिरसा के पांच गांवों में लागू किया जा रहा है। | | |
| 675. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्नच संख्या 79ः<br>(क) : ****<br>(ख) क्या गांव कारी रुपा में पशु औषधालय के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) गांव गोठड़ा, आर्य नगर, बिलावल, पिचौपा खुर्द, मांढ़ी केहर, झिंझर, चिड़िया, बिगोवा, कादमा, चांदवास, धनासरी और खेड़ी बूरा के पशु औषधालयों और अस्पतालों के जीर्ण–शीर्ण भवन का पुनर्निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है? | 22.02.2024<br>(क) : ****<br>(ख) श्रीमान् जी, गांव कारी रुपा में राजकीय पशु औषधालय संचालित है तथा इस संस्था के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है।<br>(ग) राजकीय पशु औषधालय गोठड़ा, राजकीय पशु औषधालय मांढ़ी केहर और राजकीय पशु औषधालय बिगोवा के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। | | |
| 676. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>पशुधन मालिकों को उनके घरद्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए, ऐसे जिलों, जहां पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता क्षेत्र की पशुधन संख्या के अनुपात में कम है, में 8 नए राजकीय पशु अस्पताल और 18 नए राजकीय पशु औषधालय खोलने का प्रस्ताव है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 677. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>घरद्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए, पहले से ही 21 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां कार्यरत हैं। इस सेवा को सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों के लिए अनुबंध किया है और इनकी सेवाएं शीघ्र ही शुरू होने की उम्मीद है। XX | | |
| 678. | श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 78 : क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः—<br>(क) बरवाला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले जीर्ण—शीर्ण पशु चिकित्सालयों की संख्या कितनी है;<br>(ख) क्या उक्त कंडम पशु चिकित्सालयो को गिराने के बाद नए पशु चिकित्सालयों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ग) यदि हां, तो उक्त पशु चिकित्सालयों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 27.02.2024<br>(क) श्रीमान् जी, आठ राजकीय पशु चिकित्सा संस्थाएं जीर्ण—शीर्ण हालत में हैं।<br>(ख) हाँ, श्रीमान् जी।<br>(ग) इन संस्थाओं का पुनर्निर्माण वित्त वर्ष 2024—25 के दौरान होने की संभावना है। | | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**TOWN AND COUNTRY PLANNING DEPARTMENT**

*Note :*—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 679. | तारांकित प्रश्न संख्या 1397 के संदर्भ में श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया इसके लिए आपका धन्यवाद। अध्यक्ष महोदय, जी.एम.डी.ए. की रिपोर्ट के अनुसार एस.टी.पी., धनवापुर की कैपेसिटी 218 एम.एल.डी. है। मेरी टीम ने आज सुबह उस नहर को नापा है। उसमें 258 एम.एल.डी. पानी चल रहा है। मेरा प्रश्न है कि यह अतिरिक्त 40 एम.एल.डी. पानी कहां से आया ? अब तो कोई बारिश का मौसम भी नहीं है। इसके अलावा यह कैसे माना जा सकता है कि यह पानी ट्रीटेड है या नहीं क्योंकि पानी की क्वालिटी चैक करने के लिए लैग–2 और लैग–3 पर लाइव इक्यूपमैंट नहीं लगे हुए हैं ? लाइव इक्यूपमैंट केवल लैग–1 पर लगे हुए हैं। उसके लिए साइड से एक छोटी–सी ब्रांच अलग से निकाल रखी है और उसमें से ही साफ पानी निकाला जाता है। अतः जब तक पानी की क्वालिटी चैक नहीं की जाएगी तब तक इसे ट्रीटेड नहीं माना जा सकता। | 17.12.2021<br>अध्यक्ष महोदय, अभी तक उन नालों के डिस्चार्ज को नापने का हमने कोई परमानैंट सिस्टम नहीं बनाया है। जब भी हमें उसे चैक करना होता है तो हम उसे जाकर चैक कर लेते हैं। भविष्य में हम कोई ऐसा प्रावधान करेंगे जिससे सारे नाले के डिस्चार्ज पानी के बारे में हमें पता चल जाये कि इस वक्त कितना पानी डिस्चार्ज हो रहा है और उसी हिसाब से जितनी जरूरत होगी प्रोजैक्ट को डिजाइन करेंगे और तैयार करवायेंगे। | | |
| 680. | तारांकित प्रश्न संख्या 1397 के संदर्भ में श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, एन.जी.टी. ने तो मनमाने तरीके से इसकी रिपोर्ट तैयार की है। नजफगढ़ का इलाका दिल्ली में पड़ता है और वह हरियाणा प्रदेश के बॉर्डर से 12 किलोमीटर की दूरी पर है। पुराने जमाने के लोग उस इलाके को नजफगढ की झील के नाम से जानते थे और अगर उस नहर को तोड़ दिया जाए तो उसका सारा पानी नजफगढ में पड़ेगा, परन्तु आज उसकी वजह से हरियाणा प्रदेश सफरर हो रहा है। दिल्ली सरकार ने चालाकी करके इस समस्या से खुद के एरिया को सेफ कर लिया है। | 17.12.2021<br>अध्यक्ष महोदय, यह बात सही है कि नजफगढ का क्षेत्र लो लाईंग है। इसमें संबंधित झील उनकी तरफ बननी चाहिए थी, लेकिन दिल्ली सरकार ने वहां पर बांध बना दिया है जिसके कारण वह पानी हमारे क्षेत्र में आता है। इसके लिए हरियाणा सरकार पूरा प्रयत्न कर रही है कि उस इलाके का ट्रीटेड वॉटर ड्रेन के माध्यम से यमुना में जाए और उसका कंट्रोल हमारे पास रहे।<br>XXX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यह इन्टर–स्टेट मामला है और एन.जी.टी. में चल रहा है। सरकार इस मामले में अपना पक्ष मजबूती से रख रही है और इस क्षेत्र का पानी निकालने की पूरी योजना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 22.12.2021 | | |
| 681. | श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 608 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:– (क) एन आई टी फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में ओवर हेड वाटर टैंकों की कुल संख्या कितनी है; तथा (ख) क्या उपरोक्त सभी ओवर हैड वाटर टैंकों को सरकार द्वारा कार्यात्मक बना दिया है; यदि नहीं, तो उक्त वाटर टैंकों को कब तक कार्यात्मक बनाये जाने की संभावना है? | (क) xxx<br>(ख) xxx<br>इन ओवरहेड पानी के टैंकों को पर्याप्त पानी, जिसे फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफ.एम.डी. ए.) द्वारा प्रदान किया जाना है, की उपलब्धता के बाद कार्यशील बनाया जाएगा। | ओवरहेड पानी के टैंकों को पर्याप्त पानी, जिसे फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (FMDA) द्वारा प्रदान किया जाना है, की उपलब्धता के बाद कार्यशील बनाया जाएगा। | |
| | | 22.12.2021 | | |
| 682. | दि हरियाणा मैनेजमैंट ऑफ सिविक अमैनिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेफिशियंट एरियाज आउटसाइड म्युनिसिपल एरिया (स्पेशल प्रौविजंस) बिल, 2021 के संदर्भ में श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल के संबंध में कहना चाहता हूं कि गावों में नक्शे का कोई मतलब नहीं होता है इसलिए इस बिल के माध्यम से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग का लफडा ही खत्म कर दीजीए। **** अध्यक्ष महोदय, जिस तरह से हमारा बास गांव है, सिसाय गांव है तो वे भी गांव ही है। गांव तो गांव ही रहेगा। मैं कहना चाहता हूं कि इनमें आउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग का जो रोल है, उनको खत्म करने का काम किया जाये। **** अध्यक्ष महोदय, सरकार वहां पर कमेटी बना रही है। (विघ्न) वहां पर जितनी भी कॉलोनियां बनी हुई हैं, मैं चाहता हूं कि इन कॉलोनियों को रैगुलाइज कर दीजीए। | गौतम जी, हम वहां पर पंचायत बना देंगे। गौतम जी, इन कॉलोनियों को रैगुलराइज कर दिया जायेगा। | नवीनतम स्थिति बारे यह अवगत कराया गया है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने अधिनियम संख्या 2022 के 5 के तहत हरियाणा राज्य में अब तक 684 कॉलोनियों अधिसूचित/अनुमोदित किया है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (02.01.2025) |
| | | 02.03.2022 | | |
| 683. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन–सेक्टर–22 साइबर सिटी तक, फरीदाबाद से गुरुग्राम के बीच, रेजांगला चौक से सेक्टर–21 द्वारका तक तथा दिल्ली–सोनीपत–पानीपत–करनाल आर.आर.टी.एस. कॉरिडोर तक नई मेट्रो परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। | मिलेनियम सिटी सेंटर–रेलवे स्टेशन–सेक्टर–22–साइबर सिटी, गुरुग्राम के लिए मेट्रो कनेक्टिविटी<br>* हरियाणा मंत्रिपरिषद ने 13.08.2020 को डीपीआर को मंजूरी दी।<br>* भारत सरकार ने 06.07.2023 को मंजूरी का आदेश जारी कर डीपीआर को स्वीकृति प्रदान की। | The Committee would like to know the latest position in this regard. 02.01.25 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | * भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 16.02.2024 को परियोजना का शिलान्यास किया और इसे लागू करने के लिए 27.02.2024 को जीएमआरएल का गठन किया गया।<br>* पैकेज–1 के लिए भू–तकनीकी जांच पूरी हो चुकी है, जो लगभग 13 कि.मी. कवर करता है।<br>* सिविल, आर्किटेक्चरल और ई एंड एम कार्यों के लिए विस्तृत डिजाइन कंसल्टेंसी सेवाओं (डी.डी. सी.) हेतु M/s SYSTRA को 14.10. 2024 को एलओए जारी किया गया। सामान्य सलाहकारों (जीसीसी) की नियुक्ति के लिए प्राप्त निविदाओं को तय तिथि 10. 12.2024 पर खोल लिया गया जिसमें आठ निविदायें प्राप्त हुई हैं, जो वर्तमान में जांच के अधीन हैं। | |
| | (ग) गुरूग्राम में उपरोक्त नीति के अनुसार विद्यमान अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि का उपयोग किया गया ? | | * सिविल, आर्किटेक्चरल और ई एंड एम कार्यों के लिए प्रूफ चेकिंग कंसल्टेंट्स के लिए निविदा एनआईसी पोर्टल पर 27.12.2024 को अपलोड की गई। निविदायें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.01.2025 है।<br>**फरीदाबाद और गुरुग्राम के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी**<br>* डिपो के निर्धारण के कारण अंतिम डीपीआर प्रस्तुत नहीं की गई है।<br>* माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, भारत सरकार को माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा 27.07. 2022 के डीओ के माध्यम से फरीदाबाद और गुरुग्राम के बीच दोहरे डेकर वायडक्ट पर मेट्रो कनेक्टिविटी की जांच के लिए अनुरोध किया गया है।<br>* अध्यक्ष, एनएचएआई से प्रस्ताव पर चर्चा करने और व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए बैठक की तिथि और समय देने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बैठक की तिथि प्रतीक्षित है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | **रेजांगला चौक से सेक्टर 21, द्वारका तक मेट्रो रेल स्पर कनेक्टिविटी** | |
| | | | * हरियाणा मंत्रिपरिषद ने 19.10. 2022 को डीपीआर को मंजूरी दी है। | |
| | | | * परियोजना की डीपीआर को 10. 11.2022 को एमओएचयूए को विचार और अनुमोदन के लिए अग्रेषित किया गया। | |
| | | | * स्टेशन को बीजवासन रेलवे स्टेशन भूमि में मौजूदा डीएमआरसी स्टेशन के पीछे स्थानांतरित करने, निर्वाध एकीकरण सुनिश्चित करने के संबंध में मामला उठाया गया। | |
| | | | * हालांकि, यह महसूस किया गया कि जब आरएलडीए ने सहमति नहीं दी है क्योंकि भूमि पहले ही रियायत दी गई है और दिल्ली का आईएसबीटी डीएमआरसी के मेट्रो स्टेशन के सामने सड़क पर आ रहा है, तो प्रयास करना उचित नहीं होगा। | |
| | | | * तदनुसार, सरकार की मंजूरी के बाद, एमओएचयूए को प्रत्र दिनांक 30.08.2024 द्वारा डीपीआर में प्रस्तावित स्थान पर आगे बढ़ने का अनुरोध किया गया। | |
| | | | **दिल्ली–सोनीपत–पानीपत–करनाल आरआरटीएस कॉरिडोर** | |
| | | | * हरियाणा मंत्रिपरिषद ने 23.12. 2020 को डीपीआर को मंजूरी दी है। एनसीआरटीसी ने सीधे एमओएचयूए को दिल्ली–पानीपत आरआरटीएस कॉरिडोर अद्यतन लागत प्रस्तुत की है। की | |
| | | | * मार्च 2023 की मूल्य स्तर के अनुसार, परियोजना की कुल लागत रु. 33,093.6 करोड़ है, जिसमें हरियाणा सरकार का हिस्सा रु० 5,453.7 करोड़ है, जबकि पहले की अनुमानित लागत रु. 29,296 करोड़ और रु. 4,699 करोड़ थी। | |
| | | | * डीपीआर एमओएचयूए, भारत सरकार के सक्रिय विचाराधीन है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

684. श्री मामन खान , द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1508 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग यादि क्रमांकः एम.आई.सी.एस. –2266/2019/एस. डी. (डी) 7/25/2019–2 टी.सी.पी. दिनांक 02. 09.2019 द्वारा जारी की गई नीति के अनुसार बढाए गए एफ.ए.आर. (तल क्षेत्र अनुपात) के दृष्टिगत गुरूग्राम में निजी लाइसेंस प्राप्त कालोनियों में विद्यमान सेवाओं को सुदृढ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) गुरूग्राम में वर्ष 2017 से 2022 तक खरीद योग्य एफ.ए.आर. के माध्यम से एकत्रित की गई राशि का वर्ष वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) गुरूग्राम में उपरोक्त नीति के अनुसार विद्यमान अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि का उपयोग किया गया ?

03.03.2022

(क) हां सर, नगर निगम गुरूग्राम ने सूचित किया है कि लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में मौजूदा सेवाओ को मजबूत करने का प्रस्ताव है।

(ख) विवरण सदन मे पटल पर रख दिया गया है।

(ग) गुरूग्राम मे उक्त नीति के अनुसार किसी भी राशि का उपयोग नही किया गया है।

| Sr. no. | Year | T&CP (in Rs) | MCG (in Rs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2017-18 | 1,97,50,125 | 84,40,83,335 |
| 2 | 2018-19 | 21,56,65,947 | - |
| 3 | 2019-20 | 1,53,84,37,362 | - |
| 4 | 2020-21 | 1,50,93,91,438 | - |
| 5 | 2021-22 | 2,96,03,73,265 | - |
| | **Total** | **6,24,36,18,138** | **84,40,83,335** |
| | | **कुल राशि : 708.7701 crore** | |



685. श्री राम कुमार गौतम, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1288: क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि नारनौंद निर्वाचन क्षेत्र में बास नगर पालिका की ऑफिस बिल्डिंग के लिए साथ ही साथ बास के नगर क्षेत्र के सीवरेज पानी की निकासी के लिए भूमि अधिग्रहण कब तक किए जाने की संभावना है?

20.12.2021

**** बास में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए 4 एकड़ भूमि की आवश्यकता को पी.एच.ई.डी. द्वारा ई–भूमि पोर्टल पर 10.12.2021 को अपलोड किया गया था और भूमि मालिकों से आज तक भूमि का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। भूमि मालिकों से प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।

कार्यालय भवन निर्माण के लिए नगर पालिका, बास ने नगर पालिका की भूमि भाकलाना रोड पर निर्धारित की है। अनुमान तैयार होने और उसे उद्देश्य के लिए धनराशि उपलब्ध होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।



686. श्री भारत भूषण बतरा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1769 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि रोहतक में सैक्टर–18, 18–ए, सैक्टर 21 तथा 21–ए को विकसित करने के पश्चात् सभी ऑटोमार्किट जैसे सुभाष रोड़, हिसार रोड़, माल गोदाम रोड़ तथा काठ मंडी को स्थानांतरित करने का सरकार का कोई प्रस्ताव था; यदि हां, तो अब तक उक्त मार्किटों को स्थानांतरित न किए

07.03.2022

हां, श्रीमान जी। परिवहन नगर की स्थापना के लिए सैक्टर 18, 18 ए, रोहतक में भूमि का अधिग्रहण किया गया था और सैक्टर 21, रोहतक में काठ मण्डी को स्थानांतरित करने के लिए भी भूमि का अधिग्रहण किया गया था। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने सीमित नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से इन दुकानदारों को स्थानांतरित करने का प्रयास किया है। वर्ष 2021 में इन सैक्टरों में कुल 9 दुकानें/कियोस्क (सैक्टर 18, 18 ए, परिवहन नगर में 8 नवम्बर तथा सैक्टर–21–पी, काठ

यह प्रस्तुत किया गया है कि संबंधित क्षेत्र यानी सुभाष रोड, हिसार रोड, माल गोदाम रोड और काठ मंडी के दुकानदारों से उन्हें सैक्टर–18/18ए (ट्रांसपोर्ट नगर), रोहतक और सैक्टर–21 (काठ मंडी, रोहतक) में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस संबंध में कुल 383 आवेदन प्राप्त हुए। समिति द्वारा आवेदनों की जांच के बाद, केवल 284 आवेदन ही प्राप्त हुए। समिति द्वारा आवेदनों की जांच के बाद केवल

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(2-1-25)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जाने के क्या कारण हैं तथा उसका ब्यौरा क्या हैं? | मंडी रोहतक में 1 नवम्बर) खुली नीलामी के माध्यम से बेचे गए। इन दुकानदारों को स्थानांतरित करने और इन सैक्टरों को क्रियाशील बनाने और स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। | 284 आवेदन ही पात्र पाए गए। उपरोक्त पात्र व्यक्तियों के लिए 04.09.2019 से 07.09.2019 तक ई–नीलामी में भाग लेने के लिए समित ई–नीलामी अनुसूची निर्धारित की गई थी, लेकिन, उच्च दरों के कारण, किसी भी व्यक्ति ने उक्त ई–नीलामी में भाग नहीं लिया और सभी ऑटो मार्किट को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दिया गया क्योंकि एक भी दुकानदार ने ई–नीलामी में भाग लेने के लिए रूचि नहीं दिखाई। अब ई–निलामी फरवरी 2025 में दोबारा शुरू कि जाएगी। | |
| 687. | श्री राकेश दौलताबाद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 58–क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बतायेंगे कि–<br>(क) पैदल चालकों तथा साइकिल चालकों की अनुकूलता के लिए जिला गुरूग्राम | 22.02.2023<br>(क) जी0एम0डी0ए0 द्वारा बनाए जा रहे मास्टर सैक्टर डिवाईडिंग सडकों पर पैदल यात्रियों की सुविधाओं को विकसित करने के लिए 79.31 किलोमीटर फुटपाथ पर काम या तो प्रगति पर है या पूरा हो गया है। इसके अतिरिक्त, फुटपाथ कार्य की 25.30 किमी लंबाई कार्यचरण की निविदा/आवंटन में है। | | |



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | को विकसित करने के लिए क्या पग उठाए जा रहे है:<br>(ख) क्या गुरूग्राम जिले में पैदल तथा साइकिल पर यातायात प्रोत्साहन के लिए कोई कार्यक्रम सक्रिय है<br>(ग) क्या गुरूग्राम जिले में सडकों तथा उपरि पूलों को साइकिल चालकों के लिए अलग लेन के साथ विकसित किया जा रहा है, और:<br>(घ) क्या गुरूग्राम की मौजूदा सडकों पर साइकिल लेन विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | (ख) पैदल और साईकिल पर परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए जी0एम0डी0ए0 में कोई कार्यक्रम नहीं है परन्तु जी0एम0डी0ए0 मैट्रोपॉलिटन एरिया के जी0एम0डी0ए0 व्यापक गतिशीलता प्रबन्धन योजना (सीएमएमपी) के अनुसार 7वीं जी0एम0डी0ए0 प्राधिकरण की बैठक में एजेंडा मद संख्या 7.13 पैदल यात्री के साथ–साथ साईकलिंग सुविधा के रूप में अनुमोदित किया गया है, जी0एम0डी0ए0 द्वारा बनाए जा रहे सभी मास्टर सडकों के साथ प्रस्तावित है।<br>(ग) जी0एम0डी0ए0 द्वारा बनाए जा रहे मास्टर सैक्टर डिवाईडिंग सडकों पर साईकिलिंग सुविधाओं को विकसित करने के लिए, 16.02 किलोमीटर साईकिल ट्रैक पर काम या तो प्रगति पर है या पूरा हो चुका है । इसके अलावा, 24.01 किमी लंबी साईकिल ट्रैक का काम निविदा/कार्यचरण के आवंटन में है।<br>(घ) जी0एम0डी0ए0 के अनुसार, गुरूग्राम मैट्रोपॉलिटन एरिया की व्यापक गतिशीलता प्रबन्धन योजना (सीएमएमपी) जी0एम0डी0ए0 प्राधिकरण की 7वीं बैठक में एजेंडा मद संख्या 7.13 पैदल चलने वालों के साथ–साथ साईकिल चलाने की सुविधा के रूप में अनुमोदित है, जी0एम0डी0ए0 द्वारा बनाए जा रहे सभी मास्टर सडकों के साथ प्रस्तावित है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 688. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर मुख्यमन्त्री महोदय का रिप्लाई | 22.02.2023<br>अब मैं स्टिल्ट जमा 4 मंजिला भवन के निर्माण के विषय पर जवाब देना चाहता हूं । इस पर माननीय मंत्री जी ने भी विस्तार से जवाब दिया है। उन्होंने बताया है कि इसे रिव्यू करने के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस बारे में उस कमेटी को लोगों से और रेजीडैंट वेलफेयर एसोसियशंज से भी बात करनी पड़ेगी क्योंकि यह डिमांड के आधार पर खुलता और बंद होता है। किन क्षेत्रों में इस नीति को लागू किया जाए हम यह निर्णय एक्सपर्ट्स की कमेटी की सिफारिशों के आधार पर ही करेंगे। विपक्ष का जैसा कहना है कि इसे जल्दी कीजिए तो इसके लिए भी हमें विश्वास दिलाने में भी थोड़ी कठिनाई आ रही थी। माननीय सदस्य श्री बी.बी. बतरा ने कहा कि तब इसे ऐबियंस (abeyance) में ले आओ। मुझे भी ऐसा ही लग रहा है। अतः आज हम यह घोषणा करते हैं कि अब के बाद स्टिल्ट जमा 4 मंजिला | हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र 2023 में स्टिल्ट + 4 मंजिलों के निर्माण का मुद्दा कुछ विधानसमा सदस्यों द्वारा उठाया गया था। प्रमुख मुद्दे पार्किंग, प्रकाश और वेंटिलेशन, संरचनात्मक मुद्दे और मौजूदा बुनियादी ढांचे पर भार के बारे थे। इसलिए, मुख्यमन्त्री, हरियाणा ने सदन को आश्वासन दिया था कि रिटल्ट + 4 मंजिलों के निर्माण को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा और लागू नीति निर्देशों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की जाएगी। तदनुसार, दिनांक 23.02.2023 के आदेश के अनुसार, आवासीय भूखंडों में सभी नए स्टिल्ट चार मंजिलों के भवन योजना अनुमोदन को स्थगित रखा गया था, जिसमें अनुमोदन के लिए लंबित/प्राप्त आवेदन भी शामिल थे। इसके अलावा, | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>02.01.25 |
| | | भवन का तब तक कोई भी नक्शा एंटरटेन नहीं किया जाएगा जब तक हम इस बारे में कोई फैसला नहीं कर लेते हैं ।<br>*****<br>अध्यक्ष महोदय, ये फैसला तो सरकार को लेना है और सरकार ने फैसला ले लिया कि यह अबेयैंस में है। इसको कोई बन्द नहीं किया है। इस अबेयैंस का मतलब यह है कि जब तक कमेटी की रिपोर्ट नहीं आती तब तक आगे काम नहीं करेंगे। कमेटी की रिपोर्ट आएगी तो हो सकता है कि उसके हिसाब से किसी जगह पर बन्द करना पड़े और किसी जगह पर न करना पड़े। यह भी हो सकता है कि सारा काम बन्द करना पड़े या सारा काम चालू रखना पड़े। इस पर नो कमिटमैंट। इसमें कमेटी की जो सिफारिश आएगी, उस पर फिर भी डिपार्टमैंट्स बैठकर सोचेंगे। यह एक बहुत बड़ा विषय है, यह छोटा विषय नहीं लग रहा है। अतः आज हम यह घोषणा करते हैं कि अब के बाद स्टिल्ट जमा 4 मंजिला भवन का तब तक कोई भी नक्शा एंटरटेन नहीं किया जाएगा जब तक हम इस बारे में कोई फैसला नहीं कर लेते हैं । | दिनांक 16.03.2023 के आदेश अनुसार, सरकार ने स्टिल्ट चार मंजिलों के निर्माण से संबंधित मुद्दों की व्यापक रूप से जांच करने और मामले में भविष्य की कार्यवाही की सिफारिश करने के लिए श्री पी. राघवेंद्र राव, अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में निम्नलिखित सदस्यों की एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया।<br>(क) श्री दिलबाग सिंह सिहाग, पूर्व मुख्य नगर नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा तथा सदस्य एच.आर.ई.आर.ए, पंचकूला–सदस्य<br>(ख) श्री दिनेश चौहान, मुख्य नगर नियोजक, –सदस्य एच.एस. आई.आई.डी.सी.<br>(ग) श्री विजेंद्र सिंह, वरिष्ठ नगर नियोजक, एच.एस.वी.पी एवं टी. सी.पी. –सदस्य<br>समिति को उल्लेखित मुद्दों की जांच/समाधान के लिए किसी अन्य विशेषज्ञ को सहयोजित करने/किसी हितधारक को नियुक्त करने की | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | ***** <br>अध्यक्ष महोदय, ये फैसला तो सरकार को लेना है और सरकार ने फैसला ले लिया कि यह अबेयैंस में है। इसको कोई बन्द नहीं किया है। इस अबेयैंस का मतलब यह है कि जब तक कमेटी की रिपोर्ट नहीं आती तब तक आगे काम नहीं करेंगे। कमेटी की रिपोर्ट आएगी तो हो सकता है कि उसके हिसाब से किसी जगह पर बन्द करना पड़े और किसी जगह पर न करना पड़े। यह भी हो सकता है कि सारा काम बन्द करना पड़े या सारा काम चालू रखना पड़े। इस पर नो कमिटमैंट। इसमें कमेटी की जो सिफारिश आएगी, उस पर फिर भी डिपार्टमैंट्स बैठकर सोचेंगे। यह एक बहुत बड़ा विषय है, यह छोटा विषय नहीं है। आज कुछ लोग इसके फेवर में हैं और कुछ लोग इसके विरोध में हैं। इस विषय पर जो जनहित का फैसला होगा, वही फैसला लागू करवाएंगे। | अनुमति दी गई। विशेषज्ञ समिति को निम्नलिखित अधिदेश दिए गए :—<br>• आवासीय भूखंडों में स्टिल्ट जमा चार मंजिलों के निर्माण और निलंबन के संबंध में विभिन्न निवासियों, आर० डब्ल्यू० ए० द्वारा उठाई गई शिकायतों/चिंताओं की व्यापक रूप से जांच करना।<br>• अतीत में दी गई ऐसी मंजूरी के पक्ष और विपक्ष तथा इसके निहितार्थों की जांच करना।<br>• इसके लिए तर्क सहित अपनाई जाने वाली सबसे व्यवहार्य और व्यावहारिक भविष्य की कार्यवाही की सिफारिश करना।<br>विशेषज्ञ समिति ने दिनांक 29.06.2023 के पत्र के माध्यम से राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट/सिफारिशें प्रस्तुत कीं। | |
| | | ***** <br>अध्यक्ष महोदय, इसमें टाईम बाउंड तो हो ही गया है कि जब तक फैसला नहीं होगा तब तक सारे काम ही बन्द हो गये हैं। यह आपके पंचकुला के लिए तो हो ही गया है कि जब तक फैसला नहीं होता तब तक काम बन्द है। हम तो चाहेंगे कि यह काम जल्दी से जल्दी हो। हम ऐसी कमेटी बनाएंगे जो इस विषय पर जल्दी से काम करे। | सरकार द्वारा 01.07.2024 को नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग हरियाणा के परामर्श से विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों में कुछ बदलावों के साथ निर्णय लिया और तदनुसार उक्त निर्णय के मद्देनजर हरियाणा सरकार, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा दिनांक 02.07.2024 को निर्देश जारी कर दिए गए। | |
| 689. | वर्ष 2023—24 के बजट के संदर्भ में | 23.02.2023<br>156. रोहतक एलिवेटेड रेलवे लाइन परियोजना देश में अपनी तरह की पहली परियोजना थी। इसके बाद, कुरुक्षेत्र शहर में एलिवेटेड रेलवे लाइन की परियोजना शुरू की गई, जिसकी दिसंबर, 2023 तक पूरी होने की संभावना है। इससे 5 लेवल क्रॉसिंग खत्म हो जाएंगी और शहर के भीतर यात्रा सिग्नल फ्री होगी। इन अनुभवों के आधार पर, मैं बहादुरगढ़ और कैथल में एलिवेटेड रेलवे लाइन की परियोजना को हाथ में लेने का प्रस्ताव करता हूं। केंद्रीय रेल मंत्रालय की मंजूरी के लिए व्यवहार्यता अध्ययन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। मुझे करनाल—यमुनानगर रेलवे लाइन के लिए भी केंद्रीय रेल मंत्रालय की मंजूरी मिलने की उम्मीद है और इसके तुरंत बाद परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 25–08–2023 | | |
| 690. | तारांकित प्रश्न संख्या 4 के संदर्भ में श्री नरेन्द्र गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो उत्तर उन्होंने दिया है कि यातायात सुरक्षा उद्देश्यों के कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्लीध्मथुरा रोड पर गुड ईयर कट को बंद कर दिया गया है। मैं बताना चाहूंगा कि इस कट के बंद होने के कारण हमारी सूरदास जी की जन्मस्थली सीही गांव और सैक्टर 3, 4, 6,7, 8 और बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र की त्रिखा कॉलोनी, शिव कॉलोनी तथा सैक्टर 3 के साथ–साथ ही तिगांव विधान सभा क्षेत्र के भी लाखों लोग इसी रास्ते से होकर दिल्ली जाते हैं। वहां से तीन–तीन विधान सभाओं के लोग निकलते हैं और | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने नैशनल हाईवे से संबंधित बात रखी है और यह समस्या शेरशाह सूरी मार्ग का हिस्सा है। इस पर लगातार काम चला है और समय के साथ इस पर कई फ्लाईओवर बने हैं और कई अंडरपास भी इस पर बनाए गये हैं। माननीय सदस्य जिस गुडईयर चौंक की बात कर रहे हैं वहां पर मैट्रो स्टेशन आने के कारण फ्लाईओवर नहीं बनाया जा सकता था क्योंकि वहां पर जमीन की उपलब्धता नहीं थी। मैंने इस विषय पर अधिकारियों के साथ भी चर्चा की है और मैं माननीय सदस्य को सदन के पटल पर आश्वासन देता हूं कि हम इस बारे में एन.एच.ए.आई. को लिख कर भेजेंगे। दिल्ली–मथुरा रोड़ पर एक नहीं बल्कि दो बोटल नैक हैं चाहे वह एन.आई.टी. की बात हो, चाहे वह बल्लभगढ़ की बात हो या माननीय सदस्य श्री नरेन्द्र गुप्ता जी के निर्वाचन क्षेत्र की बात हो। इन दोनों प्वायंट्स की स्टडी | | 1032 |
| | उनको ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। बल्लभगढ़ में जो अंडरपास बना हुआ है वहां पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लग जाता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी और उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि चूंकि अब एफ.एम.डी.ए. भी बन गया है तथा पैसा भी काफी मिलता है तो इस यू–टर्न पर पैसा भी ज्यादा खर्च नहीं होना है इसलिए इस पर अवश्य विचार किया जाये। सरकार एन.एच.ए.आई. के पास प्रस्ताव लेकर जा रही है यह खुशी की बात है। उप–मुख्यमंत्री जी ने स्वयं माना है कि इसका रख–रखाव एन.एच.ए.आई. द्वारा किया जाता है तो इसका प्रस्ताव भी एन.एच.ए.आई. से अनुमोदित होना जरूरी है। जनता को सुविधाएं प्रदान करने और यातायात को सुगम करने के लिए एफ.एम.डी.ए. द्वारा इस मुद्दे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एन.एच.ए.आई.) के साथ उठाया जायेगा। मेरी तो सरकार से यही डिमांड है कि यू–टर्न बनाने का बहुत अधिक खर्चा नहीं होता है और उसके बन जाने से जनता को | करवाई जायेगी और जैसे हमने गुरूग्राम में राजीव चौंक पर किया है या एम.एन्स मॉल के आगे दिल्ली बॉर्डर पर हाईवे के नीचे से अंडरपास बनाया है उसकी फिजिबिलिटी चौक करने का काम एन.एच.ए.आई. का है। स्टेट और गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया दोनों कोस्ट शेयरिंग बेसिज पर चाहे उसमें एफ.एम.डी.ए. आए, चाहे म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन, फरीदाबाद आए। इसको हम कोस्ट शेयरिंग बेसिज पर तुरंत टेकअप करेंगे क्योंकि इसमें एक नहीं कम से कम चार सैक्टर्स ओल्ड फरीदाबाद के और फिर बल्लभगढ़ और ये सारी पॉपूलेशन जो आगे पलवल तक मॉनेटिरिंग करती है । उन सभी के लिए एक बोटलनैक बना है और इस बोटलनैक को सुलझाने का काम हरियाणा सरकार करेगी ।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जो ये नैशनल हाई–वे है वह स्टेट गवर्नमैंट का नहीं है । हम तो सिर्फ कोस्ट शेयरिंग करेंगे । डी.पी.आर. बनाने का काम भी गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया नैशनल यानी हाई–वे अथोरिटी ऑफ इण्डिया का है । आज मैं इनको यह इंश्योर करवाता हूं कि बाई मिड | | 1033 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| | अधिक सुविधा मिलेगी। अंडरपास बन जाने से भी बहुत अधिक ट्रैफिक जाम रहता है। एन.एच.ए.आई. के द्वारा इतनी अच्छी–अच्छी सड़कें बनाई जा रही हैं तो राज्य सरकार को भी इस तरह के कार्यों के लिए थोड़ा बहुत पैसा लगा देना चाहिए। माननीय उप मुख्यमंत्री जी के पास पी.डब्ल्यू.डी बी.एण्ड आर. डिपार्टमैंट है तो इसकी डी.पी.आर. बनवा लेनी चाहिए। मैं इस बारे में माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कोई आश्वासन चाहता हूं। अगर रेवेन्यू की बात की जाये तो गुरूग्राम के बाद फरीदाबाद रेवेन्यू देने में दूसरे नम्बर पर आता है। इसके दोनों ओर बहुत बड़ी–बड़ी इंडस्ट्रीज लगी हुई हैं। गुडईयर अपने आप में बहुत बड़ी इंडस्ट्री है इसलिए माननीय उप मुख्यमंत्री इसकी डी.पी.आर. बनवाने की घोषणा अवश्य करें। | नाईट टूडे हम उस चिट्ठी की कॉपी आपको भी सी.सी. कर देंगे कि हमारी तरफ से इसमें दोनों गट्स हैं। अण्डर पास के लिए फिजिबिलिटी स्ट्डी भी, डी.पी.आर. भी और जो कोस्ट शेयरिंग आएगी उसके लिए हरियाणा सरकार केन्द्र सरकार को पत्र लिखेगी । | | | 1034 |
| | *** अध्यक्ष महोदय, मैं उप मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने आश्वासन दिया है परंतु डायरैक्टली डी.पी.आर. के लिए आश्वासन देते तो और अच्छा होता क्योंकि एन.एच.ए.आई. ने अभी इस नैशनल हाई–वे पर चार–पांच अण्डर पास बनाने के लिए पास किये हैं लेकिन उस जगह पर मैट्रो स्टेशन बनाने की बात भी की गई थी । वैसे वहां जगह की कमी नहीं है । मेरा कहना है कि एन. एच.ए.आई. को बार–बार उनके पास जाने में अभी बहुत समय लगेगा और वहां जनता बहुत दुरूखी है । मुझे लगता है कि बजट ज्यादा नहीं है । इस संबंध में मैंने पी.डब्ल्यू.डी. डिपार्टमैंट के अधिकारी से भी बात की है । उन्होंने बताया है कि दो यू टर्न बनाने का खर्चा 90 करोड़ रूपये का है । मैं पुनरू उप मुख्यमंत्री जी से अपने विधान सभा क्षेत्र की तरफ से और परिवहन मंत्री श्री मूल चन्द शर्मा जी की तरफ से भी हाथ जोड़कर प्रार्थना करूंगा क्योंकि वे खड़े नहीं हो रहे हैं जबकि वहां सबसे ज्यादा | | | | 1035 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बल्लभगढ़ की जनता परेशान हो रही है क्योंकि बल्लभगढ़ में दो–दो, तीन–तीन किलोमीटर तक का जाम लगता है इसलिए कम से कम पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा डी.पी.आर. की एश्योरैंस तो दे दीजिए जिसमें केवल 20–25 लाख रूपये का ही खर्चा है जोकि कोई ज्यादा नहीं है। | | | |
| 691. | तारांकित प्रश्न संख्यां 6 के सन्दर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX पहली बात तो ये है कि मैं इस बात के लिए डिस्यूट करता हूं कि वर्ष 2014 में 11,665 अनथोराइज्ड कोलोनीज थी। ये बिल्कुल गलत फिगर है। हुड्डा साहब के समय में वर्ष 2005 से वर्ष 2014 तक लगभग 800 अनथोराइज्डक कॉलोनीज रेगुलराईज हुई थी। XX अध्यक्ष महोदय, | **15.12.2023**<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यच को बताना चाहूंगा कि इसका बड़ा सिंपल सा जवाब है कि दिनांक 31.12.2014 तक प्रदेश में 11665 अनाधिकृत कॉलोनीज थी। पहले तो हम यह सूची उपलब्धी करवाएंगे कि इनकी सरकार के कार्यकाल में जो 11665 अनाधिकृत कॉलोनीज ढूंढी गयी थी, वे कौन सी थी? यह लिस्टअ भी इनको देंगे। अगर हमारे समय में 5352 कॉलोनीज लिखी हुई हैं | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 3500 कॉलोनीज को अनअथॉराईज किया और ये 5352 कॉलोनीज को कहते हैं। इसमें एफ.आई.आर. केवल 700 के आसपास ही दर्ज हैं । XX | तो यह लिस्टय भी देंगे। इसमें कौन–कौन इन कॉलोनीज को काटने वाले हैं और जिनके नाम पर रजिस्ट्रीज हुई हैं, वे नाम भी इनको देंगे। इसमें कहां पर क्या गड़बड़ हुई है इनको ये जानकारी भी उस लिस्ट में अच्छी तरह से मिल जाएगी। | | |
| 692. | **श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 38**:–<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर शहर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 7, 8, 9, 9(ए) तथा 10 के लिए अधिग्रहित भूमि का इंतकाल/म्यूटेशन अभी तक पंजीकृत नहीं किया गया हैय तथा<br>(ख) झज्जर शहर के पूर्ण रूप से विकसित सेक्टर–6, सेक्टर–9 तथा अन्य सेक्टरों, जो बहुत खराब स्थिति में है, उनमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा उचित सड़कें, पार्कों, सफाई और पुलिस पोस्ट जैसी मूलभूत सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने कि संभावना है? | 15.12.2023<br>श्रीमती जी, (क) सैक्टर–6, 6 (भाग) और 9 में अधिग्रहित भूमि और सैक्टर–10 और 7, झज्जर में आंशिक रूप से अधिग्रहित भूमि, जिसका माप 962.36 एकड़ है, की जमाबंदी को ह.श.वि.प्रा. के पक्ष में दर्ज कर दिया गया है। सैक्टर–10, 7, झज्जर की शेष अधिग्रहित भूमि, जिसका माप 299.25 एकड़ है, और सैक्टर–8, 9ए, झज्जर की संपूर्ण अधिग्रहित भूमि, जिसका माप 339.59 एकड़ है, की जमाबंदी, राजस्व अधिकारियों के माध्यम से, ह.श.वि.प्रा. के पक्ष में दर्ज करवाई जा रही है।<br>(ख) झज्जर में ह.श.वि.प्रा. के केवल दो सैक्टर हैं, जिनके नाम सैक्टर–6 और 9 हैं। इन सैक्टरों में जल आपूर्ति, सीवरेज, सड़क, स्ट्रीट लाइट आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले ही प्रदान की जा चुकी हैं। इन सैक्टरों में सड़कों की विशेष मरम्मत के काम की | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | निविदाओं को दिसंबर, 2023 में मंजूरी मिलने की संभावना है और आबंटन की तारीख से 04 महीने के भीतर काम पूरा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, सैक्टर–6, झज्जर में ह.श.वि.प्रा. द्वारा 05 पार्क पहले ही विकसित किए जा चुके हैं, जबकि सैक्टर–9, झज्जर में 04 पार्कों के विकास का अनुमान तैयार किया जा रहा है। इन 04 पार्कों का विकास कार्य आबंटन की तिथि से 03 महीने के भीतर पूरा कर लिए जाने की संभावना है। झज्जर के सैक्टर–6 और 9 में पुलिस पोस्ट बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि ह.श.वि.प्रा. ने वर्ष 2019 में पुलिस विभाग को इसके लिए भूमि आबंटित कर दी है। | | |
| 693. | तारांकित प्रश्न संख्या 51 के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पंवार, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय, मैं यह बताना चाहता हूं कि वर्ष 2017 में भी सोनीपत की जनता को याद है कि स्थानीय निकाय मंत्री श्रीमती कविता जैन जी ने कहा था कि मैट्रो ट्रेन नरेला से कुंडली तक पास हो गई है और उन्होंवने इस खुशी में लड्डू भी बांटे थे। यह बात पूरे हरियाणा प्रदेश के अखबारों में आई थी कि सोनीपत में मैट्रो लाइन पास हो चुकी है। अब इस बात का यह जवाब आ रहा है कि मैट्रो की विस्तौरपूर्वक कोई योजना नहीं है। वर्ष 2019 के चुनाव में भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने सोनीपत की जनता से वायदा किया था कि हम आपको मैट्रो लाइन प्रोवाइड करवायेंगे। सोनीपत में आदरणीय प्रधानमंत्री जी भी आये थे उन्होंने भी जनता से पूछा था कि मैट्रो में बैठना चाहोगे या नहीं तो सारी जनता ने कहा था कि ठीक है, जब प्रधानमंत्री जी यह बात कह रहे हैं तो हमें कम से कम मैट्रो में बैठने का मौका तो मिल जायेगा। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि सोनीपत के लिए मैट्रो ट्रेन देने का काम किया जाये। | 19.12.2023<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि दिल्ली मैट्रो कारपोरेशन है उनकी नरेला तक मैट्रो लाइन बिछाने की प्रपोजल है। इसके बाद हमने उनको चिट्ठी लिखी थी, इसको हम जब कुंडली तक बढ़ायेंगे तब इसमें हरियाणा सरकार अपना कॉन्ट्रिब्यूशन देना चाहेगी। अध्यक्ष महोदय मैट्रो के अलावा हमारी रैपिड ट्रेन भी लाने की योजना है। हमने इसको अगले फेज में लिया है और इसमें हरियाणा सरकार भी इच्छुक है। जब भी यह प्रोजैक्ट आयेगा तो हमारा सोनीपत से मैट्रो जोड़ने का जो योगदान होगा वह हम करेंगे। यह दिल्ली मैट्रो कारपोरेशन की योजना है और यह मैट्रो दिल्लीम से चलकर आती है। अध्यक्ष महोदय, मैट्रो के लिए डी.पी.आर. बनाई जा रही है और हमने इसके लिए उनको बोला हुआ है कि जब भी यह मैट्रो नरेला तक आये तो इसको हम कुंडली तक बढ़ाने में हमारा जो योगदान होगा, वह हम देने को तैयार हैं। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 694. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>बढ़ती आबादी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण अगले पांच वर्षों में 3400 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ जल आपूर्ति और सीवरेज प्रणाली का विस्तार करेगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण इसी अवधि में 1200 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ सड़क नेटवर्क और 900 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ जल आपूर्ति व सीवरेज नेटवर्क को बढ़ाने की दिशा में काम करेगा। सोनीपत और पंचकुला महानगर विकास प्राधिकरणों ने हाल ही में काम करना शुरू कर दिया है और उम्मीद है कि हिसार महानगर प्राधिकरण शीघ्र ही काम करना शुरू कर देगा। मैं सोनीपत, पंचकुला और हिसार प्राधिकरणों को 100–100 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान प्रदान करने का प्रस्ताव करता हूं ताकि ये राजस्व का स्थाई स्त्रोत उपलब्ध होने तक विकास गतिविधियां चला सकें। | | |
| 695. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>माननीय अध्यक्ष महोदय! मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सरकार ने पिछले साल एक नई योजना, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना (एम.एस.ए.वाई.) शुरू की है, जिसका उद्देश्य उन परिवारों को आवास प्रदान करना है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है और जिनका स्वयं का मकान नहीं है। इस योजना में 2.89 लाख परिवार पंजीकृत हैं। इसमें 14 कस्बों और शहरों में भूमि की पहचान कर ली गई है और पंजीकृत लाभार्थियों को भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुझे उम्मीद है कि अगले 6 महीनों में इसका लाभ हरियाणा के सभी कस्बों और शहरों तक पहुंचा दिया जाएगा। वित्त वर्ष 2024–25 में ऐसे लाभार्थियों को प्लॉट या फ्लैट उपलब्ध कराने के लिए 1000 करोड़ रुपये की राशि अलग रखी जाएगी। यह राशि आंशिक रूप से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अपने आवास दायित्वों के तहत प्रदान की जाएगी और राज्य बजट से भी आंशिक रूप से पूरी की जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 696. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>गत वर्ष मैंने घोषणा की थी कि गुरु रविदास के जीवन और शिक्षाओं को नई पीढ़ियों को बताने के लिए पिपली, कुरुक्षेत्र में एक स्मारक स्थापित किया जाएगा। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिपली में गुरु रविदास स्मारक के लिए 5 एकड़ भूमि की पहचान कर ली गई है और स्मारक का डिजाइन विशेषज्ञों व हितधारकों के परामर्श से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी.पी.) द्वारा तैयार किया जा रहा है। | | |
| 697. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>मैं सिखों के गौरवशाली इतिहास, संघर्ष और देश व मानवमात्र के लिए सिख धर्म के योगदान को नई पीढ़ियों को बताने के लिए प्रस्तावित सिख संग्रहालय के निर्माण के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पिपली में जमीन देने की घोषणा करता हूं। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**SPORTS AND YOUTH AFFAIRS DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 698. | श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 317 क्या खेल कूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गुरू गोबिन्द सिंह स्टेडियम डबवाली को पूर्णतया कार्यात्मक बनाने तथा खेल के समस्त आधारभूत संरचना से सुसज्जित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | 15.03.2021<br>श्रीमान जी, गुरू गोबिन्द सिंह स्टेडियम, डबवाली पहले से ही सभी पर्याप्त खेल आधारभूत संरचनाओं से सुसज्जित तथा पूर्ण क्रियाशील है। वर्तमान में तरणताल तथा पार्किंग का निर्माण विभाग के विचाराधीन है। | 1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा घोषणा कोड नं.–20377 दिनांक 06.11.2017 के तहत जिला सिरसा के डबवाली में तैराकी तालाब का निर्माण करने की घोषणा की थी।<br>2. उपमण्डल अधिकारी नागरिक डबवाली व तत्कालिन जिला खेल अधिकारी द्वारा स्टेडियम को मौका निरीक्षण करके तैराकी तालाब की जगह Multipurpose Indoor Hall (100m X 70m X 16m) with 20 residential rooms (Expenditure approximately 15.00 crore) का निर्माण कार्य करवाने बारे रिपोर्ट तत्कालिन उपायुक्त महोदय को प्रस्तुत की गई थी।<br>3. तत्कालिन उपायुक्त महोदय एवं तत्कालिन जिला खेल अधिकारी सिरसा द्वारा दी गई रिपोर्ट के दृष्टिगत तैराकी तालाब की जगह Multipurpose Indoor Hall (100m X 70m X 16m) with 20 residential rooms (Expenditure approximately 15.00 crore) का निर्माण कार्य करवाने की अनुमति लेने हेतु मामला अग्रसर था।<br>4. मामले में माननीय प्रधान सचिव खेल महोदय द्वारा विभागीय अधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया था तथा श्री गोबिन्द सिंह, खेल परिसर में Multipurpose Indoor Hall (100m X 70m X 16m) with 20 residential rooms (Expenditure approximately 15.00 crore) का निर्माण करने के मामले में फिजीबिलीटी रिपोर्ट के लिए निर्देश दिए गए। विभागीय कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के आदेशार्थ/अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया था जिस पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा गुरु गोविन्द सिंह, खेल परिसर में 25 मीटर X 25 मीटर तैराकी तालाब का निर्माण करने के दिनांक 01.12.2023 को आदेश दिए गए हैं।<br>5. इसके पश्चात अधीक्षक अभियंता, | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(10.07.2024) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | हरियाणा फिजीकल फिटनेस अथॉरिटी पंचकुला के दिशा–निर्देशानुसार विभागीय पत्र कमांक नं. 10771 दिनांक 29.04.2024 के तहत वास्तुकला विभाग, हरियाणा को ड्राईंगस तैयार करने हेतु अनुरोध किया गया।<br>6. वास्तुकना विभाग, हरियाणा के पत्र क्रमांक नं. 4560 दिनांक 03.05.2024 के तहत detail scope of work i.e., numbers of rooms/offices, store rooms, numbers of Changing rooms, Showers/Bathrooms, numbers of Toilets for both Male & Female and numbers of Spectators Steps इत्यादि बारे सूचना विभाग से मांगी गई है।<br>7. वास्तुकला विभाग, हरियाणा के दिशा–निर्देशानुसार उपरोक्त detail scope of work i.e., numbers of rooms/offices, store rooms, numbers of Showers/Rathroome Changing rooms, Showers/Bathrooms, numbers of Toilets for both Male & Female and numbers of Spectators Steps इत्यादि बारे सूचना देने हेतु जिला खेल अधिकारी सिरसा को वास्तुकला विभाग को भिजवाने बारे विभागीय पत्र दिनांक 20.06.2024 के तहत लिखा गया है।<br>8. वास्तुकला विभाग, हरियाणा से detail scope of work जिला खेल अधिकारी सिरसा द्वारा विचार–विमर्श किया जा चुका है। वास्तुकला विभाग से ड्राईंगस आनी शेष हैं।<br>गांव पिचोपा कला जिला चरखी दादरी में स्टेडियम के निर्माण के लिए 1300.02 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार हो गया है। मिसल प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के अनुमोदन हेतु दिनांक 19.06.2024 को प्रशासकीय शाखा को भेजी गई है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 699. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 104 क्या खेल कूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत गावं पिचोपा कलां में स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है ? | 10.08.2022<br>जी श्रीमान। गांव पिचोपा कलां में खेल स्टेडियम बनाने हेतु ड्राईंग तैयार की जा रही है। तत्पश्चात् अनुमानित लागत तैयार की जाएगी तथा संबंधित कार्यकारी एजैंसी द्वारा निर्माण शुरू किया जायेगा। | | |
| 700. | वर्ष 2023–24 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : उपाध्यक्ष महोदय, खेल के मामले में लीडिंग स्टेट तो हरियाणा पहले से ही है। जो मंत्री जी अवार्ड लेकर आये हैं, मुझे उसके बारे में सब मालूम है और मैं उसी का ही तो जिक्र कर रहा हूँ। हरियाणा को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है लेकिन सरकार उनके लिए जो कर | 21.03.2023<br>उपाध्यक्ष महोदय, अगर ऐसा है तो आगे से सैंटर गवर्नमैंट के हिसाब से पैरालम्पिक खिलाड़ियों को इनाम देने का काम किया जायेगा। | इस बारे में लिखा जाता है कि खेल विभाग, हरियाणा द्वारा पैरालम्पिक खिलाड़ियों को भी सामान्य खिलाडियों के बराबर का ईनाम प्रदान किया जा रहा है।<br>डैफ खिलाड़ी जो डीफ एण्ड डंब होता है के बारे लिखा जाता है कि इन खिलाड़ियों को नकद ईनाम की अधिसूचना दिनांक 05.09. 2019 के | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(10.07.2024) |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | रही है, वह सबके सामने है। एक खिलाड़ी होता है और एक पैरालम्पिक खिलाड़ी होता है जोकि डीफ एंड डंब होता है जो बोल नहीं सकता या सुन नहीं सकता या किसी प्रकार की कोई शारीरिक कमी इन खिलाड़ियों में होती है। इन खिलाड़ियों को भी बराबर का इनाम दिया जाना चाहिए। जबकि हमारे यहां ऐसा नहीं है। मध्य प्रदेश में, महाराष्ट्र में, राजस्थान में तथा सैंटर गवर्नमैंट में पैरालम्पिक खिलाड़ियों को भी बराबर का इनाम दिए जाने का प्रावधान है। | | अनुसार नकद ईनाम प्रदान किया जाता है। जो कि निम्न अनुसार है :– | |

| DEAFLYMPICS | |
|---|---|
| Gold | 1,20,00,000 |
| Silver | 80,00,000 |
| Bronze | 40,00,000 |
| Participatiion | 2,50,000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 701. | तारांकित प्रश्न संख्या 180 के सन्दर्भ में श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मेरे कालका विधान सभा क्षेत्र में मात्र 2–3 स्टेडियम्ज हैं। मेरे हल्के का रैयतर क्षेत्र बहुत बड़े ब्लॉक की तरह है। वहां पर आसपास 40–50 गांव हैं। अगर वहां पर पंचायत जमीन दे दे तो क्या वहां पर स्टेडियम बना देंगे ? उस एरिया में स्टेडियम की बहुत बड़ी डिमांड है। क्या वहां पर स्टेडियम बनवा दिया जाएगा ? | 04.03.2020<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जहां पर जरूरत है और जहां पर बच्चे खिलाड़ी बनना चाहते हैं, वहां पर डैफिनेटली मैदान बनाएंगे और मैदान खिलाड़ियों के लिए ही होते हैं। जो स्टेडियम होते हैं वे दिखाने के लिए होते हैं। जहां पर इन्टरनैशनल सुविधाएं होती हैं, उसको स्टेडियम कहते हैं और जहां पर प्रैक्टिस होती है उसको मैदान कहते हैं। जहां पर खिलाड़ियों की जरूरत होगी, वहां पर प्रैक्टिस ग्राउंड जरूर बनवाएंगे। जहां पर जिस गेम के खिलाड़ी हैं, उनको वह सुविधा जरूर देंगे। | इस संबंध में जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, पंचकुला अपने पत्र क्रमांक–2121, दिनांक 11.10.2021 के द्वारा सूचित किया गया है कि खण्ड पिंजौर के रायतन गांव में खेल मैदान बनाने हेतू खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारी, पिंजौर को पत्र लिखा गया था कि रायतन या इसके पास लगते किसी भी गांव में खेल मैदान बन सकता है अथवा नहीं। खण्ड विकास अधिकारी, पिंजौर द्वारा अपने पत्र दिनांक 07.05.2021 के | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(27.10.2021) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | द्वारा सूचित किया है कि रायतन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवों से रिपोर्ट ली गई है, जिसमें बताया गया है कि किसी भी ग्राम पंचायत में खेल स्टेडियम के नार्म अनुसार जगह उपलब्ध नहीं है। अतः आश्वासन संबंधी मुद्दा ड्रोप करवाया जाना प्रस्तावित है। | |
| 702. | श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्ना संख्याक 15:– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गांव खण्ड्रा में अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई थी परन्तु ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं किया गया है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक शुरूः पूरा किये जाने को संभावना है? | 15.12.23<br>(क) हाँ, श्रीमान। ग्राम खण्डरा में खेल परिसर बनाने की मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 26247 दिनांक 01.05.2022 को की गई थी। ग्राम पंचायत, खण्डरा द्वारा प्रस्तावित भूमि पर मुकदमा है और मामला अब दिनांक 10.01.2024 को सूचीबद्ध है। उपायुक्त, पानीपत से ग्राम खण्डरा या आस–पास के गांव में उपयुक्त वैकल्पिक भूमि की पहचान करने का अनुरोध किया गया है।<br>(ख) उपयुक्त भूमि उपलब्ध होते ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। | | |
| 703. | श्री अमरजीत ढांडा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न<br>संख्या :–18 क्या मुख्यमंत्री कृपया बतागें, कि:–<br>(क) यदि हां, तो उपरोक्त गांव खेड़ा–बख्ता, खरेंटी व आसपास के 5–6 गांवों में कोई खेल स्टेडियम नहीं है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों में खेल स्टेडियम का निर्माण कब तक किये जाने की सम्भावना है? | 15.12.23<br>(क) हाँ, श्रीमान। तथापि, जुलाना, जिला जीन्द में एक खण्ड स्तरीय स्टेडियम ग्राम खेड़ा– बख्ता से केवल 07 कि.मी. और ग्राम खरेंटी से 08 कि.मी. दूर है।<br>(ख) खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए गाम पंचायत खरेंटी से 30–10–2023 को प्राप्त एक मांग परीक्षणाधीन है। | | |
| 704. | मुख्यमंत्री द्वारा शून्यकाल में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों का जवाब | 19.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को कहना चाहूंगा कि वे डिपार्टमैंट के पास संबंधित लिस्ट भेज दें। उनके पास सारी सड़कों की लिस्टन है। बल्कि उनकी वेबसाईट पर हरेक सड़क का स्टेट्स भी लिखा हुआ है। आप वेबसाईट खोलकर सड़क का नम्बर लिखेंगी तो उस सड़क की पूरी डिटेल आ जाएगी कि वह सड़क कब बनी थी और कब उसकी डी.एल.पी. समाप्ती होगी और अब वर्तमान में क्या स्थिति है? इसके बाद भी अगर उससे संतुष्टि नहीं हैं और लिखकर दे देंगे तो हम उसको जरूर चौक करवाएंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | स्पोर्ट्स के नाते से माननीय सदस्ये श्री बलबीर सिंह जी ने अपनी बात रखी है। उनके कार्य क्षेत्र में गोल्डक मेडलिस्टर श्री नीरज चौपड़ा जी का खंडरा गांव है। मैंने इसमें अंतराष्ट्रीय खेल स्टेरडियम बनाने की घोषणा स्वयं की थी। वहां पर जमीन के दो हिस्सेर हैं जिसमें एक जगह पर 50 एकड़ पंचायती लैंड है और एक जगह पर 15 एकड़ लैंड है। गांव के लोगों की इच्छा है कि 15 एकड़ लैंड पर अंतराष्ट्रीय खेल स्टेडियम बनना चाहिए। लेकिन उस 15 एकड़ जमीन पर आपस में गांव के लोगों का कोई केस रेवैन्यूट कोर्ट में है। हम उसका रेवैन्यू कोर्ट में जल्दीम फैसला करवा देंगे। हालांकि जिन्होंने केस किया था उन्होंयने वर्बली मान भी लिया है कि हम अपना केस वापिस ले लेंगे और बहुत जल्दी उस 15 एकड़ लैंड पर ही गांव के लोगों की इच्छानुसार अंतराष्ट्रीय खेल स्टेडियम बनवा देंगे। | | 1052 |
| 705. | श्री कुलदीप वत्स, एम.एल.ए. द्वारा तारांकित प्रश्न संख्या 7 के संदर्भ में पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2019 में इस स्टेडियम की नींव रखी थी और इस संदर्भ में माननीय मंत्री जी ने जवाब दिया है कि यह काम अभी बाकी है। मैं माननीय मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहना चाहूंगा कि ठेकेदार ने इस स्टेडियम से करीबन—करीबन 20 से 25 फुट मिट्टी उठाने का काम किया था और इस वजह से उस पर 60 लाख रूपये का जुर्माना भी हुआ था। माननीय मंत्री जी खुद यह कह रहे हैं कि इस स्टेडियम का काम पूरा नहीं हुआ है जबकि यहां के डी.सी. साहब आये दिन स्टेडियम के एक कोच पर दबाव बना रहे है कि वे इस स्टेडियम को हैंडओवर करें। अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी हमेशा ईमानदारी की बात करते हैं। अतरू मैं सदन के माध्यम से उनसे मांग करता हूँ कि वे इस पूरे मामले की | 21—02—2024<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि मेरे पास स्टेडियम की बिल्डिंग की लेटैस्ट पिक्चर्ज हैं जो कम्पलीट हो चुकी है। दूसरी बात यह है कि इस बिल्डिंग की बनने की तकरीबन कॉस्ट 19 करोड़ 77 लाख रूपये थी। माननीय सदस्य का पहले यह कहना है कि वर्ष 2016 में इसका काम आरम्भ हुआ है लेकिन अब वे कह रहे हैं कि इसका काम वर्ष 2019 में शुरू हुआ है। अध्यक्ष महोदय, असली में इसका काम दिनांक 28.12.2020 को शुरू हुआ था। इस स्टेडियम का बिल्डिंग वर्क पूरा कम्पलीट है और बिल्डिंग के बाद इसमें जो आठ गेम्ज के लिए चाहे वे एथलैटिक्स ट्रैक, फुटबाल ग्राउण्ड, बॉस्केट बॉल ग्राउण्ड, वॉलीबॉल कोट, टैनिस कोट, कबड्डी, हॉकी और हैंड बॉल है, इनका 30 परसेंट वर्क कम्पलीट हो चुका है। चार दीवारी तीन साइड से कम्पलीट हो चुकी है। एक साइड पर पंचायत की जमीन साथ लगती है जो बहुत ज्यादा गहरी है। उसके कारण से वहां दीवार की स्ट्रैंथ नहीं हो सकती जिसके कारण से वहां वॉयर का भी प्रावधान बनाया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, मैंने अपने प्रश्न के रिप्लाई में भी मैंशन किया हुआ है कि | | 1053 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जांच करवाने का काम करें। इस स्टेडियम की टोटल लैंड 26 एकड़ लैंड से ठेकेदार ने 20 से 25 फुट मिट्टी उठाने का काम किया है। इस मिट्टी की कीमत करीबन–करीबन 8 से 10 करोड़ रूपये बनती है। अध्यक्ष महोदय, आज गांव के सभी लोगों का इसके लिए पूर्ण रूप से विरोध है। किसी न किसी मिलीभगत के कारण ही इस स्टेडियम के कार्य में दिक्कत आ रही है। यहां पर न स्विमिंग पुल बना है, न पूरी चारदीवारी बनी है और न ही ट्रैक बना है। यही नहीं बिल्डिंग का काम भी अधूरा पड़ा है और बावजूद इसके डी.सी. साहब कोचिज को कह रहे हैं कि वे इस स्टेडियम को हैंड ओवर करें। जब स्टेडियम का काम ही पूरा नहीं हुआ है तो इसको किस प्रकार से स्टेडियम को हैंड ओवर किया जा सकता है। | डिपार्टमैंट की तरफ से खेल मैदनों का सारा कार्य दो महीनों में कम्पलीट होगा। यदि माननीय सदस्य इस संबंध में लिखित रूप में कोई एप्लीकेशन देते हैं और एक्शन की बात करते हैं तो हम डैफिनेटली एक्शन भी लेंगे। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 706. | श्री असीम गोयल, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न 18– <br> क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राजीव गांधी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स सेक्टर 10, अम्बाला शहर में हॉकी के लिए सिंथेटिक टर्फ बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक बिछाए जाने की संभावना है? | 21–02–2024 <br> हाँ, श्रीमान। राजीव गांधी खेल परिसर, सैक्टर–10, अम्बाला में हॉकी सिंथेटिक टर्फ बिछाने की मांग माननीय विधायक और जनसंवाद के माध्यम से प्राप्त हुई है, जो वर्तमान में खेल विभाग के विचाराधीन है। | | |
| 707. | श्री जगबीर सिंह मलिक, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 64ः <br> (क) : **** <br> (ख) पदक विजेता खिलाडिय्यों को लंबित नगद पुरस्कारों का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है? | 22–02–2024 <br> (क) : **** <br> (ख) लंबित नकद पुरस्कार पात्र खिलाडियों को अगले वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में वितरित किए जाने की संभावना है। | | |
| 708. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्नग संख्या 77ः <br> (क) : **** <br> (ख) दादरी जिले में गांव चांदवास, झोझू कलां, मकडाना, अचीना तथा छप्पार के राजीव गांधी खेल स्टेडियमों का नवीनीकरण तथा मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है? | 22–02–2024 <br> (क) : **** <br> (ख) गांव चांदवास, झोझू कलां, मकडाना, अचीना तथा छप्पार के खेल स्टेडियमों सहित राज्यो में खेल अवसंरचनाओ के रख–रखाव का प्रस्तोव विचाराधीन है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 709. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23–02–2024<br>मैं पिछले वर्ष आवंटित 1100 खेल नर्सरियों के अलावा, वित्त वर्ष 2024–25 में 400 खेल नर्सरी स्थापित करने का प्रस्ताव करता हूं। वर्ष 2024–25 में मुक्केबाजी और कुश्ती में दो उच्च प्रदर्शन केंद्र क्रमशः पानीपत और सोनीपत में स्थापित किगए जाएगें। इन उच्च प्रदर्शन केन्द्रों का नाम उस क्षेत्र के प्रमुख खिलाड़ियों के नाम पर रखा जाएगा जिन्होंने अतीत में राज्य को गौरवान्वित किया है। | | |
| 710. | श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 62 :<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों में खेल स्टेडियम बुरी अवस्था में है; तथा<br>(ख) क्या झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विभिन्न गांवों जैसे–गांव बिरधाना, बहु, जमालपुर, मातनहेल, कबलाना, बिरहोड़, सुरेहती, खेड़ी होसादरपुर, कोंद्रावाली तथा खाचरौली, तला में ट्रैक, चारदीवारी, उपकरण, पीने का पानी तथा शौचालयों की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैय यदि हां, तो उपरोक्त सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है? | 27.02.2024<br>(क) XX<br>मातनहेल, तलाओं और कबलाना में खेल विभाग के स्टेडियमों में पहले से ही ट्रैक, चारदीवारी, उपकरण, पेयजल और शौचालय की सुविधाएं हैं। इसके अतिरिक्त, आवश्यकता अनुसार उनके रखरखाव के लिए अनुमानित प्राकलन तैयार किए जा रहे हैं।<br>विकास एवं पंचायत विभाग के अधीन आने वाले बिरधाना, बहु, जमालपुर, बिरहोड़, सुरेहती, खेड़ी होसादरपुर, कोंद्रावाली और खाचरौली के स्टेडियमों में वर्तमान में केवल ट्रैक और चारदीवारी की सुविधा है। इन गांवों में खेल अवसंरचानाओ के रखरखाव और नए कार्य, आवश्यकता अनुसार विकास एवं पंचायत विभाग / ग्राम पंचायत द्वारा किए जाएगें। | | |
| 711. | श्री आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 118 :<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :<br>(क) क्या जिला मुख्यालय, नूंह में एक खेल स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;<br>(ख) यदि हां, तो उक्त खेल स्टेडियम को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं? | 27.02.2024<br>(क) हां, श्रीमान।<br>(ख) मुख्यमंत्री घोषणा क्रमांक 25693 दिनांक 27.11.2021 के अनुसरण में उपयुक्त स्थल की पहचान के चल रहे कार्य को पूरा करने के बाद निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। | | |
| 712. | श्री भारत भूषण बतरा द्वारा डिमांड न. 13 के संदर्भ में पूछा गया अनुपूरक प्रश्नारू अध्यमक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नं. 13 पर बोलना चाहता हूं। इसमें रेवेन्यू एक्सयपैंडीचर 30 करोड़ रुपये | 18.11.2024<br>अध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह विषय डिमांड से संबंधित नहीं है लेकिन माननीय विधायक बतरा जी ने कहा है तो मैं आपके माध्यम से एक बात इस महान् सदन के ध्यान में लाना | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | का है और कैपिटल एक्सपैंडीचर 214 करोड़ रुपये का है। मैं यह फिगर राउंड फिगर में बता रहा हूं। रोहतक में 112 एकड़ में राजीव गांधी खेल स्टेडियम बना हुआ है। अध्य क्ष महोदय, मैं आपके माध्य म से माननीय खेल मंत्री जी से रिक्वै्स्टक करना चाहता हूं कि वे एक बार वहां पर विजिट कर लें। सरकार की प्रॉपर्टी की बुरी हालत हो रही है। 112 एकड़ में बनी इस प्रॉपर्टी पर सरकार का करोड़ों रुपया खर्च हुआ है तो उसकी सम्भाल होनी चाहिए। वहां पर न तो रनिंग ट्रैक है न हॉकी का ट्रैक है। वहां पर कुश्ती और हॉकी के लिए भी कोई सुविधा नहीं है और एक क्रिकेट स्टेडियम भी बना हुआ है लेकिन वह भी केवल नाम मात्र का बना हुआ है। उसमें से एक पोर्शन साई को दिया हुआ है केवल वही बॉक्सिंग वाला पोर्शन मेनटेन है। सरकार का उस पर इतना पैसा खर्च हो | चाहूंगा कि हमने सभी विधायकों से उनके काम मांगे थे लेकिन बहुत से विधायकों ने अपने काम नहीं दिये हैं। जो कहा गया है वह पूरा होगा। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | रखा है तथा हम इतने प्लेयर देते हैं तो स्पोसर्ट्स स्टेडियमों को मेनटेन भी अवश्य करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि एक बार रोहतक में विजिट करके इसको देख लिया जाये तथा जो–जो कमियां हैं उनको दूर करवाया जाये। अब मैं जनरल एडमिनिस्ट्रेशन पर अपनी बात रखना चाहता हूं। जिस समय श्री मनोहर लाल जी मुख्यमंत्री थे उस समय उन्हों ने 5–5 करोड़ रुपये प्रत्येक विधायक को वेगी ग्रांट की घोषणा हुई थी। जो विधायक दोबारा से चुन कर आए हैं वे इस बात को जानते होंगे लेकिन वह पैसा अभी तक खर्च नहीं हुआ है। | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**FOREST & WILD LIFE DEPARTMENT**

*Note :*—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 26.12.2022 | | |
| 713. | श्री अमरजीत ढांडा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 1 क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि :–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना निर्वाचनक्षेत्र के गांव जुलाना से रिंडाना वाया लिजवाना कलां की सड़क के मरम्मत के संबंध में अनापत्ति पत्र लेने के लिए आवेदन वन विभाग के पास पिछले डेढ़ वर्ष (03.03.2021) से लम्बित है तथा जिस कारण से मरम्मत कार्य अब तक आरम्भ नहीं हुआ है जबकि लोक निर्माण विभाग से निधियां पहले ही जारी हो चुकी हैं; तथा<br>(ख) यदि हां, तो वन विभाग द्वारा उक्त एन.ओ.सी. (अनापत्ति प्रमाण) पत्र कब तक जारी किए जाने की संभावना है ताकि उक्त मरम्मत कार्य को निष्पादित किया जा सके ? | (क) जुलाना से लिजवाना कलां होते हुए रिंधाना तक सड़क की मुरम्मत व चौड़ा करने के लिए वन भूमि के उपयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र का प्रस्ताव लंबित है।<br>भारत सरकार द्वारा इस प्रस्ताव की सैधांतिक स्वीकृति दिनांक 22–12–2022 को जारी की गई है। अब प्रयोक्ता ऐजेंसी, लोक निर्माण विभाग (भवन और सड़क) का भारत सरकार द्वारा जारी सैधांतिक स्वीकृति की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।<br>(ख) उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र की समय सीमा प्रयोक्ता ऐजेंसी द्वारा सैधांतिक स्वीकृति की अनुपालना रिपोर्ट पर निर्भर करती है। जैसे ही प्रयोक्ता ऐजेंसी से परिवेश पोर्टल पर अनुपालना रिपोर्ट प्राप्त होगी, वन विभाग द्वारा तुरन्त भारत सरकार को अंतिम स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। | (क) जुलाना से लिवानाउ कलां होते हुए रिंधाना तक सड़क की मुरम्मत व चौड़ा करने के लिए वन भूमि के उपयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र का प्रस्ताव लंबित है। भारत सरकार द्वारा इस प्रस्ताव की सैद्धांतिक स्वीकृति दिनांक 22.12.2022 (प्रति संलग्न) को निम्नलिखित शर्तों पर जारी की गई है। शर्तों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–<br>शर्त सं0 2(A)(i से vi) प्रयोक्ता एजेन्सीकोसी.ए., ए.सी.ए, एन.पी.वी. इत्यादि की राशि चालान के माध्यम से जमा करवाई जाएगी।<br>शर्त सं0 2(A)(vii) प्रयोक्ता एजेन्सी को अंडरटेकिंग प्रस्तुत की जाएगी कि उनके मण्डल के पास स्टेज–1 की अनुपालना के लिए ऐसा अन्य कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।<br>शर्त सं0 2(A)(ix) वनमंडल अधिकारी को अंडरटेकिंग देनी होगी कि बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के सी.ए. व ए.सी.ए. साईट नहीं बदली जाएगी।<br>शर्त सं0 2(A)(x) नोडल अधिकारी (स्टेट कैम्पा) द्वारा अंडरटेकिंग देनी होगी कि सी.ए. व ए.सी.ए. स्कीम के अनुसार बजट वन मण्डल अधिकारी को उपलब्ध करवाएंगे।<br>शर्त सं0 2(B) प्रयोक्ता एजेन्सी को अंडरटेकिंग देनी होगी कि शर्त सं0 2(B)(i to xxiv) की अनुपालना की जाएगी।<br>(ख) प्रयोक्ता द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी की गई सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त सं0 2(B) की अनुपालना नहीं की गई है। प्रयोक्ता एजेन्सी को पूर्ण अनुपालना रिपोर्ट पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने के लिए प्रस्ताव को वापिस कर | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(02.08.20223) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | दिया गया है। अनुपालना प्रयोक्ता एजेन्सी के पास लंबित है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पूर्ण अनुपालना रिपोर्ट भेजने पर प्रस्ताव भारत सरकार को अन्तिम स्वीकृति हेतु भेज दिया जाएगा। | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 25.08.2023 | | |
| 714. | तारांकित प्रश्न संख्या 3 के संदर्भ में डॉ0 अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न कुछ और थे जबकि माननीय मंत्री जी जवाब कुछ और ही दे रहे हैं। मेरा प्रश्न था कि (क) नांगल चौधरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के धोलेड़ा क्रशिंग जोन में गत एक वर्ष के दौरान का वायु गुणवत्ता डाटा क्या है ? इसके जवाब में मंत्री जी ने कहा है कि नारनौल मिनी सचिवालय पर एक मॉनिटरिंग सिस्टम लगा हुआ है जबकि नारनौल मिनी सचिवालय धोलेड़ा क्रशिंग जोन से 10 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर है। इसलिए यहां का डाटा क्रशिंग जोन का डाटा नहीं हो सकता। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह मेरा प्रश्न था कि (ख) क्या प्रभावित क्षेत्र में आस–पास के गांवों के नागरिकों के स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के प्रभाव पर कोई अध्ययन किया गया है ? इसके जवाब में मंत्री जी ने बताया है कि जुलाई माह में एक हैल्थ चेक अप कैम्प लगाया गया था। अध्यक्ष महोदय, हैल्थ चेकअप कैम्प में बल्ड प्रेशर तथा प्लस रेट नापने से पॉल्यूशन के इम्पैक्ट का पता नहीं होता। पॉल्यूशन इम्पैक्ट के लिए तो एक डीप स्टडी करनी होती है जिसमें एक्सरा तथा लोगों की श्वांस वगैरा की जांच करनी होती है। अध्यक्ष महोदय, मैं यह सारी बात स्पेशल इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मेरे हल्के के गांव मेघोट बिनजा में ऑलरेडी सिलिकोसिस का एक केस हो चुका है जिसमें उस पेशेंट की डेथ भी हो चुकी है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह मेरा प्रश्न था कि | स्पीकर सर, माननीय सदस्य ने जो सुझाव दिये वे सभी बहुत अच्छे हैं। एक तो उन्होंने यह कहा कि जो कंवेयर है उसको कवर करवाया जाये। हम इस पर निश्चित तौर पर विचार करेंगे। दूसरी बात उन्होंने फव्वारे लगाने की बात कही है और साथ में पानी के अरेंजमैंट के बारे में भी बताया है। हम इस पर भी विचार करेंगे। जो उन्होंने वहां पर पेड़ लगाने की बात कही है कि 350 पेड़ लगाने किसी भी स्टोन क्रैशर के लिए जरूरी हैं। इसकी प्रॉपर चौकिंग करवाई जायेगी और अगर किसी ने नहीं लगाये होंगे तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। वहां पर पेड़ भी लगवाये जायेंगे। उन्होंने पॉल्यूशन की भी बात की है। मैंने इनको पहले भी बताया था कि महेन्द्रगढ़ में स्टोन क्रैशर जोन के निकट 5 वायु गुणवत्ता सुधार स्टेशन लगाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्दी ही इस काम को भी कर दिया जायेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ग) क्या इस क्षेत्र की वायु गुणवत्ता को सुधारने तथा प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य मापदंडों की निगरानी करने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं ? इसके जवाब में माननीय मंत्री जी ने कहा है कि नांगल चौधरी हल्के में 70,000 पौधे लगा दिए गए हैं। इस बात को मैं मानता हूं कि हल्के में पौधे लगाए गए हैं लेकिन क्रशिंग जोन में या तो पेड़ लगाए नहीं गए और अगर लगाए गए हैं तो उन्होंने सर्वाइव नहीं किया। अध्यक्ष महोदय, सिर्फ पेड़ लगाने से क्रशिंग जोन की डस्ट कंट्रोल नहीं हो सकती है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह मैंने पूछा था कि (घ) क्या इस क्षेत्र में प्रदूषित धूल को रोकने के लिए कोई विशेष उपकरण लगाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? इसके जवाब में माननीय मंत्री जी ने कहा है कि पक्की रोड बना दी गई और वहां जुलाई | | | |
| | के माह में मैन्यूअल मॉनिटरिंग सिस्टम शुरू किया है। यह शायद मेरे प्रश्न भेजने के बाद में शुरू किया गया है। उसका रिप्लाई एनैक्सचर–2 में दिया हुआ है। मैंने इसमें एयर सैम्पल की बजाय एयर क्वॉलिटी का प्रश्न पूछा था। इसमें लिखा है कि "Water Supply Boosting Station of PHED at Village Dholera] Nangal Chaudhary" उसके सैम्पल्स लिए गये हैं और रिमार्क्स के कॉलम में लिखा है कि– "The values are eÛceeding the prescribed standards of National Ambient Air Quality". मुझे तो यह समझ में नहीं आता कि पानी के सैम्पल से एयर की क्वॉलिटी की कैसे जांच हो गई? Anyway, मेरा निवेदन सिर्फ यह है कि 30 साल पहले माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एस.सी. मेहता वर्सिज यूनियन ऑफ इंडिया के केस में पॉल्यूटर पेज का एक प्रिंसीपल लेड डाउन किया उसमें यह कहा था कि जो एनवायरनमैंट को डैमेज करेगा वह उसके लिए खर्च देगा। जो लोग एनवायरनमैंट को डैमेज कर रहे हैं सरकार उनके ऊपर टैक्स लगाये और कोई ऐसी | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | डिवाईस वहां पर लगाये जिससे वहां का पॉल्यूशन कंट्रोल हो। (विघ्न)<br>***<br>अध्यक्ष जी, मैं यह एक बात तो यह पूछ रहा हूं कि कम से कम उनकी जो डस्ट की कंवेयर बैल्ट है जहां से डस्ट नीचे गिरती है क्या उनको कवर करने की सरकार के पास कोई योजना है? जिससे उनको कवर कर दिया जाये ताकि डस्ट ओपन एयर में न जाये। मेरी पहली सप्लीमैंटघे तो यह है। दूसरी सप्लीमैंट्री यह है कि क्या सरकार की वहां पर हाई राईजिंग वॉल बनाने की कोई प्रपोजल है? तीसरी सप्लीमैंट्री यह है कि क्या वहां पर स्प्रिंकलर सैट्स या फव्वारे लगाने की कोई प्रपोजल है। मैं सरकार को पानी का सोर्स भी बताना चाहता हूं। वहां से दो किलोमीटर दूर बकरीजा की माईन्स हैं उनकी गहरी खुदाई हो चुकी है जहां पर सारी जगह पानी भरा है। | | | |
| | अगर वहां से पानी लेकर उसके ऊपर रेगूलरली स्प्रिंकलिंग करवा दी जाये तो भी डस्ट कंट्रोल हो सकती है। एक बात मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि मैं सैकिण्ड टाईम इस प्रश्न को लेकर आया हूं। पिछली विधान सभा में जब मननीय विपुल गोयल जी उद्योग मंत्री थे उन्होंने उस समय यह कहा था कि हम हर हफ्ते रेगूलरली इसकी मॉनीटरिंग करवायेंगे। अध्यक्ष जी, इस हाऊस में एश्योरैंस देने के बाद भी अगर कुछ भी काम नहीं होता तो फिर उस प्रश्न को लेकर हाऊस में दोबारा आना ही पड़ता है। मेरा निवेदन यह है कि लोगों की हैल्थ बहुत ज्यादा जरूरी है। सस्टेनेबल डिवैल्पमैंट का कांसैप्ट सारी दुनिया को पता है। हम कहते हैं कि वहां पर पत्थर पीसे जायें लेकिन ऐसा काम न किया जाये जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो। मैं तो मंत्री जी से सिर्फ यह आश्वासन चाहूंगा कि वे इस समस्या का प्रॉपर इलाज जल्दी से जल्दी करवा दें। | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

28.08.2023

715. श्री चिरंजीव राव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 33—

(क) क्या यह तथ्य है कि बारिश के पानी के साथ रसायन युक्त पानी भिवाड़ी से धारूहेड़ा कस्बे में घुस जाता है तथा धारूहेड़ा के पार्कों, सेक्टर 4 तथा सेक्टर 6 में बाढ़ आ जाती है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

क. ***

ख. समस्या के समाधान के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने राजस्थान सरकार के साथ विभिन्न स्तरों पर नियमित पत्राचार, क्षेत्र का मुआयना करने तथा संयुक्त बैठके आदि के रूप में सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। पूर्वोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम अनुबन्ध –1 पर दिए गए है।

**अनुबंध –1**

धारूहेड़ा में बहने वाले भिवाड़ी से अनुपचारित बहिःस्त्राव के मामले के समाधान के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने विभिन्न स्तरों पर नियमित पत्राचार, क्षेत्र का मुआयना करने तथा संयुक्त बैठके आदि के रूप में राजस्थान सरकार के पास मामला उठाया है जिसके ब्योरे निम्न अनुसार हैं:—



1. दिनांक 01.09.2022 को श्री राव इन्द्रजीत सिंह, माननीय राज्य मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली ने समस्या के ठोस समाधान का पता लगाने के लिए राजस्थान सरकार तथा हरियाणा सरकार के अधिकारियों के साथ धारूहेड़ा में एक बैठक की है तथा राजस्थानसरकार के अधिकारियों को विभिन्न निर्देश जारी किए थे।
2. दिनांक 09.03.2023 को अध्यक्ष हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंचकूला ने समस्या की छानबीन करने के लिए जिला प्रशासन, रेवाड़ी के अधिकारियों के साथ धारूहेड़ा में एक बैठक की थी।
3. दिनांक 04.07.2023 को मामले पर चर्चा करने के लिए भिवाड़ी (राजस्थान) में दोनों राज्यों के अधिकारियों सहित उपायुक्त, रेवाड़ी तथा जिला कलक्टर, अलवर के बीच एक बैठक की गई थी।
4. दिनांक 30.07.2023 को हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री ने राजस्थान सरकार तथा हरियाणा सरकार के अधिकारियों के साथ धारूहेड़ा में एक बैठक की थी तथा भिवाड़ी से आने वाले अनुपचारित बहिःस्त्राव को रोकने तथा भिवाड़ी (राजस्थान) में उल्लंघन करने वाले

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | उद्योगों का निरीक्षण करने हेतु 24 घण्टे के भीतर एक संयुक्त टीम गठित करने के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए थे। जिला प्रशासन, रेवाड़ी ने 20 घण्टे के भीतर एक टीम पहले ही गठित कर दी है किन्तु जिला कलक्टर, अलवर द्वारा अभी तक कोई टीम गठित नहीं की गई है। | | |
| | | 5. हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दिनांक 21.08.2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री को एक डी.ओ. पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है, कि वह अपने अधिकारियों को संयुक्त समिति का हिस्सा बनने का निर्देश दे जो समय–समय पर बैठक एवं निगरानी करें, और इस समस्या को कम करने के लिए अंतरिम कदम उठाऐं, जब तक माननीय हरित राष्ट्रीय अधिकरण (एन0जी0टी0) के निर्देशों के अनुसार अंतिम समाधान लागू न हो। | | |
| | | 6. जिला प्रशासन, रेवाड़ी ने अनुपचारित बहिःत्राव की निगरानी करने के लिए धारूहेड़ा में भिवाड़ी से बहिःस्त्राव के प्रवेश बिन्दु पर एक रियल टाईम जल गुणवता मॉनीटरिंग स्टेशन (आर टी डब्ल्यू क्यू एम एस), 03 फलो मीटर लगाना तथा 03 सी0 सी0 टी0 वी0 कैमरे लगाए जाने प्रस्तावित किए है। | | |
| | | 7. हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रेवाड़ी तथा भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन0 एच0 ए0 आई0) ने धारूहेड़ा (हरियाणा) में भिवाड़ी (राजस्थान) से आने वाली अनुपचारित बहिःस्त्राव के बारे में शिकायत दायर की है तथा एफ आई आर धारूहेड़ा (हरियाणा) में भिवाड़ी (राजस्थान) से अनुपचारित बहिःस्त्राव के निरन्तर निर्वहन के लिए पुलिस विभाग द्वारा दायर की गई है। | | |
| | | 8. धारूहेड़ा हरियाणा में भिवाड़ी, राजस्थान से प्रवाहित होने वाले अनुपचारित बहिःस्त्राव के हरियाणा तथा राजस्थान से अधिकारियों की टीम द्वारा संयुक्त नमूने नियमित रूप से लिए जा रहे है बहिःस्त्राव के पैरामीटर निर्धारित सीमा से अधिक है तथा नमूना रिपोर्ट आवश्यक | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | कार्रवाई करने के लिए राजस्थान के प्राधिकारियों के साथ सांझा की है। | | |
| | | 9. जैसा कि राजस्थान सरकार की विभिन्न एजेंसियां धारूहेड़ा में भिवाड़ी से प्रभावित होने वाले अनुपचारित बहिःस्त्राव को रोकने के लिए माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन जी टी) द्वारा अपने आदेश दिनांक 12—12—2017 द्वारा जारी निर्देशों की पालना नही की है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पूर्वोक्त मामले में एक निष्पादन आवेदन नं0 42/2019 फाईल किया है तथा माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन0 जी0 टी0) ने राजस्थान सरकार की विभिन्न एजेंसियों अर्थात राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास तथा निवेश निगम लिमिटेड (आर0 आई0 आई0 सी0 ओ0), नगर परिषद, भिवाड़ी, भिवाड़ी जल प्रदूषण नियन्त्रण न्यास (बी0 जे0 पी0 एन0 टी0) पर आदेश दिनांक 9—10—2021 द्वारा 3,158.52 | | |
| | | लाख रूपए का पर्यावरणीय मुआवजा अधिरोपित किया है। इसके अतिरिक्त राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दायर निष्पादन आवेदन नं0 42/2019 में माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन0 जी0 टी0) द्वारा पारित आदेश दिनांक 29—10—2021 को स्थगित करने के लिए माननीय भारत के सर्वोच्च न्यायालय तथा शीर्ष न्यायालय में पहुँच की है तथा सर्वोच्च न्यायालय ने माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा प्रारित आदेश दिनांक 29—10—2021 को स्थगित कर दी है। स्थगन को रद्द करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सम्मुख दिनांक 28.06.2023 को काऊँटर शपथपत्र दायर किया है तथा इस समय मामला माननीय अपैक्स न्यायालय के सम्मुख न्यायाधीन है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 716. | तारांकित प्रश्न संख्या 13 के सन्दर्भ में श्री राम कुमार कश्यप द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपके माध्यम से इसके लिये माननीय मुख्यमंत्री महोदय व माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी को बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने राज्य में पुराने पेड़ों को संरक्षित करने के लिये 'हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन योजना' शुरू की है। जिसमें 75 वर्ष या उससे अधिक वायु के पेड़ों के संरक्षण के लिए पेड़ के संरक्षक को 2750/– रुपये प्रति वर्ष भुगतान का प्रावधान किया है। अध्यक्ष महोदय, सरकार की यह योजना बहुत ही स्वागत योग्य है। मेरा मूल प्रश्न यह है कि जैसे सरकार ने 'वृद्धावस्थाह सम्मान भत्ता योजना' अगले वर्ष यानी 2024 से 3 हजार रुपये प्रति महीना करने की घोषणा की हुई है, क्या इन पेड़ों के लिये भी इनकी पेंशन बढ़ाने का काम सरकार करेगी ? | 15.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, इन संरक्षित पेड़ों की पेंशन भी 3 हजार रुपये प्रति महीना देना शुरू कर देंगे। मेरे कहने का मतलब यह है कि जैसे–जैसे 'वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना' में बढ़ोत्तरी होगी वैसे–वैसे 'हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन योजना' में भी बढ़ोत्तरी होगी। | | |
| 717. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024.<br>मैंने घोषणा की थी कि राज्य सरकार, भारत सरकार के साथ सांझेदारी में गुरुग्राम और नूंह जिलों में 10,000 ,कड़ भूमि पर अरावली सफारी पार्क स्थापित करेगी। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि परियोजना डिजाइन के लिए अनुबंध किया जा चुका है और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को प्रस्तुत करने के लिए डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। इसका कार्य वित्त वर्ष 2024–25 के अंत में शुरू होने की संभावना है। | | |
| 718. | तारांकित प्रश्न संख्याा 63 के संदर्भ में श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, इसमें सबसे पहले यह होना चाहिए था जो फोरैस्ट विभाग ने मोरनी में मीरों से जमीन ले रखी है वह अपनी जमीन की निशानदेही करवाने का काम करे। फोरैस्ट विभाग वाले अपनी जमीन को अलग से निकाले। वे वहां के जमींदारों को कहते हैं कि यह हमारी जमीन है। जो फोरैस्ट विभाग ने मीरों से इतनी जमीन खरीद रखी है उसकी निशानदेही सबसे पहले करवाने का काम करें। | 27.02.2024.<br>अध्यक्ष महोदय, जहां तक निशानदेही की बात है तो मैं अभी इसके बारे में बोलकर हटा हूं, शायद माननीय सदस्य ने सुना नहीं है। बहुत सा एरिया ऐसा है जहां हमारे सिविलियंस ने फोरैस्ट की जमीन पर मकान बनाये हैं और फोरैस्ट ने सिविलियंस की जमीन पर पेड़ लगाये हैं। जब तक हम 14 के 14 भोजों की रोवर्ज के माध्यम से मैपिंग नहीं कर पायेंगे तब तक डिमार्केशन का सवाल नहीं उठता है। जैसे ही इस जमीन की डिमार्केशन कम्पलीट हो जायेगी, सरकार आगे की कार्यवाही करेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**TOURISM DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 719. | श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 110 : क्या पर्यटन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ऐतिहासिक तथा प्रसिद्ध पर्यटक स्थल, बड़खल झील फरीदाबाद का पुनर्नवीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब कार्यान्वित किए जाने की संभावना है? | 12.3.2015<br>श्रीमान् जी, फरीदाबाद की बड़खल झील के पुर्नउद्धार की संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रस्ताव है। ****<br>अध्यक्ष महोदय, मेरी विधायिका ने जो बड़खल झील में पानी की व्यवस्था करने की बात की है हम इस पर विचार कर रहे हैं। उनका आंकलन ठीक है कि पहले झील में पानी होता था परन्तु बरसातें कम हुई और जो राजस्थान से पानी आता था वह भी रूक गया। इस बड़खल झील में पानी भरा जाए यह भी हमारे अगले विस्तार के अन्दर एक बिन्दु है। | भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा शुरु किए गए स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बडखल झील परियोजना का विस्तार एक अनुमोदित परियोजना है। माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा भी बडखल झील के विस्तार हेतू घोषणा संख्या 10196 की गई है जो कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फरीदाबाद द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। बडखल झील कायाकल्प परियोजना के प्रमुख घटकों की स्थिति निम्नानुसार है:–<br>स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फरीदाबाद ने सूचित किया है कि बडखल झील को भरने के लिए ट्रीटेड वेस्ट वाटर उपलब्ध कराने के लिए 4 कि0मी0 लंबी पाइपलाइन के साथ 10एम0एल0डी0 एस0टी0पी0 की स्थापना से संबधित 10 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बाकी घटकों के सम्बन्ध में यानी लेक फ्रंट डेवलपमेंट, सरफेस पार्किंग, लेक बंध सहित (झील के तल) की मजबूती हेतू एक डी0पी0आर0 तैयार की जा रही है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फरीदाबाद द्वारा आवश्यक मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव संख्या FP/ HT/ Others/ 41689/ 2019 दिनांक 20.08.2019 को वन विभाग को प्रस्तुत किया गया था जो कि अभी वन विभाग की अनुमति के विचाराधीन है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(13.1.2021) |
| 720. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में | 5.03.2018<br>कुरुक्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए, स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत कृष्णा सर्किट का विकास किया जा रहा है। हम इस परियोजना के तहत ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर, नरकातारी, सन्निहित सरोवर तथा कुरुक्षेत्र की शहरी अवसंरचना का विकास करेंगे। | **1. ब्रह्म सरोवरः**– मल्टीप्रपज पर्यटन सूचना केन्द्र, रेलिंग, गजीबो, पार्किंग, लाईटिंग, म्यूरल पेंटिंग, डस्ट बिन्स, बेंचिज, नया प्रसाधन खंड, फसाड, फर्श, स्त्री स्नान घाट, परिक्रमा पाथ आदि का कार्य दिनांक 14.12.2016 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 15.07.2019 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 2516.00 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है।<br>म्यूजिकल फव्हारामय मल्टीमिडिया शो को कार्य 1600.00 लाख की लागत | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(13.1.2021) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | से भारतीय पर्यटन विकास निगम, दिल्ली द्वारा एक डिपोजिट कार्य के रूप में किया जा रहा है जिसके लिए 320.00 लाख रू0 की राशि जारी की जा चुकी है। भारतीय पर्यटन विकास निगम ने कार्यकारी एजैंसी को कार्य दिनांक 17.01.2020 को आंबटित कर दिया है, परन्तु एक निश्चित प्रकार के प्लेटफॉर्म में डिजाईन परिवर्तन के कारण आई0टी0डी0सी0 के साथ मामले पर पुर्नविचार किया जा रहा है जैसा कि टैंडर में परिवर्तन आवश्यक होगा।<br>**2. नरकातारी का विकासः**— शोपिंग क्षेत्र, बहुददेशीय भवन, प्रशाधन, चारदिवारी पैदल मार्ग, पार्किंग, विष्णु सहस्त्रानाम पर स्टोन रेलिंग इत्यादि का कार्य दिनांक 23.04.2018 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 15.07.2019 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 129.93 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है।<br>**3. सन्नहित सरोवर का विकासः**— स्नान घाट, आर सी सी रेलिंग लेक, गजीबो, बेंच, डस्टबिन, प्रशाधन, चारदिवारी पैदल मार्ग, परिक्रमा पथ पर शेड इत्यादि का कार्य दिनांक 26.04.2017 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 30.11.2019 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 413.04 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है।<br>**4. सी सी टी वी** की निविदा इस माह के अंत तक सुनिश्चित कर दी जाएगी।<br>**5. शहर की आधारभूत सरंचना का विकासः**—इस कार्य की राशि उपायुक्त कुरूक्षेत्र को स्थानांतरित कर दी गई थी तथा सार्वजनिक शौचालय, पर्यटन सूचना केंद्र, पैदल मार्ग, संकेतक, डस्टबिन, बाहरी लाईट व्यवस्था, पानी के कूलर का कार्य दिनांक 26.04.2017 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 31.07.2020 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 505.95 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है।<br>**6. ज्योतिसर का विकास कार्यः**— इस विकास कार्य के लिए धनराशि कार्यकारी अभियंता हरियाणा लोक | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | निर्माण विभाग (भवन व सडकें) को स्थानांतरित कर दी गई थी व उनके द्वारा दिनांक 26.04.2017 को कार्य शुरु करते हूए 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 2507.88 लाख रु0 की राशि खर्च की जा चूकी है। महाभारत से संबधित घटनाओं के सृजन/प्रदर्शनी से संबधित कार्य के लिए परामर्शदाता कम्पनी की नियुक्त की जा चुकी है व कार्य प्रगति पर है। | |
| | | 5.11.2020 | | |
| 721. | तारांकित प्रश्न संख्या 675 के संदर्भ में श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी कह रहे हैं कि हम मोरनी को विकसित कर रहे हैं लेकिन विकसित तो तभी होगा जब मोरनी के आस–पास का कंट्रोल्ड एरिया खत्म होगा क्योंकि वहां पर हुडा वाले बार–बार जाकर लोगों को तंग करते हैं। वे कभी–कभी तो किसी के घर व दुकान को गिरा देते हैं। मैं यह | अध्यक्ष महोदय, हम इस पर विचार कर लेंगे। इसके साथ ही मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि सरकार वहां पर बाईसिकिल पाथ बनाने पर विचार कर रही है। जिसके लिए उसकी फिजिब्लिटी देख रहे हैं। इसी के साथ–साथ वहां पैरा ग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून की सुविधा पर भी विचार कर रहे हैं और अगर फिजिबिलिटी बनेगी तो इनको भी शुरू किया जायेगा इसके अतिरिक्त जैसाकि आजकल लोग रूरल पहाड़ी एरियॅाज | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कहना चाहता हूं कि जब तक वहां कोई दुकान या होटल नहीं खुलेंगे तब तक मोरनी का एरिया विकसित कैसे होगा? अध्यक्ष महोदय, मोरनी का एरिया विकसित तो तभी होगा जब वहां से कंट्रोल्ड एरिया खत्म होगा। | में रहने के ज्यादा इच्छुक हो रहे हैं, के दृष्टिगत मोरनी एरिया के लिए होम स्टे पॉलिसी भी लेकर आ रहे हैं। इससे यहां के लोगों को घर बैठे रोजगार मिलेगा। इस तरह की पॉलिसी हिमाचल, उत्तराखंड व सिक्किम में बहुत पापुलर रही है, हालांकि हमारी भौगोलिक स्थिति इन राज्यों से बिल्कुल अलग है परन्तु बावजुद इसके लोगों द्वारा शिमला के बाद मोरनी को ज्यादा अच्छे पर्यटक स्थल के रूप में पसन्द किया जा रहा है। जहां तक कोरोना काल की बात है, इस कोरोना काल में पर्यटन क्षेत्र को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है लेकिन यदि मोरनी क्षेत्र के हिसाब से पर्यटन क्षेत्र का लेखा–जोखा देखें तो पायेंगे कि हमारे मोरनी क्षेत्र में इस कोरोना काल में भी पर्यटकों की संख्या पहले से बहुत ज्यादा रही है। यह हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है। | | |
| | | 02.03.2022 | | |
| 722. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | पर्यटन से रोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ–साथ अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। इस दिशा में मेरी सरकार ने कालका से कलेसर तक पर्यटन हब विकसित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। प्रदेश में फार्म टूरिज्म को नये रूप में ढालते हुए 'होम स्टे | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | स्कीम–2021' भी शुरू की है। इसके तहत छोटे किसान अपने घरों में कमरे बनाकर पर्यटकों को रख सकेंगे। | | |
| | | 02.03.2022 | | |
| 723. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | पंचकूला को टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए मोरनी में एडवेंचर स्पोर्ट्स, टूरिज्म सर्किट रूट, माउंटेन ट्रेकींग, बाइकिंग और पैराग्लाइडिंग सुविधाओं को विकसित किया गया। | | |
| | | 20.02.2023 | | |
| 724. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में | माननीय सभासदों! मेरी सरकार का हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान है। कुरुक्षेत्र में कृष्णा सर्किट, रेवाड़ी–महेंद्रगढ़–माधोगढ़–नारनौल का हेरिटेज सर्किट, प्रसाद (PRASAD) योजना के तहत आदि बद्री, नाडा साहिब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर, अरावली गोल्फ पार्क, थीम पार्क और बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक, यादविन्द्र उद्यान का जीर्णोद्धार आदि विभिन्न पहलें पाइपलाइन में हैं। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**FOOD, CIVIL SUPPLIES & CONSUMER AFFAIRS DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 04-03-2022 | | |
| 725. | श्री प्रदीप चौधरी,<br>श्री सुरेन्द्र पंवार,<br>श्री प्रमोद कुमार विज, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 642 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की वेबसाइट पर राशन कार्ड सेवाऐं फरवरी, 2021 से बन्द पड़ी हैं; यदि हां, तो इनके कब तक पुनः आरम्भ किए जाने की संभावना है? | राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि राशन कार्डो से सबंधित सेवाएं जो कि सरल पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं, डुप्लिकेट राशन कार्ड जारी करना, राशन कार्ड स्थानांतरण तथा राशन कार्ड निरस्त करना जैसी सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाओं को मास फरवरी, 2021 से परिवार पहचान पत्र (PPP) डाटाबेस का पी.डी.एस. डाटाबेस से मिलान होने तक बंद किया गया है। मिलान का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा राशन कार्ड से संबधित सेवाएं शीघ्र ही बहाल कर दी जायेगीं। | सरकार द्वारा फरवरी, 2021 से पीडीएस डेटाबेस को पी0पी0पी0 डेटाबेस के साथ एकीकरण कार्य पूर्ण होने तक राशन कार्ड से संबंधित सेवाओं को स्थगित किया गया था। पी0पी0पी0 डेटाबेस के साथ पी0डी0एस0 डेटाबेस के एकीकरण/सत्यापन के बाद योग्य बीपीएल/एएवाई परिवारों का नवीनतम डेटा CRID द्वारा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ भ्च्वै चवतजंस पर साझा किया गया है।<br>पूर्व में सभी राशन कार्ड सेवाएं सरल पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जा रही थीं, परन्तु अब राज्य सरकार द्वारा बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड तैयार करने की प्रक्रिया को सरल किया गया है। आवेदकों को अब अपने बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड बनवाने के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। राशन कार्ड सेवाएं अब परिवार पहचान पत्र सत्यापित डेटाबेस के आधार पर शुरू की गई हैं।<br>राशन कार्ड की नवीनतम प्रक्रिया के अनुसार, कोई भी आवेदक अब अपना राशन कार्ड विभागीय वेबसाइट से आवश्यक विवरण जैसे परिवार आईडी, ओटीपी आदि जमा करके डाउनलोड कर सकता है।<br>वर्तमान व्यवस्था अनुसार आवेदकों को अब बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उनके बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड पीपीपी डेटाबेस की मदद से उनकी आय–मानदंड अनुसार स्वचालित रूप से उत्पन्न किये जा रहे है, अर्थात प्रति वर्ष 1.80 लाख रुपये तक और CRID द्वारा निर्धारित मानदंडों अनुसार। लाभार्थियों को राशन कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा भी प्रदान की गई है ताकि वे अपने नजदीकी कोमन सर्विस सेंटर/अटल सेवा केंद्र/ई–दिशा आदि से राशन कार्ड घर बैठे ही डाउनलोड कर सकें। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18.10.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | वर्तमान में ऑनलाईन अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से केवल एपीएल राशन कार्ड की सेवाएं दी जा रही हैं। आवेदक अब सरल पोर्टल पर एपीएल राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है और इसे परिवार आई0डी0/पी0पी0पी0 के डेटा के आधार पर उत्पन्न किया जाएगा। आवेदक उसी समय अपना ए0पी0एल0 राशन कार्ड डाउनलोड कर सकता है। ए0पी0एल0 राशन कार्ड हेतू भी आवेदक को विभाग में जाने की आवश्यकता नही है। ए0पी0एल0 आवेदक भी अपना राशन कार्ड घर बैठे ही डाउनलोड कर सकते है।<br>इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सभी राशन कार्डो की विभागीय फीस भी समाप्त कर दी गई है अर्थात उक्त वर्णित वर्तमान में प्रचलित राशन कार्ड सेवाओं को आवेदकों की सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव किये गये है। | |
| 726. | श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 33 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि नए राशन कार्ड आवेदन करने के लिए ई.पी.डी.एस. वेब साईट फरवरी, 2021 से संचालन रहित है; यदि हां, तो तो उसके कारण क्या है; तथा<br>(ख) इसे कब तक संचालित किए जाने की संभावना है? | 09-08-2022<br>(क) ई.पी.डी.एस. वेबसाईट संचालित है। हालांकि, राशन कार्ड सेवाएं अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जाती हैं, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2021 से पी.डी.एस. डाटाबेस को परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी.) डेटाबेस के साथ अंतिम सत्यापन तक अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था।<br>(ख) पी.डी.एस. डाटाबेस का परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी.) डेटाबेस के साथ शत् प्रतिशत एकीकरण होने उपरांत सेवाओं को तदानुसार फिर से संचालित किया जाएगा। | सरकार द्वारा फरवरी, 2021 से पीडीएस डेटाबेस को पी0पी0पी0 डेटाबेस के साथ एकीकरण कार्य पूर्ण होने तक राशन कार्ड से संबंधित सेवाओं को स्थगित किया गया था। पी0पी0पी0 डेटाबेस के साथ पी0डी0एस0 डेटाबेस के एकीकरण/सत्यापन के बाद योग्य बीपीएल/एएवाई परिवारों का नवीनतम डेटा CRID द्वारा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ HPDS portal पर साझा किया गया है।<br>पूर्व में सभी राशन कार्ड सेवाएं सरल पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जा रही थीं, परन्तु अब राज्य सरकार द्वारा बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड तैयार करने की प्रक्रिया को सरल किया गया है। आवेदकों को अब अपने बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड बनवाने के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। राशन कार्ड सेवाएं अब परिवार पहचान पत्र सत्यापित डेटाबेस के आधार पर शुरू की गई हैं। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18.10.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

राशन कार्ड की नवीनतम प्रक्रिया के अनुसार, कोई भी आवेदक अब अपना राशन कार्ड विभागीय वेबसाइट से आवश्यक विवरण जैसे परिवार आईडी, ओटीपी आदि जमा करके डाउनलोड कर सकता है।

वर्तमान व्यवस्था अनुसार आवेदकों को अब बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उनके बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड पीपीपी डेटाबेस की मदद से उनकी आय–मानदंड अनुसार स्वचालित रूप से उत्पन्न किये जा रहे है, अर्थात प्रति वर्ष 1.80 लाख रुपये तक और ब्प्क द्वारा निर्धारित मानदंडों अनुसार। लाभार्थियों को राशन कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा भी प्रदान की गई है ताकि वे अपने नजदीकी कोमन सर्विस सेंटर/अटल सेवा केंद्र/ई–दिशा



आदि से राशन कार्ड घर बैठे ही डाउनलोड कर सकें।

वर्तमान में ऑनलाईन अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से केवल एपीएल राशन कार्ड की सेवाएं दी जा रही हैं। आवेदक अब सरल पोर्टल पर एपीएल राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है और इसे परिवार आई0डी0/पी0पी0पी0 के डेटा के आधार पर उत्पन्न किया जाएगा। आवेदक उसी समय अपना ए0पी0एल0 राशन कार्ड डाउनलोड कर सकता है। ए0पी0एल0 राशन कार्ड हेतू भी आवेदक को विभाग में जाने की आवश्यकता नही है। ए0पी0एल0 आवेदक भी अपना राशन कार्ड घर बैठे ही डाउनलोड कर सकते है।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सभी राशन कार्डो की विभागीय फीस भी समाप्त कर दी गई है अर्थात उक्त वर्णित वर्तमान में प्रचलित राशन कार्ड सेवाओं को आवेदकों की सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव किये गये है।

| | |
|---|---|
| | 20.02.2024 |
| 727. राज्यपाल अभिभाषण | मेरी सरकार ने 51 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया है तथा 151 वीटा बिक्री केन्द्रों का संचालन महिलाओं के हाथों में दिया है। मेरी सरकार ने निर्णय किया है कि भविष्य में अलॉट होने वाले राशन डिपो में से 33 प्रतिशत महिलाओं को दि, जाएगें। |
| | 23—02—2024 |
| 728. बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | सरकार द्वारा राशन की उचित मूल्य की दुकानों में महिला आवेदकों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसमें एसिड हमले की शिकार महिलाओं और विधवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन मांग कर 3224 उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**PERSONNEL DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 729. | श्री तेजेन्द्र पाल सिंह मान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 516 : क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या वर्ष 2001 से 2005 तक के दौरान हरियाणा सरकार के आई.ए.एस. तथा आई.पी.एस. अधिकारियों के विरुद्ध कोई छापा मारा गया थाय यदि हाँ, तो उनकी संख्या कितनी है तथा प्रत्येक व्यक्तिगत मामले की वर्तमान स्थिति क्या है? | 20.09.2006<br>मैं केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा हरियाणा सरकार के आई.ए.एस. / आई.पी.एस. अधिकारियों के विरुद्ध मारे गए छापे से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या 516 तथा कार्मिक विभाग में 22.8.2006 को प्राप्त हुई उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में सूचित करना चाहूँगा तदानुसार कार्मिक विभाग ने कार्मिक विभाग तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो को उक्त तारांकित प्रश्न का उत्तर तैयार करने के लिये संबद्ध सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो से संबद्ध सूचना का इंतजार है। कार्मिक विभाग संबंधित विभागों से संबद्ध सूचना एकत्र करने के प्रयास कर रहा है परन्तु ऐसा लगता है कि कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो से संबद्ध सूचना मिलने में कुछ समय लगेगा। अतरू प्रश्न का उत्तर तैयार करने के लिए 15 दिनों का समय बढ़ाने के लिये आपसे अनुरोध किया जाता है। | इस संदर्भ में व्यक्त किया जाता है कि वांछित सूचना हरियाणा सरकार कार्मिक विभाग के पत्र क्रमांक 29 / 18 / 2006. 2 एस 1, दिनांक 15.12.2006 द्वारा विधान सभा, हरियाणा को भेजी जा चुकी है। हरियाणा सरकार के भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध वर्ष 2001–2005 के दौरान केन्द्रीय जांच ब्यूरों द्वारा छापे मारे गए थे उनका विवरण एवं उनके विरुद्ध की गई कार्यवाही की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है:– | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(27-11-2017) |



| क्रमांक | केस संख्या एवं तिथि | अधिकारी का नाम | छापा मारे जाने की तिथि | नवीनतम स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | आर.सी. 2(ए)/2003-ए.सी. यू.-III दिल्ली, दिनांक 26.3.03 | श्री आनन्द मोहन शरण, भा.प्र.अ. भूतपूर्व आयुक्त लैण्ड डिस्पोजल) दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली | 27.3.2003 | केन्द्रीय जांच ब्यूरो की रिपोर्ट के मध्य नजर भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अपने आदेश क्रमांक 107 / 4 / 2004–ए. वी.डी–I, दिनांक 11.03.2005 द्वारा **श्री आनन्द मोहन शरण**, आई. ए.एस. के विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन चलाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है तथा मामला न्यायालय के विचाराधीन है।<br><br>इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा अपने ज्ञापन क्रमांक 106 / 4 / 2005–ए.वी.डी–I, दिनांक 30.03. 2005 द्वारा आल इंण्डिया सर्विस (दण्ड एवं अपील) नियम, 1969 के नियम 8 के तहत अनुशासनिक कार्यवाही आरम्भ की गई। जिसकी विभागीय जांच श्री अशोक कुमार, आयुक्त, विभागीय जांच और जांच अधिकारी, केन्द्रीय विजिलैंस कमीशन भारत सरकार से करवाई गई। जांच रिपोर्ट दिनांक 13.05.2011 में चार्ज–I को अशतः सिद्ध और चार्ज–II को सिद्ध नहीं पाया गया। भारत सरकार द्वारा आदेश क्रमांक 106 / 4 / 2005–ए.वी.डी–I, दिनांक 23.12.2016 के |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | तहत निर्णय लिया है कि मामले की दोबारा से जांच अधिकारी द्वारा आगे जांच करवाई जाये और श्री अरुण कुमार मिश्रा,सेवानिवृत.आई.ए.एस. अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है जिसकी प्रति संलग्न है। मामले में निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाना है। इस के पश्चात भारत सरकार से इस बारे कोई सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इस अधिकारी की सेवानिवृति की तिथि 31.08.2025 है। |
| 2. | आर.सी. 3(ए)/2004-ए.सी. यू.-ix दिल्ली, दिनांक 24.5.04 | श्री सन्दीप गर्ग, भा.प्र.अ. भूतपूर्व रिजनल डायरैक्टर (नार्थ एडलटशन सैल भारत सरकार, पैट्रोलियम मंत्रालय, नई दिल्ली | 16.4.2004 तथा 28.5.2004 | केन्द्रीय जांच ब्यूरो की रिपोर्ट के मध्य नजर भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अपने आदेश क्रमांक 107/2/2006–ए.वी.डी–I, दिनांक 06.07.2006 द्वारा श्री सन्दीप गर्ग, आई. ए.एस. के विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन चलाने की अनुमति प्रदान की गई थी। भ्रष्टाचार रोकथाम नियम, 1988 की धारा 13 (2) साथ पढ़ा जाये 13 (1) (ई) के तहत श्री गर्ग विशेष न्यायधीश, (पी. सी. नियम 1988), सी.बी.आई. नई दिल्ली द्वारा अपने आदेश दिनांक 23.04.2016 द्वारा श्री सन्दीप |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | गर्ग, आई.ए.एस. को चार वर्ष की कठोर कारावास साथ ही रुपये 25 लाख जुर्माना की सजा दी गई। सजा होने पर श्री सन्दीप गर्ग, आई.ए.एस. को दिनांक 23.04.2016 से निलंबित कर दिया गया। इस संदर्भ में जारी **आदेश दिनांक 30.05.2016 की प्रति संलग्न है।** अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन और अपील) नियम 1969 की धारा 7(2) के तहत सेवा से बर्खास्तगी और निष्कासन की सजा केवल केन्द्र सरकार ही दे सकती है। अतः दिनांक 07.12.2016 द्वारा भारत सरकार को उचित आगे कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजा गया है **जिसकी प्रति संलग्न है।** अंतिम निर्णय भारत सरकार से इस बारे अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो, नई दिल्ली ने अपने पत्र क्रमांक दिनांक 29.06.2017 द्वारा सूचित किया है कि माननीय विशेष अदालत (पी.सी. एक्ट), केन्द्रीय जांच ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा श्री सन्दीप गर्ग, भा.प्र.अ. को दिनांक 01.06.2016 को बेल दी जा चुकी है। **इस संदर्भ में जारी आदेश दिनांक 29.06.2017 की प्रति संलग्न है।** |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## CIVIL AVIATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 730. | तारांकित प्रश्न संख्या 124 के संदर्भ में श्रीमती सुमिता सिंह, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न*** ***अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी महोदय से पूछना चाहूंगी कि जो इन्होंने बात कही कि रन–वे को बड़ा किया जायेगा। मैं बताना चाहूंगी कि रन–वे को बड़ा करने के लिए साथ लगती ज़मीन को एक्वायर करना पड़ेगा। क्या इसके लिये अभी तक कोई कार्यवाही शुरू की गयी है?'' | 9—3—2010<br>अध्यक्ष महोदय, कार्यवाही प्रारम्भ है। | इस मामले में सूचित किया जाता है कि तत्कालीन मंत्री महोदय द्वारा दिये गये आश्वासन के उपरान्त करनाल हवाई अड्डे पर बड़े जहाजों के लिये रन-वे का विसतार करने का प्रस्ताव तत्कालीन कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ सिविल ऐविएशन, सिविल एरोडोम, करनाल से दिनांक 1.3.2011 को प्राप्त किया गया था जिसके अनुसार इस कार्य हेतु लगभग 20 एकड़ भूमि अधिग्रहण करनी पड़ेगी तथा इस कार्य पर लगभग 7 से 10 करोड़ रुपये की राशि खर्च होने की संभावना थी। भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही हेतु दिनांक 11.3.2011 को उपायुक्त, करनाल से वांछित भूमि चिन्हित करके जिला नगर योजनाकार, उपनिदेशक कृषि व संबंधित तहसीलदार को अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया गया था। इस संबंध मे विभाग द्वारा समय-समय पर निम्न कार्रवाई की :-<br>1. दिनांक 25.4.2011 को कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ सिविल ऐविएशन ने उपायुक्त, करनाल को वांछित जमाबंदी एवं अक्श सिजरा के दस्तावेज प्रस्तुत किए।<br>2. दिनांक 27.5.2011 को उपनिदेशक, कृषि विभाग, करनाल ने उक्त संदर्भ में स्थिति बारे अवगत करवाया।<br>3. दिनांक 23.1.2012 को कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ सिविल ऐविएशन ने पुनः उपायुक्त, करनाल को उक्त जमीन अधिग्रहण करने हेतु अनुरोध किया।<br>4. दिनांक 30.1.2012 को इस कार्यालय द्वारा पुनः उपायुक्त, | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11-5-2016) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | करनाल को उक्त जमीन का अधिग्रहण करने हेतु अनुरोध किया गया। इसी दौरान दिनांक 27.7.2012 को तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय केन्द्रीय मंत्री, सिविल विमानन, भारत सरकार मध्य हुई बैठक में हिसार एवं करनाल हवाई पट्टियों के विकास हेतु यह निर्णय लिया गया कि इन्हें घरेलू हवाई अड्डे के तौर पर अपग्रेड किया जाए। तदोपरान्त भारतीय विमानपत्तन से पत्राचार चलता रहा लेकिन कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया। इसी दौरान माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा दिनांक 8.11.2014 को करनाल हवाई अड्डे का विकास करने की घोषणा कर दी गई। इस पर कार्यवाही करने के लिए कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ | |
| | | | सिविल ऐविएशन से उनकी रिपोर्ट मांगी गई जो उन्होंने दिनांक 28.7.2015 को प्रस्तुत की जिसके अनुसार करनाल को घरेलू हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 22 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। यह हल्के वजन के परिवहन विमान जैसे कि एटीआर 42, क्यू 400 तथा लघु व्यवसायिक जैट विमान उतारने में सहायक होगी। विमानों को खड़ा करने के लिए एक अतिरिक्त हैंगर का निर्माण किया जाएगा। प्रथम चरण में रनवे का विस्तार 3000 फुट से 4500 फुट किया जायेगा। हैंगर के निर्माण तथा रनवे की री-कारपैटिंग के लिए 12 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट मांगा गया था। योजना विभाग ने सुझाव दिया था कि अतिरिक्त बजट की मांग आगामी वित्त वर्ष 2016-17 में की जाये। यद्यपि योजना विभाग द्वारा हिसार के अतिरिक्त सभी हवाई अड्डों/हवाई पट्टियों के विकास के लिए वर्तमान वित्त वर्ष 2016-17 | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | में 20 करोड़ रुपये का बजट अलाट किया गया है। करनाल हवाई अड्डे पर अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण करने की संभावनाओं के बारे में निरीक्षण करने के लिए कार्यालय द्वारा उपायुक्त, करनाल को अनुरोध किया गया है। दिनांक 12.4.2016 एवं 27.4.2016 को निर्धारित बैठकों में प्रधान सचिव, सिविल विमानन विभाग द्वारा डिप्टी चीफ फ्लाईंग इंस्ट्रक्टर-कम-आफिसर-इंचार्ज, हरियाणा सिविल विमानन संस्थान, करनाल को उपायुक्त, करनाल के साथ तालमेल रखने के लिए हिदायतें दी तथा माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा को कार्यन्वित करने के बारे में उपायुक्त, करनाल की स्पष्ट सिफारिश प्राप्त करें। उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर यह | |
| | | | अंकित किया जाता है कि करनाल हवाई अड्डे को विकसित करने बारे विभाग द्वारा उचित कार्यवाही की जा रही है। अतः इस मामले को ड्रॉप कर दिया जाये। (11-5-2016) | |
| 731. | राज्यपाल महोदय, के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान | 16.3.2015 *** अध्यक्ष महोदय, हम प्रयत्न कर रहे हैं कि हिसार को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करेंगे। एक काऊंटर बिजनेस सिटी इसको हम बनाएंगे ताकि जिस लोकेशनल और जिन चीजों के बारे में बताया जा रहा है उसका लोकेशनल एडवंटर्ज दूसरे स्थानों पर भी हो सकता है। इसलिए हम इसको करेंगे। | दिनांक 29.12.2014 को माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा हिसार हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडा बनाने की घोषणा की गई है। हरियाणा सरकार के पास हिसार हवाई अड्डे पर 196 एकड़ भूमि मौजूद है तथा हिसार हवाई अड्डे के साथ अतिरिक्त 3200 एकड़ भूमि की पहचान की गई है जिसका इस्तेमाल असानी से एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के लिये किया जा सकता है। हरियाणा सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रुप में हिसार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के लिये दिनांक 4.3.2016 को M/s Frost & Sullivan India Private Limited, Chennai को सलाहकार नियुक्त किया है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | सलाहाकार का प्राथमिक कार्य Inception Report, Feasibility Study, Bidding documents etc. सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत तकनीकी योग्यता/ मानक तैयार करना होगा।<br>विधि विभाग हरियाणा से अनुबन्ध वैट करवा कर दिनांक 04.03.2016 को सिविल विमान्न विभाग, हरियाणा तथा M/s Frost & Sullivan India Private Limited, Chennai के मध्य एक एग्रीमैंट कर लिया गया है। M/s Frost & Sullivan India Private Limited, Chennai द्वारा अन्तिम Inception Report दिनांक 8.4.2016 को प्रस्तुत की गई है।<br>इसके अतिरिक्त राज्य में वर्ष 2016–17 स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान हरियाणा सरकार ने पहले चरण में मौजूदा हवाई पट्टी का विस्तार 4000 फुट से 7000 फुट करने तथा टर्मिनल भवन को 50 करोड़ रुपये की लागत से नवीनीकरण की योजना बनाई है। इस सम्बन्ध में प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, सिविल विमान्न विभाग द्वारा दिनांक 12.4.2016 एवं 27.4.2016 को लोक निर्माण विभाग एवं सिविल विमानन विभाग के संबंधित अधिकारियों के साथ मिटिंग कर विस्तृत चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग, भवन एवं सड़कें शाखा के अधिकारियों को इन कार्यों को शीघ्रता से निपटाने के लिए हिदायतें दी गई। हिसार हवाई अड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित करने के लिए सिविल विमान्न मंत्रालय, भारत सरकार से साईट क्लीयरैंस (Site Clearance) लेने के लिए कार्यालय द्वारा एक पत्र क्रमांक एविएसन–जी–2016/393, दिनांक 29. 04.2016 लिखा गया है।<br>चूंकि इस सन्दर्भ में विभाग द्वारा वांछित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा पूरी व्यवस्था स्थापित करने में समय लगेगा। अतः इस मामले को ड्रॉप (drop) कर दिया जाये।<br>(11–5–16) | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 732. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में | 5.03.2018<br>मेरी सरकार ने तीन चरणों में हिसार हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय विमानन हब के रूप में विकसित करने के लिए एक कार्य योजना को अंतिम रूप दिया है। आगामी आठ माह में मौजूदा हवाई क्षेत्र को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम एयरपोर्ट में उन्नत किया जाएगा। दूसरे चरण में, रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग (एमआरओ), पार्किंग और सब–बेसिंग कार्यों के लिए रनवे को 4000 फुट से बढ़ाकर 9,000 फुट किया जाएगा। अंत में, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे समेत अंतर्राष्ट्रीय विमानन हब के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। | | |
| 733. | डॉ0 कमल गुप्ता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 903 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि हिसार हवाई अड्डे के द्वितीय चरण के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक पूरे किए जाने की संभावना है? | 16.03.2021<br>हां, श्रीमान जी। हिसार हवाई हड्डे के निर्माण का दूसरा चरण 5.02.2021. को आरम्भ किया गया है तथा 2022 के अंत (अर्थात् कि वित्तिय वर्ष 2022–23) तक पूरा किये जाने की संभावना है। | | |
| 734. | तारांकित प्रश्न संख्या 903 के संदर्भ में डॉ. कमल गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– स्पीकर सर, इसके लिए मैं आपके माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा। सर, इस मामले में मेरे दो सुझाव और हैं। एक तो जो ये फ्लाईंग क्लब एसोसिएशन है उसको भी शुरू करने की कृपा की जाये और दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि वहां पर एक हैली सर्विस शुरू की जाये। वहां पर नजदीक ही अग्रोहा धाम है। वहां पर अगर कोई हैलीकॉप्टर आ जा सके तो इससे लोगों का मनोरंजन भी हो जायेगा और यह कांसैप्ट टूरिज्म को भी हैल्प करेगा। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से पुनः सरकार से यह कहना चाहूंगा कि मेरे हिसार में फ्लाईंग क्लब एसोसिएशन और हैलीकॉप्टर सर्विस की भी शुरूआत की जायेगी तो मैं उप मुख्यमंत्री जी का बहुत–बहुत आभारी रहूंगा। | 16.03.2021<br>अध्यक्ष जी, जहां तक हिसार में हैली सर्विस की शुरूआत करने की बात है हम इस सम्बन्ध में विचार कर सकते हैं क्योंकि हैलीपोर्ट की फिजिबिलिटी एक बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य है। मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि आज भी उड़ान स्कीम के अंदर हिसार से देहरादून, हिसार से धर्मशाला और हिसार से चण्डीगढ़ के लिए फ्लाईट सर्विस निरंतर चल रही हैं। इसके साथ ही साथ जो हमारा सिविल एविएशन क्लब था उसको करनाल में रि–एलोकेट कर दिया गया था क्योंकि हिसार में हैंगर वगैरह की कंस्ट्रशन चल रही थी। स्पाईजैट से हमारा एम.ओ.यू. हो चुका है कि 100 पॉयलैट्स की ट्रैनिंग का फ्लाईंग क्लब हिसार में स्पाईसजैट बनायेगा। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह आश्वासन भी देता हूं कि अगर किसी कारणवश स्पाईसजैट के फ्लाईंग क्लब की स्थापना में कोई डिले होगा तो जो हमारा हरियाणा का फ्लाईंग क्लब है उसको जरूर रि–एलोकेट करके वापिस करनाल से हिसार में ले जाने का काम करेंगे। | | |

| | | |
|---|---|---|
| 735. बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024 | |
| | गुरुग्राम में हेली–हब शुरू करने का प्रस्ताव है। आठ जिलों नामतः जींद, झज्जर, कैथल, पलवल, यमुनानगर, रोहतक, कुरुक्षेत्र और सोनीपत में स्थायी हेलीपैड के निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। मैं नूंह, यमुनानगर और रोहतक जिलों में उचित स्थानों पर नई हवाई पट्टियां विकसित करने का प्रस्ताव करता हूं। ई–भूमि के माध्यम से भूमि की पहचान और उसकी खरीद की प्रक्रिया वर्ष 2024–25 में शुरू की जाएगी। | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## SAINIK AND ARDH SAINIK WELFARE DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 736. | श्री चिरंजीव राव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 26 : क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सैनिक विद्यालय को रेवाड़ी से गांव गोथरा, जिला रेवाड़ी में इसकी नव निर्मित ईमारत में स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसको कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है ? | 25.02.2020<br>हाँ, श्रीमान जी। सैनिक स्कूल को रेवाड़ी से स्थायी स्थान गोठड़ा टप्पा खोरी में स्थानान्तरण होने में लगभग 36 महीने का समय लगने की संभावना है। | | |
| 737. | वर्ष 2021–22 के लिए अनुपूरक अनुमानों (प्रथम किस्त) की मांगों पर चर्चा तथा मतदान करने के संदर्भ में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया प्रश्न : XX यह ठीक है कि उसमें पैरा मिलिट्री फोर्सिज को इंक्लूड कर दिया गया लेकिन उसे आप राज्य सैनिक बोर्ड ही रहने दीजिए। राज्य सैनिक बोर्ड का सैक्रेटरी हमेशा फौज से ब्रिगेडियर रैंक का रहा है। अब आपने उसको पैरा मिलिट्री फोर्सिज के साथ जोड़ दिया इसलिए उसमें आप सैक्रेटरी कमांडैंट को बनाईये या बी.एस.एफ. से रिटायर्ड आई.जी. को बनाईये। अगर आप इसको विभाग बनाकर आई.ए.एस. को दे दोगे तो नीचे जो जिला सैनिक बोर्ड हैं उनमें भी एक्स सर्विसमैन नहीं जाएंगे। उनमें भी एक्स सर्विसमैन की बजाए और कोई जाएगा। ऐसा करने से फौजियों के साथ बहुत अन्याय हो जाएगा। आपसे अनुरोध है कि एक्स सर्विसमैन के साथ अन्याय न करें। आप इस बिल को रिवाईज करें। XX उपाध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने बताया है कि हमने इस विभाग को आई.ए.एस. के हवाले कर दिया है। XX उपाध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार से पहले सैनिक बोर्ड में उनका हैड व सैक्रेटरी एक्स सर्विसमैन होता था। मैं तो उन एक्स सर्विसमेन की भावना को बता रहा हूं। XX उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों को भी जब यह एतराज है, तो क्यों नहीं सरकार की तरफ से उनकी बात मानी जा रही है। सोल्जर से लेकर जनरल तक सभी | 23.08.2021<br>उपाध्यक्ष महोदय, हमने एक्स सर्विसमैन के बोर्ड को विभाग बनाया है। इस विभाग में भी हम ऐसी व्यवस्था करेंगे कि जो एक्स सर्विसमैन हैं और जो पैरा मिलिट्री फोर्सिज हैं उन सब के नुमाइंदों को इसमें रख कर ही काम करेंगे, क्योंकि उनकी समस्याएं अपने टाइप की होती हैं। वे समस्याएं सामान्यतः एडमिनिस्ट्रेशन को या बाकी लोगों को ध्यान में नहीं होती हैं इसलिए उनकी नुमाइंदगी हम किसी भी रूप में रखें लेकिन उनकी नुमाइंदगी के बिना उस विभाग को नहीं चलाएंगे। XX उपाध्यक्ष महोदय, वह विभाग आई.ए.एस. के हवाले तो जरूर कर दिया है लेकिन उसमें एक्स सर्विसमैन का प्रतिनिधित्व भी जरूर रहेगा। XX उपाध्यक्ष महोदय, हम उस विभाग में एक्स सर्विसमैन का प्रतिनिधित्व जरूर रखेंगे लेकिन वह किस रूप में रखेंगे, वह अभी डिसाइड नहीं है। XX उपाध्यक्ष महोदय, एक बार इसकी रचना बन जाने दो, बाद में इनकी रिप्रेजेंटेशन क्या होगी, यह हम सोच समझकर फैसला लेंगे। XX उपाध्यक्ष महोदय, हुड्डा साहब को निश्चिंत रहना चाहिए। सरकार हर पहलू को ध्यान में रखकर ही इस पर विचार करेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय पर एतराज जता रहे हैं। XX उपाध्यक्ष महोदय, राज्य सैनिक बोर्ड में ब्रिगेडियर रैंक का अधिकारी हैड होता था और चीफ मिनिस्टर इसका चेयरमैन होता था। मेरा अनुरोध है कि राज्य सैनिक बोर्ड की उसी इस्टैब्लिशमैंट को रहने दिया जाये ताकि चीफ मिनिस्टर के साथ फौजियों का सीधा लिंक बना रहे। XX | | | |
| 738. | श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 525 क्या सैनिक तथा अर्धसैनिक कल्याण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर में सैनिक विश्राम गृह की इमारत बहुत बुरी अवस्था में है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विश्राम गृह का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ? | 20.12.2021<br>(क) हां।<br>(ख) कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) झज्जर द्वारा इस सैनिक विश्राम गृह को असुरक्षित घोषित किया जा चुका है तथा इस विभाग द्वारा कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) झज्जर को दिनांक 13 जुलाई 2021 को असुरक्षित इमारत को गिराने हेतु अनुमानित बजट अनुमान | | |
| | | जल्द से जल्द तैयार करने बारे अनुरोध किया गया है। सैनिक विश्राम गृह, झज्जर का निर्माण कार्य अगले 12 महीने में शुरू हो जाने की संभावना है। | | |
| 739. | श्री चिरंजीव राव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 527 क्या सैनिक तथा अर्धसैनिक कल्याण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) क्या जिला रेवाडी के सैनिक विद्यालय, गोठडा को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई बजट आबंटित किया गया है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ? | 20.12.2021<br>**** अब तक जिला रेवाड़ी के सैनिक स्कूल, गोठड़ा को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कुल बजट 16747.03 लाख रुपये आवंटित किया गया है। निर्माण कार्य पी.डब्ल्यू.डी. (बी. एंड.आर.) रेवाड़ी के निर्माणाधीन है। पहला चरण पूरा हो चुका है दूसरा चरण पूरा होने के निकट है और तीसरा तथा चौथा चरण शुरू किया जाना है दिसम्बर, 2024 तक कार्य पूरा होने की संभावना है। | | |
| 740. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 167 से निकाला गया आश्वासन। | 08.03.2022<br>सरकार सभी जिलों में एकीकृत सैनिक एवं अर्धसैनिक सदन बनाएगी, जिसमें जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण कार्यालय, विश्राम गृह, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस), केंद्रीय भंडार विभाग (सीएसडी) और राज्य में सभी पूर्व–सैनिकों और | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | पूर्व–अर्धसैनिकों के लिए बैठक करने हेतु एक मीटिंग हॉल होगा। | | |
| | | 14.03.2022 | | |
| 741. | श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 823 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) XXX<br>(ख) यदि हां, तो निम्नलिखित शहीदों के संबंध में सरकार द्वारा अनुग्रह राशि तथा की गई अन्य घोषणाओं का ब्यौरा क्या हैः–<br>(i) XXX<br>(ii) दिनांक 20 अगस्त, 2021 को पठानकोट पंजाब में शहीद हुए अजहरूद्दीन पुत्र श्री खुर्शीद, निवासी – नाई नांगल, तावडू (कांस्टेबल संख्या – 10, बख्तरबंद वाहिनी इकाई); तथा<br>(iii) XXX | (क) XXX<br>(ख) श्रीमान जी,<br>(i) XXX<br>(ii) सिपाही अज़हरूदीन पुत्र श्री खुर्शीद निवासी – नाई नांगल, तावडू, दिनांक 20 अगस्त 2021 को पठानकोट (पंजाब) में शहीद हुए थे। सिपाही को सैन्य प्रशासन द्वारा शहीद का दर्जा देने बारे कोर्ट ऑफ इन्कवायरी विचाराधीन है। सैन्य प्रशासन से युद्ध हताहत प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपरान्त सरकार की नीति अनुसार शहीद के आश्रितों को अनुग्रह राशि तथा अनुकंपा | | |
| | | आधार पर नियुक्ति प्रदान करने बारे विचार किया जाएगा।<br>(iii) XXX | | |
| | | 15.03.2022 | | |
| 742. | श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 832 क्या सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या झज्जर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मातनहेल में सैनिक विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है? | (क) हां, श्रीमान जी, जिला झज्जर गांव मातनहेल में सैनिक स्कूल खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ।<br>(ख) ग्राम पंचायत मातनहेल और रूडियावास ने सैनिक स्कूल मातनहेल की स्थापना के लिए 312 एकड़ भूमि दान में दी थी, लेकिन वह भूमि वन अधिनियम 4–5 के अधीन थी। अब ग्राम पंचायत मातनहेल ने 61 एकड़ भूमि मुफ्त में दान की है जो वन अधिनियम धारा 4–5 से मुक्त है। भूमि के आबंटन से संबंधित मामला विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ के पास विचाराधीन है जैसे ही भूमि आबंटन से सम्बन्धित केस पर अंतिम निर्णय होगा, सैनिक स्कूल के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। | | |
| | | 20.02.2023 | | |
| 743. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | विभाग 7 जिलों में एकीकृत सैनिक सदनों के निर्माण की पहल करेगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 744. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 20.02.2023<br>सशस्त्र बलों में अधिक से अधिक अधिकारियों और सैनिकों के योगदान के लिए सरकार 20–20 करोड़ रुपये की लागत से दो सशस्त्र बल तैयारी संस्थान स्थापित करेगी। हिसार, अंबाला, चरखी दादरी और रोहतक में हाल की अग्निवीर भर्ती रैलियों के दौरान हरियाणा से 1,821 अग्निवीरों की भर्ती की गई है। | | |
| 745. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 13.11.2024<br>मेरी सरकार हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी देने के लिए संकल्पबद्ध है। पूर्व सैनिकों को पांच साल तक की भुगतान अवधि के साथ दस लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। वीर उड़ान योजना के तहत पूर्व सैनिकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण व कौशल प्रमाणन प्राप्त करने के लिए डी.बी.टी. के माध्यम से एकमश्त पचास हजार रुपये प्रदान किये जाएंगे। 'जय जवान आवास योजना' के तहत पूर्व सैनिकों के लिए आवास बनाने के काम में तेजी लाई जाएगी। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## WOMEN & CHILD DEVELOPMENT DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 08.03.2022 | | |
| 746. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 141 से निकाला गया आश्वासन। | बाल मजदूरी और प्रवासी पुनर्वास के मुद्दे को हल करने के लिए सरकार गुरुग्राम और फरीदाबाद में बाल श्रम पुनर्वास केंद्र तथा प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के लिए गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद और पानीपत में 4 नए स्कूल खोलेगी। | | |
| | | 20.02.2023 | | |
| 747. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | सरकार प्रभावी ढंग से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पी.एम.एम.वी.वाई.) लागू कर रही है, जिसके तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को केवल पहले बच्चे के लिए तीन किस्तों में 5,000 रुपये का भुगतान किया जा रहा है। अब मेरी सरकार दूसरे बच्चे के लिए भी यही लाभ देने जा रही है। | | |
| | | 20—02—2024 | | |
| 748. | राज्यपाल अभिभाषण | कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं की परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से विस्तृत क्रेच नीति लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। क्रेच में बच्चों के खेलने के सामान के साथ ही पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जाँच और टीकाकरण, सोने की व्यवस्था, शिक्षा तथा शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के लिये भी प्रबंध किए जाएगें। | | |
| | | 23.02.2024 | | |
| 749. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 'आपकी बेटी—हमारी बेटी' लड़कियों के लिए बनाई गई ऐसी योजना है जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की उपलब्धियों में मदद करती है। मैं इस योजना को परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी.) के आंकड़ों के आधार पर प्रोएक्टिव मोड में लागू करने का प्रस्ताव करता हूं। इससे सरकार सीधे लाभार्थी परिवार तक पहुंच सकेगी और समय पर जीवन बीमा निगम में लाभ जमा करवाना सुनिश्चित कर सकेगी। | | |
| | | 27.02.2024 | | |
| 750. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्याा 130 : क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि:— | (क) तथा (ख) वर्ष 2024—25 के दौरान 500 महिला स्वयं सहायता समूहों की 5000 बहनों को ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बजट 2024—25 में एक योजना की घोषणा की गई है। महिलाओं को ड्रोन संचालन और ड्रोन के रखरखाव में प्रशिक्षित किया जाएगा और प्रत्येक | | |
| (क) | क्या स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन संचालन से संबधित प्रशिक्षण प्रदान करने के | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | लिए दादरी जिले में ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त प्रशिक्षण केंद्र कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है? | स्वयं सहायता समूह को एक ड्रोन प्रदान किया जाएगा। तदुपरान्त महिला स्वयं सहायता समूह कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को ड्रोन किराए पर दे सकतें है। चरखी दादरी जिले में महिला स्वयं सहायता समूह को भी योजना के तहत कवर किया जाएगा। योजना का विवरण तैयार किया जाना है। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**FISHERIES DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 751. | वित वर्ष 2021—22 के बजट के संदर्भ में | 12.03.2023<br>मत्स्यपालक किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से, हरियाणा सरकार द्वारा 2021—22 से 2024—25 के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 1090 हैक्टेयर लवणता प्रभावित क्षेत्र और 5000 हैक्टेयर ताजा पानी वाले अतिरिक्त क्षेत्र का विकास किया जाएगा। करनाल और चरखी दादरी में दो बड़े फिश फीड मिल प्लांट स्थापित किए गए हैं। झींगा कल्चर के लिए लवणता प्रभावित क्षेत्र विकसित करने के लिए 2021—22 में भिवानी के गरवा गांव में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। | वर्ष 2021—22 से वर्ष 2024—25 (माह जून, 2024 तक) प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लवणता प्रभावित क्षेत्र में मत्स्य / झींगा पालन को बढावा देने हेतु 1090 हैक्टेयर के विरूद्ध 1986 हैक्टेयर लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। ताजे पानी के क्षेत्र में मत्स्य पालन के 5000 है। लक्ष्य के विरूद्ध 1711 है। नये तालाब व 856 है। ताजे पानी के ग्रामीण तालाब तथा कुल 2567 है। जलक्षेत्र मत्स्य पालन के अधीन लाया गया है। जिला करनाल और चरखी दादरी में दो बडे निजी फिश फिड़ प्लांट की स्थापना की गई है। गांव गरवा, जिला भिवानी में लवणता प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए एकीकृत एक्वा—पार्क उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(7.8.2024) |
| | | | भारत सरकार द्वारा 98.90 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विभाग द्वारा 24 एकड 4 कनाल 6 मरला जमीन खरीदी गई है। इस परियोजना को लोक निर्माण विभाग, हरियाणा से पूर्ण करवाने हेतु प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**JAILS AND JUDICIAL**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 752. | तारांकित प्रश्न संख्या 543 के संदर्भ में श्री महीपाल ढांडा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी द्वारा दिये गये जवाब से संतुष्ट नहीं हूँ। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि क्या मंत्री जी मानते हैं कि इसमें (गुड़गाँव में निचली अदालत में मारूति आगजनी तथा दंगा मामले में लड़ने के लिए वकीलों की नियुक्तियों के संबंध में) कुछ धांधली हुई है और अगर धांधली हुई है तो इस पर क्या सरकार एक्शन लेगी क्योंकि इस पर जनता की खून-पसीने की कमाई के करोड़ों रुपये का नुकसान पिछली सरकार के कारण हुआ है ? | 17-03-2015<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने एक चिन्ता व्यक्त की है कि इस पूरे मामले में कोई धांधली या गड़बड़-घोटाला तो नहीं हुआ है। इस बारे में मेरा कहना है कि इस केस की पूरी जानकारी प्राप्त होने के बाद ही सरकार किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकती है कि इसमें कोई अनियमितता हुई है, इसमें कोई कानूनी गड़बड़ हुई है या किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए कानून-कायदे ताक पर रखे गये हैं, अगर ऐसी अनियमितताएं सरकार के ध्यान में आती हैं तो सरकार माननीय सदस्य की भावनाओं का निश्चित तौर पर सम्मान करेगी और सरकार का यह प्रयास होगा कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। | | |
| 753. | तारांकित प्रश्न संख्या 543 के संदर्भ में श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि क्या यह सत्य है कि जितने भी ये सीनियर एडवोकेट हैं, ये अपने-अपने हिसाब से अपनी फीस लेते हैं। दूसरी बात क्या यह सत्य है कि जब कोई जरूरी मैटर होते हैं तब यह आम तरीका है कि सीनियर एडवोकेट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में, हाई कोर्ट में, ईवन लोवर कोर्ट में जाया जाता है। इस बात को जानते हो। मैं एक एडवोकेट हूं मैं खुद इस बात को जानती हूं कि यह तो होता है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि इस बारे में हमें जानकारी दें। | 18.3.2015<br>आदणीय कांग्रेस लैजिस्लेटिव पार्टी की अध्यक्षा हमारे सदन की वरिष्ठ नेता ने अपनी पार्टी के उन वकील साथियों की फीस के बारे में सवाल पूछा है। क्या वह सामान्यत: इतनी ऊंची फीस लेते हैं ? निश्चित तौर पर लेते होंगे। उनकी फीस की जानकारी सदन में नहीं है। यह बात बिल्कुल ठीक है कि यह सरकार तय करती है कि किस वकील को रखना है और किस मामले में कितनी फीस देनी है। मैं तो उनके जवाब में इतना ही कहूंगा कि माननीय सदस्या ने जो चिन्ता व्यक्त की है और जो विषय उठाया है कि क्या देश के सुप्रीम कोर्ट में या निचली अदालतां े में क्या कोई वकील पार्टी से बाहर के थे और उनकी फीस क्या थी ? क्या और कोई विकल्प थे ? उन वकीलों को जो इतनी ऊंची फीस दी गई यह विषय बार-बार निकल कर आ रहा है। यह अनुसंधान का विषय है। जांच करने पर कोई बात निकलेगी या कोई या कोई बेकायदगी सामने आएगी तो निश्चित तौर पर सरकार उस पर अपनी कार्यवाही करेगी। | | |
| 754. | महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय का जवाब। | 9-3-2010<br>***हाई कोर्ट का हमने भी दावा किया है और आज के दिन चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया भी इन प्रिंसिपल एग्री करते हैं ओर यह मेरा भी वायदा है कि हम इसके लिए कोशिश करते रहेंगे और चण्डीगढ़ में अपना अलग से हाई कोर्ट बनवाकर ही रहेंगे।*** | हरियाणा प्रान्त के लिए अलग से हाई कोर्ट बनाने की अनुमति प्रदान करने का प्रस्ताव 4 मई, 2017 को हरियाणा विधान सभा द्वारा पारित किया जा चुका है तथा इस प्रस्ताव की प्रति कार्यालय के अर्ध सरकारी | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(14-01-2020) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | पत्र 21/39/ 2005-2जेजे-11, दिनांक 07.03.2018 द्वारा Sh. Suresh Chandra, Secretary to Govt. of India, Law & Justice Department, New Delhi को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दी गई है। अब मामले में आगामी कार्यवाही भारत सरकार के सतर पर की जानी है तथा भारत सरकार से जवाब आने पर मामले में हरियाणा सरकार द्वारा तदानुसार कार्यवाही कर ली जायेगी। कार्यालय दिनांक 13.01.2020 को स्मरण पत्र जारी कर दिया गया है। | |
| 755. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | 05.11.2019<br>***महिलाओं के विरूद्ध अपराधों और बच्चों के विरूद्ध यौन अपराधों के मुकद्मों के तीव्रता से निपटान के लिये चार डैडिकेटिड फास्ट ट्रैक कोर्ट और 12 विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित की जाएंगी। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

**ARCHAEOLOGY AND MUSEUMS DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 756. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के दौरान श्री मक्खन लाल सिंगला द्वारा पूछा गया प्रश्न :– उपाध्यक्ष महोदया, सिरसा के थेड़ गांव के निवासियों को पुरातत्व विभाग ने कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में हटा दिया है। वे लोग वहां पर पिछले 70 साल से रह रहे थे। उनमें से कुछ परिवारों को रहने के लिए हाउसिंग बोर्ड के मकान दिये गये थे तथा बाकी लोगों को भी वहां से हटने के नोटिस दिये जा रहे हैं। लेकिन जिन लोगों को हाउसिंग बोर्ड के मकानों में ठहराया गया है उनको अभी तक उन मकानों का मालिकाना हक नहीं दिया गया है इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पहले उन लोगों को मकान बना कर दिये जायें तथा उनके नाम रजिस्ट्री करवा दी जाये ताकि वे सही ढंग से रह सकें क्योंकि ये परिवार आर्थिक रुप से कमजोर हैं तथा मेहनत मजदूरी करके अपना तथा अपने परिवार का पालन–पोषण करते हैं। | 22.02.2019<br>उपाध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जो मामला उठाया है मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं कि 1984 में थेड़ गांव में 82 एकड़ जमीन थी और वहां पर हजारों लोग रह रहे थे। उस जमीन में पुरातत्व काल के सिक्के, मूर्तियां, पत्थर और शिलालेख मिले हैं इसीलिए माननीय हाई कोर्ट के आदेशों से उस जमीन में पुरातत्व विभाग तथा उपायुक्त ने उन लोगों को सैक्टर 21 के हाउसिंग बोर्ड के मकानों में शिफ्ट करवा दिया है। वहां पर 1260 हाउसिंग बोर्ड के मकान थे जिनमें 649 परिवारों को वहां पर शिफ्ट कर दिया गया है। इस बारे में 26.10.2017 को माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में मीटिंग हुई थी। मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल सैक्रेटरी, पुरातत्व विभाग, उपायुक्त और हाउसिंग बोर्ड की आपस में तीन मीटिंग हो चुकी हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि बहुत जल्दी उनका समाधान कर दिया जायेगा। | मुख्य सचिव हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 17.3.2020 को सुबह 11 बजे मुख्य सचिव समिति कक्ष में केंद्रीय सरकार द्वारा संरक्षित स्थल माउण्ड सिरसा में रहने वाले लोगों के लिए पुनर्वास योजना का सुझाव देने के लिए विस्तृत विचार विमर्श के बाद थेड माउण्ड सिरसा में रहने वाले निवासियों के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए गएः–<br>1. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित स्थल का उचित सीमांकन किया जाएगा।<br>2. उपायुक्त, सिरसा द्वारा 3233 रिहायशी लोगो की पुष्टि की गई।<br>3. सैद्धांतिक रूप में संरक्षित क्षेत्र पर अवैध अतिक्रमणकारियों का पुनर्वास नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, संभावित कानून और व्यव्स्था के तहत स्थिति को मददेनजर रखते हुए केवल उन परिवारों को पुनर्वास के लिए पात्र माना जाएगा जो बेदखली के परिणामस्वरूप या तो बेघर हो जाएगे या जिनके पास जमीन/संपति की रजिस्ट्री के दस्तावेज मौजूद है।<br>4. जिला प्रशासन सिरसा द्वारा कुछ गांवों को चिहिंत किया गया है। जहां पुनर्वास के लिए पात्र परिवारों को 100 वर्गगज तक का ही क्षेत्र अधिकृत किया जाएगा। महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के मानदण्डों के अनुसार ही भूमि की खाका योजना एवं डिजाईन तेयार किया जाएगा। ग्राम पंचायतों से भूमि प्राप्त करने और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(27.7.2022) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 5. पात्र व्यक्ति/परिचर स्वयं ही अतिक्रमण की हुई साईट को खाली कर उसमें बने ढांचे को ध्वस्त करेगा। साईट के खाली कर उसमें बने ढांचे को ध्वस्त करेगा। साईट के खाली करने के पश्चात सरकार द्वारा प्रदान की गई भूमि पर घर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकार्य अनुदान के बराबर अनुदान दिया जाएगा। यदि आंबटिती अपने घर के निर्माण के लिए स्वयं श्रम का योगदान करता है तो MGNREGA के तहत PMAY ग्रामीण के मानदंडों अनुसार मजदूरी प्राप्त करने का पात्र होगा।<br>6. उपरोक्त योजना उन 788 फलैट में रहने वाले अतिक्रमणकारियों पर उन्हें स्वयं का फलैट प्राप्त होने पश्चात लागू होगी।<br>उपरोक्त के संदर्भ में दिनांक 21.12.2020 को मुख्यमंत्री महोदय के मुख्य प्रधान सचिव तथा अतिक्ति मुख्य सचिव हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के द्वारा एक बैठक की गई थी जिसमें अतिक्रमणकारियों द्वारा अधिकृत किए गए हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के फलैटों का मास अक्तूबर/नवंबर 2017 से किराया देने के संबंध में विचार विमर्श किया गया था। उपायुक्त सिरसा द्वारा फलैटों का किराया लगभग 48.00 करोड रूपये का ऐस्टिमेट भेजा है जो कि विभाग में विचाराधीन है। इस संबंध में विभाग द्वारा 23.11.21 को ब्डड में ऐजंडा भेजा था परंतु प्रधान सचिव हाउसिंग के दखल के बाद दिनांक 25.11.21 के कैबिनेट मीटिंग से पहले ऐजंडा वापिस ले लिया गया था।<br>माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा आदेश दिए गए है कि अतिरिक्त | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | मुख्य सचिव पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग से अतिरिक्त मुख्य सचिव हाउसिंग फॉर ऑल इसके बाद एक बैठक कर हाउसिंग बोर्ड द्वारा मांगे गए फलैट के किराए के मामले को आपस में एक मीटिंग कर सुलझाए। इसके बाद अगर कोई मामला लंबित रहता है तो मुख्य सचिव महोदय से निर्णय कराने हेतु एक मीटिंग का आयोजन करे। अभी तक उक्त मीटिंग नहीं हुई है। मीटिंग उपरांत ही इस मामले में कोई निर्णय हो पाएगा। मामले के निपटान के लिए विभाग द्वारा उचित कार्यवाही की जा रही है। अत इस मामले को ड्राप कर दिया जाए। | |
| | | 20.02.2023 | | |
| 757. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | लगभग 5,000 साल पुरानी सिंधु घाटी की कलाकृतियों को प्रदर्शित करने के लिए | | |
| | | राखीगढ़ी में हड़प्पा संस्कृति पर एक संग्रहालय बनाया जा रहा है। जिला फतेहाबाद में पूर्व–हड़प्पा स्थल–कुनाल में एक साइट संग्रहालय स्थापित किया जा रहा है। | | |
| | | 23.02.2023 | | |
| 758. | वर्ष 2023–24 के बजट के संदर्भ में | 191. केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सांझेदारी से राखीगढ़ी में एक आधुनिक संग्रहालय की स्थापना की जा रही है। इस संग्रहालय में सरस्वती–सिंधु क्षेत्र की प्राचीन गौरवशाली सभ्यता और परिसर में खुदाई से निकले अवशेषों को प्रदर्शित किया जाएगा। संग्रहालय के वर्ष 2023–24 में चालू होने की संभावना है।<br>192. सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला भारत के हस्तशिल्प, हथकरघा और सांस्कृतिक ताने–बाने की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करता है, और यह दुनिया का सबसे बड़ा शिल्प मेला है। हालांकि, मेला स्थल का उपयोग वर्ष में केवल तीन सप्ताह के लिए किया जाता है। सरकार अक्तूबर–नवंबर, 2023 में मेला स्थल पर बुनियादी ढांचे का उपयोग दिवाली उत्सव मेला आयोजित करने के लिए दीवाली थीम के साथ कलाकारों, | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | कारीगरों और शिल्पकारों, छोटे व्यापारों और व्यवसायों के लिए मंच प्रदान करने के लिए करेगी। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 759. | वित वर्ष 2021–22 के बजट के संदर्भ में | 12.03.2021<br>xxआज के दिन 91 साल पहले महात्मा गांधी ने आजादी के लिए अपने अनुयायियों का नेतृत्व करते हुए साबरमती आश्रम से दांडी तक यात्रा निकाली थी। आज मैं इस अवसर पर एक नई योजना "मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान अभियान" शुरू करने की घोषणा करता हूँ। इस अभियान के लिए परिवार पहचान पत्र से डाटा का सत्यापन किया जाएगा और राज्य में एक लाख निर्धनतम परिवारों की पहचान की जाएगी। इन परिवारों की न्यूनतम आर्थिक सीमा 1.80 लाख रुपये वार्षिक करने के उद्देश्य से उनके आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा, कौशल विकास, वेतन रोजगार, स्व–रोजगार और रोजगार सृजन के उपायों का एक पैकेज अपनाया जाएगा और लागू किया जाएगा। जब इन एक लाख परिवारों का सफलतापूर्वक उत्थान हो जाएगा तो सरकार अगले एक लाख निर्धनतम परिवारों की पहचान करेगी और उनके आर्थिक उत्थान के लिए काम करेगी। | | |
| 760. | श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 639 क्या सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि उन व्यक्तियों की पेंशन जिनकी आय परिवार पहचान–पत्र के अनुसार रू0 200000/– से अधिक है, सरकार द्वारा बंद की जा रही है, यदि हां, तो उपरोक्त लाभार्थियों की पैंशन को पुनः बहाल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | 03.03.2022<br>श्रीमान् जी, वर्तमान में केवल उन्हीं लाभार्थियों की पैंशन रोकी जा रही है जिनकी वार्षिक आय 3.50 लाख रूपये से अधिक है, जो उनके द्वारा परिवार पहचान पोर्टल पर अपडेट और हस्ताक्षर करके उपलब्ध की गई है। इसके अतिरिक्त, लाभार्थियों के लिए परिवार पहचान पत्र की जानकारी को अपडेट करने के लिए एक पोर्टल मॉडयूल पर तैयार किया गया है, जिसे बाद में सत्यापित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, एक शिकायत निवारण पोर्टल भी शुरू किया जा रहा है जहां लाभार्थी उन आधारों का पता लगा सकता है जिन पर पैंशन/भत्ते रोके गये हैं और यदि आधारों में सुधार की आवश्यकता है तो शिकायत जमा कर सकते हैं। त्रुटि में संशोधन के बाद योजना के प्रावधानों के अनुसार पात्र पाए जाने पर रूका हुआ लाभ फिर से शुरू किया जा सकता है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 08.03.2022 | | |
| 761. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 144 से निकाला गया आश्वासन। | सरकार अंबाला में मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक आजीवन देखभाल गृह की स्थापना करेगी जिसके वर्ष 2023–24 तक शुरू होने की उम्मीद है। | | |
| | | 23.02.2023 | | |
| 762. | वर्ष 2023–24 के बजट के संदर्भ में | 118. पी.पी.पी. के आंकड़ों के आधार पर राज्य में 80 वर्ष से अधिक आयु के 3.3 लाख से अधिक व्यक्ति हैं। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस आयु वर्ग के बुजुर्गों की कुशलक्षेम जानने के लिए 'प्रहरी' योजना के तहत सरकारी कर्मचारी द्वारा दो महीने में एक बार व्यक्तिगत दौरा किया जाए। व्यक्तिगत दौरे के आधार पर, चिकित्सा सहायता या संपत्ति की सुरक्षा आदि सहित अगले कदम संबंधित सरकारी एजेंसी द्वारा उठाए जाएंगे। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर लिया गया है और पुलिस विभाग को आंकड़े उपलब्ध करा दिए गए हैं। 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लगभग 3600 व्यक्ति पी.पी.पी. डेटा के आधार पर अकेले रह रहे हैं, जिनकी आय वृद्धावस्था सम्मान भत्ते के अलावा प्रति वर्ष 25,000 रुपये से कम है। मैं एक योजना शुरू करने का प्रस्ताव करता हूं, जिसमें उनकी सेवा आश्रम में देखभाल की जाएगी। वहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा सहित सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। वरिष्ठ नागरिक सेवा आश्रम योजना का विवरण अलग से अधिसूचित किया जाएगा।<br>119. हरियाणा के सबसे गरीब परिवारों, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 1 लाख रुपये तक है, के उत्थान के लिए उनकी आय बढ़ाकर कम से कम 1.80 लाख रुपये वार्षिक करने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में वित्तीय लाभों का पैकेज उपलब्ध कराया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष के दौरान, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित अंत्योदय मेलों के माध्यम से 36,993 परिवारों को ऋण स्वीकृत किये गये हैं। वर्ष 2023–24 के लिए, मैं इस आय वर्ग में कम से कम 2 लाख से अधिक परिवारों को कवर करने का लक्ष्य तय करने और उन्हें 1 लाख रुपये तक की राशि बैंकों से उपलब्ध कराने का प्रस्ताव करता हूं। इसके लिए 2,000 | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | करोड़ रुपये बैंकों के परामर्श से अलग रखे जाएंगे। इसके अलावा, जिन पहचाने गये परिवारों के आवेदन खराब CIBIL स्कोर के कारण अस्वीकार कर दिये गये हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए गारण्टी सहायता प्रदान की जाएगी कि वे आय सृजन गतिविधियों के लिए वित्त पोषण प्राप्त करने के पात्र बन जाएं। योजना का विवरण अलग से अधिसूचित किया जाएगा। | | |
| 763. | श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 67—क्या मुख्यमंत्री कृपया राज्य में अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के संबंध में निम्नलिखित जानकारी बताएंगेः—<br>(क) योजना के शुरूआत से लाभार्थियों की वर्ष—वार संख्या कितनी है;<br>(ख) लाभार्थियों की संख्या कितनी है जिनकी आय दोगुनी हो गई है;<br>(ग) मासिक किस्तों (ई.एम.आई) का भुगतान करने में चूक करने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है; तथा<br>(घ) इस योजना के तहत प्रधान की गई ब्याज छूट (प्रतिशत में) की मात्रा कितनी है? | 28.08.2023<br>(क) ****<br>(ख) मिशन वर्तमान में उन लाभार्थियों की संख्या का रखरखाव/संग्रहण नहीं कर रहा है जिनकी आय दोगुनी हो गई है। लाभार्थी परिवार को निरंतर अनुवर्ती कार्यवाई करने और सहायता प्रदान करने के लिए एक आउटरीच तंत्र स्थापित करने की योजना है।<br>(ग) ****<br>(घ) **** | | |
| 764. | बजट भाषण वर्ष 2024—25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024.<br>सरकार ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग पेंशन, 40 वर्ष से अधिक आयु के विधुरों और 45 वर्ष से अधिक आयु के अविवाहितों को पेंशन देने की प्रक्रिया को प्रो—एक्टिव मोड में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से क्रियान्वित करके यह सुविधा लाभार्थियों के घरद्वार तक पहुंचाई है। प्रो—एक्टिव मोड के माध्यम से पिछले 18 महीनों में 2.14 लाख से अधिक वृद्धावस्था सम्मान भत्ता लाभार्थियों की पहचान की गई है और पिछले एक वर्ष में 5940 से अधिक दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों की पहचान भी की गई है। सरकार का अगले 3 महीनों में प्रो—एक्टिव पेंशन प्रावधान को अन्य योजनाओं जैसे कि विधवा और निराश्रित महिला पेंशन, 40 वर्ष से अधिक आयु के विधुरों की पेंशन और 45 वर्ष से अधिक आयु के अविवाहितों की पेंशन, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता और स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता की स्कीमों तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**SKILL DEVELOPMENT & INDUSTRIAL TRAINING DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 20.08.2021 | | |
| 765. | तारांकित प्रश्न संख्या 1141 के संदर्भ में श्री धर्म सिंह छौक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि इस आई.टी.आई की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल व एफ.डी. से एप्रूवल हो चुकी है तथा इसके लिए 250 सीटें भी अलॉट की गई हैं। इस कार्य के लिए यहां पर पहले पंचायत और एक कंपनी के बीच कंबाइंड कमिटमैंट हुआ था जिसको कंपनी अपने स्तर पर पूरा नहीं कर पाई थी और माननीय हाई कोर्ट में मामला चला गया और विचाराधीन है। अध्यक्ष महोदय, इस सारे मामले में मसला केवल जमीन का है और चूंकि मामला माननीय हाई कोर्ट में लंबित है तो पता नहीं इसमें कितना समय लग जाये। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि आई.टी.आई. का निर्माण होने वाली जिस जमीन पर डिस्प्यूट है, उस जमीन को दरकिनार कर दिया जाये और इस कार्य के लिए जितनी जमीन चाहिए, उतनी जमीन हमारी पंचायत फ्री ऑफ कोस्ट देने के लिए तैयार है और चूंकि संबंधित आई.टी.आई. के लिए सभी प्रकार की एप्रूवल्ज मिल चुकी हैं, के परिपेक्ष्य में अनुरोध है कि इस आई.टी.आई. का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाये। | अध्यक्ष महोदय, यदि माननीय सदस्य पंचायत से जमीन का रेजोल्यूशन पास कराकर हमारे पास भेज दें तो इस काम को करवा दिया जायेगा। | ग्राम पंचायत चुलकाना विकास खण्ड समालखां (पानीपत) की प्रस्तावित 40 कनाल 13 मरला शामलात भूमि का पट्टानामा विभाग के नाम हो चुका है। इस संस्थान के भवन निर्माण हेतु नक्शे बनाए जा चुके हैं तथा कच्चा अनुमानित चिट्ठा लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जाना है जो कि अभी तक इस निदेशालय को प्राप्त नहीं हुआ है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (21.06.2023) |
| | | 21.03.2022 | | |
| 766. | तारांकित प्रश्न संख्या—1803 के संदर्भ में श्री सुभाष गांगुली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि गांव गांगोली में जहां मैंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मांग की है, यह एरिया मेरे विधान सभा क्षेत्र के बीच में पड़ता है। यह जमीन स्टेडियम के साथ भी लगती है। मैं माननीय मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि एक गांव का बेटा अपने गांव के लिए आई.टी.आई. मांग रहा है और गांव के समधी ने वह आई. | अध्यक्ष महोदय, जिस गांगोली गांव में माननीय सदस्य ने आई.टी.आई. मांगी है उसकी 20 किलोमीटर की परिधि में 4 आई.टी.आईज. आती हैं अगर उनमें कोई कमी होगी तो उसे देख लेंगे । इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने घोषणा भी की हुई है कि हम हर विकास खंड में एक आई.टी.आई. खोलेंगे । अगर इन 4 आई.टी.आइज. के होने के बाद भी वहां पर आई.टी.आई. की जरूरत होगी तो हम उस पर ध्यान देंगे। | अध्यक्ष महोदय, सफीदों चुनाव क्षेत्र के गांव गंगोली में महिलाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मांग बारे 'व्यवहार्यता रिपोर्ट' (फिजीबिल्टी रिपोर्ट) भेजने बारे ई—मेल कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के OSD to CM (AS) से दिनांक 03.07.2018 को प्राप्त हुआ। औद्योगिक प्रशिक्षण में व उसके आस—पास प्रशिक्षण की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध होने के दृष्टिगत कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा OSD to CM | The Committee would like to know the latest position in this regard. (21.06.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | टी.आई. देनी है । अतः इन दोनों के बीच में कोई तीसरा आदमी नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि हमारी बेटी सुप्रिया का नाम भी जिन्दगी भर के लिए रोशन हो जाएगा कि उन्होंने अपने पिताजी को कहकर आई.टी.आई. बनवाई थी। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस आई.टी.आई. को जरूर से जरूर मंजूर किया जाए। | | (AS)को दिनांक 17.07.2018 को 'गैर व्यवहार्यता रिपोर्ट' (नॉन फिजीबिल्टी रिपोर्ट) भेजी गई। गांव गांगोली के 20 कि0मी0 की परिधि में 01 राजकीय आई0टी0आई0 व 04 प्राईवेट आई0टी0आई0 चल रहीं है इसलिए गांव गांगोली में व उसके आस–पास इन आई0टी0आईज की निकटता के कारण प्रशिक्षण की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है। आश्वासन दिनांक 21.03.2022 के बाद किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने बारे कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। इसलिए वर्तमान में ब्लॉक पिल्लूखेडा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आरम्भ करने बारे कोई भी मामला विचाराधीन नहीं है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही करली जाएगी। | |
| | | 21.03.2022 | | |
| 767. | श्री रामकुमार कश्यप, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1619 क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मन्त्री कृपया बताएंगे कि इन्द्री विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ? | हां श्रीमान जी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) इन्द्री की कक्षाएं अस्थाई तौर पर वर्तमान सत्र 2021–22 से राजकीय आई0टी0आई0 करनाल में चल रहीं हैं और इसके अपने भवन इन्द्री में 3 मास में स्थानांतरित होने की सम्भावना है। | लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडकें) से प्राप्त सूचना अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इन्द्री के नवनिर्मित मुख्य भवन, चारदिवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस भवन में अन्य सुविधाओं के लिए संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जानी है जिस बारे कार्यवाही की जा रही है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (21.06.2023) |
| | | 27.12.2022 | | |
| 768. | कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी : श्री आफताब अहमदः अध्यक्ष महोदय, शहीद हसन खां मैडिकल कॉलेज में जो बच्चे पिछले 10 वर्षों से ठेकेदारों के तहत अपनी सेवाएं दे रहे थे उनको निकाल कर और दूसरे ठेकेदारों द्वारा ही उनको भर्ती की जा रही है लेकिन उन बच्चों का जो 10 वर्षों का अनुभव था उसको नजरअंदाज किया जा रहा है। यह बात बिल्कुल सच्ची है कि वहां बच्चे इसके विरोध में धरने पर बैठे हुए हैं। उनकी लिस्ट और बच्चों | xxx<br>ठेकेदार सरकार को लोगों के नाम की सूचि देते थे और सरकार ठेकेदारों को एक–साथ पेमैंट कर देती थी । अभी भी ऐसे हजारों लोग हैं जिनके नामों को ठेकेदार एच.के.आर.एन. में पोर्ट नहीं कर रहे हैं और वे लोग हमें मिल भी नहीं रहे हैं तथा न ही उनकी हमारे पास कोई शिकायत आई है । इससे प्रतीत होता है कि ठेकेदारों के स्तर पर नीचे कोई गड़बड़ रही होगी कि उन्होंने सरकार के पास नाम बहुत ज्यादा लोगों के भेज दिए होंगे और उन्होंने भर्ती कम लोगों की की होगी । अतः यह एक ध्यान देने का विषय भी है । ऐसे में | शहीद मैडिकल कालेज महिला खानपुर कला सोनीपत के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार ए.पी. सुरक्षा सेवाएं, हुड्डा कॉम्पलैक्स रोहतक व बी.पी.एस.सी.जी.एम.सी. महिला खानपुर कलां सोनीपत के मध्य निविदा टैण्डर के तहत दिनांक 01.08.2021 से 31.07.2022 तक मुरम्मत एवं रख–रखाव के कार्यों के लिए 193 कर्मचारियों की आउटसोर्स पॉलिसी–1 के तहत सेवाएं प्रदान करने का करार हुआ था।<br>सितम्बर– 2021 में ए.पी. सुरक्षा सेवाएं, | The Committee would like to know the latest position in this regard. (21.06.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | के नाम बदले जा रहे हैं, क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम की यही पारदर्शिता है? अध्यक्ष महोदय, पुराने बच्चों के अनुभव और क्राइटेरिया को पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है। इस तरह से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जब 10 वर्ष की सेवा देने के बाद भी उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है तो वे बेचारे कहां जायेंगे? सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिये। अध्यक्ष महोदय, इसमें कहीं भी पारदर्शिता दिखाई नहीं देती है। | यह जांच का एक विषय है कि वे लोग फिजिकली अवेलेबल थे भी या नहीं और हम इसकी जांच करेंगे ।<br>xxx | हुड्डा कॉम्पलैक्स रोहतक द्वारा कुछ कर्मचारियों को मैडिकल कॉलेज खानपुरकलां से हटा दिया गया और नये कर्मचारियों को संस्थान में भेजा गया। हटाए गए कर्मचारियों द्वारा जब संबंधित कंपनी से पत्राचार किया तो उन्होंने जबाव दिया कि सरकार व निविदा की शर्तो अनुसार ही इन को हटाया गया था क्योंकि यह अपनी शैक्षणिक योग्यता /अनुभव को पूरा नहीं करते थे।<br>सरकार की हिदायतनुसार संस्थान द्वारा दिनांक 28.09.2021 से पहले कार्यरत कर्मचारियों को एच.के.आर. एन.एल. पोर्टल पर अपडेट किया गया था। | |
| | | 27.12.2022 | | |
| 769. | श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मेरे पास इससे संबंधित एक कागज है जिसमें लिखा हुआ है कि पंचकुला के आदेश क्रमांक दिनांक 06.12.2022 को पी.जी.टी. के पद पर ज्वाईन किया था और दिनांक 09.12.2022 को दोपहर कार्यभार से मुक्त कर दिया जाता है। इन्होंने दिनांक 06.12.2022 को ज्वाईन किया था और दिनांक 09.12.2022 को कार्यभार से मुक्त कर दिया। इस संबंध में मेरे पास वाणिज्य प्रवक्ता का लैटर है।<br>xxx<br>अध्यक्ष महोदय, जब उसने ज्वाईनिंग की तभी तो उसको कार्यभार से मुक्त किया होगा। क्या उसको बगैर एप्वॉयंटमैंट के ज्वाईनिंग दे दी। | अध्यक्ष महोदय, मैंने इस बारे में पहले ही कह दिया है कि अगर ऐसी गलतियां हुई हैं तो उनको ठीक करने का काम किया जायेगा। अगर और भी इस तरह के केसिज हैं तो उनको भी हम देख लेंगे। एक बार अगर किसी की ज्वाईनिंग हुई है तो उनको वापिस, उनकी जो भी योग्यता होगी, आखिर हमारे पास हर योग्यता के लोगों की डिमांड तो आयेगी। अब इसके बाद और विभागों की डिमांड्स हैं क्योंकि अध्यापकों का चयन दो चरणों में किया है और हमें इसमें भी कठिनाईयों ध्यान में आई हैं। नये सिरे से हमारे ध्यान में जो कठिनाईयां आई हैं उनको भी दूर किया जायेगा। मैं स्वयं और हमारे प्रिंसीपल सैक्रेटरी श्री के.एम.पांडुरंग जी हैं, वे इस काम को देख रहे हैं। मैं उनको कहूंगा कि इन कठिनाईयों को दूर किया जाये और आगे से ऐसी कठिनाईयां न आयें, इसके लिए प्रयास किया जाये।<br>xxx<br>हुड्डा साहब, यह बात मेरे नोटिस में नहीं है। (विघ्न) अगर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत एफ.आई.आर. दर्ज हुई है तो इसकी जानकारी लेकर उस पर कार्रवाई करेंगे। (शोर एवं व्यवधान) अगर किसी ने जानबूझकर अपना नाम इसमें घूसेड़ दिया है तो उसके खिलाफ हम कार्रवाई करेंगे। | निदेशक सेकेंडरी शिक्षा विभाग हरियाणा से प्राप्त सूचना अनुसार श्रीमती सीमा रानी पैराटिचिंग एसोसिएट, वाणिज्य को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिओन माजरा (2207) में दिनांक 06.12.2022 को Deploy किया गया था। इस दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 09.05.2022 की अनुपालना में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से वाणिज्य विषय के अनुशांसा प्राप्त हुई तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने उपरान्त कुमारी निधि को नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उन्हें राजकीय वरिष्ठ विद्यालय सिओन माजरा (2207) स्टेशन अलॉट किया गया। कुमारी निधि के कार्य भारग्रहण करने उपरान्त संबंधित प्राचार्य द्वारा, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत श्रीमती सीमा रानी को दिनांक 09.12.2022 को कार्य भारमुक्त कर दिया गया था। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(21.06.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 770. | श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 910 क्या खेलकूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में युवा क्लबों के लिए बजट का प्रावधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? तारांकित प्रश्न संख्या 910 के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह केहरवाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX जो युवा क्लब होते हैं वे सरकार के साथ तालमेल करके सरकार की गतिविधियों को धरातल तक पहुंचाने का काम करते हैं इसलिए उनकी रजिस्ट्रेशन फीस माफ की जाये। जो वर्ष 2021–22 के लिए बजट आया है उसमें युवा क्लब के लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि युवा क्लबों के लिए बजट का भी प्रावधान किया जाये। | 17.03.2021<br>हां जी, श्रीमान। राज्य के युवा क्लबों की सहायता हेतू एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। विवरण को अंतिम रूप दिया जाना शेष है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि रजिस्ट्रेशन फीस को कम करने की प्रोपोजल चल रही है। इस फीस को हम बहुत ज्यादा कम करके यानी 2800 रुपये से 100 रुपये पर लाने जा रहे हैं और जैसे ही यह काम हो जायेगा, मैं माननीय सदस्य को रिपोर्ट भिजवा दूंगा। | | |
| 771. | तारांकित प्रश्न संख्या 910 के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह केहरावाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX जो युवा क्लब होते हैं वे सरकार के साथ तालमेल करके सरकार की गतिविधियों को धरातल तक पहुंचाने का काम करते हैं इसलिए उनकी रजिस्ट्रेशन फीस माफ की जाये। जो वर्ष 2021–22 के लिए बजट आया है उसमें युवा क्लब के लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि युवा क्लबों के लिए बजट का भी प्रावधान किया जाये। | 17.03.2021<br>अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि सप्लीमैंट्री बजट में इसके लिए प्रावधान कर दिया जायेगा। | | |
| 772. | श्री मेवा सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 8–क्या मुख्यमंत्री | 21.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, यह एक नया विषय है जो हमने अभी शुरू किया है इसलिए इस प्रश्न | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कृपया बताएंगे कि राज्य में कौशल रोजगार निगम पोर्टल के गठन के बाद अब तक कितने युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | का उत्तर भी मुझे देना पड़ रहा है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एच.के.आर.एन.) नया विषय है। इसके तहत जो उत्तर है वह तो यही है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा विभिन्न सरकारी संगठनों में कार्यरत 1,06,464 मौजूदा अनुबंधित कर्मचारियों को डिप्लॉयमेंट ऑफर लैटर (डी.ओ.एल.) जारी किया गया है, जिसमें से 95,424 अनुबंधित कर्मचारियों ने निगम के पोर्टल पर ज्वाइन कर लिया है जो विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त निगम द्वारा 6,736 नए उम्मीदवारों को जॉब एक्टिविटीज जैसे योग सहायक, चालक, सहायक लाइनमैन, कला शिक्षा सहायक इत्यादि में डी.ओ.एल. जारी किया गया है, जिनमें से 4380 उम्मीदवारों ने ज्वाइन कर लिया है और विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं तथा बाकियों को भी ज्वाइन करवा लिया जायेगा। | | |
| 773. | तारांकित प्रश्न संख्या 8 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – अध्यक्ष महोदय, बी.पी.एस. में सर्विस कर रहे लड़कों को हटा दिया गया और उनकी जगह पर दूसरों को लगा दिया गया। ये लड़के पैटीशन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत हुए थे। | 21.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, गीता जी को भी कहना चाहूंगा कि यह केस मेरे ध्यान में है। मैं इसी तरह की बातों के बारे में ही अब सदन में बता रहा हूँ कि ये सारी बातें नीचे–नीचे होती थी और मान लो यदि चार लोग छोड़कर चले जाते थे तो अपनी मर्जी से चार अन्य लोग रख लिए जाते थे क्योंकि सैलरी चार लोगों की आलरेडी मिल ही रही थी तो ऐसी अवस्था में उस सैलरी का उपयोग वे लोग किया करते थे लेकिन जब से हमने बाई नेम इनको आउटसोर्स बेसिज लगाने का काम शुरू किया है और उनको यह भी कहा है कि जो लोग पक्के लगे हुए है, उनको कोट कर दीजिए, तब ये खेल शुरू हुआ कि जो पुराने लोग थे उनको हटाकर नए लोगों को रखकर, इन नए लोगों के नाम कोट कर दिए गए। जब इसकी इंक्वायरी हुई है तो सारा मामला सामने आया और अब जो दोषी है उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खानपुर का जो केस अभी गीता जी ने और मलिक साहब ने बताया है, यह केस मुझे ध्यान में है, निश्चित रूप से इसमें कार्रवाई की जायेगी यदि इसके अतिरिक्त और भी कोई केस सामने आता है तो उस पर भी कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (ii) | तारांकित प्रश्न संख्या 8 के संदर्भ में श्री जगबीर सिंह मलिक, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – अध्यक्ष महोदय, कौशल रोजगार निगम में नाम भेजने के लिए 28.9.2021 की कट ऑफ डेट तय की गई थी अर्थात जो व्यक्ति इस तारीख तक बी.पी.एस. खानपुर में ठेकेदार के अधीन कांट्रैक्ट पर नौकरी कर रहा था, उनके नाम कौशल रोजगार निगम में भेजे जाने थे लेकिन ये नाम नहीं भेजे गए और आलरेडी लगे हुए लोगों की जगह नए लोगों के नाम भेजने का काम किया गया। मेरे पास उन लोगों के हाजिरी रजिस्टर की कापी भी है। काम किसी ने किया और पोर्टल पर नाम किसी और का चढ़वा दिया गया और इस मामले में एस.पी. की भी इंक्वायरी हुई है और उसमें पता चला है कि पैसों का लेन देन हुआ है। | 21.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, जो दोषी है उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। | | |
| 774. | श्री धर्म सिंह छोकर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्ना संख्याक 12:– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि समालखा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव चुलकाना में आई.टी.आई. का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है? | 15.12.23<br>श्रीमान जी, ग्राम पंचायत चुलकाना द्वारा प्रस्तावित 40 कनाल 13 मरले भूमि की स्वीकृति आई.टी.आई. का भवन बनवाने के लिए सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है। इस आई.टी.आई. के भवन बनवाने का खर्चा अनुमानितः 15.09 करोड रुपये है जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा इस भवन का निर्माण कार्य जून 2024 तक आरम्भ कर दिया जाएगा। | | |
| 775. | तारांकित प्रश्न संख्या 12 के सन्दर्भ में श्री धर्म सिंह छोक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि गांव चुलकाना में आई.टी. आई. वर्ष 2009–2014 के कार्यकाल में मंजूर हुई थी लेकिन लैंड डिस्प्यूट की वजह से काम रूक गया था। दो वर्ष पहले माननीय मंत्री जी ने इस संबंध में आश्वासन दिया था और आई.टी.आई. बनाने की मांग मान भी ली थी। इस आई.टी.आई. की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है और लोक निर्माण | 15.12.23<br>अध्यक्ष महोदय, जितना समय चयन प्रक्रिया में लगा है इतने ही समय में आई.टी.आई. के निर्माण का कार्य जल्दी से जल्दी शुरू करवा देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (भवन एवं सड़कें) विभाग से इसका एस्टीमेट्स भी बनकर आ चुका है। आई.टी.आई. के बच्चे स्कूल की बिल्डिंग में बैठते हैं और स्कूल की बिल्डिंग जर्जर अवस्था में है। मैं माननीय मंत्री जी से पुनः आग्रह करना चाहूंगा कि इस आई.टी.आई. का जल्दी से जल्दी टैंडर लगाकर काम शुरू करवायें ताकि आई.टी.आई. के बच्चों को कोई असुविधा ना हो। अध्यक्ष महोदय, आई.टी.आई. के उपकरण स्कूल की बिल्डिंग के 5–7 कमरों में पड़े हुए हैं और उन कमरों को खाली करवाने का भी दबाव आ रहा है। जब इस संबंध में सारी की सारी औपचारिकताएं पूरी हों गई हैं तो जल्दी से जल्दी टैंडर लगा कर काम शुरू किया जाये। | | | |
| 776. | श्री हरविंदर कल्याण द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 34:– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या घरौंडा विधानसभा निवार्चनक्षेत्र के यमुना क्षेत्र के गांवों में एक औदयोगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है? | 15.12.23 हां, श्रीमान जी। मुख्यमंत्री घोषणा कोडः 27590 दिनांक 05.10.2023 के द्वारा घरौडा विधानसभा क्षेत्र के गांव नलवी खुर्द विकासखण्ड कुंजपुरा जिला करनाल की पंचायत भूमि पर यमुना बेल्ट के गांवों के लिए आई0टी0आई0 खोलने की घोषणा की है। इस आई0टी0आई0 को स्थापित करने में लगभग 2–3 वर्ष का समय लगने की सम्भावना है। | | |
| 777. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024 'मिशन 60,000' के तहत, सरकार का आने वाले वर्षों में कम से कम 60,000 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी, 2024 में ठेकेदार सक्षम युवा योजना शुरू की गई है। यह योजना पंचायती राज संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों में और सरकारी क्षेत्र में 25 लाख रुपये तक के विकास कार्यों के लिए ठेकेदारों के रूप में 10,000 युवाओं की पहचान और प्रशिक्षण के उद्देश्य से शुरू की गई है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | जी.एस.टी. पंजीकरण प्रक्रिया और हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर पंजीकरण आदि के लिए 3 महीने का कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा ताकि ये युवा प्रशिक्षण पूरा होने पर तुरंत काम प्राप्त कर सकें और दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकें। | | |
| 778. | श्री शीशपाल सिंह केहरवाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्याी 68 : क्या मुख्यमंत्री कृपा बताएंगे कि :– <br>(क) क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड द्वारा की जा रही भर्तियों मे अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गा को आरक्षण देने का कोई प्रावधान है; <br>(ख) हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के अंतर्गत अब तक की गई भर्तियों की कुल संख्या कितनी है; तथा <br>(ग) क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के अंतर्गत विदेशों में सरकार द्वारा नौकरियां प्रदान की गई हैं तथा कुल कितनी नौकरियां प्रदान की गई हैं तथा देशों के नाम क्या है ? | 27.02.2024 <br>(क) XX क्षैतिज श्रेणी के उपयुक्त उम्मीदवार की अनुपलब्धता के मामले में ऊर्ध्वाधर श्रेणी के उपयुक्त व्यक्ति, यदि उपलब्ध हो, को नियुक्त किया जा सकता है। निगम द्वारा विशिष्ट श्रेणी के उपयुक्त उम्मीदवार की अनुपलब्धता की स्थिति में निगम द्वारा अन्य श्रेणी की जनशक्ति को नियुक्त किया जाएगा। यह कोई नियमित नियुक्ति नहीं है; इसलिए, किसी विशेष वर्ष में आरक्षित श्रेणी के उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के मामले में कोई बैकलॉग नहीं रखा जाएगा"। XX अगर पिछली भर्ती में शिडयूल्ड कास्ट में आरक्षण 20 प्रतिशत से कम रहता है तो उसको एडजैस्ट करते हैं। अगर उसमें पहले से पर्याप्त है तो नोर्मल भर्ती हो जाती है और फिर अगली भर्ती में उसको पूरा करते हैं। आज की स्थिति में बी.सी.–ए को 16 प्रतिशत की आवश्यकता होती है और इस समय जो नई भर्ती हुई है उसके अन्दर 15.64 प्रतिशत आरक्षण उपस्थित है और नई भर्ती में 6 प्रतिशत आरक्षण को पूरा कर दिया जाएगा। XX | | |
| 779. | हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी सेवा की सुनिश्चितता विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान श्रीमती गीता भुक्कल, विधायिका द्वारा पूछा गया अपुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष जी, यह मेरी समझ में नहीं आया। मुख्यमंत्री जी कृपया करके मुझे समझा दें कि रिजर्वेशन क्राईटेरिया को उसमें कैसे फोलो किया जायेगा। मैं जानना चाहती हूं कि क्लॉज नम्बर 9 के तहत रिजर्वेशन होरीजैंटल या वर्टीकल कैसे देंगे? उसमें ना तो रोस्टर, ना ही आरक्षण उसको मैंने पूरा पढ़ने की कोशिश की लेकिन मुझे कुछ समझ में नहीं आया। मुख्यमंत्री जी कृपा करके | 18.11.2024 <br>अध्यक्ष जी, मैंने पहले ही कहा है जो लगे हैं हमने उनको इसके अंदर कोट किया है। आगे के लिए हमने इसके अंदर यह कहा है कि इसके अंदर रिजर्वेशन पॉलिसी भी है। सीधी भर्ती के लि, उर्ध्वाधर (vertical) और क्षैतिज (horizontal) दोनों आरक्षण नीति जो समय–समय पर लागू है कि हमें कितने लोग चाहिए। (विघ्न) यह पॉलिसी किसी एक जिले विशेष पर लागू न होकर पूरे स्टे ट पर लागू होगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | मुझे समझा दें कि आरक्षण कैसे दिया जायेगा। हम उम्मीद करते हैं कि शिडयूल्ड कास्ट और बैकवर्ड क्लॉस को संवैधानिक तौर पर जो आरक्षण दिया गया है वह उनको दिया जाये। उनके साथ इनजस्टिस न किया जाये। उनका मजाक न उड़ाया जाये। | | | |
| 780. | हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी सेवा की सुनिश्चितता विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान श्रीमती गीता भुक्कल, विधायिका द्वारा पूछा गया अपुपूरक प्रश्नः स्पीकर सर, आप समझा दें कि ये होरीजोंटल और वर्टीकल कैसे देंगे। रिजर्वेशन पॉलिसी को कैसे फोलो किया जायेगा। हम इस पॉलिसी के खिलाफ थोड़े ना बोल रहे हैं। | 18.11.2024<br>अध्यक्ष महोदय, अपनी कमी को छिपाने के लिए इस प्रकार से डिस्टर्ब किया जा रहा है, मैं अभी बोला नहीं हूं। मैंने उस दिन भी बताया था और आज फिर बता रहा हूं कि एस.सी. कैटेगरी में 37404 बच्चे लगे हुए हैं, इस प्रकार उनको 28 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इसी तरह से पिछड़ वर्ग में 41376 बच्चे लगे हुए हैं और उनको 32 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है तथा सामान्य वर्ग में 53993 बच्चे लगे हुए हैं और इनको 46 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार से एच.के.आर.एन. में रिजर्वेशन का बिल्कुल ध्यान रखा जा रहा है | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | और एच.के.आर.एन. में जो बच्चे आ रहे हैं उनके लिए हम यह ट्रांसपेरेन्ट पॉलिसी लेकर आए हैं ताकि हमारे युवा सुरक्षित रहें और उनको दिक्कत न आए। अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस के शासनकाल में तो जो पुलिस में लगे हुए थे उनको कोर्ट ने निकाल दिया था और वे सड़कों पर घूम रहे थे हमने उनको सम्बल दिया है। हमने उनको कहा है हम आपके साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हमने उनको एस.पी.ओ. लगाया, हमने एक को भी नहीं छोड़ा। अब ये कहेंगे कि आपने एस.पी.ओ. कैसे लगा दिया। इनकी गलती थी और इनकी गलती को सुधारते हुए हमने उनको एस.पी.ओ. के पद पर ऐडजस्ट कर दिया। ये गलतियां किसी और की नहीं हैं, ये गलतियां इन्हीं की हैं और हमने उनको दुरूस्ता किया है, हमने उनको सुरक्षित किया है। हमने 1 लाख 20 हजार युवाओं की सर्विस को सुरक्षित करने का काम किया है। मैं उस दिन भी बोल रहा था और आज फिर कह रहा हूं कि इसमें जो 2 लाख पक्की नौकरियों की बात कही थी वे 2 लाख पक्की नौकरियां अलग हैं और वे भी हम देंगे और बिना पर्ची, बिना खर्ची के आधार पर ही देंगे। हम इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। विपक्ष की तरफ से जो बात कही जा | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | रही है अगर इनको लगता है तो हम इसकी जांच करवा देते हैं। ये तो चाहते हैं कि इनको निकाल दें, इनको रखना नहीं है। | | |
| 781. | हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी सेवा की सुनिश्चितता विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, विधायक द्वारा दिये गये सुझाव :<br>अध्यक्ष महोदय, हमने उनको निकालने के लिए कभी नहीं कहा। मैं तो आज भी यही कह रहा हूं कि इनको रेगुलर करके एच.के.आर.एन. को खत्म कर दो और आगे से रेगुलर भर्ती कर दो। इनको भी पक्का करो, हटाने की बात नहीं है। | अध्यक्ष महोदय, हम 2 लाख रेगुलर भर्ती भी करेंगे। मैंने शुरू में कहा है कि ये बच्चे लम्बे समय से लगे हुए थे और इनका बहुत शोषण हो रहा था। इस बारे में दर्शना देवी कोर्ट में गई और कोर्ट ने आदेश दिये कि इनको सुरक्षित किया जाये। उसके बाद यह एच.के.आर.एन. बना है।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, हम इनको रेगुलराईज करेंगे। अब मैं इनके समय की बात करूं तो जो ट्यूबवैल ओपरेटर लगे हुए थे उनको आज भी नौ हजार रुपये मिल रहे हैं। वे उससे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। हुड्डा साहब, आप अपनी तरफ तो देख लो कि हमने क्या किया था।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, हमारे यहां तो मिनिमम वेज 14 हजार रुपये से लेकर 25 हजार से आगे | | |
| *** | मुख्यमंत्री जी, आप इन कर्मचारियों को रेगुलराईज ही कर दो। | | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| *** | मुख्यमंत्री जी, हमारे समय में तो जो कुछ भी हुआ सो हुआ लेकिन अब आप तो उनको मानदेय बढ़ाकर दे दो। | 35—40 हजार और 50 हजार तक हमने कैप लगाई गई है। जिन कर्मचारियों की 50 हजार से ऊपर सैलरी है उनका बिल भी हम लेकर आ रहे हैं। उनको भी हम सुरक्षित करेंगे। माननीय अध्यक्ष जी, हर व्यक्ति को सुरक्षा देना और उसको सुरक्षित करना हमारी जिम्मेवारी है। उसको भी एक पक्के कर्मचारी की तरह मान देय मिले यह हमारी जिम्मेवारी है। उसको हम सुनिश्चित कर रहे हैं।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, जो कर्मचारी 50 हजार से ऊपर की सैलरी के रह गये हैं। वे भी इस बिल में आ रहे हैं। एक यहां भगत फूल सिंह यूनिवर्सिटी की बात कही गई है। वे बच्चे मुझ से भी मिले थे और हम उसके ऊपर वर्किंग कर रहे हैं। उसका क्या है क्या नहीं है लेकिन उसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही होगी, यह बात मैं फ्लोर ऑफ दा हाऊस कह रहा हूं कि उन बच्चों के साथ अन्याय नहीं होगा। माननीय अध्यक्ष जी, हम किसी के साथ अन्याय नहीं करेंगे।<br>***<br>अध्यक्ष महोदय, हुड्डा साहब ने यह बात ठीक कही है। इसके लिए भी हम चर्चा कर रहे हैं कि उसका क्या करेंगे क्योंकि ये हमारी | | |
| *** | मुख्यमंत्री जी, आप यह सारी यूनिवर्सिटीज में कर दीजिए। | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | यूनिवर्सिटीज अलग इंडीपेंडेंट बॉडीज हैं और माननीय राज्यपाल महोदय उनके वाईस चांसलर होते हैं। उसको लेकर भी हम सोच रहे हैं उसका क्यो करना है, क्या नहीं करना, ताकि वे भी सुरक्षित रहें क्योंकि वे हमें मिलते रहते हैं परन्तु जो 50 हजार रुपये से ऊपर सैलरी लेने वाले कर्मचारी रह गये हैं उनके लिए भी आज हम बिल इंट्रोडियूज करने जा रहे हैं। अब बिल इंट्रोडियूज होगा तो उस पर भी चर्चा करके उनको हमारी सरकार सुरक्षित करने का काम करेगी। अध्यक्ष महोदय, आज आपके माध्यम से हम एच.के.आर.एन. की पॉलिसी लेकर आए हैं मैं सभी को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि एक लाख बीस हजार युवा जिनको हमने आश्वासन दिया था कि हम आप सबको सुरक्षित करेंगे। आज विधान सभा के अन्दर सभी माननीय सदस्य इस इंट्रोडियूज बिल को पास करने के लिए तैयार हैं। मैं उन सभी एक लाख बीस हजारी युवाओं को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। | | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**ENVIRONMENT & CLIMATE CHANGE DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 9.03.2021 | | |
| 782. | तारांकित प्रश्न संख्या–891 के संदर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में आसपास के गांवों में पॉल्यूटिड पानी आ रहा है जिससे कैंसर होने के कारण लोगों की मौतें हो रही हैं। वहां पर आसपास के गांवों ललेड़ी, बड़ी और राजलूगढ़ी हैं। इस सभी गांवों में पानी पाल्यूटिड हो चुका है जिसकी वजह से वहां पर मौतें हो रही हैं। हम हैल्थ इज वैल्थ की बात करते हैं, परन्तु हैल्थ ही नहीं होगी तो उस वैल्थ का क्या करेंगे ? | XX यमुना नदी में अगर कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अनट्रीटेड पानी छोड़ेगा तो उन इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनको बन्द कर दिया जाएगा। XX अगर माननीय सदस्या की जानकारी में कहीं भी कोई बोरवैल करके जमीन में अनट्रीटेड पानी छोड़ता है तो उसके बारे में बता दें। मैं यह बात सभी माननीय सदस्यों के लिए कह रहा हूं कि अगर इस प्रकार की कोई भी जानकारी है तो उसके बारे में बता दें। मैं इस सदन में आश्वासन देता हूं कि अगर कोई इस प्रकार की बात सामने आती है तो उसकी जानकारी दे दें। हम उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। अगर कोई भी उद्योगपति अनट्रीटेड पानी छोड़ रहा है तो उसकी जानकारी दे दें। हम संबंधित एरिया में अधिकारियों को मौके पर भेजकर चैक करवाएंगे। अगर कोई कमी पायी जाएगी तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। | हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) विभिन्न श्रेणियों के उद्योगों के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों का नियमित रूप से निरीक्षण कर रहा है ताकि जल प्रदूषणकारी इकाइयों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के संचालन की जांच की जा सके और पर्यावरण के निर्वहन के लिए निर्धारित मानकों का अनुपालन किया जा सके। नियमित अनिवार्य निरीक्षणों के अलावा, एचएसपीसीबी जहां भी प्रदूषण के खिलाफ उचित निर्दिष्ट चैनलों के माध्यम से शिकायतें प्राप्त करता है और जहां भी निरीक्षण के संचालन के लिए न्यायालय/न्यायाधिकरण के निर्देश प्राप्त होते हैं, विशेष निरीक्षण भी कर रहा है।<br><br>सोनीपत जिले में 1681 इकाइयां एचएसपीसीबी के सहमति प्रबंधन के तहत शामिल हजैं, जिनमें से 595 जल प्रदूषणकारी इकाइयां हैं और 595 इकाइयों ने प्रवाह के उपचार के लिए ईटीपी स्थापित किया है।<br><br>2022–23 की अवधि के दौरान, एचएसपीसीबी के अधिकारियों द्वारा 152 इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 05 इकाइयां निर्धारित शर्तों का अनुपालन नहीं कर रही थी। 02 गैर–अनुपालन इकाइयों के खिलाफ बंद करने की कार्रवाई की गई है और 01 इकाई को नए सिरे से नमूना लेने के बाद अनुपालन करते हुए पाया गया और शेष 02 इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।<br><br>लल्हेरी कलां, लल्हेरी खुर्द, बरही और राजलू गढ़ी गांवों में एचएसपीसीबी द्वारा अपशिष्ट की रिवर्स पम्पिंग करते हुए कोई औद्योगिक इकाई नहीं पाई गई।<br><br>उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, समिति से इस पैरा को हटाने का अनुरोध किया जाता है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18.01.2023) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 783. | श्री चिरंजीव राव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 820 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र, राजस्थान से धारूहेड़ा तक आने वाले औद्योगिक अपशिष्ट जल को रोकने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो राष्ट्रीय राजमार्ग–98 को अवरूद्ध करता है तथा धारूहेड़ा के लोगों तथा यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनता है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?<br>*****मंत्री जी ने अपने रिप्लाई में यह कहा है कि इस मामले में राजस्थान गवर्नमैंट को एन.जी.टी. ने जो निर्देश दिये हैं राजस्थान गवर्नमैंट उनकी पालना नहीं कर रही है। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि इसका काम कब तक पूरा हो जायेगा क्योंकि पिछले 6 साल से | 18.03.2021<br>हाँ, श्रीमान जी, ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।<br>**विवरण**<br>हरियाणा सरकार ने समस्या का समाधान करने के लिए नियमित पत्राचार, क्षेत्र का निरीक्षण तथा संयुक्त बैठकों के रूप में राजस्थान सरकार के पास मामला उठाया है।<br>इस सम्बन्ध में (आवेदन पत्र क्रमांक 124/2015) माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (नैशनल ग्रीन ट्रब्यूनल), नई दिल्ली/शीर्षक सुमित्रा देवी बनाम सी०पी०सी०बी० के समक्ष दायर किया है जिसमें माननीय अधिकरण ने आदेश दिनांक 12.12.2017 द्वारा भिवाड़ी, राजस्थान से धारूहेड़ा हरियाणा में औद्योगिक तथा घरेलू बहिःस्त्राव को रोकने हेतु उचित कदम उठाने के लिए राजस्थान सरकार को निर्देश जारी किए गए है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (एच0एस0पी0सी0बी0) ने माननीय अधिकरण के दिनांक 12.12.2017 | माननीय एनजीटी ने सुमित्रा देवी बनाम सीपीसीबी शीर्षक के ओए संख्या 124 दायर 2019 के निष्पादन आवेदन संख्या 42 में अपने आदेश दिनांक 29.10.2021 के तहत सीपीसीबी की रिपोर्ट को स्वीकर कर लिया है और राजस्थान और हरियाणा के संबंधित प्राधिकरण/विभाग को निर्देश जारी किए हैं पर्यावरण की बहाली की लागत के रूप में पर्यावरण मुआवजे का भुगतान करें।<br>माननीय एनजीटी के दिनांक 29.10.2021 के आदेश के विरुद्ध भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक सिविल अपील नं० 2022 का 1377 दायर किया गया। भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के माननीय एनजीटी के आदेशों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18.01.2023) |
| | धारूहेड़ा के लोग इस तकलीफ को झेल रहे हैं।***** | के आदेशों को राजस्थान सरकार द्वारा कार्यान्वित न करने के लिए नैशनल ग्रीन ट्रब्यूनल (एन0जी0टी0) के समक्ष कार्यन्वयन आवेदन क्रमांक 42/2019 भी दायर किया है।<br>अब, एन0जी0टी0 ने आदेश दिनांक 04.02.2021 द्वारा कानून के नियम की पालना करने तथा जनता के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए मामले में उचित आपातिक उपाय करने के लिए राजस्थान राज्य तथा इनके प्राधिकारियों को निर्देश दिए हैं। माननीय अधिकरण ने पर्यावरण को की गई हानि के लिए मुआवजों का निर्धारण करने हेतु केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी0पी0सी0बी0) को निर्देश भी दिए है। माननीय अधिकरण के 3 मास के भीतर उपरोक्त कथित प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी दिए हैं।<br>मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि पांच मलजल उपचार संयन्त्र (एस0टी0पी0) घरेलू उपशिष्ट जल के उपचार के लिए नगरपालिका भिवाड़ी द्वारा निर्मित किए जाने योजनाबद्व थे जिसमें से चार एस0टी0पी0 संचालित किए जा चुके हैं। मुख्य सचिव, राजस्थान ने यह भी सूचित किया है कि सामूहिक बहिःस्त्राव उपचार संयंत्र (सी.ई.टी.पी.) भिवाड़ी परिचालन में हैं तथा | यह अंतरराज्यीय प्रदूषण का मामला है और मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है और इस संबंध में जारी निर्देश का पालन हरियाणा द्वारा किया जाएगा।<br>उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, समिति से इस पैरा को हटाने का अनुरोध किया जाता है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | उपचारित बहिःस्त्राव राजस्थान में औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा के निकट किया जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया है कि राजस्थान सरकार ने शून्य तरल बहन स्तर तक सी.ई.टी.पी. को आगे उन्नत करने तथा उपचारित बहिःस्त्राव का पुनःप्रयोग सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार से परियोजना की स्वीकृति प्राप्त की है।<br>मुख्य सचिव, राजस्थान द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि यह परियोजना वित्त वर्ष 2021–2022 की समाप्ति तक पूरी की जानी संभावित है।<br>*****अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है मैं उसके बारे में यह बताना चाहूंगा कि एन.जी.टी. ने इस मामले में जो आदेश दिये हैं उनके मुताबिक तीन महीने के अंदर–अंदर इस काम की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी। इसके साथ ही साथ जो हानि हुई है उसके मुआवजे के लिए भी एन.जी.टी. ने सम्बंधित डिपार्टमैंट को आदेश दिये हैं। | | |
| 784. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 79 से निकाला गया आश्वासन। | 08.03.2022.<br>वन राष्ट्र के लिए फेफड़ों का काम करते हैं। सरकार ने राज्य में लगभग 200 नर्सरियां स्थापित की हैं, जहां विभिन्न प्रकार की पौध तैयार की जाती हैं। वर्ष 2022–23 के दौरान सरकार द्वारा प्रदेश में 10 हाईटेक नर्सरियां विकसित की जाएंगी, जिनमें स्वचालित जलवायु नियंत्रण, ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, रूट ट्रेनर सुविधाएं, जर्मिनेशन बैड, वनस्पति प्रसार सुविधाएं तथा सिंचाई और उर्वरक देने जैसी स्वचालित सुविधाएं होंगी, जिससे वर्षभर गुणवत्ता वाली पौध तैयार करने की सुविधा होगी। | | |
| 785. | तारांकित प्रश्न संख्या 1577 के संदर्भ में डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है इसमें उन्होंने बताया है कि वहां पर कुल 90 स्टोन क्रशर चल रहे हैं जिनमें से 61 स्टोन क्रशरों को पर्यावरणीय नॉर्म्स के मुताबिक चलता बताया है। मैं पहली बार यह प्रश्न नहीं उठा रहा हूं। सरकार के पिछले कार्यकाल में भी मैंने यह प्रश्न उठाया था। उस समय श्री | 15.03.2022.<br>अध्यक्ष महोदय, अभी 61 स्टॉन क्रैशर को ठीक पाया गया है जो नियमों का पालन कर रहे हैं। वहां केवल 29 स्टॉन क्रैशर ऐसे हैं जो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जैसे मैंने डिटेल वाईज भी बता दिया है कि कितने क्रैशर हमने बंद कर दिये हैं और कितने ऐसे हैं जो स्टे ले रहे हैं। माननीय सदस्य ने वहां एक कमेटी गठित करने की बात कही है जो उनको देखती रहे। मैं उनको आश्वासन देता हूं कि हम इस प्रकार की एक कमेटी गठित करके वहां जांच करवा देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | विपुल गोयल जी मंत्री थे और उन्होंने मुझे सदन में यह आश्वासन दिया था कि यह इंश्योर किया जायेगा कि कोई भी स्टोन क्रशर बिना पर्यावरणीय नियमों का पालन किये न चले लेकिन बड़े दुख की बात है कि हर बार लीपा–पोती करके जवाब दे दिया जाता है। मैं 2 बातें कहता हूं कि आप विधान सभा के सदस्यों की कमेटी बना कर वहां भेज दें और जो अधिकारी यह जवाब भिजवा रहे हैं कि वहां पर सबकुछ ठीक–ठाक है, वे वहां एक रात सो कर दिखा दें मैं मान जाऊंगा कि वहां पर कुछ भी नहीं है। मैं बताना चाहूंगा कि गांव मेघोत बिंजा में 5 दिन पहले साइक्लोसिस का एक मामला आया है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें फेफड़ों में धूल जम जाती है और मरीज बिना ऑक्सीजन के जिन्दा नहीं रह सकता। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वहां पर हैल्थ डिपार्टमैंट की कोई टीम भेज कर उन गांवों के लोगों के फेफड़े चैक करवाये जायें कि कितने प्रतिशत लोग ठीक हैं। वहां पर 3 गांव मेघोत बिंजा, धौलेड़ा तथा बीगोपुर के लोगों में यह बीमारी फैली हुई है इसलिए चैक करवाया जाये कि कितने प्रतिशत लोगों में यह शिकायत है? अध्यक्ष महोदय, हम प्रजातंत्र में रहते हैं और प्रजातंत्र में उत्तरदायित्व होता है, इस तरह से समस्या को टालना नहीं चाहिए। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस काम को गम्भीरता से किया जाये। | | | |
| | | 27.12.2022 | | |
| 786. | श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अताराकिंत प्रश्न संख्या 63 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः– | XXX | | |
| (घ) | क्या राज्य के सभी शहरों में अधिक एक्यूआई मॉनिटरिंग केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं; तथा | (घ) और (ङ) उपरोक्त 29 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्रों के अलावा, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य में 22 मैनुअल वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र भी स्थापित किए हैं। राज्य सरकार ने हरियाणा राज्य में अतिरिक्त 100 वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (ड) | गुरुग्राम में मॉनिटरिंग सिस्टम के नेटवर्क को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है? | है, जिनमें से 22 केन्द्र पहले चरण में गुरुग्राम सहित स्थापित किए जाएंगे। | | |
| | | 23.02.2024. | | |
| 787. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | माननीय अध्यक्ष महोदय! स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने, इकॉलाजी में सुधार और पक्षियों व अन्य जीवों को भोजन तथा आश्रय प्रदान करने में मियावाकी पद्धति या सघन वृक्षारोपण अपनी प्रभावशीलता के लिए दुनिया भर में मान्यता प्राप्त कर रही है। यह उन शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभदायी है, जहां प्रदूषण का स्तर अधिक है। मैं स्वदेशी, बहुउद्देशीय पौधों की प्रजातियों पर बल देते हुए शहरी क्षेत्रों में मियावाकी वृक्षारोपण पद्धति को अपनाने का प्रस्ताव करता हूं। आरंभ में, प्रत्येक जिला सघन वृक्षारोपण के लिए न्यूनतम 2.5 एकड़ भूमि आवंटित करेगा। | | |



# OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 14.03.2018 | | |
| 788. | अध्यक्ष महोदय द्वारा दी गई ऑब्जर्वेशन। | XX अगर किसी अधिकारी/कर्मचारी ने गले से ढोल निकालने का काम किया है तो वह अलग बात है लेकिन माननीय सदस्य के साथ कोई दुर्व्यवहार किया होगा तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मैंने इस मामले की जांच के आदेश दे दिये हैं। मैंने उसी टाइम ढुल साहब को बता दिया था कि मामले की जांच होने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। (शोर एवं व्यावधान) | | |
| | | 15.03.2018 | | |
| 789. | मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सूचना। | यह सर्वमान्य बात है कि हरियाणा में स्पोर्टस पर्सन में जितना वातावरण बना है उसमें इस समय ग्रामीण क्षेत्र का नौजवान ही आगे बढ़ रहा है। ग्रुप डी में बाकी प्रतिशत्ता कुछ भी रखेंगे लेकिन उसमें रिजर्वेशन तो जरूर होगी। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | हम ग्रुप डी में स्पोर्टस पर्सन के लिए अलग से 10 प्रतिशत की रिजर्वेशन रखेंगे । जिसका मैं आज सदन में आश्वासन देता हूं। | | |
| | | 10.09.2018 | | |
| 790. | श्री हरिचन्द मिढ्ढा द्वारा दिये गये तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के संदर्भ में। | अध्यक्ष महोदय, मैं सदन को यह भी बताना चाहूंगा कि दिवंगत मिड्ढा साहब द्वारा डिमांड किए गए जींद जिले के बरसोला गांव के वंश लोचन तीर्थ का जीर्णोद्धार भी कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के माध्यम से किया जायेगा। | | |
| | | 10.09.2018 | | |
| 791. | अतारांकित प्रश्न संख्या 714 के संदर्भ में श्री करण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :—<br>(क) क्या राज्य में मृतक सरकारी कर्मचारियों के आश्रित को रोजगार देने के लिए अनुकम्पा नीति को पुनः आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त नीति को कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है? | (क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) प्रस्ताव जल्द ही अधिसूचित होने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 28.12.2018 | | |
| 792. | ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 16 (राज्य के विभिन्न जिलों में बीमारी वर्षा के कारण कृषि भूमि में सेम की समस्या से संबंधित) के संबंध में कृषि मंत्री द्वारा द्वारा दिया गया आश्वासन। | XX अध्यक्ष महोदय, पशुओं के संबंध में मुआवजे के लिए जो सवाल माननीय सदस्य द्वारा उठाया गया था, वह वास्तव में सही है और मुआवजा मिलना चाहिए था। मुआवजें का प्रावधान बजट के किसी भी फंड में न होने की वजह से जरूर इस काम में देरी हुई है, इसलिए सरकार मुख्यमंत्री राहत कोष में से पशुओं के लिए मुआवजा तुरंत ही देने जा रही है। XX | | |
| | | 05.11.2019 | | |
| 793. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण कें संदर्भ में। | ***मेरी सरकार अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित सरकारी नौकरियों के विभिन्न बैकलॉग को भरने का अभियान चलाएगी। | | |
| | | 28.02.2020 | | |
| 794. | वर्ष 2020—21 के बजट अनुमान के संदर्भ में। | 292. उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तथा सरकारी कर्मचारियों के अनुभव से फायदा उठाने के लिए, जो सरकारी कर्मचारी 10 वर्ष की सेवा के उपरांत नौकरी छोड़कर अपना व्यवसाय प्रांरभ करना चाहेगें, सरकार उनके बैंकों के द्वारा ऋण लेने पर गांरटी देगी। | | |
| | | 5.11.2020 | | |
| 795. | तारांकित प्रश्न संख्या 488 के संदर्भ में श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मुझे माननीय गृह मंत्री जी से ऐसे जवाब की उम्मीद नहीं थी। पुलिस भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में 5 वर्ष की छूट न देने से हजारों नौजवान पुलिस में भर्ती होने के लिए अप्लाई करने से वंचित रह जाएंगे। अतः सरकार को उन नौजवानों को आयु में अवश्य छूट देनी चाहिए। | अध्यक्ष महोदय, माननीय गृह मंत्री श्री अनिज विज ने कहा है कि माननीय सदस्य का सुझाव बहुत अच्छा है और विचार करने योग्य है। कुछ समय पहले भारत सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों को नौकरियों में 10 परसैंट आरक्षण दिया है, उसी तर्ज पर हरियाणा सरकार ने भी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरियों में 10 परसैंट आरक्षण दिया है। अभी तक आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को पुलिस भर्ती में आयु में कोई छूट नहीं है। उनके लिए भी वही आयु निर्धारित है जो सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित है । हमारे पास आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में छूट से संबंधित बहुत—से सुझाव आये और मैं समझता हूं कि माननीय सदस्य द्वारा यह प्रश्न पूछने के पीछे भी यही भावना रही होगी। मैं सदन में आज घोषणा करता हूं कि होम डिपार्टमैंट की पुलिस की भर्तियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की आयु में अतिरिक्त छूट दी जाएगी। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 796. | तारांकित प्रश्न संख्या 1119 के संदर्भ में श्री असीम गोयल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– ****अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि भिवानी और अम्बाला के किराये की दरों या जीवन–यापन की दरों की अगर मैं बात करूं तो अम्बाला शहर और अम्बाला कैंट भिवानी से जीवन–यापन के मामले में ज्यादा महंगे शहर हैं जबकि अम्बाला में 70 रुपये प्रति घंटा और भिवानी में 141 रूपये प्रति घंटा की दर से वेतन दिया जाता है। इन दोनों शहरों में दिये जाने वाले वेतन में जो फर्क है वह बहुत ज्यादा है। अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इन दरों के संबंध में सभी जिलों में एक समान रेट कोड तय किया जाए। इससे होता यह है कि कर्मचारी अपने आपको बहुत ज्यादा प्रताड़ित महसूस करता है। वह रोज सरकार को ज्ञापन देता है और विभिन्न जगहों पर यह बात उठाता है कि उसके साथ अन्याय हो रहा है। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस मामले में पूरे हरियाणा में एक यूनिवर्सल रेट कोड बनाया जाए। | 24.08.2021<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने पूरे हरियाणा में एक यूनिवर्सल रेट कोड बनाने की बात कही है । मैं बताना चाहता हूं कि प्रारम्भिक तत्कालीन पंजाब सरकार द्वारा वर्ष 1931, 1934 और 1941 में डी.सी. रेट की दरें निर्धारित करने के निर्देश जारी किये गए थे। सभी जिलों के डी.सीज. इन्हीं निर्देशों के आधार पर हर साल डी.सी. रेट तय करते हैं। ये आमतौर पर श्रम लागत की दरों पर ही तय किये जाते हैं। फिर भी हम इस विषय को एक बार चैक करवा लेंगे। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 797. | हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग इत्यादि में राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उजागर किए गए हरियाणा में सार्वजनिक रोजगार में जघन्य साजिशों और निंदनीय दुर्भावना के कारण विषम स्थिति से निपटने के लिए कठोर उपायों पर विचार करने से संबंधित स्थगन प्रस्ताव संख्या–1 के संदर्भ में। | 20.12.2021<br>****लगभग 54 ऐसे केसिज दिए हैं जिनमें ओ.एम.आर. सीट खाली छोड़ी गई है। डी.जी. पी. अपने तरीके से उनकी इंवेस्टिगेशन कर रहे हैं कि आखिर उन लोगों को किसने ओ. एम.आर. सीट खाली छोड़ने के लिए कहा था। निश्चित रूप से उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। | | |
| 798. | हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग इत्यादि में राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उजागर किए गए हरियाणा में सार्वजनिक रोजगार में जघन्य साजिशों और निंदनीय दुर्भावना | 20.12.2021<br>****मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इस बात की भी इन्वैस्टीगेशन करवा लेंगे और जो भी दोषी होगा उसको छोड़ा नहीं जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | के कारण विषम स्थिति से निपटने के लिए कठोर उपायों पर विचार करने से संबंधित स्थगन प्रस्ताव संख्या–1 के संदर्भ में श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– ****इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री जी ने ओ.एम.आर. शीट स्कैन करने वाली पारूडाटा कम्पनी का नाम लिया है। इसमें श्री जसबीर नाम के एक आदमी को पहले सारा काम दिया गया था, परन्तु इससे पहले वाले एच.पी.एस.सी. के चेयरपर्सन श्री मनचंदा ने इस कम्पनी से सारा काम वापिस ले लिया था। पूर्व एच.पी.एस.सी. के चेयरपर्सन श्री मनचंदा ने संबंधित काम से इस कम्पनी को हटा दिया था। श्री आलोक वर्मा ने चेयरपर्सन लगने के बाद इसी कम्पनी को दोबारा से आउटसोर्स का काम देने का काम किया है। | | | |
| 799. | हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग इत्यादि में राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उजागर किए गए हरियाणा में सार्वजनिक रोजगार में जघन्य साजिशों और निंदनीय दुर्भावना के कारण विषम स्थिति से निपटने के लिए कठोर उपायों पर विचार करने से संबंधित स्थगन प्रस्ताव संख्या–1 के संदर्भ में। | 20.12.2021<br>अध्यक्ष महोदय, वर्श 2011 की एच.सी.एस. अधिकारियों की भर्ती के संबंध में मेरे पास कम्पलेंट्स आई हैं। (शोर एवं व्यवधान) मेरे पास एक ताजा कम्पलेंट भी आई है जिसमें कहा गया है कि मेरे मार्क्स इतने थे, बाकियों के मार्क्स इतने थे। इसके बावजूद मुझे साक्षात्कार के लिए भी नहीं बुलाया गया था, इसलिए इस भर्ती की इंकवायरी करवाई जाए। उस भर्ती की इंकवायरी करवाने की डिमांड है। अतः मैं सारे सदन से इस बारे में पूछ रहा हूं कि क्या उन भर्तियों की इंकवायरी करवा ली जाए ? ****ठीक है, उन भर्तियों की इंकवायरी करवाई जाएगी। | | |
| 800. | सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों/मांगों के दौरान श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि सदन में ''हरियाणा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना'' की बात हो रही है। सुनने में बड़ा हर्ष होता है कि इस योजना से गरीब से गरीब व्यक्ति | 22.12.2021<br>अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से श्री वरूण चौधरी और पूरे हाउस की जानकारी के लिए इस सम्बन्ध में यह बताना चाहूंगा कि इस लोन का जो इंट्रैस्ट है वह सरकार भरेगी। दूसरी बात मैं यह बताना चाहूंगा कि ये केवल लोन की स्कीमें नहीं हैं इसके अलावा और बहुत सारी स्कीमें सब्सिडी की भी हैं। किसी भी विभाग से सम्बंधित स्कीमों का एक निर्धारित बजट होता है। इसमें हमने यह भी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | की आय बढ़ जायेगी। मैं इस योजना का हिमायती हूं क्योंकि मुझे इस बात का पता चला है कि ये जीरो बजट स्कीम है। एक रुपया भी सरकार के द्वारा उस गरीब व्यक्ति को न लाभ दिया जायेगा और न ही सरकार अपनी तरफ से कुछ और सहायता देगी। सरकार द्वारा इस कार्यक्रम की चण्डीगढ़ एयरपोर्ट पर और यहां तक इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट दिल्ली पर एडवर्टाइजमैंट की जा रही है। जिस स्कीम का कोई बजट नहीं है। अगर उस स्कीम की एडवर्टाइजमैंट का बजट है तो बहुत ही दुख की बात है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक मेलों की बात है तो माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 250 से अधिक मेले लगाये जा चुके हैं। उसमें क्या होना है, उसमें सिर्फ गरीब व्यक्ति को लोन दिया जायेगा। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार इस चीज की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। | छूट दी है कि अगर इन स्कीमों में ज्यादा लोग आयेंगे और अगर यह वर्तमान बजट में पूरा हो जायेगा तो वर्तमान के बजट में उनकी मांग को पूरा किया जायेगा और अगर कोई कमी रह जायेगी तो जो आज से अढाई महीने बाद जो बजट आयेगा उसमें उस राशि को और बढ़ा दिया जायेगा ताकि अगर सब्सिडी की स्कीमों में ज्यादा लोग आ जाते हैं तो उनको भी छोड़ा नहीं जायेगा, उन सभी को भी सब्सिडी दी जायेगी।''' | | |
| 801. | मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये संक्षिप्त वक्तव्य के दौरान अग्निपथ योजना के संदर्भ में दिया गया आश्वासन। | 10.08.2022<br>XXXX इसमें यह प्रावधान किया गया है कि 4 साल के बाद जो 75 परसेंट लोग वापिस आयेंगे, उनके लिए अर्द्ध सैनिक बलों में तथा असम राइफल्ज में 10 परसेंट की रिक्तियों का आरक्षण देने का काम किया गया है। इसके अलावा प्राइवेट सैक्टर ने भी और यहां तक की कारपोरेट जगत ने भी कहा है कि जो ये लोग वापिस आयेंगे, उन्हें वे भी सिलेक्ट करके अपने यहां जॉब पर रखने का काम करेंगे। अग्निवीर क्लॉस–3 लैवल के होंगे। मैं अपनी ओर से सदन को यह बताना चाहता हूँ कि ऐसे सब लोग जो हरियाणा सरकार की नौकरी में आना चाहेंगे उनको हमारी सरकार गारेंटिड नौकरी देने का काम करेगी, यह प्रावधान हम करने जा रहे हैं। XXXX | | |
| 802. | श्री बिसम्बर सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 47 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में केन्द्र सरकार की तर्ज पर अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों के वर्ग (i) तथा (ii) को पदोन्नित में आरक्षण देने की घोषणा, | 10.08.2022<br>श्रीमान जी, (क) एवं (ख) केन्द्रीय अधिसूचना एवं प्रासंगिक निर्णय के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने के लिए 12 जून 2022 को रोहतक में एक घोषणा की गई थी। मामला सरकार के परीक्षणाधीन है जिसमें व्यापक परामर्श एवं महाधिवक्ता की कानूनी सलाह की आवश्यता है। अध्यक्ष महोदय, | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय कबीर जयंती समारोह में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त घोषणा के कब तक लागू किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा उसके ''क'' भाग का उत्तर हां श्रीमान जी है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिनांक 12 जून, 2022 को रोहतक में एक घोषणा की थी कि केन्द्र के तर्ज पर क्लास–वन और क्लास–टू के अधिकारियों/कर्मचारियों को आरक्षण दिया जायेगा। माननीय सदस्य के प्रश्न के ''ख'' भाग के उत्तर में कहा गया है कि केन्द्रीय अधिसूचना एवं प्रासंगिक निर्णय के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने के लिए 12 जून 2022 को रोहतक में एक घोषणा की थी। उसमें ए.जी. हरियाणा की राय ली जायेगी। अगर ए.जी. हरियाणा की राय पॉजिटिव आती है तो उसके बाद एक कमेटी बनाई जायेगी। वह कमेटी काडरवाइज देखेगी कि किस काडर में कितना शॉर्टफाल है। उसी के हिसाब से कमेटी का जो निर्णय आयेगा उस हिसाब से कार्रवाई करने का काम करेंगे। | | |
| | | 10.08.2022 | | |
| 803. | तारांकित प्रश्न संख्या 47 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने कहा है कि यह क्लास–I क्लास और क्लास–II दोनों में रिजर्वेशन का मामला है जिसकी हम ए.जी. ऑफिस की राय लेकर एक कमेटी बनायेंगे। मैं कहना चाहूंगा कि हरियाणा विधान सभा में एस.सी., एस.टी. और बी.सी. वर्ग की एक कमेटी बनी हुई है। इस कमेटी ने पहले ही रिकमंडेशन दे रखी है और इस कमेटी में ए.जी. हरियाणा, वित्त विभाग, और एस.सी., एस.टी विभाग स्पेशल सेक्रेटरी को भी बुलाया जा चुका है। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जब एक और अलग कमेटी बन जायेगी तो विधान सभा की एस.सी., एस.टी. कमेटी ने जो रिकमंडेशन दी है उसका क्या होगा? यह 85वां संविधान संशोधन एस.सी., एस.टी. कर्मचारियों की जीवन रेखा है। जब मुख्यमंत्री जी ने घोषणा कर दी तो कमेटी की क्या वैल्यू है। मुख्यमंत्री जी की घोषणा से ऊपर तो कोई कमिटमैंट | माननीय अध्यक्ष महोदय, यह ठीक बात है कि मैंने रोहतक में घोषणा की थी परन्तु साथ में उस घोषणा में मैंने दो बातें और भी कही थी कि केंद्रीय अधिसूचना और प्रासंगिक निर्णय यानी जो सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है। उन दोनों को मिलाकर के जो केंद्रीय स्तर पर यह क्लास 'ए' और 'बी' की पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा, वैसा हम करेंगे लेकिन अब स्थिति यह बनी हुई है कि जो निर्णय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है उसमें एक निर्णय यह दिया है कि पदोन्निति में आरक्षण दिया जा सकता है लेकिन एक विषय यह भी है कि उसमें पहले से जो दो निर्णय हो रखे हैं। उसमें यह था कि यह रिजर्वेशन क्लास के हिसाब से किया जायेगा या कैडर के हिसाब से किया जाएगा। ये दो निर्णय अलग–अलग हुए हैं। इसका अंतिम निर्णय अभी माननीय उच्चतम न्यायालय के स्तर पर होना शेष है। एक तो है क्लास या ग्रुप as a whole उसका रिजर्वेशन किया जाये कि टोटल एस.सी. की इतनी बाकी हैं और वो सबको मिलाकर सारी टोटल बढ़ा दी जायें। एक है कि हर विभाग का जो कैडर है उस कैडर के हिसाब से जो कमी है उसको पूरा किया जाये। यह निर्णय | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | हो ही नहीं सकती। अध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री जी ने जो घोषणा की थी उसको कब तक लागू किया जायेगा? | होना अभी शेष है। इसको हमने पहले एल. आर. के पास भेजा कि क्या हम केन्द्र सरकार के हिसाब से अधिसूचना जारी कर सकते हैं। एल.आर. मैडम ने कहा कि नहीं जब तक सुप्रीम कोर्ट का बाकी निर्णय नहीं हो तब तक इसको लागू करना कठिन है लेकिन हमने इस बारे में फिर भी विचार किया कि एक बार ए.जी. साहब से हम पूछ लें कि क्या इसका उतना ही नोटिफिकेशन जो सैंट्रल गवर्नमैंट का पार्ट है उसका हम करेंगे तो उसका लाभ है । इस बारे ए.जी. साहब की रिपोर्ट जैसे ही आती है यदि वह पॉजिटिव आती है कि हम कर सकते हैं तो उसको तीन महीने के अंदर–अंदर लागू किया जायेगा। अगर उनकी रिपोर्ट में यह कहा जाता है कि नहीं अभी जो सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आयेगा उसके हिसाब से नोटिफिकेशन की जाये। उसके बाद हम इस मामले में जो 17.08.2022 की डेट लगी हुई है उसमें सुप्रीम कोर्ट क्या निर्णय देता है उसके हिसाब से उस पर हम आगे निर्णय | | 1194 |
| | | करके हम नोटिफाई भी करेंगे और यह हमारा वायदा है कि सैंट्रल गवर्नमैंट के ऑफिसिज में जिस प्रकार से पदोन्नति में आरक्षण है उसी पद्धति से हम पदोन्नति में आरक्षण लागू करेंगे। | | |
| | | 22.02.2023 | | |
| 804. | तारांकित प्रश्न संख्या 37 के संदर्भ में श्री असीम गोयल, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैंने पिछले बजट सत्र में भी इन घोषणाओं को लेकर एक स्पेसिफिक डिपार्टमैंट अर्थात यू.एल.बी. को लेकर सदन में एक सवाल लगाया था और आज मैंने मेरे विधान सभा क्षेत्र की जो पूरी सी.एम. अनाउंसमैंट् हैं, को लेकर सदन में सवाल लगाया है। पिछली बार आदरणीय यू.एल.बी. मिनिस्टर जी ने मुझे सदन में दो घोषणाओं के उपर जवाब देते हुए कहा था कि एक घोषणा का काम तो 92 प्रतिशत पूरा हो चुका है और दूसरी घोषणा का काम 80 परसैंट पूरा हो चुका है और बहुत जल्दी इसको कंप्लीट करा देंगे लेकिन उन्होंने इसके लिए डेट नहीं बताई थी। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके संज्ञान में | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की तीन घोषणाएं पैंडिंग हैं। एक घोषणा सेंट्रल जेल अम्बाला के पीछे सिटी फॉरेस्ट का निर्माण करने की थी। अभी सेंट्रल जेल अम्बाला नए स्थान पर ट्रांसफर नहीं हुई, इसलिए काम रूका हुआ है। दूसरी घोषणा अम्बाला ब्लॉक–1 में जनसुई हैड पर बस स्टैण्ड का निर्माण करने की थी। इसका माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने उद्घाटन कर दिया है और इस पर काम शुरू होने वाला है। माननीय सदस्य की तीसरी घोषणा नगर निगम कार्यालय द्वारा अम्बाला शहर में ऑडिटोरियम, मार्किट तथा मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण करने की थी। अध्यक्ष महोदय, यू.एल.बी. द्वारा दिनांक 10.02.2023 को अम्बाला शहर में इस कार्य बारे मौके का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान यह निर्णय लिया गया कि इस घोषणा को सरकार की दिव्य नगर योजना के अन्तर्गत पूरा किया जा सकता है। जिसमें | | 1195 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | लाना चाहता हूँ कि उसके उपर अभी तक भी कोई रिवाज्ड एस्टिमेट्स की प्रक्रिया तक भी शुरू नहीं हुई है जबकि अप्रैल माह में हमने रिवाइज्ड एस्टिमेट्स भेज दिए थे। इसी प्रकार कुछ घोषणायें जो लगभग 6 साल पुरानी हैं, उसकी कंम्पलीशन डेट सदन में 30.5.2022, 4.7.2022 तथा 31.12.2022 बताई गई थी और एक घोषणा की तिथि फरवरी 2023 बताई गई थी लेकिन मैं अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि इनकी तो अभी तक रिवाइज्ड एस्टिमेट्स की प्रक्रिया तक भी एसैप्ट करने की कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। इसके अलावा जिस बात का मेरे साथी हरविन्द्र कल्याण जी ने जिक्र किया है, के संदर्भ में कहना चाहूंगा कि हमारे यहां की पी.डब्ल्यू.डी. की चार घोषणायें में से तीन घोषणायें उसी एजेंसी की वजह से रूकी हुई पड़ी हैं। इसमें | लागत का 50 प्रतिशत राज्य सरकार तथा 50 प्रतिशत नगर निगम, अम्बाला वहन करेगा। तदानुसार विभाग द्वारा दिनांक 15.02.2023 को कमिश्नर, नगर निगम, अम्बाला को विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने बारे कहा गया है ताकि इस कार्य में आगे की कार्यवाही की जा सके। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की तीन घोषणाएं नोट फिजिबल हैं, उनमें से एक ग्राम नग्गल में वॉटर ट्रीटमैंट प्लांट का निर्माण, दूसरी अम्बाला शहर में वॉटर वर्क्स के पास गैस्ट हाउस का निर्माण और तीसरी अम्बाला शहर में बस स्टैण्ड के पास रेहड़ी बाजार की स्थापना की है। अध्यक्ष महोदय, कुछ घोषणाओं का बजट एस्टीमेट्स बढ़ गया है, इसलिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने कहा हुआ है कि जितने और ज्यादा रूपयों की आवश्यकता पड़ेगी वे उपलब्ध करवा देंगे। | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | विभाग का बहुत पैसा लगा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, एक घोषणा 28.5.2016 की है, दूसरी 12.2.2017 की है तथा तीसरी घोषणा 31.7.2017 की है। अध्यक्ष महोदय, विडंबना देखिए कि हमारे यहां जो वूमन कालेज है, वह सारा का सारा सरकारी स्कूल के अंदर ही चल रहा है जिसकी वजह से स्कूल की बच्चियां तो परेशान हो ही रही हैं और उसके साथ–साथ कालेज के विद्यार्थी भी परेशान हो रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, गुरू गोबिंद सिंह का ननिहाल मेरे विधान सभा क्षेत्र के अंदर आता है। माता गुजरी कौर के नाम से एक वी.एल.डी.ए. कॉलेज बनना था, जिसकी घोषणा वर्ष 2017 में हुई थी, वह भी पैंडिंग है। मिनी सचिवालय की घोषणा हुए लगभग 7 साल हो गये हैं, इस प्रकार लगभग सभी घोषणाएं अन–कम्पलीट हैं। इन घोषणाओं में सबसे बड़ी दिक्कत सब–ज्युडिश को लेकर आ रही है। जैसे अभी माननीय विधायक श्री हरविन्द्र कल्याण जी ने कहा कि जब तक डिपार्टमैंट एक एफिडेविट फाइल करके टैंडर का प्रोसैस | | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | नहीं चलायेंगे तब तक काम कम्पलीट नहीं होंगे। सब–ज्युडिश मैटर को चलते हुए तो लगभग 6–7 साल हो गये हैं, इस बात का पता नहीं कि यह मैटर कितने साल और आगे तक जायेंगे। अध्यक्ष महोदय, एक हमारी घोषणा 200 बेडिड के अस्पताल को 300 बेडिड करने की थी, उस घोषणा को हुए लगभग 8 साल हो गये हैं। माननीय मंत्री जी ने कहा कि घोषणाएं लम्बित हैं और कार्यरत हैं, इस बात का तो मुझे भी पता है। मेरी इस प्रकार की हमारी कई घोषणाएं हुए लगभग 7–8 साल हो गये हैं और वे हमारे इलाके के लिये बहुत ही जरूरी घोषणाएं हैं, इसलिए मेरा निवेदन है कि इनके ऊपर कार्य करते हुए जल्दी से जल्दी कम्पलीट करवाया जाये। मेरा माननीय संसदीय मंत्री जी से अनुरोध है कि मुझे कम से कम सदन में आश्वासन तो जरूर दे। | | | |
| | | 22.02.2023 | | |
| 805. | माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर मुख्य मन्त्री महोदय का रिप्लाई | अध्यक्ष महोदय, एक विषय सी.ई.टी. (सामान्य पात्रता परीक्षा) से संबंधित था। मेरा इस संबंध में इतना ही कहना है कि जो चीजें पहले आज तक नहीं हुई वह पहली बार तो होंगी, यानि चार सालों में पहली बार सी.ई.टी. करवाने का डिसीजन लिया और इस बार पहली बार हुई है। यह हर साल होनी चाहिये, ठीक है अब हर साल होगी। अभी तक हमारी योजना यह थी कि इसको अलग–अलग समय में करेंगे। जो बच्चे ग्रुप 'सी' में सिलेक्ट हो जायेगा बाद में उन सबको ग्रुप 'डी' की भर्ती में भी मौका मिल जायेगा। अभी एक नई योजना के बारे में हमने आपस में बैठ कर विचार किया है और इसके लिये ए.जी. साहब और एक्सपर्ट्स से सलाह–मश्विरा भी करेंगे कि सी.ई.टी. को ग्रुप 'सी' और ग्रुप 'डी' दोनों के लिए इक्ट्ठा साल में एक ही बार करेंगे। जो प्रश्न–पत्र तैयार होगा वह ग्रुप 'डी' के बराबर अर्थात् 10वीं कक्षा के समकक्ष होगा लेकिन उसमें 2 ग्रूप रहेंगे । जिन्होंने गूप–सी का फॉर्म भरा है उनको अलग से 20 या 25 क्वैश्चंस का एक ऐडिश्नल क्वैश्चन पेपर मिलेगा । उन दोनों के सैंटर्ज भी अलग–अलग होंगे । गूप–सी वालो को ऐडिश्नल पेपर को | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | सॉल्व करने के लिए आधे घण्टे का समय एक्सट्रा दिया जाएगा । मान लीजिए गूप–सी वालो को 2 घण्टे का समय मिलेगा तो गूप–डी वालो को अढ़ाई घण्टे का समय मिलेगा और अगर गूप–सी वालो को अढ़ाई घण्टे का समय मिलेगा तो गूप–डी वालो को 3 घण्टे का समय मिलेगा ताकि उसी समय ग्रूप–सी का एक ऐडिश्नल पेपर भी हो जाए। बेसिक पेपर 10वीं वाला सबका एक रहेगा । ऐसा इसलिए क्योंकि ग्रूप–सी का अलग–अलग पोस्ट्स के हिसाब से एक और पेपर होना है और ग्रूप–डी की पोस्ट्स का कोई और पेपर नहीं होना होता है । उसी हिसाब से ग्रूप–सी की सिलैक्शन के बाद उसमें जो हायर मैरिट वाले कंडीडेट्स होंगे उनको ग्रूप–डी की नौकरी ऑटोमैटिकली मिल जाएगी। मैंने अगले साल के लिए यह घोषणा जरूर की है लेकिन इसकी टैक्निकल चीजों को देखकर हम इसे फाइनल करेंगे। | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 806. | तारांकित प्रश्न संख्या 41 के सन्दर्भ में श्री प्रमोद कुमार विज, द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः<br>***मेरा एक सुझाव भी है prefabricated, precast जो ड्रेन सिस्टम है उनको आज मैंने कई जगह पर देखा है जिसके मैंने यू.एल.बी. मंत्री श्री कमल गुप्ता जी को फोटोग्राफ्स भी भेजे हैं । अगर वह सिस्टसम अडोप्ट कर लिया जाए तो जो prefabricated, precast ड्रेन्जस हैं उनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी हो जाएगी । अगर वह इस्घ्तेमाल करेंगे तो उससे सफाई की व्यघ्वस्था् में सुधार मिलेगा । कल भी यहां पर एक जिक्र हो रहा था कि अगर हम कलस्टर को स्टोकर करने के लिए कोई प्राईमरी सैंटर बनाते हैं तो बहुत अच्छा रहेगा ।<br>*** सर, मेरा एक प्रश्न तो यह है कि सफाई व्यवस्थाओं के लिए एक साधन क्रियेट किया जा सकता है। जिस तरह से मैट्रोसिटीज में हर जगह पर 200–300 गज जगह के अन्दहर ही गंद फेंका जाता है और वहीं से उठाकर | अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यत को बताना चाहूंगा कि पानीपत में हुडा के पास दो सीवरेज क्लीनिंग मशीनें हैं, दो गैस किट हैं, बूट हैं, सुरक्षा के 10 हैल्मेजट हैं, मास्कय हैं, 40 दस्तासने हैं, सुरक्षा पेटी हैं और स्टाफ भी लगभग काफी है और इसके अलावा भी जो सफाई की व्यकवस्थान करनी होती है तो हम टैंडर भी करते हैं और कॉन्ट्रैक्ट से भी टैंडर करवाते हैं । यह सही है कि हुडा के जो 10 साल से पुराने सैक्टर्ज हैं उनमें कुछ को लोकल बोडी विभाग को ट्रांसफर भी किया है और बाकी सैक्टर्ज को भी लोकल बोडी विभाग को ट्रांसफर करने की हमारी योजना है। माननीय सदस्य ने जो नई prefabricated का सुझाव दिया है इसके बारे में भी हम विचार कर लेंगे । अगर ये भी होगी तो इसको भी करेंगे और सफाई की व्यहवस्थाग को ठीक करवाएंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | लेकर जाते हैं। इसमें मेरा आग्रह है कि यहां भी ऐसी ही व्यवस्थाएं की जाए ताकि सफाई की व्यसवस्था सुचारू रूप से हो । यह कब तक हो सकती है उसके बारे में मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं । | | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 807. | श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 44 :– क्या मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:–<br>(क) क्या सरकार ने सामान्य पात्रता परीक्षा पास करने वाले अभ्यार्थियों को आयु में छूट देने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की, जबकि सीईटी की परीक्षा लेने से पहले इसके लिए आश्वस्त किया गया था; तथा<br>(ख) सरकारी एजेंसी द्वारा नियमों में बार–2 संशोधन करने के कारण क्या है;<br>(ग) उन अभ्यार्थियों की संख्या कितनी है जिन्हें परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अवसर मिलेगा जिनकी आयु उक्त परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी की लापरवाही की वजह से अधिक हो चुकी है? | श्रीमान जी, विवरण सदन की मेज पर रखा गया।<br>(क) ***<br>इन सभी छूटों को सी.ई.टी.–फेश–प्प परीक्षा, अर्थात् विज्ञापन संख्या 03/2023 में समावेश किया गया था। आगे, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 30 अप्रैल, 2023 को एक निर्णय लिया कि:–<br>i. अभ्यार्थियों के लिए, जो सी.ई.टी. स्टेज–1 के लिए पात्र थे लेकिन अब अधिक उम्र के हो गए हैं, को स्टेज–2 के लिए अंनतिम रूप से उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। यदि वे चयनित हो जाते हैं तब उनका पद होल्ड पर रखा जाएगा तथा उस स्टेज पर उनके मामले को अनुमोदन/छूट के लिए सरकार को भेजा जाएगा।<br>ii. यदि पिछली परीक्षा के रद्द होने के कारण कोई अभ्यर्थी हरियाणा सरकार की नौकरी में प्रवेश करने की अधिकतम 52 वर्ष की आयु सीमा को पार कर जाता है तब भी उसे अंनतिम रूप से आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी। इन मामलों में उनका चयन हो जाता है तब उनके पद को होल्ड पर रख दिया जाएगा तथा सरकार की राय ली जाएगी।<br>(ख) (ग) *** | | |
| | | 29.08.2023 | | |
| 808. | श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 119:–क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–<br>(क) समय सीमा के अनुसार ग्लोबल सिटी परियोजना से राजस्व तथा रोजगार कब तक सृजित किए जाने की सभावना है;<br>(ख) क्या व्यवसायों तथा निवेशकों को आकर्षित करने में विफल हुई जी.आई.एफ.टी. सिटी के कारणों को जानने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है; | श्रीमान जी,<br>(क) ग्लोबल सिटी प्राजेक्ट वस्तुसूची (इन्वेंट्री) को बाजार की स्थितियोंध्बाजार की आवश्कता के आधार पर चरणों में मुदकृत करने की योजना है। विभिन्न हितधारकों से फीडबैक पर विचार करने के बाद शुरूआत में तीन बड़े भूमि खंड और एक सामाजिक बुनियादी ढांचे की साइट रूपये 8,874.57 करोड़ के आरक्षित मूल्य के साथ नीलाम की जा रही है। ग्लोबल सिटी प्राजेक्ट की तकनीकी | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| | (ग) इस पर खर्च राशि कितनी है तथा अब तक ग्लोबल सिटी प्रयोजना राजस्व सृजित हुआ हैय तथा<br>(घ) उक्त परियोजना को पूरा करने की अंतिम सीमा का ब्यौरा क्या है? | आर्थिक व्यवहार्यता के अनुसार, पूरी तरह विकसित होने पर इससे लगभग 5.20 लाख प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होने की उम्मीद है।<br>(ख) नहीं श्रीमान जी।<br>(ग) ग्लोबल सिटी प्राजेक्ट पर मुख्य रूप से भूमि और संबंधित लागत पर अब तक 2,185.09 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं। परियोजना वर्तमान में विकास चरण में है और राजस्व सृजन अभी शुरू होना है।<br>(घ) परियोजना के चरण–I (अर्थात् 587 एकड़) के विकास के लिए निविदांए आमन्त्रित की गई हैं और प्राप्त बोलियां वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त कार्य खरीद समिति (एचपीडब्ल्यूपीसी) के विचाराधीन है। कार्य शीघ्र ही आबंटित किया जाना संभावित है और तीन वर्ष में पूरा होने की उम्मीद है। | | | 1204 |
| 809. | श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्ने संख्या 33:–<br>क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि दिनांक 07–06–2015 को बड़खल "विकास रैली' में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की वर्तमान स्थिति क्या है? | महोदया, दिनांक 07.06.2015 को कुल 12 घोषणाएं की गई थी। इनमे से 5 घोषणाएं पूर्ण हो चुकी है तथा 7 घोषणाएँ विभिन्न स्तर पर प्रक्रियाधीन है। | | | |
| | | 18.12.23 | | | |
| 810. | मुख्यामंत्री महोदय द्वारा दिनांक 15.12.2023 और 18.12.2023 को सदन में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर जबाव देते समय | एक प्रश्न श्री बलराज कुण्डु जी ने पूछा हुआ था उसको भी साथ में ही शामिल करके मैं उत्तर बता रहा हूं कि क्लास–I और क्लास –II की 3200 भर्तियों की अभी बहुत जल्दी एडवरटाईजमैंट होने वाली है। ऐसे कुल मिलाकर के 15,000 के आस–पास ये भर्तियां एच.पी.एस.सी. की हो जायेंगी। ऐसे ही स्टॉफ सिलैक्शतन कमीशन में पिछले 10 वर्षों में 93,000 भर्तियां हुई थी और अभी हमने 9 वर्ष के अंदर 1,06,000 भर्तियां कर दी हैं। इसके अलावा 45,973 ग्रुप सी की भर्तियों में कैंडीडेट्स का सी.ई.टी. टैस्ट हो गया है, यह अलग बात है कि उसमें से कोर्ट के अंदर कुछ केस गए हुए हैं। सोशियो इकोनोमिक क्राईटेरिया के माध्यम से पांच अंकों का जो हमने लाभ देने की बात कही थी, गरीब परिवारों को जिनके घर में एक भी नौकरी नहीं है या जो अन्य कुछ क्लॉसिज हैं उसको | | | 1205 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | लेकर कुछ एप्लींकैंट्स ने कुछ आपत्ति लगाई हुई है मैं समझता हूं कि बहुत जल्दी ही उसका फैसला हो जायेगा। तो 48,573 तो ग्रुप सी की भर्तियां होंगी और ऐसे ही ग्रुप डी का अलग से सी.ई.टी. टैस्ट हुआ है । ग्रुप डी में एक प्रावधान है कि रिजल्ट आयेगा वह भी लगातार तीन साल के लिए निकालकर रखा जाता है। साढे तीन लाख के लगभग लोग उसमें पास हुए हैं जो भी उसमें क्वालीफाई करके मैरिट पर आयेंगे उनका कोई इंटरव्यू नहीं होना है केवल रिजल्ट के आधार पर ही उनकी नियुक्तियां हो जायेंगी। उसमें यह प्रावधान है कि जब रिजल्ट निकालना होगा उस समय हमारे पास जितनी रिक्वीजिशन आएंगी उसके हिसाब से वे भर्तियां होंगी। चीफ सैक्रेटरी ऑफिस ने वो रिक्वीजिशन देनी हैं। अभी तक चीफ सैक्रेटरी ऑफिस में डिफरैंट डिपार्टमैंट्स की ओर से 13,657 भर्तियों की रिक्वीजिशन तो जा चुकी है लेकिन मुझे लगता है कि रिजल्ट कुछ समय के बाद आयेगा तब तक 500 या 1000 और भी | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | रिक्वीजिशंज आ सकती है। इस प्रकार से कुल मिलाकर 15000 हजार भर्तियां आने वाले 6 महीने में ये और हो जायेंगी। ऐसे 15000 ये होंगी और 1,06,000 हम पहले कर चुके हैं। 15,000 ये और 45,000 पहले थी तो कुल मिलाकर 60,000 भर्तियां ये हो जायेंगी। इस प्रकार से इस 10 साल में हमारा अनुमान है 1,67,000 भर्तियां ये ग्रुप सी और डी की हमारी कम्पलीट हो जायेंगी। | | |
| | | 18.12.23 | | |
| 811. | मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 15.12.2023 और 18.12.2023 को सदन में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर जबाव देते समय | उपाध्यक्ष महोदय, अगर यह विषय पहले आता तो मैं वह भी पता करके आता और मैं वह भी बता दूंगा। जहां तक आई.एल.ओ. के आंकड़ों की बात है तो वह भी सैम्पल बेस्ड होता है और सैम्पल के आधार पर ही सारे निष्कर्ष होते हैं। लेकिन हम सैम्पल के आधार पर नहीं बल्कि हरियाणा की कुल जनसंख्या के आधार पर बता रहे हैं। आज हरियाणा की जनसंख्या 2 करोड़ 80 लाख है और 71 लाख परिवार हैं। हमारे पास सभी का डाटा उपलब्ध है कि कौन व्याक्ति क्या करता है। उसमें कोई भी कॉलम खाली नहीं बचता है। अगर कोई औरत हाउस वाइफ है तो उसके कॉलम में लिखा जाता है कि वह हाउस वाइफ है। इसी प्रकार से अगर कोई बच्चा | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | ऑरफन है तो उसके आगे भी लिखा जाता है जबकि वहां तो कई आंकड़े ऐसे हैं जिसमें 15 साल के बच्चे को भी बेरोजगार दिखाया गया है। 18 साल के बच्चे को हम मानते हैं कि शिक्षा उसका दायित्व है और 0 ड्रॉपआउट हमारी पॉलिसी है। आज के समय में 6 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के लगभग 2 से अढाई लाख बच्चे ऐसे हैं जो अभी स्कूलों में नहीं जाते हैं। यह अलग बात है कि कुछ अनरजिस्टर्ड संस्थाएं हैं जिनमें जाने वाले बच्चों का रिकॉर्ड हमारे पास नहीं है। जैसे हमारे गुरूकुल हैं जो रजिस्टर्ड नहीं हैं तथा मदरसे हैं जो रजिस्टर्ड नहीं हैं और हो सकता है उनमें भी कुछ बच्चे पढ़ते हों या न भी पढ़ते हों और घर में रहते हों या माता–पिता उनको नहीं पढ़ा पाए हों। हम स्कूल ऐजुकेशन के माध्यम से ऐसे 6 साल से लेकर 18 साल तक के एक–एक बच्चे को ट्रैक करवायेंगे और उसके बाद कोशिश करेंगे कि सभी बच्चें स्कूल में आ जायें। | | |
| 812. | मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 15.12.2023 और 18.12.2023 को सदन में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर जबाव देते समय डॉ. रघुवीर सिंह कादियान द्वारा पूछे गये अनुपूरक प्रश्नव के संदर्भ में–<br>सी.एम. साहब, मैं ऑन दि फलोर ऑफ दि हाऊस एक बात कह रहा हूं कि मैं भी आपका प्रशंसक हो जाऊंगा। उसमें जो टेलिफोन मिला था और जिसमें उन दो अधिकारियों का डिस्कशन था कि किसके रिजल्ट बदले जाएंगे, किसके नम्बर दिये जाएंगे, किसके कम दिये जाएंगे। उसको आप कर दीजिए क्योंकि आप गीता के भी स्पोर्टर हो। आप अर्जुन बनकर तीर चलाईये। उसमें आपके अपने आदमी हैं आप उनको निकालिये। उसमें कौन अधिकारी थे ? | उपाध्यक्ष महोदय, मैं गीता पर हाथ रखकर सौगंध खाता हूं कि अगर उस एपिसोड में कोई भी अधिकारी फंसेगा तो उस अधिकारी को तुरंत बर्खास्त किया जाएगा। | | |
| | | 18.12.23 | | |
| 813. | मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 15.12.2023 और 18.12.2023 को सदन में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर जबाव देते समय– | XXXXX<br>जहां तक कल एक विषय हमारे जयवीर सिंह जी ने उठाया था कि फतेहपुर गांव की 40 एकड़ जमीन ली गई है। देखिये जो प्रावधान हैं हम उनसे बाहर कभी जाते नहीं हैं। आखिर किसी भी सामाजिक काम के लिए खासकर गौ–रक्षा आदि के लिए हमारा एक प्रावधान है | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | कि जो गौचरान की जमीनें हैं उनको किसी गौ संवर्धन के काम के लिए लीज पर दिया जा सकता है। हम जमीन बेचते नहीं हैं। (श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) अध्यक्ष महोदय, आज भी हमने एक स्पैशल नीति बनाई है कि कोई भी नई गऊशाला बनानें के लिए पंचायत प्रस्ताव पास करा दें या कोई संस्था करे। वहां गऊशाला बनाने के लिए प्रस्ताव पारित करके दें, फिर हमारा गऊसेवा आयोग और ऐनिमल हस्बैंडरी डिपार्टमैंट उनके लिए एक एग्रीमैंट करते हैं और बाद में उनको जो भी वहां इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए चाहे चार दीवारी हो, शैड हो या साल भर का जो गऊ चारा उनको चाहिए उसका पैसा हम उनको तुरंत देते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को यह भी बताना चाहता हूं कि पिछले वर्ष गौ संवर्धन व गौरक्षा आदि के लिये 40 करोड़ रुपये के आस–पास का बजट था। पिछले वर्ष से जो बेसहारा गौवंश बाहर घूमते हैं इनकी व्यवस्था ठीक करने के लिये कुछ आगे कदम बढ़ाते हुए हमने उस बजट को | | |
| | | 40 करोड़ रुपये से 10 गुणा बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये किया है। (इस समय मेजें थपथपाई गई) जो 40 करोड़ रुपया एक वर्ष का बजट होता था उसको तो एक किस्तम में भेज भी दिया है। बहुत ही जल्दी एक किस्तो 40 करोड़ रुपये की वर्तमान गौशालाएं गौ चरान की हैं उनको भी भेजने वाले हैं। इसके साथ–साथ जो नई गउशालाएं बन रही हैं जिनका प्रस्ताव स्थानीय उपायुक्त महोदय के माध्यम से आये हैं उनको भी आश्वास्त किया गया है कि इस संबंध में जितना पैसा उनको चाहिये वो देंगे । फतेहपुर गांव की 32 एकड़ पंचायत की जमीन है, गउशाला को देने के लिये प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ है और उसको संबंधित उपायुक्त के पास कार्यवाही हेतु भेजा हुआ है, विचाराधीन है। इस प्रकार से यदि और भी कोई इस प्रकार की संस्थाएं गउशालाओं के संबंध में आगे आयेगीं हम उनको भी बजट देने के लिये तैयार हैं।<br>XXXXX | | |
| 814. | मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 15.12.2023 और 18.12.2023 को सदन में सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर जबाव देते समय– | अध्यक्ष महोदय, पंचायतों के संबंध में एक बात यह आई थी कि उनकी लिमिट खत्म करके विकास कार्यों के लिये अधिकार दिये जायें। यह बात ठीक है कि सारे विकास के काम लगभग 20 लाख रूपये तक के कुटेशन | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | के आधार पर होते थे। इस संबंध में हमारे पास बहुत सारी शिकायतें आई थी। हमने पंचायत चुनाव से पहले उसके अंदर एक लिमिट फिक्स की थी कि जो छोटे काम हैं उनको कुटेशन के आधार पर करें और बड़े विकास के कार्य ई–टैंडरिंग के माध्यकम से होने चाहिये अर्थात् 5 लाख रूपये से उपर के विकास के कार्य ई–टैंडरिंग के माध्यम से होने चाहिये और 5 लाख रूपये से नीचे के विकास के कार्य चाहे वे 2, 4, या साढ़े चार लाख रूपये के हों वे कुटेशंज के आधार पर हों। इसमें प्रारंभिक कठिनाइयां जरूर आई थी। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, जो भी कोई नया सिस्टम बनता है उसके लिये प्रारंभिक कठिनाइयां आना स्वाभाविक है। ई–टैंडरिंग सिस्टम में सरपंचों को शुरू में कठिनाइयां आई थी। हमने उनको संबंधित डिपार्टमैंट्स में भेज कर सभी की ट्रेनिंग करवा दी है। ट्रेनिंग करवाने के बाद हजारों की संख्या में ई–टैंडरिंग के माध्यम से गांवों में विकास के काम होने शुरू हो गये हैं। जहां कहीं कठिनाई | | |
| | | दिखती है अभी भी उसको दूर कर रहे हैं। जहां तक 5 लाख रूपये के लिमिट की बात है उसमें हमने कहा है कि काम करवाने के लिये जो टोटल राशि है उस बजट की 50 परसेंट राशि छोटे काम पर खर्च कर सकते हैं और 50 परसेंट राशि बड़े कामों के लिये रख सकते हैं। उसके बाद एक विषय यह आया कि कुछ गांव तो ऐसे हैं जहां छोटे–छोटे विकास के काम हैं उनमें बड़े काम नहीं है। हम उसमें भी प्रावधान कर रहे हैं और उसका भी इस संबंध में एक पत्र संबंधित विभाग की तरफ से चला जायेगा। | | |
| 815. | मुख्यमंत्री महोदय द्वारा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ग्रुप 'सी' की सी.ई.टी. के आधार पर की जाने वाली भर्तियों से पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा स्क्रीनिंग परीक्षा से स्टे हटाने के संबंध में सूचना | अध्यक्ष महोदय, मुझे सदन को 2 सूचनाएं और देनी हैं। आज अच्छा दिन है और हमारे पास अच्छी–अच्छी सूचनाएं आ रही हैं। सी.ई.टी. ग्रुप–सी भर्ती में ग्रुप नम्बर 56 और 57 का एक केस उलझ गया था। इसके उलझने की वजह से कोर्ट ने ग्रुप–सी की सारी भर्तियों पर स्टे लगा दिया था। ग्रुप नम्बर 56–57 का फैसला तो अलग से होगा लेकिन कोर्ट ने बाकी जो सभी टेस्ट थे उनसे स्टे हटा दिया है। हम बघकी भर्तियों का एग्जाम लेकर 63,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को शुरू कर देंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 816. | राज्यपाल अभिभाषण | 20.02.2024<br>माननीय सभासदो! मेरी सरकार अपने युवाओं में निहित अपार क्षमता को बखूबी पहचानती है। इस क्षमता का दोहन करने के लिए, सरकार रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित करने को प्राथमिकता दे रही है। मेरी सरकार ने पारदर्शिता ,वं मैरिट के आधार पर गत चार वर्षों के दौरान 42,735 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। इसके अलावा, ग्रुप–सी और डी के 60,000 से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष ,वं पारदर्शी बनाने के लि, ग्रुप–सी व डी की भर्तियों में साक्षात्कार समाप्त किया है। युवाओं को बार–बार प्रतियोगी परीक्षा से मुक्ति दिलाने के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा शुरू की गई है। | | |
| 817. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>हरियाणा तीर्थ यात्रा योजना दिसंबर, 2023 में शुरू की गई थी ताकि वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या, पटना साहिब, अजमेर शरीफ, वाराणसी, अमृतसर, उज्जैन, कटरा और नांदेड़ जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिल सके। इस योजना के तहत 1–80 लाख रुपये तक वार्षिक पारिवारिक आय वाले परिवार का वरिष्ठ नागरिक इन तीर्थ स्थलों की मुफ्त यात्रा के लिए पात्र होगा। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। अयोध्या के तीर्थ यात्रियों का पहला समूह मार्च के पहले सप्ताह में रवाना होगा। मुझे उम्मीद है कि इसके बाद तीर्थ यात्रियों के समूह हर हफ्ते एक तीर्थ स्थल की यात्रा करने की योजना का लाभ उठाएगें। | | |
| 818. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>कुछ वर्ष पहले शुरू की गई सुशासन की पहल अब ऐसे चरण में है, जहां नागरिकों के जीवन में सगमता के साथ–साथ ठोस लाभ दिखाई देने लगे हैं। आगामी वर्ष में, परिवार पहचान पत्र के तहत कुछ ऐसी पहल की जाऐगी ताकि अगले चरण में सरलता से प्रवेश किया जा सके। इसका वर्जन टू शुरू किया जायेगा। | | |
| 819. | अतारांकित प्रश्न 93 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया प्रश्नः– XXXX<br>(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2016 में श्री ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक द्वारा पंचकूला शहर में दिनांक 08.09.2015 को आउटसीस कोटे के तहत 13 प्लाटों के आवंटन में धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत दी गई थी; यदि हां, | 26.02.2024<br>XXXX (ख) हाँ, श्रीमान जी। हालाँकि जिस फाईल पर 01.06.2020 को मामले को सी.बी. आई. को भेजने की सिफारिश की गई थी, उसका पता नहीं चल पा रहा हैं और उक्त फाईल के संबंध में एफ.आई.आर. संख्या नं. 368 दिनांक 25.08.2022 को पुलिस स्टेशन, सैक्टर–7, पंचकूला में दर्ज कराई गई थी।<br>(ग) दिनांक 19.08.2022 के बाद के निर्देश के अनुसार इस संबंध में एफ.आई.आर. संख्या | | |

1214

1215

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तो इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने के बाद की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;<br>(ख) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री ने उक्त शिकायत की जांच सी.बी.आई से कराने की सिफारिश की है; यदि हां, तो वह तारीख/आधार जिस पर उक्त सिफारिश गई थी तथा उक्त जाँच के परिणाम का ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) क्या सी.बी.आई से जांच कराने की पहले की सिफारिश के बाद मुख्यमंत्री द्वारा अन्य एजेंसी से जांच कराने की कोई सिफारिश की गई थी; यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है? | नं. 369 दिनांक 25.08.2022 दर्ज की गई हैं, जिसकी जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की जा रही हैं। | | |
| 820. | अतारांकित प्रश्न 95 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि मेट्रो ट्रेन के माध्यम से फरीदाबाद को गुरुग्राम से जोड़ा जाना है जिसमें एक स्टेशन प्याली चौंक है; यदि हां, उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;<br>(ख) उक्त परियोजना पर खर्च की जाने वाली संभावित राशि कितनी है तथा अब तक बजट में किये गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ग) उक्त परियोजना के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराए? | 26.02.2024<br>(क) हां, श्रीमान् जी। परियोजना की अंतिम डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है।<br>(ख) तथा (ग) अनुमानित लागत और समय सीमा डीपीआर के पूरा होने के बाद ही पता चलेगी, जो अगस्त, 2024 तक होने की संभावना है। | | |
| 821. | अतारांकित प्रश्न 97 के संदर्भ में श्री वरुण चौधरी द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य लेखा परीक्षा विभाग के संबंध में निम्नलिखित जानकारी बताने की कृपा करेंगेः– XXXX (ड़) विभाग एवं संस्थाओं का ब्यौरा जिनका वर्तमान में लेखा परीक्षण किया जा रहा है? | 26.02.2024<br>XXXX(ड़) स्टाफ की नियुक्ति हो जाने के बाद काम शुरू होने की उम्मीद है। | | |
| 822. | अतारांकित प्रश्न 103 के संदर्भ में श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया प्रश्नः– क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि मंडी डबवाली में अग्निकांड स्मारक को राजकीय स्मारक बनाने के प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या प्रगति की गई है? | 26.02.2024<br>नगर परिषद, मंडी डबवाली द्वारा मंडी डबवाली स्थित अग्निकांड स्मारक को राजकीय स्मारक घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। यह मामला राज्य सरकार के पास स्थानीय निकाय विभाग में विचाराधीन है। | | |
| 823. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | 13.11.2024<br>शीघ्र ही महिला कर्मचारियों को घर के समीप ही काम करने की सुविधा देने के लिए ग्रुप–सी व डी की महिला कर्मचारियों को उनके मनचाहे | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | जिले में तैनात करने के लिए नीति लागू की जाएगी। रात्रि शिफ्ट में काम करने वाली सभी महिलाओं को सुरक्षित परिवहन सुविधा भी प्रदान की जाएगी। | | |
| | | 13.11.2024 | | |
| 824. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | मेरी सरकार दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लि, संकल्पबद्ध है। इसके अलावा, पांच लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर दिए जाएगें तथा 'नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना' के माध्यम से मासिक स्टाइपंड की सहायता भी दी जाएगी। | | |
| | | 13.11.2024 | | |
| 825. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | सी–ई–टी– की परीक्षा पास करने वाले सभी युवा, जिनको ,क साल में नौकरी नहीं मिलेगी, उन्हें अगले दो व'र्ॉं तक नौ हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा। | | |
| | | 13.11.2024 | | |
| 826. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं को सरकार उचित मार्गदर्शन और मदद प्रदान करेगी। डंकी रूट की समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 827. | वर्ष 2023—24 के बजट के संदर्भ में | 23.02.2023<br>स्ट्रीट वेंडर्स, छोटे कारोबारियों और व्यापारियों, जिनका वार्षिक कारोबार 1.50 करोड़ रुपये तक है, को प्राकृतिक आपदा या आग के कारण परिसम्पतियों के नुकसान के मामलों में मुआवजा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना के संशोधित दिशानिर्देश हाल ही में अधिसूचित किए गए हैं। यह योजना भी 1 अप्रैल, 2023 से शुरू हो जाएगी। | | |





OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**NEW AND RENEWABLE ENERGY DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 828. | राज्यपाल अभिभाषण | 20.02.2024<br>प्रदेश में 1809 करोड़ रुपये की लागत से 28 नए सब–स्टेशनों की स्थापना की गई है, मौजूदा सब–स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने के लिए 266 ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं तथा 819 किलोमीटर लम्बी सम्प्रेषण लाइनें बिछाई गई हैं। प्रदेश में 228.09 मेगावाट क्षमता के जमीन आधारित सोलर पवर प्रोजेक्ट स्थापित किये गए हैं। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान योजना के अन्तर्गत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध करवाए जा रहे है। इस योजना के तहत 67,418 सोलर पंप स्थापित किए जा चुके हैं तथा 70,000 नये सोलर पंप लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गांवों में स्ट्रीट लाइटों और अमृत सरोवरों पर एल.ई.डी. आधारित सोलर स्ट्रीट लाइट तथा हाईमास्ट लाइटें लगाने की योजना चलाई जा रही है। चालू वित्त वर्ष के दौरान 7169 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रगति पर है तथा वर्ष 2024–25 के दौरान 10,000 और ऐसी लाइटें लगाई जाएंगी। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 20.02.2019 | | |
| 829. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में। | XX 'श्याम प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन' के तहत राज्य के साथ–साथ लगते हुए 152 गांवों के 10 समूहों की तीन चरणों में पहचान की गई है। ये समूह आर्थिक गतिविधियां, इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं, कौशल विकास एवं स्थानीय उद्यमिता प्रदान करके विकसित किये जाएंगे। इनके विकास पर तीन से पांच वर्षों में 884.59 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। XX | भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन की शुरूआत छत्तीसगढ़ से दिनांक 21 फरवरी, 2016 को किया गया था। मिशन के लिए निधियाँ केंन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं, केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं और राज्य पोषित योजनाओं के अभिसरण (Convergence) के माध्यम से जुटाई जाएगी। विभिन्न योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से जुटाई गई निधियों की कमी पूर्ति इस मिशन में परियोजना में आवश्यक पूरक वित्तपोषण (Critical Gap Fund) केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा (60:40) अनुपात में उपलब्ध कराकर की जाएगी।<br>इस मिशन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार करते हुए देश का स्थायी एवं संतुलित क्षेत्रीय विकास करना है। श्रुर्बन क्लस्टरश मैदानी और तटीय क्षेत्रों में लगभग 25,000 से 50,000 आबादी वाले तथा मरूभूमि, पर्वतीय या जनजातीय क्षेत्रों में 5,000 से 15,000 तक की आबादी वाले भौगोलिक रूप से एक–दूसरे के समीप बसे गांवों का एक क्लस्टर (Cluster) होगा। सभी चयनित क्लस्टरों का 3 से 5 वर्षों के अंतर्गत विकास किया जाएगा। हरियाणा में इस मिशन के अंतर्गत कुल चयनित 10 कलस्टरों में 152 गांव शामिल किये गये थे, परन्तु बाद में 2 गॉव बराड़ा व मौजगढ़ (मुलाना कलस्टर, अंबाला) नगरपालिका (MC) में आने के बाद मुलाना कलस्टर, अंबाला से हटा दिए गए थे। इन गाँवों का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :– | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15.01.2025) |

| क्र. सं. | जिले का नाम | समूह (Cluster) का नाम | कुल गांव |
|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला | मुलाना | 14 |
| 2 | जीन्द | उच्चाना खुर्द | 15 |
| 3 | करनाल | बल्ला | 05 |
| 4 | फतेहाबाद | समैन | 10 |
| 5 | झज्जर | बदली | 19 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | रेवाड़ी | कोसली | 17 |
| 7 | पंचकुला | गणेशपुर | 38 |
| 8 | पनीपत | सिवाह | 10 |
| 9 | फरीदाबाद | तिगाँव | 10 |
| 10 | नूँह | सिंगर | 12 |
| | **कुल** | | **150** |

योजना के अन्तर्गत उपलब्धियां 31.12.2024 तक

| स्वीकृत कार्य | पुर्ण किए गए कार्य | कार्य प्रगति पर | आबंटित की गई राशि | खर्च की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1974 | 1532 | 267 | 1199.54 | 652.72 |

जिलावार विस्तृत रिपोर्ट साथ संलग्न है।

यह योजना भारत सरकार द्वारा दिनांक 31.03.2022 को समाप्त कर दी गई है।

आयुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार, ग्रामीण विकास विभाग ने मासिक प्रगति समीक्षा बैठक में सभी जिला अधिकारियों को तिमाही लक्ष्यों के आधार पर वर्ष 2024—25 में ही सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए है।



| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 830. | तारांकित प्रश्न संख्या 883 के संदर्भ में श्रीमती शैली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगी कि अभी तक 2.39 करोड़ रुपये के वर्क्स सैंक्शन हुए हैं और आज उन बातों को सवा साल का समय व्यतीत हो चुका है। मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि यह पैसा कब तक मिलेगा, कब तक वर्क्स शुरू हो जाएंगे और बाकी पैसे कब तक मिल जाएंगे? | 16.03.2021<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने बड़ा अच्छा सवाल पूछा है। पिछली बार हमारी सरकार ने बजट सैशन के दौरान सभी माननीय सदस्यों को अपने—अपने विधान सभा क्षेत्रों के लिए विधायक निधि के तहत 5—5 करोड़ रुपये की ग्रान्ट यूटिलाईज करने की घोषणा की थी। हमारे पास माननीय सदस्या की तरफ से डिवलैपमैंट वर्क्स के अस्टिमेट्स बनकर आये थे और उनमें से 2,39,03000 रुपये के वर्क्स फिजिबल थे। जिनको सैंक्शन कर दिया है। जैसे ही बैलैंस वर्क्स फाईल पर पुट अप हो जाएंगे तो हम उनको भी सैंक्शन कर देंगे। | मुख्य मंत्री घोषणा कोड 25284 के तहत हल्का नारायणगढ़ में 94 विकास कार्यों की मु0 504.99 लाख रू० की राशि जारी हुई थी। जिसमें से 486.99 लाख रूपये की राशि के 92 कार्य पूर्ण हो चुके है, 1 कार्य प्रगति पर है (Fund with GP) तथा 1 कार्य साईट डिस्पयूट/उपयुक्त साईट उपलब्ध न होने की वजह से ग्राम पंचायत द्वारा अभी तक शुरू नहीं करवाया जा सका है। माननीय विधायिका हल्का नारायणगढ़ द्वारा उक्त कार्य को बदलने बारे लिखा जा चुका है। कार्य परिवर्तन की सूची अभी प्राप्त नहीं हुई है।<br>कार्यकारी अभियन्ता पंचायती राज, अम्बाला के पत्र कमांक पी० आर० डी०ए०/2025/156 दिनांक 09.01.2025 के अनुसार विधान सभा क्षेत्र नारायणगढ में विकास कार्य का पूर्ण विवरण पताका 'क' पर रखा है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15.01.2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 18.03.2021 | | |
| 831. | तारांकित प्रश्न संख्या 872 के सन्दर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू ****अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न है कि जिस प्रकार से हाउसिंग बोर्ड और एच.एस.वी.पी. जमीन एक्वायर करके अपनी कॉलोनीज और सैक्टर्ज बनाते हैं क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय उसी प्रकार से गांवों के लिए कोई प्रावधान करेंगे ? शहर में तो प्लॉट्स की अवेलेबिलिटी होती है और वहां पर लोग प्लॉट खरीद लेते हैं । देहात में अगर कोई कमजोर व्यक्ति प्लॉट खरीदना भी चाहे तो प्लॉट्स की अवेलेबिलिटी न होने के कारण खरीद नहीं पाता। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या वे जमीन का कोई रिजर्व प्राइस तय करके गांव में कॉलोनीज बनाएंगे ? गांव में पंचायत की जमीन यदि गांव से दूर भी है और वहां पर कॉलोनी बना दी जाए तो वहां पर गांव के लोग नॉमीनल रेट पर प्लॉट ले तो सकेंगे। मेरा प्रश्न है कि क्या माननीय मुख्य मंत्री महोदय कोई ऐसा प्रावधान बनाएंगे ? | *****वर्ष 2006 में एच.आर.डी.ए. (हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट) बनाया गया था। उसकी वर्ष 2006 से वर्ष 2019 तक कुल 2 या 3 बैठकें हुई थी। हमने पिछले एक वित्त वर्ष में इसकी 9 बैठकें की हैं और प्रदेश में एच.आर.डी.ए. की पहली प्लैंड रूरल कॉलोनी बनाने के लिए इसराना गांव ने हमें 47 एकड़ जमीन दी है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमैंट ने इसका नक्शा भी अप्रूव कर दिया है। मैं सदन को विश्वास दिलाता हूं कि हम इसराना में अगले एक माह में पहला रूरल अलॉटमैंट एण्ड ऑक्शन करेंगे। इसमें हम गरीब आदमियों को 100 गज, 280 गज, 350 गज और 500 गज के रैजीडैंशियल प्लॉट्स देंगे। उसमें कम्युनिटी सैंटर, स्पॉर्ट्स कॉम्पलैक्स, इंडीपैंडैंट पावर फीडर, प्रॉपर पानी की सप्लाई की व्यवस्था और प्रॉपर रोड्स, पशुओं को रखने के लिए जोहड़ आदि की व्यवस्था भी होगी। रूरल हरियाणा में इस तरह की प्लैंड तरीके की कॉलोनी पहली बार बनाई जाएगी और इसमें गरीब आदमी के लिए माननीय सदस्य की मांग के अनुसार स्पैशली लोअर प्राइस पर प्लॉट की अलॉटमैंट करने का प्रावधान किया जाएगा। | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही एच.आर.डी.ए. द्वारा, दिनांक 03.12.2019 को एच.आर.डी.ए. की तीसरी बैठक में यह स्वीकृति प्रदान की गई थी कि गांव इसराना, जिला पानीपत में मॉडल कालोनी विकसित की जाये व की गई कार्यवाही निम्न प्रकार से है :–<br>1. क्लस्टर इसराना के विकास क्षेत्र की घोषणा की प्रगतिः इसराना गांव के विकास क्षेत्र को सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 255 के तहत विकास क्षेत्र की घोषणा के लिए अधिसूचना हरियाणा सरकार में दिनांक 02.05.2022 को प्रकाशित कर लिया गया है।<br>2. मॉडल कॉलोनी बनाने के लिए ग्राम पंचायत इसराना जिला पानीपत से 48 एकड 1 कनाल 14 मरले की जमीन को मुख्य प्रशासक हरियाणा ग्रामीण विकास प्राधीकरण के नाम पर पंजीकृत कर लिया गया है।<br>3. उपायुक्त, पानीपत ने प्रस्तावित भूमि यानी 48.05 एकड़ की विकास योजना भेजदी है और उक्त विकास योजना को राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना बाकी है।<br>4. राज्य सरकार द्वारा विकास योजना को मंजूरी मिलने के बाद भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी<br>इस परियोजना की नवीनतम स्थिति पताका 'ग' पर है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (15.01.2025) |
| | | 26.12.2022 | | |
| 832. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 37 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें कि बाढ़डा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव खेडी | स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के तहत चरणबद्ध तरीके से धूसर जल प्रबन्धन के कार्य किए जा रहे हैं और वर्ष 2025 तक सभी गांवों को इसमें लिए जाने का लक्ष्य है। वर्तमान में इन गांवों | ग्राम पंचायतो में दूषित पानी की निकासी के लिए किए गए समाधान की स्थिति का विवरणः–<br>कुल ग्राम पंचायत– 14 | The Committee would like to know the latest position in this regard. (15.01.2025) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बूरा, झोझूकलां, चिड़ियां, कादमा, बाढ़डा, बेरला, ढ़ाणी फोगाट, ककरोली हुकमी, ककरोली सरदारा, कारी मोढ़, दुधवा, खेड़ी सांवल, मेहराना तथा ऊन गांव में दूषित पानी की निकासी की समस्या का स्थाई समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ? | नहीं है परन्तु इन सभी गांवों में वर्ष 2025 तक स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के अन्तर्गत चरणबद्ध तरीके से कार्य करवाए जाएंगे जिसके उपरान्त इन गांवों में घरेलू अपशिष्ट पानी से पैदा होने वाले प्रदूषण की समस्या का समाधान हो जाएगा। | जिन ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण किया गया– 7<br>क्र० सं० 2, 3, 4, 5, 9, 11, 14<br>जिन ग्राम पंचायतों में कार्य प्रगति पर– 7<br>क० सं० 1, 6, 7, 8, 10, 12, 13<br>1. ग्राम पंचायत खेडीवूरा में नाला निर्माण हेतु मु० राशि 22.84 लाख रु० प्राप्त हो चूकी है। मौके पर 90 प्रतिशत कार्य हो चुका है पाईपलाईन का कार्य पूर्ण हो चुका है बिजली का पोल बीच से हटाया जा चुका है। 2 होदीयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है शेष 10 प्रतिशत कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करवाकर गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवा दिया जायेंगा।<br>2. ग्राम पंचायत झोझूकलां गंदा पानी निकासी हेतु नाले का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।<br>3. ग्राम पंचायत चिडिया गाँव के रिहायशी ईलाके में गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध है।<br>4. ग्राम पंचायत कादमा गाँव के रिहायशी ईलाके में गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध है।<br>5. ग्राम पंचायत बाढ़ड़ा–गाँव के रिहायशी ईलाके में गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध खाडी पोण्ड को साफ करके कर दिया गया है।<br>6. ग्राम पंचायत बेरला गांव के अन्दर कही भी गंदा पानी इक्ट्ठा नही होता है तथा गाँव में चकबन्दी का कार्य प्रगति पर है।<br>7. ग्राम पंचायत ढाणी फौगाट गांव के अन्दर कही भी गंदा पानी इक्ट्ठा नही होता है तथा गाँव में चकबन्दी का कार्य प्रगति पर है। | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | 8. ग्राम पंचायत काकडोली हुक्मी जिलों स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण प्रबंधन समिति दद्वारा ग्रे–वाटर मैनेजमेन्ट परियोजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वर्क आर्डर जारी हो चुका है, कार्य प्रगति पर है तथा मई 2025 तक गन्दे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवा दिया जाएगा। | |
| | | | 9. ग्राम पचांयत काकडौली सरदारा गांव के अन्दर कही भी गंदा पानी इक्ध्ठ्ठा नही होता है तथा गाँव में चकबन्दी का कार्य पूर्ण हो चुका है। | |
| | | | 10. ग्राम पंचायत कारीमोद 19.24 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृती प्राप्त होने उपरान्त इस कार्य के लिए कई बार ई–निविदाएं आमंत्रित की गई हैं परन्तु अभी तक किसी पात्र ऐजेन्सी ने ई–निविदा में भाग नहीं लिया है। ई–निविदा प्रक्रिया अभी भी आमंत्रित है। पात्र ऐजेन्सी द्वारा ई–निविदा में हिस्सा लेने उपरान्त नियमानुसार गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवा दिया जायेंगा। | |
| | | | 11. ग्राम पंचायत दूधवा– गांव के चारों तरफ सीवर लाईन की सफाई ग्राम पंचायत द्वारा अपने स्तर पर करवा दी गई है जिससे दूषित पानी की निकासी का समाधान किया जा चुका है। | |
| | | | 12. ग्राम पंचायत खेडी सनवाल–8.63 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृती प्राप्त होने उपरान्त इस कार्य के लिए कई बार ई–निविदाएं आमंत्रित की गई हैं परन्तु अभी तक किसी पात्र ऐजेन्सी ने ई–निविदा में भाग नहीं लिया है। ई–निविदा प्रक्रिया अभी भी | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | आमंत्रित है। पात्र ऐजेन्सी द्वारा ई–निविदा में हिस्सा लेने उपरान्त नियमानुसार गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवा दिया जायेंगा।<br>13. ग्राम पंचायत महराणा 15.81 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृती प्राप्त होने उपरान्त इस कार्य के लिए कई बार ई–निविदाएं।<br>आमंत्रित की गई हैं परन्तु अभी तक किसी पात्र ऐजेन्सी ने ई–निविदा में भाग नहीं – लिया है। ई–निविदा प्रक्रिया अभी भी – आमंत्रित है। पात्र ऐजेन्सी द्वारा ई–निविदा में हिस्सा लेने उपरान्त नियमानुसार गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवा दिया जायेंगा।<br>14. ग्राम पंचायत ऊण– गाँव में गन्दे पानी की निकासी हेतु नालो का निर्माण करवाया जा चुका है तथा गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध है। | |
| | | 21.03.2023 | | |
| 833. | वर्ष 2023–24 के बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा पुनरारम्भ तथा वित्त मंत्री द्वारा उस पर उत्तर के संदर्भ में श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः ***अध्यक्ष महोदय, मान लीजिए अधिकारी यू.सी. 2 साल बाद बनाएंगे तो क्या होगा ?<br>***अध्यक्ष महोदय, हमारे पास इससे संबंधित पत्र आया है और उसमें इस बारे में साफ–साफ लिखा हुआ है। | ***अध्यक्ष महोदय, अगर अधिकारी समय पर यू.सी. नहीं देंगे तो इस कार्य को हम देखेंगे। ऐसा है कि अधिकारी समय पर यू.सी. क्यों नहीं देंगे ? अगर किसी माननीय सदस्य का बताया हुआ काम नॉन–फिजिबल होगा तो उनके पास इससे संबंधित पत्र भेजा जाएगा कि आपका यह काम होने वाला नहीं है। अगर वह काम होने वाला होगा तो उसको टाईम पर करना ही पड़ेगा। हम उसका टाईम तय कर देंगे।<br>***अध्यक्ष महोदय, हम उसे बदल देंगे। मेरी इस बात को ए.सी.एस., रूरल डिवैल्पमैंट डिपार्टमैंट सुन रहे हैं । वे इस कार्य को अपने आप करेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 834. | श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 89:– क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि बाढड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव महराणा, नांधा, कुब्जानगर, बधवाना, झोझू खुर्द, कारी मोद, नौसवा, पिचौपा कलां, खेड़ी सनवाल, पालड़ी, ढाणी फोगाट, असवारी, निहालगढ़, गोकल, धनासरी, रूदडौल, चांदवास, बालरोड, शीशवाला, बादल, काकडोली हुक्मी, संतोखपुरा, चांगरोड, कारी रूपा–दास, मकराना, झोझू कलां, चिडिया, कादमा, बाढड़ा तथा दुधवा से गंदे पानी की निकासी के लिए कोई स्थायी व्यवस्था की गई हैय यदि हां, तो उसका ग्राम–वार ब्यौरा क्या है? | 29.08.2023<br>महोदया, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा ग्रे–वाटर मैनेजमेंट और पॉन्ड्स का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उपर्युक्त 30 गांवों के गंदे पानी की निकासी के संबंध में विवरण अनुलग्क क में दिया गया है और संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं –<br>(क) ग्राम महराणा, नांधा, खेड़ी सनवाल और शीशवाला के आबादी में गंदे पानी का ठहराव नहीं है। गांव शीशवाला के गंदे पानी की पहाड़ों के पास गांव के बाहर निकासी की जा रही हैं।<br>(ख) दो गांवों के बीच विवाद के चलते करीब 300 फीट लंबाई में गांव कारी रूपा–दास में गंदे पानी के जमा होने की समस्या है। हालांकि ग्राम पंचायत द्वारा अपने स्तर पर इस कार्य के लिए टेंडर निकाला जा चुका है।<br>(ग) गांव झोझू खुर्द, ढाणी फोगाट, निहालगढ़ और गोकल में भूमि चकबंदी का काम पूरा होने के बाद गंदे पानी की निकासी का स्थायी समाधान निकाला जाएगा।<br>(घ) गांव रूदडौल और धनासरी में पंचायती भूमि की अनुपलब्धता और एक समान स्थलाकृति न होने के कारण गंदे पानी की निकासी का कोई स्थायी समाधान नहीं है।<br>(ड) गांव असवारी, चांदवास और बाढड़ा में वेटलैंड तकनीक के प्रावधान के साथ मॉडल तालाब का कार्य प्रगति पर है।<br>(ढ) गांव पिचौपा कलां में गंदे पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा अपने स्तर पर करवाई जाएगी।<br>(ण) गांव कारी मोद और काकडोली हुक्मी में गंदे पानी की निकासी के स्थायी समाधान के कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है।<br>(च) कुब्जानगर, बधवाना, नौसवा, पालड़ी, बालरोड, बादल, संतोखपुरा, चांगरोड, झोझू कलां, चिड़िया और दुधवा गांवों में गंदे पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था के लिए कार्य की अनुमानित लागत 4.72 करोड़ रुपये होने की संभावना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | (छ) गांव मकराना व गांव कादमा की दक्षिण फिरनी में लोक निर्माण विभाग, भवन एवं सड़क के समन्वय से गंदे पानी की निकासी का स्थायी समाधान किया जाएगा। | | |

**अनुलग्क क**

30 गांवों का विस्तृत विवरण इस प्रकार है:—



| क्र0 स0 | गांव का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | महराणा | दूषित जल की निकासी का समाधान जिला योजना के तहत सीवर लाइन का उपयोग कर किया गया है। |
| 2 | नांधा | आबादी क्षेत्र में जल—भराव नहीं है। गंदे पानी की निकासी के लिए आर0सी0सी0 पाइप लाइन लगाई गई है। |
| 3 | कुब्जानगर | आबादी क्षेत्र में कुछ नालियां टूटी हुई हैं, जिनकी मरम्मत पर करीब पांच लाख रुपये खर्च होंगे। |
| 4 | बधवाना | फिरनियाँ कच्ची हैं। फिरनी के चारों ओर आर0सी0सी0 नाली बनाने की जरूरत है। जिस पर अनुमानित 65 लाख रुपये की लागत आएगी। |
| 5 | झोझू खुर्द | आबादी क्षेत्र में ज्यादा जल भराव नहीं है। भूमि चकबंदी न होने के कारण गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। |
| 6 | कारी मोद | गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों की जरूरत है, जिस पर करीब 26—13 लाख रुपये खर्च होंगे। |
| 7 | नौसवा | आबादी क्षेत्र में नालियों की मरम्मत एवं नवीनीकरण की आवश्यकता है, जिसकी अनुमानित लागत 10 लाख रुपये है। |
| 8 | पिचौपा कलां | गंदे पानी की निकासी का कार्य पंचायत अपने स्तर पर करेगी। |
| 9 | खेड़ी सनवाल | स्वच्छ भारत मिशन—ग्रामीण के तहत दूषित जल की निकासी की समस्या का समाधान किया गया है। |
| 10 | पालड़ी | फिरनी के साथ आर0सी0सी0 नाली के निर्माण की आवश्यकता है, जिसकी अनुमानित लागत 85 लाख रुपये है। |
| 11 | ढाणी फोगाट | गांव के अंदर नालियां सही स्थिति में हैं। गांव के बाहर फिरनी में सीवर लाइन का प्रावधान किया गया है। ग्राम पंचायत ने अपने स्तर पर विभिन्न स्थानों पर सोख्ता गड्ढे ध्बोर का प्रावधान किया है। आबादी के अंदर कहीं भी दूषित पानी एकत्र नहीं होता है। हालाँकि, दूषित पानी गाँव के बाहर जमा होता है। गांव की भूमि चकबंदी न होने के कारण इसके समाधान के लिए पंचायती भूमि की पहचान नहीं हो पा रही है। |
| 12 | असवारी | आबादी क्षेत्र में पानी का भराव नहीं हैं तथा मॉडल तालाब का कार्य प्रगति पर है, जिसमें वेटलैंड तकनीक का प्रावधान किया गया है। |
| 13 | निहालगढ़ | भूमि चकबंदी नहीं होने के कारण गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। |
| 14 | गोकल | भूमि चकबंदी नहीं होने के कारण गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। |
| 15 | धनासरी | भूमि चकबंदी नहीं होने के कारण गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। |
| 16 | रूदडौल | गांव की प्राकृतिक भौगोलिक स्थिति एक समान न होने के कारण गंदे पानी की निकासी पंचायत भूमि में करवाना संभव नहीं है। |
| 17 | चांदवास | गंदे पानी की निकासी के लिए पंचायत अपने स्तर पर नाली का निर्माण करा रही है। इसके अलावा मॉडल तालाब का निर्माण भी किया जाना है। जिसमें वेटलैंड तकनीक का प्रावधान किया गया है, जिसका कार्य प्रगति पर है। |
| 18 | बालरोड | फिरनी कच्ची होने के कारण फिरनी के साथ—साथ नाली बनाने की आवश्यकता है। जिसकी अनुमानित लागत 50 लाख रुपये है। |
| 19 | शीशवाला | आबादी क्षेत्र में जलभराव नहीं है। पानी की निकासी गांव के बाहर पहाड़ के पास हो रही है। |
| 20 | बादल | गांव में मॉडल तालाब का काम चल रहा है, जिसके बाद गंदे पानी की समस्या दूर हो जाएगी और मॉडल तालाब तक गंदा पानी ले जाने के लिए 2000 फीट लंबे नाले की जरूरत है। जिस पर अनुमानित 19 लाख रुपये की लागत आएगी। |
| 21 | काकडोली हुक्मी | ग्राम पंचायत काकड़ौली में गंदे पानी की निकासी के लिए नाली की आवश्यकता है जिसकी लागत करीब 10—60 लाख रुपये आएगी। |
| 22 | संतोखपुरा | आबादी क्षेत्र के अंदर कहीं भी गंदे पानी का भराव नहीं हैं। हालांकि करीब 200 फीट कच्ची फिरनी पर गंदा पानी जमा हो जाता है, जिसके समाधान पर करीब 200 फीट फिरनी पर 10 लाख रुपये का खर्च आएगा। |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 23 | चांगरोड | फिरनी के साथ–साथ कलियानी तालाब तक नाले के निर्माण की आवश्यकता है जिसकी अनुमानित लागत 1–25 करोड़ रुपये है। | | |
| 24 | कारी रूपा–दास | आबादी क्षेत्र में जलभराव नहीं है, लेकिन दोनों गांवों के बीच विवाद के कारण करीब 300 फीट लंबाई में जलभराव की समस्या है. हालांकि इस कार्य के लिए पंचायत द्वारा अपने स्तर पर टेंडर भी लगा दिया गया है। | | |
| 25 | मकराना | गांव की दक्षिण दिशा में फिरनी के साथ पानी निकासी की समस्या है। नाली का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग (भवन एवं पथ) विभाग द्वारा कराया जाना है। | | |
| 26 | झोझू कलां | गांव के अंदर कहीं भी गंदा पानी जमा नहीं होता है. गांव के बाहर फिरनी के साथ गंदे पानी की निकासी के लिए नाले की आवश्यकता है। जिसकी लागत लगभग 4–69 लाख रुपये होगी। | | |
| 27 | चिड़िया | फिरनी के साथ–साथ नाली के निर्माण के लिए 20–37 लाख रुपये का अनुमान है जिसका प्रस्ताव मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद चरखी दादरी द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति हेतु तैयार कर मुख्य अभियंता, पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा' चण्डीगढ़ को भेज दिया गया है। | | |
| 28 | कादमा | दूषित पानी गांव के अंदर कहीं भी जमा नहीं होता है, लेकिन बस स्टैंड के पास जमा होता है। जिसके लिए लोक निर्माण विभाग, सड़क एवं भवन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। | | |
| 29 | बाढड़ा | गांव के अंदर कहीं भी दूषित पानी जमा नहीं होता है। गाँव में गंदा पानी तालाब में एकत्र होता था, जिसकी खुदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य अटल भू–जल ध्अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत प्रगति पर है। | | |
| 30 | दुधवा | गांव के चारों ओर सीवर लाइन की सफाई ग्राम पंचायत द्वारा अपने स्तर पर कराई गई है। जिससे दूषित पानी की निकासी की समस्या का समाधान हो गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा पी0डब्लू0डी0 (बी0एंड0आर0) सड़क के साथ एस0एफ0सी0 योजना के तहत नाली निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 40 लाख रुपये होगी। ग्राम पंचायत द्वारा अपने स्तर पर जल्द ही नाली का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। | | |



29.08.2023

835. श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 98–क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गत वर्ष के विधायक आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, मुख्यमंत्री कोड 25284 के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो तथा डी–प्लान के अंतर्गत गांव मवाना की त्यागीध्चमार चौपाल के स्वीकृत कार्य जिसके लिए आठ माह पहले निविदा आमंत्रित की जा चुकी है, को पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैय यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निविदा आमंत्रित करने के बाद खेत खलिहान योजना के अंतर्गत स्वीकृत रास्तों का कार्य पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैय यदि हां, तो उक्त कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

(क) सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गत वर्ष के विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना (वी.ए.एन.जी.वाई) के अंतर्गत 142.67 लाख रुपये की राशि के 20 कार्य स्वीकृत किए गए थे। इन सभी कार्यों कीभौतिक प्रगति का विवरण अनुलग्नक 'ए' पर संलग्न है।

मुख्यमंत्री घोषणा कोड 25284 के अंतर्गत 71 कार्य स्वीकृत किए गए थे। विवरण अनुलग्नक 'बी' पर संलग्न है।

डी–प्लान योजना के अंतर्गत गांव मवाना की त्यागीध्चमार चौपाल का कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए स्वीकृत किया गया था। एजेंसी को कार्यादेश दिनांक 23.12.2022 को जारी किया गया। कार्य शुरू करने के लिए स्मरण पत्र भी जारी किए गए, जिसमें अतिंम 20.08.2023 भी शामिल हैं। यदि एजेंसी काम शुरू करने में विफल रहती है, तो उसे वंचित व दंडित किया जाएगा। परियोजना पूरा होने की संभावित तिथि 30.09.2023 है।

(ख) खेत खलिहान योजना के अंतर्गत 447.45 लाख रुपये की राशि के 48

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | कार्य स्वीकृत किये गये थे। ये कार्य 31.12.2023 तक पूर्ण हो जायेंगे क्योंकि अधिकांश कार्य फसल कटाई के बाद किये जायेंगे। | | |
| | | 15.12.23 | | |
| 836. | श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 3ः—क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृप्या बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले 16.5 (3करम) रास्ते का ब्यौरा क्या है जिसे सरकार द्वारा पक्का किए जाने की संभावना है तथा इन रास्तों के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है? | प्रथम चरण में 3 करम चौड़ाई के 7 रास्ते पक्के करने हेतू लिए गए हैं। 5 रास्तों के अनुमान पहले ही अनुमोदन के लिए सरकार को प्रस्तुत किये जा चुके हैं। 2 रास्तों पर काम चल रहा है। नीचे वर्णित सभी 7 रास्ते 30.09.2024 तक पक्के किये जाने की संभावना है। | | |



| क्रम सं. | विधान सभा क्षेत्र का नाम | गांव का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये लाखों में) | रास्ते की चौडाई (करम में) | रास्ते की लम्बाई (कि0मी0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अटेली | बर्फ | कनीना–रेवाड़ी पीडब्ल्यूडी रोड से होशियार सरपंच के घर तक आईपीबी रास्ते का निर्माण | 45.9 | 3 | 0.88 |
| 2 | अटेली | ककराला | नरैन्द्र फार्म से सुबे फार्म तक आईपीबी रास्ते का निर्माण | 21.45 | 3 | 0.41 |
| 3 | अटेली | हसनपुर | भौचरिया गनियार लिंक रास्ता से सुबे सिंह पुत्र किशोरी लाल के फार्म तक आईपीबी रास्ते का निर्माण | 36.97 | 3 | 0.71 |
| 4 | अटेली | सैदपुर | सैदपुर से बेगपुर–बीहाली लिंक रास्ते तक आईपीबी रास्ते का निर्माण | 20.29 | 3 | 0.66 |
| 5 | अटेली | चपरा सलीमपुर | चपरा सलीमपुर से गुवानी–सुरानी लिंक रास्ते तक आईपीबी रास्ते का निर्माण | 24.76 | 3 | 0.45 |
| 6 | अटेली | बजर | समसंगत रास्ता से सतपाल आर्य पुत्र मनोहर के फार्म तक आईपीबी रास्ते का निर्माण | 14.27 | 3 | 0.23 |
| 7 | अटेली | कपूरी | ढानी से जैनाबाद वाया मनसा दास मंदिर तक आईपीबी लिंक रास्ते का निर्माण | 25.63 | 3 | 0.75 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 837. | श्री अमरजीत ढाण्डा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्ना संख्या 56:– क्या विकास एव पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :– (क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के दो गांवों अर्थात शामलों कलां तथा खरेन्टी में सामुदायिक हाल का निर्माण करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति अभी तक नहीं दी गई हैय तथा (ख) यदि हां, तो उपरोक्त सामुदायिक हाल की प्रशासनिक स्वीकृति कब तक दिए जाने की संभावना है ? | 18.12.23 (क) एवं (ख) हां श्रीमान जी, जुलाना विधानसभा के शामलो कलां और खरेंटी गांव में सामुदायिक भवनों के निर्माण की लागत का अनुमान सरकार द्वारा प्राप्त हो चुका है। उन पर नीति के अनुसार कार्यवाही की जा रही है। प्राशासनिक स्वीकृति के सम्बन्ध में 28.02.2024 तक निर्णय लिये जाने की सम्भावना है। | | |
| 838. | श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्ना संख्याय 80:– क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :– (क) क्या यह तथ्य है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत काम करने वाले मेट अपनी निम्नलिखित मांगों के लिए दिनांक 6.10.2023 से पंचकूला में हड़ताल पर हैं :– (i) पूरे साल काम मिलना चाहिए; (ii) 600 रूपये की दिहाड़ी; (iii) काम के दौरान दुर्घटना होने पर ढाई लाख रुपए; तथा (ख) यदि हां, तो उनकी मांगों को पूरा करने के लिए किसी नीति को बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | 18.12.23 श्रीमान, (क) और (ख) हां, मनरेगा योजना को लागू करने के लिए ग्राम पंचायतों के तहत काम करने वाले कुछ मेट अपनी मांगों को लेकर विरोध कर रहे हैं। मेट मजदूर समिति, नरवाना का पत्र प्राप्त हुआ है जिस पर कार्यवाही की जा रही है। | | |
| 839. | श्री सीता राम यादव, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 84– क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा खेत–खलिहान योजना के अंतर्गत नये 22 फीट कच्चे | 19.12.23 महोदय, मुख्यमंत्री किसान खेत खलिहान सड़क योजना के तहत 54.37 कि.मी. लम्बाई वाले 37 रास्तों को ईंटरलाकिंग पेवर ब्लाक से पक्का करने की मंजूरी दी गई थी। ये सभी कार्य प्रगति पर है और 31.03.2024 तक इनके पुरा होने की सम्भावना है। 11.46 कि.मी. लम्बाई मैं इंटरलाकिंग पेवर ब्लाक के साथ 10 और रास्तो को पक्का | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | रास्तो को कब तक पक्का किया जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ? | करने की लागत का अनुमान हाल ही में सरकार को प्राप्त हुआ है। उस पर कार्यवाही की जा रही है।<br>13.34 कि.मी. लम्बाई में ईंटरलाकिंग पेवर ब्लाक के साथ 6 और रास्तो को पक्का करने की लागत का अनुमान एच.ई.डब्लयू. पोर्टल पर तैयार किया जा रहा है। | | |
| | | 21.02.2024 | | |
| 840. | श्री सुभाष गांगोली, एम.एल–.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 3ः–क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 तथा 2023–24 के लिए स्वीकृत विकास कार्यों में से कुल कितने कार्यों के लिए निविदाएं आमन्त्रित की गई तथा कितने कार्य पूरे किए गए तथा अधूरे कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ? | महोदय, विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना (वी.ए.एन.जी.वाई) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 तथा 2023–24 के लिए सफीदों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल स्वीकृत 52 कार्यों में से 8 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 13 चालू कार्य 90 दिनों के अन्दर पूर्ण हो जाएंगे और शेष 31 लम्बित कार्य, जिनकी निविदाएं प्रक्रियाधीन है, कार्य आदेश जारी करने के बाद 180 दिनों के 111 अन्दर पूर्ण कर लिए जाएंगे। | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**LABOUR DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 08.03.2022 | | |
| 841. | (i) दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 138 से निकाला गया आश्वासन। | मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मानेसर में 500 बिस्तरों वाले नए अस्पताल के निर्माण और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा गुरुग्राम में मौजूदा अस्पताल की क्षमता को 163 बिस्तरों से बढ़ाकर 500 बिस्तर करने से औद्योगिक श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। हिसार, रोहतक, सोनीपत, अंबाला, करनाल और पंचकूला में छः नए 100 बिस्तरों वाले अस्पतालों तथा करनाल, रोहतक, झाड़ली, गन्नौर, मुलाना, घरौंडा, फर्रुखनगर, कोसली, साहा, छछरौली, पटौदी, भूना, चरखी दादरी और उकलाना मंडी में 14 नए ई.एस.आई. औषधालयों का निर्माण शुरू किया जाएगा। | (i) 2. 100 बिस्तरीय ई.एस.आई हस्पताल रोहतक :–<br>रोहतक में 100 बिस्तरीय ई.एस.आई. हस्पताल के लिए फेजा, आई.एम. टी. रोहतक में पांच एकड़ जमीन की खरीद कर ली गई है। निर्माण के लिए टैण्डर प्रक्रियाधीन है।<br>3. ई.एस.आई हस्पताल हिसार, अम्बाला, सोनीपत व करनालः–<br>जमीन आंवटन का मामला ई०एस०आई०सी०, नई दिल्ली के स्तर पर लम्बित है।<br>5. ई.एस.आई औषधालय (डिस्पेंसरी) फारुखनगर, कोसली व छछरौलीः–इन ई०एस०आई० डिस्पैंसरियों को संचालित करने बारे कार्यवाही की जा रही है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>15.2.25 |
| | | 20.02.2023 | | |
| | (ii) माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के सन्दर्भ में | कुरुक्षेत्र और तरावड़ी में नए ई.एस.आई. औषधालय चालू हो गए हैं। झाड़ली औषधालय शीघ्र हीं कार्य करने लगेगा। कैशलेस आधार पर ई.एस.आई. लाभार्थियों को विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करने के लिए 109 निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। मेरी सरकार 100 बिस्तरों वाले छः नए ईएसआई अस्पताल और 14 नई ई.एस.आई. डिस्पेंसरी का निर्माण करने जा रही है। | (ii) 5 नए ई.एस.आई. अस्पताल (रोहतक, अम्बाला, हिसार, सोनीपत व करनाल) और ई.एस. आई औषधालय (डिस्पेंसरी) फारुखनगर, कोसली व छछरौली को संचालित करने बारे कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त ई.एस.आई औषधालय (डिस्पेंसरी) रोहतक, झाड़ली, मुलाना, घरौंडा, साहा, पटौदी, चरखी दादरी को संचालित किया जा चुका है। | |
| | | 20.02.2024 | | |
| 842. | राज्यपाल अभिभाषण | नई व अतिरिक्त मंडियों के विकास पर 1095 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। इसके अलावा, 100 करोड़ रुपये की लागत से नई तथा अतिरिक्त अनाज व सब्जी मंडियों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। गन्नौर में 3050 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हॉर्टिकल्चर मार्केट तथा पिंजौर में 78 एकड़ भूमि पर 150 करोड़ रुपये की लागत से सेब, फल एवं सब्जी मण्डी निर्माणाधीन है। राज्य की 108 मंडियों को 'राष्ट्रीय कृषि बाजार पोर्टल' (ई–नाम) से जोड़ा गया है। 'अटल किसान मजदूर कैंटीन' योजना के तहत 10 रुपये प्रति थाली की रियायती दर से भोजन | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | उपलब्ध करवाने के लिए 25 मण्डियों में कैंटीन शुरू की गई हैं। 15 और मंडियों में भी ऐसी कैंटीन जल्द शुरू की जाएंगी। | | |
| 843. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>माननीय अध्यक्ष महोदय! मुझे यह बताते हुए खुषी हो रही है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने हिसार, रोहतक, अंबाला और सोनीपत में 100 बिस्तरों वाले नए अस्पतालों और करनाल में 30 बिस्तरों वाले नए अस्पताल की स्थापना की मंजूरी दे दी है। वर्ष 2024–25 में पटौदी, साहा, घरौंडा और कैथल में नई ई.एस.आई.सी. डिस्पेंसरियां शुरू होने की उम्मीद है। | | |
| 844. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>'हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड' ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, 85,338 लाभार्थियों के लिए विभिन्न कल्याण योजनाओं पर 250 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। सरकार ने हाल ही में ई–रुपे के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों के लिए 50,000 रुपये वित्तीय सहायता या इलेक्ट्रिक स्कूटर की वास्तविक एक्स–शोरूम कीमत, जो भी कम हो, पर इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। इससे निर्माण श्रमिकों की बेटियों को उच्चतर शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। | | |
| 845. | बजट भाषण वर्ष 2024–25 के सन्दर्भ में | 23.02.2024<br>उबर, जोमैटो जैसे ऑनलाइन एग्रीगेटर्स के लिए वस्तुओं और सेवाओं की घरद्वार पर डिलीवरी प्रदान करने वाले गिग वर्कर सेवा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में उभरे हैं। ये आमतौर पर समाज के सबसे गरीब तबके के होते हैं। मैं एक ऐसी योजना शुरू करने का प्रस्ताव करता हूं, जिसमें गिग–वर्कर को इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने के लिए बिना किसी ब्याज के क्रेडिट गारंटी के साथ 45,000 रुपये की राशि या इलेक्ट्रिक स्कूटर की वास्तविक एक्स शोरूम कीमत, जो भी कम हो, के लिए ऋण के साथ 5,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके लिए गिग वर्कर का परिवार पहचान पत्र तथा ई–श्रम पर पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा वह ऐसे परिवार से हो, जिसकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है। योजना का विवरण श्रम विभाग द्वारा अलग से अधिसूचित किया जाएगा। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**HOUSING FOR ALL DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 846. | दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 150 से निकाला गया आश्वासन। | 08.03.2022<br>प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (पीएमएवाई–जी) के तहत कुल 30,789 मकानों के लक्ष्य के मुकाबले 21,551 मकानों को मंजूरी प्रदान की गई और 20,659 मकान बनाये जा चुके हैं। सरकार की वर्ष 2022–23 के दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना–शहरी (पीएमएवाई–यू) के घटक की भागीदारी से किफायती आवास (एएचपी) के तहत 20,000 मकानों के निर्माण की योजना है। | प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (पीएमएवाई–जी) के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा हरियाणा राज्य को कुल 30,789 मकानों का लक्ष्य आंवटित किया गया था। स्कीम के अन्तर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना (SECC)–2011 के सर्वे अनुसार आवास रहित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जानी है। भारत सरकार द्वारा 1.56 लाख बेघर, शुन्य या 1 व 2 कमरों के कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों की सूची उपलब्ध करवाई गई है। ग्राम पंचायतो को यह सूचियां सत्यापन तथा उन योग्य लाभभौगियों को पी.एम.ए.वाई ग्रामीण के अन्तर्गत लाभ दिया जाना है, की प्राथमिकता निर्धारण हेतु उपलब्ध करवाई गई थी। सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना में पात्र परिवार उपलब्ध न होने के कारण, कुल निर्धारित लक्ष्य में से 1078 मकानों का लक्ष्य भारत सरकार को सरेंडर कर दिया गया। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य परिवारों द्वारा अपने स्तर पर मकान निर्माण करने, स्थायी रूप से गांव छोड़ने तथा मृत्यु उपरांत वारिस न होने के कारण ऐसे परिवारों का नाम पोर्टल से हटाये जाने के फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा 311 मकानों का लक्ष्य वापिस ले लिया गया है। अतः शेष 29,400 मकानों के लक्ष्य के विरूद्ध 29,400 मकानों की स्वीकृति प्रदान की जा चूकी है, जिसमें से 28,444 मकान बनाए जा चूके है तथा 956 मकान निर्माणाधीन है।<br>प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के भागीदारी से किफायती आवास (एएचपी) घटक के अन्तर्गत हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के माध्यम से 20,000 घरों के निर्माण का प्रस्ताव था। लेकिन, माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा की अध्यक्षता में दिनांक 12.05.2022 को हाउसिंग बोर्ड हरियाणा और हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के विभिन्न मुद्दों के संबंध में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि हाउसिंग बोर्ड | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>18.4.24 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | हरियाणा द्वारा केवल निर्माणाधीन आवासध्चल रही योजनाओं को ही पूरा किया जाएगा तथा मकानध्फलैट निर्माण की कोई नई परियोजना नहीं ली जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि अंततः हाउसिंग बोर्ड हरियाणा की संपतियों ओर देनदारियों को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HSVP) के साथ विलय कर दिया जाएगा। | |
| 847. | वर्ष 2023–24 के बजट के संदर्भ में | 23.02.2023<br>89. माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन से प्रेरणा लेते हुए सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है कि हर परिवार के पास एक आश्रय हो। प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई.) में पेश किए गए लाभों से प्रोत्साहित होते हुए, सरकार ने परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी.) के अनुसार 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले जरूरतमंद परिवारों को किफायती आवास | राज्य के शहरी क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, की आवास की मांग का आंकलन करने के लिए हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा ऑनलाइन सर्वे किया गया, जिसमें 2.89 लाख आवेदकों द्वारा फलैट/प्लाट की अपनी मांग दर्ज कराई गई है। कुल मांग में से, 1.51 लाख | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>18.4.24 |
| | | प्रदान करने के लिए एक नीति तैयार की है। यह नीति 1.5 लाख रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान करेगी और परिवार के पास भूमि नहीं होने पर आवास के लिए भूमि उपलब्ध कराएगी। सर्वेक्षण डेटा के आधार पर एक पायलट प्रोजेक्ट अप्रैल, 2023 में लॉन्च करने का प्रस्ताव है। मैं प्रधानमंत्री आवास योजना में दिये जा रहे लाभों के अलावा, राज्य सरकार द्वारा की गई पहल के माध्यम से वर्ष 2023–24 में 1 लाख घर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव करता हूं। पायलट प्रोजेक्ट के परिणामों के आधार पर, अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान बाद में वर्ष 2023–24 में किया जाएगा। | आवेदकों द्वारा प्लॉट तथा 1.39 लाख आवेदको द्वारा फ्लैट का विकल्प चुना गया है।<br>तदानुसार, इन जरूरतमंद परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना नाम से एक हाउसिंग पॉलिसी तैयार की गई है, जिसके अन्तर्गत गुरूग्राम, पंचकूला, फरीदाबाद तथा सोनीपत को छोड कर अन्य शहरों में जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु ₹ 1.00 लाख की लागत पर एक मरला (30 वर्ग गज) का प्लॉट प्रदान करवाया जाना प्रस्तावित है।<br>प्रारम्भ में, प्रस्तावित स्कीम को 14 शहरों चरखी दादरी, गोहाना, सिरसा, झज्जर, फतेहाबाद, जगाधरी, सफीदों, पिंजौर, रोहतक, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, करनाल, पलवल और जुलाना कार्यान्वित किया जाएगा। इन शहरों में कुल 57,003 पंजीकृत आवेदको में से, 24,757 आवेदको द्वारा 10,000/–प्रति व्यक्ति का भुगतान कर अपना प्लाट बुक करवाएं है। | |

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

## ADMINISTRATION OF JUSTICE DEPARTMENT

*Note :*—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21.03.2023 | | |
| 848. | तारांकित प्रश्न संख्या–87 के संदर्भ में श्री मामन खान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) ***<br>(ख) राज्य में निजी, सरकारी, अर्ध–सरकारी या धार्मिक संस्थानों के अवैध कब्जे वाली 1089 मस्जिदों से अवैध कब्जा हटाने के लिए वक्फ बोर्ड द्वारा कोई कार्रवाई न करने के कारण क्या हैंय तथा<br>(ग) *** | (क) ***<br>(ख) (I) बोर्ड प्रेरक तरीकों / साधनों तथा कानूनी प्रवर्तन के माध्यम से भी मस्जिदों को अवैध कब्जे से खाली / मुक्त करवाने के लिये प्रयासरत है / कोशिश कर रहा है।<br>(II) राज्य सरकार वक्फ संपत्तियों के कानूनी कब्जे की बहाली के लिए वक्फ बोर्ड के माध्यम से गहनता / बारिकी से निगरानी करेगी तथा आवश्यक कदम उठाएगी।<br>(ग) *** | | |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**CITIZEN RESOURCES INFORMATION DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 849. | (i) श्री कुलदीप वत्स, विधायक द्वारा पूछा ग्या तारांकित प्रश्न संख्या 4–<br>(क) क्या यह तथ्य है कि न केवल बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में अपितु पूरे राज्य में भी परिवार पहचान पत्र के लिए अनुचित सर्वेक्षण करवाने के कारण लाखों परिवार बी.पी.एल. राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड तथा पेंशन आदि सरकारी योजनाओं से वंचित हो गए।<br>(ख) यदि हां,तो उस ऐजेंसी का नाम क्या है जिसके द्वारा सर्वेक्षण करवाया गया था जिसमें उपरोक्त भाग 'क' में वर्णित उक्त योजनाओं से पात्र/योग्य परिवार वंचित हो गए।<br>(ग) क्या उक्त ऐजेंसी द्वारा जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण उचित ढंग से किया गया है अथवा नहीं, तथा<br>(घ) क्या इस संबंध सरकार ने कोई संज्ञान लिया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | 21.02.2023<br>*****<br>अध्यक्ष महोदय, हमने इस कार्य को जनवरी माह में शुरू किया था। मुझे लगता है कि यह कार्य महीने–भर में कम्पलीट हो सकता है । मैं बताना चाहता हूं कि जिनकी ग्रिवैंस ठीक पाई जाती है उनको जनवरी माह का भी पूरा राशन मिलता है क्योंकि इसे जनवरी में बंद किया गया था । हमने इस कार्य को जनवरी माह में शुरू किया था, इसलिए जिनकी ग्रिवैंस ठीक पाई जाती है उनको जनवरी, फरवरी और मार्च माह का भी पूरा राशन इकट्ठा मिलेगा ।<br>***<br>कुल 9 लाख में से केवल 3.75 लाख लोगों ने शिकायत की थी । इसके बारे में मैंने बताया है कि लगभग 1.64 लाख शिकायतों का फैसला होना अभी बाकी है । उनका हम सर्वे करवायेंगे और फिर उसको ठीक भी करेंगे । अतः इन सभी आधारों पर इस प्रयोग को चलाया जा रहा है । मेरा कहना है कि | | |
| | | यह एक नया प्रयोग है । अतः मैं इसमें कोई ऐसा दावा नहीं करता कि इसमें गलतियां नहीं हुई होंगी । अगर कोई गलती हुई है तो उसको ठीक करना भी हमारा ही काम है । इनको ठीक करने के लिए ग्रिवैंसिज पोर्टल लगातार खुला रहेगा । पोर्टल एक बहुत जानदार चीज है जो समाज को लाभ पहुंचा रहा है । मेरा कहना है कि इस पोर्टल से किसी को भी नहीं घबराना चाहिए। | | |
| | (ii) तारांकित प्रश्न संख्या 4 के संदर्भ में श्री कुलदीप वत्स, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने बड़े विस्तार में लम्बी–चौड़ी बातें बताई हैं । मैं हर चीज को तो यह नहीं कह सकता कि ये सब चीजें गलत हैं । जिनकी पैंशन गलत बनी थी और अगर उनकी कटी है तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। इस समय सदन में माननीय मुख्यमंत्री महोदय भी बैठे हैं और उनके अधिकारी भी बैठे हैं। मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय को 2–3 सुधार करने की बातें बताना चाहूंगा। जिन परिवारों की इंकम केवल 50 हजार रुपये है उनकी इंकम अधिकारियों ने | 21.02.2023<br>अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की बात का उत्तर दे देता हूं। यह बात ठीक कही है और जैसा मैंने भी कहा है कि इसमें शिकायतें नहीं होंगी, ऐसा मेरा बिल्कुल कहना नहीं है। लेकिन हमने इसके लिए कई रास्ते खोले हैं। मैं बताना चाहूंगा कि इसके लिए एक ग्रिवैंस पोर्टल बना हुआ है, उसके लिए कॉल सैंटर भी है और टेलिफोन नम्बर भी दिये हुए हैं। लेकिन मेरा कहना यह है कि हो सकता है उस पर कम्पलेनैंट का भरोसा न हो क्योंकि वह कहता है कि उसकी करैक्शन तुरंत ठीक होनी चाहिए। हमारे माननीय विधायक/जनप्रतिनिधियों का भी कहना है कि यह पोर्टल काम नहीं करेगा और फ्लां–फ्लां बातें होंगी। इसके लिए मेरा माननीय विधायकों के अलवा दूसरे पब्लिक रिप्रजेंटेटिव्ज से कहना | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 15 लाख रुपये दर्शाई हुई है। 15 लाख रुपये देने का जो एक जुमला था कहीं यह भी वैसी ही बात तो नहीं है । मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय को आमजन की बात बताना चाहता हूं । मैं सदन में आज सारा डाटा लेकर आया हूं । जिन गरीब परिवारों की आंखों से आंसू बह रहे हैं और जिनकी रोते–बिलखते हुए वीडियोज वायरल हो रही हैं मैं उनकी बात कर रहा हूं। मेरे पास ऐसे लगभग 200–300 लोग प्रतिदिन आते हैं । जो वास्तव में गरीब लोग हैं और अगर उनकी पैंशन कटी है तो माननीय मुख्यमंत्री महोदय उनकी अवश्य जांच करवायें और दोबारा सर्वे करवायें । माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने जो सी. एम. विण्डो शुरू की है उस पर डिस्ट्रिक्ट लैवल पर नीचे से ऊपर के अधिकारी पैसे लेकर काम करते हैं । मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि वे इस पर जरूर ध्यान दें । मेरे पास पैंशन से संबंधित कागजों का एक | है कि जिनके पास इस संबंध में लोग शिकायतें लेकर आते हैं, उसके लिए केवल एक कागज पर 2 चीजें लिखकर दे दें। इसमें एक तो संबंधित शिकायतकर्त्ता का परिवार पहचान पत्र और एक सिंगल वन सैंटेंस कम्पलेंट लिखकर दे दे कि उसकी फ्लां दिक्कत है। इतनी बात लिखकर हमारे ऑफिस में पहुंचवा दें या चाहे प्रिंसिपल सैक्रेटरी श्री वी. उमाशंकर जी के ऑफिस में पहुंचवा दें। चूंकि इस सारे कार्यक्रम को मैं और श्री वी. उमाशंकर जी मिलकर देख रहे हैं और डिपार्टमैंट कार्यवाही करता है। चूंकि यह नया प्रयोग है और हरियाणा प्रदेश की सारी जनता से जुड़ा हुआ है। हमारे प्रदेश के पौणे 3 करोड़ लोग हैं और हमें उन सबको सैटिसफाई करना है। हम उनकी सैटिसफैक्शन के लिए गम्भीरता से काम कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से फिर आह्वान करता हूं कि माननीय सदस्यगण इस संबंध में चाहे हर सप्ताह कम्पलेंट्स की फाईल बनाकर भिजवा दें। जैसे माननीय सदस्य श्री कुलदीप वत्स जी संबंधित कम्पलेंट्स की फाईल बनाकर लाये | | |
| | पूरा बण्डल है । मेरा कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय इसे चैक करवा लें कि क्या इनके साथ नाजायज हुआ है या नहीं । इन लोगों की संख्या लगभग 10 हजार है । ऐसे लोग हर हल्के में हैं । इसे सरकार मानें या न मानें यह उनकी मर्जी है । मैं इससे संबंधित सभी कागजात माननीय मुख्यमंत्री महोदय को दे दूंगा । | हैं। इसी तरह की फाईल बनाकर मेरे ऑफिस में भिजवा दें या प्रिंसिपल सैक्रेटरी साहब के ऑफिस में भिजवा देंगे तो हम उन सब कम्पलेंट्स का समाधान करवाएंगे और किसी का काम छोड़ेंगे नहीं। इस प्रकार सबको न्याय मिलेगा और किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।<br>*****<br>अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि जो किसान ऐसा कहते हैं कि उनकी वार्षिक इन्कम 1.80 लाख रुपये से कम है। चाहे भले ही उसने 4 लाख की फसल की सेल की हो। इसके लिए सर्वे करवा लेंगे और सर्वे करवाने के बाद संबंधित किसानों की बात ठीक निकली तो हमें इस 4 लाख रुपये वाले क्रायटेरिया को बढाने में कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन इसके लिए कहीं पर एक पैमाना तो लगाना पड़ेगा। आखिर पैमाना इन्कम का है और यह पैमाना किसान का, कर्मचारी का या दुकानदार का नहीं है। अगर किसी की वार्षिक इन्कम 1. 80 लाख रुपये से नीचे है तो उसको बी.पी. एल. के लाभ मिलेंगे और अगर इससे ऊपर इन्कम है तो उसको कोई लाभ नहीं मिलेगा। यह सिंपल पैमाना है। इसमें सर्वे करने के बाद ही हो सकता है कि हम महीना या 20 दिनों में दोनों चीजों पर फिर से पुनःविचार कर लेंगे। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21.02.2023 | | |
| 850. | श्री आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 29– क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–<br>(क) राज्य में परिवार पहचान पत्र के कारण वर्ष 2022 तथा 2023 में बंद की गई पेंशन (बुढ़ापा, अपंग, विधवा तथा अन्य) की जिलावार संख्या कितनी है; तथा<br>(ख) क्या सरकार ने कोई नया सर्वेक्षण करवाया है अथवा परिवार पहचान पत्र के आधार पर केवल उक्त पेंशन बंद की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है? | (क) ***<br>(ख) जिन पात्र परिवारों की पेंशन बंद कर दी गई थी, उनका पुनः सत्यापन नागरिक संसाधन सूचना विभाग, हरियाणा द्वारा किया जा रहा है। जैसा कि ऊपर उत्तर (क) में उल्लेख किया गया है, पुनः सत्यापन उपरान्त 67,614 पेंशन को बहाल कर दिया गया है। यदि कोई रोकी हुई पेंशन नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड), हरियाणा द्वारा पुनः सत्यापन उपरान्त योग्य पाई जाती है तो उसे पुनः बहाल कर दिया जाएगा। | | |
| | | 27.12.2022 | | |
| 851. | तारांकित प्रश्न संख्या 26 के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि सरकार ने पी.पी.पी. स्कीम | अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बड़ा अच्छा सवाल पूछा है। हमारी सरकार का हरियाणा प्रदेश में परिवार पहचान पत्र को लाने का एक सपना था कि जिन परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना है, उसको बी.पी.एल. की श्रेणी में डाला जाये। आज | | |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | के तहत डाटा बेस तैयार करके बहुत सी गवर्नमैंट स्कीम्ज को जोड़ा है। मैंने जो सवाल किया है उसमें यह आंकड़ा दिया गया है कि इसमें टोटल 30,38,942 परिवार हैं और उनमें से पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,21,57,298 से ज्यादा सदस्य 1,80,000 रुपये सालाना से कम आय वाले हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अवगत करवाना चाहूंगा कि मेरे सवाल के जवाब में यह रिप्लाई दिया गया है कि उन सभी परिवारों को बी.पी.एल. की श्रेणी में रखा गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप– मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मेरे हल्के में काफी ऐसे लोग हैं जिनकी आय पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,80,000 रुपये से सालाना कम दिखायी गयी है, परन्तु अभी तक उनके बी.पी.एल. कार्ड नहीं बने हैं। दूसरी बात यह है कि मेरे सवाल में यह बात थी कि जो पहले बी.पी.एल. कार्ड बने हुए थे उनमें से कितने बी.पी.एल. कार्ड काटे गये हैं? विभाग द्वारा दिये गये रिप्लाई में 9,60,235 परिवारों के | पहले से भी ज्यादा यानी 3 लाख ऐसे गरीब परिवार हैं, जिनको हमारी सरकार ने बी.पी.एल. की श्रेणी में डाला है। अध्यक्ष महोदय, पी.पी.पी. कार्ड में बनाने में कई प्रकार के क्राईटेरिया हैं। इसमें जो वैरीफिकेशन का प्रोसैस होता है, वह केवल मात्र सरकार के अधिकारियों द्वारा वैरीफाई किया जाता है। इसमें ऐसी बात नहीं है कि कोई एक व्यक्ति अपने आप इस प्रक्रिया के तहत डाटा अपलोड कर रहा है। हम इसमें पिछले तीन सालों से उस परिवार की इन्कम टैक्स की एवरेज भी देखते हैं। अगर उसका प्राईवेट सैक्टर में ई.एस.आई. कटता है या वह सरकारी नौकरी करता है तो उसका पूरा डाटा एच.आर.एम.एस. के अंदर होता है। इसके साथ ही साथ व्यक्ति के परिवार के पास 5 एकड़ एग्रीकल्चर लैंड है। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि गांव के अंदर 2000 वर्ग गज से बड़ा मकान है या शहर के अंदर 1000 वर्ग गज से बड़ा मकान है तो हमारी सरकार द्वारा इस प्रकार के डाटा को भी देखा जाता है। इसके अलावा उसके परिवार में और भी कोई रोजगार प्राप्त कर रहा है या नहीं, ऐसी तमाम प्रकार की वैरीफिकेशंज के प्रोसैस के बाद परिवार की बी.पी.एल. श्रेणी में एडीशन होनी है या नहीं, | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बी.पी.एल. कार्ड काटे बताये गये हैं। पहले टोटल 26 लाख 94 हजार 595 बी.पी.एल. कार्ड धारकों की संख्या थी यानी एक तिहाई गरीब लोगों के बी.पी.एल. राशन कार्ड काटे जा चुके हैं और ऐसे 14–15 लाख गरीब परिवार हैं जिनके नये बी.पी.एल. राशन कार्ड बनाये गये हैं। जिन परिवारों के बी.पी.एल. राशन कार्ड काटे गये हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि जब शुरू में पी.पी.पी. कार्ड बनाये गये थे तो जिस परिवार ने पी.पी.पी. कार्ड बनवाये थे तब उनको इसके महत्व का पता नहीं था और जो सैंटर द्वारा पी.पी.पी. कार्ड बनाये गये थे उसको भी इसके महत्व का पता नहीं था। उन्होंने जैसे–तैसे परिवारों के डाटा को भरकर भेज दिया, जिसके कारण पी.पी.पी. कार्ड में बहुत सी त्रुटियां रह गई। मैं यह बात भी मानता हूं कि पी. | इस प्रकार के डाटा को भी सरकार देखने का काम करती है। माननीय सदस्य ने खुद इस बात को बताया है कि 9 लाख 25 हजार पुराने बी.पी.एल. श्रेणी में बैठे लोगों को ऑमिट किया है और 12 लाख से ऊपर नये परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी में ऐड किया है। सरकार ने अभी 91 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा किया है और 9 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पैंडिंग पड़ा हुआ है और जब 9 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा होगा तभी हमारे सामने पूरे आंकड़े नजर आयेंगे। जैसा कि माननीय सदस्य ने बताया कि 15 लाख के आसपास परिवारों को हम बी.पी.एल. की श्रेणी में देख पायेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको आपकी कांस्टीच्यूंएसी का एक उदाहरण देना चाहूंगा। जिनका नाम कृष्ण सैनी जी है। वे पहले बी.पी.एल. श्रेणी में थे और इनकी वैरीफिकेशन वर्ष 2011 के जनगणना के आधार पर की गई थी लेकिन आज वे सैक्टर–19 के ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। वे खुद बिजनैसमैन हैं। उनकी वाईफ | | |
| | पी.पी. कार्ड में त्रुटियां ठीक करने का समय भी दिया गया लेकिन इसके बावजूद भी आज त्रुटियां ठीक नहीं हो पा रही हैं इसलिए मेरा इसमें यही कहना है कि उनको ठीक करवाने का काम किया जाये। मेरे पास ऐसे बहुत से परिवारों की सूची हैं जो आज भी गरीबी में अपना जीवन जीने को मजबूर हैं। मैं उदाहरण के रूप में बताना चाहूंगा कि एक व्यक्ति चाय का खोखा चलता है और उसको गवर्नमैंट इम्पलॉई दिखा रखा है लेकिन उसमें उसकी आय जीरो दिखाई गई है। वह कास्ट से एस.सी. है और उसको एस.टी. कास्ट का दिखा रखा है। इस प्रकार से पी.पी.पी. कार्ड में तमाम त्रुटियां हैं इसलिए मेरा निवेदन है कि इस बात पर सरकार संज्ञान जरूर ले। | नीरू और उनकी बेटी स्वीटी प्राईवेट जॉब करती हैं। आज एक नहीं बल्कि अनेक ऐसे केसिज हैं, जिनके परिवार की इन्कम 10 लाख रुपये पर एनम से ज्यादा है और वे पहले बी.पी.एल. श्रेणी के लाभार्थी थे। अब परिवार पहचान पत्र आ जाने के कारण से डाटा की रैगुलर वैरीफिकेशन होती रहेगी। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अलग–अलग क्राईटेरिया हैं, हम इनको भी देखेंगे। xxx<br>हमारे पास जिन परिवारों की सालाना आय 5 लाख, 10 लाख रुपये है तो हमारे पास इस प्रकार के लाखों केसिज आये हैं। इन लोगों ने पहले किसी और का अधिकार ले रखा था जिनको आज बी.पी.एल. श्रेणी में होना चाहिए था। माननीय सदस्य ने एक बात और कही कि कब तक बी.पी.एल. कार्ड बन जायेंगे तो मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि सरकार ने वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य दिनांक 25 दिसम्बर, 2022 को लागू किया था। जिन–जिन परिवारों के परिवार पहचान पत्र की वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा हो गया है, उनको दिनांक 1 जनवरी, 2023 में पूरी बी.पी.एल. श्रेणी की योजनाओं का लाभ हरियाणा प्रदेश में मिलने लगा जायेगा। xxx | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |



OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

**COOPERATION DEPARTMENT**

*Note* :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 15.12.23 | | |
| 852. | तारांकित प्रश्न संख्या 11 के सन्दर्भ में डॉ. कृष्ण लाल मिडढा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि प्रदेश भर में हैफेड के कितने राईस मिल्स हैं और अकेले जीन्द में कितने राईस मिल हैं ? क्या यह तथ्य भी सही है कि सफीदों से हैफेड के राईस मिल को शिफ्ट किया गया है ? क्या यह तथ्य भी सही है कि पिछले तीन वर्ष में जीन्द की अनाज मंडी में धान का उत्पादन दुगुना हुआ है। अगर धान का उत्पादन दुगुना हो गया है तो किसानों की सुविधाओं के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ? मंत्री जी, मुझे यह बताने का कष्ट करें। | अध्यक्ष महोदय, पूरे प्रदेश में सरकार की 9 राइस मिल्स हैं जिनमें से हमारी 6 राइस मिल्स अभी लीज पर गई हैं और 3 राइस मिल्स अभी तक लीज पर नहीं गई हैं। जहां तक माननीय साथी टोटल राइस मिल्स की बात कर रहे हैं तो हमारे प्रदेश में टोटल राइस मिल्स 488 हैं। जीन्द के अन्दर भी 31 राइस मिल्स हैं जो प्राईवेट हैं जिनमें से 01 राइस मिल हैफेड को अलोटिड है, 5 राइस मिल्स हरियाणा वेयर हाऊसिंग कॉरपोरेशन को और 25 राइस मिल्स फूड डिपार्टमैंट को अलोटिड हैं। जहां तक माननीय सदस्य धान के उत्पादन की बात कर रहे हैं पिछले तीन साल के अन्दर जो प्रक्योअरमैंट हुई है उनमें वर्ष 2020–21 में जीन्द के अन्दर 1,13,475 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी। वर्ष 2022–23 में 67423 मीट्रिक टन धान और वर्ष 2023–24 में 18301 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। अध्यक्ष महोदय, खरीद को देखते हुए मुझे लगता है कि जींद शहर में हैफेड की सरकारी शैलर राइस मिल स्थापित करने की कोई जरूरत नहीं है। अध्यक्ष महोदय, फिर भी यदि मान लो वहां आवश्यकता है तो संबंधित विभाग से फिजिबिलिटी चौक करवा लेंगे। | | |

© 2025
Published under the authority of the Haryana Vidhan Sabha and Printed by the Controller, Printing and Stationery, Haryana, Panchkula.